अग्नि-पुराण

(द्वितीय खण्ड)

सम्पादक—

वेदमूर्ति तपोनिष्ठ

पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

चारों वेद, १०८ उपनिषद्, षट् दर्शन
२० स्मृतियां और अठारह पुराणों के,
प्रसिद्ध भाष्यकार।

प्रकाशक—

संस्कृति-संस्थान,

ख्वाजाकुतुब (वेदनगर) बरेली

(उत्तर-प्रदेश)

प्रथम संस्करण) १९६८ (मूल्य ७ रु०

प्रकाशक :
संस्कृति संस्थान,
ख्वाजा कुतुब (वेद नगर)
बरेली। (उ० प्र०)

※

सम्पादक :
पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

※

※

प्रथम संस्करण
१९६८

※

मुद्रक :
वृन्दावन शर्मा
जन जागरण प्रेस,
मथुरा।

※

दो शब्द

—❀❀—

क साहित्य मे जिन ग्रन्थो की गणना की जाती है उनकी सख्या
। महापुराण, लघुपुराण, उपपुराण आदि के भेदों से लोगा ने
"क्त ग्रन्थो की सख्या ही ५०—६० तक पहुँचादी है। फिर
त जैसे ग्रन्थो को भी पुराणो मे ही गिना जाता है। कई
मे भी अनेक ग्रन्थ ऐसे लिखे गये हैं जो पौराणिक विषयों का
| और जिनका महत्व तथा प्रचार अनेक महापुराण कहे जाने
ने है।

र सभी पुराणो का मुख्य उद्देश्य धार्मिक कथाओ के रूप मे
ाप-पुण्य के सम्बन्ध में सामान्य ज्ञान प्रदान करना, उनके
ी भक्ति का बीज बोना और सृष्टि रचना तथा प्राचीन राज-
वृत्त बतलाना होता है। इस दृष्टि से सभी प्रसिद्ध पुराणो का
ा है। पर अपने-अपने विशेष मान्य सम्प्रदाय अथवा देवता के
ा कुछ भाव अवश्य प्रकट किया गया है। किसी-किसी पुराण
ी कटु आलोचना भी अधिक परिमाण मे की गई है। इन्ही
अनेक विद्वान् विभिन्न पुराणो के महत्व को न्यूनाधिक

अग्निपुराण मे कई ऐसी विशेषताएँ हैं जिनके आधार पर अभी
। इसके विरुद्ध कोई अभिमत प्रकट नही किया। सभवत पाठक
से यह समझते हो कि इसम अग्नि-देव' की महिमा, पूजा, उपासना
शेष रूप से वर्णन किया गया हो, या उनका कोई चरित्र विस्तार
न किया गया गया हो पर वास्तव मे इसमे इस दृष्टि से कही एक

अग्निपुराण द्वितीय भाग

१०५ यजुर्विधानम्

यजुर्विधानं वक्ष्यामि भुक्तिमुक्तिप्रदं शृणु ।
ओंकारपूर्विका राम महाव्याहृतयो मताः ॥१
सर्वकल्मषनाशिन्यः सर्वकामप्रदास्तथा ।
आज्याहुतिसहस्रेण देवानाराधयेद्बुधः ॥२
मनसः काङ्क्षितं राम मनसेप्सितकामदम् ।
शान्तिकामो यवैः कुर्यात्तिलैः पापापनुत्तये ॥३
धान्यैः सिद्धार्थकैश्चैव सर्वकामकरैस्तथा ।
औदम्बरीभिरिध्माभिः पशुकामस्य शस्यते ॥४
दध्ना चैवान्नकामस्य पयसा शान्तिमिच्छतः ।
अपामार्गसमिद्भिस्तु कामयन्कनकं बहु ॥५
कन्याकामो घृताक्तानि युग्मशो ग्रथितानि तु ।
जातीपुष्पाणि जुहुयाद् ग्रामार्थी तिलतण्डुलान् ॥६
वश्यकर्मणि शाखोटं वासापामार्गमेव च ।
विषासृङ्मिश्रसमिधो व्याधिघाताय भार्गव ॥७

पुष्कर ने कहा—अब मैं यजुर्वेद के विधान को बताता हूँ जो भुक्ति और मुक्ति दोनों के प्रदान करने वाला है। उसका तुम श्रवण करो। हे राम! ओंकार जिनमें पहिले होता है ऐसी महाव्याहृतियाँ मानी गई हैं ॥१॥ ये समस्त कल्मषों को नाश करने वाली और सभी कामनाओं के प्रदान करने वाली होती हैं। पण्डित मानव का कर्त्तव्य है कि घृत की एक सहस्र आहुतियाँ देकर देवों की आराधना करे ॥२॥ हे राम! मन से जो भी कुछ इच्छा की गई हो उस मन के इच्छित काम के फल को देने वाला है। जो शान्ति की कामना रखता

हो उसे ओषधि से होम करना चाहिये। जो पापों के दूर करने के लिए करे उ तिलों से हवन करना चाहिये ॥३॥ और सिद्धार्थक धान्यों के द्वारा हवन स कामों के करने वाला होता है। जो पशुओं की कामना रखता हो उसके लि गूलर की समिधाएँ प्रशस्त होती हैं ॥४॥ अन्न की इच्छा वाला दधि से-शान्ति की कामना वाला दूध से-बहुत सुवर्ण की कामना रखने वाला अपामार्ग (औंधा) की समिधाओं से हवन करे ॥५॥ जो कन्या की इच्छा रखता हो उसे जाती के दो-दो पुष्पों को घृत में डुबोकर हवन करना चाहिए। ग्राम की इच्छा वाले पुरुष को तिल और तण्डुल (चावल) में होम करना आवश्यक होता है। ॥६॥ वश्य करने के कर्म में शाखोट-वासा और अपामार्ग की समिधाएँ होनी चाहिए। विष और रक्त से मिश्रित समिधाएँ हे भार्गव! व्याधि के घात लिये होनी चाहिए ॥७॥

क्रुद्धस्तु जुहुयात्सम्यक् शत्रूणां वधकाम्यया।
सर्वव्रीहिमयीं कृत्वा राज्ञः प्रतिकृतिं द्विज ॥८
सहस्रमस्तु जुहुयाद्राजा वशगतो भवेत्।
वस्त्रकामस्य पुष्पाणि दूर्वा व्याधिविनाशिनी ॥९
ब्रह्मवर्चसकामस्य वासोऽग्र च विधीयते।
प्रत्यङ्गिरेषु जुहुयात्तुषकण्टकभस्मभिः ॥१०
विद्वेषणे च पक्ष्माणि काककौशिकयोस्तथा।
कापिलं च घृतं हुत्वा तथा चन्द्रग्रहे द्विज ॥११
वचाचूर्णेन संपातात्समानीय च तां वचाम्।
सहस्रमन्त्रितां भुक्त्वा मेधावी जायते नरः ॥१२
एकादशाङ्गुलं शङ्कुं लौहं खादिरमेव च।
द्विषतो वधोऽपीति जपन्निखनेद्रिपुवेश्मनि ॥१३
उच्चाटनमिदं कर्म शत्रूणां कथितं तव।
चक्षुष्या इति जप्त्वा च विनष्टं चक्षुराप्नुयात् ॥१४
उपयुञ्जत इत्येतदनुवाकं तथाऽन्नदम्।
तनूनपाग्ने सदिति दूर्वां हुत्वाऽर्तिवर्जितः ॥१५

करने के लिए दो
के द्वारा हवन
रखता हो उसको
वाला दधि से
रखने वाला मा
इच्छा रखता हो
हिए। ग्राम की
आवश्यक हो
की समिधाएं
। व्याधि के

शत्रुओं के वध करने की कामना से क्रुद्ध होते हुए हवन करना चाहिए। ब्राह्मण को समस्त व्रीहियों की राजा की एक मूर्ति बनाकर एक सहस्र आहूतियाँ देनी चाहिएँ तो अवश्य ही राजा वश में होने वाला हो जाता है। वस्त्र की इच्छा रखने वाले को पुष्प और द्रुम व्याधियों के विनाश करने वाली होती है ॥८॥६॥ जो ब्रह्मवर्चस (तेज) की कामना वाला हो उसे वासोऽग्र का विधान करना चाहिए। प्रत्यङ्गिरो में तुप-कण्टक और भस्म के द्वारा हवन करना चाहिए ॥१०॥ जब किन्हीं दो व्यक्तियों में विद्वेषण कराना अभीष्ट हो तो कौआ और उल्लू के पखों के द्वारा होम करे। हे द्विज ! चन्द्र ग्रहण में कपिला गौ के घृत को लाकर उसमें होम करे। सम्पात से वचा को लाकर उसके चूर्ण से एक सहस्र बार अभिमन्त्रित करे फिर उसका भक्षण करे तो मनुष्य परम बुद्धिमान् हो जाता है ॥११।१२॥ एकादश (ग्यारह) अङ्गुल की एक लोहे की कील तथा खदिर की बनी हुई कील को 'द्विपतो वधोऽसि'—इसे जपते हुए शत्रु के घर में गाढ़ दे तो इससे शत्रुओं का उच्चाटन हो जाता है। यह वहाँ से उच्चाटन करने का कर्म मैंने तुम्हें बता दिया है। चक्षुष्माम्'—इसका जप करे तो उसकी चक्षु विनष्ट हो जाती है ॥१३।१४॥ 'उपयुञ्जते'—यह अनुवाक अन्न के देने वाला है 'तनून पाग्ने सद'—यह दूर्वा (दूम) के हवन करने से अग्नि वर्जित होता है ॥१५।

भेषजमसीति दध्याज्यैर्होम पशूपसर्गनुत् ।
त्रियम्बक यजामहे होम सौभाग्यवर्धन ॥१६
कन्यानाम गृहीत्वा तु कन्यालाभकर पर ।
भयेषु तु जपन्नित्य भयेभ्यो विप्रमुच्यते ॥१७
धुस्तूरपुष्प सघृत हुत्वा स्यात्सर्वकामभाक् ।
हुत्वा तु गुग्गुल राम स्वप्ने पश्यति शङ्करम् ॥१८
युञ्जते मनोनुवाक जप्त्वा दीर्घायुराप्नुयात् ।
विष्णो रराटमित्येतत्सर्वबाधाविनाशनम् ॥१९
रक्षोघ्न च यशस्य च तथैव विजयप्रदम् ।
अय नो अग्निरित्येतत्सङ्ग्रामे विजयप्रदम् ॥२०

इदमाप प्रवहत स्नाने पापापनोदनम् ।
विश्वकर्मन्नु हविषा सूची लौही दशाङ्गुलाम् ॥२१
कन्याया निखनेद्द्वारि साऽन्यस्मै न प्रदीयते ।
देव सवितरेतेन हुतेनैतेन चान्नवान् ॥२२

'अपजमसि'—इसके द्वारा दधि और घृत से होम करने पर पशुओं में फैले उपसर्ग का नाश होता है। 'त्रियम्बक यजामहे'—इस मन्त्र से हवन करने पर सौभाग्य की वृद्धि होती है ॥१६॥ कन्या का नाम लेकर हवन करने से अवश्य ही कन्या के लाभ करने वाला होता है। भयों के उपस्थित होने पर नित्य जाप करने से मनुष्य भय से मुक्त हो जाता है ॥१७॥ धतूरे के पुष्पों को घृत के साथ हवन करने से समस्त कामनाओं की सिद्धि वाला होता है। हे राम ! यदि गूगल को लेकर उपर्युक्त मन्त्र से होम करे तो स्वप्न में भगवान् शंकर के दर्शन प्राप्त होते हैं ॥१८॥ 'युञ्जते मनोनुवाक' का जप करके दीर्घ आयु की प्राप्ति हुआ करती है। 'विष्णोरराट'—इससे सभी बाधाओं का विनाश होता है ॥१९॥ 'अय नो अग्नि' यह राक्षसों का हनन करने वाला, यश बढ़ाने वाला और संग्राम में विजय के प्रदान करने वाला होता है ॥ २० 'इदमाप प्रवहत'—यह स्नान करने में पापों के अपनोदन करने वाला होता है। 'विश्वकर्मन्नु हविषा'—इसके द्वारा दश अङ्गुल की लोहे की कील कन्या के द्वार पर गाड़ देवे तो फिर वह कन्या किसी दूसरे को नहीं दी जाती है। 'देव सवित'—इसके द्वारा हवन करने से अन्न वाला होता है ॥२१।२२॥

अग्नौ स्वाहेति जुहुयाद्बलकामो द्विजोत्तम ।
तिलैर्यवैश्च धर्मज्ञ तथाऽपामार्गतण्डुलैः ॥२३
सहस्रमन्त्रिता कृत्वा तथा गोरोचना द्विज ।
तिलकं च तथा कृत्वा जनस्य प्रियतामियात् ॥२४
रुद्राणां च तथा जप्यं सर्वाघविनिषूदनम् ।
सर्वकर्मकरो होमस्तथा सर्वत्र शान्तिदः ॥२५
अजाविकानामश्वानां कुञ्जराणां तथा गवाम् ।
मनुष्याणां नरेन्द्राणां बालानां योषितामपि ॥२६

ग्रामाणां नगराणां च देशानामपि भार्गव ।
उपद्रुतानां धर्मज्ञ व्याधितानां तथैव च ॥२७
मरणे समनुप्राप्ते रिपुजे च तथा भये ।
रुद्रहोम. परा शान्ति. पायसेन घृतेन च ॥२८
कूष्माण्डघृतहोमेन सर्वान्पापान्व्यपोहति ।
सक्तुयावकभैक्षाशी नक्तं मनुजसत्तम ॥२९
बहिः स्नानरतो मासान्मुच्यते ब्रह्महत्यया ।
मधु वातेति मन्त्रेण होमादिलोऽखिलं लभेत् ॥३०

'अग्नौ स्वाहा'—इससे धनकाम द्विजोत्तम को तिलों से तथा यव और अपामार्ग के तण्डुलों से, हे धर्मज्ञ ! हवन करना चाहिए ॥२३॥ हे द्विज ! एक सहस्र बार गोरोचन को अभिमन्त्रित करके उससे तिलक करे तो सब मनुष्यों का प्रिय बन जाता है ॥२४॥ रुद्रों का जप समस्त पापों का नाश करने वाला होता है । होम समस्त कर्मों का करने वाला और सर्वत्र शान्ति देने वाला होता है ॥२५॥ अजाविकाओं (भेडों) का, अश्वों का, हाथियों का, गौओं का, मनुष्यों का, राजाओं का, बालकों का, स्त्रियों का, ग्रामों का, नगरों का और देशों का उपद्रव युक्त तथा व्याधि वाले होने पर, मरण को प्राप्त होने पर तथा शत्रु से उत्पन्न भय के होने पर रुद्र होम से परम शान्ति होती है जो होम पायस (खीर) और घृत से किया जाता है ॥२६।२७।२८॥ कूष्माण्ड (पेठा) और घृत के होम से समस्त पापों का निवारण होता है । हे मनुजों में श्रेष्ठ ! सतुआ, यावक और भिक्षा के भोजन करने वाला जो कि रात्रि में एक बार किया जावे। बाहिर स्नान करने की रति रखने वाला एक मास ऐसा करने से मनुष्य ब्रह्महत्या से मुक्त हो जाता है । 'मधु वात'—इत्यादि मन्त्र के द्वारा होमादि सबकी प्राप्ति होती है ॥२९।३०॥

दधिक्राव्णेति हुत्वा तु पुत्रान्प्राप्नोत्यसंशयम् ।
तथा घृतवतीत्येतदायुष्यं स्याद्घृतेन तु ॥३१
स्वस्ति न इन्द्र इत्येनत्सर्वबाधाविनाशनम् ।
इह गावः प्रजायध्वमिति पुष्टिविवर्धनम् ॥३२

घृताहुतिसहस्रेण तथाऽलक्ष्मीविनाशनम् ।
स्रुवेण देवस्य त्वेति हुत्वाऽपामार्गतण्डुलम् ॥३३
मुच्यते विकृताच्छीघ्रमभिचारान्न संशयः ।
रुद्र पतो पलाशस्य समिद्भिः कनकं लभेत् ॥३४
शिवो भवेत्यग्न्युत्पाते व्रीहिभिर्जुहुयान्नरः ।
या सेना इति चैतच्च तस्करेभ्यो भयापहम् ॥३५
या अस्मभ्यमरातीयाद्धुत्वा कृष्णतिलान्नरः ।
सहस्रशोऽभिचाराच्च मुच्यते विकृताद् द्विज ॥३६

'दृषि काळ्णा'—इस मन्त्र से हवन करके मनुष्य निश्चय ही पुत्रों की प्राप्ति किया करता है। इसी प्रकार से 'घृतवती'—यह मन्त्र घृत के द्वारा होम करने पर आयु के देने वाला होता है ॥३१॥ 'स्वस्ति न इन्द्र'—यह समस्त प्रकार की बाधाओं का नाश करने वाला होता है। 'इह गाव प्रजायध्वम्'—यह मन्त्र पुष्टि के विशेष रूप से वर्धन करने वाला होता है ॥३२॥ एक सहस्र घृत की आहुतियों के देने से अलक्ष्मी (दारिद्र्य) का विनाश होता है। 'स्रुवेण देवस्य त्वा'—इस मन्त्र से अपामार्ग के तण्डुलों से हवन करे तो विकृत अभिचार से शीघ्र ही मुक्त हो जाता है—इसमें कोई भी संशय नहीं है। रुद्र पतो'—इस मन्त्र से पलाश (ढाक) की समिधाओं से हवन करे तो कनक (सोना) की प्राप्ति होती है ॥३३॥३४॥ 'शिवोभव'—इस मन्त्र से अग्नि के उत्पात होने पर मनुष्य को व्रीहियों के द्वारा हवन करना चाहिये—यह मन्त्र और 'या सेना'—यह मन्त्र तस्करों से भय का अपहरण करने वाला होता है। ॥३५॥ 'या अस्मभ्यमरातीयात्'—इससे मनुष्य एक सहस्र बार कृष्ण (काले) तिलों की आहुतियाँ देवे तो हे द्विज ! बिगड़े हुए अभिचार से छुटकारा पा जाता है ॥३६॥

अन्नेनान्नपतेत्येव हुत्वा चान्नमवाप्नुयात् ।
हंस शुचिषदित्येतज्जप्तं तोयेऽघनाशनम् ॥३७
चत्वारि शृङ्ग इत्येतत्सर्वपापहरं जले ।
देवा यज्ञेति जप्त्वा तु ब्रह्मलोके महीयते ॥३८

वसन्तेति च हुत्वाऽऽज्यमादित्याद्वरमाप्नुयात् ।
सुपर्णोऽसीति चेत्यस्य कर्म व्याहृतिवद्भवेत् ॥३९
नमः स्वाहेति त्रिर्जप्त्वा बन्धनान्मोक्षमाप्नुयात् ।
अन्तर्जले त्रिरावर्त्य द्रुपदां सर्वपापमुक् ॥४०
इह गावः प्रजायध्व मन्त्रोऽय बुद्धिवर्धनः ।
हुत तु सर्पिषा दध्ना पयसा पायसेन वा ॥४१
श नो देवीति चैतेन हुत्वा पर्णफलानि च ।
आरोग्य श्रियमाप्नोति जीवित च चिर तथा ॥४२
ओषधीः प्रतिमोदध्व वपने लवनेऽर्थकृत् ।
अश्वावती पायसेन होमाच्छान्तिमवाप्नुयात् ॥४३

'अन्नेनान्नपत'—इस प्रकार से इससे हवन करने से अन्न की प्राप्ति किया करता है। 'हम. शुचिषत्'—इसका जप जल मे स्थित होकर करने से अघो का नाश होता है ॥३७॥ 'चत्वारिश्रृङ्ग'—इसका जल मे जाप सब तरह के पापो का हरण करने वाला है। 'देवायज्ञ'—इस ऋचा का जप करके ब्रह्म-लोक मे महान् प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया करता है ॥३८॥ 'वसन्त'—इस मन्त्र से घृत का होम करके मनुष्य सूर्य से वरदान का लाभ किया करता है। और 'सुपर्णोऽसि' इसका व्याहृतियो से युक्त जो कर्म होता है। 'नमः स्वाहा' इसका तीन बार जप करके बन्धन से मोक्ष होने का लाभ होता है। जल के अन्दर बैठकर 'द्रुपदाम्' इस मन्त्र की तीन आवृत्ति करने से सब पापो से मुक्त हो जाता है ॥३९।४०॥ 'इह गाव. प्रजायध्वम्'—यह मन्त्र बुद्धि के बढाने वाला है। इस मन्त्र से घृत, दधि, दूध अथवा खीर से हवन करना चाहिये ॥४१॥ 'शनो देवी'—इस मन्त्र से पर्ण (पत्ते) फलो का हवन करे तो मनुष्य स्वस्थता श्री और चिरकाल तक जीवित रहने की प्राप्ति किया करता है। 'ओषधी. प्रतिमोदध्वम्'—यह मन्त्र बीजो के बोने मे तथा फसल के काटने मे लाभदायक होता है। 'अश्वावती'—इस मन्त्र से पायस (खीर) का होम करे तो शान्ति की प्राप्ति हो जाती है ॥४२।४३॥

तस्मा इति च मन्त्रेण बन्धनस्थो विमुच्यते ।
युवा सुवासा इत्येव वासास्याप्नोति चोत्तमम् ॥
मुञ्चन्तु मा शपथ्या (था) दिसर्वकिल्विषनाशनम् ।
मा मा हिंसीस्तिलाज्येन हुतं रिपुविनाशनम् ॥४५
नमोऽस्तु सर्पेभ्यो हुत्वा घृतेन पायसेन तु ।
कृणुष्व पाज इत्येतदभिचारविनाशनम् ॥४६
दूर्वाकाण्डायुतं हुत्वा काण्डात्काण्डेति मानव ।
ग्रामे जनपदे वाऽपि मरणे तु शमं नयेत् ॥४७
रोगार्तो मुच्यते रोगात्तथा दुःखात्तु दुःखित ।
औदुम्बरीश्च समिधो मधुमान्नो वनस्पतिः ॥४८
हुत्वा सहस्रशः गाम धनमाप्नोति मानव ।
सौभाग्यं महदाप्नोति व्यवहारे तथा जयम् ॥४९
अपां गर्भमिति हुत्वा देवं वर्षापयेद्ध्रुवम् ।
अपः पिबेति च तथा हुत्वा दधि घृतं मधु ॥५०
प्रवर्तयति धर्मज्ञ महावृष्टिमनन्तरम् ।
नमस्ते रुद्र इत्येतत्सर्वोपद्रवनाशनम् ॥५१

"तस्मा"—इस मन्त्र के द्वारा जो बन्धन में स्थित हो वह विमुक्त हो जाता है। "युवा सुवास"—इस मन्त्र के करने से उत्तम वस्त्रों की प्राप्ति करता है। "मुञ्चन्तु मा शपथ्यादि"—यह समस्त किल्विषों (पापों) का नाश करने वाला है। "मामा हिंसी"—यह मन्त्र तिल और घृत से हवन किये जाने पर शत्रुओं का विनाश करने वाला होता है ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ "नमोऽस्तु सर्पेभ्य" इस मन्त्र से घृत तथा पायस से हवन करके "कृणुष्व पाजं"—इस मन्त्र का आराधन करे तो अभिचार का नाश हो जाता है ॥ ४६ ॥ "काण्डात्काण्ड"—इस मन्त्र से काण्डायुत दूर्वा का मानव हवन करे तो ग्राम में तथा जनपद में मरण का शमन होता है ॥ ४७ ॥ जो कोई रोग से आर्त्त हो वह रोग से मुक्त हो जाता है। यदि कोई दुःख हो तो दुःख से छुटकारा हो जाता है। "मधुमान्नो वनस्पति"—इस मन्त्र से उदुम्बर (गूलर) की समिधाओं का हवन

करे और महस्र आहुतियाँ देवे तो हे राम ! वह मनुष्य धन का लाभ किया करता है। तथा महान् सौभाग्य को और व्यवहार में जय को प्राप्त करता है। ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ "अपां गर्भम्"—इस मन्त्र से हवन करने पर निश्चय ही देव को बरसाता है। इसी तरह से अप.पिब"—इससे दधि, घृत और मधु का हवन करे तो हे धर्मज्ञ ! अनन्तर में महा वृष्टि होती है। "नमस्ते रुद्र"—इस मन्त्र में सब तरह के उपद्रवों का नाश होता है ॥ ५० ॥ ५१ ॥

सर्वशान्तिकरं प्रोक्तं महापातकनाशनम् ।
अध्यवोचदित्यनेन रक्षणं व्याधितस्य तु ॥५२
रक्षोघ्नं च यशस्यं च चिरायुपुष्टिवर्धनम् ।
सिद्धार्थकानां क्षेपेण पथि चतज्जपन्सुखी ॥५३
असौ यस्ताम्र इत्येतत्पठन्नित्यं दिवाकरम् ।
उपतिष्ठेत धर्मज्ञ मार्यं प्रातरतन्द्रितः ॥५४
अन्नमक्षयमाप्नोति दीर्घमायुश्च विन्दति ।
प्रमुञ्च धन्वन्नित्येतत्षड्भिराराधयन्नरः ॥५५
रिपूणां भयदं युद्धे नात्र कार्या विचारणा ।
मा नो महान्त इत्येव बालानां शान्तिकारकम् ॥५६

उक्त मन्त्र एक प्रकार की शान्ति के करने वाला और महान् पातकों के नाश करने वाला कहा गया है। 'अध्यवोचत्'—इस मन्त्र से जो व्याधि ग्रस्त हो उसकी रक्षा होती है। राक्षसों के हनन करने वाला, यश के प्रदान करने वाला, अधिक समय तक की आयु के देने वाला और पुष्टि की वृद्धि करने वाला है। सिद्धार्थकों के क्षेप करके मार्ग इसका जाप करने वाला सुखी होता है ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ 'असौ यस्ताम्र'—इस मन्त्र को पढ़ता हुआ नित्य ही दिवाकर (सूर्य) का उपस्थान करे। हे धर्म के ज्ञाता ! अतन्द्रित होकर इसे सायङ्काल और प्रातःकाल दोनों समयों में करना चाहिए। ऐसा करने वाला व्यक्ति अक्षय अन्न और दीर्घ आयु को प्राप्त करता है। 'प्रमुञ्च धन्वन्'—इससे छै बार आराधना करने वाला युद्ध में शत्रुओं का भेद देने वाला होता

है, इसमे तनिक भी विचार नही करना चाहिए। 'मानो महान्त'—इस मन्त्र बालको को शान्ति होती है ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

नमो हिरण्यबाहव इत्यनुवाकसप्तकम् ।
राजिका कटुतैलाक्ता जुहुयाच्छत्रुनाशनीम् ॥५७
नमो व किरिकेभ्यश्च पद्मलक्षकृतैर्नर ।
राज्यलक्ष्मीमवाप्नोति तथा बिल्वै सुवर्णकम् ॥५८
इमा रुद्रायेति तिलैर्होमाश्च धनमाप्यते ।
दूर्वाहोमेन चाऽऽज्येन सर्वव्याधिविवर्जित. ॥५९
आशु शिशान इत्येतदायुधाना च रक्षणे ।
सङ्ग्रामे कथित राम सर्वशत्रुनिवर्हणम् ॥६०
वाजश्च मेति जुहुयात्सहस्र पञ्चभिर्द्विज ।
आज्याहुतीना धर्मज्ञ चक्षूरोगाद्विमुच्यते ॥६१
श नो वनस्पते गृहे होम स्याद्वास्तुदोषनुत् ।
अग्न आयू षि हुत्वाऽऽज्य द्वेष नाऽऽप्नोति केनचित् ॥६२
अपा फेनेति लाजाभिर्हुत्वा जयमवाप्नुयात् ।
भद्रा इतीन्द्रियैर्हीनो जपन्स्यात्सकलेन्द्रिय ॥६३

'नमो हिरण्य बाहव'—इस सात अनुवाक को कडुवे तैल से युक्त राई की आहुतियाँ देवे तो शत्रुओ का नाश करने वाली होती है ॥ ५७ ॥ 'नमो व किरिकेभ्यश्च'—इस मन्त्र से पद्म दल की एक लक्ष आहुतियाँ देवे तो राज्य लक्ष्मी की प्राप्ति होती है और बिल्व दलो से देवे तो सुवर्ण का लाभ होता है। ॥ ५८ ॥ 'इमा रुद्राय'—इस मन्त्र से तिलो के द्वारा हवन करे तो धन को प्राप्त करता है। दूर्वा के होम मे घृत के हवन से समस्त व्याधियो से रहित हो जाता है ॥ ५९ ॥ आशु शिशान'—इस मन्त्र का प्रयोग आयुधो की रक्षा मे किया जाता है। हे राम! सग्राम मे इस मन्त्र के कहने से समस्त शत्रुओ का निवर्हण होता ॥ ६० ॥ हे द्विज! वाजश्च मे'—इन पाँचों से एक सहस्र बार हवन करे और घृत की आहुतियाँ देवे तो हे धर्मज्ञ! चक्षुओ के रोग से वे मुक्ति हो जाता है। ६१ ॥ शनो वनस्पते'—इस मन्त्रसे घर मे होम करे

नो वास्तु के दोष का निवारण करने वाला होता है। 'अग्ने आयूंषि—इस मन्त्र से घृत का हवन करने से किसी के साथ द्वेष नहीं होता है ॥ ६२ ॥ 'अपा फेन'—इस मन्त्र से मासाषों (खीलों) का हवन करने से जय की प्राप्ति होती है। 'भद्रा इतीन्द्रियहीनः'—इसका जाप करने वाला मानव सकल इन्द्रियों वाला हो जाता है ॥ ६२ ॥ ६३ ॥

अग्निश्च पृथिवी चेति वशीकरणमुत्तमम् ।
अध्वनेति जपन्मन्त्रं व्यवहारे जयी भवेत् ॥६४
ब्रह्मराजन्यमिति च कर्मारम्भे तु सिद्धिकृत् ।
संवत्सरोऽसीति घृतैर्लक्षहोमादरोगवान् ॥६५
केतुं कृण्वन्नितीत्येतत्सङ्ग्रामे जयवर्धनम् ।
इन्द्रोऽग्निर्धर्म इत्येतद्रणे धर्मनिबन्धनम् ॥६६
धनुर्नागेति मन्त्रश्च धनुर्ग्राहिणिकः परः ।
यजीतेति तथा मन्त्रो विज्ञेयो ज्याभिमन्त्रणे ॥६७
मन्त्रश्चाहिरिवेत्येनेच्छराणां मन्त्रणे भवेत् ।
वन्हीनां पितरित्येतत्तूणमन्त्रं प्रकीर्तितं ॥६८
युञ्जतीति तथाऽश्वाना योजने मन्त्र उच्यते ।
आशुः शिशान इत्येतद्यात्रारम्भणमुच्यते ॥६९
विष्णो. क्रमेति मन्त्रश्च रथारोहणिक. परः ।
आजङ्घतीति चाश्वानां ताडनीयमुदाहृतम् ॥७०

'अग्निश्च पृथिवी च'—यह मन्त्र उत्तम वशीकरण करने वाला है। 'अध्वना' इस मन्त्र को जपता हुआ व्यवहार में जय प्राप्त करने वाला होता है। ॥ ६४ ॥ 'ब्रह्म राजन्यम्'—यह मन्त्र कर्म के आरम्भ में सिद्धि का करने वाला होता है। 'सम्वत्सरोऽसि'—इस मन्त्र से घृत के द्वारा एक लक्ष आहुतियाँ देने से रोग से रहित हो जाता है ॥ ६५ ॥ 'केतु कृण्वन्'—यह मन्त्र संग्राम में जय के बढाने वाला होता है। इन्द्रोऽग्निर्धर्म'—यह मन्त्र रण में धर्म के निबन्धन करने वाला है ॥ ६६ ॥ 'धनुर्नाग'—यह मन्त्र परम धनु के ग्रहण कराने वाला है। 'यजीत'—यह मन्त्र ज्या (धनुष की डोरी) के अभिमन्त्रण

करने का जानना चाहिए ॥ ६७ ॥ 'अहिरिव' यह मन्त्र उसके दारों के मन्त्रण करने के लिय होता है। 'वह्नीना पित'–यह मन्त्र तूणीर (तरकश) के अभिमन्त्रण करने के लिये कहा गया है ॥ ६८ ॥ 'युञ्जीत'–यह मन्त्र अश्वों के योजन करने के समय बोलना चाहिए। 'आशु शिशान'–यह मन्त्र यात्रा के आरम्भ करने में क ा जाता है ॥ ६९ ॥ 'विष्णो क्रम'–यह मन्त्र रथ पर आरोहण करने वाला परम श्रेष्ठ होता है। 'आजङ्घति' इस मन्त्र के द्वारा अश्वों का ताडन करना चाहिए ॥ ७० ॥

या सेना अभित्वरीति मरसैन्यमुखे जपेत् ।
दुन्दुभ्य इति च्येतद् दुन्दुभीताडनं भवेत् ॥७१
एतैं पूर्वहुतैर्मन्त्रैं कृत्वैव विजयी भवेत् ।
यमेन दत्तमित्यस्य कोटिहोमाद्विचक्षण ॥७२
रथमुत्पादयच्छीघ्रं सग्रामे विजयप्रदम् ।
आ कृष्णेति तथैतस्य कर्म व्याहृतिवद्भवेत् ॥७३
शिवसकल्पजापेन समाधि मनसो लभेत् ।
पञ्च नद्य पचलक्ष हुत्वा लक्ष्मीमवाप्नुयात् ॥७४
यदा वध्नन्दाक्षायणा मन्त्रेणानेन मन्त्रितम् ।
सहस्रकृत्व कनक धारयेद्रिपुवारणम् ॥७५
इम जीवेभ्य इति च शिला लोष्ट चतुर्दिशम् ।
क्षिपेद् गृहे तदा तस्य न स्याच्चौरभयं निशि ॥७६
परि मे गामनेनेति वशीकरणमुत्तमम् ।
हन्तुमस्यामनम्नत्र वशी भवति मानव ॥७७

'या सेना अभित्वरी'–यह मन्त्र मरते हुए सैन्य के मुख पर जपना चाहिए। 'दुन्दुभ्य'—इस मन्त्र से दुन्दुभि ताडन करना चाहिए ॥ ७१ ॥ इन मन्त्रों से जिनसे पहिले हवन कर लिया गया हो, पूरा विधान करके युद्ध भूमि में जाता है वह अवश्य ही विजयी होता है। 'यमेन दत्तम्'—इस मन्त्र से एक करोड होम करके पण्डित रथ को चलावे तो शीघ्र ही सग्राम में विजय प्रदान

करने वाला होता है। 'अ कण्ठ'—इस मन्त्र का कर्म व्याहृतियों से युक्त होता है ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ 'शिव सकल्प'—इसके जाप से मन की समाधि का लाभ होता है। 'पञ्चनद्य'—इसका पाँच लाख हवन करके लक्ष्मी को प्राप्त किया करता है ॥ ७४ ॥ 'यदा बध्नन्दाक्षायणाना'—इस मन्त्र से अभिमन्त्रित, जो कि एक सहस्र बार पढ कर अभिमन्त्रण किया गया हो, कनक को धारण करे तो शत्रु का वारण होता है ॥ ७५ ॥ 'इमजीवेभ्य'—इस मन्त्र को पढकर चारो दिशाओ मे शिला के टुकडे फेंके तो फिर उसके घर मे रात्रि म चोरो का भय नहीं होता है ॥ ७६ ॥ 'परि मेगाम्'—इस मन्त्र म उत्तम प्रकार का वशीकरण होता है। जो मनुष्य हवन करने को आया हो वह भी तुरन्त वशीकरण हो जाता है ॥ ७७ ॥

भक्ष्यताम्बूलपुष्पाद्य मन्त्रित तु प्रयच्छति ।
यस्य धर्मज्ञ वशग सोऽस्य शीघ्र भविष्यति ॥७८
श नो मित्र इतीरयेतत्सदा सर्वत्र शान्तिदम् ।
गणाना त्वा गणपति कृत्वा होम चतुष्पथे ॥७९
वशी कुर्याज्जगत्सर्वं सर्वधान्यैरसशयम् ।
हिरण्यवर्णा शुचयो मन्त्रोऽयमभिषेचने ॥८०
श नो देवीरभिष्टये तथा शान्तिकर पर ।
एकचक्रे ति म त्रे ण हुतेनाऽऽज्येन भागश ॥८१
ग्रहेभ्य शान्तिमाप्नोति प्रसाद न च सशय ।
गावो भग इति द्वाभ्या हुत्वाऽऽज्य गा अवाप्नुयात् ॥८२
अवादा प सोषदिति गृ हयज्ञे विधीयते ।
देवेभ्यो वनस्पत इति द्रु मयज्ञे विधीयते ॥८३
गायत्री वैष्णवी ज्ञेया तद्विष्णो परम पदम् ।
सर्व पापप्रशमन सर्वकामकर तथा ॥८४

खाने के योग्य वस्तु ताम्बूल तथा पुष्प य दि अभिमन्त्रित करके जो देता , हे धर्मज्ञ ! जिसको वशवर्ती होना है वह इसका वश्य शीघ्र ही हो जाता ॥ ७८ ॥ 'शनो मित्र'—यह मन्त्र सर्वत्र और सर्वदा शान्ति के देने वाला

है। 'गणानां त्वा गणपतिं'—इससे चतुष्पथ पर समस्त धान्यों से समस्त जगत् को वशी करना चाहिए। 'हिरण्य वर्णा शुचय'—यह मन्त्र अभिषेचन करने में प्रयुक्त करे ॥ ७६ ॥ ८० ॥ 'शन्नो देवी रभिष्टये'—यह मन्त्र परम शान्ति करने वाला होता है। 'एक चक्र'—इस मन्त्र से घृत का भागशः हवन करने पर ग्रहों से शान्ति की प्राप्ति होती है और ग्रहों की प्रसन्नता हो जाती है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है। 'गावो भग'—इन दो मन्त्रों के द्वारा घृत का हवन करने से गौओं को प्राप्त किया करता है ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ 'प्रवादा प सोपद्'—इस मन्त्र का गृह यज्ञ में विधान किया जाता है। 'देवेभ्यो वनस्पते' इस मन्त्र का द्रुम यज्ञ में विधान है ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ गायत्री वैष्णवी जानने के योग्य है। वह विष्णु भगवान् का परम पद है। इससे समस्त प्रकार के पापों का शमन होता है तथा यह सम्पूर्ण कामनाओं की करने वाली है। ॥ ८४ ॥

१०८—उत्पातशान्तिः

श्रीसूक्तं प्रतिवेदं च ज्ञेयं लक्ष्मीविवर्धनम् ।
हिरण्यवर्णां हरिणीमृचः पञ्चदश श्रियः ॥१
रथेष्वक्षेषु वाजेति चतस्रो यजुषि श्रियः ।
स्रावन्तीयं तथा साम श्रीसूक्तं सामवेदके ॥२
श्रियं धातर्मयि धेहि प्रोक्तमाथर्वणे तथा ।
श्रीसूक्तं यो जपेद्भक्त्या हुत्वा श्रीस्तस्य वै भवेत् ॥३
पद्मानि चाथ बिल्वानि हुत्वाऽऽज्यं वा तिलान् श्रियः ।
एकं तु पौरुषं सूक्तं प्रतिवेदं तु सर्वदम् ॥४
सूक्तेन दद्यान्निष्पापा ह्येकैकया जलाञ्जलिम् ।
स्नातः एकैकया पुष्पं विष्णोर्दत्त्वाऽघहा भवेत् ॥५
स्नात एकैकया दत्त्वा फलं स्यात्सर्वकामभाक् ।
महापापोपपापान्तो भवेज्जप्त्वा तु पौरुषम् ॥६

कृच्छ्रैर्विशुद्धो जप्त्वा च हुत्वा स्नात्वाऽथ सर्वभाक् ।
अष्टादशभ्यः शातिभ्यस्तिस्रोऽन्याः शातयो वसः ।।७
अमृता चाभया सौम्या सर्वोत्पातविमर्दना ।
अमृता सर्वदैवत्या अभया ब्रह्मदवता ।।८

इस अध्याय मे उत्पातो की शान्ति के विषय मे बतलाया जाता है। पुष्कर ने कहा—श्री सूक्त और प्रति वेह लक्ष्मी को विशेष रूप से वर्धन करने जानना चाहिए। श्री सूक्त की 'हिरण्य वर्णा हरिणीम्'—इत्यादि पन्द्रह ऋचाऐं होती है ।। १ ।। रथेष्वक्षेषु वाच'–ये चार यजुर्वेद मे श्री की ऋचाऐं हैं। तथा सामवेद मे 'सावन्तीयं तथा साम'–यह श्री सूक्त होता है ।। २ ।। 'श्रिय धातर्मपि धेहि'–यह अथर्ववेद मे कहा गया है। जो पुरुष श्री सूक्त को परम दृढ भक्ति के साथ जपता है और इसके मन्त्रो के द्वारा हवन किया करता उसके श्री अवश्य ही हो जाती है ।। ३ ।। श्री के लिये कमल के दल, बिल्व घृत और तिलो का हवन करना चाहिए। एक प्रतिवेद पुरुष सूक्त सबका प्रदान करने वाला होता है ।। ४ ।। सूक्त के द्वारा पापो से रहित पुरुष एक एक ऋचा से जल की अञ्जलि देवे। स्नान करके एक एक ऋचा से विष्णु के लिये पुष्प देने वाला पुरुष समस्त पापो का नाश करने वाला होता है ।।५।। स्नान करके एक-एक ऋचा से फल को देने से सभी कामनाओ की सिद्ध वाला होता है। पुरुष सूक्त के जाप से महाप प और उप पातको का अन्त हो जाता है ।। ६ ।। कृच्छ्र व्रतादि के द्वारा विशुद्ध होकर जो इसका जप किया करता है तथा हवन करता है और स्नान करके करता है वह सब कुछ को प्राप्त कर लेता है। अठारह शान्तियो से तीन अन्य शान्तियाँ होती है ।। ७ ।। अमृता, अभया और सौम्या ये तीन समस्त उत्पातो के विमर्दन करने वाली होती हैं। जो अमृता शान्ति होती है वह सभी देवो वली होती है। अभया-शान्ति का ब्रह्मा देवता होता है ।। ८ ।।

सौम्या च सर्वदैवत्या एका स्यात्सर्वकामदा ।
अभया मणि. कार्यो वरुणस्य भृगूत्तम ।।९

शतकाण्डोऽमृतायाश्च सौम्याया शङ्खजो मणिः ।
तद्दैवत्यास्तथा मन्त्रा सिद्धो स्यान्मणिबन्धनम् ॥१०
दिव्यान्तरी क्षभौमादिसमुत्पातार्दना इमा ।
दिव्यान्तरी क्षभौम तु अद्भुत त्रिविधं शृणु ॥११
ग्रहर्क्ष वैकृत दिव्यमान्तरीक्ष निबोध मे ।
उल्कापातश्च दिग्दाह परिवेशस्तथैव च ॥१२
गन्धर्वनगर चैव वृष्टिश्च विकृता च या ।
चरस्थिरप्रभ भूमौ भूकम्पमपि भूमिजम् ॥१३
सप्ताहाभ्यन्तरे वृष्टावद्भुत निष्फल भवेत् ।
शांति विना त्रिभिर्वर्षैरद्भुत भयकृद्भवेत् ॥१४
देवतार्चा प्रनृत्यन्ति वेपन्ते प्रज्वलन्ति च ।
आरटन्ति च रोदन्ति प्रस्विद्यन्ते हसन्ति च ॥१५
अर्चाविकारापशमोऽभ्यर्च्य हुत्वा प्रजापते ।
जनन्निर्दीप्यते यत्र राष्ट्रे न भूदानि स्वनम् ॥१६

सौम्या शान्ति भी सब दैवत्या होती है अर्थात् इससे भी सभी देवता प्रसन्न होते हैं। यह एक ही समस्त कामनाओं की पूर्ति करने वाली होती है। हे भृगूत्तम ! जो अभया शान्ति है उसका मणि बन्धन कर करना चाहिए। अमृता का शतकाण्ड और सौम्या का शङ्खज मणि (मन्त्र) होता है। जो उसका देवता हो उसके उसी प्रकार के मन्त्र भी हैं सिद्धि में मणि बन्धन होता है ॥ ९ ॥ १० ॥ दिव्य—अन्तरिक्ष और भूमि में होने वाला समुत्पातों की विमर्दन करने वाली ये शान्तियाँ होती हैं। दिव्य—अन्तरिक्ष और भूमि में होने वाले ये तीन प्रकार के उत्पात बड़े ही अद्भुत होते हैं। इनका तुम श्रवण करो ॥ ११ ॥ दिन और नक्षत्र में जो वैकृत होता है वह दिव्य तथा अन्तरिक्ष में होने वाला उत्पात समझो। उल्कापात, दिशाओं में दाह तथा परिवेश, गन्धर्व नगर, वृष्टि जो विकृत रूप वाली हो, चर और स्थिर स्वरूप में होने वाला भूकम्प और भूमि में भूमिज उत्पात होता है ॥ १२ ॥ १३ ॥ एक सप्ताह के अन्दर वर्षा हो जाने पर अद्भुत निष्फल हो जाया करता है।

अन्यथा विना शान्ति किये हुए अद्भुत तीन वर्ष तक भयकारी होता है ।।१४।। देवतार्चा कृत्य करते है, कम्पायमान होते हैं, प्रज्वलित होते है, आराम करते है, रोदन करते है, प्रसन्न होते हैं और हँसते हैं ।। १५ ।। मघो के विकार का उपशम प्रजापति का अभ्यर्चन कर तथा हवन करके करना चाहिए । जहाँ वनाग्नि दीप्त होती है और राष्ट्र मे बहुत अधिक शोर गुल होता है ।। १६ ।।

न दीप्यते चेन्धनवास्तद्राष्ट्रं पीड्यते नृपं ।
अग्निवैकृत्यशमनमग्निमन्त्रैश्च भार्गवः ।
अकाले फलिता वृक्षाः क्षीरं रक्तं स्रवन्ति च ।
वृक्षोत्पातप्रशमनं शिवं पूज्य च कारयेत् ।।१८
अतिवृष्टिरनावृष्टिर्दुर्भिक्षायोभयं मतम् ।
अनृतौ त्रिदिनारब्धवृष्टिर्ज्ञेया भयाय हि ।।१९
वृष्टिवैकृत्यनाशः स्यात्पर्जन्येन्द्रकपूजनात् ।
नगरादपसर्पन्ते समीपमुपयान्ति च ।।२०
नद्यो ह्रदप्रस्रवणा विरसाश्च भवन्ति च ।
सलिलाशयवैकृत्ये जप्तव्यो वारुणो मनुः ।।२१
अकालप्रसवा नार्यः कालतो वाऽप्रजास्तथा ।
विकृतप्रसवाश्चैव युग्मप्रसवनादिकम् ।।२२
स्त्रीणां प्रसववैकृत्ये स्त्रीविप्रादिं प्रपूजयेत् ।
वडवा हस्तिनी गौर्वा यदि युग्मं प्रसूयते ।।२३
विजात्यं विकृतं वाऽपि षड्भिर्मासैर्म्रियेत वै ।
विकृतं वा प्रसूयन्ते परचक्रभयं भवेत् ।।२४

वह राष्ट्र ईंधन के द्वारा नही जलता है प्रत्युत राजाओं के द्वारा पीडित किया जाता है । हे भार्गव ! इस अग्नि के विकार का शमन अग्नि मन्त्रों द्वारा किया जाता है ।। १७ ।। अकाल मे अर्थात् असमय मे ही वृक्ष फलित होते हैं और क्षीर रक्त का स्रवण किया करते हैं । इस प्रकार का जो वृक्षों के होने वाले उत्पात का उपशमन शिव का पूजन करके कराना चाहिए ।। १८ ।। आवश्यकता से कहीं अधिक वर्षा का होना अति वृष्टि कही

जाती है। एक बूँद भी पानी का मेघों से नहीं पड़ना अनावृष्टि कही जाती है यह दोनों ही दुर्भिक्ष (अकाल पड़ जाना) कहा गया है क्योंकि अतिवृष्टि और अनावृष्टि दोनों के होने से भूमि में कुछ भी उत्पन्न नहीं हुआ करता है। बिना ऋतु के तीन दिन तक बराबर वृष्टि का होते रहना भी भयप्रद होता है ॥१६॥ इस प्रकार की वृष्टि की विकृति का नाश पर्जन्येन्दु अर्क के पूजन से हुआ करता है नगर से चले जाते हैं और समीप में प्राप्त हो जाते हैं।। २० ॥ नदियाँ, ह्रद और प्रस्रवण विरस हो जाया करते हैं। इस तरह पानी के आशयों की विकृति हो जाने पर वरुण का मन्त्र जपना चाहिए ॥ २१ ॥ स्त्रियों की प्रसव, विकृति कई प्रकार की हुआ करती है, कुछ स्त्रियाँ अकाल में ही प्रसव (बच्चा जनना) वाली होती हैं, कुछ स्त्रियाँ समय आ जाने पर भी बिना औलाद वाली रह जाती हैं। कुछ नारियों के प्रसव तो होता है किन्तु वह विकृत स्वरूप वाला होता है। कुछ नारियाँ दो-दो बच्चों का प्रसव किया करती हैं इत्यादि नारियों की प्रसव विकृति हुआ करती है ॥ २२ ॥ स्त्रियों के प्रसव के वैकृत्य (बिगड़ जाना) में स्त्री का विप्र आदि का पूजन करना चाहिए। घोड़ी, हथिनी अथवा गौ इनके यदि युग्म का प्रसव होता है ॥ २३ ॥ विजातिना अर्थात् भिन्न जाति वाला अथवा विकृत रूप वाला प्रसव हो और छः मास में बच्चा मर जाता है। किम्वा बिगड़े हुए रूप का प्रसव करे तो पर चक्र का भय होता है। ॥२४।

होम प्रसूतिवैकृत्ये जपो विप्रादिपूजनम् ।
यानि चान्यान्ययुक्तानि युक्तानि न वदन्ति च ॥२५
आकाशे तूर्यनादादव महद्भयमुपस्थितम् ।
प्रविशन्ति यदा ग्राममारण्या मृगपक्षिणः ॥२६
अरण्यं यान्ति वा ग्राम्या जलं यान्ति स्थलोद्भवाः ।
स्थलं वा जलजा यान्ति राजद्वारादिके शिवाः ॥२७
प्रदोषे कुक्कुटो वासे शिवा चार्कोदये भवेत् ।
गृहं कपोतः प्रविशेत्क्रव्यादो मूर्ध्नि लीयते ॥२८

मधु वा मक्षिका कुर्यात्काको मैथुनगो दृशि ।
प्रासादतोरणोद्यानद्वारप्राकारवेश्मनाम् ॥२९
अनिमित्तं तु पतनं दृढाना राजमृत्यवे ।
रजसा वाऽथ धूमेन दिशो यत्र समाकुला ॥३०
केतूदयोपरागौ च च्छिद्रता शशिसूर्ययो ।
ग्रहर्क्षविकृतिर्यत्र तत्रापि भयमादिशेत् ॥३१
अग्निर्यत्र न दीप्येत स्रवन्ते चोदकुम्भका ।
मृतिर्भय शून्यतादि ह्युत्पातानां फलं भवेत् ॥३२

इस उक्त प्रकार की प्रसूति की विकृति के होने पर जप और विप्र आदि का पूजन करना चाहिए । जो जो इस तरह के अयुक्त प्रसवादि हो और जिन्हे युक्त नही कहते है उनका शमन विप्रादि पूजन और जप से होता है । ॥ २५ ॥ आकाश मे तूर्य व ध का शब्द होना भी महान् भय का होना बताता है । जिस समय मे जगल के रहने वाले मृग और पक्षीगण ग्राम मे प्रवेश करते हैं अथवा ग्राम के रहन वाले पशु पक्षी गण जङ्गल मे प्रवेश किया करत हैं तथा स्थल भाग के रहन वाले जल मे प्रवेश करते हैं या जल मे वास करने वाले जीव स्थल से निकल कर आ जाते है तथा राजद्वार आदि स्थानो पर गीदड आदि आ जाया करते हैं । प्रदोष के समय मे मुर्गा और सूर्योदय के समय मे गीदड निकले तथा गृह म कबूतर प्रवेश करे अथवा काष्ठादि मस्तक पर लीन हो ॥ २८ ॥ मधुमक्षिका अथवा कौआ मैथुन करता हुआ दृष्टिगत होवे । प्रासाद, तोरण प्रधान द्वार, उद्यान द्वार, प्राकार तथा वेश्म (गृह) का बिना ही किसी निमित्त के दृढ होते हुए भी पतन हो जावे तो राजा की मृत्यु करने वाले होते हैं । जहाँ पर रज से अथवा धूँए स समस्त दिशाऐ समाकुल (घिरी हुई) हो, केतु का उदय तथा उपराग, चन्द्रमा और सूर्य म छिद्र का हो जाना और नक्षत्रो की विकृतियाँ होती हैं । जहाँ पर ये होती है वहाँ भय की सूचना दिया करती हैं ॥ २९ ॥ ३० ॥ ३१ ॥ जहाँ अग्नि दीप्त न होवे और जल के कुम्भ स्रवण किया करत हैं वहाँ मृत्यु भय और शून्यता आदि उत्पातो का

फल हुआ करता है। इन समस्त उत्पातों की शान्ति द्विज, देव आदि की पूजा से, मन्त्रों के जप से और हवन करने से हो जाती है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

१०९–विष्णु पञ्जरम्

त्रिपुर जघ्नुष पूर्व ब्रह्मणा विष्णुपञ्जरम् ।
शकरस्य द्विजश्रेष्ठ रक्षणाय निरूपितम् ॥१
वागीशेन च शक्रस्य बल हन्तु प्रयास्यतः ।
तस्य स्वरूप वक्ष्यामि तत्व शृणु जयादिमत् ॥२
विष्णु प्राच्या स्थितश्चक्री हरिर्दक्षिणतो गदी ।
प्रतीच्या शार्ङ्गधृग्विष्णुर्जिष्णु खड्गी ममोत्तरे ॥३
हृषीकेशो विकोणेषु तच्छिद्रेषु जनार्दन ।
क्रोडरूपी हरिर्भूमौ नरसिंहोऽम्बरे मम ॥४
क्षुरान्तममल चक्र भ्रमत्येतत्सुदर्शनम् ।
अस्याशुमाला दुष्प्रेक्ष्या हन्तु प्रेतनिशाचरान् ॥५
गदा चेय सहस्रार्चि प्रदीप्तपावकोज्ज्वला ।
रक्षाभूतपिशाचाना डाकिनीना च नाशनी ॥६
शार्ङ्ग विस्फूर्जित चैव वासुदेवस्य मद्रिपून् ।
तिर्यङ्मनुष्यकूष्माण्डप्रेतादीन्हन्त्वशेषत ॥७
खड्गधाराज्ज्वलज्योत्स्नानिर्धूता ये समाहिता ।
ते यान्तु शाम्यता सद्यो गरुडेनेव पन्नगा ॥८

पुष्कर ने कहा—हे द्विजो मे श्रेष्ठ ! पहिले त्रिपुरासुर को मारने की इच्छा वाले भगवान् शङ्कर की रक्षा के लिये ब्रह्माजी ने विष्णु पञ्जर का निरूपण किया था ॥ १ ॥ और बृहस्पति जी ने बल को मारने के लिये प्रयाण करने वाले इन्द्र की रक्षा के लिये विष्णु पञ्जर को बताया था। अब मैं उस विष्णु पञ्जर के स्वरूप को बताता हूँ जो कि युद्ध मे जय आदि के करने वाला होता है। उसका तुम श्रवण करो ॥ २ ॥ विष्णु पूर्व मे स्थित हैं, चक्रधारी हरि दक्षिण में स्थित हैं, गदा को धारण करने वाले पश्चिम मे स्थित हैं, शार्ङ्ग

नुप को धारण करने वाले विष्णु और खड्गधर हैं विष्णु मेरे उत्तर मे स्थित
हैं ॥ ३ ॥ भगवान् हृषीकेश विकोणो मे स्थित हैं और उनके छिद्रो मे जनार्दन
हैं। क्रोडरूप वाले हरि भूमि पर स्थित है तथा मेरे अम्बर मे नृसिंह हैं ॥४॥
क्षुरान्त अमल यह सुदर्शन चक्र भ्रमण कर रहा है। इस चक्र की जो किरणो
की मालाएं हैं वे बहुत ही कठिनाई से देखने के योग्य हैं। यह प्रेत और
निशाचरो को हनन करने के लिये घूम रहा है ॥ ५ ॥ यह विष्णु की गदा
सहस्र अर्चियो वाली है और प्रदीप्त अग्नि के समान उज्ज्वल है। यह राक्षस
भूत, पिशाच और डाकिनियो के नाश करने वाली है ॥ ६ ॥ वासुदेव के
शार्ङ्ग धनुष का विस्फूर्जन मेरे शत्रुओ को और तिर्यक् योनि वाले, मनुष्य,
कूष्माण्ड और प्रेत आदि का पूर्ण रूप से हनन करे ॥ ७ ॥ उज्ज्वल ज्योत्स्ना
के सदृश जो खड्ग की धारा उसमे निर्धूत है जो यहाँ समाहित शत्रु है वे सब
गरुड के द्वारा सर्पों की भाँति तुरन्त शमन को प्राप्त हो जावे ॥ ८ ॥

ये कूष्माण्डास्तथा यक्षा ये दैत्या ये निशाचरा ।
प्रेता विनायका. क्रूरा मनुष्या जम्भगाः खगा ॥९
सिंहादयश्च पशवो दन्दशूकाश्च पन्नगा ।
सर्वे भवन्तु ते सौम्या कृष्णशङ्खरवाहता ॥१०
चित्तवृत्तिहरा ये मे ये जना स्मृतिहारका ।
बलौजसा च हर्तारश्छायाविभ्र शकाश्च ये ॥११
ते चौपभोगहर्तारो ये च लक्षणनाशका ।
कूष्माण्डास्त प्रणश्यन्तु विष्णुचक्ररवाहता ॥१२
बुद्धिस्वास्थ्य मन स्वास्थ्य स्वास्थ्यमैन्द्रियक तथा ।
ममास्तु देवदेवस्य वासुदेवस्य कीर्तनात् ॥१३
पृष्ठे पुरस्तान्मम दक्षिणोत्तरे विकोणतश्चास्तु जनार्दनो हरिः ।
तमीड्यमीशानमनन्तमच्युत जनार्दन प्रणिपततो न सीदति ॥१४
यथा पर ब्रह्म हरिस्तथा परो जगत्स्वरूपश्च स एव केशव ।
सत्येन तेनाच्युतनामकीर्तनात्प्रणाशयेत्तु त्रिविध मामशुभम् ॥१५

जो कूष्माण्ड हैं तथा यक्ष हैं, दैत्य हैं निशाचर हैं, प्रेत हैं, विनायक हैं तथा क्रूर स्वभाव वाले मनुष्य हैं और जम्भग पक्षीगण हैं सिंह आदि पशु हैं दन्द शूक एवं पन्नग हैं वे सब भगवान् कृष्ण के शङ्ख की ध्वनि से हत होकर सौम्य हो जावें ॥ ९ ॥ १० ॥ जो भी कोई मेरी चित्त की वृत्ति को हरण करने वाले हैं और जो मनुष्य मेरी स्मृति के हरण करने वाले हैं तथा मेरे बल और ओज के हरण करने वाले हैं, जो छाया के विध्वंसक हैं, जो भी कोई मेरे उपभोग के हरण करने वाले शत्रु हैं जो लक्षण अर्थात् शुभ लक्षणों के नाश करने वाले हैं वे कूष्माण्ड सब भगवान् विष्णु के चक्र की ध्वनि से आहत होकर नष्ट हो जावें ॥ ११ ॥ १२ ॥ बुद्धि की स्वस्थता, मन का स्वास्थ्य और इन्द्रियों से सम्बन्ध रखने वाली स्वस्थता मेरी भगवान् देवों के देव वासुदेव के कीर्तन से अर्थात् इस विष्णु पञ्जर के पढ़ने से हो जावे। आगे, पीछे दक्षिण और उत्तर में तथा विकोणों में मेरे सभी ओर जनार्दन हरि रहें। उन पूजा के योग्य अनन्त, ईशान और अच्युत जनार्दन भगवान् को प्रणिपात करने वाला कभी भी दुःखी नहीं होता है ॥ १३ ॥ १४ ॥ जिस प्रकार से ब्रह्म सबसे परात्पर है उसी तरह परात्पर हरि इस जगत् के स्वरूप वाला वह ही केशव है। सच्चे भाव से उन भगवान् के नाम के कीर्त्तन करने से मेरे तीनों प्रकार के अशुभों का नाश हो जावे ॥ १५ ॥

११० वेदशाखादिकथनम्

सर्वानुग्राहका मन्त्राश्चतुर्वर्गप्रसाधकाः ।
ऋगथर्वं तथा साम यजुः सङ्ख्या तु लक्षकम् ॥१
भेदः शाङ्खायनश्चैक आश्वलायनो द्वितीयकः ।
शतानि दश मन्त्राणां ब्राह्मणां द्विसहस्रकम् ॥२
ऋग्वेदो हि प्रमाणेन स्मृतो द्वैपायनादिभिः ।
एकोनद्विसहस्रं तु मन्त्राणां यजुषस्तथा ॥३
शतानि दश विप्राणां षडशीतिश्च शाखिकाः ।
काण्वमाध्यन्दिनी सञ्ज्ञा कठी माध्यकठी तथा ॥४

मैत्रायणी च सज्ञा च तैत्तिरीयाभिधानिका ।
वैशम्पायनिकेत्याद्या. शाखा यजुषि सस्थिता. ॥५
साम्न कौथुमसज्ञका द्वितीयाऽथर्वणायनी ।
गानान्यपि च चत्वारि वेद आरण्यक तथा ॥६
उक्था ऊहश्चतुर्थश्च मन्त्रा नवसहस्रका: ।
स चतु शतकाश्चैव ब्रह्मसघटका. स्मृता: ॥७
पञ्चविंशतिरेवात्र साममान प्रकीर्तितम् ।
सुमन्तुर्जाजलिश्चैव श्लोकायनिरथर्वके ॥८
शौनक पिप्पलादश्च मुञ्जकेशादयोऽपरे ।
मन्त्राणामयुत षष्टिशत चोपनिषच्छतम् ॥९

इस अध्याय मे वेद शाखादि का वर्णन किया जाता है । पुष्कर ने कहा वेद के मन्त्र सब पर सभी प्रकार से कृपा करने वाले होते हैं और ये चतुर्वर्ग (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) के साधन करने वाले हैं । ऋग्वेद, अथर्ववेद, साम-वेद और यजुर्वेद की एक लक्ष संख्या है ॥१॥ इनका एक भेद तो साख्यायन होता है और दूसरा भेद आश्वलायन नाम वाला है । एक सहस्र मन्त्रो के ब्राह्मण भाग दो सहस्र हैं ॥२॥ द्वैपायन आदि के द्वारा प्रमाण से ऋग्वेद कहा गया है । यजुर्वेद के मन्त्रो की सख्या एक कम दो सहस्र है ॥३॥ एक सहस्र ब्राह्मणो की छयासी शाखाएँ हैं । काएव, माध्यन्दिनी, कठी, माध्यकठी, मैत्रायणी, तैत्तिरीय नाम वाली, वैशम्पायनिका इत्यादि समस्त शाखाएँ यजु-र्वेद मे होती है ॥४॥५॥ सामवेद की एक तो कौथुम सज्ञा वाली शाखा है और दूसरी अथर्वणायनी होती है । इसके गान भी चार प्रकार के होते हैं—वेद, आरण्यक, उक्थ और चतुर्थ ऊह है । इसमे नौ हजार मन्त्र है । वह चारसौ ब्रह्म सघटक नाम से कहे गये है ॥६॥७॥ सामवेद का मान पच्चीस ही कहा गया है । अथर्ववेद मे सुमन्तु, जाजलि, श्लोकायनि, शौनक, पिप्पलाद और दूसरे मुञ्जकेश आदि हैं । दस हजार साठ सौ मन्त्रो की सख्या है और सौ उप-निषद् हैं ॥८॥९॥

व्यासरूपी स भगवाञ्शाखभेदाद्यकारयत् ।
शाखाभेदादयो विष्णुरितिहास पुराणकम् ॥१०
प्राप्य व्यासात्पुराणादि सूतो वै लोमहर्षण ।
सुमतिश्चाग्निवर्चाश्च मित्रयु शिशपायन ॥११
कृतव्रतोऽथ सावर्णि षट्शिष्यास्तस्य चाभवन् ।
शाशपायनादयश्चक्रु पुराणाना तु संहिता ॥१२
ब्राह्मादीनि पुराणानि हरिर्विद्या दशाष्ट च ।
महापुराणे ह्याग्नेये विद्यारूपो हरि स्थित ॥१३
सप्रपञ्चो निष्प्रपञ्चो मूर्तामूर्तस्वरूपधृक् ।
त ज्ञात्वाऽभ्यर्च्य सस्तूय भुक्तिमुक्तिमवाप्नुयात् ॥१४
विष्णुर्जिष्णुर्भविष्णुश्च अग्निसूर्यादिरूपवान् ।
अग्निरूपेण देवादेर्मुख विष्णु परा गति ॥१५
वेदेषु च पुराणेषु यज्ञमूर्तिश्च गीयते ।
आग्नेयाख्य पुराण तु रूप विष्णोर्महत्तरम् ॥१६

भगवान् ने व्यास के रूप में अवतीर्ण होकर इसकी शाखाओं के भेद आदि किये हैं। शाखाओं के भेद आदि का विष्णु पुराण इतिहास है ॥१०॥ लोमहर्षण सूत ने व्यास से पुराण आदि को प्राप्त किया था। उसके सुमति, अग्निवर्चा, मित्रयु, शिशपायन, कृतव्रत और सावर्णि ये छः शिष्य हुए थे। शाशपायन आदि ने पुराणों की संहिताओं की रचना की थी ॥११॥१२॥ ब्राह्म आदि अठारह पुराणों को हरि जानते हैं। महापुराण आग्नेय मे विद्या रूप वाले हरि स्थित हैं ॥१३॥ वह प्रपञ्च के सहित और इस माया के प्रपञ्च रहित मूर्त तथा अमूर्त दोनों प्रकार के स्वरूपों को धारण करने वाला है। उसको भली-भाँति जानकर और उसका अर्चन करके तथा उसका स्तवन करके मानव समस्त प्रकार के सांसारिक भोगों का सुख और अन्त मे संसार मे जन्म-मरण के आवागमन के बन्धन से छुटकारा प्राप्त कर लेता है ॥१४॥ विष्णु जिष्णु और भविष्णु अग्नि और सूर्य आदि के रूप वाले हैं। अग्नि के रूप के द्वारा देवादि का मुख विष्णु परा गति है ॥१५॥ वह विष्णु वेदों मे और पुराणों मे

यज्ञ की मूर्ति वाला गान किया जाता है। यह आग्नेय नाम वाला पुराण अर्थात् अग्नि पुराण भगवान् विष्णु का महत्तर (अधिक बड़ा) स्वरूप है।।१६।

आग्नेयाख्यपुराणस्य कर्त्ता श्रोता जनार्दन ।
तस्मात्पुराणमाग्नेय सर्ववेदमय महत् ।।१७
सर्वविद्यामय पुण्य सर्वज्ञानमय वरम् ।
सर्वात्महरिरूप हि पठता शृण्वता नृणाम् ।।१८
विद्यार्थिना च विद्यादर्थिना श्रीधनप्रदम् ।
राज्यार्थिना राज्यद च धर्मद धर्मकामिनाम् ।।१९
स्वर्गार्थिना स्वर्गद च पुत्रद पुत्रकामिनाम् ।
गवादिकामिना गोद ग्रामद ग्रामकामिनाम् ।।२०
कामार्थिनां कामद च सर्वसौभाग्यसप्रदम् ।
गुणकीर्तिप्रद नृणां जयद जयकामिनाम् ।।२१
सर्वेप्सूनां सर्वद तु मुक्तिद मुक्तिकामिनाम् ।
पापघ्न पापकर्तृणामाग्नेय हि पुराणकम् ।।२२

इस आग्नेय नाम वाले पुराण की रचना करने वाला कर्त्ता और इसका श्रवण करने वाला श्रोता भगवान् जनार्दन ही है। इस कारण से यह आग्नय पुराण समस्त वेदो से परिपूर्ण स्वरूप वाला है।।१७।। समस्त प्रकार की विद्याओ से पूर्ण, पुण्य स्वरूप, सम्पूर्ण ज्ञान से भरा हुआ, श्रेष्ठ और इसके पढने तथा सुनने वाले मनुष्यो के लिये यह सर्वात्म रूप से साक्षात् हरि के ही स्वरूप वाला है।।१८।। जो विद्या के चाहने वाले हैं उनको विद्या देने वाला और जो धन की इच्छा रखते हैं उनको धन प्रदान करने वाला यह होता है। राज्य के प्राप्त करने की इच्छा वालो को राज्य देने वाला और जो धर्म पान की कामना रखते हैं उन्हे धर्म देने वाला होता है।।१९।। स्वर्ग के कामुको को स्वर्ग देने वाला है और जो पुत्र पाने की इच्छा करते हैं, उन्हे पुत्र प्रदान करता है। गौ आदि की चाह जिन्हे होती है उन्हे गौ देता है। ग्रामाधीश होने की भावना रखने वालो को ग्राम प्रदान करा देता है।।२०। काम वासना की चाह वालो को काम देता है और समस्त प्रकार के सौभाग्य का देने वाला है। गुण

और कीर्ति मानवो को देता है। जो जय की कामना रखते हैं उन्हे जय देने वाला होता है ॥२१॥ सभी तरह की इच्छाऐं जो रखते हैं उन्हे सभी प्रकार की वस्तुएँ देने वाला है। जो मुक्ति चाहते हैं उन्हे मुक्ति का प्रदान किया करता है। पापो के करने वाले मानवो के पापो का यह आग्नेय पुराण नाश कर दिया करता है ॥२२॥

१११ पुराणदानादिमाहात्म्यम्

ब्रह्मणाऽभिहितं पूर्वं यावन्मात्रं मरीचये।
लक्षार्धार्धं तु तद्ब्राह्मं लिखित्वा सम्प्रदापयेत् ॥१
वैशाख्यां पौर्णमास्यां च स्वर्गार्थी जलधेनुमत्।
पाद्मं द्वादशसाहस्रं ज्येष्ठे दद्याच्च धेनुमत् ॥२
वाराहकल्पवृत्तान्तमधिकृत्य पराशरः।
त्रयोविंशतिसाहस्रं वैष्णवं प्राह चार्पयेत् ॥३
जलधेनुमदाषाढ्यां विष्णोः पदमवाप्नुयात्।
चतुर्दश सहस्राणि वायवीयं हरिप्रियम् ॥४
श्वेतकल्पप्रसङ्गेन धर्मान्वायुरिहाब्रवीत्।
दद्याल्लिखित्वा तद्विप्रे श्रावण्यां गुडधेनुमत् ॥५
यत्राधिकृत्य गायत्रीं कीर्त्यते धर्मविस्तरः।
वृत्रासुरवधोपेतं तद्भागवतमुच्यते ॥६
सारस्वतस्य कल्पस्य प्रौष्ठपद्यां तु तद्देत्।
अष्टादश सहस्राणि हेमसिंहसमन्वितम् ॥७
यत्राऽऽह नारदो धर्मान्बृहत्कल्पाश्रितानिह।
पञ्चविंशसहस्राणि नारदीयं तदुच्यते ॥८
सधेनु चाऽऽश्विने दद्यात्सिद्धिमात्यन्तिकीं लभेत्।
यत्राधिकृत्य शकुनीं धर्माधर्मविचारणा ॥९
कार्तिक्यां नवसाहस्रं मार्कण्डेयमथार्पयेत्।
अग्निना यद्वसिष्ठाय प्रोक्तं चाऽऽग्नेयमेव तत् ॥१०

इस अध्याय में पुराणों के दान आदि का माहात्म्य वर्णित किया जाता है। पुष्कर ने कहा—पहिले ब्रह्माजी ने मरीचि के लिये जितना कहा था वह एक लक्ष के अर्ध भाग का भी अर्ध भाग अर्थात् पच्चीस हजार ब्राह्म पुराण है (यहाँ अनुष्टुप् छन्दों के द्वारा संख्या निश्चित की जाया करती है) उसको लिखकर दान कराना चाहिए ॥१॥ इसका दान वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि में जल धेनुवत् स्वर्ग की इच्छा रखने वाला करे। पाद्म पुराण बारह सहस्र है उसे धेनु के साथ ज्येष्ठ मास मे दान करना चाहिए ॥२॥ बारह कल्प के वृत्तान्त को लेकर पराशर मुनि ने तेईस हजार वैष्णव को कहा था, आषाढी पूर्णिमा में इसका दान करने से विष्णु के स्थान की प्राप्ति होती है। चौदह सहस्र हरि का प्रिय वायवीय पुराण है जो कि श्वेत कल्प के प्रसङ्ग से वायु ने इसमे धर्मों को बतलाया है। इसे गुडधेनुमत् श्रावणी पूर्णिमा मे ब्राह्मण को लिखकर दान देवे ॥३॥४॥५॥ यात्रा का अधिकार करके धर्म का पूर्ण विस्तार गायत्री का जिसमे कीर्त्तन किया जाता है। वृत्रासुर के वध मे युक्त जो है वह भागवत पुराण कहा जाता है ॥६॥ यह सारस्वत कल्प का पुराण है। इसे प्रौष्ठपदी मे अर्थात् भाद्रपद की पूर्णिमा मे हेम के सिंह से समन्वित करके दान देवे। यह अठारह सहस्र अनुष्टुप् छन्दो वाला पुराण है ॥७॥ जिसमे नारद ऋषि ने वृहत्कल्प के आश्रित धर्मों को कहा है वह पच्चीस हजार संख्या वाला नारदीय पुराण कहा जाता है। इसे धेनु के सहित आश्विन मास की पूर्णिमा मे दान देवे तो आत्यन्तिकी सिद्धि की प्राप्ति होती है। जिसमे अधिकार करके शकुनों के धर्म और अधर्म की विचारणा है। यह नौ सहस्र की संख्या वाला मार्कण्डेय पुराण होता है। इसका कार्त्तिक मास की पूर्णिमा मे दान करना चाहिए। अग्निदेव के द्वारा जो वसिष्ठ मुनि से कहा गया है वह आग्नेय पुराण के नाम से प्रसिद्ध है ॥८॥९॥१०॥

> लिखित्वा पुस्तकं दद्यान्मार्गशीर्ष्यां स सर्वदः ।
> द्वादशैव सहस्राणि सर्वविद्यावबोधनम् ॥११
> चतुर्दश सहस्राणि भविष्यं सूर्यसंभवम् ।
> भवस्तु मनवे प्राह दद्यात्पौष्यां गुडादिमत् ॥१२

सावर्णिना नारदाय ब्रह्मवैवर्तमीरितम् ।
रथतरस्य वृत्तान्तमष्टादशसहस्रकम् ॥१३
माघ्यां दद्याद्वराहस्य चरितं ब्रह्मलोकभाक् ।
यत्राग्निलिङ्गमध्यस्थो धर्मान्प्राह महेश्वरः ॥१४
आग्नेयकल्पे तल्लिङ्गमेकादशसहस्रकम् ।
तद्दत्वा शिवमाप्नोति फाल्गुन्यां तिलधेनुमत् ॥१५
चतुर्विशसहस्राणि वाराहं विष्णुनेरितम् ।
भूम्यै वराहचरितं मानवस्य प्रवृत्तितः ॥१६

इस अग्नि पुराण को जो कि समस्त विद्याओं का ज्ञान कराने वाला है और बारह सहस्र संख्या वाला है । इसे लिखकर सब कुछ देने वाला पुरुष मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा मे दान देवे ॥११॥ चौदह सहस्र सूर्य से उत्पत्ति वाला भविष्य पुराण है । भव (शिव) ने इसे मनु से कहा था, गुड आदि से युक्त इसे पौषी पूर्णिमा मे देना चाहिए ॥१२॥ सावर्णि ने नारद देवर्षि के लिये ब्रह्म वैवर्त पुराण को कहा था । यह रथन्तर का वृत्तान्त है और इसकी संख्या अठारह सहस्र है ॥१३॥ वराह के चरित का माघी पूर्णिमा मे दान करना चाहिए । इससे ब्रह्मलोक मे जाने वाला हो जाता है । जिसमे अग्निलिङ्ग के मध्य मे स्थित भगवान् महेश्वर ने धर्मों को बतलाया है ॥१४॥ आग्नेय कल्प मे वह लिङ्ग एकादश सहस्र की संख्या वाला है । तिल और धेनु से युक्त उस लिङ्ग पुराण को फाल्गुनी पूर्णिमा मे दान करके भगवान् शिव की प्राप्ति करता है ॥१५॥ भगवान् विष्णु ने वाराह पुराण चौबीस हजार संख्या से युक्त कहा है । यह वाराह पुराण मानव की प्रवृत्ति से भूमि के लिये कहा गया है ॥१६॥

सहेम गारुडं चैत्र्यां पदमाप्नोति वैष्णवम् ।
चतुरशीतिसाहस्रं स्कान्दं स्कन्देरितं महत् ॥१७
अधिकृत्य सधर्माश्च कल्पे तत्पुरुषेऽर्पयेत् ।
वामनं दशसाहस्रं धौमकल्पे हरेः कथाम् ॥१८
दद्याच्छरदि विषुवे धर्मार्थादिनिबोधनम् ।
कूर्मं चाष्टसहस्रं च पूर्वोक्तं च रसातले ॥१९

इन्द्रद्युम्नप्रसङ्गेन दद्यात्तद्धेमकूर्मवत् ।
त्रयोदश सहस्राणि मात्स्य कल्पादितोऽब्रवीत् ॥२०
मत्स्यो हि मनवे दद्याद्विषुवे हेममत्स्यवत् ।
गारुड चाष्टसाहस्रं विष्णूक्तं तार्क्ष्यकल्पके ॥२१
विश्वाण्डाद्गरुडोत्पत्ति तद्दद्याद्धेमहंसवत् ।
ब्रह्मा ब्रह्माण्डमाहात्म्यमधिकृत्याब्रवीत्तु यत् ॥२२
तच्च द्वादशसाहस्रं ब्रह्माण्ड तद्द्विजेऽर्पयेत् ।
भारते पर्वसमाप्तौ वस्त्रगन्धस्रगादिभि. ॥२३
वाचक पूजयेदादौ भोजयेत्पायसैर्द्विजान् ।
गोभूग्रामसुवर्णादि दद्यात्पर्वणि पर्वणि ॥२४

सुवर्ण के सहित गारुड पुराण को चैत्री पूर्णिमा में दान करने से वैष्णव पद की प्राप्ति होती है । स्कन्द के द्वारा कहा हुआ स्कन्द पुराण बहुत बड़ा है और इसकी सख्या चौरासी सहस्र है ॥१७॥ सधर्मो का अधिकार करके तत्पुरुष कल्प मे इसका दान करना चाहिए । वामन पुराण की सख्या दश हजार है । यह धौम कल्प मे भगवान् हरि की कथा है । इसको जो कि धर्मार्थ आदि का ज्ञान कराने वाला है, शरत्काल मे विषुव मे देना चाहिए अर्थात् इसको लिखकर दान करे । कूर्म पुराण की सख्या आठ सहस्र ही है और इसको रसातल मे कूर्म भगवान् ने कहा है ॥१८॥१९॥ इन्द्रद्युम्न के प्रसङ्ग से इसे कहा गया है ॥ हेम के कूर्म से युक्त इसका दान करना चाहिए । मत्स्य पुराण कल्पादि से तेरह सहस्र की सख्या वाला कहा है ॥२०॥ इसे मत्स्य भगवान् ने मनु के लिये कहा है । हेम के मत्स्य के साथ विषुव मे इसका दान करना चाहिए । तार्क्ष कल्प मे भगवान् विष्णु ने गारुड पुराण कहा है । इसकी सख्या आठ सहस्र होती है ॥२१॥ विश्वाण्ड से गरुड की उत्पत्ति है । इसे हेम के निर्मित हस के सहित दान मे देना चाहिये । ब्रह्माजी ने ब्रह्माण्ड के माहात्म्य का अधिकार करके इसे बोला था ॥२२॥ यह ब्रह्माण्ड पुराण बारह सहस्र की सख्या वाला है । इस ब्रह्माण्ड को ब्राह्मण को दान मे देना चाहिए । भारत में पर्व की समाप्ति पर वस्त्र गन्ध आदि से आदि मे बाँचने वाले का पूजन करे

और पायस (खीर) से ब्राह्मणों को भोजन करावे। पर्व-पर्व पर उनके समाप्ति होने पर गौ, भूमि और सुवर्ण आदि का दान देना चाहिए ॥२३।२४॥

समाप्ते भारते विप्र संहितापुस्तकं यजेत्।
शुभे देशे निवेश्याथ क्षौमवस्त्रादिनाऽऽवृतम् ॥२५
नरनारायणौ पूज्यौ पुस्तकं कुसुमादिभिः।
गोन्नभूहेम दत्वाऽथ भोजयित्वा क्षमापयेत् ॥२६
महादानानि देयानि रत्नानि विविधानि च।
मासकौ द्वौ त्रयश्चैव मासे मासे प्रदापयेत् ॥२७
अयनादौ श्रावकस्य दानमादौ विधीयते।
श्रातृभिः सकलैः कार्यं श्रावके पूजनं द्विज ॥२८
इतिहासपुराणानां पुस्तकानि प्रयच्छति।
पूजयित्वाऽऽयुरारोग्य स्वर्गमोक्षमवाप्नुयात् ॥२९

जब सम्पूर्ण महाभारत की कथा समाप्त हो जावे तो उस भारत के वाचक ब्राह्मण का और संहिता पुस्तक की पूजा सविधि करे। किसी परम शुभ स्थान पर निवसित करके रेशमी वस्त्र आदि से उस आवृत करे अर्थात् ढक देवे। पुष्प आदि से पुस्तक और नर-नारायण का पूजन करे। गौ, भूमि, अन्न और सुवर्ण आदि देकर भोजन करावे तथा क्षमा की याचना करे ॥२५॥ ॥२६॥ इस समय महादान देने चाहिए जैसे कामनी अनेक प्रकार के रत्नादि का दवे। दो और तीन मास तक प्रत्येक मास में दान देना चाहिए ॥२७॥ जो श्रावक है उसका अयन के आदि में पहिले दान देने का विधान करे। हे द्विज! समस्त श्रोताओं को आदि में श्रावक (सुनाने वाले) का पूजन करना चाहिए ॥२८॥ जो इतिहास पुराणों की पुस्तकों का दान करता है और पूजा करता है वह आयु आरोग्य, स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त करता है ॥२९॥

११७—सूर्यवंशकीर्तनम्

सूर्यवंशं सोमवंशं राज्ञां वंशं वदामि ते।
हरेर्ब्रह्मा पद्मगोऽभून्मरीचिर्ब्रह्मणः सुतः ॥१

मरीचेः कश्यपस्तस्माद्विवस्वांस्तस्य पत्न्यः।
संज्ञा राज्ञी प्रभा तिस्रो राज्ञी रैवतपुत्रिका।
रैवत सुषुवे पुत्रं प्रभातं च प्रभा रवेः।
त्वाष्ट्री संज्ञा मनुं पुत्रं यमलौ यमुना यमौ।
छाया संज्ञा च सावर्णि मनुं वैवस्वतं सुतम्।
शनिं च तपतीं विष्टिं संज्ञाया चाश्विनौ पुनः ॥४
मनोर्वैवस्वतस्याऽऽसन्पुत्रा वै न च तत्समाः।
इक्ष्वाकुश्चैव नाभागो धृष्टः शर्यातिरेव च ॥५
नरिष्यन्तस्तथा प्रांशुर्नाभागादिष्ट सत्तमाः।
करूषश्च पृषध्रश्च अयोध्यायां महाबलाः ॥६
कन्येला च मनोरासीद्बुधात्तस्याः पुरूरवाः।
पुरूरवसमुत्पाद्य सेला सुद्युम्नतां गता ॥७
सुद्युम्नादुत्कलगयौ विनताश्वस्त्रयो नृपाः।
उत्कलस्योत्कलं राष्ट्रं विनताश्वस्य पश्चिमा ॥८

इस अध्याय में सूर्य वंश का वर्णन किया जाता है। श्री अग्नि देव ने कहा—अब मैं राजाओं के सूर्य वंश और सोम वंश को क्रम से बतलाता हूँ। ब्रह्मा हरि के नाभिगत कमल से उत्पन्न हुए थे। फिर उन ब्रह्माजी के पुत्र मरीचि हुए ॥ १ ॥ मरीचि के पुत्र कश्यप उत्पन्न हुए। कश्यप के पुत्र विवस्वान् (सूर्य) हुए। उनकी पत्नी तीन थीं जिनके नाम संज्ञा, राज्ञी और प्रभा ये थे ॥ २ ॥ राज्ञी का रैवत पुत्र था, प्रभा का पुत्र प्रभात था और त्वाष्ट्री संज्ञा के मनु पुत्र तथा यमुना और यम ये दोनों यमल (जोड़ला) हुए थे। ॥ ३ ॥ छाया और संज्ञा ने सावर्णि वैवस्वत मनु पुत्र को और शनि को उत्पन्न किया था। संज्ञा में तपती विष्टि और अश्विनी कुमारों की उत्पत्ति हुई थी। ॥ ४ ॥ वैवस्वत मनु के पुत्र तो हुए किन्तु उसके समान नहीं हुए थे। इक्ष्वाकु, नाभाग, धृष्ट, शर्याति, नरिष्यन्त, प्रांशु इस प्रकार से नाभागादिष्ट श्रेष्ठ हुए थे। करूष और पृषध्र महाबल वाले अयोध्या में हुए थे ॥ ५ ॥ ६ ॥ मनु की कन्या इला नाम वाली हुई थी। उस इला में बुध से पुरूरवा हुए। पुरूरवा को

भौर पायस । उत्पन्न करके फिर वह सुद्युम्न के पास चली गई थी । सुद्युम्न से समाधिन होम्य और विनताश्व ये तीन राजा हुए थे । उत्कल का उत्कल (उडीसा) ही राष्ट्र था और विनताश्व का पश्चिम राष्ट्र हुआ था ॥ ७ ॥ ८ ॥

दिक्पूर्वा राजधर्मस्य गयस्य च गया पुरी ।
वसि (सि) ष्ठवाक्यात्सुद्युम्न प्रतिष्ठानमवाप ह ॥९
तत्पुरूरवसे प्रादात्सुद्युम्नो राज्यमाप तु ।
नरिष्यत शका पुत्रा नाभागस्य च वैष्णव ॥१०
अम्बरोष प्रजापालो धार्ष्टक धृष्टत, कुलम् ।
सुकन्यानतो शर्यातिर्वे रोह्यानततो नृप ॥११
आनर्तविषयश्चाऽऽसीत्पुरी चाऽऽसीत्कुशस्थली ।
रेवस्य रैवत पुत्र ककुद्मी नाम धार्मिक ॥१२
ज्येष्ठ पुत्रशतस्याऽऽसीद्राज्य प्राप्य कुशस्थलीम् ।
स कन्यासहित श्रुत्वा गान्धर्व ब्रह्मणोऽन्तिके ॥१३
मुहूर्तभूत देवस्य मर्त्ये बहुयुग गतम् ।
आजगाम जवेनाथ स्वा पुरी यादवैर्वृताम् ॥१४
कृता द्वारवती नाम बहुद्वारा मनोरमाम् ।
भोजवृष्ण्यन्धकैर्गुप्ता वासुदेवपुरोगमै ॥१५
रेवती बलदेवाय ददौ ज्ञात्वा ह्यनित्यताम् ।
तप सुमेरुशिखरे तप्त्वा विष्णवालय गत ॥१६

राजधर्म म श्रेष्ठ गय की राजधानी पूर्व दिशा में गया थी । वसिष्ठ के वाक्य से सुद्युम्न ने प्रतिष्ठान को प्राप्त किया था ॥ ९ ॥ उस राज्य को सुद्युम्न ने प्राप्त करके पुरूरवा को दे दिया था । नरिष्यत के शक पुत्र हुए और नाभाग के वैष्णव हुए ॥ १० ॥ प्रजा के पालन करने वाला अम्बरीष राजा हुआ । धृष्ट से धार्ष्टक कुल हुआ था । शर्याति के सुकन्यानर्त्त हुए । आनर्त्त से रैव राजा हुआ । आनर्त्त ही विषय (देश) था और कुशस्थली इसकी पुरी थी । रेवका रैवत पुत्र ककुद्मी नाम वाला परम धार्मिक था ॥ ११ ॥ १२ ॥ सौ पुत्रों में ज्येष्ठ ने कुशस्थली के राज्य को प्राप्त कर गान्धर्व को सुनकर कन्या के

सहित वह ब्रह्मा के समीप मे गया था । वहाँ देवताओ के एक मुहूर्त के समय मे मनुष्यो के बहुत से युग व्यतीत हो गये थे । इसके अनन्तर वह बडी तेजी से अपनी पुरी मे आया था जो कि उस समय यादवो के द्वारा घिरी हुई थी । ।। १३ ।। १४ ।। वह पुरी बहुत से द्वारो वाली तथा अत्यन्त सुन्दर थी इस लिये उसका नाम उस समय द्वारवती (द्वारका) हो गया था । उस समय यह पुरी वासुदेव प्रधान जिनमें थे ऐसे भोज वृष्णि और अधक नामधारी यादवो के द्वारा रक्षित हो रही थी । उसने फिर अपनी पुरी का लम्बे समय मे रूपान्तर देखकर अनित्यता का ज्ञान प्राप्त किया और रेवती को बलदेव जी को देकर स्वय सुमेरु पर्वत पर तप करने चला गया तथा अन्त मे विष्णु लोक मे प्राप्त हो गया था ।। १५ ।। १६ ।।

नाभागस्य च पुत्रौ द्वौ वैश्यौ ब्राह्मणता गतौ ।
करूपस्य तु कारूपा क्षत्रिया युद्धदुर्मदा ।।१७
शूद्रत्व च पृषध्रोऽगाद्धिसयित्वा गुरोश्च गाम् ।
मनुपुत्रादिक्ष्वाकोर्विकुक्षिर्देवराड्भूत् ।।१८
विकुक्षेस्तु ककुत्स्थोऽभूत्तस्य पुत्र सुयोधन ।
तस्य पुत्र पृथुर्नाम विश्वगाश्च पृथो सुत ।।१९
आयुस्तस्य च पुत्रोऽभूद् वनाश्वस्तथा सुत ।
युवनाश्वाच्च श्रावन्त पूर्वे श्रावन्तिका पुरी ।।२०
श्रावन्ताद्बृहदश्वोऽभूत्कुवलाश्वस्ततो नृप ।
धुन्धुमारत्वमगम दुन्धोर्नाम्ना च वै पुरा ।।२१
धुन्धुमारात्त्रयो भूपा दृढाश्वो दण्ड एव च ।
कपिलोऽथ दृढाश्वात्तु हर्यश्वश्च प्रमोदक ।।२२
हर्यश्वाच्च निकुम्भोऽभूत्सहताश्वो निकुम्भत ।
अकृशाश्वो रणाश्वश्च सहताश्वसुतावुभौ ।।२३
युवनाश्वो रणाश्वस्य माधाता युवनाश्वतः ।
माधातु पुरुकुत्सोऽभू मुचकुन्दो द्वितीयक ।।२४

नाभाग के दो पुत्र थे जो वैश्य जाति से ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए थे। करूष से कारूष हुए जो ऐसे क्षत्रिय थे कि युद्ध में दुर्मद रहते थे ॥ १७ ॥ पृषध्र ने अपने गुरु की गाय का हनन किया था और शूद्रत्व को प्राप्त हो गया था। मनु पुत्र से इक्ष्वाकु और उससे देवराट् विकुक्षि हुआ था ॥ १८ ॥ विकुक्षि से ककुत्स्थ हुआ और उसका पुत्र सुयोधन नाम धारी हुआ था। सुयोधन का पुत्र पृथु और उसका विश्वगाश्व पुत्र हुआ ॥ १९ ॥ उसका पुत्र आयु और आयु का पुत्र युवनाश्व हुआ। युवनाश्व का पुत्र श्रावन्त नाम वाला हुआ जिसकी पूर्व में श्रावन्तिका पुरी थी ॥ २० ॥ श्रावन्त से बृहदश्व हुआ और उससे फिर कुवलाश्व नामधारी राजा हुआ था। धुन्धु के नाम से पहिले धुन्धुमारत्व को प्राप्त हो गया था ॥ २१ ॥ धुन्धुमार से दृढाश्व, दण्ड और कपिल ये तीन नृप हुए थे। दृढाश्व से हर्यश्व और प्रमोदक हुए ॥ २२ ॥ हर्यश्व से निकुम्भ हुआ और निकुम्भ से संहताश्व हुआ। संहताश्व के अकृशाश्व और रणाश्व दो पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥ २३ ॥ रणाश्व के युवनाश्व पुत्र हुआ और युवनाश्व के मान्धाता उत्पन्न हुआ। मान्धाता के पुरुकुत्सु हुआ जो द्वितीयक मुचकुन्द था ॥ २४ ॥

पुरुकुत्सात्त्रसद्दस्यु सम्भूता नर्मदाभव ।
सम्भूतस्य सुधन्वाऽभूत्त्रिधन्वाऽथ सुधन्वत ॥२५
त्रिधन्वनस्तु तरुणस्तस्य सत्यव्रत सुत ।
सत्यव्रतात्सत्यरथो हरिश्चन्द्रश्च तत्सुत ॥२६
हरिश्चन्द्राद्रोहिताश्वो रोहिताश्वाद्वृकोऽभवत् ।
वृकाद्बाहुश्च बाहोश्च सगरस्तस्य च प्रिया ॥२७
प्रभा षष्टिसहस्राणां सुताना जननी ह्यभूत् ।
तुष्टादौर्वा नृपादेव भानुमत्यसमञ्जसम् ॥२८
सतत पृथिवी दग्धा कपिलेनाथ सागरा ।
असमञ्जसोऽशुमाश्च दिलीपोऽशुमतोऽभवत् ॥२९
भगीरथो दिलीपात्तु येन गङ्गाऽवतारिता ।
भगीरथात्तु नाभागो नाभागादम्बरीषक ॥३०

सिन्धुद्वीपोऽम्बरीषात्तु श्रुतायुस्तत्सुतः स्मृतः ।
श्रुतायोर्ऋतुपर्णोऽभूत्तस्य कल्माषपादकः ॥३१
कल्माषाङ्घ्रेः सर्वकर्मा ह्यनरण्यस्ततोऽभवत् ।
अनरण्यात्तु निघ्नोऽस्य दिलीपस्तत्सुतोऽभवत् ॥३२

पुरुकुत्स से नर्मदा से उत्पन्न होने वाला त्रसदस्यु सम्भूत हुआ। सम्भूत के सुधन्वा हुआ और सुधन्वा के त्रिधन्वा उत्पन्न हुआ था ॥ २५ ॥ त्रिधन्वा के तरुण पुत्र हुआ और उसके सत्यव्रत सुत हुआ था। सत्यव्रत का पुत्र सत्यरथ हुआ और उसका पुत्र हरिश्चन्द्र नृप हुआ था। राजा हरिश्चन्द्र का पुत्र रोहिताश्व हुआ और रोहिताश्व से वृक नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई थी। वृक से बाहु और बाहु से सगर नामधारी राजा की उत्पत्ति हुई थी। सगर की प्रिया प्रभा नाम वाली साठ हजार पुत्रों को प्रसव करने वाली माता थी। तुष्टादौर्व नृप से भानुमती ने एक ही असमञ्जस नामक पुत्र उत्पन्न किया था। ॥ १५ ॥ से ॥ २८ ॥ तक पृथिवी को खोदते हुए सगर के साठ हजार पुत्रों को कपिल ऋषि ने शाप देकर दग्ध कर दिया था। असमञ्जस का पुत्र अंशुमान् उत्पन्न हुआ और अंशुमान् का पुत्र दिलीप हुआ था ॥ २९ ॥ दिलीप से भगीरथ की उत्पत्ति हुई जिसने स्वर्ग से गङ्गा का अवतरण कराया था। भागीरथ से नाभाग हुआ और नाभाग का पुत्र अम्बरीष हुआ था ॥ ३० ॥ अम्बरीष से सिंधु द्वीप हुआ और उसका पुत्र श्रुतायु नाम वाला पैदा हुआ था। श्रुतायु का पुत्र ऋतुपर्ण हुआ और उसका पुत्र कल्माषपादक नाम वाला हुआ था ॥ ३१ ॥ कल्माष पाद का पुत्र सर्वकर्मा हुआ और उसका पुत्र अनरण्य नाम वाला उत्पन्न हुआ था। अनरण्य से निघ्न हुआ और उसका दिलीप हुआ था ॥ ३२ ॥

तस्य राज्ञो रघुर्जज्ञे तत्सुतोऽपि ह्यजोऽभवत् ।
तस्माद्दशरथो जातस्तस्य पुत्रचतुष्टयम् ॥३३
नारायणात्मकाः सर्वे रामस्तस्याग्रजोऽभवत् ।
रावणान्तकरो राजा ह्ययोध्याया रघूत्तमः ॥३४

वाल्मीकिर्यस्य चरितं चक्रे तन्नारदश्रवात् ।
रामपुत्रौ कुशलवौ सीताया कुलवर्धनौ ॥३५
अतिथिश्च कुशाज्जज्ञे निषधस्तस्य चाऽऽत्मज ।
निषधात्तु नलो जज्ञे नभोऽजायत वै नलात् ॥३६
नभस पुण्डरीकोऽभूत्सुधन्वा च ततोऽभवत् ।
सुधन्वनो देवानीको ह्यहीनाश्वश्च तत्सुत ॥३७
अहीनाश्वात्सहस्राश्वश्चन्द्रालोकस्ततोऽभवत् ।
चन्द्रावलोकतस्तारापीडोऽस्माच्चन्द्रपर्वत ॥३८
चन्द्रगिरेर्भानुरथ श्रुतायुस्तस्य चाऽऽत्मज ।
इक्ष्वाकुवंशप्रभवा सूर्यवंशधरा स्मृता ॥३९

उस दिलीप राजा का पुत्र रघु नाम राजा उत्पन्न हुआ और उस रघु नामक राजा का पुत्र अज हुआ । उस अज का पुत्र दशरथ हुआ तथा दशरथ के चार पुत्र हुए थे ॥ ३३ ॥ ये चारों ही पुत्र नारायण के ही स्वरूप वाले थे । इन चारों में सबसे बड़े श्रीराम हुए थे । यह भी राम ही रावण के हनन करने वाले थे और रघु के वंश में अयोध्या के सर्वश्रेष्ठ राजा थे ॥ ३४ ॥ वाल्मीकि मुनि ने नारद से श्रवण करके उनके चरित्र को लिखा था । श्रीराम के दो पुत्र कुश और लव हुए थे । ये दोनों पुत्र सीता से उत्पन्न हुए थे जो कि कुल के बढ़ाने वाले हुए थे ॥ ३५ ॥ कुश से अतिथि की उत्पत्ति हुई और उसका पुत्र निषध नाम वाला हुआ था । निषध से नल उत्पन्न हुआ और नल से नभ नामक राजा की उत्पत्ति हुई थी ॥ ३६ ॥ राजा नभ का पुत्र पुण्डरीक हुआ और पुण्डरीक से सुधन्वा नाम वाले पुत्र की उत्पत्ति हुई थी । सुधन्वा से देवानीक हुआ और उसका पुत्र अहीनाश्व हुआ था ॥ ३७ ॥ अहीनाश्व का पुत्र सहस्राश्व हुआ और उसका पुत्र चन्द्रालोक हुआ था । चन्द्रालोक का पुत्र तारापीड हुआ और तारापीड का पुत्र चन्द्रपर्वत हुआ था ॥ ३८ ॥ चन्द्रपर्वत का पुत्र भानुरथ हुआ उसका पुत्र श्रुतायु नामधारी हुआ था । ये सभी राजा इक्ष्वाकु राजा के वंश में उत्पन्न होने वाले सूर्यवंश धारी कहे गये हैं ।
॥ ३९ ॥

११३—सोमवंशवर्णनम्

सोमवंशं प्रवक्ष्यामि पठितं पापनाशनम् ।
विष्णुनाभ्यब्जजो ब्रह्मा ब्रह्मपुत्रोऽत्रिरत्रितः ॥१
सोमश्चक्रे राजसूयं त्रैलोक्यं दक्षिणां ददौ ।
समाप्तेऽवभृथे सोमं तद्रूपालोकनेच्छवः ॥२
कामबाणाभितप्ताङ्ग्यो नव देव्यः सिषेविरे ।
लक्ष्मीर्नारायणं त्यक्त्वा सिनीवाली च कर्दमम् ॥३
द्युतिर्विभावसुं त्यक्त्वा पुष्टिर्धातारमव्ययम् ।
प्रभा प्रभाकरं त्यक्त्वा हविष्मन्तं कुहूः स्वयम् ॥४
कीर्तिर्जयन्तं भर्तारं वसुर्मारीचकश्यपम् ।
धृतिस्त्यक्त्वा पतिं नन्दीं सोममेवाभजत्तदा ॥५
स्वकीया इव सोमोऽपि कामयामास तास्तदा ।
एवं कृतापचारस्य तासां भर्तृगणस्तदा ॥६
न शशाकापचाराय शापैः शस्त्रादिभिः पुनः ।
सप्तलोकैकनाथत्वमवाप्तस्तपसा ह्युत ॥७
विबभ्राम मतिस्तस्य विनयादनयाहृता ।
बृहस्पतेः स वै भार्यां तारां नाम यशस्विनीम् ॥८
जहार तरसा सोमो ह्यवमन्याङ्गिरःसुतम् ।
ततस्तद्युद्धमभवत्प्रख्यातं तारकामयम् ॥९
देवानां दानवानां च लोकक्षयकरं महत् ।
ब्रह्मा निवार्योशनसं तारामाङ्गिरसे ददौ ॥१०

श्री अग्निदेव ने कहा—अब मैं सोमवंश का वर्णन करता हूँ जिसके पढ़ने से समस्त पापों का नाश हो जाता है। भगवान् विष्णु की नाभि में उत्पन्न होने वाले कमल से ब्रह्माजी उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा का पुत्र अत्रि हुआ और अत्रि से सोम उत्पन्न हुए। उस सोम ने राजसूय नामक यज्ञ किया था जिसमें तीनों लोकों को दक्षिणा में दे दिया था। इस अवभृथ (यज्ञ) के

समाप्त हो जाने पर सोम के रूप को देखने की इच्छा वाली और काम के बाणों से अभि तप्त अङ्गों वाली नौ देवियों ने सोम की सेवा की थी। लक्ष्मी ने नारायण का त्याग कर दिया और सिनीवाली ने कर्दम को त्याग दिया था ॥ १ ॥ ॥ २ ॥ ३ ॥ द्युति ने विभावसु को छोड दिया और पुष्टि ने अव्यय धाता का त्याग कर दिया था। प्रभा ने प्रभाकर को त्याग दिया तथा कुहू ने हविष्मान् को छोड दिया था ॥ ४ ॥ कीर्ति ने जयन्त का त्याग कर दिया तथा मरीचि के पुत्र भर्त्ता कश्यप का वसु ने छोड दिया था। धृति ने पति का त्याग कर दिया जो कि नन्दी उसका स्वामी था। उस समय इन सबने अपने स्वामियों का त्याग करके एक ही सोम का सेवन करना प्रारम्भ कर दिया था ॥ ५ ॥ सोम ने भी उन देवियों का स्वकीया पत्नी की भाँति उपभोग किया था। इस प्रकार से अपचार करने वाले को उन देवियों के भर्तृगण न उस समय शशाङ्क (चन्द्र) के अपचार के लिये शाप और शस्त्रादि का उपयोग नहीं किया क्योंकि इसने सात लोकों का एक स्वामी होना तप के द्वारा ही प्राप्त किया था। ॥ ७ ॥ विनय से उसकी बुद्धि को नयहीन करके भ्रान्त कर दिया था। उसने सुरगुरु बृहस्पति की यशस्विनी भार्या तारा का वेगपूर्वक हरण किया था और अङ्गिरा के पुत्र बृहस्पति का अपमान किया। इसके पश्चात् तारकामय प्रख्यात युद्ध हुआ जो कि देव और दानवों का महान् लोक के क्षय करने वाला था। ब्रह्मा ने उशना को निवारण करके तारा को अङ्गिरस को दे दिया था ॥ ८ ॥ ॥ ९ ॥ १० ॥

सामन्त प्रसवां दृष्ट्वा गर्भं त्यजाब्रवीद्गुरुः ।
गर्भस्त्यक्तः प्रदीप्तोऽथ प्राहाहं सोमसम्भवः ॥११
एवं सोमाद्बुधः पुत्रः पुत्रस्तस्य पुरूरवाः ।
स्वर्गं त्यक्त्वोर्वशी सा तं वरयामास चाप्सराः ॥१२
तया सहावसद्राजा दश वर्षाणि पञ्च च ।
पञ्च षट्सप्त चाष्टौ च दश चाष्टौ महामुने ॥१३
एकोऽग्निरभवत्पूर्वं तेन त्रेता प्रवर्तिता ।
पुरूरवा योगशीलो गान्धर्वलोकमीयिवान् ॥१४

आयुर्दृढायुरश्वायुर्धनायुर्धृतिमान्वसु ।
दिविजातः शतायुश्च सुषुवे चोर्वशी नृपात् ॥१५
आयुषो नहुषः पुत्रो वृद्धशर्मा रजिस्तथा ।
दम्भो विपाप्मा पञ्चाद्यं रजेः पुत्रशतं ह्यभूत् ॥१६

उस तारा को गर्भवती देखकर बृहस्पति ने उससे कहा कि इस गर्भ का त्याग करदे । जब गर्भ का त्याग किया तो यह प्रदीप्त होता हुआ बोला मैं सोम से उत्पन्न होने वाला हूँ ॥ ११ ॥ इस तरह से सोम का पुत्र बुध हुआ था । उसका पुत्र फिर पुरूरवा हुआ । उर्वशी अप्सरा ने स्वर्ग का त्याग करके यहाँ आकर उसका वरण कर लिया था । उस उर्वशी अप्सरा के साथ उस राजा ने दश और पाँच वर्ष तक तथा पाँच वर्ष और आठ वर्ष तक उसका हे महामुने ! उपभोग किया था ॥ १२ ॥ १३ ॥ पहिले एक अग्नि हुआ था उसने त्रेता को प्रवर्तित किया था । योग के शील वाले पुरूरवा गन्धर्व लोक में प्राप्त हुआ था ॥१४॥ उर्वशी ने राजा पुरूरवा से आयु, दृढायु, अश्वायु, धनायु, धृतिमान्, वसु, दिविजात और शतायु को प्रसूत किया था ॥१५॥ आयु का पुत्र राजा नहुष हुआ और वृद्धशर्मा, रजि दम्भ, विपाप्मा इस तरह पाँच पुत्र हुए थे । रजि के सौ पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥१६॥

राजेया इति विख्याता विष्णुदत्तवरो रजिः ।
देवासुरे रणे दैत्यानवधीत्सुरयाचितः ॥१७
शतक्रतुरिन्द्राय पुत्रत्वं दत्वा राज्यं दिवं गतः ।
रजेः पुत्रैर्हृतं राज्यं शक्रस्याथ सुदुर्मनाः ॥१८
ग्रहशान्त्यादिविधिना गुरुरिन्द्राय तद्ददौ ।
मोहयित्वा रजिसुतानासंस्ते निजधर्मतः ॥१९
नहुषस्य सुता सप्त यतिर्ययातिरुत्तमः ।
उद्भवः पञ्चकश्चैव शर्यातिमेघपालकौ ॥२०
यतिः कुमारभावेऽपि विष्णुं ध्यात्वा हरिं गतः ।
देवयानी शुक्रकन्या ययातेः पत्न्यभूत्तदा ॥२१

वृषपर्वजा शर्मिष्ठा ययातेः पञ्च तत्सुताः ।
यदुं च तुर्वसुं चैव देवयानी व्यजायत ॥२२
द्रुह्यं चानुं च पुरुं च शर्मिष्ठा वार्षपर्वणी ।
यदुः पुरुश्चाभवतां तेषां वंशविवर्धनौ ॥२३

ये सब पुत्र राजेय, इस नाम से प्रख्यात हुए थे । रजि ने भगवान् विष्णु से वरदान प्राप्त किया था । जब देवासुर संग्राम हुआ था उसमें समस्त देवों ने इनसे प्रार्थना की थी और इनने रण में दैत्यों का वध किया था ॥१७॥ शतभ्र को इन्द्र के लिये पुत्र के रूप में देकर और राज्य देकर वह दिवङ्गत हो गया था । रजि के पुत्रों के द्वारा इन्द्र के राज्य का हरण कर लिया गया था। इसके अनन्तर सुदुमना गुरु ने ग्रहशान्ति आदि की विधि से उसे इन्द्र के लिये दे दिया था । और निज धर्म से रजि के पुत्रों को मोहित कर दिया था ॥१८॥ ॥१९॥ राजा नहुष के सात पुत्र थे उनके नाम यति, ययाति, उत्तम, पञ्चक, शर्याति और मेघ पालक ये थे । यति कुमारावस्था में ही भगवान् विष्णु के ध्यान में रत होकर हरि की सन्निधि में चला गया था । शुक्राचार्य दैत्यगुरु की कन्या जो देवयानी थी वह राजा ययाति की पत्नी हुई थी ॥२०॥२१॥ वृषपर्वा और शर्मिष्ठा थी । उनके ययाति से पाँच पुत्र हुए थे । देवयानी ने यदु और तुर्वसु का जन्म दिया था । द्रुह्य, अनु और पुरु को शर्मिष्ठा वार्षपर्वणी ने उत्पन्न किया था । उनमें से यदु और पुरु ये दोनों वंशों के वर्धन करने वाले हुए थे ॥२२॥२३॥

११४—यदुवंशवर्णनम्

यदोरासन्पञ्च पुत्रा ज्येष्ठस्तेषु सहस्रजित् ।
नीलाञ्जिको रघुः क्रोष्टुः शतजिच्च सहस्रजित् ॥१
शतजिद्धैहयो रेणुहयो हय इति त्रयः ।
धर्मनेत्रो हैहयस्य धर्मनेत्रस्य संहतः ॥२
महिमा संहतस्यासीन्महिम्नो भद्रसेनकः ।
भद्रसेनाद्दुर्गमोऽभूद्दुर्गमात्कनकोऽभवत् ॥३

कनकात्कृतवीर्यस्तु कृताग्निः करवीरकः ।
कृतौजाश्च चतुर्थोऽभूत्कृतवीर्यात्तु सोऽर्जुनः ॥४
दत्तोऽर्जुनाय तपते सप्तद्वीपमहीशताम् ।
ददौ बाहुसहस्रं च ह्यजेयत्व रणे तथा ॥५
अधर्मे वर्तमानस्य विष्णुहस्तान्मृतिध्रुवा ।
दश यज्ञसहस्राणि सोऽर्जुनः कृतवान्नृपः ॥६
अनन्तद्रव्यता राष्ट्रे तस्य सस्मरणादभूत् ।
न नूनं कार्तवीर्यस्य गतिं यास्यन्ति वै नृपाः ॥७

इस अध्याय मे यदु के वंश का वर्णन किया जाता है । श्री अग्निदेव ने कहा—यदु के पाँच पुत्र हुए थे । उनमे जो सबसे बडा था उसका नाम सहस्रजित् था । अन्य चारो के नाम नीलाञ्जिक, रघु, क्रोष्टु और शतजित् ये थे ॥१॥ शतजित् के हैहय, रेणुहय और हय ये तीन पुत्र हुए थे । हैहय का पुत्र धर्मनेत्र उत्पन्न हुआ और धर्मनेत्र का पुत्र सहत नामधारी उत्पन्न हुआ था। ॥२॥ सहत का पुत्र महिमा और महिमा का पुत्र भद्रसेनक हुआ था । भद्रसेनक से दुर्गम नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई और दुर्गम का पुत्र कनक हुआ था ॥३॥ कनक से कृतवीर्य, कृताग्नि, करवीरक और चतुर्थ कृतौजा ये चार पुत्र उत्पन्न हुए थे । कृतवीर्य से वह अर्जुन उत्पन्न हुआ जिस अर्जुन को तप करते हुए सातो द्वीपो का स्वामी बना दिया गया था । एक सहस्र बाहु उसे दी और युद्ध मे अजेय होने का भी वरदान उसे दिया था ॥४।५॥ अधर्म मे वर्तमान होने वाले की मृत्यु विष्णु के हाथ से ही निश्चित है—यह भी कहा गया था । उस सहस्रार्जुन राजा ने दश सहस्र यज्ञ किये थे । ६॥ उस कार्तवीर्य राजा के राष्ट्र मे द्रव्य कभी नष्ट नही होता और उसके नाम के स्मरण करने से यह प्रभाव होता था । अन्य कोई भी राजा कार्तवीर्य राजा की गति को नही प्राप्त होगे ॥७॥

यज्ञैर्दानैस्तपोभिश्च विक्रमेण श्रुतेन च ।
कार्तवीर्यस्य च शतं पुत्राणां पञ्च वै परम् ॥८
शूरसेनश्च शूरश्च धृष्टोक्तः कृष्ण एव च ।

जयध्वजश्च नामाऽऽसीदावन्त्यो नृपतिर्महान् ॥९
जयध्वजात्तालजङ्घस्तालजङ्घात्तत सुता ।
हैहयानां कुला पञ्च भोजाश्चाऽऽवन्तयस्तथा ॥१०
वीतिहोत्रा स्वयं जाता शौण्डिकेयास्तथैव च ।
वीतिहोत्रादनन्तोऽभूदनन्ताद्दुर्जयो नृप ॥११
क्रोष्टोर्वंश प्रवक्ष्यामि यत्र जातो हरि स्वयम् ।
क्रोष्टास्तु वृजिनीवाश्च स्वाहाऽभूद्वृजिनीवत. ॥१२
स्वाहापुत्रो रुषद्गुश्च तस्य चित्ररथः सुत ।
शशबिन्दुश्चित्ररथाच्चक्रवर्ती हरौ रत ॥१३

यज्ञों के द्वारा तपों के द्वारा, विक्रम से और श्रुत से कार्तवीर्य के सौ पुत्र हुए थे, उनमें पाँच प्रधान थे। उन पाँचों के नाम शूरसेन, शूर, धृष्टोक्त, कृष्ण और जयध्वज ये थे। आवन्त्य एक महान् नृपति हुआ था ॥८॥९॥ जयध्वज से तालजङ्घ हुआ और तालजङ्घ के पुत्र हुए थे। उन हैहयों के पाँच कुल हुए थे जिनके नाम भोज, आवन्तय वीतिहोत्र, स्वयजात और शौण्डिकेय ये हैं। वीतिहोत्र से अनन्त हुआ और अनन्त से दुर्जय नृप उत्पन्न हुआ था॥ ॥१०॥११॥ अब क्रोष्टु के वंश का वर्णन किया जाता है जिसमें हरि स्वयं उत्पन्न हुए थे। क्रोष्टु का पुत्र वृजिनीवान् हुआ और वृजिनीवान् का पुत्र स्वाहा हुआ था। स्वाहा का पुत्र रुषद्गु हुआ और उसका पुत्र चित्ररथ नामधारी उत्पन्न हुआ था। चित्ररथ का पुत्र शशबिन्दु हुआ जो चक्रवर्ती राजा था और हरि में रति रखने वाला था ॥१२॥१३॥

शशबिन्दोश्च पुत्राणां शतानामभवच्छतम् ।
धीमतां चारुरूपाणां भूरिद्रविणतेजसाम् ॥१४
पृथुश्रवाः प्रधानोऽभूत्तस्य पुत्र सुयज्ञक ।
सुयज्ञस्याशना पुत्रस्तितिक्षुस्तस्य सुत ॥१५
तितिक्षोस्तु मरुत्तोऽभूत्तस्मात्कं बलबर्हिष ।
तस्मान्नद्रुक्मकवचाद्रुक्मेषु पृथुरुक्मक ॥१६
हविज्यामघ पापघ्ना ज्यामघ श्रीजितोऽभवत् ।

शैब्याया ज्यामघादासीद्विदर्भस्तस्य कौशिक ॥१७
लोमपादः क्रथः श्रेष्ठात्कृतिः स्याल्लोमपादतः ।
कौशिकस्य चिदिः पुत्रस्तस्माच्चैद्या नृपा, स्मृता. ॥१८
क्रथाद्विदर्भपुत्राश्च कुन्ति कुन्तेस्तु धृष्टक ।
धृष्टकस्य धृतिस्तस्य उदर्काख्यो विदूरथ. ॥१६
दशार्हपुत्रो व्योमस्तु व्योमाज्जीमूत उच्यते ।
जीमूतपुत्रो विकलस्तस्य भीमरथ सुत ॥२०

शशविन्दु के सुन्दर स्वरूप वाले, बुद्धिमान् और अधिक धन और तेज वाले सौ पुत्रों के सौ ही पुत्र हुए थे उन सौ मे पृथुश्रवा प्रधान पुत्र था। उस पृथुश्रवा का पुत्र सुयज्ञक नाम वाला हुआ। सुयज्ञ का पुत्र उशमा और उसका पुत्र तितिक्षु नामधारी हुआ था। १४॥१५॥ तितिक्षु का सुत मरुत और उसका पुत्र कम्बल वर्हिष हुआ। पञ्च शद्‌कवच से रुक्मेषु, पृथुरुक्मक, हवि, ज्यामघ और पापघ्न हुए। ज्यामघ औजित् हुआ था। शैब्या मे ज्यामघ से विदर्भ हुआ था और उसका कौशिक हुआ ॥१६॥१७॥ श्रेष्ठ से लोमपाद और क्रथ हुए। लोमपाद से कृति उत्पन्न हुआ। कौशिक पुत्र चिदि हुआ था। उस चिदि से चैद्य नृप कहे गये हैं ॥१८॥ क्रथ से विदर्भ पुत्र और कुन्ति हुए। कुन्ति का धृष्टक पुत्र हुआ। धृष्टक का धृति और उसका पुत्र उदर्क नाम वाला हुआ और विदूरथ हुआ था ॥१६॥ व्याम दशार्ह का पुत्र हुआ था तथा व्योम से जीमूत नामक पुत्र की उत्पत्ति हुई। जीमूत का पुत्र विकल हुआ और विकल का पुत्र भीमरथ हुआ था ॥२०॥

भीमरथान्नवरथस्तस्मो दृढरथोऽभवत् ।
शकुन्तिश्च दृढरथाच्छकुन्तेश्च करम्भक ॥२१
करम्भाद्देवरातोऽभूद्देवक्षेत्रश्च तत्सुत ।
देवक्षेत्रान्मधुर्नाम मधोर्द्रवरमोऽभवत् ॥२२
द्रवरसात्पुरुहूतोऽभूज्जन्तुरासीत्तु तत्सुत. ।
गुणी तु यादवो राजा जन्तुपुत्रस्तु सात्वत' ॥२३
सात्वताद्भजमानस्तु वृष्णिरन्धक एव च ।

देवावृधश्च चत्वारस्तेषां वंशास्तु विश्रुता ॥२४
भजमानस्य बाह्योऽभूद्वृष्टिः कृमिर्निमिस्तथा ।
देवावृधाद्बभ्रुरासीत्तस्य श्लोकोऽत्र गीयते ॥२५
यथैव शृणमो दूराद्गुणास्तद्वत्समन्तिकात् ।
बभ्रुः श्रेष्ठो मनुष्याणां देवैर्देवावृधः समः ॥२६
चत्वारश्च सुता बभ्रोर्वासुदेवपरा नृपाः ।
कुकुरो भजमानस्तु शिनिः कम्बलबर्हिषः ॥२७
कुकुरस्य सुतो धृष्णुर्धृष्णोस्तु तनयो धृतिः ।
धृतेः कपोतरोमाऽभूत्तस्य पुत्रस्तु तित्तिरिः ॥२८
तित्तिरेस्तु नरः पुत्रस्तस्य चाऽऽनकदुन्दुभिः ।
पुनर्वसुस्तस्य पुत्र आहुकश्चाऽऽहुकीसुतः ॥२९
आहुकाद्देवको जज्ञे उग्रसेनस्ततोऽभवत् ।
देववानुपदेवश्च देवकस्य सुता स्मृता ॥३०

भीमरथ से नवरथ और उसका सुत दृढरथ उत्पन्न हुआ था। दृढरथ से शकुन्ति और इसका आत्मज करम्भक हुआ था ॥२१॥ करम्भक से देवरात पैदा हुआ और देवरात का सुत देवक्षेत्र नाम वाला हुआ। देवक्षेत्र से मधु नाम वाला पुत्र उत्पन्न हुआ और मधु का द्रवरस पुत्र हुआ था ॥२२॥ द्रवरस का पुरुहूत हुआ और उसका पुत्र जन्तु हुआ था। यह गुणी यादव राजा था। जन्तु का पुत्र सत्त्वत हुआ ॥२३॥ सत्त्वत से भजमान, वृष्णि, अन्धक और देववृध ये चार उनके परम प्रसिद्ध वंश हुए थे ॥२४॥ भजमान का बाह्य, वृष्टि और कृमि तथा निमि हुए। देवावृध से बभ्रु हुआ जिसके यश का गान किया जाता है ॥२५॥ उसके गुणों को दूर से ही सुनते हैं। उसके पुत्र को समीप से देखते हैं कि देवावृध देवों के समान था और बभ्रु मनुष्यों में परम श्रेष्ठ था ॥२६॥ बभ्रु के चार पुत्र हुए थे जो वासुदेव परायण राजा थे। जिनके नाम कुकुर भजमान शिनि और कम्बल बर्हिष थे ॥२७॥ कुकुर का पुत्र धृष्णु था और उसका सुत धृति हुआ। धृति का कपोतरोमा हुआ और कपोतरोमा का पुत्र तित्तिरि हुआ था ॥२८॥ तित्तिरि का आत्मज नर और नर का पुत्र

आनकदुन्दुभि हुआ था। उसका पुत्र पुनर्वसु उत्पन्न हुआ था और आहुक, आहुकी का पुत्र हुआ था ॥२९॥ आहुक से देवक ने जन्म ग्रहण किया था और देवक का पुत्र उग्रसेन हुआ था। उग्रसेन के अतिरिक्त देववान् और उपदेव भी उस देवक के पुत्र कहे गये है ॥३०॥

तेपा स्वसारः सप्ताऽऽसन्वसुदेवाय ता ददौ।
देवकी श्रुतदेवी च मित्रदेवी यशोधरा ॥३१
श्रीदेवी सत्यदेवी च सरापी चेति सप्तमी।
नवोग्रसेनस्य सुता. कसस्तासा च पूर्वज. ॥३२
न्यग्रोधश्च सुनामा च कङ्कः शङ्कुश्च भूमिप.।
सुतनू राष्ट्रपालश्च युद्धमुष्टि सुमुष्टिक. ॥३३
भजमानस्य पुत्रोऽथ रथमुख्यो विदूरथ।
राजाधिदेव शूरश्च विदूरथसुतोऽभवत् ॥३४
राजाधिदेवपुत्रौ द्वौ शोणाश्व श्वेतवाहनः।
शोणाश्वस्य सुता पञ्च शमीशत्रुजिदादयः ॥३५
शमीपुत्रः प्रतिक्षेत्र प्रतिक्षेत्रस्य भोजक।
भोजस्य हृदिक पुत्रो हृदिकस्य दशाऽऽत्मजा ॥३६
कृतवर्मा शतधन्वा देवार्हो भीपणादय.।
देवार्हात्कम्बलबर्हिरसमौजास्ततोऽभवत् ॥३७
सुदंष्ट्रश्च सुवासश्च धृष्टोऽभदसमौजस.।
गान्धारी चैव माद्री च धृष्टभार्ये बभूवतु ॥३८
सुमित्रोऽभूच्च गान्धार्या माद्री जज्ञे युधाजितम्।
अनमित्र शिनिर्धृष्टात्ततो वै देवमीढुप ॥३९
अनमित्रसुतो निघ्नो निघ्नस्यापि प्रसेनक।
सत्राजित. प्रसेनोऽथ मणि सूर्यात्स्यमन्तकम् ॥४०
प्राधारण्ये चरन्त तु सिंहो हत्वाऽग्रहीन्मणिम्।
हतो जाम्बवता सिंहो जाम्बवान्हरिणाजितः ॥४१
तस्मान्मणि जाम्बवती प्राप्यागाद्द्वारका पुरीम्।

सत्राजिताय प्रददौ शतधन्वा जघान तम् ।।४२
हत्वा शतधनु कृष्णो मणिमादाय कीर्तिभाक् ।
बलयादवमुख्यानां क्रूराय मणिमार्पयत् ।।४३

उनकी सात भगिनी थी जो कि वसुदेव को दी गई थी । उन सातों बहिनो के नाम देवकी, श्रुतिदेवी, मित्रदेवी, यशोधरा, श्रीदेवी, सत्यदेवी और सातवी सुरापी थी । उग्रसेन के पुत्र नौ हुए थे किन्तु उन सबसे बड़ा कंस नाम वाला था । ३१।।३२।। न्यग्रोध सुनामा, कङ्क, शकु, भूमिप, सुतनु राष्ट्रपाल, युद्धमुष्टि और सुमुष्टिक ये उनके नाम है ।।३३।। भजमान का पुत्र रथमुख्य विदूरथ था । राजाधिदेव और शूर विदूरथ के पुत्र हुए ।।३४।। राजाधिदेव के शोणाश्व और श्वेतवाहन नाम वाले दो पुत्र हुए थे । शोणाश्व के शमी शत्रुजित् आदि पाँच धात्मज उत्पन्न हुए थे ।।३५।। शमी का पुत्र प्रतिक्षेत्र और प्रतिक्षेत्र का सुत भोजक तथा भोजक का पुत्र हृदिक और हृदिक से पुत्र दश हुए थे । ।।३६।। जिनके नाम कृतवर्मा, शतधन्वा, देवार्ह और भीषण आदि थे । देवार्ह से कम्बलबर्हि हुआ और उसका पुत्र असमौजा हुआ था । असमौजा के सुदष्ट्र, सुवास और धृष्ट पुत्र हुए थे । धृष्ट की गान्धारी और माद्री दो भार्या हुई थी ।। ।।३७।३८।। गान्धारी का पुत्र सुमित्र और माद्री के युधाजित उत्पन्न हुआ था । धृष्ट से अनमित्र शिनि हुए और फिर उनसे दक्षी पुत्र हुआ था ।।३९।। अनमित्र का पुत्र निघ्न उत्पन्न हुआ तथा निघ्न का पुत्र प्रसतक हुआ था । सत्राजित् से प्रसन ने सूर्य से स्यमन्तक मणि को प्राप्त किया था । और जङ्गल में भ्रमण करने वाले उसको सिंह ने मारकर उस मणि को ग्रहण कर लिया था । जाम्बवान् के द्वारा उस सिंह का वध कर दिया गया और हरि के द्वारा जाम्बवान् को युद्ध में जीत लिया गया था ।।४०।४१।। उस जाम्बवान् से वह स्यमन्तक मणि और उसकी कन्या जाम्बवती को प्राप्त कर हरि द्वारकापुरी को चले गये थे । तब उसे सत्राजित् को दे दिया था । शतधन्वा ने उसको मार दिया था । शतधनु का वध करके श्रीकृष्ण ने मणि को प्राप्त किया और परम कीर्ति के पात्र हो गये थे । बलयादवों में मुख्यों के सामने वह स्यमन्तक मणि अक्रूर को दे दी गई थी ।४२।४३।।

मिथ्याभिशस्ति कृष्णस्य त्यक्त्वा स्वर्गी च सपठन् ।
सत्राजितो भङ्गकार सत्यभामा हरे प्रिया ॥४४
अनमित्राच्छिनिर्जज्ञे सत्यकस्तु शिने सुत ।
सत्यकात्सात्यकिर्जज्ञे युयुधानाद्धुनिर्ह्यभूत् ॥४५
धुनेर्युगधर पुत्र स्वाह्योऽभूत्स युधाजित ।
ऋषभक्षेमकौ तस्य ह्युषभाच्च स्वफल्कक ॥४६
स्वफल्कपुत्र ह्यक्रूरा ह्यक्रूराच्च सुधन्वक ।
शूरात्तु वसुदेवाद्या पृथा पाण्डा प्रियाऽभवत् ॥४७
धर्माद्युधिष्ठिर पाण्डार्वायो कुन्त्या वृकोदर ।
इन्द्राद्धनजयो माद्र्या नकुल सहदेवक ॥४८
वसुदेवाच्च रोहिण्या राम सारणदुर्गमौ ।
वसुदेवाच्च देवक्यामादौ जात सुषेणक ॥४९
कीर्तिमान्भद्रसेनश्च जारुख्यो विष्णुदासक ।
भद्रदेह कस एतान्षड्गर्भान्निजधान ह ॥५०
तता बलस्तत कृष्ण सुभद्रा भद्रभाषिणी ।
चारुदेष्णश्च शाम्बाद्या कृष्णाज्जाम्बवतीसुता ॥५१

श्रीकृष्ण का जो मिथ्या अपयश हुआ था उसका त्याग कर स्वर्गी सपठन करता हुआ सत्राजित भङ्गाकार ने सत्यभामा को हरि की प्रिया बना दी थी ॥४४॥ अनमित्र से शिनि उत्पन्न हुआ और शिनि का पुत्र सत्यक हुआ था। सत्यक से सात्यकि पैदा हुआ तथा युयुधान से धुनि की उत्पत्ति हुई थी ॥४५॥ धुनि का पुत्र युगधर हुआ और स्वाहा का पुत्र युधाजित हुआ था। युधाजित के ऋषभ और क्षेमक हुए और ऋषभ से श्वफल्क की उत्पत्ति हुई थी ॥४६॥ श्वफल्क का पुत्र अक्रूर हुआ तथा अक्रूर से सुधन्वक पैदा हुआ था। शूर से वसुदेव आदि उत्पन्न हुए थे और पाण्डु की पत्नी पृथा हुई थी ॥४७॥ पाण्डु का पुत्र धर्म से युधिष्ठिर उत्पन्न हुआ—वायुदेव से कुन्ती में वृकोदर (भीम) उत्पन्न हुआ था। इन्द्रदेव से धनञ्जय (अर्जुन) उत्पन्न हुआ और माद्री नाम वाली भार्या में नकुल और सहदेव की उत्पत्ति हुई थी ॥४८॥ वसुदेव से

रोहिणी मे सारण दुर्गम राम अर्थात् बलराम उत्पन्न हुए। वसुदेव से देवकी मे आदि मे सुषेणक की उत्पत्ति हुई थी। कीर्तिमान्, भद्रसेन, अरुदय, विष्णुदासक —भद्रदेह य छ गर्भ हुए थे जिनको कि कंस ने उत्पन्न होते ही मार दिया था। ॥४९।५०॥ इनके बाद बलराम और इसके पश्चात् कृष्ण का अवतरण हुआ था। सुभद्रा भद्रभाषिणी बहिन उत्पन्न हुई थी। चारुदेष्ण और साम्बादि कृष्ण से जाम्बवती मे पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥५१॥

११५ द्वादश सङ्ग्रामाः

कश्यपो वसुदेवोऽभूद्देवकी चादितिर्वरा ।
देवक्या वसुदेवात्तु कृष्णोऽभूत्तपसाऽन्वित ॥१
धर्मरक्षणार्थाय ह्यधर्महरणाय च ।
सुरादे पालनार्थ च दैत्यादेर्मथनाय च ॥२
रुक्मिणी सत्यभामा च सत्या नाग्नजिती प्रिया ।
सत्यभामा हरे. सेव्या गान्धारी लक्ष्मणा तथा ॥३
मित्रविन्दा च कालिन्दी देवी जाम्बवती तथा ।
सुशीला च तथा माद्री कौसल्या विजया जया ॥४
एवमादीनि देवीना सहस्राणि तु षोडश ।
प्रद्युम्नाद्याश्च रुक्मिण्या भीमाद्या सत्यभामया ॥५
जाम्बवत्या च साम्बाद्या कृष्णस्याऽसस्तथा परे ।
शत शतसहस्राणा पुत्राणा तस्य धीमत ॥६
अशीतिश्च सहस्राणि यादवा कृष्णरक्षिता ।
प्रद्युम्नस्य तु वैदर्भ्यामनिरुद्धो रणप्रिय ॥७
अनिरुद्धस्य वज्राद्या यादवा सुमहाबला ।
तिस्र कोट्यो यादवाना षष्टिर्लक्षाणि दानवा ॥८

इस अध्याय मे बारह सग्रामों का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—कश्यप ऋषि तो वसुदेव हुए और श्रेष्ठ अदिति देवकी के रूप मे उत्पन्न

हुई थी। वसुदेव से देवकी में तप से युक्त श्रीकृष्ण हुए ॥१॥ धर्म के संरक्षण करने के लिए और अधर्म के नाश करने के वास्ते तथा सुरों के पालनार्थ एवं दुष्ट दैत्यों का मथन करने के लिये ही श्रीकृष्ण का अवतार हुआ था ॥२॥ रुक्मिणी, सत्यभामा, सत्या, नाग्नजिती ये सब श्रीकृष्ण की प्रिया थी। सत्यभामा हरि की सेवन के योग्य प्रिया थी तथा गान्धारी, लक्ष्मणा, मित्रविन्दा, कालिन्दीदेवी, जाम्बवती, सुशीला, माद्री, कौशल्या, विजया, जया इस प्रकार से सोलह सहस्र देवियाँ थी जो कि श्रीकृष्ण की पत्नियाँ हुई थी। रुक्मिणी में प्रद्युम्न आदि और सत्यभामा के द्वारा भीम आदि तथा जाम्बवती में साम्ब आदि भगवान् धीमान् उन श्रीकृष्ण के शत सहस्र पुत्र हुए थे ॥३।४।५।६॥ अस्सी हजार यादव थे जो कि श्रीकृष्ण के द्वारा रक्षित रहते थे। प्रद्युम्न का पुत्र वैदर्भी में रण में प्यार करने वाला अनिरुद्ध उत्पन्न हुआ था ॥७॥ अनिरुद्ध के वज्रनाभ आदि सुमहान् बल पौरुष वाले यादव उत्पन्न हुए थे। इस प्रकार से तीन करोड़ यादवों की संख्या थी और साठ लाख दानव हुए थे ॥८॥

मनुष्ये बाधका ये तु तन्नाशाय बभूव स ।
कर्तुं धर्मव्यवस्थानं मनुष्यो जायते हरिः ॥९
देवासुराणां सङ्ग्रामा दायार्थं द्वादशाभवन् ।
प्रथमो नारसिंहस्तु द्वितीयो वामनो रणः ॥१०
सङ्ग्रामस्त्वथ वाराहश्चतुर्थोऽमृतमन्थनः ।
तारकामयसङ्ग्रामः षष्ठो ह्याजीवको रणः ॥११
त्रैपुरश्चान्धकवधो नवमो वृत्रघातकः ।
जितो हालाहलश्चाथ घोरः कोलाहलो रणः ॥१२
हिरण्यकशिपोश्चोरो विदार्य च नखैः पुरा ।
नारसिंहो देवपालः प्रह्लादं कुलवान्नृपम् ॥१३
देवासुरे वामनश्च च्छलित्वा बलमूर्जितम् ।
महेन्द्राय ददौ राज्यं काश्यपोऽदितिसम्भवः ॥१४
वराहस्तु हिरण्याक्षं हत्वा देवानपालयत् ।
उज्जहार भुवं मग्नां देवदेवैरभिष्टुतः ॥१५

मन्थानं मन्दरं कृत्वा नेत्रं कृत्वा तु वासुकिम् ।
सुरासुरैश्च मथितं देवेभ्यश्चामृतं ददौ ॥१६

जो मानवों को बाधा पहुँचाने वाले थे उनके समूल नाश करने के लिये ही श्रीकृष्ण अवतीर्ण हुए थे । धर्म की बिगड़ी हुई दशा को सुधार कर उसका व्यवस्थित स्वरूप देने के लिये ही भगवान् हरि मनुष्य के रूप में यहाँ संसार में आये थे ॥६॥ देवों और असुरों के दाय के लिये बारह महान् संग्राम हुए थे । उन बारह संग्रामों में सबसे प्रथम संग्राम नारसिंह था । दूसरा संग्राम वामन नाम वाला हुआ था ॥१०॥ इसके अनन्तर वाराह नामक संग्राम हुआ था । चौथा संग्राम समुद्र से अमृत के मन्थन का हुआ था । छटा संग्राम तारकामय हुआ था । आजीवक संग्राम त्रैपुर (त्रिपुरासुर वध वाला) अन्धक वध वाला संग्राम और नवम वृत्रघातक संग्राम हुआ था । हालाहल जीता गया और अति घोर कोलाहल वाला रण हुआ था ॥११।१२॥ हिरण्यकशिपु के वक्ष स्थल का नखों से विदारण कर पहिले नारसिंह स्वरूपी देवों के पालक ने उसके पुत्र प्रहलाद को राजा बनाया था ॥१३॥ देवासुर में वामन ने परम अजित (बली) बलि राजा को छलकर समस्त राज्य महेन्द्र को दे दिया था । काश्यप स्वरूप अदिति से उत्पन्न हुआ था ॥१४॥ वराह स्वरूप धारण करके हिरण्याक्ष का वध किया था और देवों का पालन किया था । समस्त देवदेवों के द्वारा जब स्तवन करके प्रार्थना की थी तो इस मग्न हुई भूमि का वराह रूप से उद्धार किया था ॥१५॥ मन्दर गिरि को मन्थान बनाकर और वासुकि नामक सर्प की नेती (मथन करने की डोरी) बना करके सुर और असुर दोनों के द्वारा मन्थन कराया गया था और जब समुद्र मन्थन करने पर उससे अमृत निकला तो उसे केवल देवों को ही पिला दिया था ॥१६॥

तारकामयसंग्रामे तदा दत्तान् पालिता ।
निवार्य द्र गुरुन्दवान्दानवान्सोमवंशजान् ॥१७
विश्वामित्रवशिष्ठात्रिरक्षयस्य रणे सुरान् ।
अपालयस्त निवार्य रागद्व षादिदानवान् ॥१८
पृथ्वीस्थे ब्रह्मयज्ञेतुरीशस्य शरणो हरि ।

ददाह त्रिपुरं देवपालको दैत्यमर्दनः ॥१६
गौरीं जिहीर्षु णा रुद्रमन्धकेनार्दितं हरिः ।
अनुरक्तश्च रेवत्यां चक्रे ह्यान्धासुरार्दनम् ॥२०
अपां फेनमयो भूत्वा देवासुररणे हरन् :
वृत्रं देववरं विष्णुर्देवधर्मानपालयत् ॥२१
शाल्वादीन्दानवाञ्जित्वा हरिः परशुरामकः ।
अपालयत्सुरादींश्च दुष्टक्षत्रं निहत्य च ॥२२
हालाहलं विषं दैत्यं निराकृत्य महेश्वरात् ।
भयं निर्णाशयामास देवानां मधुसूदनः ॥२३
देवासुरे रणे यश्च दैत्यः कोलाहलो जितः ।
पालिताश्च सुराः सर्वे विष्णुना धर्मपालनात् ॥२४
राजानो राजपुत्राश्च मुनयो देवता हरिः ।
यदुक्तं यच्च नैवोक्तमवतारा हरेरिमे ॥२५

तारकामय सग्राम मे उस समय देवो की रक्षा की गई थी। सोम वंश के करने वाले ने इन्द्र का निवारण करके गुरुओ, देवो और दानवो का युद्ध कराया था ॥१७॥ विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और कवि (शुक्र) ने रण मे राग-द्वेषादि दानवो को छोडकर सुरो का पालन किया था ॥१८॥ पृथ्वीरथ मे ब्रह्म-यन्ता ईश का रक्षक हरि थे। देवताओ के पालन करने वाले और दैत्यो का मर्दन करने वाले ने त्रिपुर का दाह किया था ॥१६॥ गौरी के हरण करने की इच्छा वाले अन्धक ने रुद्र को अर्दित (पीडित) किया था। तब रेवती मे अनुरक्त हरि ने अन्धकासुर का मर्दन किया था ॥२०॥ देवासुर युद्ध मे जलो का फेनमय होकर विष्णु ने देववर वृत्र का हरण करते हुए देव धर्मों का पालन किया था ॥२१॥ परशुराम के स्वरूप वाले हरि ने शाल्वादि दानवो को जीतकर और दुष्ट प्रकृति वाले क्षत्रियो का निहनन करके सुर आदि का पालन किया था ॥२२॥ मधुसूदन भगवान् ने हालाहल विष का जो कि समुद्र के मन्थन करने मे समुद्र से निकला था महेश्वर महादेव के द्वारा निराकरण करके अर्थात् महादेव के कण्ठ मे उसे धारण कराकर देवताओ के भय का

विनाश किया था ।।२३।। देवासुर रण में जो कोलाहल दैत्य था उसको जीत लिया था और विष्णु ने धर्म के पालन से समस्त सुरों की रक्षा की थी ।।२४।। राजा लोग, राजपुत्र, मुनिगण और देवता हरि हैं। जो कुछ कह दिया गया है और जो नहीं भी कहा गया है ये सब हरि के ही अवतार हैं ।।२५।।

११६—सिद्धौषधानि

आयुर्वेदं प्रवक्ष्यामि सुश्रुताय यमब्रवीत् ।
देवो धन्वन्तरिः सारं मृतसंजीवनीकरम् ।।१
आयुर्वेदं मम ब्रूहि नराश्वेभरुगर्दनम् ।
सिद्धयोगान्सिद्धमन्त्रान्मृतसंजीवनीकरान् ।।२
रक्षन्बलं हि ज्वरितं लङ्घितं योजयेद् भिषक् ।
सविश्वं लाजमण्डं तु तृड्ज्वरान्तं शृतं जलम् ।।३
मुस्तपर्पटकोशीरचन्दनादीच्यनागरैः ।
षडहे च व्यतिक्रान्ते तिक्तकं पाययेद् ध्रुवम् ।।४
स्नेहयेत्पक्वदोषं तु ततस्तं च विरेचयेत् ।
जीर्णाः षष्टिकनीवाररक्तशालिप्रमोदकाः ।।५
तद्विधास्ते ज्वरहिता यवाना विकृतिस्तथा ।
मुद्गा मसूराश्चणकाः कुलत्थाश्च मकुष्टकाः ।।६
आढक्यो लावकाद्याश्च कर्कोटकपटोलकम् ।
पटोलं सफलं निम्बं पर्पटं दाडिमं ज्वरे ।।७
अधोगे वमनं शस्तमूर्ध्वगे च विरेचनम् ।
रक्तपित्ते तथा पानं षडङ्गं शुण्ठिवर्जितम् ।।८

इस अध्याय में जो सिद्ध औषध हैं उनका वर्णन है। श्री अग्नि देव ने कहा—भगवान् धन्वन्तरि ने सार स्वरूप और मृत को सजीवन करने वाला आयुर्वेद सुश्रुत के लिये जो बोला था उसका अब मैं वर्णन करता हूँ। ।। १ ।।सुश्रुत ने धन्वन्तरि से कहा था कि मुझे आयुर्वेद शास्त्र के विषय में बतलाइए जो कि मनुष्य, अश्व और हाथियों के रोग का नाश करने वाला है

इस सम्बन्ध मे जो परम सिद्ध योग है तथा सिद्ध मन्त्र हैं और मृत को भी जीवित कर देने वाले हैं उन्हे बतलाइये ॥ २ ॥ इस प्रार्थना पर भगवान् धन्वन्तरि ने कहा कि वैद्य का कर्तव्य होता है कि बल की रक्षा करते हुए जिसको ज्वर हो उसको लघन कराने की योजना करनी चाहिए । ज्वरयुक्त पुरुष को सविश्व लाजाओं का मांड (खीलों का मांड) और तृड् ज्वरान्त को शृत जल देना चाहिए ॥ ३ ॥ छैं दिन व्यतीत हो जाने पर मुस्त (मोथा) पर्पटक, उशीर (खस), चन्दन, उदीच्य और नागर इनसे तिक्त किया हुआ अर्थात् उक्त वस्तुओं का क्वाथ (काढा) विधिवत रूप से रोगी को पिलाना चाहिए ॥ ४ ॥ जब दोषों से रहित हो जावें तो उसको स्नेहन करावे और स्नेहन कराने के पश्चात् उसे विरेचन करावे अर्थात् दस्त कराने चाहिए । जीर्ण अर्थात् पुराने षष्टिक (यव आदि), नीवार, रक्त शालि और प्रमोदक इस प्रकार के धान्य ज्वरों मे इष्ट हुआ करते हैं तथा मलों की विकृति भी अभीष्ट होती है । मुद्ग (मूग), मसूर, चणक, मकुष्टक कुलत्थ, आढकी (अरहर) लावकादि, कर्कोटक, पटोलक, पटोल, सफल निम्ब, पर्पट और दाडिम (अनार) ये ज्वर मे विधि पूर्वक औचित्य का विचार कर दिये जाते हैं यदि ज्वर अधोगामी हो वमन कराना और ऊर्ध्वगामी हो तो विरेचन कराना अच्छा लाभ-प्रद होता है । रक्त पित्त मे शुण्ठि (सोठ) से रहित षडङ्ग का पान कराना चाहिए ॥ ५ ॥ ६ ॥ ७ ॥ ८ ॥

सक्तुगोधूमलाजाश्च यवशालिमसूरका ।
सकृष्टचणका मुद्गा भक्ष्या गोधूमका हिता ॥९

माक्षिता घृतदुग्धाभ्यां क्षौद्र वृपरसो मधु ।
अतीसारे पुराणानां शालीनां भक्षणं हितम् ॥१०

अनभिष्यन्दि यच्चान्न लोध्रवल्कलसयुतम् ।
शस्त वर्ज्यविदाहस्तु कार्यो गुल्मेषु सर्वदा ॥११

वाट्य क्षीरेण चाश्नीयाद्वास्तुक घृतसाधितम् ।
गोधूमशालयस्निक्ता हिता जठरिणामथ ॥१२

गोधूमशालयो मुद्गा भल्लातंखदिरोऽभया ।
पञ्चकोल जाङ्गलाश्च निम्बधान्य पटोलकाः ॥१३

मातुलुङ्गरमाजाजिशुष्कमूलकसैन्धवा ।
कुष्ठिना च तथा शस्त पानार्थे खदिरोदकम् ॥१४

मसूरमुद्गौ यूपार्थे भोज्या जीर्णाश्च शालय. ।
निम्बपर्पटकौ शाकौ जागलाना तथा रस ॥१५

विडङ्ग मरिच मुस्त कुष्ठ लोध्र सुवर्चिका ।
मन शिला वचा लेप कुष्ठहा मूत्रपेषित ॥१६

सक्तु (सतुआ), गोधूम (गेहूँ) और लाज (खील), यव (जौ) शालि, मसूर, छिलके सहित चना, मुद्ग (मूग) इनका भक्षण करना चाहिए। गोधूम लाभप्रद हैं ॥ ६ ॥ ये उपर्युक्त वस्तुऐ घृत तथा दुग्ध से साधित होनी चाहिए। क्षौद्र, वृषरस और मधु देवे। अतिसार मे (दस्त लग जाने की बीमारी मे) पुरान शालियों का खाना लाभदायक होता है ॥ १० ॥ अनभिष्यन्दि जो धान्य हो और लोध्र वल्कल से सयुत हो वह वातिक अर्थात् वायु बढाने वाला होता है उसको वर्जित रखना चाहिए। गुल्मों मे सर्वथा यत्न करना चाहिए ॥ ११ ॥ क्षीर के साथ वास्थ का अशन करना चाहिए। घृत से साधित वास्तुक (बथुआ) खावे। जो जठर के रोग वाले लोग हैं उनको तिक्त गोधूम शालि हित कर होते हैं ॥ १२ ॥ गोधूम शाली, मूंग, भल्लातं खदिर, अभया, पञ्चकोल, जाङ्गल, निम्बधान्य, पटोलक, मातुलुङ्गरस अजाजि शुष्क मूलक और सैन्धव कुष्ठियो के लिये हितकर होते हैं और इनके पान करने के लिए खदिर का जल अधिक अच्छा होता है ॥ १३ ॥ १४ ॥ दालो के लिए मसूर और मूग लेने चाहिए तथा पुराने शालि खाने के योग्य होते हैं। निम्ब और पर्पटक के शाक तथा जाङ्गलो का रस लाभदायक है ॥ १५ ॥ जो जो कुष्ठ का हनन करना चाहता है उस विडङ्ग, मिर्च (काली), मुस्त, कुष्ठ, लोध्र, सुवर्चिका, मैनसिल और वच इनको मूत्र मे पीस का लेप करना चाहिए ॥ १६ ॥

अपूपकुष्ठकुल्माषयवाद्या मेहिना हिता ।
यवान्नविकृतिर्मुद्गा कुलत्था जीर्णशालय ॥१७
तिक्तरूक्षाणि शाकानि तिक्तानि हरितानि च ।
तैलानि तिलशिग्रुकविभीतकेङ्गुदानि च ॥१८
मुद्गा सयवगोधूमा धान्यं वर्षस्थितं च यत् ।
जाङ्गलस्य रसः शस्ता भोजने राजयक्ष्मिणाम् ॥१९
कुलत्थमुद्गकोलाद्यैः शुष्कमूलकजाङ्गलैः ।
यूषैर्वा विष्किरैः सिद्धैः दधिदाडिमसाधितैः ॥२०
मातुलुङ्गरसक्षौद्रद्राक्षाव्योषादिसंस्कृतैः ।
यवगोधूमशाल्यन्नैर्भोजयेच्छ्वासकासिनम् ॥२१
दशमूलबलारास्नाकुलत्थैरुपसाधिता ।
पेया घृतरसक्वाथा श्वासहिक्कानिवारणा ॥२२
शुष्कमूलककौलत्थमूलजाङ्गलजैः रसैः ।
यवगोधूमशाल्यन्नं जीर्णं सोशीरमाचरेत् ॥२३
शोथवान्सगुडां पथ्यां खादेद्वा गुडनागरम् ।
तक्रं च चित्रकश्चाभौ ग्रहणीरोगनाशनौ ॥२४

अपूप, कुष्ठ, कुल्माष और यव आदि वस्तुएं खाने में प्रमेह के रोगियों को लाभप्रद होती हैं। यवान्न की विकृति, मूंग, कुलत्थ और जीर्ण (पुरानी) शालि तथा तिक्त और रूक्ष एवं हरे शाक और तिल, शिग्रुक, विभीतक और इङ्गुदी के तेल, मूंग और जौ के साथ गेहूं धान्य जो एक वर्ष तक रक्खे हुए हों—जांगल का रस यह राजयक्ष्मा के रोगियों के भोजन में प्रशस्त होते हैं। ॥ १७ ॥ १८ ॥ १९ ॥ जिनको श्वास और कास (खांसी) का रोग हो उन मनुष्यों को कुलत्थ, मुद्ग, कोल आदि शुष्क मूलक और जांगल तथा यूष एवं विष्किर सिद्ध करके और दही तथा अनार से साधित करके एवं मातुलुङ्ग का रस क्षौद्र, द्राक्षा और व्योष आदि से संस्कार करके यव तथा गोधूम और शालि अन्नों से भोजन कराना चाहिए ॥ २० ॥ २१ ॥ दशमूल, बला, रास्ना और कुलत्थ और साधित घृत, रस और क्वाथ श्वास तथा हिक्का (हिचकी)

के निवारण करने वाले पीने चाहिए ॥ २२ ॥ शुष्क मूलक, कौलत्थ मूल और जङ्गल रसों से जीर्ण जौ, गेहूँ और शालि धान्य को उशीर के साथ खाना चाहिए ॥ २३ ॥ जिसको शोथ (सूजन) हो और उसे गुड के साथ पथ्या अथवा गुडनागर को खाना चाहिए। तक्र (मट्ठा) और चित्रक ये दोनों ग्रहणी रोग के नाशक होते हैं ॥ २४ ॥

पुराणयवगोधूमशालयो जाङ्गलो रसः ।
मुद्गामलकखर्जूरमृद्वीका बदराणि च ॥२५
मधु सर्पिः पयस्तक्रं निम्बपर्पटको वृषम् ।
तक्रारिष्टाश्च शस्यन्ते सततं वातरोगिणाम् ॥२६
हृद्रोगिणो विरेच्यास्तु पिप्पल्यो हिक्किना हिताः ।
तुषारनालसीधूनि युक्तानि शिशिराम्भसा ॥२७
मुस्ता सौवर्चलाऽजाजी मद्यं शस्तं मदात्यये ।
सक्षौद्रपयसा लाक्षा पिबेच्च क्षतवान्नरः ॥२८
क्षये मांसरसाहारो वह्निसरक्षणाज्जयेत् ।
शालयो भोजने रक्ता नीवारकलमादयः ॥२९
यवान्नविकृतिर्मांसं शाकं सौवर्चलं शटी ।
पथ्या तथैवार्शसां यन्मण्डस्तक्रं च वारिणा ॥३०
मुस्ताभ्यासस्तथा लेपश्चित्रकेण हरिद्रया ।
यवान्नविकृतिः शालिवास्तूकं ससुवर्चलम् ॥३१
अपूपवारु गोमूत्रं क्षीरेक्षुघृतसंयुतम् ।
मूत्रकृच्छ्रे च शस्ताः स्युः पाने मण्डसुरादयः ॥३२
लाजा, सक्तुर्मधु क्षौद्रं धन्वं मासं पटोलकम् ।
वार्ताकुलावशिखिनश्चर्दिघ्ना पानकानि च ॥३३
शालयश्च तोयमायमी केवलोष्णो मृतेऽपि वा ।
तृष्णाघ्ने मुस्तगुडयोर्गुटिका वा मुखे धृता ॥३४

जो मानव वात के रोगी होवें हैं उनके लिये पुराने जौ, गेहूँ, शाली, जाङ्गल रस, मूग, आँवला, खजूर, मृद्वीका, बेर, मधु, घृत, दूध, मट्ठा, निम्ब,

पर्यंटव, वृष और तक्रारिष्ट ये सदा हितकारी होते हैं ॥ २५ ॥ २६ ॥ जो हृदय के रोगी होते हैं उन्हें विरेचन देना चाहिए। जो हिक्का (हिचकी) के रोग वाले है उनको पीपल हितप्रद होती हैं। जिन्हें मदात्यय का रोग हो उनके लिये तक्रार नाल सीधु जो कि ठडे पानी से युक्त हो तथा मुस्ता, सौवर्चला, अजाजी और मद्य प्रशस्त होते है अर्थात् लाभप्रद कहे गये हैं। जो क्षतो वाला मानव हो उसे क्षौद्र के सहित पय से लाक्षा का पान करना चाहिए ॥ २७ ॥ २८ ॥ मासरस का आहार करने वाला वह्नि के सरक्षरण से क्षय रोग पर जय प्राप्त किया करना है। भोजन मे रक्त शाली, नीवार कलम आदि, यवान्न की विकृति, माष, शाक, सौवर्चल, शटी, जल के सहित तक्र और मरण्ड ये वस्तुऐ अर्श (बवासीर) के रोगियो को पथ्य होती हैं ॥२९॥३०॥ मूत्र कृच्छ्र क रोग मे मुस्तान्यास और चित्रक का हल्दी के साथ लेप, यवान्न विकृतशालो, वास्तूक (बथुग्रा) सुवचल के साथ, नपुष्टकार और गेहूँ जो क्षीर, ईख और घृत से सयुत ये खाने मे लाभप्रद होते है तथा पान मे मांड और सुरा आदि प्रशस्त कहे गये हैं। ३१ ॥ ३२ ॥ जिसको छर्दि का रोग हो उसके इसके नष्ट करने के लिये लाजा (खील) तथा सक्तु (सतुआ) क्षौद्र, धूम्य माम, पट्पक, वार्ता कुलावशिखी और पानक लाभप्रद होते हैं। ।३३। तृष्णा का रोग हो तो शाली अन्न और केवल उष्ण पानी और पय अथवा घृत हो उसमे देना चाहिए इससे सतृष्णा के रोग का नाश होता है। अथवा मुस्त और गुड की गुटिका बना कर उसे मुख मे रखे और चूमता रहे तो भी तृष्णा की शान्ति हो जाती है ॥ ३४ ॥

यवान्नविकृति पूप शुष्क वल्लकर तथा।
शाक पटोलवेत्राग्रमुस्तम्भविनाशनम् ॥३५
मुद्गाढकमसूराणा सतिलैर्जाङ्गलै रसै।
ससैन्धवघृतद्राक्षामुण्ठ्यामल कालेजं ॥३६
यूषं पुराणगोधूमयवशाल्यन्नमभ्यसेत्।
विसर्पी ससिताक्षौद्रमृद्वीकादाडिमोदकम् ॥३७

रक्तपट्टिकगोधूमयवमुद्गादिक लघु ।
कावमाची च वेत्राग्र वास्तुकं च सुवर्चला ॥३८
वातशोणितनाशाय तोयं शस्तं सितं मधु ।
नासारोगेषु च हितं घृतं दूर्वाप्रसाधितम् ॥३९
भृङ्गराजरसे सिद्धं तैलं धात्रीरसेऽपि वा ।
नस्यं सर्वामयध्वंसि मूर्धजन्तूद्भवेषु च ॥४०
शीततोयान्नपानं च तिलानां विप्र भक्षणम् ।
द्विजदार्ढ्यकरं प्रोक्तं तथा तुष्टिकरं परम् ॥४१
गण्डूषं तिलतैलेन द्विजदार्ढ्यकरं परम् ।
विडङ्गचूर्णं गोमूत्रं सर्वत्र कृमिनाशनं ॥४२
धात्रीफलान्यथाऽऽज्यं च शिरोलेपनमुत्तमम् ।
शिरोरोगविनाशाय स्निग्धमुष्णं च भोजनम् ॥४३
तैलं वा वस्तमूत्रं च कर्णपूरणमुत्तमम् ।
वर्णशूलविनाशाय सर्वशुक्तानि वा द्विज ॥४४

यदि उरुस्तम्भ का रोग हो तो उसका विनाश यवाग्र को विकृति, यूष, शुष्क लकज, शाक, पटोल और बन्न का अन्न लेने से हो जाता है ॥ ३५ ॥ मूंग अरहर, मसूर व तिलों के सहित जांगल रस वाले, सैन्धव से युक्त घृत, द्राक्षा शुंठि (सोंठ), आमलक (आँवला) और कतोल से उत्पन्न होने वाले यूषों से पुराने गेहूं यव और शाली के अन्न का अभ्यास करना चाहिए। जो विसर्प रोग वाला हो उसे मिश्र कमाथ क्षौद्र, मृद्वीका और अनार का जल लेना चाहिए ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ वात शोणित रोग के नाश के लिये रक्त पट्टिक, गोधूम यव और मुद्ग (मूंग) आदि लघु आहार तथा कावमाची, वेत्राग्र, वास्तुक और सुवर्चला का प्रयोग करना चाहिए। सित और मधु तोय (पानी) प्रशस्त होता है। दूर्वा (दूब) से प्रसाधित (बनाया हुआ) घृत नासा के रोगों में लाभप्रद होता है ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ भृङ्गराज (भंगरा) के रस में अथवा धात्री के रस में सिद्ध किया हुआ तैल भी लाभप्रद होता है। मूर्धजन्तु-द्भव सब रोगों में नस्य लाभ देने वाला होता है ॥ ४० ॥ शीतल जल और

जम का पान तथा हे विप्र ! तिलो का भक्षण दांतो के मजबूत करने वाला कहा गया है ॥ ४१ ॥ तिल के तैल से कुल्ली करना दांतो के मजबूत करने मे परम श्रेष्ठ कहा गया है । वायविडङ्ग का चूर्ण और गोमूत्र सभी जगह के कृमियो के नाश करने वाले हैं ॥ ४२ ॥ शिरो रोग के विनाश करने के लिये धात्री (आँवला) के फल और घृत का लेपन उत्तम होना है । स्निग्ध (चिक्कणता से युक्त) और उष्ण भोजन होना चाहिए ॥ ४३ ॥ तैल अथवा वस्तमूत्र कानो मे डालने के लिये परम उत्तम होता है । हे द्विज ! सर्व शुक्त कर्ण शूल के विनाश के लिये होते हैं ॥ ४४ ॥

गिरिमृच्चन्दन लाक्षा मालतीकलिका तथा ।
सयोज्य या कृता वर्ति क्षतश्विनहरी तु सा ॥४५
व्योप त्रिफलया युक्त तुत्थक च तथा जलम् ।
सर्वाक्षिरोगशमन तथा चैव रसाञ्जनम् ॥४६
त्याज्यभृष्ट शिलापिष्ट लोध्रकाञ्जिकसैन्धवै ।
आश्च्योतनविनाशाय सर्वनेत्रामये हितम् ॥४७
गिरिमृच्चन्दनैर्लेपो वहिर्नेत्रस्य शस्यते ।
नेत्रामयविघातार्थं त्रिफला शीलयेत्सदा ॥४८
रात्रौ तु मधुसर्पिर्भ्या दीर्घमायुर्जिजीविपु ।
शतावरीरसे सिद्धौ वृप्यौ क्षीरघृतौ स्मृतौ ॥४९
कलविङ्कानि मापाश्च वृप्यौ क्षीरघृतौ तथा ।
आयुष्या त्रिफला ज्ञेया पूर्ववन्मधुकान्विता ॥५०
मधूकादिरसोपेता वलीपलितनाशिनी ।
वचासिद्धघृत विप्र भूतदोपविनाशनम् ॥५१
कव्य वुद्धिप्रद चैव तथा सर्वार्थसाधनम् ।
वलाकल्ककपायेण सिद्धमभ्यञ्जने हितम् ॥५२
रास्नासहचरैर्वाऽपि तैल वातविकारिणाम् ।
अनभिष्यन्दि यच्चान्न तद्व्रणेपु प्रशस्यते ॥५३

सक्तु पिण्डी तथैवाऽऽम्ला पाचनाय प्रशस्यते ।
पक्वस्य च तथा भेदे निम्बचूर्णं च रोपणे ॥५४

पर्वत की मृत्तिका, चन्दन, लाक्षा और मालती के पुष्प की कली इन सबको संयुक्त करके जो वर्ति बनाई जाती है वह क्षत और श्वित्र के हरण करने वाली होती है ॥ ४५ ॥ त्रिफला से युक्त तुत्थ (तूतिया) का क्वाथ तथा जल समस्त प्रकार के नेत्रों के रोगों का शमन करने वाला होता है। तथा रसाञ्जन, श्याम,भृङ्ग और शिलापिष्ट लोध, काँजी और सैन्धव के द्वारा आश्च्यातन समस्त नेत्रों के द्वारा जो नेत्रों के बाहिर चारों और लेप होता है वह बहुत ही अच्छा है यदि नेत्रों के रोगों का निपात करना अभीष्ट है तो सदा त्रिफला का प्रयोग करना चाहिए ॥ ४८ ॥ रात्रि में मधु और घृत के साथ सेवन करने से दीर्घ आयु तक जीवन रहता है। शतावरी के रस में सिद्ध क्षीर और घृत वृष्य कहे गये हैं। कलविङ्क और माष (उर्द) क्षीर और घृत में सिद्ध वृष्य होते हैं। घृत की भाँति मधु (शहद) से युक्त त्रिफला आयु के बढ़ाने वाली होती है ॥ ५० ॥ भृंगराज आदि के रस से युक्त त्रिफला वली और पलित (बालों का सफेद हो जाना) का नाश करने वाली होती है जो शरीर में झुर्रियाँ हो जाती हैं वे वली कही जाती हैं। वचा (बच) के द्वारा सिद्ध किया हुआ घृत हे विप्र ! भूतों के दोषों को मिटा देने वाला होता है ॥ ५१ ॥ श्रेष्ठ बुद्धि का प्रदान करने वाला तथा समस्त अर्थों का साधन करने वाला है। बला के कल्क (चूर्ण) क्वाथ में जो सिद्ध किया जाता है वह अभ्यञ्जन के लिए बहुत ही लाभप्रद होता है ॥ ५२ ॥ रास्ना सहचरी के द्वारा जो तैल बनाया जाता है वह वात के विकार वाले रोगियों को लाभदायक हुआ करता है। जो पत्र अविष्यन्दि नहीं है वह ही व्रण रोगों में लाभप्रद कहे जाते हैं। ॥ ५३ ॥ सक्तु पिण्डी तथा अम्ल (खट्टे) पाचन क्रिया करने में प्रशस्त होते हैं। और पक्व के भेदन करने में प्रशस्त है। रोपण में नीम का चूर्ण लाभदायक होता है ॥ ५४ ॥

तथा सूच्युपचारश्च बलिकर्म विशेषतः ।
सूतिका च तथा रक्षा प्राणिनां तु सदा द्विज ॥५५

भक्षणं निम्बपत्राणां सर्पदष्टस्य भेषजम् ।
तालनिम्बदलं केश्यं जीर्णं तैलं यवा घृतम् ॥५६
धूपो वृश्चिकदष्टस्य शिखिपत्रघृतेन वा ।
अर्कक्षीरेण सपिष्टं लेपो बीजं पलाशजम् ॥५७
वृश्चिकार्तस्य कृष्णा वा शिवा च फलसयुता ।
अर्कक्षीरं तिलं तैलं पललं च गुडम् समम् ॥५८
पानाज्जयति दुर्वारं श्वविषं शीघ्रमेव च ।
पीत्वा मूलं त्रिवृत्तुल्यं तण्डुलीयस्य सर्पिषा ॥५६
सर्पकीटविषाण्याशु जयत्यतिबलान्यपि ।
चन्दनं पद्मकं कुष्ठं लताम्बूशीरपाटला. ॥६०
निर्गुण्डी सारिवा सेलुर्लुताविषहरोऽगदः ।
शिराविरेचनं शस्तं गुडनागरकं द्विज ॥६१
स्नेहपाने तथा वस्तौ तैलं घृतमनुत्तमम् ।
स्वेदनीय परो वह्निः शीताम्भः स्तम्भनं परम् ॥६२
त्रिवृद्धि रेचनं श्रेष्ठा वमने मदनं तथा ।
वस्तिविरेको वमनं तैलं सर्पिस्तथा मधु ॥६३

इसी प्रकार से सूची का (इन्जेक्शन) उपचार भी होना है और विशेष करके बलि कम होता है एव सूतिका भी होती है। कुछ भी करना पड़े किन्तु सदा प्राणियों की रक्षा करना हितकर होता है॥ ५५ ॥ जिस सर्प ने काट खाया हो उसे नीम के पत्तों का खाना बहुत हितकर होता है। ताल निम्बदल पुराना तेल और ताजा घृत केश्य होता है ॥ ५६ ॥ (बीछू के द्वारा काटे हुए के लिये धूप है जो शिखि पत्र घृत हो अथवा आक के दूध के साथ पिसे हुए ढाक के बीज हो। काले बीछू के दशन का पीडित हो तो भी फल सयुत कल्याण कारिणी होती है) (आक का दूध तिल तेल, पलल और गुड ये सम भाग लेकर खावे दुर्वार भी कुत्ते का विष शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। अर्थात् कुत्ते के विष पर विजय प्राप्त हो जाती है। समान तण्डुलीय त्रिवृत् के मूल को घृत के साथ पीकर सर्प कीट के विषों को, चाहे वह कितना ही सबल

वयो न हो शीघ्र नष्ट कर देता है। चन्दन, पद्मक, कुष्ठ और लताम्बु, उशीर तथा पाटल, निर्गुण्डी, सारिवा, और सेलु ये वस्तुऐं लूता के विष से होने वाले रोग को नष्ट कर देती हैं। हे द्विज ! गुड और नागरक शिरो विरेचन में प्रशस्त कहा गया है। बस्ति कर्म में जो स्नेह पान होता है उसमें तैल उत्तम है घृत उत्तम नहीं होता है। पर वह्नि का स्वेदन करना चाहिए। शीत जल से स्तम्भन पर होता है। रेचन में त्रिवृत् श्रेष्ठ होता है, वमन में मदन है। बस्ति, विरेक वमन तैल, घृत और मधु वात, पित्त और बलासाओं की क्रम से परम औषध है ॥ ५७ से ६३ तक ॥

११७—सर्वरोगहराण्यौषधानि

शारीरमानसागन्तुसहजा व्याधयो मता ।
शारीरा ज्वरकुष्ठाद्या क्रोधाद्या मानसा मता ॥१
आगन्तवो विघातोत्था सहजा क्षुज्जरादय ।
शारीरागन्तुनाशाय सूर्यवारे घृत गुडम् ॥२
लवण सहिरण्य च विप्रायाऽऽर्च्य समर्पयेत् ।
चन्द्रे चाभ्यङ्गदो विप्रे सर्वरोगै प्रमुच्यते ॥३
तैल शनैश्चरे दद्यादाश्विने गोरसान्नद ।
घृतेन पयसा लिङ्ग सस्नाप्य स्याद् गुणिक्षत. ॥४
गायत्र्या हावयेद्वन्ही दूर्वा त्रिमधुराप्लुताम् ।
यस्मिन्भे व्याधिमाप्नोति तस्मिन्स्थाने बलि शुभे ॥५
मानसाना रजादीना विष्णो स्तोत्र हर भवेत् ।
वातपित्तकफा दोषा धावतश्च तथा शृणु ॥६
भुक्त पक्वाशयादध द्विधा याति च सुव्रत ।
अशेनैकेन विट्टत्व रसता चापरेण च ॥७
विट्भागो मलस्तत्र विण्मूत्रस्वेदरूपवान् ।
नासामल कर्णमलस्तथा देहमल स्मृत ॥८

इस अध्याय म समस्त रोगा क हरण करने वाली औपधो का वर्णन किया जाता है। भगवान् धन्वन्तरी ने कहा—मानसी व्याधियाँ शारीरिक, आगन्तुक और सहज चार प्रकार की हुआ करती हैं। जो शारीरिक व्याधियाँ है वे ज्वर एव कुष्ट आदि अनेक होती हैं। क्रोध आदि मानसिक रोग कहे गये है॥ १॥ जो विघात से उत्पन्न हो जाते है वे आगन्तुक रोग कहे जाते हैं। भूख और वृद्धता आदि सहज रोग है जो सभी को अपने समय आने पर हुआ करते हैं। शारीरिक और आगन्तुक व्याधियो के नाश करने के लिये रविवार के दिन म घृत, गुड, लवण और सुवर्ण ब्राह्मण की पूजा करके उसे देने चाहिए। चन्द्र वार के दिन मे विप्र को अभ्यङ्ग का दान करने वाला समस्त रोगो से छुटकारा पा जाया करता है॥ २॥ ३॥ शनिवार के दिन तैल का दान करे। आश्विन म गोरस और अन्न का दान करना चाहिए। घृत और पय स लिंग का सस्नापन करके रोग से छुटकारा हो जाता है॥४॥ त्रिमधुर से दुआ दुवा कर दूध को गायत्री मन्त्र क द्वारा अग्नि मे हवन कराना चाहिए। दूध, घृत और मधु (शहद) य त्रिमधुर कहे जाते हैं। जिस नक्षत्र म व्याधि प्राप्त हो उस शुभ स्थान म बलि देना चाहिए॥५॥ जो मानस क्रोध चिन्ता आदि अनेक रोग होत हैं उनका निवारण करने के लिय भगवान् विष्णु के स्तोत्रो का पाठ करना चाहिए। इसस मानसिक व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं। अब वात, पित्त और कफ य तीन महादोष दौड लगाया करते हैं। उनके विषय म श्रवण करो॥६॥ हे सुश्रुत! जो भी अन्न खाया जाता है वह खाया हुआ अन्न दो प्रकार से पक्वाशय से जाया करता है उसका एक अंश तो किट्ट रूप मे हो जाता है और उसका दूसरा अंश रस के रूप परिणत होता है अर्थात् जो भी अन्न खाया गया है वह पक्वाशय म पहुँचकर दो भागो म बट जाता है॥७॥ जो उसका किट्ट भाग है वह तो मल के रूप म बन जाता है जो विष्ठा मूत्र और पसीना क रूप वाला होता है। नासा (नाक) का मल कान का मैल और देह का मल कहा गया है॥८॥

रसाभागाद्रसस्तत्र समाच्छोणिततां व्रजेत्।
मास रक्तात्ततो मेदो मेदसोऽस्थ्नश्च सम्भव ९

अस्थ्नो मज्जा ततः शुक्रं शुक्राद्रागस्तथौजसः ।
देशमार्ति बलं शक्तिं कालं प्रकृतिमेव च ॥१०
ज्ञात्वा चिकित्सितं कुर्याद्भेषजस्य तथा बलम् ।
तिथिं रिक्तां त्यजेद्भौमं मन्दभं दारुणोग्रकम् ॥११
हरिगोद्विजचन्द्रार्कसुरादीन्प्रतिपूज्य च ।
शृणु मन्त्रमिमं विद्वन्भेषजारम्भमाचरेत् ॥१२
ब्रह्मदक्षाश्विरुद्रेन्द्रभूचन्द्रार्कानिलानलाः ।
ऋषयश्चौषधिग्रामा भूतसंघाश्च पान्तु ते ॥१३
रसायनमिवर्षीणां देवानाममृतं यथा ।
सुधेवोत्तमनागानां भैषज्यमिदमस्तु ते ॥१४
वातश्लेष्मकरो देशो बहुवृक्षो बहूदकः ।
अनूप इति विख्यातो जाङ्गलस्तद्विवर्जितः ॥१५
किंचिद्वृक्षोपको देशस्तथा साधारणः स्मृतः ।
जाङ्गलः पित्तबहुलो मध्यः साधारणः स्मृतः ॥१६

जो दूसरा रस का भाग है वह रुधिर के रूप को धारण किया करता है। रस से रक्त और रक्त से माँस, माँस से मेद और मेद से अस्थि (हड्डी) इनकी क्रम से उत्पत्ति हुआ करती है ॥९॥ अस्थि से मज्जा और मज्जा से वीर्य की उत्पत्ति होती है जिससे राग और ओज बनता है। देश, व्याधि, बल, शक्ति, काल और मानव की प्रकृति इन सबको भली-भाँति जानकर वैद्य को भेषज (औषध) की ताकत का भी समझ कर चिकित्सा करनी चाहिये। चिकित्सा के आरम्भ में वैद्य को रिक्ता तिथि भौमवार, मन्द, दारुण और उग्र नक्षत्र का त्याग कर देना चाहिए। अर्थात् उक्त समय, दिन और नक्षत्रों में चिकित्सा का आरम्भ नहीं करना चाहिए। यह मैं एक मन्त्र बताता हूँ इसका सावधानता के साथ तुम श्रवण करो। हरि, गौ, द्विज, चन्द्र, सूर्य और देवगण आदि की अर्चा करके विद्वान् वैद्य को औषध का आरम्भ करना चाहिए ॥ ॥९।१०।११।१२॥ वैद्य को कहना चाहिए जब कि वह औषध को देना आरम्भ करे—ब्रह्मा, दक्ष, अश्विनीकुमार, रुद्र इन्द्र, भूमि, चन्द्र, सूर्य, वायु, अग्नि, समस्त

ऋषिगण, औषध समूह और भूत सब तेरी रक्षा करें ॥१३॥ ऋषियों की रसायन की भाँति देवों के अमृत की तरह और उत्तम नागों की सुधा के सदृश यह औषध तुम्हारे लिय होवे ॥१४॥ जिस देश मे बहुत से वृक्ष हो और अत्यधिक जल वाला हो वह देश वात और श्लेष्मा (कफ) के करने वाला होता है। ऐसा देश "अनूप,"—इस नाम से विख्यात होता है। इसके विपरीत जो देश होता है वह "जङ्गल" कहा जाया करता है ॥१५॥ कुछ वृक्षो वाला जो देश होता है वह "साधरण"—इस नाम वाला कहा जाता है। जाङ्गल देश में पित्त की बहुलता हुआ करती है। जो मध्य देश होता है वह साधारण कहा गया है ॥ १६ ॥

रूक्ष. शीतश्चलो वायु पित्तमुष्णं कटुत्रयम् ।
स्थिराम्लस्निग्धमधरं बलास च प्रचक्षते ॥१७
वृद्धि. समानैरेतेषा विपरीतैर्विपर्यय. ।
रसा स्वाद्वम्ललवणा श्लेष्मला वायुनाशना ॥१८
कटुतिक्तकषायाश्च वातला श्लेष्मनाशना ।
कट्वम्ललवणा ज्ञेयास्तथा पित्तविवर्धना. ॥१९
तिक्तस्वादुकषायाश्च तथा पित्तविनाशना ।
रसस्यैव गुणो नास्ति विपाकस्यैव इष्यते ॥२०
वीर्योष्णा कफवातघ्ना शीताः पित्तविनाशना ।
प्रभावतस्तथा कर्म ते कुर्वन्ति च सुश्रुत ॥२१
शिशिरे च वसन्ते च निदाघे च तथा क्रमात् ।
चयप्रकोपप्रशमा कफस्य तु प्रकीर्तिता ॥२२
निदाघवर्षारात्रौ च तथा शरदि सुश्रुत ।
चयप्रकोपप्रशमा. पवनस्य प्रकीर्तिता ॥२३
मेघकाले च शरदि हेमन्ते च तथा क्रमात् ।
चयप्रकोपप्रशमास्तथा पित्तस्य कीर्तिता ॥२४

वायु रूक्ष शीत और चल होता है। पित्त उष्ण होता है, तीनों कटु हैं। स्थिर-अम्ल और स्निग्ध मधर बलास कहा जाता है। इनके समान रहने पर

तो वृद्धि (बढ़ाव) होती है और जब ये वात-पित्तादि विपरीत हो जाते हैं तो विपर्यय अर्थात् वृद्धि का अभाव होता है। अम्ल (खट्टा) और लवण (खारी) मधुर स्वाद वाले जो रस होते हैं वे श्लेष्मल अर्थात् कफ की वृद्धि करने वाले होते हैं तथा वायु के नाश कारक हैं ॥१७॥१८॥ कटु (कड़ुवे), तिक्त (चरपरे) और कषाय (कसैले) स्वाद वाले रस वायु के बढ़ाने वाले तथा कफ के नाश करने वाले होते हैं। कटु, अम्ल और लवण रस पित्त के बढ़ाने वाले होते हैं। ॥१९॥ तिक्त, मधुर और कषाय रस पित्त के नाशक हुआ करते हैं। यह केवल रस का ही गुण नहीं होता है किन्तु उसके विपाक का यह हुआ करता है। ॥१९॥२०॥ जो वीर्योष्ण होते हैं वे कफ और वात के नाश करने वाले होते हैं। जो शीत होते हैं वे पित्त के नाशक हैं। हे सुश्रुत ! वे प्रभाव से कर्म किया करते हैं। शिशिर, वसन्त और निदाघ (ग्रीष्म) में क्रम से कफ के चय (इकट्ठा होना), प्रकोप (कुपित होना) और उपशम (शान्त होना) बताया गया है। ॥२०॥२१॥२२॥ हे सुश्रुत ! ग्रीष्म, वर्षा और रात्रि में तथा शरद् ऋतु में वायु के क्रम से सचय, प्रकोप और उपशम हुआ करते हैं ॥२३॥ मेघों के समय में शरद् ऋतु में और हेमन्त में से क्रम से पित्त का चय—प्रकोप और प्रशमन होता है ॥ २४ ॥

वर्षादयो विसर्गास्तु हेमन्ताद्यास्तथा त्रय. ।
शिशिराद्यास्तथाऽऽदान ग्रीष्मान्ता ऋतवस्त्रयः ॥२५
सौम्यो विसर्गस्त्वादानमाग्नेय परिकीर्तितम् ।
वर्षादीस्त्रीनृतून्सोमश्चरन्पर्यायशो रसान् ॥२६
जनयत्यम्ललवणमधुरांस्त्रीन्यथाक्रमम् ।
शिशिरादीनृतून्नर्कश्चरन्पर्यायशो रसान् ॥२७
विवर्धयेत्तथा तिक्तकषायकटुकान्क्रमात् ।
यथा रजन्यो वर्धन्ते बलमेव हि वर्धते ॥२८
क्रमशोऽथ मनुष्याणां हीयमानासु हीयते ।
रात्रिभुक्तदिनानां च वयसश्च तथैव च ॥२९
आदिमध्यावसानेषु कफपित्तसमीरणाः ।

प्रकोपं यान्ति कोपादौ काले तेषां चयः स्मृतः ॥३०
प्रकोपोत्तरके काले शमस्तेषां प्रकीर्तितः ।
अतिभोजनतो विप्र तथा चाभोजनेन च ॥३१
रोगा हि सर्वे जायन्ते वेगोदीरणधारणैः ।
अन्नेन कुक्षेर्द्वावंशावेकं पानेन पूरयेत् ॥३२
आश्रयं पवनादीनां तथैकमवशेषयेत् ।
व्याधेर्निदानस्य तथा विपरीतमथौषधम् ॥३३

वर्षा आदि तथा हेमन्तादि तीन विसर्ग होते हैं। शिशिरादि तथा ग्रीष्मान्ता तीन ऋतु आदान में होती हैं ॥२५॥ विसर्ग, सौम्य तथा आदान आग्नेय कहा गया है। चन्द्रमा वर्षादि तीन ऋतुओं में विचरण करता हुआ पारी से अम्ल, लवण और मधुर रसों को यथाक्रम उत्पन्न किया करता है। शिशिरादि ऋतुओं में सूर्य विचरण करता हुआ पर्याय (पारी) से रसों का विवर्धन किया करता है। तिक्त, कटु और कषायों को क्रम से जैसे रजनी बढाती हैं वैसे ही बल भी इसी प्रकार से बढता है ॥२६।२७।२८॥ मनुष्यों के बल इनके हीयमान होने पर इसी तरह से कम हो जाया करते हैं। रात्रि भुक्त दिनों का तथा अवस्था का आदि-मध्य और अवसान में कफ, पित्त और वायु प्रकुपित होते हैं और कोप के आदि काल में उनका सचय हुआ करता है ॥२९।३०॥ पहिले सचय फिर प्रकोप और प्रकोप के उत्तर समय में उनका उपशमन हुआ करता है। हे विप्र ! अत्यधिक भोजन कर लेने से और भोजन के न करने से समस्त रोग उत्पन्न हुआ करते हैं। वेगों के उदीरण और धारण करने से भी रोगों की उत्पत्ति होती है। कुक्षि (उदर) के दो अंश (भाग) अन्न से भरे और उसका एक भाग जल से पूरित करना चाहिए। चौथा भाग वायु आदि के आश्रय के लिये खाली रखना चाहिए। तात्पर्य यह है कि आधा पेट ही अन्न से भरे। व्याधि का जो निदान (मूल कारण का ज्ञान) हो उसके विपरीत औषध होनी चाहिए ॥३१।३२।३३॥

कर्तव्यमितदेवात्र मया सारं प्रकीर्तितम् ।
नाभेरूर्ध्वमधश्चैव गुदश्रोण्योस्तथैव च ॥३४

बलासपित्तवातानां देहे स्थानं प्रकीर्तितम् ।
तथाऽपि सर्वगाश्चैते देहे वायुर्विशेषतः ॥३५
देहस्य मध्ये हृदयं स्थानं तन्मनसः स्मृतम् ।
कृशोऽल्पकेशश्चपलो बहुवाग्विषमानलः ॥३६
व्योमगश्च तथा स्वप्ने वातप्रकृतिरुच्यते ।
अकालपलितः क्रोधी प्रस्वेदी मधुरप्रियः ॥३७
स्वप्ने च दीप्तिमत्प्रेक्षी पित्तप्रकृतिरुच्यते ।
दृढाङ्गः स्थिरचित्तश्च सुप्रभः स्निग्धमूर्धजः ॥३८
शुद्धाम्बुदर्शी स्वप्ने च कफप्रकृतिको नरः ।
तामसा राजसाश्चैव सात्त्विकाश्च तथा स्मृताः ॥३९

गजायुर्वेद प्रोवाच पालकाप्योऽङ्गराजकम् ॥२४

(गुड के साथ अभया को घृत तथा मधु आदि के साथ खावे और दुग्धान्न का भोजन करे तो काले बालो वाला, बिना रोगो वाला और पाँच सौ वर्ष की आयु वाला हो जाता)है ॥१७॥ एक पल कूष्माण्डिका का चूर्ण एक पल को मधु, घृत और दूध के साथ पान कर और एक मास पर्यन्त दुग्धान्न का भोजन करे तो नीरोग और एक सहस्र वर्ष की आयु वाला हो जाता है। ॥१८॥ शालूक का चूर्ण और भृ गाज्य तथा मधु और घृत एक सौ वर्ष की आयु कर देने वाला होता है। कटुतुम्बी के तैल का नस्य एक वर्ष प्रमाण सेवन से दो सौ वर्ष की आयु प्रदान कर देता है ॥१९॥ (त्रिफला, पिप्पली, सोठ का सेवन करने से तीन सौ वर्ष की आयु होती है) शतावरी का पूर्व योग करे तो सहस्र की आयु और बल करने वाला होता है ॥२०॥ तथा पहिले

चित्रक, मुठि, विडग, लोह, भृ उराज, बन्ा, निम्ब के पञ्चक, खदिर, निर्गुण्डी, कटकारी, वासा और वर्षाभू इनमे अथवा इनके रसो से भावित कर वटिका बना लेवे अथवा चूर्ण को घृत, मधु गुड आदि तथा जल के साथ "ओ ह्रू स"—इस मन्त्र के द्वारा अभिमन्त्रित करे तो यह योगराज होता है तथा मृत सजीवन कल्प होता है जो रोगों को और मृत्यु को जीत लेता है। ये कल्पों के सागर हैं। इनको सुर और असुरो ने तथा मुनियों ने सेवित किया है। पालकाप्य ने अगराजक स गजो के आयुर्वेद को बताया था ॥२१॥२२॥॥२३॥२४॥

१२४—गजचिकित्सा

गजलक्ष्मचिकित्सा च लोमपाद वदामि ते ।
दीर्घहस्ता महोच्छ्वासा प्रशस्तास्ते सहिष्णव. ॥१
विंशत्यष्टादशनखा शीतकालमदाश्च ये ।
दक्षिणश्चोन्नतो दन्तो बृंहित जलदोपमम् ॥२
कर्णौ च विपुलौ येषा सूक्ष्मबिन्द्वन्वितास्त्वचि ।
ते धार्या न तथा धार्या वामना ये त्वलक्षणा ॥३
हस्तिन्य पार्श्वगर्भिण्यो ये च मूढा मतगजा ।
वर्ण सत्त्व बल रूप कान्ति सहनन जव ॥४
सप्तस्थितो गजश्चेद्वपड ग्रामेऽरीञ्जयेत्सदा ।
कुञ्जरा परमा शोभा शिबिरस्य बलस्य च ॥५
आहन कुञ्जरेश्चैव विजय पृथिवीक्षिता ।
पाकलेषु च सर्वेषु कर्तव्यमनुवासनम् ॥६
घृततैलाभ्यन्नयुक्त स्नान वातविवर्जितम् ।
स्कन्धेषु च क्रिया कार्या तथा पालकवन्नृपे ॥७
गामूत्र पाडुरोगेषु रजनीभ्या घृत द्विज ।
आनाहे तैलसिक्तस्य निषेवस्तस्य दास्यते ॥८

इस अध्याय में गजों की चिकित्सा के विषय में बताया जाता है। पालकाप्य ने कहा—हे लोमपाद! अब मैं तुमको हाथियों के लक्षण और उनको बतलाता हूँ। गज दीर्घहस्त (शुण्ड) वाले, महान् उच्छ्वास से युक्त और सहनशील होते हैं वे प्रशस्त माने जाते हैं ॥१॥ बीस अष्टादश नखों वाले और शीत काल में मद च्योतन करने वाले हैं तथा दाहिना दाँत जिनका कुछ उन्नत हो, बृहत् मेघ के समान हो, जिनके दोनों कान बड़े हों तथा जिनके त्वचा में छोटे छोटे बिन्दु हो ऐसे ही हाथियों पर सवारी करनी चाहिए। जो छोटे कद वाले और सुलक्षणों से रहित हो उन पर कभी सवारी नहीं करनी चाहिए और न ऐसे गजों को अपने यहाँ रखना ही चाहिए ॥२॥३॥ जिनके पार्श्व वर्तिनी हथिनियाँ गर्भिणी हों और मूढ़ गज हों ये अलक्षण गज होते हैं। वर्ण, सत्व, बल, रूप, कान्ति, संहनन, जव ये सातों लक्षण जिसमें स्थित हों ऐसा हाथी हो तो सर्वदा युद्ध स्थल में शत्रुओं को जीत लेता है। हाथी शिविर और सेना दोनों की परम शोभा करने वाले हुआ करते हैं ॥४॥५॥ राजा का विजय हमेशा हाथियों के द्वारा ही आदर वाला होता है। समस्त पालकों में अनुवासन करना चाहिए ॥६॥ घृत और तैल के अभ्यङ्ग में युक्त स्नान वात से रहित होता है। स्कन्धों में राजाओं की पालक की भाँति क्रिया करनी चाहिए ॥७॥ हे द्विज! पाण्डु रोगों में गोमूत्र दानों तरह की हल्दी से घृत तैल से सिक्त उनके आनाह पर निषेक करना प्रशस्त कहा जाता है ॥८॥

लवणैः पञ्चभिर्मिश्रा प्रतिपानाय वारुणी ।
विडङ्गत्रिफलाव्योषसैं घवैः कवलान्कृतान् ॥९
मूर्छासु भोजयेन्नाग क्षौद्रं तोयं च पाययेत् ।
अभ्यग शिरस शूले नस्य चैव प्रशस्यते ॥१०
नागानां स्नेहपुटकं पादरोगानुपक्रमेत् ।
पञ्चारकल्ककषायेण शोधनं च विधीयते ॥११
शिखितित्तिरलावानां पिप्पलीमरिचान्वितैः ।
रसैः सभोजयेन्नाग वेपथुर्यस्य जायते ॥१२

बालबिल्व तथा लोध्रं धातकी सितया सह ।
अतीसारविनाशाय पिंडी भुञ्जीत कुञ्जर ॥१३
नस्य करग्रहे देयं घृतं लवणसंयुतम् ।
मागधी नागराऽजाजी यवागूर्मुस्तसाधिता ॥१४
उत्कर्णके तु दातव्या वाराहं च तथा रसम् ।
दशमूलकुलत्थाम्लकाकमाचीविपाचितम् ॥१५
तैलं शृङ्खलसंयुक्तं गलग्रहगदापहम् ।
अष्टभिर्लवणैः पिष्टैः प्रसन्नं पाययेद्घृतम् ॥१६

पाँचो प्रकार के नमको से मिश्रित वारुणी प्रतिपान के लिये देवे और विडङ्ग त्रिफला, व्योष और सैन्धव से कवल करावे ॥९॥ नाग (हाथी को) मूच्छा में खिलवावे और क्षौद्र तथा जल पिलवावे । शिर के शूल में अभ्यंग एवं नस्य बहुत अच्छा कहा जाता है ॥१०॥ हथियो के पाद रोगो में स्नेह पुटको के द्वारा उपक्रम करना चाहिए । इसके अनन्तर करक के कषाय से शोधन करने का विधान किया जाता है ॥११॥ जिस हाथी को कम्प होता है उसको मोर, तीतर लावाओ का पिप्पली, मिर्च से युक्त रसो के द्वारा भोजन कराना चाहिए ॥१२॥ यदि हाथी को अतीसार हो तो उसको नष्ट करने के लिये बालबिल्व लोध और धातकी का मिश्री के साथ पिण्ड बनाकर हाथी को खिलाना चाहिए । १३॥ करग्रह में लवण से युक्त घृत का नस्य देना चाहिए । मागधी, नागर अजाजी और मुस्त से साधित यवागू उत्कर्णक में गज को देनी चाहिए । तथा वाराह रस दशमूल कुलत्थ, अम्ल और काकमाची के द्वारा विपाच रूप से पकाया हुआ तैल शृङ्खल से युक्त करके देवे तो गलग्रह के रोग का नाशक होता है । आठ प्रकार के लवणो को पीसकर उनसे प्रसन्न घृत को पिलवाना चाहिए ॥१४।१५।१६॥

मूत्रभंगेऽथ वा वीजं वर्त्तयेत् अयुपस्य च ।
त्वग्दोषेषु पिबेन्निम्बं वृषं वा वर्तयेत् द्विप ॥१७
गवां मूत्रं विडङ्गानि कृमियोष्ठेषु शस्यते ।
शुष्कवरकगाढाभिः … शृतं पयः ॥१८

क्षतक्षयकरं पाम तथा मासरस. शुभ ।
मुद्गौदन व्योषयुतमरुचौ तु प्रशस्यते ॥१९
त्रिवृद्व्योषाग्निदन्त्यर्कश्यामा क्षीरेभपिप्पली ।
एतैर्गुल्महरः स्नेहः कृतश्चैव तथा परः ॥२०
भेदनद्रावणाभ्यङ्गस्नेहपानानुवासनैः ।
सर्वानेव समुत्पन्नान्विद्रधीन्समुपाहरेत् ॥२१
षष्टिक मुद्गसूपेन शारदेन तथा पिबेत् ।
बालबिल्वस्तथा लेपः कटरोगेषु शस्यते ॥२२
विडङ्गेन्द्रयवौ हिंगु सरल रजनीद्वयम् ।
पूर्वाह्णे दापयेत्पिण्डान्सर्वशूलोपशान्तये ॥२३
प्रधानभोजने तेषां षष्टिकव्रीहिशालयः ।
मध्यमौ यवगोधूमौ शेषा दन्तिनि चाधमाः ॥२४

मूत्र भग मे बीज और मधुप का क्वाथ देवे । त्वचा के दोषों में हाथी को नीम अथवा वृष का क्वाथ पिलाना चाहिए ॥१७॥ कोष्ठगत कृमियों मे गोमूत्र और विडंग बहुत लाभप्रद होते हैं । शृंगवेर, कणा, द्राक्षा और शर्करा से भूत पय क्षतों के करने वाला होता है । पामा के लिये मास का रस शुभ होता है । व्योप से युक्त मुद्गौदन अरुचि में लाभप्रद होता है ॥१८॥१९॥ त्रिवृत्, व्योष, अग्नि, दन्ती, आक, श्यामा क्षीर, और पिप्पली इनके द्वारा तैयार किया हुआ स्नेह (तैल) गुल्म रोग को नष्ट करता है । इसमे भेदन, द्रावण, अभ्यग, स्नेहपान और अनुवासन से समस्त प्रकार की उत्पन्न विद्रधि की बीमारियों का हरण होता है ॥२०॥२१॥ तथा शारद मुद्ग सूप के साथ षष्टिक का पान करे । बालबिल्वों के द्वारा लेप करने से कट रोगों मे लाभ होता है । ॥२२॥ विडग इन्द्रजौ, हींग सरल और दोनो प्रकार की हल्दी इनके पिण्ड बनवा कर पूर्वाह्न मे समस्त प्रकार के शूलों मे दिलवाना चाहिए । इस से शूलों की शान्ति हो जाती है ॥२३॥ गजों का प्रधान भोजन षष्टिक, व्रीही और शाली होना चाहिए । इनका मध्यम श्रेणी का भोजन यव और गोधूम (गेहूँ)

माना गया है। शेष सभी प्रकार के हाथी के भोजन मध्यम श्रेणी के होते हैं। ।।-२४।।

यवश्चैव तथैवेक्षुर्नागाना बलवर्धन ।
नागाना यवस शुष्क तथा धातुप्रकोपणम् ।।२५
मदक्षीणस्य नागस्य पय पान प्रशस्यते ।
दीपनीयस्तथा द्रव्यैं शृतो मासरस शुभ. ।।२६
वायस कुक्कुरश्चोभौ काकोलूककुल हरि ।
भवेत्क्षौद्रेण सयुक्त पिण्डोद्रेकगदापह ।।२७
कटुमत्स्यविडङ्गानि क्षार कोषातकीपय ।
हरिद्रा चेति धूपोऽय कुञ्जरस्य जयावह ।।२८
पिप्पलीतण्डुलीतैल माध्वीक माक्षिक तथा ।
नेत्रयो परिषेकोऽय दीपनीय प्रशस्यते ।।२६
पुरीष चटकायाश्च तथा पारावतस्य च ।
क्षीरवृक्ष करीपश्च प्रसन्न चेष्टमञ्जनम् ।।३०
अनेनाञ्जितनेत्रस्तु करोति कदन रणे ।
उत्पलानि च नीलानि मुस्त तगरमेव च ।।३१
तण्डुलोदकपिष्टानि नत्रनिर्वापण परम् ।
नखवृद्धौ नखच्छेदस्तैलसेकश्च मास्यपि ।।३२
शय्यास्थान भवेच्चास्य करीर्व पासुभिरतथा ।
शरन्निदाघयो मध सर्पिषा च तथेष्यते ।।३३

जौ और ईख हाथियों के बल के अति बढ़ाने वाले हैं। गजों को यवस शुष्क और धातु को प्रकुपित करने वाला होता है।।२५।। मद से जो हाथी क्षीण हो गया हो उसको दूध का पान प्रशस्त माना जाता है। दीपन करने वाले द्रव्यों के द्वारा शृत मांस रस लाभप्रद होता है। वायस कुक्कुर ये दोनों काक उलूक और हरिण ये क्षौद्र से संयुक्त हो तो पिंड द्रेक रोग का नाशक होते हैं।।२६।।२७।। कटु मत्स्य, विडङ्ग क्षार, कोषातकी पय और हल्दी इनके द्वारा बनाया हुआ धूप गज को जय प्रदान करने वाला होता है।

पिप्पली और तण्डुली का तैल मात्वीक, मानिक इनमे नेत्रो मे परिषेक दीपनीय होता है और दीपन के लिये प्रशस्त माना जाता है ॥२८॥२९॥ घटका का पुरीप (बीट) तथा पारावत (कबूतर) का पुरीष, क्षीर वृक्ष और करीप से प्रसन्न हो तो इनका अंजन बहुत ही अभीष्ट होता है। इस प्रकार के निर्मित अंजन से अञ्जित नेत्रो वाला रणभूमि मे एक दम कदन (सहार) किया करता है। नील उत्पल, मुस्त और तगर इनको तण्डुलोदक के द्वारा पीसकर नेत्रों निर्वापण करना बहुत अच्छा होता है। नखो की वृद्धि होने पर उनका छेदन करे और तैल के द्वार से कमी करना चाहिए। इसके शय्या का स्थान करीप और पासु (धूलि) के द्वारा होना चाहिए। शरद और ग्रीष्म मे घृत से सेक अभीष्ट होता है ॥३० से ३३ तक॥

१२५—अश्ववाहनसार:

अश्ववाहनसार च वक्ष्ये चाश्वचिकित्सनम् ।
वाजिना सग्रह कार्यो धर्मकामार्थसिद्धये ॥१
अश्विनी श्रवण हस्तमुत्तरात्रितय तथा ।
नक्षत्राणि प्रशस्तानि हयानामादिवाहने ॥२
हेमन्त शिशिरश्चैव वसन्तश्चाश्ववाहने ।
ग्रीष्मे शरदि वर्षासु निषिद्ध वाहन हये ॥३
तीक्ष्णैर्न चपलैर्दण्डैर्वदने न च ताडयेत् ।
कीलास्थिसकुले चैव विषमे कण्टकान्विते ॥४
वालुकापङ्कसछन्ने गर्तागर्तप्रदूषिते ।
अचित्तज्ञो विनोपायैर्वाहन कुरुते तु य ॥५
स वाह्यते हयेनैव पृष्ठस्थ कटिवा विना ।
छन्द विज्ञापयेत्कोऽपि सुकृती धीमता वर ॥६
अभ्यासादभियोगाच्च विना शास्त्र स्ववाहक ।
स्नातस्य प्राङ मखस्याथ देवान्वपुपि योजयेत् ॥७

प्रणवादिनमोन्तेन स्वबीजेन यथाक्रमम् ।
ब्रह्मा चित्ते बले विष्णुर्वैनतेय पराक्रमे ॥८

भगवान् धन्वन्तरी ने कहा—अब मैं इस अध्याय में अश्व वाहन का सार बताऊँगा और अश्वों की चिकित्सा भी वर्णन करूँगा। अश्वों का संग्रह धर्म कर्म के अर्थ की सिद्धि के लिए अवश्य ही करना चाहिए ॥१॥ घोड़ों के आदि वाहन करने के लिये अश्विनी, श्रवण, हस्त और तीनों उत्तरा ये नक्षत्र परम प्रशस्त माने गये हैं ॥२॥ अश्वों के वाहन में अर्थात् सवारी करने में हेमन्त, शिशिर और वसन्त ये तीनों ऋतु प्रशस्त होती हैं। ग्रीष्म, शरद, और वर्षा इन ऋतुओं में अश्वों का वाहन निषिद्ध माना गया है ॥३॥ तीक्ष्ण और चपल दण्डों से शरीर में ताड़न नहीं करना चाहिए। कील, अस्थि (हड्डी) से घिरे हुए, विषम (ऊँचे-नीचे) कण्टकों से युक्त, बालू और कीच से संदुष्ट, खारगड्ढों से प्रदूषित स्थल में चित्त को न जानने वाला जो बिना उपायों के वाहन किया करता है वह अश्व के द्वारा ही पीठ पर बिना कटिबन्ध के स्थित वहन किया जाता है। ऐसे पुरुष को बुद्धिमानों में श्रेष्ठ पुण्यात्मा किसी का छात्र विज्ञापित करा देना चाहिए ॥४॥५॥६॥ अभ्यास और अभियोग से बिना शास्त्र के ज्ञान के अज्ञ—से ही अश्ववाहन करता है उसे स्नान करके और पूर्व की ओर मुख करके शरीर पर देवों को योजित करना चाहिए ॥७॥ आदि में प्रणव और अन्त में नमः—यह शब्द लगाकर स्व बीज से चित्त में ब्रह्मा का, बल में विष्णु का और पराक्रम में वैनतेय को रखना चाहिए ॥८॥

पार्श्वे रुद्रा गुरुर्दौ विश्वे देवाश्च मर्मसु ।
दृगावर्ते ह्यग्नीन्द्रवह्नी स्वर्गायोरश्विनौ तथा ॥९
जठरेऽग्निः स्वधा स्वेद वाग्जिह्वायां जवेऽनिल ।
पृष्ठे नाकपृष्ठस्तु खुराग्रे सर्वपर्वता ॥१०
ताराश्च रोमकूपेषु हृदि चान्द्रमासी कला ।
तेजस्याग्नी रति श्रोण्यां ललाटे च जगत्पति ॥११

ग्रहाश्च हृंषिते चैव तथैवोरसि वासुकिः ।
उपेपितोऽर्चयेत्सादी हय दक्षश्रुतौ जपेत् ॥१२
हय गन्धर्वराजस्त्वं शृणुष्व वचन मम ।
गन्धर्वकुलजातस्त्वं मा भूस्त्व कुलदूषक. ॥१३
द्विजाना सत्यवाक्येन सोमस्य गरुडस्य च ।
रुद्रस्य वरुणस्यैव पवनस्य बलेन च ॥१४
हुताशनस्य दीप्त्या च स्मर जाति तुरगम ।
स्मर राजेन्द्रपुत्रस्त्वं सत्यवाक्यमनुस्मर ॥१५
स्मर त वारुणी कन्या स्मर त्व कौस्तुभ मणिम् ।
क्षीरोदसागरे चैव मथ्यमाने सुरासुरैः ॥१६
तत्र देवकुले जात. स्ववाक्य परिपालय ।
कुले जातस्त्वमश्वाना मित्र मे भव शाश्वतम् ॥१७

पार्श्व भाग मे रुद्र, बुद्धि मे गुरु, मर्म भागो मे देवगण, इगावर्त नेत्रो मे इन्दु और सूर्य, कानो मे अश्विनीकुमार, पेट मे अग्नि, पसीने मे स्वधा, जिह्वा मे वाग्देवता, वेग मे अनिल, पृष्ठ भाग मे नाकपृष्ठ, खुरो के अग्रभाग में समस्त पर्वत, रोमकूपो मे तारागण, हृदय मे चन्द्रमा की कला, तेज मे अग्नि, श्रोणी मे रति, ललाट प्रदेश मे जगत् के स्वामी, हृंषित (हिनहिनाना) मे ग्रहगण, उर स्थल मे वासुकि का ध्यान करके सादी (सवार होने वाले) को हय का उपोषित रहकर अर्चन करना चाहिए तथा दक्ष श्रुति मे जप करना चाहिए ॥ ॥६ से १२॥ अश्व के समक्ष उसका पूजन करने के पश्चात् कहे—हे अश्व ! आप गन्धर्व राज है, मेरे वचन का श्रवण करो। आप गन्धर्व कुल मे उत्पन्न हुए है। इसलिये आप कुल का दोष लगाने वाले मत होवो ॥१३॥ ब्राह्मणो के सत्य वाक्य से सोम, गरुड, रुद्र, वरुण और पवन के बल से तथा हुताशन (अग्नि) की दीप्ति से हे तुरङ्गम ! अपनी जाति का स्मरण करो। तुम राजेन्द्र के पुत्र हो—इसका स्मरण करो और सत्य वचनो का अनुस्मरण कर लो ॥१४।१५॥ तुम वारुणी कन्या का स्मरण करो और तुम कौस्तुभ मणि की याद करो। सुर और असुरो के द्वारा क्षीर सागर के मन्थन किये जाने पर वहाँ देव कुल मे

आप उत्पन्न हुए हैं। अत अपने वाक्य का पालन करो। आप अश्वों के कुल में अब उत्पन्न हुए है। इसलिए मेरे सर्वदा रहने वाले मित्र हो जाओ ॥१६।१७॥

शृणु मित्र त्वमेतच्च सिद्धो मे भव वाहन।
विजय रक्ष मा चैव समरे सिद्धिमावह ॥१८
तव पृष्ठ समारुह्य हता दैत्या सुरै पुरा।
अधुना त्वा समारुह्य जेष्यामि रिपुवाहिनीम् ॥१६
कर्णे जाप तत कृत्वा विमुह्य च तथाऽश्वरोन्।
पर्यानियद्धय सादी वाहयेद् युद्धगो जयम् ॥२०
सजाता स्वशरीरेण दोषा प्रायेण वाजिनाम्।
हन्यन्तेऽतिप्रयत्नेन गुणा सादिवरै पुन ॥२१
सहजा इव दृश्यन्त गुणा सादिवरोद्भवा,।
नाशयन्ति गुणानन्ये सादिन सहजानपि ॥२२
गुणानेको विजानाति वेत्ति दोषास्तथाऽपर।
धन्यो धीमान्द्वय वेत्ति नोभय वेत्ति मन्दधीः ॥२३
अकर्मज्ञाऽनुपायज्ञा वेगासक्ताऽपि कोपन।
जमदण्डरानिश्चितो य शस्ताऽपि न शस्यते ॥२४

हे मित्र ! सुनो तुम मेरे वाहन सिद्ध हो गये हो अब तुम मेरी और विजय की रक्षा करो और सग्राम म सिद्धि प्रदान करो ॥१८॥ पहिले प्राचीन समय म देवगण ने तुम्हारी पीठ पर चढ़कर दैत्यो को युद्ध म मारा था, अब मैं तुम्हारी पीठ पर चढ़कर शत्रु की सेना को जीतूँगा ॥१६॥ इस प्रकार मे अश्व के कान म इसका सुनाकर फिर शत्रुओ को विमोहित करके सादी (सवार) को अश्व पर पर्यानियन करना चाहिए और इसके विधान से युद्ध स्थान म जाने वाला सवार जय प्राप्त कर ॥२०॥ अपने शरीर स प्राय अश्वो के दोष उत्पन्न हो जाते हैं जिनका हनन किया जाता है। सादियो को पुन अत्यन्त प्रयत्न से गुण उत्पन्न करने चाहिए ॥२१॥ सादि श्रेष्ठो के उत्पन्न गुण स्वाभाविक से दिखलाई दिया करते है। सादिगण (सवार) उनके सहज गुणो को भी नष्ट कर

दिया करते हैं ॥२२॥ एक तो उनके गुणों को जानता है और दूसरा उनके दोषों का ज्ञान रखता है। वह बुद्धिमान् पुरुष धन्य है जो अश्व को पहिचानता है। जो मन्दबुद्धि वाला होता है वह दोनों बात नहीं जानता है। ॥२३॥ धर्म का ज्ञान न रखने वाला, उपायों को नहीं जानने वाला, वेगासक्त क्रोधी, जय, दण्ड में रति रखने वाला जो चित्त होता है वह प्रशस्त होता हुआ भी प्रशंसनीय नहीं कहा जाता है ॥२४॥

उपायज्ञोऽथ चित्तज्ञो विशुद्धो दोषनाशनः।
गुणार्जनपरो नित्यं सर्वकर्मविशारदः ॥२५
प्रग्रहेण गृहीत्वाऽथ प्रविष्टो वाहभूतलम्।
सव्यापसव्यभेदेन वाहनीयः सुसादिना ॥२६
आरुह्य सहसा नैव ताडनीयो हयोत्तमः।
ताडनाद् भयमाप्नोति भयान्मोहश्च जायते ॥२७
प्रातः सादी प्लुतैर्नैव वल्गामुद्धृत्य चालयेत्।
मन्द मन्द विना नाल धुतवल्गो दिनान्तरे ॥२८
प्रोक्तमाश्वसम साममेदोऽश्वेन नियोज्यते।
कशादिताडन दण्डो दान कालसहिष्णुता ॥२९
पूर्वपूर्वविशुद्धौ तु विदध्यादुत्तरोत्तरम्।
जिह्वातले विना योग विदध्याद्वाहने हये ॥३०
गुणोत्तरशता वल्गा सृक्कण्या सह गाहयेत्।
विस्माय वाहन कुर्याच्छिथिलानां शनैः शनैः ॥३१
हयजिह्वाङ्गमाहीने जिह्वाग्रन्थि विमोचयेत्।
यावता मोचवेत्तावद्यावत्स्तोभ न मुञ्चति ॥३२

जो उपायों का ज्ञाता, चित्त का ज्ञान रखने वाला, विशुद्ध और दोषों का नाश करने वाला तथा गुणों का अर्जन करने वाला होता है वह नित्य ही समस्त कर्मों का पण्डित होता है ॥२५॥ बागडोर को प ड़ कर सवारी करके

भूतल म प्रवेश करने वाले दाँये, बाँय व भेद से अच्छे सवार को अश्व का वाहन करना चाहिए ॥२६॥ तुरन्त चढ़ते ही उत्तम अश्व को ताडित नहीं करना चाहिए। ताडन करने से अश्व भय को प्राप्त हो जाता है और भय से फिर उसे मोह उत्पन्न होता है ॥२७॥ प्रातःकाल में सादी प्लुत गति से ही वल्गा (लगाम) को पकडकर उसे चलाना चाहिए। धीरे धीरे नाल के बिना वल्गा को पकडकर दिनान्तर म चलावे ॥२८॥ अश्व म रम्य चित साम भेद बताया गया है। इसी रीति से अश्व का नियोजन किया जाता है। कशा (चाबुक) आदि से उसका ताडन करना दण्ड दान और काल सहिष्णुता है ॥२९॥ पूर्व पूर्व की विशुद्धि होने पर उत्तर उत्तर को करना चाहिए। इसके वाहन करने म वल्गा को बिना योग के जिह्वा के तल म करना चाहिए। ॥३०॥ गुणोत्तरयत वल्गा (लगाम) को सृक्किणी (मुँह की अगल-बगल की बाही) के साथ वाहन करना चाहिए। वाहर को विश्रामित करके शिथिला को धीरे धीरे करे ॥३१॥ अश्व के जिह्वाग्र को आहीन होने पर जिह्वा की ग्रन्थि को छुडा देना चाहिए। जब तक स्तोभ का त्याग नहीं करता है तब तक गाढता को नहीं छुडाना चाहिए ॥३२॥

कुर्याच्छिथिलमुरस्त्राणमविनाश च मुञ्चति ।
ऊर्ध्वानन स्वभावाद्यस्तस्योरस्त्राणमश्लथम् ॥३३
विधाय वाहयेद् दृष्ट्वा लीलया मादिसत्तम ।
तस्य संयन पूर्वगा संयुक्त सव्यवल्गया ॥३४
स कुर्यात्पश्चिम पाद गृहीतस्तेन दक्षिण ।
प्रयोगानेन या वामे युक्त वामवल्गया ॥३५
पादौ तेनापि पाद स्याद् गृहीता वाम एव हि ।
अग्र चेच्चरणे त्यक्त जायते सुदृढासनम् ॥३६
यो हतो दुष्करे चात्र मादके नाटकायनम् ।
गव्यहीन गतौरन्ध्रा हनने गुणान तथा ॥३७
स्वभाव हि तुरगस्य मुख्यःशायस्त न पुन ।
न चास्य तुरङ्गाणा पादग्रहणाहनव ॥३८

विश्वस्तं हयमालोक्य गाढमापीड्य चाऽऽसनम् ।
शोधयित्वा मुखे पादं ग्राह्यते लोकनं हितम् ॥३९
गाढमापीड्य रागाभ्यां वल्गामाकृष्य गृह्यते ।
तद्बन्धनाद्युगपादं तद्ग्रहणमुच्यते ॥४०

शत उरस्त्राण को करे और अविश्वास को त्याग देता है। जो स्वभाव से ऊपर को मुँह करने वाला हो उसका उरस्त्राण अवश्य होता है ॥३३॥ श्रेष्ठ सवार को ऐसा करके दृष्टि से लोला पूर्वक उसका वाहन करना चाहिए। उसके पूर्व सव्य (दक्षिण) से संयुक्त को सव्य वल्गा से पश्चिम पाद को जो करता है उससे दक्षिण गृहीत होता है। इसी क्रम से जो वाम (बाँई) वल्गा (लगाम) से वाम में करता है उससे भी वाम ही पाद गृहीत होता है। यदि अग्र चरण का त्याग कर दिया जावे तो इसके करने पर मुद्गासन हो जाता है ॥३४॥३५॥३६॥ जो दोनों हृत हों तो दुष्कर मोटक में नाटकायन होता है। सव्य से हीन हनन में तथा मुख न में स्वीकार होता है। फिर मुख का आवर्तन करना अश्व का स्वभाव होता है। इस प्रकार से अश्वों के पादग्रहण के हेतु नहीं होते हैं ॥३७॥३८॥ अश्व को पूर्णतया विश्वस्त देखकर फिर खूब देखकर आसन का प्रपीडन करे। मुख में शोधन करके पाद का ग्रहण कराने वाले का वह लोकन होता है ॥३९॥ दोनों रागों से गाढ रूप से आपीडन करके वल्गा को खींच कर ग्रहण किया जाता है। उसके बन्धन से युग पाद होता है इसी भाँति बन्धन कहा जाता है ॥४०॥

संयोज्य वल्गया पादान्वरणामालोच्य वाञ्छितम् ।
बाह्यपार्ष्णिप्रयोगात्तु यत्र तन्मोटनं मतम् ॥४१
प्रलया विप्लवे ज्ञात्वा क्रमेणानेन बुद्धिमान् ।
मोटनेन चतुर्थेन विधिरेष विधीयते ॥४२
नाऽऽवर्त्तेऽश्वश्च य पादं योऽश्वो लङ्घनमण्डले ।
मोटनोद्वर्तनाभ्यां तु ग्राहयेत्पादमीदृशम् ॥४३
वर्तयित्वाऽऽसने गाढं मन्दमादाय यो व्रजेत् ।
ग्राह्यते संग्रहाद्येन तत्संग्रहणमुच्यते ॥४४

हत्वा पार्श्वप्रहारेण व्यान यो व्यग्रमानसम् ।
वल्गामाकृष्य पादेन ग्राह्य कण्टकपायनम् ॥४५
उल्केण योऽ भिणाऽनेन पार्ष्णिघातास्तुरगम ।
गृह्यते यत्खलीकृत्य खलीकार स चेष्यते ॥४६
गतित्रये प्रिय पादमादत्ते नैव वाञ्छित. ।
हत्वा तु यत्र दण्डेन गृह्यते हनन हि तत् ॥४७
खलीकृत्य चतुष्केण तुरङ्गो वल्गाऽन्य ।
उच्छ्वास्य ग्राह्यतेऽन्यत्र तस्मादुच्छ्वासन पुन. ॥४८

वल्गा स पादो को सयोजित करके और वल्गा को वाञ्छित देखकर वाह्य पार्ष्णि प्रयोग से जहाँ होता है वह मोटन कहा जाता है ॥४१॥ इस क्रम से बुद्धिमान् विप्लव मे प्रलया का ज्ञान करे और चतुर्थ मोटन से इसका विधान किया जाता है ॥४२॥ जो अश्व लङ्घन मण्डल मे नीचे की ओर पैर को नही रखता है। ऐसे पाद को मोटन और उद्वर्तन से ग्रहण करना चाहिए ॥४३॥ आसन पर गाढ रूप से वण्टन करके जो धीरे से लेकर जाता है और जहाँ सग्रह से ग्रहण कराया जाता है वह सग्रहण कहा जाता है ॥४४॥ व्यान मे स्थित पाश्व भाग मे प्रहार से व्यग्र मन वाले को हनन करके तथा वल्गा को खीच कर पैर से कण्टकपायन ग्रहण करने के योग्य हो और जो अश्व उल्क स चरण के द्वारा पार्ष्णिघातो को मदकर ग्रहण किया जाता है वह खली-करण होने स खलीकार कहा जाता है ॥४५ ४६॥ तीन गतियो मे प्रिय और वाञ्छित जो पाद को नही रखता है और जहाँ पर दण्डे से हनन करके ही ग्रहण किया जाता है वह हनन कहा जाता है ॥४७॥ चतुष्क के द्वारा खली-करण करके अन्य वल्गा से तुरङ्ग उच्छ्वसित करके अन्यत्र ग्रहण किया जाता है इसम उस उच्छ्वासन कहते हैं ॥४८॥

स्वभावादवहिरस्यन्त तस्या दिशि तदाननम् ।
नियोज्य ग्राह्येत्तत्तु मुखव्यावर्तन मतम् ॥४९
ग्राहयित्वा तत पाद त्रिविधानु यथाक्रमम् ।
साधयेत्तश्वधारासु क्रमशोमण्डलादिषु ॥५०

आजानूर्ध्वानन वाह शिथिल वाहयेत्सुधी ।
अङ्गेषु लाघव यावत्तावत्त वाहयद्धयम् ॥५१
मृदु स्कन्धे लधुवक्त्रे शिथिल सवसंधिषु ।
यदा स सादिना वश्य सगृह्णीयात्तदाहयम् ॥५२
न त्यजेत्पश्चिम पाद यदा साधु भवेत्तदा ।
तदाऽऽकृष्टिंविधातव्या पाणिभ्यामिह वल्गया ॥५३
एकाङ्घ्रिको यथा तिष्ठेदुद्ग्रीवाश्व समानन ।
धरायां पश्चिमौ पादावन्तरिक्षे यदाश्रयौ ॥५४
तदा सधारण कुर्याद्गाढबाहु च मुष्टिना ।
सहसैव समाकृष्टो यस्तुरगो न तिष्ठति ॥५५
शरीर विक्षिपन्त च साधयेन्मण्डलभ्रमै ।
क्षिपेत्स्कन्ध च यो वाह स च स्थाप्या हि वल्गया ॥५६

स्वभाव स बाहिर होने वाले के उसी दिशा म उसके मुख को नियोजित करके ग्रहण कराव । इसको मुख व्यावत्तन कहा गया है ॥४६॥ इसके पश्चात् ग्रहण कराकर क्रमानुसार पाद को तीन प्रकार की पञ्चधाराओ म और मण्डलादि मे साधन कराना चाहिए ॥५०॥ बुद्धिमान् को जानुपयन्त ऊर्ध्व आनन (मुख) वाला शिथिल वाहन करना चाहिए । अङ्गो मे जितना लाघव हो उतना ही अश्व का वाहन करना चाहिए ॥५१॥ स्कन्ध म मृदु (मुलायम) मुख म लघु और समस्त सधियो म शिथिल वह जब सवारी करने वाले के वशगत हो जाय तब ही अश्व का सग्रहण करना चाहिए ॥५२॥ जिस समय मे साधु हो तो पिछल पाद को नही त्यागना चाहिए । उस समय म हाथो स वल्गा (लगाम) के द्वारा आकृष्टि (खिंचाव) करना चाहिए । ॥५३॥ जिस प्रकार स एक पैर वाला ऊपर को ग्रीवा (गरदन) करके सम न मुख वाला अश्व खडा हो और भूमि म पिछले दोनो पैर अन्तरिक्ष म आश्रित हो उस समय सधारण करना चाहिए और मुष्टि से गाढ वाहु करे । इस प्रकार स तुरन्त ही समाकृष्ट (भली भांति म खींचा हुआ) अश्व स्थित न होवे और शरीर का विक्षेपण करता हुआ रह तो उसका मण्डल भ्रमा के

द्वारा साधन करना चाहिए । जो बाण कन्धे का क्षेपण करे उसे वल्गा के द्वारा स्थापित करना चाहिए ॥५४॥५५॥५६॥

गोमय लवण मूत्र वर्जयित मृत्समन्वितम् ।
अ गलेपो मक्षिकादिदशश्रमविनाशन. ॥५७
मध्ये भद्रादिजातीना मण्डो देयो हि सादिना ।
दशन सूक्ष्मकीटस्य निरुत्साह क्षुधा हय ॥५८
यथा वश्यस्तथा शिक्षा विनश्यन्त्यतिवाहिता. ।
अवाहिता न सिध्यन्ति तुङ्गवक्त्राश्च वाहयेत् ॥५९
सपीडय जानुयुग्मेन स्थिरमुष्टिस्तुरङ्गमम् ।
गोमूत्रा कुटिला वेणी पद्ममण्डलमालिका ॥६०
पञ्चोलूखलिका कार्यं गवितास्तेऽतिकीर्तिता ।
सक्षिप्त चैव विक्षिप्त कुञ्चित च यथाचितम् ॥६१
वल्गिनाग्रलिगनौ चैव षोढा चेत्यमुदाहृतम् ।
वीथी धनु शत यावदशीतिर्नवतिस्तथा ॥६२
भद्र सुसाध्यो वाजी स्यान्मन्दो दण्डैकमानस ।
मृगजङ्घो मृगो वाजी सर्वाणिस्तत्समन्वयात् ॥६३
शर्करामधुलाजाद मुगन्धोऽश्व शुचिर्द्विज ।
तेजस्वी क्षत्रियश्चाश्वो विनीतो बुद्धिमाश्च य ॥६४
शूद्राऽशुचिश्चलो मन्दो विरूपो विमति खल ।
वल्गया धार्यमाणोऽश्वो लालक यश्च दर्शयेत् ॥६५
भारेद्र योजनीयोऽश्वो मग्रहग्रहमोक्षणं ।
अश्वादिलक्षण वक्ष्ये शालिहोत्रो यथावदत् ॥६६

गोमय (गोबर) लवण (नमक) और मिट्टी से युक्त मूत्र का वर्जन करके म गो म लप करे तो मक्खी आदि क दशन से जो अश्व को श्रम होता है उसका नाश हो जाता है ॥५७॥ मध्य मे सादी के द्वारा भद्रादि जातियों का मण्ड देना चाहिए । इससे सूक्ष्म कीटों के दशन से जो उत्साह हीनता और क्षुधा का अभाव होता है वह अश्व का नष्ट हो जाता है ॥५८॥ जब जैसा

हो वह वश्य हो जावे वैसे ही प्रति वाहन वाली शिक्षा नष्ट हो जाती हैं। अवाहित शिक्षा सिद्ध नहीं होती है। अतएव तुरङ्ग अश्वों का वाहन करना चाहिए ।।५६।। दोनों जानुओं से (घुटनों से) भली-भाँति पीडन करके स्थिर मुष्टि होकर गोमूत्र, कुटिला, वेणी, पद्ममडल मालिका, पञ्चोलूखलिका, गर्विता, अतिकीर्त्तिता वलित, अवलित ये इस प्रकार से सोलह मुद्रा बताई गई हैं इन्हें करना चाहिए। मार्ग मे भी धनुष पर्यन्त तथा अस्सी और नब्बे धनुष पर्यन्त मुसाधित करना चाहिए। इससे वह वश मे हो जाता है। जो अश्व मन्द, दर्दकमानस, मृगजङ्घ, मृगवाची, सत्तमन्वय से सकीर्ण, शर्करा मधु लाजाद और सुगन्ध तथा शुचि होना है वह द्विज होता है। जो तेजस्वी होता है वह अश्व क्षत्रिय है जो कि विनीत और बुद्धिमान् होता है। शूद्र अश्व अशुचि, चञ्चल, मन्द, विरूप, विमति, खल और लगाम के द्वारा धार्यमाण होता है और जो लालक (लार वाला) दिखाता है। इस अश्व को भी भार-युक्त करके बागडोर को ग्रहण एवं मोक्षणके द्वारा योजन करना चाहिए। अब अश्वादि का लक्षण बतलाऊँगा जैसा कि शालिहोत्र ने कहा था। ६० से ६६ तक।।

१२६—अश्वचिकित्सा

अश्वाना लक्षरा वक्ष्ये चिकित्सां चैव सश्रुत ।
हीरदन्तो विदन्तश्च कराल' कृष्णतालुक, ।।१
कृष्णजिह्वश्च यमजोऽजातमुष्कश्च यस्तथा ।
द्विशफश्च तथा शृङ्गी त्रिवर्णो व्याघ्रवर्णक ।।२
खरवर्णो भस्मवर्णो जानवर्णश्च काकदी ।
श्वित्री च काकसादी च खरसारस्तथैव च ।।३
वानराक्ष कृष्णसटा कृष्णगुह्यस्तथैव च ।
कृष्णप्रोथश्च सूकश्च यश्च तित्तिरिसन्निभ. ।।४
विषम: श्वेतपादश्च ध्रुवावर्तविवर्जित. ।
अशुभावर्तसयुक्तो वर्जनीयस्तुरंगम: ।।५

रन्ध्रोपरन्ध्रयोर्द्वौ द्वौ द्वौ मस्तकवक्षसो ।
प्रायेण च ललाटस्थकण्ठावर्ता शुभा दश ॥६
सृक्वण्या च ललाटे च कर्णमूले निगालके ।
बाहुमूले गले श्रेष्ठा आवर्तास्त्वशुभा परे ॥७
शुकेन्द्रगोपचन्द्राभा ये च वायससन्निभा ।
सुवर्णवर्णा स्निग्धाश्च प्रशस्तास्तु सदैव हि ॥८

शालिहोत्र ने कहा—हे सुश्रुत ! अब मैं अश्वों का लक्षण और उनकी चिकित्सा को बतलाऊँगा । अब यह बताया जाता है कि किन-किन लक्षणों वाले अश्व का त्याग कर देना चाहिए । जो अश्व हीरदन्त हो—विदन्त—कराल—कृष्ण तालु वाला—कृष्ण जिह्वा वाला—यमज—अजात मुष्क—द्विशफ—शृङ्गी—त्रिवर्ण (तीन वर्णों वाला)—व्याघ्र जैसे वर्ण वाला—खर (गधा) के समान वर्ण वाला—भस्म के तुल्य वर्ण वाला—जात वर्ण—काकुदी और श्वित्री—काकसादी—तथा खर सार—वानर जैसी आँखों वाला—कृष्ण सटा कृष्ण गुह्य—कृष्ण प्रोथ—शूर—तित्तिर के तुल्य—विषम—श्वेतपाद—ध्रुवावर्त रहित और अशुभ आवर्तों से संयुक्त जो अश्व हो वह वर्जन करने के योग्य होता है अर्थात् अशुभ एवं ग्रहण न करने योग्य है ॥१।२।३।४।५॥ रन्ध्र उपरन्ध्र पर दो और मस्तक तथा वक्ष स्थल पर दो-दो तथा प्राय ललाट और कण्ठ पर स्थित रहने वाले दश आवर्त शुभ हुआ करते है ॥६॥ सृक्विणी पर—ललाट मे—कर्णमूल मे—निगालक मे—बाहुमूल मे और गले मे जो आवर्त होते हैं वे श्रेष्ठ माने जाते हैं शेष स्थानो पर आवर्त अशुभ कहे गये हैं ॥७॥ शुक—इन्द्रगोप और चन्द्र जैसी आभा वाले तथा वायस (कौआ) के तुल्य एवम् सुवर्ण जैसे वर्ण वाले और स्निग्ध जो अश्व होते हैं वे प्रशस्त अर्थात् बहुत अच्छे सदा ही माने गये है ॥८॥

दीर्घग्रीवाक्षिकूटाश्च ह्रस्वकर्णाश्च शोभना ।
राज्ञा तुरङ्गमा यत्र विजय वर्जयेत्तत ॥९
पालितस्तु हयो दन्ती शुभदो दुःखदोऽन्यथा ।
प्रिय पुत्रास्तु गन्धर्वा वाजिनो रत्नमुत्तमम् ॥१०

अश्वमेधे तु तुरग पवित्रत्वात् हूयते ।
वृषो निम्बबृहत्यौ च गुडूची च समाक्षिका ॥११
सिड्घाणकहरी पिण्डो स्वेदश्च शिरसस्तथा ।
हिङ्ग॰पुष्करमूल च नागर साम्लवेतसम् ॥१२
पिप्पलीसैन्धवयुत शूलघ्न चोष्णवारिणा ।
नगरातिविषा मुस्ता सानन्ता विल्वमालिका ॥१३
क्वाथमेषा पिवेद्वाजी सर्वातीसाग्नाशनम् ।
प्रियगुसारिवाभ्या च युक्तमाज श्रृत पय ॥१४
पर्याप्तशर्कर पीत्वा श्रमाद्वाजी विमुच्यते ।
द्रोणिकाया तु दातव्या तैलवस्तिस्तुरगमे ॥१५

दीघ (लम्बी) ग्रीवा (गरदन) वाले—अक्षिकूट—ह्स्वकण (छोटे कानों वाले) अश्व शोभन होत हैं। जहाँ पर राजाओ के ऐसे अश्व हो वहाँ विजय को वर्जित कर देना चाहिए। पालित अश्व और हाथी सुख देने वाला होता है अ यथा दु खदायी होना है। य अश्वो के पुत्र और गन्धव होत हैं तथा उत्तम रत्न के समान हैं ॥६।१०॥ अश्वमध यज्ञ म पवित्र होने से अश्व का आह्वान किया जाता है। वृष—निम्ब—बृहती—गिलोय—माक्षिक के सहित सिड घाण, कहरी पिण्डी तथा शिरका स्वेद—हिंगु—पुष्करमूल—नागर—अम्ल वेतस पिप्पली—सैंधव स युक्त गम पानी क साथ शूल का नाश करते हैं। नगर—प्रतिविषा—मुस्ता—अनन्त—विल्वमालिका इनका क्वाथ घोडा का पिलाया जावे तो सब प्रकार के अतीसार का नाश हो जाता है। प्रियगु सारिवा स युक्त अज (बकरी का) श्रृत दुग्ध अच्छी शक्कर स युक्त बनाकर पिलाया जावे तो अश्व श्रम का त्याग करता है अर्थात् अत्यन्त थकान से छूट जाता है। द्रोणिका म घाडे को तैल की वस्ति (एनीमा) देनी चाहिए।६।१०।११।१२।१३।१४।१५।

कोष्ठजा वा शिरावध्नास्तन तस्य सुख भवत् ।
दाडिम त्रिफला व्योष गुडश्च समभावित ॥१६
पिण्डमेतत्प्रदातव्यमश्वाना कार्श्यनाशनम् ।
प्रियगुलोध्रमधुभिः पिबेद्वृषरस हय ॥१७

क्षीरं वा पञ्चकोलाद्यं कासनाद्धि प्रमुच्यते ।
प्रस्कन्धेषु च सर्वेषु श्रेयं आदौ विशोधनम् ॥१८
अभ्यङ्गोद्वलनस्नेहनस्यवर्तिक्रम स्मृत ।
ज्वरितानां तुरङ्गाणां पयसैव क्रियाक्रम ॥१९
लोध्रकरञ्जयोर्मूलं मातुलुङ्गाग्निनागरा ।
कुष्ठ हिंगु वचा रास्ना लेपोऽयं शोथनाशनः ॥२०

अथवा कोष्ठज शिरा का वेधन करना चाहिए । इसके करने से अथवा दुग्ध दूर हो जाता है । दाडिम (अनार) त्रिफला, त्र्योष और समभावित गुड इनका पिण्ड बनाकर देना चाहिए । इससे अश्वों में जो कृशता (दुबलापन) है वह नष्ट हो जाती है ॥१६॥ प्रियंगु लोध्र और मधु के साथ दुग्ध का रस अश्व को पिलाना चाहिए ॥१७॥ अथवा पञ्च कोलादि क्षीर के पीने से खाँसी में प्रमुक्ति हो जाती है । समस्त प्रस्कन्धों में आदि में विशोधन करना कल्याणप्रद होता है ॥१८॥ अभ्यङ्ग, उद्वर्तन स्नेह, नस्य और वर्ति का क्रम ज्वर वाले अश्वों का पय से ही क्रिया क्रम किया जाता है ॥१९॥ लोध्र और करञ्ज का मूल मातुलुङ्ग अग्नि (चित्रक) और नागर, कुष्ठ, हिंगु (हींग), वच, रास्ना इनका लेप शोथ का नाशक होता है ॥२०॥

मञ्जिष्ठा मधुकं द्राक्षा बृहत्यौ रक्तचन्दनम् ।
त्रपुषीबीजमूलानि शृङ्गाटककशेरुकम् ॥२१
अजापयः शृतमिदं सुशीतं शर्करान्वितम् ।
पीत्वा निरशनो वाजी रक्तमेहात्प्रमुच्यते ॥२२
मन्याहनुनिगालस्थशिराशोथो गलग्रहः ।
अभ्यङ्गं कटुतैलेन तत्र तद्वेव नस्यतः ॥२३
गलग्रहगदः शोथः पायसो गलदेशजः ।
प्रत्यक्पुष्पी तथा वह्निः सैन्धवं सौरसो रसः ॥२४
कृष्णाहिंगुयुतैरेभि कृत्वा नस्यं न सीदति ।
निम्ब ज्योतिष्मती पाठा कृष्णा कुष्ठं वचा मधु ॥२५

जिह्वास्तम्भे च लेपोऽयं गुडमूत्रयुतो हितः ।
तिलैर्यष्टया रजन्या च निम्बपत्रैश्च योजिता ॥२६
क्षौद्रेण शोधिनी पिण्डी सर्पिषा व्रणरोपिणी ।
अभिघातेन खञ्जन्ति ये ह्यदवास्तीव्रवेदनाः ॥२७
परिषेकक्रिया तेषां तैलेनाऽऽशु रुजापहा ।
दोषे कोपाभिघाताभ्यां तलजे लिङ्गिते तथा ॥२८
शान्तिर्मत्स्यण्डिवृद्धाभ्यां पक्वभिन्ने व्रणक्रम ।
अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षमधूकवटविल्वकै ॥२९

यदि अश्व को रक्तमेह हो तो उसके शमन करने के लिये मजिष्ठा (मजीठ), मधुर, द्राक्षा (मुनक्का), बृहती, रक्त चन्दन, त्रपुषी बीज और मुन्गशृङ्ग टक (सिंगाड़ा), कशेरुक, बकरी का दूध इन सबको शृत करके ठंडा करे और शर्करा के साथ पिलाया जावे तथा अन्य कुछ भी न खिलावे तो रोग का नाश हो जाता है ॥२१॥२२॥ मन्या, हनु और निगाल में होने वाला तथा शिर का शोथ (सूजन) और गलग्रह कडुवे तेल से अभ्यङ्ग (मर्दन) वहाँ पर करने से लाभ होता है ॥२३॥ गलग्रह का रोग, शोथ, गलदेश में पायस इसम प्रत्यक्पुष्पी, वह्नि, सैन्धव, सौर सरस, कृष्णा, हींग इन सबका नस्य देने से उक्त रोगों का दुःख दूर होता है । दोनों तरह की हल्दी, ज्योतिष्मती, पाठा, कृष्णा, कुष्ठ, रव और शहत इनका लेप जिह्वा के स्तम्भ होने में गुड़ तथा मूत्र के साथ करने से लाभ देने वाला होता है । तिल, यष्टि, रजनी (हल्दी) और नीम के पत्तों से योजित पिण्डी शहत के साथ शोधन करने वाली होती है और घृत के साथ व्रणों का रोपण करने वाली होती है । जो अभिघात से खञ्जन करते हैं और तीव्र वेदना वाले होते हैं उनकी तेल से परिषेक की क्रिया करने पर शीघ्र ही रोग का नाश होता है । कोप और अभिघात से तलज तथा लिङ्गित दोष होने में मत्स्यण्डि और वृद्ध से शान्ति होती है । पक्वभिन्न में व्रणक्रम हो तो पीपल, गूलर, पाकर, महुआ, बड़ और बिल्व के द्वारा अधिक जल का क्वाथ सुखोष्ण करके देवे तो व्रणों का शोधन होता है ॥२४।२५।२६।२७। २८।२९॥

प्रभूतमनिलक्वाथ सुखोष्णो व्रणशोधन ।
शताह्वानागर रास्नामञ्जिष्ठाकुष्ठसैन्धवै ॥३०
देवदारुवचायुग्मरजनीरक्तचन्दन ।
तैल सिद्ध कषायेण गुडूच्या पयसा सह ॥३१
अक्षणे बस्तिनस्ये च योज्य सर्वत्र लिंगिते ।
रक्तस्रावो जलौकाभिर्नेत्रान्ते नेत्ररागिण' ॥३२
खदिरोदुम्बराश्वत्थकषायेण च साधनम् ।
धात्रीदुरालभातिक्ताप्रियंगुकुंकुमं समं ॥३३
गुडूच्या च घृत कल्को हितो युक्तावलम्बिने ।
उत्पाते च शिले श्राव्ये शुष्कशोफे तथैव च ॥३४
क्षिप्रकारिणि दोषे च सद्यो वेधनमिष्यते ।
गोशकृन्मञ्जिकाकुष्ठरजनीतिलसर्षपै ॥३५
गता मूत्रेण पिष्टैश्च मदन कण्डुनाशनम् ।
शीतो मधुयुत क्वाथो नासिकाया सशर्करा ॥३६
रक्तपित्तहर पानदश्वकर्णे तथैव च ।
सप्तमे सप्तमे देयमश्वाना लवण दिने ॥३७

शताह्व, नागर, रास्ना, मजीठ कुष्ठ, सैन्धव, देवदारु, वचा, दोनों हल्दी और रक्त चन्दन के द्वारा सिद्ध किया हुआ तैल गिलोय के क्वाथ और जल के साथ अभ्यग करने मे तथा वस्ति और नस्य कर्म में सर्वत्र लिङ्गित योजित करना चाहिए। नेत्रों के रोगी अश्व के नेत्रान्त मे जो रक्त का स्राव होता है उसके लिए जलौकाओं से और खदिर उदुम्बर,पीपल के क्वाथ के साधन करे। धात्री दुरालभा, तिक्त प्रियगु और कुकुम समभाग और गिलोय के द्वारा किया हुआ कल्क हितप्रद होता है। युक्तावलम्बी के लिए उत्पात मे, शिल में, श्राव्य मे और शुष्क शोफ मे तथा क्षिप्रकारी दोष में तुरन्त वेधन अभीष्ट होता है। गौ का गोबर, मञ्जिका, कुष्ठ हरिद्रा तिल और सरसों गोमूत्र के साथ पीस कर मर्दन करने से कण्डु (खुजली) का नाश हो जाता है। शीत और मधु से युक्त क्वाथ शर्करा के सहित नासिका मे देने से रक्त, पित्त का हरण करता

है। पान करने से तथा प्रसव के काल में दिया जाने से लाभ होता है। हर सातवें दिन में अश्वों को नमक देना चाहिए ॥३० से ३७ तक॥

तथा भक्तवता देया प्रतिपाने च वारुणी।
जीवनीयैः समधुरैर्मृद्वीकाशर्करायुतैः ॥३८
माधिप्पलीकैः शरदि प्रतिपानं सपद्मकैः।
विडङ्गपिप्पलीधान्यशताह्वालोध्रसैन्धवैः ॥३९
सचित्रकैस्तुरगाणां प्रतिपानं हिमागमे।
लोध्रप्रियगुकामुस्तापिप्पलीविश्वभेषजैः ॥४०
सक्षौद्रैः प्रतिपानं स्याद्वसन्ते कफनाशनम्।
प्रियगुपिप्पलीलोध्रयष्ठ्याह्वैः समहौषधैः ॥४१
निदाघे सगुडा देया मदिरा प्रतिपानके।
लोध्रकाष्ठं सलवणं पिप्पल्यो विश्वभेषजम् ॥४२
भवेत्तैलयुतैरेभिः प्रतिपानं घनागमे।
निदाघोद्भूतपित्ता ये शरत्सु पुष्टशोणिता ॥४३

उस प्रकार से नमक देना चाहिए। जीवनीय मधुर से युक्त तथा मृद्वीका और शर्करा के सहित एवं पीपलों से युक्त प्रतिपान शरद ऋतु में देना चाहिए। हिमागम में पद्मक, विडङ्ग, पीपल, धान्य, शताह्व, लोध, सैन्धव, चित्रक से युक्त अश्वों को प्रतिपान देना चाहिए। वसन्त ऋतु में लोध, प्रियगु, मुस्ता, पिप्पली, विश्वभेषज और क्षौद्र के सहित कफ का नाशक प्रतिपान होता है। ग्रीष्म में प्रियगु, पीपल, लोध, यष्टि, महौषध गुड के साथ प्रतिपान में मदिरा देनी चाहिए। वर्षा में जब मेघों का आगम हो तब लोधकाष्ठ, लवण, पीपल, विश्व-भेषज तैल से युक्त करके प्रतिपान देवे। ग्रीष्म में उद्भूत हुए पित्त के दोष शरद ऋतु में पुष्ट शोणित वाले होते हैं ॥३८ से ४३ तक॥

प्रावृड्भिन्नपुरीषाश्च पिबेयुर्वाजिनो घृतम्।
पिबेयुर्वाजिनस्तैलं कफवाताधिकास्तु ये ॥४४
स्नेहात्तापोद्भवो येषां कार्यं तेषां विरूक्षणम्।
त्र्यहं यवागू रूक्षा स्याद्भोजनं तक्रसंयुतम् ॥४५

शरन्निदाघयोः सर्पिस्तैलं शीतवसन्तयोः ।
वर्षासु शिशिरे चैव वस्तौ यमकमिष्यते ।४६
गुवभिष्यन्दिभक्तानि व्यायामं स्नानमातपम् ।
वायुवर्जं च वाहस्य स्नेहपीतस्य वर्जितम् ॥४७
स्नानं पानं सकृत्कुर्यादश्वानां सलिलागमे ।
अत्यर्थं दुर्दिने काले पानमेकं प्रशस्यते ॥४८

वर्षा ऋतु में भिन्न मल वाले घोड़ों को घृत पिलाना चाहिए । जो अश्व कफ और वायु की अधिकता रखते हैं उन्हें तैल ही पिलाना चाहिए ॥४४॥ जिनको स्नेह से वात की उत्पत्ति हुई हो उनका विरूक्षण करना चाहिए । तीन दिन तक रूखी यवागू मट्ठा में युक्त उन्हें भोजन में देनी चाहिए । ४५॥ शरद और ग्रीष्म ऋतुओं में घृत और शीत तथा वसन्त में तैल और वर्षा तथा शिशिर ऋतु में वस्ती कर्म में दोनों को काम में लाना चाहिए ॥४६॥ गुरु,अभिष्यन्दी, भक्त, व्यायाम, स्नान, आतप और वायुवर्जन ये स्नेह का पान किये हुए वाह को निषिद्ध होते हैं ॥४७। सलिलागम में अश्वों को स्नान और पान एक बार कराना चाहिए । दुर्दिन के समय में जबकि अत्यधिकता हो तो एक बार पान प्रशस्त होता है ॥४८॥

युक्तं शीतातपे काले द्विः पानं स्नपनं सकृत् ।
ग्रीष्मे त्रिः स्नानपानं स्याच्चिरं तस्यावगाहनम् ॥४६
निस्तुषाणां प्रदातव्या यवानां चतुराढकी ।
चणकव्रीहिमौद्गानि कलायं वाऽपि दापयेत् ॥५०
अहोरात्रेण चाश्वस्य यवसस्य तुला दश ।
अष्टौ शुष्कस्य दातव्याश्चनुमोऽथ वबुसस्य ॥५१
दूर्वा पित्तं यवः कास बुसश्च श्लेष्मसंततम् ।
नाशयत्यर्जुनः श्वासं तथा वालो बलक्षयम् ॥५२
वातिकाः पैत्तिकाश्चैव श्लेष्मजाः सान्निपातिकाः ।
न रोगाः पीडयिष्यन्ति दूर्वाहारं तुरङ्गमम् ॥५३

द्वौ रज्जुबन्धौ दुष्टाना पक्षयोरुभयोरपि ।
पश्चाद्वन्धश्च कर्त्तव्यो दूरकीलव्यपाश्रय ॥५४
वा सेयस्त्वास्तृते स्थाने कृतधूपनभूमय ।
यत्नोपन्यस्तयवसा. सप्रदीपा सुरक्षिता ॥५५
कृकवाकजकेपेया धार्याश्चाश्वगृहे मृगा ॥५६

शीतातप काल मे दो बार पान और एक बार स्नपन युक्त होता है । ग्रीष्म ऋतु मे तीन बार स्नान और पान कराना चाहिए । देर तक अवगाहन करावे ॥४६॥ बिना तुष वाले यवों की चतुराढकी देनी चाहिए । चणक (चना), व्रीहि और मूग का कलाय भी खिलाना चाहिए ॥५०॥ अहोरात्र मे अर्थात् दिनरात के चौबीस घण्टों मे अर्ध यवस की दश तुला तथा शुष्क की आठ एव चार देनी चाहिए । बुद्धिमान् को दूर्वा (दूब) पित्त को, यव खाँसी को, बुश (भुस) कफ के सचय को नष्ट करता है । अर्जुन श्वास को तथा बाल बल के क्षय को नष्ट किया करता है । जो घोड़ा दूब खाता है उस वातिक (वायु के), पैत्तिक (पित्त के दोष वाले), श्लैष्मज (कफ से उत्पन्न) तथा सान्निपातिक अर्थात् तीनों दोषों के कोप से होने वाले रोग नहीं सताते है । ॥५१॥५२॥५३॥ दुष्ट प्रकृति वाले अश्वों के दो रस्सी के बन्ध दोनों पक्षों मे होते हैं । पीछे दूर कील के व्यपाश्रय वाला बन्ध करना चाहिए ॥५४॥ खुले एव विस्तृत स्थान मे इनको निवास देना चाहिए । उस भूमि पर धूपन करना चाहिए । यवसों को यत्नपूर्वक उपन्यस्त करे । ये स्थान प्रदीप वाले एव सुरक्षित होने चाहिए । अश्वगृह मे कृक वाकु अजक पय वाले मृग रखने चाहिए । ॥५६॥

१२७—अश्वशान्ति

अश्वशान्ति प्रवक्ष्यामि वाजिरोगविमर्दनीम् ।
नित्या नैमित्तिकी काम्या त्रिविधा शृणु सुश्रु्त ॥१
शुभे दिने श्रीधर च श्रियमुच्चैःश्रव सुतम् ।
हयराज समभ्यर्च्य साविर्त्र जुहुयाद् घृतम् ॥२

द्विजेभ्यो दक्षिणा दद्यादश्ववृद्धिस्ततो भवेत् ।
अश्वयुक्शुक्लपक्षस्य पञ्चदश्या च शान्तिकम् ।।३
वह्निं कुर्याद्विशेषेण नासत्यौ वरुणं यजेत् ।
समुल्लिख्य ततो देवीं शाखाभि: परिवारयेत् ।।४
घटान्सर्वरसैः पूर्णान्दिक्षु दद्यात्सवस्त्रकान् ।
यवाज्य जुहुयात्प्रार्च्य यजेदश्वांश्च साश्विनान् ।।५
विप्रेभ्यो दक्षिणा दद्यान्नैमित्तिकमतः शृणु ।
मकरादौ हयानां च पश्चाद्विष्णुं श्रियं यजेत् ।।६
ब्रह्माणं शङ्करं सोममादित्यं च तथाऽश्विनौ ।
रेवन्तमुच्चैःश्रवसं दिक्पालांश्च दलेष्वपि ।।७
प्रत्येकं पूर्णकुम्भेषु वेद्यां तत्सौम्यतां हुनेत् ।
तिलाक्षताज्यसिद्धार्थान्देवतानां शतं शतम् ।।
उपोषितेन कर्तव्यं कर्म चाश्वरुजापहम् ।।८

शालिहोत्रजी ने कहा—अब मैं अश्वों के रोगों का विमर्दन करने वाली अश्व शान्ति का वर्णन करूँगा । हे सुश्रुत ! वह नित्य नैमित्तिक, काम्य अनेक प्रकार की होती है । तुम उसका श्रवण करो ।।१।। किसी शुभ दिन में भगवान् श्रीधर श्री और उच्चैः श्रवा के पुत्र हयराज का अभ्यर्चन करे और गायत्री मन्त्र के द्वारा घृत का हवन करना चाहिए ।।२।। इसके अनन्तर ब्राह्मणों को दक्षिणा देवे । इससे अश्व की वृद्धि होती है । अश्व युक् को शुक्ल पक्ष की पञ्चदशी तिथि में शान्तिक कर्म वाह्नि करना चाहिए । विशेष रूप से नासत्यौ वरुण का यजन करे । फिर देवी का समुल्लेख करके शाखाओं से परिवारित करना चाहिए ।।३।।४।। समस्त रसों से भरे हुए घटों को दिशाओं में वस्त्र के सहित स्थापित करे । यव और घृत के द्वारा हवन करे और समर्चन करे तथा अश्विनीयों के सहित अश्वों का यजन करना चाहिए ।।५।। ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिए । इसके आगे अब नैमित्तिक को सुनो । मकर आदि में अश्वों का, विष्णु का तथा श्री का पद्मों में यजन करना चाहिए ।।६।। ब्रह्मा, शङ्कर, सोम, आदित्य, अश्विनी कुमार, उच्चैःश्रवा और दलों में

दिक्पालों का यजन करे। प्रत्येक को पूर्ण कुम्भों में वेदी मे उनकी सौम्यता के लिये हवन करना चाहिए। प्रत्येक देवता के लिये तिल, अक्षत, घृत और सिद्धार्थ की सौ सौ आहुतियाँ देनी चाहिए। यह कर्म करने वाले को उपोषित रहते हुए कर्म करना चाहिए। इससे अश्वो के रोगो की शान्ति होती है। ॥३॥८॥

१२८—गजशान्ति

गजशान्ति प्रवक्ष्यामि गजरोगविमर्दनीम् ।
विष्णु श्रियं च पञ्चम्या नागमैरावतं यजेत् ॥१
ब्रह्माणं शङ्कर विष्णु शक्रं वैश्रवणं यमम् ।
चन्द्रार्कौ वरुणं वायुमग्नि पृथ्वीं तथा च खम् ॥२
शेषं शैलान्कुञ्जरांश्च ये तेऽष्टौ देवयोनय ।
विरूपाक्ष महापद्म भद्र सुमनस तथा ॥३
कुमुदैरावण- पद्म पुष्पदन्तोऽथ वामनः ।
सुप्रतीकोऽञ्जनो नागा अष्टौ होमोऽथ दक्षिणाम् ॥४
गज शान्त्युदकं सिक्ता वृद्धो नैमित्तिकं शृणु ।
गजाना मकरादौ च ऐशान्यां नगराद् वहिः ॥५
स्थण्डिले कमले मध्ये विष्णु लक्ष्मीं च केसरे ।
ब्रह्माणं भास्कर पृथ्वी यजेत्स्कन्द ह्यनन्तकम् ॥६
खं शिवं सोममिन्द्रादीस्तदस्त्राणि दले क्रमात् ।
वज्रं शक्तिं च दण्ड च तोमरं पाशकं गदाम् ॥७
शूलं पद्मं वहिर्वृत्ते चक्रे सूर्यं तथाऽश्विनौ ।
वसूनष्टौ तथा साध्यान्याम्येऽथ नैऋते दले ॥८
देवानाङ्गिरसश्चाग्न्यान्भृगूंश्च मरुतोऽनिले ।
विश्वे देवास्तथा वृक्षे रुद्रान्रौद्रेऽथ मण्डले ॥९

श्री शालिहोत्र जी ने कहा—अब मैं गज शान्ति को कहता हूँ जो कि गजों के रोगों का विमर्दन करने वाली होती है। पञ्चमी तिथि मे भगवान्

विष्णु, श्री और ऐरावत का यजन करना चाहिए ।।१।। इनके अतिरिक्त ब्रह्मा शङ्कर, विष्णु, इन्द्र, कुबेर, यम, चन्द्र, सूर्य, वायु अग्नि, पृथ्वी, आकाश, शेष पर्वतगण और कुञ्जरों का यजन करे जोकि आठ देवयोनि होती हैं। उनके नाम ये हैं—विरूपक्ष, महापद्म, भद्र, सुमनस, कुमुदैरावण, पद्म, पुष्पदन्त, वामन, सुप्रतीक अञ्जन ये आठ नाग हैं। इसके अनन्तर होम और दक्षिणा देवे। फिर उन गजों को शान्ति जल से सिक्त करे। अब नैमित्तिक शान्ति के विषय में सुनो मकरादि में अर्थात् मकर सक्रान्ति के आदि में नगर से बाहिर ऐशानी दिशा मे गजों की शान्ति का कर्म होता है। स्थण्डिल में कमल मध्य में विष्णु और लक्ष्मी का यजन करे। केसर मे ब्रह्मा, सूर्य, पृथिवी, स्कन्द और अनन्तक का यजन करना चाहिए ।।२ से ६ तक।। अन्तरिक्ष, शिव, सोम और इन्द्र आदि तथा इनके अस्त्रों का दल में क्रम से यजन करे। वज्र, शक्ति, दण्ड, तोमर, पाशक, गदा, शूल, पद्म का और बहिर्वृत्त में चक्र में सूर्य और अश्विनीकुमार तथा साध्य आठ वसुओं का यजन करे। याम्य और नैर्ऋतदल में आङ्गिरस अन्य देवों का, अनिल मे अर्थात् वायुकोण मे मरुत और भृगुओं का यजन करना चाहिए। विश्व देवो का वृक्ष मे और रौद्र मण्डल में रुद्रों का यजन करे। ।।७।।८।।९।।

वृत्तया रेखया तत्र देवान्वै बाह्यतो यजेत् ।
सूत्रकारानुपीन्वाणी पूर्वादौ सरितो गिरीन् ।।१०
महाभूतानि कोणेषु ऐशान्यादिषु सयजेत् ।
पद्म चक्र गदा शङ्ख चतुरश्र तु मण्डलम् ।।११
चतुर्द्वार तत कुम्भानग्न्यादौ च पताकिका ।
चत्वारस्तोरणाद्द्वारि नागानैरावतादिकान् ।।१२
पूर्वादौ चौपधीभिश्च देवाना मार्जन पृथक् ।
पृथक्शताहुतीश्चाऽऽज्यैर्गजानर्च्य प्रदक्षिणम् ।।१३
नाग वन्हि देवतादीन्वाद्यं जग्मु. स्वक गृहम् ।
द्विजेभ्यो दक्षिणा दद्याद्हस्तिवैद्यादिकास्तथा ।।१४

करिणं तु समारुह्य वदेत्कर्णे तु कालवित् ।
नागराजे मृते शान्ति कृत्वाऽन्यस्मिञ्जपेन्मनुम् ॥१५
श्रीगजस्त्वं कृतो राज्ञा भवानस्य गजाग्रणीः ।
गन्धमाल्याग्रभक्तैस्त्वा पूजयिष्यति पार्थिवः ॥१६

वहाँ पर वृत्त रेखा से बाहिर देवों का यजन करे । सूत्रकारों का, ऋषियों का, वाणी का पूर्वादि में तथा नदियों का और पर्वतों का एवं महाभूतों का ऐशान्य आदि कोणों मे भली-भाँति यजन करे । पद्म, चक्र, गदा और शङ्ख चतुरस्र मण्डल होता है ॥१०॥११॥ वह मण्डल चार द्वारों वाला होता है । अग्नि आदि दिशाओं मे कुम्भों को स्थापित करे, पताका लगावे, द्वार पर चार तोरण रक्खे और ऐरावत आदि नागों को स्थापित करे ॥१२॥ पूर्व आदि दिशाओं में औषधियों के द्वारा देवों का पृथक् मार्जन करे । घृत से पृथक् सौ आहुतियाँ देवे । गजों का अभ्यर्चन करके प्रदक्षिणा करे । नाग, वह्नि और देवतादि व द्यों के साथ अपने घर पर जावें । ब्राह्मणों के लिये दक्षिणा देनी चाहिए । हस्ति वैद्यादिक को भी देवे । हाथी पर आरोहण करके काल के वेत्ता के कान में कहना चाहिए । नागराज के मृत होने पर शान्ति कर्म का सम्पादन करके अन्य में मन्त्र का जप करे ॥१३॥१४॥१५॥ राजा ने तुमको श्री गज किया है और आप इससे गजों के अग्रणी (नायक) हैं । राजा गन्ध माल्याक्षत अग्र भक्तों के द्वारा तुम्हारा पूजन करेंगे ॥१६॥

लोकस्तदाज्ञया पूजां करिष्यति तदा तव ।
पालनीयस्त्वया राजा युद्धेऽध्वनि तथा गृहे ॥१७
तिर्यग्भावं समुत्सृज्य दिव्यं भावमनुस्मर ।
देवासुरे पुरा युद्धे श्रीगजस्त्रिदशैः कृतः ॥१८
ऐरावतसुतः श्रीमानरिष्टो नाम वारणः ।
श्री गजाना तु तत्तेज सर्वदेवोपतिष्ठते ॥१९
तत्तेजस्तव नागेन्द्र दिव्यभावसमन्वितम् ।
उपतिष्ठतु भद्रं ते रक्ष राजानमाहवे ॥२०

इत्येवमभिषिक्तं तमारोहेत शुभे नृप ।
तस्यानुगमनं कुर्युः सशस्त्रा नरपुङ्गवाः ।।२१
शालास्वसौ स्थण्डिलेऽब्जे दिक्पालदीन्यजेद् बहिः ।
केसरेषु बलं नाग भुवं चैव सरस्वतीम् ।।२२
मध्ये तु डिण्डमं प्रार्च्य गन्धमाल्यानुलेपनैः ।
हुत्वा देयस्तु कलशो रसपूर्णो द्विजाय च ।।२३
गजाध्यक्षं हस्तिपं च गणितज्ञं च पूजयेत् ।
गजाध्यक्षाय तु दद्याद्डिण्डिमं सोऽपि वादयेत्।।२४

तब यह लोक भी उसकी आज्ञा से तुम्हारी पूजा करेगा । तुमको राजा का युद्धस्थल में, मार्ग में और घर पर पालन करना चाहिए ।।१७।। तुम तिर्यक् योनि में उत्पन्न हुए हो इसलिये जो तुम्हारे अन्दर तिर्यग्भाव है उसे तुमको त्याग कर दिव्यभाव का अनुस्मरण करना चाहिए । पहिले देवासुरों के युद्ध में देवों ने श्रीगज बनाया था ।।१८।। ऐरावत का पुत्र श्रीमान् वरिष्ठ नाम का वारण था । श्रीगजों का वह तेज सबको उपस्थितमान होता है ।।१९।। हे नागेन्द्र ! वह दिव्य तेज भावसमन्वित तुमको उपस्थित होवे । तुम्हारा कल्याण हो । तुम युद्ध में राजा की रक्षा करो ।।२०।। इस रीति से अभिषेक किए हुए उस शुभ गज पर राजा चढ़े । उसके पीछे शस्त्रधारी श्रेष्ठ पुरुष अनुगमन करें ।।२१।। इसे फिर शाला में स्थण्डिल में, कमल में बाहिर दिक्पालों का यजन करना चाहिए । केसरों में बल, नाग, भू और सरस्वती का यजन करे । ।।२२ । मध्य में गन्धमाल्य और अनुलेपन के द्वारा डिण्डिम का अर्चन करे । हवन करके रस से भरा हुआ कलश द्विज को दे देना चाहिए ।।२३।। गज के अध्यक्ष हस्तिप का और गणित के ज्ञाता का पूजन करना चाहिए । गजाध्यक्ष को वह डिण्डिम दे देवे । वह भी उसे बजावे जो घर पर स्थित शुभ गम्भीर शब्दों के द्वारा अभिवादन कराना चाहिए ।।२४।।

१२६—गवायुर्वेदः

गोविप्रपालनं कार्यं राज्ञा गोशान्तिमावहे ।
गावः पवित्रा माङ्गल्या गोषु लोकाः प्रतिष्ठिताः ।।१

शकृन्मूत्रं परं तासामलक्ष्मीनाशनं परम् ।
गवां कण्डूयनं वारिदानं शृंगस्य मर्दनम् ॥२
गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पि: कुशोदकम् ।
षडङ्गं परमं पाने दुःस्वप्नादिनिवारणम् ॥३
रोचना विषरक्षोघ्नी ग्रासदः स्वर्गगो गवाम् ।
यद्गृहे दुःखिता गावः स याति नरकं नरः ॥४
परगोग्रासदः स्वर्गी गोहितो ब्रह्मलोकभाक् ।
गोदानात्कीर्तनाद्रक्षां कृत्वा चोद्धरते कुलम् ॥५
गवां श्वासात्पवित्रा भूः स्पर्शनात्किल्बिषक्षयः
गोमूत्रं गोमयं सर्पिः क्षीरं दधि कुशोदकम् ॥६
एकरात्रोपवासश्च श्वपाकमपि शोधयेत् ।
सर्वाशुभविनाशाय पुराऽऽचरितमीश्वरैः ॥७
प्रत्येकं च त्र्यहाभ्यस्तं महासांतपनं स्मृतम् ।
सर्वकामप्रदं चैतत्सर्वाशुभविमर्दनम् ॥८

श्री भगवान् धन्वन्तरि ने कहा--राजा को गौओं और ब्राह्मणों का पालन करना चाहिए। अब मैं गोशान्ति के विषय में बतलाता हूँ। गाय पवित्र और माङ्गल्य होती हैं। गौओं में लोक प्रतिष्ठित होते हैं। गौ का गोबर और मूत्र अलक्ष्मी का नाश करने वाला होता है। गायों को खुजलाना, गौओं को जल पिलाना, गौओं के सींगों का मर्दन करना ॥२॥ गोमूत्र, गोमय, दूध, दही, गोघृत और कुशा का जल ये छै वस्तुएँ हैं जिनके पान करने से दुःस्वप्न आदि का निवारण होता है ॥३॥ गौ की रोचना से विष तथा राक्षसों से रक्षा होती है। गौ को ग्रास देने वाला स्वर्गगामी होता है जिसके घर में गौ दुःखित रहा करती है वह नरकगामी होता है ॥४॥ पराई गौ को ग्रास देने वाला स्वर्ग जाता है और गाय का हित करने वाला ब्रह्मलोक का वासी होता है। गो दान से तथा गौ के कीर्तन से मनुष्य अपनी रक्षा करता हुआ कुल का उद्धार करता है ॥५॥ गौ के श्वास से यह भूमि परम पवित्र हो जाती है। गाय के स्पर्श करने से पापों का क्षय होता है। गो मूत्र, गोमय (गोबर), गोघृत, गोदुग्ध

गोदधि और कुशोदक का पान और एक रात्रि का उपवास श्वपाक को (मेहतर) भी शोधित कर दिया करता है। समस्त अघुओं के विनाश करने के लिये पहिले समर्थ पुरुषों ने इसका समाचरण किया है ॥६॥७॥ इन वस्तुओं में से प्रत्येक को तीन दिन तक अभ्यास में लाने से महा सान्तपन नामक व्रत का प्रायश्चित्त बताया गया है। यह समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला तथा सब प्रकार के अघुओं का विमर्दन करने वाला होता है ॥८॥

कृच्छ्रातिकृच्छ्र पयसा दिवसानेकविंशतिम् ।
निर्मला सर्वकामाप्त्या स्वर्गगा स्युर्नरोत्तमा ॥६
त्र्यहमुष्णं पिबेन्मूत्रं त्र्यहमुष्णं घृतं पिबेत् ।
त्र्यहमुष्णं पय पीत्वा वायुभक्षः पर त्र्यहम् ॥१०
तप्तकृच्छ्रव्रतं सर्वपापघ्नं ब्रह्मलोकदम् ।
शीतैस्तु शीतकृच्छ्रं स्याद्ब्रह्मोक्तं ब्रह्मलोकदम् ॥११
गोमूत्रेणाऽऽचरेत्स्नानं वृत्तिं कुर्याच्च गोरसैः ।
गोभिर्व्रजेच्च भुक्तासु भुञ्जीताथ च गोव्रती ॥१२
मासेनैकेन निष्पापो गोलोकी स्वगणो भवेत् ।
विद्या च गोमतीं जप्त्वा गोलोकं परमं व्रजेत् ॥१३
गीतैर्नृत्यैरप्सरोभिर्विमाने तत्र मोदते ।
गाव· सुरभयो नित्य गावो गुग्गुलुगन्धिकाः ॥१४
गाव प्रतिष्ठा भूताना गाव स्वस्त्ययनं परम् ।
अन्नमेव परं गावो देवानां हविरुत्तमम् ॥१५
पावनं सर्वभूतानां क्षरन्ति च वहन्ति च ।
हविषा मन्त्रपूतेन तर्पयन्त्यमरान्दिवि ॥१६

कृच्छ्रातिकृच्छ्र व्रत पय से जो इक्कीस दिन का होता है इस व्रत के करने से मनुष्य मल रहित होकर समस्त कामनाओं की प्राप्ति द्वारा स्वर्गगामी हुआ करते हैं ॥६॥ तीन दिन तक उष्ण गोमूत्र पीवे, तीन दिन उष्ण घृत पीवे तीन दिन उष्ण दूध पीवे, तीन दिन तक केवल वायु का भक्षण करते रहे, यह तप्त कृच्छ्र नाम वाला व्रत है जो कि सभी पापों का नाशक और ब्रह्म लोक को

देने वाला कहा जाता है ॥१०॥११॥ गोमूत्र से स्नान करे और गोरसो (दूध दही आदि) से जीवन वृत्ति करे, गायो के साथ वन में जावे तथा उनके खाने पर स्वयं ही खावे यह गो व्रती के लिये विधान है ॥१२॥ एक मास तक ऐसा व्रत करने से मनुष्य निष्पाप होकर अपने गण के साथ गोलोक वासी हो जाता है। गोमती विद्या का जप करके परम गोलोक को चला जाता है ॥१३॥ वहाँ गीत, नृत्य और अप्सराओं के साथ विमान मे प्रसन्नता प्राप्त करता है। गौऐं नित्य सुरभि होती हैं, गौऐं गुग्गल की गन्ध वाली होवें, गौऐं प्राणियों की प्रतिष्ठा हैं और परम कल्याण की स्थान होती हैं। देवों की उत्तम हवि और परम अन्न जो समस्त प्राणियो का पावन होना है उसका गौऐं क्षरण किया करती हैं और प्रदान करती हैं। मन्त्र पूत हवि से देवलोक मे देवो को तृप्त किया करती हैं ॥१४॥१५॥१६॥

ऋषीणामग्निहोत्रेषु गावो होमेषु योजिताः।
सर्वेषामेव भूतानां गाव. शरणमुत्तमम् ॥१७
गावः पवित्रं परमं गावो माङ्गल्यमुत्तमम्।
गावः स्वर्गस्य सोपान गावो धन्याः सनातना ॥१८
नमो गोभ्यः श्रीमतीभ्यः सौरभेयीभ्य एव च।
नमो ब्रह्मसुताभ्यश्च पवित्राभ्यो नमोनमः ॥१९
ब्राह्मणाश्चैव गावश्च कुलमेक द्विधा कृतम्।
एकत्र मन्त्रास्तिष्ठन्ति हविरेकत्र तिष्ठति ॥२०
देवब्राह्मणगोसाधुसाध्वीभि सकल जगत्।
धार्यते वै सदा तस्मात्सर्वे पूज्यतमा मता ॥२१
पिबन्ति यत्र तत्तीर्थं गङ्गाद्या गाव एव हि।
गवां माहात्म्यमुक्त हि चिकित्सा च तथा शृणु ॥२२
शृङ्गामयेषु धेनूनां तैलं दद्यात्ससैन्धवम्।
शृङ्गवेरबलामांसीकल्कसिद्धं समाक्षिकम् ॥२३
कर्णशूलेषु सर्वेषु मञ्जिष्ठाहिंगुसैन्धवैः।
सिद्धं तैल प्रदातव्य रसोनेनाथ वा पुनः ॥२४

ऋषियों के अग्निहोत्र में और होम मे गौएँ ही योजित होती है। मस्तस प्राणियों की गौ सर्वोत्तम धारण (रक्षक) होती है ॥ १७ ॥ गौ परम पवित्र है तथा गौ परम मङ्गलदायी होती है। गौ स्वर्ग के जाने के लिये सीढ़ी है। गौ सनातन एव परम धन्य हैं ॥१८॥ श्रीमती गौओ के लिये नमस्कार है। सौरभेयी के लिये नमस्कार है। ब्रह्मा की पुत्री गौओ के लिये नमस्कार है। परम पवित्र गौओ के लिये बार-बार नमस्कार है ॥१९॥ ब्राह्मण और गौ एक ही कुल है रूप दो किये गये हैं। एक जगह अर्थात् बाह्मण में मन्त्रो का स्थान है तो एक मे अर्थात् गौ मे हवि रहा करता है। ॥२०॥ देव, गौ, ब्राह्मण, साधु और साध्वी इनमे ही यह समस्त जगत् सदा धारण किया जाता है। इसलिये ये सभी पूज्यतम माने गये हैं ॥२१। जहाँ पर तीर्थ का पान करते हैं वह गङ्गा आदि गौऐं ही हैं। अब तक गौओं का महात्म्य बतलाया गया है। अब उनकी चिकित्सा करने की सुनो ॥२२॥ धेनुओं के सींगो के रोगों मे सैन्धव के साथ तेल देना चाहिए। सब प्रकार के कर्ण शूलों मे शृङ्गवेर, बला, मासो का मालिक (शहद) के साथ कल्क सिद्ध करे। अथवा मजीठ, हींग, सैन्धव के द्वारा सिद्ध किया हुआ तैल देना चाहिए अथवा रसोन के साथ देवे ॥२३॥२४॥

बिल्वामलमपामार्गं धातकी च सपाटला।
कुटज दन्तमूलेषु लेपास्तच्छूलनाशनम् ॥२५
दन्तमूलहरैर्द्रव्यैर्घृतं रामविपाचितम्।
मुखरोगहरं ज्ञेयं जिह्वारोगेषु सैन्धवम् ॥२६
शृङ्गवेरं हरिद्रे द्वे त्रिफला च गलग्रहे।
हृच्छूले बस्तिशूले च वातरोगे क्षये तथा ॥२७
त्रिफला घृतमिश्रा च गवां पाने प्रशस्यते।
अतीसारे हरिद्रे द्वे पाठा चैव प्रदापयेत् ॥२८
सर्वेषु कोष्ठरोगेषु तथा शाखागदेषु च।
शृङ्गवेरं च भार्गी च कासे श्वासे प्रदापयेत् ॥२९

दातव्या भग्नमथाने प्रियगुर्लवणान्विता ।
तैलं वातहरपित्ते मधुयष्ठीविपाचितम् ॥३०
कफे व्योप च समधु सपुष्करजोऽस्रजे ।
तैलाज्य हरिताल च भग्नक्षते शृत ददेत् । ३१
माषास्तिला सगोधूमाः पय क्षीरं घृत तथा ।
एषा पिण्डी सलवणा वत्साना पुष्टिदात्वियम् ॥३२

बिल्व फल, अपामार्ग, धातकी, पाटला, कुटज इनका लेप दन्त शूलो मे करने से शूल का नाश हो जाता है ॥२५॥ दन्तशूल के हरण करने वाले द्रव्यो के साथ राम विपाचित घृत मुख के रोगो का हरण करने वाला जानना चाहिए। जिह्वा के रोगो मे सैन्धव लाभप्रद होता है ॥२६॥ शृङ्गवेर दोनो प्रकार की हल्दी और त्रिफला गलग्रह मे देना चाहिए। हृच्छूल वस्तिशूल, वातरोग तथा क्षय मे घृत से मिलाकर त्रिफला का पान कराना गौओ के लिये परम प्रशस्त कहा जाता है। अतीसार मे दोनो हल्दी और पाठा दिलवाना चाहिए ॥२७॥२८॥ समस्त कोष्ठ के रोगो मे तथा शाखा गो ो म शृङ्गवेर और भार्ङ्गी देवे तथा कास, श्वास, मे भी ये ही दिलवानी चाहिए ॥२९॥ भग्न संधान में लवण से युक्त प्रियगु देनी चाहिए। तैल वातहर है और पित्त मे मधु और यष्टि से विपाचित किया हुआ देवे ॥३०॥ कफ मे व्योष मधु के साथ असृज मे सपुष्करज तथा भग्नक्षत में तैल और घृत तथा हरिताल शृत किया हुआ देवे ॥३१॥ माषा (उर्द), तिल गोधूम के सहित तथा पय, क्षीर और घृत इनकी पिण्डी नमक के साथ वत्सो को पुष्टि देने वाली तथा बलप्रद होती है ॥३२॥

बलप्रदा विपाणा स्याद् गृहे नाशाय धूमक ।
देवदारु वचा मासो गुग्गुलुर्हिगुसर्षपा ॥३३
ग्रहादिगदनाशाय एप धूपो गवा हित ।
घण्टा चैव गवा कार्या धूपेनानेन धूपिता ॥३४
अश्वगन्धातिलै, शुक्ल तेन गौ क्षीरिणी भवेत् ।
रसायन च पिण्याक मूर्तो यो धार्यते गृह ॥३५

गवां पुरीषे पञ्चम्यां नित्यं शान्त्यै श्रियं यजेत् ।
वासुदेवं च गन्धाद्यैरपरा शान्तिरुच्यते ॥३६
अश्वयुक्शुक्लपक्षस्य पञ्चदश्यां यजेद्धरिम् ।
हरिं रुद्रमजं सूर्यं श्रियमग्निं घृतेन च ॥३७
दधि सम्प्राश्य गाः पूज्याः कार्या वह्निप्रदक्षिणा ।
वृषाणां योजयेद्युद्धं गीतवाद्यरवैर्बहिः ॥३८
गवां तु लवणं देयं ब्राह्मणानां च दक्षिणा ।
नैमित्तिके मकरादौ यजेद्विष्णुं सह श्रिया ॥३९

घर में विषों के नाश करने के लिये धूप होती है। देवदारु, वच, मांसी गुग्गुल, हींग, सरसों इनका धूप ग्रहयादि के रोग का नाशक और गौओं को हितप्रद होती है। इस धूप से धूपित करके गौओं का घण्टा बरना चाहिए। ॥३३॥३४॥ अश्वगन्धा तिलों से युक्त है इससे गौ क्षीर वाली होती है। पिण्याक रसायन है जो मूर्ति में घर में धारण किया जाता है ॥३५॥ गौओं के पुरीष (गोबर) में पञ्चमी तिथि में नित्य शान्ति के लिये श्री का यजन करना चाहिए। और गन्धाक्षतादि से वासुदेव का यजन करे तो यह दूसरी शान्ति कही जाती है ॥३६॥ अश्वयुक् शुक्ल पक्ष की पञ्चदशी तिथि में अर्थात् पूर्णिमा में हरि का यजन करे। हरि, रुद्र, अज, सूर्य, श्री अग्नि का घृत से यजन करे। दधि खिलाकर गौ का पूजन करे और अग्नि की प्रदक्षिणा करनी चाहिए। वृषों का युद्ध बाहिर गीत वाद्य की ध्वनि के साथ योजित करे ॥३७॥ ॥३८॥ गायों को लवण देना चाहिए और ब्राह्मणों को दक्षिणा देवे। नैमित्तिक मकर आदि में श्री के साथ विष्णु का यजन करे ॥३९॥

स्थण्डिलेऽब्जे मध्यगते दिक्षु केसरगान्सुरान् ।
सुभद्राय रविं पूज्यो बहुरूपो बलिर्बहिः ॥४०
स विश्वरूपा सिद्धिश्च ऋद्धिः शान्तिश्च रोहिणी ।
दिग्धेनवो हि दूर्वाद्या कृशरैश्चन्द्र ईश्वरः ॥४१
दिक्पाला पद्मपत्रेषु कुम्भेष्वग्नौ च होमयेत् ।
क्षीरवृक्षस्य समिधः सर्षपाक्षततण्डुलान् ॥४२

शत शत सुवर्णं च कास्यादिक द्विजे ददेत् ।
गाव पूज्या विमोक्तव्या शान्त्यै क्षीरादिसयुता ॥४३

स्थण्डिल म मध्यगत कमल म भगवान् का पूजन करना चाहिए। केसरो मे स्थित देवो को दिशाओ में समर्चित करे। सुभद्र के लिये सूर्य की पूजा करनी चाहिए बाहिर म बहुत रूप वाली बलि करनी चाहिए ॥४०॥ अन्तरिक्ष को, विश्वरूपा सिद्धि, ऋद्धि और रोहिणी, पूर्व आदि मे होने वाली दिग्धेनु, कुम्भो के द्वारा चन्द्र, ईश्वर तथा पद्म पत्रो मे दिक्पाल, कुम्भो मे और अग्नि म होम करना चाहिए। क्षीर वृक्षो की समिधा और सरसो, अक्षत और तण्डुलो का हवन करे ॥४१॥४२॥ शत, शत सुवर्ण और कास्य आदि का ब्राह्मण के लिये दान करना चाहिए। क्षीर आदि से सयुत गौओ का पूजन करना चाहिए और शान्ति के लिये इन्हे मुक्त भी करना चाहिए ॥४३॥ अग्नि देव ने कहा—शालि होत्र ने सुश्रुत के लिये हयो का आयुर्वेद कहा था। पालकाप्य ने अङ्गराज के लिये हाथियो के आयुर्वेद को कहा था ॥४४॥

१३०—मन्त्रपरिभाषा

मन्त्रविद्यामह वक्ष्ये भुक्तिमुक्तिप्रदा शृणु ।
विंशत्यर्णाधिका मन्त्रा मालामन्त्रा स्मृता द्विज ॥१
दशाक्षराधिका मन्त्रास्तदर्वाक्बीजसज्ञिता ।
वार्धक्ये सिद्धिदा ह्येते मालामन्त्रास्तु यौवने ॥२
पञ्चाक्षराधिका मन्त्रा सिद्धिदा सर्वदा स्मृता ।
स्त्रीपु नपु सकत्वेन त्रिधा स्युर्मन्त्रजातय ॥३
स्त्रीमन्त्रा वह्निजायान्ता नमोन्ताश्च नपु सका ।
शेषा पुमासस्ते शस्ता वश्योच्चाटनकेपु च ॥४
क्षुद्रक्रियामयध्वसे स्त्रियोऽन्यत्र नपु सका ।
मन्त्रावाग्नेयसौम्याख्यौ ताराद्यन्तार्धयोर्जपेत् ॥५
तारान्त्याग्निविप्रत्ययो मन्त्र आग्नेय इष्यते ।
शिष्टा सौम्या प्रशस्तौ तौ कर्मणो क्रूर सौम्ययो ॥६

आग्नेयमन्त्र सौम्य स्यात्प्रायशोऽन्ते नमोन्वित ।
सौम्यमन्त्रस्तथाऽऽग्नेय फट्कारेणान्ततो युत ॥७
सुप्त प्रबुद्धमात्रो वा मत्र सिद्धि न यच्छति ।
स्वापकालो महाबाहो जागरो दक्षिणावह ॥८
आग्नेयस्य मनो सौम्यमन्त्रस्यैतद्विपर्ययात् ।
प्रबोधकाल जानीयादुभयारुभयोरह ॥६
दुष्टक्षराशिविद्ध पिवर्णादीन्वजयन्मनून् ।
राज्यलाभापकाराय प्रारभ्यारि स्वर कुरुन् ॥१०

अग्निदेव ने कहा—अब हम मन्त्र विद्या का वर्णन करते हैं जो भुक्ति और मुक्ति दोनो को प्रदान करने वाली होती है। तुम उसका श्रवण करो। बीस वर्ण से अधिक वर्ण वाले जो मन्त्र होते हैं वे हे द्विज ! माला मन्त्र कहे गये हैं ॥१॥ दश अक्षरो से अधिक अक्षरो वाले मन्त्र उससे अर्थात् बीज सज्ञा वाले होते हैं। ये मन्त्र वृद्धावस्था में सिद्धि के देने वाले हुआ करते हैं और जो माला मन्त्र होते हैं वे युवावस्था मे सिद्धिप्रद होते हैं ॥२॥ पाँच अक्षरो से अधिक अक्षरो वाले मन्त्र सर्वदा परम सिद्धि प्रद हुआ करते हैं। मन्त्र, पुरुष स्त्री और नपुसक के भेद से तीन जातियो वाले होते हैं ॥३॥ जो स्त्री जाति वाले मन्त्र होते हैं वे वह्नि जाया न और नम—इस पद के अन्त वाले नपुसक हुआ करते हैं। [illegible] मन्त्र पुरुष ध्वनि वाले होते हैं जो कि वशर (वशी करण) और उच्चाटन कर्म मे परम प्रशस्त (बहुत अच्छे) होते हैं ॥४॥ क्षुद्र क्रिया और रोग के ध्वस करने मे स्त्री मन्त्र प्रयोग मे लाये जाते हैं और अन्य कर्मों मे नपुसक मन्त्र अच्छे होते हैं। आग्नेय और सौम्य नाम वाले मन्त्र ताराद्रि अन्ताद्य मे अपना चाहिए ॥५॥ तारा त्व, अग्नि और वियत् प्राय होने वाला मन्त्र आग्नेय कहा जाता है। निष्ट सौम्य होते हैं। वे दोनो प्रकार के मन्त्र सौम्य और क्रूर कर्मों मे प्रशस्त होते हैं ॥६॥ आग्नेय मन्त्र सौम्य होता है जो प्राय अन्त मे नम —इससे युक्त होता है। सौम्य मन्त्र तथा आग्नेय मन्त्र अन्त मे फट्कार से अन्वित हुआ करता है ॥७॥ सुप्त और प्रबुद्ध मात्र मन्त्र सिद्धि को नहीं दिया करता है। हे महाबाहो ! स्वापकाल

में जागर दक्षिणावह होता है ॥८॥ जो आग्नेय मन्त्र है (सौम्य मन्त्र का इससे विपर्यय होता है) उसका दोनो दोनो को दिन प्रबोध काल जानना चाहिए। ॥६॥ दुष्ट नक्षत्र, राशि, विद्वेषी वर्ण आदि वाले मन्त्रों को त्याग देना चाहिए। राज्य लाभ के उपकार के लिये प्रारम्यारि, स्वर और कुछ मन्त्र होते हैं ।१०।

गोपालककुटी प्रायाऽपूर्णामित्युदिना लिपि ।
नक्षत्रेषु क्रमाद्योज्यौ स्वरान्त्यौ रेवतीयुजौ ॥११
वेला गुरु स्वरा शोण कर्मणैवेति भेदिता ।
लिप्यर्णा वशिषु ज्ञेया षष्ठेशादीश्च योजयेत् ॥१२
लिपौ चतुष्पथस्थायामाख्यावर्णपदान्तरा ।
सिद्धा साध्या द्वितीयस्था सुसिद्धा वैरिण परे ॥१३
सिद्धादीन्कल्पयेदेव सिद्धोऽत्यन्तगुणैरपि ।
सिद्धे सिद्धो जपात्साध्यो जपपूजाहुतादिना ॥१४
सुसिद्धो ध्यानमात्रेण साधक नाशयेदरि ।
दुष्टार्णप्रचुरो य स्यान्मन्त्र सर्वविनिन्दित ॥१५
प्रविश्य विधिवद्दीक्षामभिषेकावसानिकाम् ।
श्रुत्वा तन्त्र गुरोर्लब्ध साधयेदीप्सित मनुम् ॥१६

प्राय गोपालक कुटी पूर्णा लिपि कही गई है। नक्षत्रो मे क्रम मे जिनके अन्त मे स्वर हो और रेवती युक्त हो वे क्रम से योजित करने के योग्य हैं ॥११॥ वेला, गुरु, स्वर, शोण ये सब कर्म से ही भेद वाले होते हैं। लिपि के वर्ण वशो मे जानने चाहिए। षष्ठेशादि को योजित करना चाहिए ॥१२॥ चतुष्पथ मे स्थित लिपि म आख्या वर्ण पदान्तर सिद्ध साध्य, द्वितीयस्थ, सुसिद्धा और दूसरे वैरी होते हैं ॥१३॥ इस प्रकार से सिद्धादि की कल्पना करे। अत्यन्त गुणो से भी सिद्ध है। सिद्ध होने पर सिद्ध है और जप से वह होता है। जप, पूजा और हवन आदि के द्वारा साध्य होता है। जो ध्यान मात्र कर लेने स ही सिद्ध हो जाता है वह सुप्रसिद्ध होता है। और जो होता है वह तो साधना करने वाले का नाश कर देता है। दुष्ट वर्ण जिसमें अधिक होते हैं वह मन्त्र सब प्रकार से विनिन्दित अर्थात् बुरा होता है ॥१४॥१५॥ विधि पूर्वक

दीक्षा लेकर जिसमें मन्त्र में अभिषेक हो और फिर गुरु से तन्त्र का श्रवण करके जो मन्त्र इच्छित हो उसे प्राप्त करके साधन करना चाहिए ॥१६॥

धीरो दक्षः शुचिर्भक्तो जपध्यानादितत्परः ।
सिद्धस्तपस्वी कुशलस्तन्त्रज्ञः सत्यभाषणः ॥१७
निग्रहानुग्रहे शक्तो गुरुरित्यभिधीयते ।
शान्तो दान्तः पटुश्चीर्णब्रह्मचर्यो हविष्यभुक् ॥१८
कुर्वन्नाचार्यशुश्रूषां सिद्धोत्साही स शिष्यकः ।
स तूपदेश्यः पुत्रश्च विनयी वसुदस्तथा ॥१९
मन्त्रं दद्यात्सुसिद्धो तु सहस्रं देशिको जपेत् ।
यदृच्छया श्रुतं मन्त्रं छलेनाथ बलेन वा ॥२०
पत्रे स्थितं च गाथा च जनयेद्यदनर्थकम् ।
मन्त्रं यः साधयेदेकं जपहोमार्चनादिभिः ॥२१
क्रियाभिर्भूरिभिस्तस्य सिध्यते स्वल्पसाधनात् ।
सम्यक्सिद्धैकमन्त्रस्य नासाध्यमिह किंचन ॥२२
बहुमन्त्रवतः पुंसः का कथा शिव एव सः ।
दशलक्षजपादेकवर्णो मन्त्रः प्रसिध्यति ॥२३
वर्णवृद्ध्या जपह्रासस्तेनान्येषां समूहयेत् ।
बीजाद्द्वित्रिगुणान्मन्त्रान्मालामन्त्रे जपक्रिया ॥२४

तन्त्र की दीक्षा जिससे प्राप्त की जावे वही गुरु परम धीर, दक्ष, पवित्र भक्त और जप तथा ध्यान आदि मे तत्पर रहने वाला सिद्ध, तपस्वी, तन्त्र का पूर्ण ज्ञाता, कुशल, तपस्वी, सिद्ध और सत्य भाषण करने वाला, निग्रह और अनुग्रह दोनो के करने मे समर्थ होना चाहिए वह ही गुरु कहा जाता है। जो परम शान्त, दमनशील, पटु (कुशल) चीर्ण, ब्रह्मचर्य रखने वाला, हविष्य के खाने वाला और आचार्य की शुश्रूषा करने वाला सिद्ध एवं उत्साहयुक्त हो वह ही शिष्य होने के योग्य होता है। ऐसे ही शिष्य को उपदेश करना चाहिए। और जो विनययुक्त पुत्र हो तथा धन का दाता हो उसे मन्त्र देना चाहिए। सुसिद्ध होने पर आचार्य को एक सहस्र जप करना चाहिए। यदृच्छा से सुने हुए

मन्त्र को तथा छल से एवं बल से प्राप्त एवं पत्र में स्थित मन्त्र को और गाथा को करे तो वह अनर्थक होता है। जो जप, होम और अर्चना आदि के द्वारा एक मन्त्र की साधन करता है। बहुत सी क्रियाओं के द्वारा उसे स्वल्प साधन से सिद्ध हुआ करते है। भली प्रकार से जिसे एक ही मन्त्र की सिद्धि हो जाती है उसे इस लोक में फिर कुछ भी असाध्य वस्तु नहीं रहती है ॥१७॥१८॥१९॥ ॥२०॥२१॥२२॥ जिसे बहुत सारे मन्त्रों की सिद्धि हो उस पुरुष का तो कहना ही क्या है। वह तो साक्षात् शिव ही होता है। दश लक्ष जप करने से एक वर्ण वाला मन्त्र प्रसिद्ध होता है ॥२३॥ वर्ण की वृद्धि से जप का ह्रास हो जाता है अर्थात् जाप संख्या कम हो जाती है। इससे मन्त्रों का एकत्रीकरण करे। बीज से दुगुना, तिगुना मन्त्रों को माला मन्त्रों में जाप की क्रिया होती है ॥२४॥

संख्यानुक्तौ शतं साष्टं सहस्रं वा जपादिषु।
जपाद्दशांशं सर्वत्र साभिषेकं हुतं विदुः ॥२५
द्रव्यानुक्तौ घृतं होमे जपोऽशक्तस्य सर्वतः।
मूलमन्त्राद्दशांशं स्यादङ्गादीनां जपादिकम् ॥२६
जपात्सशक्तिमन्त्रस्य कामदा मन्त्रदेवता।
साधकस्य भवेत्तृप्ता ध्यानहोमार्चनादिना ॥२७
उच्चैर्जपादिविशिष्टः स्यादुपांशुर्दशभिर्गुणैः।
जिह्वाजपे शतगुणः सहस्रो मानसः स्मृतः ॥२८
प्राङ्मुखोऽवाङ्मुखो वाऽपि मन्त्रकर्म समारभेत्।
प्रणवाद्याः सर्वमन्त्रा वाग्यतो विहिताशनः ॥२९
आसीनस्तु जपेन्मन्त्रान्देवताचार्यतुल्यदृक्।
कुटी विविक्ता देशाः स्युर्देवालयनदीह्रदाः ॥३०
सिद्धौ यवागूपूर्वा पयो भक्ष्यं हविष्यकम्।
मन्त्रस्य देवता तावत्तिथिवारेषु वै यजेत् ॥३१
कृष्णाष्टमीचतुर्दश्योर्ग्रहणादौ च साधकः।
दस्रो यमोऽनलो धाता शशी रुद्रो गुरुर्दितिः ३२

सर्पा पितरोऽथ भगोऽर्यमा शीतेतरद्युति ।
त्वष्टा मरुत इन्द्राग्नी मित्रेन्द्रो निऋंतिर्जलम् ॥३३
विश्वे देवा हृषीकेशो वासव सलिलाधिप ।
अजैकपादहिर्बुध्न्य पूषाऽश्विन्यादिदेवता ॥३४

जहाँ सख्या की उक्ति नही है वहाँ एक सौ आठ अथवा एक सहस्र जप आदि करे तथा जप से दशाश भाग अभिषेक के साथ हवन करना चाहिए ।२५। जहाँ किसी विशेष द्रव्य का हवन के लिये कथन न हो वहा होम मे घृत ही लेना चाहिए । यदि होम मे अशक्त हो तो मूलमन्त्र से अङ्गादि का दशाश जप आदि करना चाहिए ॥२६॥ शक्ति के सहित मन्त्र के जप से मन्त्र देवता कामनाओं के देने वाले होते हैं । ध्यान, होम और अर्चना आदि से वे परम तृप्त होकर साधक की कामना पूर्ण किया करते है ॥२७॥ ऊंचे स्वर से जो जप होता है उससे दशगुना विशिष्ट उपांशु जाप होता है । जिह्वा जप शतगुण और मानस जाप सहस्र गुना विशिष्ट कहा गया है ॥२८॥ पूर्व की ओर मुख वाला या अवाङ्मुख वाला होकर मन्त्र कर्म करना चाहिए समस्त मन्त्रों मे प्रणव आदि मे होना चाहिए । मन्त्र जप करने वाला मौन और विदितासन होना चाहिए । मन्त्रों को बैठकर ही जपना चाहिए और देवता तथा आचार्य दोनों को समान रूप से देखे । मन्त्र जप करने वाले की कुटी एकान्त स्थान मे होनी चाहिए । मन्त्र जाप के लिये देवालय, नदी या ह्रद ये देश उपयुक्त होते हैं । ॥२९॥३०॥ मन्त्र की सिद्धि मे यवागू, पूप, पय अथवा हविष्य का भोजन करना चाहिए । मन्त्र के जो देवता हो उन्हें तिथि और वारों मे समर्पित करे । ॥३१॥ कृष्ण पक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी तथा ग्रहण आदि में साधक को पूजा करनी चाहिए ॥३२॥ दस्र यम, अनल धाता, शशि, रुद्र गुरु, दिति, सर्प, पितर, भग, अर्यमा शीतेतरद्युति अर्थात् सूर्य त्वष्टा, मरुत, इन्द्र, अग्नि, मित्र इन्द्र, निऋंति, जल, विश्वदेवा हृषीकेश, वासव, वरुण, अज एक पाद, अहिबुध्न्य पूषा और अश्विनी आदि देवताओं का समर्चन करे ॥३२॥३३॥३४॥

अग्निर्दस्राबुमानिघ्नो नागश्चन्द्रो दिवाकर ।
मातृदुर्गा दिशामीश कृष्णो वैवस्वत शिव. ॥३५

पञ्चदश्याः शशाङ्कस्तु पितरस्तिथिदेवताः ।
हरो दुर्गा गुरु विष्णु ब्रह्मा लक्ष्मीर्धनेश्वरः ॥३६
एते सूर्यादिवारेशा लिपिन्यासोऽथ कथ्यते ।
केशान्तेषु च वृत्तेषु चक्षुषोः श्रवणद्वये ॥३७
नासागण्डौष्ठदन्तेषु द्वे द्वे मूर्धास्ययो क्रमात् ।
वर्णान्पञ्च वर्गाणां बाहुचरणसन्धिषु ॥३८
पार्श्वयो पृष्ठतो नाभौ हृदये च क्रमान्न्यसेत् ।
यार्दीश्च हृदये न्यस्येदेषां स्यु सप्त धातवः ॥३९
त्वगसृङ्मांसमेदोस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः ।
रसार्दीश्च पर्यान्तेश्च लिख्यन्ते च लिपीश्वरैः ॥४०
श्रीकण्ठोऽनन्तसूक्ष्मौ च त्रिमूर्तिरमरेश्वरः ।
अग्नीशो भारभूतिश्च तिथीश स्थाणुको हरः ॥४१
दण्डीशो भौतिकः सद्योजातश्चानुग्रहेश्वरः ।
अक्रूरश्च महासेनः शरण्या देवता अमू ॥४२
ततः सूचीशचण्डौ च पचान्तकशिवोत्तमौ ।
तथैव रुद्रकूर्मौ च त्रिनेत्रश्चतुराननः ॥४३

उपर्युक्त अग्नि, हस्त, नाग, चन्द्र, दिवाकर, मातृ दुर्गा, दिशाओं के स्वामी, कृष्ण, वैवस्वत, शिव, पञ्चदशी का शशाङ्क, पितर, तिथियों के देवता हैं। हर, दुर्गा, गुरु, विष्णु, ब्रह्मा, लक्ष्मी, धनेश्वर ये सूर्य आदि वारों के स्वामी हैं। इसके अनन्तर लिपि न्यास कहा जाता है। केशान्तों में, वृत्तों में दोनों नेत्रों में दोनों कानों में, नाक, गण्ड, ओष्ठ और दाँतों में, मूर्धा और मुख में क्रम से दो दो वर्गों के वर्णों को पाँच बाहु चरण और सन्धियों में, दोनों पार्श्वों में, पृष्ठ में, नाभि में और हृदय में क्रम से न्यास करना चाहिए। यकारादि को हृदय में न्यास करे। इनकी सात धातु होती हैं ॥३५ से ३६ तक॥ त्वक्, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र ये सात शरीरस्थ धातुएँ हैं। रसादि और पर्यन्त लिपीश्वरों के द्वारा लिखी जाती हैं ॥४०। श्री कण्ठ, अनन्त, सूक्ष्म,

त्रिमूर्ति, अमरेश्वर, अर्घीश, भारभूति, तिर्थ श, स्थाणु, हर, दण्डीशो, भौतिक सद्योजात, अनुग्रहेश्वर, अक्रूर, महासेन ये देवता शरण्य हैं ॥४१॥४२॥

अजेश समसोमेशो तथा लाङ्गलिदारुकौ ।
अर्धनारीश्वरश्चोमाकान्तश्चाऽऽषाढिदण्डिनो ॥४४
अत्रिर्मीनश्च मेषश्च लोहितश्च शिखी तथा ।
शूलगण्डद्विगण्डौ द्वौ समहाकालवालिनौ ॥४५
भुजङ्गश्च पिनाकी च खड्गीशश्च बक पुन, ।
श्वेतो भृगुर्लकुटाक्ष क्षय संवर्तक स्मृत ॥४६
रुद्रान्मशक्तान्विलिखेन्नमान्तान्विन्यसेत्क्रमात् ।
अङ्गानि विन्यसेत्सर्वे मन्त्रा मागास्तु सिद्धिदा ॥४७
हृल्लेखाव्योमसपूर्णान्येतान्यङ्गानि विन्यसेत् ।
हृदादीन्यगमन्त्रान्तैर्यजयद्धृदये नम ॥४८
स्वाहा शिरस्यथ वषट् शिखाया कवचे च हुम् ।
वौषण्नेत्रऽस्त्राय फट्स्यात्पञ्चाङ्ग नेत्रवर्जितम् ॥४९
निरङ्कुस्याऽत्मना चाग न्यस्य लक्ष नियुत जपेत् ।
क्रमेण देवी वागीशा यथोक्ताम्नु तिलान्हुनेत् ॥५०
[ ]रिपिदेवी साक्षसूत्रकुम्भपुस्तकपद्मधृक् ।
कवित्वादि प्रयच्छेत् वर्णादौ सिद्धय न्यसेत् ॥
नित्यत्रिर्निर्मल सर्वे मन्त्रा सिद्ध्यन्ति मातृभि ॥५१

इसके अनन्तर सूचीश चण्ड, पञ्चानक, शिवात्म, रुद्र, कूर्म त्रिनेत्र चतुरानन, अजश शम सोमश लाङ्गलि दारुक, अर्धनारीश्वर, उमाकान्त, आषाढि, दण्डी, अत्रि, मीन, मेष लोहित शिखी, शूलगण्ड, द्विगण्ड महाकाल, वाली, भुजङ्ग, पिनाकी, खड्गीश, बक, श्वेत, भृगु, लकुलाक्ष, क्षयी, संवर्तक इन शक्ति के सहित रुद्रों ॥ त्रिमे ओर नम" यह अन्त व लगाकर क्रम से विन्यास करना चाहिए । समस्त साङ्ग मन्त्र सिद्धि देने वाले होते है अत सबको मन्त्रो पर न्यास करना चाहिए ॥४२ से ७ तक॥ हृल्लेखा व्योम से सम्पूर्ण इन मन्त्रों का न्यास करना चाहिए । हृदादि को अङ्ग मन्त्रान्तो के द्वारा

योजित करना चाहिए। हृदय में नम—शिर में स्वाहा, शिखा में वषट्, कवच में हुम्, नेत्रों में वौषट् और अस्त्र के लिये फट् होना चाहिए। नेत्र वर्जित पञ्चाङ्ग है ॥४८॥४६॥ जो निरंग हो उसका आत्मा से अङ्ग का न्यास करके उसका नियुत संख्या में जप करे। क्रम से वागीशा की दधोत्तो को तिलों द्वारा हवन करना चाहिए ॥५०॥ लिपि देवी अक्ष सूत्र, कुम्भ, पुस्तक और पद्म को धारण करने वाली है। वह कवित्व आदि को देनी है अत सर्व के आदि में सिद्धि के लिये न्यास करना चाहिए। निष्क विनिर्मल समस्त मन्त्र मातृ द्वारा सिद्ध होते हैं ॥५१॥

१२१--नागलक्षणानि

नागादयोऽथ भावादि दश स्थानानि कर्म च।
सूतकं दष्टचेष्टेति सप्त लक्षणसयुता (?) ॥१
शेषवासुकितक्षाख्या कर्कजाब्जौ महाम्बुज.।
शङ्खपालश्च कुलिक इत्यष्टौ नागवर्यका: ॥२
दशाष्टपञ्चत्रिगुणशतमूर्धान्वितौ क्रमात्।
विप्रौ नृपौ विशौ शूद्रौ द्वौ द्वौ मार्गेषु कीर्तितौ ॥३
तदन्वया: पञ्चशत तेभ्यो जाता असख्यका।
फणिमण्डलिराजीलवातपित्तकफात्मका ॥४
व्यन्तरा दोषमिश्रास्ते सर्पा दर्वीकरा स्मृता.।
रथाङ्गलाङ्गलच्छत्रस्वास्तिकाङ्कुशधारिण ॥५
गोनसा मन्दगा दीर्घा मण्डलैर्विविधैश्चिता।
राजीलाश्चित्रिता स्निग्धास्तिर्यगूर्ध्वविराजिभि ॥६
व्यन्तरा मिश्रचिन्हाश्च भूवर्पाग्नेयवायव।
चतुर्विधास्ते षड्विंशभेदा षोडश गोनसा ॥७
त्रयोदश च राजीला व्यन्तरा एकविंशति।
येऽनुक्तकाले जायन्ते सर्पास्ते व्यन्तरा स्मृता. ॥८

इस अध्याय में नागों (सर्पों) के लक्षण बताए जाते हैं। श्री अग्निदेव ने कहा—नाग आदि मायादि दस स्थान और कर्म, सूतक, दृष्ट और वेश यह सात लक्षणों से युक्त होते हैं ॥१॥ शेष, वासुकि, तक्षक, कर्कट, अब्ज, महाम्बुज, शङ्खपाल और कुलिक ये आठ श्रेष्ठ नाग हैं ॥२॥ दस, आठ, पाँच, त्रिगुण, शतमूर्धा से अन्वित क्रम से विप्र, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र दो-दो नागों में बताए गए हैं ॥३॥ उनके वंश वाले पाँच सौ हैं और उनसे असंख्य उत्पन्न हुए हैं। फणी, मण्डली, राजील और वात पित्त कफात्मक हैं। व्यन्तर और दाष में मिश्रन जो सर्प हैं वे सर्प दर्वीकर कहे गये हैं। रथाङ्ग (चक्र), लाङ्गल (हल), छत्र स्वास्तिक (सथिया) और अङ्कुश के चिन्हों को धारण करने वाले गोनस, मन्द गमनकारी, दीर्घ और अनेक प्रकार के मण्डलों से चित्रित हुए हैं। राजील जो होते हैं वे चित्रित स्निग्ध और तिर्यक् (तिरछी) और ऊर्ध्व विराजियों से युक्त होते हैं ॥४॥५॥६॥ व्यन्तर जो सर्प होते हैं वे मिले-जुले चिन्हों वाले हैं भू वर्षा, आग्नेय और वायव होने हैं। ये चार प्रकार के भेद वाले छब्बीस प्रकार के भेदों से युक्त होते हैं। गोनस सोलह प्रकार के हैं। राजील तरह तरह के होते हैं। व्यन्तर इक्कीस प्रकार के हैं। जो अनुकूल काल में पैदा होते हैं वे व्यन्तर सज्ञा वाले सर्प कहे गये हैं ॥७॥८॥

आषाढादित्रिमासं स्याद् गर्भो मास चतुष्टये।
अण्डकानां शते द्वे च चत्वारिंशत्प्रसूयते। ६

सर्पा ग्रसन्ति सूतौघान्विना स्त्रीपुं नपुंसकान्।
उन्मीलितेऽक्षि सप्ताहात्कृष्णो मासाद्भवेद्बहिः ॥१०

द्वादशाहात्सुबोधः स्याद्दन्ताः स्युः सूर्यदर्शनात्।
द्वात्रिंशद्दिनविंशत्या चतस्रस्तेषु दंष्ट्रिकाः ॥११

कराली मकरी कालरात्रिश्च यमदूतिका।
एतास्ताः सविषा दंष्ट्रा वामदक्षिणपार्श्वगाः ॥१२

षण्मासान्मुच्यते कृत्तिं जीवेत्षष्टिसमाद्वयम्।
नागाः सूर्यादिवारेशाः सप्त उक्ता दिवा निशि ॥१३

स्वेषा षट्प्रतिवारेषु कुलिक सर्वमधिपू ।
षङ्क्ते न वा महाब्जेन सह तस्योदयोऽथ वा ॥१४
द्वयोर्वा नाडिकामात्रमन्तरं कुलिकोदय. ।
दुष्टः स कालः सवस्व सर्पदंशे विशेषत ॥१५
कृत्तिका भरणी स्वाती मूलं पूर्वत्रयाश्विनी ।
विशाखाऽऽर्द्रा मघाऽऽश्लेषा चित्रा श्रवणरोहिणी ॥१६
हस्तौ मन्दकुजौ वारौ पञ्चमी चाष्टमी तिथि ।
षष्ठी रिक्ता शिवा निन्द्या पञ्चमी च चतुर्दशी ॥१७

आषाढ आदि तीन मासों में वेग से चार मासों में गर्भ होता है। दो सौ सरडो से चालीस का प्रसव होता है ॥९॥ सुगीव के बिना स्त्री-पुरुष और नपुंसकों को सर्प ग्रास कर लेते हैं। नेत्रों के खोलने पर सप्ताह में कृष्ण मास से बाहर होता है ॥१०॥ बारह दिन में सुबोध (अच्छे ज्ञान वाला) होता है और सूर्य के दर्शन से दाँत होते हैं। बत्तीस दिन या बीस में चार दाढ होती हैं। करालो, मकरी, कालरात्रि और यमदूतिका इन नामों वाली, विष से युक्त वाम, दक्षिण और पार्श्व में होने वाली दंष्ट्रा (दाढे) होती हैं ॥११॥१२॥ छः मास में सर्प कृमिन (कांचली) को छोड देते हैं। बासठ वर्ष तक सर्प जीवित रहते हैं। सूर्यादि वारों के ईश नाग दिन-रात में सात कहे गये हैं। अपने छः प्रतिवारों में सर्व सन्धियों में कुलिक होता है। शङ्ख अथवा महाब्ज के साथ उसका उदय होता है। अथवा दोनों का नाडिकामात्र अन्तर होता है। वह दुष्ट काल है और विशेष करके सर्पदंश में सर्वत्र होता है ॥१३॥१४॥१५॥ कृत्तिका, भरणी, स्वाती, मूल तीनों पूर्वा, अश्विनी विशाखा आर्द्रा मघा, आश्लेषा, चित्रा, श्रवण, रोहिणी, हस्त ये नक्षत्र, शनि और मङ्गलवार तथा पञ्चमी, अष्टमी, षष्ठी और रिक्ता तिथि शिव अर्थात् शुभ है। पञ्चमी और चतुर्दशी निन्दनीय अर्थात् अशुभ है ॥१६॥१७॥

सन्ध्याचतुष्टयं दुष्टं दु (द)ग्धयोगाश्च राशयः ।
एकद्विबहवो दशा दष्टं विद्धं च खण्डितम् ॥१८

अदशमरगुरुं स्याद्दशमेव चतुर्विधम् ।
त्रयो द्वे क्षता दंशा वेदना रुधिरोल्बणा ॥१९
नक्तं त्वेकाङ्घ्रिकूर्माभा दंशाश्च यमचोदिता ।
दाही पिपीलिकास्पर्शी कण्ठशोथरुजान्वित. ॥२०
सतोदो ग्रन्थितो दंश सविषोऽन्यस्तु निर्विष. ।
देवालये शून्यगृहे वल्मीकोद्यानकोटरे ॥२१
रथ्यासन्धौ श्मशाने च नद्यां च सिन्धुसङ्गमे ।
द्वीपे चतुष्पथे सौधे गृहेऽब्जे पर्वताग्रत ॥२२
बिलद्वारे जीर्णकूपे जीर्णवेश्मनि कुड्यके ।
शिग्रुश्लेष्मातकाक्षेषु जम्बूदुम्बरवेणुषु ॥२३
वटे च जीर्णप्राकारे खास्यहृत्कक्षजत्रुणि ।
तालौ शङ्खे गले मूर्ध्नि चिबुके नाभिपादयो. ॥२४
दंशोऽशुभ शुभो दूत पुष्पहस्त सुवाक्सुधी ।
लिङ्गवर्णसमानश्च शुक्लवस्त्रोऽमल शुचि ॥२५

सर्पो का चतुष्टय दुष्ट है और दष्टयोग और रजिकों दुष्ट है एवं दो बहुत दश है, दष्ट, विद्ध और खण्डित तथा अदश एवं अवगुप्त तथा चार प्रकार के दश होते हैं। तीन तो दो एक क्षत वाले दश होते हैं जिनमें वेदना रुधिरसे उल्बण हुआ करती है ॥१८।१९। रात्रि मे एकाङ्घ्रि कूर्म की आभा वाले दश यम से प्रेरित हुआ करते हैं। दाह करने वाला चींटी के स्पर्श करने वाला, कण्ठ मे शोथ करने वाला रुजान्वित तोद युक्त ग्रन्थित जो दश होता है वह विष से पूर्ण होता है। इसके अतिरिक्त दश विष रहित ही होता है। देवालय में, सूने घर में, बांबी, उद्यान और कोटर (वृक्षादि का खोखर) मे, गली की सन्धि मे, श्मशान में, नदी मे, सिन्धु के सङ्गम मे, द्वीप मे, चतुष्पथ (चौराहे) मे, सौध (महल) में, गृह मे, कमल मे, पर्वत के शिखर में, बिल के द्वार में, पुराने टूटे हुए कूप हैं, भग्नहर मकान में, कुड्यक मे, शिग्रु श्लेष्मातक अक्ष में, जामुन, गूलर और बांस मे, वट में, जीर्ण प्राकार मे, मुख, हृदय, जत्रु कक्ष मे, तालु मे, शङ्ख में, गले मे,

माथे मे, चिबुक मे, नाभि और पैर मे जो दश होता है वह अशुभ होता है। पुष्प, हस्त, सुबाहु, सुधी शुभ होता है ॥२५॥

अपद्वारगत शस्त्री प्रमादी भूगतेक्षण
विवर्णवासा पाशादिहस्तो गद्‌गदवर्णभाक् ॥२६
शुष्ककाष्ठाश्रित. खिन्नस्तिलालक्तकगम्भुक ।
आर्द्रवासा कृष्णरक्तपुष्पयुक्तशिरोरुह ॥२७
कुचमर्दी नखच्छेदी गुदस्पृक्पादलेखक ।
केशालुञ्ची तृणच्छेदी दुष्टा दूतास्तथकृश ॥२८॥
इडाऽन्या वा वहेद्‌द्वे धा यदि दूतस्य चाऽऽत्मन ।
आभ्या द्वाभ्या पुष्ट्यादमान्विद्यास्त्रीपु नपु सकान् ॥२९
दूत स्पृशति यद्‌गात्र तस्मिन्दष्टमुदाहरेत् ।
दूताङ्‌घ्रिचलन दुष्टमुत्थितिनिश्चला शुभा ॥३०
जीवपार्श्वे शुभो दूता दुष्टोऽन्यत्र समागत ।
जीवो गतागतैर्दुष्ट शुभो दूत निवेदने ॥३१
दूतस्य वाक्प्रदष्टा सा पूर्वामजाघनिन्दिता ।
विभक्तैस्तस्य वाक्यान्तैर्विषनिर्विषतालता ॥३२

लिङ्ग वर्ण समान, शुक्ल वस्त्र वाला अमल, शुचि, अपद्वार पर गया हुआ, शस्त्र वाला, प्रमादी, पृथ्वी की ओर देखने वाला, विवर्ण वस्त्र वाला, पाश आदि हाथ में लेने वाला, गद्‌गद् वर्णों से बोलने वाला, शुष्क काष्ठ का आश्रय लिए हुए, खिन्न, तिल-अलक्त हाथ में लिए हुए गीला वस्त्र वाला लाल लाल पुष्पों से बालों वाला, कर्षों (केशों) का मर्दन करने वाला, तृण को छेदन करने वाला दूत दुष्ट होता है ॥२५।२६।२७।२८॥ यदि अपनी और दूत की इडा अथवा अन्य दो प्रकार से वहन करे। इन दोनों से इन स्त्रियों, स्त्री, पुरुष और नपुंसकों की पुष्टि करे ॥२९॥ दूत जिस अङ्ग का स्पर्श करता है और उसमें दंश बताये। दूत के पैरों का चालन दुष्ट होता है और उत्थान करना या निश्चल रखना शुभ होता है ॥३०॥ जीव के पार्श्व में दूत शुभ और अन्य स्थान में समागत दूत दुष्ट होता है। गत और आगत के द्वारा जो दुष्ट है और दू-

निवेदन मे शुभ होना है ॥३१॥ दूर की वाणी पूर्णमजार्घ निन्दित प्रचुर होती है। उसके विभक्त वाक्य के अन्तों से विष निर्विषका लना होतो है ॥३२॥

आद्यं. स्वरंश्च कार्दश्च वर्णाभिन्नलिपिर्द्विधा ।
स्वरजो वसुमा-वर्गो इति ज्ञेया च मातृका ॥३३
वाताग्न्यिन्द्रजलात्मानो वर्गेषु च चतुष्टयम् ।
नपुंसका पञ्चमाः स्यु स्वरा शक्राम्बुयोनय ॥३४
दुष्टो दूतस्य वाक्पादो वाताग्नी मध्यमो हरि ।
प्रशस्ता वारुणा वर्णा अतिदुष्टा नपुंसका. ॥३५
प्रस्थाने मङ्गल वाक्य गर्जित मेघहस्तिनो ।
प्रदक्षिण फले वृक्षे वामस्य च रुत जितम् ॥३६
शुभा गीतादिशब्दा स्युरीदृश स्याद्धि सिद्धये ।
अनर्थगी रथाक्रन्दो दक्षिणे विरुत क्षुतम् ॥३७
वेश्या विप्रो नृप कन्या गौर्दन्ती मुरजध्वजौ ।
क्षीराज्यदधिदा साम्बुच्छत्र भेरी फल सुराः ॥३८
तण्डुला हेम रूप्य च सिद्धयेऽप्यभिमुखा अमी ।
सकाष्ठ सानल वाह्यमलिनाम्बरवासभृत् ॥३९
गलस्थटङ्को गोमायुगृध्रोलूककपर्दिका ।
तैल कपालकार्पासे निषिद्धं भस्म नष्टये ॥४०
विषरोगाश्च सप्त स्युर्धातार्थ्या वन्तराग्नित ।
विषदश्चो ललाट यात्वतो नेत्र तनो मुखम् ॥
आस्याच्च वर्चनानाडभी (?) धातुःप्राप्नोति हि क्रमात् ॥४१

आदि म होने वाले स्वरो म और कादि वर्णों से दो प्रकार से भिन्न लिपि, स्वरज, वसु, मातृ, वर्ग यह मातृका जाननी चाहिये ॥३३॥ वात, अग्नि, इन्द्र और जल के स्वरूप वाले वर्गों म चार होते है। शक्र और अम्बु की योनि वाले स्वर पञ्चम नपुंसक होते हैं ॥३४॥ दूत के वदन और पाद, दुष्ट, वात तथा अग्नि हैं। मध्यम जो है वह हरि है। वारुण जो वर्ण होते हैं वे प्रशस्त होते हैं। नपुंसक जो है वे अत्यन्त ही दुष्ट हैं ॥३५॥ मेघ और हाथी का गर्जित

होना प्रस्थान में मङ्गल वाचक होता है। फल, वृक्ष के प्रदक्षिण में होना और वाम भाग में रुत जिन शुभ है। गीतादि के शब्द भी शुभ होते हैं। इस प्रकार का होना सिद्धि के लिए होता है। निरर्थक या अनर्थक वाणी, रथ का आक्रन्द दक्षिण में विरल सुन, वेश्या, विप्र, नृप, कन्या गो, हाथी, मुरज (वाद्य), क्षीर, घृत, दही, शङ्ख जल, छत्र, भेरी फल, देव, तण्डुल, सुवर्ण, रूप्य ये सम्मुख में हो तो सिद्धि के लिये होते हैं। कोई कार (कारीगर) काष्ठ के सहित या अग्नि के सहित तथा मलिन वस्त्र धारण किये हो, गलस्थ टक, गोमायु, गिद्ध उल्लू कर्पासिका तैल कपाल कार्पास, भस्म य निषिद्ध होते हैं। धातु स, अन्य धातु की प्राप्ति से मान विपरीत होते हैं। विपदया ललाट को प्राप्त होना है फिर नेत्र और फिर मुख को प्राप्त होता है। मुख से वचनीनाडी और क्रम स धातुओं को प्राप्त होता है ॥३६ से ४७॥

१३२— वासुदेवादिमन्त्रलक्षणम्

वासुदेवादिमन्त्राणां पूज्यानां लक्षणं वदे ।
वासुदेव सङ्कर्षण प्रद्युम्नश्चानिरुद्धक ॥१
नमो भगवते चाऽऽदौ अ आ अ अ सबीजका ।
ओंकराद्या नमोन्ताश्च नमोनारायणस्तत ॥२
ॐ तत्सद्ब्रह्मणे चैव हु नमो विष्णवे नम ।
ॐ क्षौं ॐ नमो भगवन नारसिंहाय वै नम ॥३
ॐ भूर्नमो भगवते वराहाय नराधिपा ।
जपाकणाहरिद्राभा नीलश्यामललोहिता ॥४
मेघाग्निमधुपिङ्गाभा वल्लभा नवनायका ।
अङ्गानि स्वरबीजाना स्वनामान्तैर्यथाक्रमम् ॥५
हृदयादीनि कल्पेत विभक्तैस्तन्त्रवेदिभि ।
व्यञ्जनादीनि बीजानि तेषां लक्षणमन्यथा ॥६
दीर्घस्वरैस्तु भिन्नानि नमोन्तान्तस्थितानि तु ।
अङ्गानि ह्रस्वयुक्तानि उपाङ्गानीति वर्ण्यते ॥७
विभक्त नामवर्णान्तस्थितबीजात्मयुक्तमम् ।
दीर्घस्वरैश्च सयुक्तमङ्गोपाङ्गं स्वरै रव क्रमात् ॥८

व्यञ्जनानां क्रमो ह्येष हृदयादिप्रकल्पने ।
स्वरवीजेषु नामान्तर्विभक्तान्यङ्गनामभि. ॥८
युक्तानि हृदयादीनि द्वादशान्तानि पञ्चवत् ।
आरभ्य कल्पयित्वा तु जपेत्सिद्ध्यनुरूपतः ॥१०

अब वासुदेव आदि पुरुष मन्त्रों के लक्षण बताये जाते हैं। यहाँ आदि पद से वासुदेव के साथ सकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये नाम भी गृहीत होते हैं ॥१॥ आदि में 'नमो भगवते' है फिर "अ, आ, अ, अ" इन बीजों के सहित "ओंकार" आदि में और "नम" अन्त में होता है। इसके अनन्तर "नमो नारायण' होता है ॥२॥ मन्त्र निम्न रूप वाले होते हैं—"ॐ तत्सद्ब्रह्मणे हूँ नम', विष्णवे नम ॐ क्षौं ॐ भगवते नारसिंहाय वं नमः ॐ भूर्नमो भगवते वराहाय नम । जपा के पुष्प के सदृश अरुण, हरिद्रा के समान कान्ति वाले, नील, श्यामल और लोहित वर्ण वाले मेघ अग्नि और मधु के तुल्य पिङ्ग दीप्ति से युक्त जो नायक नराधिप वल्लभ हैं। स्वर बीजों के अपने नामों के अन्तों से समानुसार इनके अङ्ग होते हैं ॥३।४।५॥ विभक्त तत्त्वों के भेदाओं के द्वारा इनके हृदय आदि की कल्पना कर लेनी चाहिए। व्यञ्जन आदि जो बीज होते हैं उनके अन्य प्रकार से लक्षण होते हैं ॥६। दीर्घ स्वरों से भिन्न लक्षण होते हैं जिनके अन्त में नम' स्थित होता है। ह्रस्व युक्त अङ्ग हैं और उपाङ्गों का वर्णन किया जाता है। नाम, वर्ण और अन्त में स्थित उत्तम बीज का स्वरूप विभक्त होता है तथा क्रम दीर्घ स्वरों तक अङ्ग उपाङ्ग स्वरों से संयुक्त है ॥६।७।८॥ हृदय आदि की प्रकल्पना (निर्णय) के लिये व्यञ्जनों का यह ही क्रम होता है। स्वर जो बीज हैं उनके नाम के अन्त वाले अङ्गों के नामों से विभक्त हुआ करते हैं ॥६॥ पाँच से द्वादशान्त (बारह के अन्त तक) हृदय आदि युक्त होते हैं। कल्पना करके इनका आरम्भ करें और सिद्धि करनी चाहिए ॥१०॥

हृदयं च शिरश्चूडा कवचं नेत्रमस्त्रकम् ।
षडङ्गानि तु बीजानां मूलस्य द्वादशाङ्गकम् ॥११

हृच्छिरश्च शिखा चैव हस्तौ नेत्रे च
पृष्ठबाहूरुजानू च जङ्घे पादौ क्रमान्
क ठ प श वैनतेय ख ठ फ ष गदा
ग ड ब स पुष्टिमन्त्रो घ ट भ ह श्रियै च
च ण म क्ष पाञ्चजन्य छ त प कौस्तुभा
ज ख वं सुदर्शनाय श्रीवत्साय स व द च ॥१४
ॐ व ष वनमालायै पद्मनाभाय वै नमः।
निर्जीवपदमन्त्राणा पदैरङ्गानि कल्पयेत ॥१५
जात्यन्तैर्नामसंयुक्तैर्हृदयादीनि पञ्चधा।
प्रणव हृदयादीनि तत प्रोक्तानि पञ्चधा ॥१६
प्रणव हृदय पूर्वं परायेति शिर शिखा।
नाम्नाऽत्मना तु कवचमस्त्र नामान्तक भवेत् ॥१७
ओ परास्त्रादिश्च नामात्मा चतुर्थ्यन्ता नमोन्तक
एकव्यूहादिपड्विशव्यूहान्त स्यात्समो मनु ॥१८
वनिष्ठादिकराग्रेषु प्रकृति देहकेऽर्चयेत्।
पराय पुरुषात्मा स्यात्प्रकृत्यात्मा द्विरूपक ॥१९
ॐ परायाग्न्यात्मने च वस्वर्कौ वह्निरूपक।
अग्नि त्रिमूर्तौ विन्यस्य व्यापक करदेहयो ॥२०

हृदय, सिर, चूडा, कवच, नेत्र और अस्त्र ये छ प्रसग हैं जो कि बीजो के होते हैं। मून क बारह म त्र होत है ॥११॥ हृदय, सिर, शिखा, दो हाथ, दो नेत्र, उदर, पृष्ठ, बाहु, उरु जानु जंघ दो पाद इन पर क्रम से न्यास करना चाहिए ॥१२॥ न्यास बताया जाता है—क ठ प, श वैनतेय है। ख, ड, फ, ष गदनुज हैं। ग, ड ब, स पुष्टिमन्त्र हैं। घ, ट भ, ह श्रियै नम। च, ण, म, क्ष पाञ्चजन्य और छ, त प कौस्तुभ के लिए है। ज, ग, व सुदर्शन के लिए हैं और श्रीवत्स के लिए स, व, द और नम है। मन्त्र का 'स्वरूप ॐ ब प मालायै पद्मनाभाय वै नम'। जो मन्त्र बिना बीजों वाले

अतिरात्रोऽप्तोर्यामश्च यज्ञात्मा सप्तरूपक ।
धीरह मन: शब्दश्च स्पर्शरूपपरसास्तत ॥२९
गन्धो बुद्धिर्व्यापिक च करे देहे न्यसेत्क्रमात् ।
न्यसेदङ्‌घ्री च तलयो के ललाटे मुखे हृदि ॥३०
नाभौ गुह्ये च पादे च अष्टव्यूह पुमान्स्मृत
जीवो बुद्धिरहङ्कारो मन. शब्दो गुणोऽनिल ।३१
रूप रसो नवात्माऽय जीव अङ्गुष्ठकद्वये ।
तर्जन्यादिकमाच्छेप यावद्वामप्रदेशिनीम् ॥३२

दाहिने-बाँये दोनो हाथो के कर शाखाओ मे वायु और अर्क का विन्यास करे। हृदय मे, मूर्ति मे और तनु मे इस तरह तुर्य रूप वाले त्रिव्यूह मे न्यास कर। हस्त मे व्यापक ऋग्वेद का न्यास करे तथा अगुलियो में यजु का न्यास करना चाहिए। दोनो तलो में अथर्ववेद के रूप को सिर, हृदय और चरण के अन्त तक न्यस्त करे। व्यापक आकाश का न्यास करे जो पूर्व की भाँति कर और देह दानो मे होना है। अगुलियो मे और सिर, हृदय, गुह्य तथा पाद म वायु आदि का न्यास करना चाहिए ॥२३॥ वायु, ज्योति, जल पृथ्वी यह पञ्च व्यूह कहा गया है। मन, श्रोत्र, त्वग्, जिह्वा और घ्राण यह षड् व्यूह बताया गया है। व्यापक मानस का न्यास करके इसके अनन्तर क्रम से अगुष्ठ से आदि करे। मूर्धा, मुख, हृदय, गुह्य और पदो म कारणात्मक कहा गया है ॥२५॥ सर्वत्र आदि मूर्त्ति व्यापक जीव की सज्ञा वाला है। भू, भुव, स्व, म:, जन, तप और सत्य सात प्रकार का है ॥२६॥ आद्य को अगुष्ठादि क्रम स कर मे तथा देह मे न्यास करे और तल मे गन्धित सप्तम लोकात्मा को क्रम स देह मे न्यस्त करना चाहिए। यह सिर, ललाट, मुख हृदय गुह्य और चरणो मे सस्थित रहता है। अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र आप्त और याम इस प्रकार से यज्ञात्मा सात स्वरूपो वाला है। धी, अह, मन, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, बुद्धि और व्यापक को क्रम से कर मे तथा देह मे न्यास करना चाहिए। अङ्‌घ्रि (चरण) मे, दोनो तलो मे कर मे, ललाट मे, मुख मे, हृदय मे, नाभि मे, गुह्य मे और पाद मे इस तरह से अष्ट व्यूह पुमान् बत या

गया है। जीव, बुद्धि, अहङ्कार, मन, शब्द, गुण, अनिल, रूप, रस यह तो आत्मा वाला जीव दोनो अङ्गुष्ठों में है। शेष तर्जनी आदि के क्रम से वाम प्रदेशिनी पर्यन्त होना है ॥३२॥

देहे शिरोललाटास्यहृन्नाभिगुह्यजानुषु ।
पादयोश्च दशात्मान्यमिन्द्रा व्यापी समाश्रित ॥३३
अ गुष्ठद्वये वन्हौ तर्जन्यादौ परेषु च ।
शिरोन्ललाटवक्त्रेषु हृन्नाभिगुह्यजानुषु ॥३४
पादयारेकादशात्मा मन श्रोत्र त्वगेव च ।
चक्षुर्जिह्वा तथा घ्राणं वाक्पाण्यङ्घ्री च पायु च ॥३५
उपस्थ मनसा व्यापकञ्छोनमगुष्ठकद्वयम् ।
तर्जन्यादि क्रमादशावतिरिक्त तलद्वये ॥३६
उत्तमाङ्गललाटास्यहृन्नाभ्यङ्घ्रिषु गुह्यके ।
ऊरुयुग्मे तथा जङ्घागुल्फपादेषु च क्रमात् ॥३७
विष्णुर्मधुहरश्चैव त्रिविक्रमकवामनौ ।
श्रीधरोऽथ हृषीकेश पद्मनाभस्तथैव च ॥३८
दामोदर केशवश्च नारायण इत पर ।
माधवश्चा र गोविन्दो विष्णुर्वै व्यापक न्यसेत् ॥३९
अ गुष्ठादौ तले चैव पादे जानुनि वै कटौ ।
शिर शिखार पञ्चाम्यजानुपादादिषु न्यसेत् ॥४०
द्वादशात्मा पञ्चविंशपड्विंशक्रमतस्तथा ।
पुरुषो धीरहङ्कारो मनश्चित्त च शब्दक ॥४१
तथा स्पर्शो रसो रूप गन्ध श्रोत्र त्वचस्तथा ।
चक्षुर्जिह्वा नासिका च वाक्पाण्यङ्घ्री च पायव ॥४२
उपस्थो भूर्जल तेजो वायुराकाशमेव च ।
पुरुष व्यापक न्यस्य अ गुष्ठादौ दश न्यसेत् ॥४३
शेषान्हस्ततले न्यस्य शिरस्यथ ललाटके ।
मुखहृन्नाभिगुह्योरुजान्वङ्घ्रिकरणोद्गते ॥४४

देह में, शिर, ललाट, मुख हृदय, नाभि, गुह्य, जानु और दोनों पादों में यह व्यापक द्वन्द्व दशात्मा समास्थित रहता है ॥४३॥ दोनों अंगूठों में, वह्नि में, तर्जनी आदि पदों में शिर, ललाट, मुख, हृदय, नाभि, गुह्य, जानु और दोनों पादों में एकादशात्मा संस्थित है। मन, श्रोत्र, त्वग्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, अङ्घ्रि (चरण), पायु (गुदा) और उपस्थ (जननेन्द्रिय) का मन से ध्यान करते हुए अंगुष्ठ द्वय, तर्जनी आदि क्रम से आठ अतिरिक्त दोनों तलों में, उत्तमाङ्ग (मस्तक), ललाट, मुख, हृदय, नाभि, चरण, गुह्य, दोनों ऊरु तथा जांघ गुल्फ और पादों में क्रम से विष्णु, मधु, हर, त्रिविक्रम, वामन श्रीधर, हृषीकेश, पद्मनाभ, दामोदर, केशव, नारायण और इनसे आगे माधव गोविन्द, विष्णु इन सबका व्यापक न्यास करना चाहिए ॥४६॥ अंगुष्ठ आदि में, तल में पाद में, जानु, कटि शिर, शिखा, उर स्थल, कमर, आस्य (मुख), जानु और पाद आदि में न्यास करे ॥४४॥

पादे जान्वोरुपस्थे च हृदये मूर्ध्नि च क्रमाद ।
परञ्च पुरुषात्माऽऽदौ पञ्चविंशे पूर्ववत्परम् ॥४५
सञ्चिन्त्य मण्डलेऽब्जे तु प्रकृति पूजयेद्बुध ।
पूर्वयाम्याप्यसौमीपु हृदयादीनि विन्यसत् ॥४६
अस्त्रमग्न्यादिपत्रेषु वैनतेयादि पूर्ववत् ।
दिक्पालाश्च निधिस्तुल्यस्त्र्यूहेऽग्निश्च मध्यत. ॥४७
पूर्वादिदिग्दलावासं पाद्यादिभिरलङ्कृत ।
कर्णिकाया नाभसस्च मानम कर्णिकास्थित ॥४८
विश्वरूप सर्वसिद्ध्यै यजेद्राज्यजयाय च ।
सर्वव्यूहै समायुक्तमङ्गैरपि च पञ्चभि ॥४९
गरुडाद्यैस्तथेन्द्राद्यै सर्वान्कामानवाप्नुयात् ॥
विष्वक्सेन यजेन्नाम्ना रौंबीज नामसंयुतम् ॥५०

द्वादशात्मा (बारह स्वरूप वाला), पचीस और छब्बीस व्यूह वाला पुरुष है। धी, अहङ्कार, मन, चित्त, शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध, श्रोत्र, त्वक् चक्षु जिह्वा, नासिका, वाक् पाणि (हाथ), अङ्घ्रि (चरण), पायु (मलो

स्पर्श करने वाली कर्मेन्द्रिय) उपस्थ, भू, जल, तेज, वायु और आकाश इस प्रकार व्यापक पुरुष का न्यास करके फिर अंगुष्ठ आदि में देह न्यास करना चाहिए ।४३।। शेषों को हाथ के तले में न्यास करे। इसके अनन्तर शिर, ललाट, मुख, हृदय, नाभि, गुह्य, ऊरु जानु, पादद्वय करतलोद्गम में न्यास करे। पाद, दोनों जानु, उपस्थ, हृदय मूर्धा में क्रम से पर पुरुषात्मा का न्यास करे। आदि में षडङ्गों में न्यास करे और करको पूर्व की भाँति ही व्यस्त करना चाहिए ।।४४।। विद्वान् पुरुष को मण्डल के कमल में भली-भाँति चिन्तन करके प्रकृति का अर्चन करना चाहिए। पूर्व, याम्य, आप्य और सौमी दिशाओं में हृदय आदि का विन्यास करना चाहिए ।।४६।। आवर्त आदि पत्रों में अस्त्र का तथा पूर्व की तरह वैनतेय आदि का न्यास करे। और दिक्पालों का विन्यास करना चाहिए। विधि समान ही है। त्रिव्यूह में मध्यभाग में अग्नि का विन्यास करे ।।४७।। पूर्व आदि दिशाओं में रहने वाले दलों में पाद्य आदि को आवाहित कर अलङ्कृत करे। कर्णिका में नाभस तथा मानस स्थित होवे। इस प्रकार से विश्व के स्वरूप वाले का समस्त सिद्धि की प्राप्ति के लिये तथा राज्य के लाभ करने के लिए यजन करना चाहिए जो कि सम्पूर्ण व्यूहों से समायुक्त हो और पाँचों अङ्गों से भी युक्त हो ।।४६।। गरुड आदि तथा इन्द्र आदि के द्वारा सब कामनाओं की प्राप्ति होती है। त्रिव्यक्त का नाम स और नाम से संयुत हो—इस बीज का यजन करना चाहिए ।।५०।।

१३३ मुद्राणां लक्षणानि

मुद्राणां लक्षणं वक्ष्ये सान्निध्यादिप्रदायकम् ।
अञ्जलिः प्रथमा मुद्रा वन्दनी हृदयानुगा ।।१
ऊर्ध्वाङ्गुष्ठो वाममुष्टिर्दक्षिणाङ्गुष्ठबन्धन ।
सव्यस्य तस्य चाङ्गुष्ठो यस्य चोर्ध्वं प्रकीर्तित ।।२
तिस्रः साधारणा व्यूहे असाधारणा इमाः ।
कनिष्ठादिविमोकेन अष्टौ मुद्रा यथाक्रमम् ।।३

अष्टानां पूर्वबीजानां क्रमशस्त्ववधारयेत् ।
अंगुष्ठेन कनिष्ठान्त नाममित्वाऽङ्गुलित्रयम् ।।४
ऊर्ध्वं कृत्वा समुख च बीजाय नवमाय वै ।
वामहस्तमथोत्तानं कृत्वोर्ध्वं नामयेच्छनैः ।।५
वराहस्य स्मृता मुद्रा अङ्गानां च क्रमादिमाः ।
एकैकां मोचयेन्मुद्रा वाममुष्टौ तथाऽगुलीम् ।।६
आकुञ्चयेत्पूर्वमुक्तां दक्षिणेऽप्येवमेव च ।
ऊर्ध्वांगुष्ठो वाममुष्टिमुद्रासिद्धिस्ततो भवेत् ।।७

नारद देवर्षि ने कहा—सान्निध्य आदि के प्रकार वाली मुद्राओं के अब लक्षण बतलाये जाते हैं। अञ्जलि प्रथम मुद्रा है। वन्दनी, हृदयानुगा, ऊर्ध्वांगुष्ठ वाममुष्टि, दक्षिणागुष्ठ बन्धन ये मुद्र ऐं हैं। उस सव्य वा अंगुष्ठ है जिसका ऊर्ध्व की ओर बताया गया है ।। १ ।। २ ।। व्यूह में तीन मुद्राऐं साधारण हैं। इसके अनन्तर ये असाधारण होती हैं। जो कनिष्ठादि के विमोचन से यथाक्रम आठ मुद्राऐं हैं ।। ३ ।। आठ बीजों का क्रम से अब धारण करना चाहिए जो कि अंगुष्ठ से कनिष्ठा के अन्त तक तीन अंगुलियों का नामक करके करे। ऊर्ध्व की ओर करके समुख करे। नवम बीज के लिये वाम हस्त को उत्तान (ऊँचा) करके ऊर्ध्व की ओर शनैः-शनैः नामन करना चाहिए। ।।४।।५।। और क्रम से अङ्गों की ये मुद्रा वाराह की कही गई है। एक-एक मुद्रा को मोचन करना चहिए तथा वाम मुष्टि में अंगुलि को जो पूर्व में बताई गई है आकुञ्चित करना चाहिए। इसी प्रकार से दाहिने में भी करना चाहिए। इस प्रकार से फिर ऊर्ध्वांगुष्ठ और वाममुष्टि मुद्रा की सिद्धि होती है ।।७।।

१३४—शिष्येभ्यो दीक्षादानविधिः

वक्ष्ये दीक्षां सर्वदा च मण्डलेऽब्जे हरिं यजेत् ।
दशम्यामुपसंहृत्य यागद्रव्यं समस्तकम् ।।१
विन्यस्य नारसिंहेन संमन्त्र्य शतवारकम् ।
सर्षपांस्तु फडन्तेन रक्षोघ्नान्सर्वतः क्षिपेत् ।।२

शक्तिं सर्वात्मिका तत्र न्यसेत्प्रासादरूपिणीम् ।
सर्वौषधीं समाहृत्य विकिरानभिमन्त्रयेत् ॥३
शतवारं शुभे पात्रे वासुदेवेन साधकः ।
संसाध्य पञ्चगव्यं तु पञ्चभिर्मूलमूर्तिभिः ॥४
नारायणान्तैः सम्प्रोक्ष्य कुशाग्रैस्तेन तां भुवम् ।
विकिरान्वासुदेवेन क्षिपेदुत्तानपाणिना ॥५
त्रिधा पूर्वामुखस्तिष्ठन्ध्यायन्विष्णुं तदा हृदि ।
वर्धन्या सहिते कुम्भे साङ्गं विष्णुं प्रपूजयेत् ॥६
शतवारं मन्त्रयित्वा त्वस्त्रेणैव च वर्धनीम् ।
अच्छिन्नधारया सिञ्चन्नैशान्यन्तं नयेत्तताम् ॥७
कलशं पृष्ठतो नीत्वा स्थापयेद्विकिरोपरि ।
संहृत्य विकिरान्दर्भैः कुम्भेशं कर्करीं यजेत् ॥८

श्री नारद जी ने कहा—अब हम शिष्यों के लिये सभी कुछ प्रदान करने वाली दीक्षा प्रदान करने की विधि बतलाते हैं। मण्डल स्थित कमल में भगवान् श्री हरि का यजन करना चाहिए दशमी में सम्पूर्ण याग द्रव्यों को उप-संहृत करे ॥१॥ विन्यास करके नारसिंह मन्त्र के द्वारा एक सौ बार आमन्त्रित करे। 'फट्'—यह मन्त्र में लगाकर राक्षसों के हनन करने वाले सर्षपों (सरसों के दानों) को सभी ओर प्रक्षिप्त कर देना चाहिए ॥२॥ प्रासाद रूप वाली सर्वात्मिका शक्ति का वहाँ पर न्यास करे फिर सर्वौषधि को समाहृत करके विकरों को अभिमन्त्रित करना चाहिए ॥ ३ ॥ साधक वासुदेव मन्त्र से एक सौ बार शुभ पात्र में पञ्चगव्य को संसाधित करे जो कि पाँच मूल मूर्तियों के द्वारा होना चाहिए ॥४॥ उसमें नारायणान्त कुशा के अग्रभागों से उस भूमि का सम्प्रोक्षण करे। ऊँचे किए हुए हाथ से वासुदेव मन्त्र के द्वारा विकिरों का रोपण करना चाहिए ॥५॥ उस समय में पूर्व की ओर मुख करके, खड़ा होते हुए हृदय में भगवान् विष्णु का तीन प्रकार से ध्यान करे और वर्धनी के सहित कुम्भ में अङ्गों के सहित विष्णु भगवान् का पूजन करना चाहिए ॥६॥ वर्धनी को अस्त्र के ही द्वारा सौ बार अभिमन्त्रित करके अच्छिन्न धारा से सिञ्चन

करता हुआ उसे नैधान्यन्त तक प्राप्त करावे ।।७।। पृष्ठ भाग से कलश को लेकर विकरों के ऊपर स्थापित करे फिर विकरों को सहृत करके दर्भों के द्वारा कुम्भेश कर्कनी का यजन करना चाहिए ।।८।।

सवर्स्त्रे पचरत्नाढये स्थण्डिले पूजयेद्धरिम् ।
अग्नावपि समभ्यर्च्य मन्त्रैः सतर्प्य पूर्ववत् ।।६
प्रक्षाल्य पुण्डरीकेण विलिप्यान्त-सुगन्धिना ।
उखामाज्येन सपूर्य गोक्षीरेण तु साधक ।।१०
आलोडय वासुदेवेन ततः सकर्षणेन च ।
तण्डुलानाज्यससृष्टान्क्षिपेत्क्षीरे सुसस्कृते ।।११
प्रद्युम्नेन समालोडय दर्व्या सघट्टयेच्छनैं ।
पक्वमुत्तारयेत्पश्चादनिरुद्धेन देशिकः ।।१२
प्रक्षाल्याऽऽलिप्य तत्कुर्यादूर्ध्वपुण्ड्रं तु भस्मना ।
नारायणेन पार्श्वेषु चरुमेव सुसस्कृतम् ।।१३
भागमेकं तु देवाय कलशाय द्वितीयकम् ।
तृतीयेन तु भागेन प्रदद्यादाहुतित्रयम् ।।१४
शिष्यैं सह चतुर्थं तु गुरुरद्याद्विशुद्धये ।
नारायणेन समन्त्र्य सप्तधा क्षीरवृक्षजम् ।।१५
दन्तकाष्ठं भक्षयित्वा त्यक्त्वा ज्ञात्वा स्वपातकम् ।
ऐन्द्राग्न्युत्तरकैशानीमुख स्नातो ह्यनुत्तमम् ।।१६

वस्त्र युक्त पञ्चरत्नों से सयुत स्थण्डिल मे भगवान् हरि का पूजन करे। मन्त्रो से पूर्व की भाँति भली भाँति तृप्त करके अग्नि मे भी अच्छी तरह अर्चन करना चाहिए। पुण्डरीक के द्वारा प्रक्षालन करे और अन्त. सुगन्धि से विलेपन करे। घृत से उखा को भरकर साधक को गौ का क्षीर भी भर देना चाहिए फिर वासुदेव तथा सकर्षण मन्त्र से आलोडन करे। घृत से ससृष्ट तण्डुलों को भली-भाँति सस्कृत क्षीर मे क्षिप्त करना चाहिए ।।६।।१०।।११।। प्रद्युम्न मन्त्र से समालोडन करके धीरे से दर्वी के द्वारा सघटन करे। आचार्य को जब वह भली-भाँति परिपक्व हो जावे तो पीछे अनिरुद्ध मन्त्र के द्वारा

उसको उतार लेना चाहिए ॥१२॥ प्रक्षालन करके और आलेपन करके इसके अनन्तर नारायण मन्त्र के द्वारा पात्रों में भस्म से ऊर्ध्व पुण्ड्र करना चाहिए। इस प्रकार से चरु सुसंस्कृत होता है अर्थात् संस्कार से सम्पन्न हुआ करता है। ॥१३॥ उस सुसंस्कृत चारु में से एक भाग तो देवता के लिये समर्पित करना चाहिए और दूसरा भाग कलश के लिये देवे। तृतीय भाग जो शेष रहे उसमे तीन आहुतियाँ देवे। उस चरु के चार भाग करे। चतुर्थ भाग को अपने गुरु शिष्यों के साथ विशुद्धि के लिये भक्षण करे। नारायण मन्त्र के द्वारा क्षीर वाले वृक्ष से समुत्पन्न दातुन को सात बार अभिमन्त्रित करना चाहिए। फिर इस दन्त काष्ठ का भक्षण करे और अपने सम्पूर्ण पातक को त्यक्त जान लेवे। ऐन्द्री अग्नि, उत्तर और ऐशानी दिशा की ओर मुख करके स्नान करे ॥१६॥

शुभ सिद्धमिति ज्ञात्वाऽऽचम्य प्राणानियम्य च।
पूजागारं विशेन्मन्त्री प्रार्थ्य विष्णु प्रदक्षिणम् ॥१७
संसारार्णवमग्नानां पशूनां पाशमुक्तये।
त्वमेव शरणं देव सदा त्वं भक्तवत्सल ॥१८
देवदेवानुजानीहि प्राकृतैं पाशबन्धनैः।
पाशितान्मोचयिष्यामि त्वत्प्रसादात्पशूनिमान् ॥१९
इति विज्ञाप्य देवेशं सम्प्रविश्य पशूंस्ततः।
धारणाभिस्तु संशोध्य पूर्ववज्ज्वलनादिना ॥२०
संस्कृत्य, मूर्त्या स योज्य नेत्रे बद्ध्वा प्रदर्शयेत्।
पुष्पपूर्णाञ्जलींस्तत्र क्षिपेत्तन्नाम योजयेत् ॥२१
अमन्त्रमर्चनं तत्र पूर्ववत्कारयेत्क्रमात्।
यस्या मूर्तौ पतेत्पुष्पं तस्य तन्नाम निर्दिशेत् ॥२२
शिखान्तसंमितं सूत्रं पादाङ्गुष्ठादि षड्गुणम्।
कन्यया कर्तितं रक्तं पुनस्तत्त्रिगुणीकृतम् ॥२३

इसके अनन्तर यह समझकर कि परम उत्तम शुभ सिद्ध हो गया है आचमन करे तथा इसके उपरान्त प्राणायाम करे। मन्त्रों के ज्ञाता विद्वान् पुरुष को फिर पूजा के स्थान में प्रवेश करना चाहिए। भगवान् विष्णु की

प्रार्थना करके उनकी प्रदक्षिणा करे ॥१७॥ हे देव ! इस संसार रूपी महासागर में निमग्न होने वाले पशुओं के पाश (बन्धन) से छुटकारा पाने के लिए आप ही शरण अर्थात् रक्षक हैं। आप सर्वदा अपने भक्तों पर प्यार करने वाले हैं ॥१८॥ हे देवों के भी देव! आप इन प्राकृत पाशों के बन्धनों से बद्धों को आज्ञा प्रदान करें। मैं आपकी कृपा एवं प्रसाद से ही इन पाशों से सुबद्ध पशुओं को मुक्त करूँगा ॥१९॥ इस उक्त विधि से भगवान् विष्णु की प्रार्थना कर उन्हें विज्ञापित करे और उसके अनन्तर उन पशुओं को वहाँ प्रवेशित कराकर पूर्व की भाँति धारणाओं से ज्वलनादि के द्वारा संशोधित करे। संस्कार करके मूर्ति के साथ नेत्रों को संयुक्त करके बाँधकर प्रदर्शित करना चाहिए। वहाँ पर पुष्पों से परिपूर्ण अपनी अञ्जलि करके उनके नाम से प्रक्षिप्त करनी चाहिए ॥२०॥ उस समय में पूर्व की भाँति मन्त्रों से रहित ही क्रम से अर्चना करनी चाहिए। जिस मूर्ति पर पुष्पों का पतन होवे उसका वह नाम निर्दिष्ट करे ॥२१।२२॥ पादाङ्गुष्ठ आदि से षड्गुण शिखान्त स मित सूत्र लेवे जो कि किसी कन्या के द्वारा काता हुआ हो, रक्तवर्ण का हो उसे त्रिगुणित करे ॥२३॥

यस्यां संलीयते विश्वं यतो विश्वं प्रसूयते।
प्रकृतिं प्रक्रियाभेदैः संस्थितां तत्र चिन्तयेत् ॥२४

तेन प्राकृतिकान्पाशान्ग्रथित्वा तत्त्वसंख्यया।
कृत्वा शरावे तत्सूत्रं कुण्डपार्श्वे निधाय तु ॥२५

ततस्तत्त्वानि सर्वाणि ध्यात्वा शिष्यतनौ न्यसेत्।
सृष्टिक्रमात्प्रकृत्यादिपृथिव्यन्तानि देशिकः ॥२६

त्रेधा वा पञ्चधा वा स्याद्दशद्वादशधाऽपि च।
दातव्यः सर्वभेदेन ग्रथितस्तत्त्वचिन्तकैः ॥२७

अङ्गैः पञ्चभिरव्याप्तं निखिलं प्रकृतिक्रमात्।
तन्मात्रात्मनि संहृत्य मायासूत्रे पशोस्तनौ ॥२८

प्रकृतिर्लिङ्गशक्तिश्च कर्ता बुद्धिस्तथा मनः।
पञ्चतन्मात्रबुद्ध्याख्यं कर्माख्यं भूतपञ्चकम् ॥२९

ध्यायेच्च द्वादशात्मानं सूत्रे देहे तथेच्छया ।
हुत्वा सम्पातविधिना सृष्टे सृष्टिक्रमेण तु ॥३०

जिसमें यह सम्पूर्ण विश्व संलीन होता है और जिससे ही समस्त विश्व की समुत्पत्ति हुआ करती है। उसमें इस प्रकृति को प्रक्रिया के भेदों के द्वारा संस्थित रहने वाली चिन्तन करे ॥२४॥ उसके द्वारा प्राकृतिक पाशों को तत्त्व-संख्या से ग्रथित करके एक शराव (सकोरा) में उस सूत्र को करके कुण्ड के पास में रक्खे। उसके अनन्तर समस्त तत्त्वों का ध्यान करके शिष्य के शरीर में न्यास करना चाहिए। देशिक (आचार्य) का कर्त्तव्य है कि सृष्टि के क्रम से प्रकृति से आदि लेकर पृथ्वी के पर्यन्त तत्त्वों का चिन्तन करे। तत्त्वों के चिन्तक विद्वानों को चाहिए कि तीन प्रकार से अथवा पाँच प्रकार से तथा दस और बारह प्रकार से सब भेद से घर्षित देवे। पाँच अङ्गों से प्रकृति के क्रम से अक्रान्त सबको तन्मात्रात्मा में पशु के पाया सूत्र में सहृत करे ॥२८॥ प्रकृति, लिङ्ग शक्ति, कर्त्ता, बुद्धि, मन, बुद्धपाश्व पञ्चतन्मात्र और कर्म नामक पाँच भूत द्वादश आत्मा वाले को उस प्रकार की इच्छा से सूत्र देह में ध्यान करना करना चाहिए। सृष्टि का सृष्टि के क्रम से सम्पात विधि से हवन करो ॥३०॥

एकैकं शतहोमेन दत्वा पूर्णाहुतिं ततः ।
शरावे सपुटीकृत्य कुम्भेशाय निवेदयेत् ॥३१
अधिवास्य यथान्यायं भक्तं शिष्यं तु दीक्षयेत् ।
करणीं कर्तरीं चापि रजांसि खटिकामपि ॥३२
अन्यदप्युपयोगि स्यात्सर्वं तद्वामगोचरे ।
संस्थाप्य मूलमन्त्रेण परामृश्याधिवासयेत् ॥३३
नमो भूतेभ्यश्च बलिं कुशे देयः स्मरन्हरिम् ।
मण्डपं भूषयित्वाऽथ वितानघटलड्डुकैः ॥३४
मण्डलेऽथ यजेद्विष्णुं ततः संतर्प्य पावकम् ।
आहूय दीक्षयेच्छिष्यान्बद्धपद्मासनस्थितान् ॥३५
संप्रोक्ष्य विष्णुहस्तेन मूर्धानं स्पृश्य वै क्रमात् ।
प्रकृत्यादिविकृत्यन्तां साधिभूताधिदैवताम् ॥३६

सृष्टिमाध्यात्मिकीं कृत्वा हृदि तां संहरेत्क्रमात् ।
तन्मात्रभूतां सकला जीवेन समता गताम् ॥३७
ततः संप्रार्थ्य कुम्भेशं सूत्रं संस्कृत्य देशिकः ।
अग्ने समीपमागत्य पार्श्वे तं स निवेश्य तु ॥३८
मूलमन्त्रेण सृष्टीशमाहुतीनां शतेन तम् ।
उदासीनमथाऽऽसाद्य पूर्णाहुत्या च देशिकः ॥३९
धुवलं रजः समादाय मूलेन शतमन्त्रितम् ।
संताडच हृदयं तेन हुं फटकारान्तसंयुतं ॥४०
वियोगपदसंयुक्तं वींजें पादादिभिः क्रमात् ।
पृथिव्यादीनि तत्वानि विश्लिष्य जुहुयात्ततः ॥४१

एक एक का सौ बार होम देकर इसके अनन्तर पूर्णाहुति देनी चाहिए । शराव में सम्पुटीकरण करके कुम्भ के स्वामी के लिये निवेदन कर देवे ॥३१॥ स्थानानुसार अधिवास करके अपने भक्त शिष्य को दीक्षा देनी चाहिए । करणी, कर्त्तरी, रज, खटिका और जो भी अन्य कुछ उपयोगी हो वह सभी उसके वाम भाग में प्रत्यक्ष संस्थापित करके मूल मन्त्र से परामृष्ट करे और फिर अधिवासित करना चाहिए ॥३३॥ 'नमो भूतेभ्यः' इस मन्त्र से भगवान् हरि का स्मरण करते हुए कुश में बलि देना चाहिए । इसके अनन्तर वितान घट और लड्डुओं से मनुष्य को विभूषित करे । उस मण्डल में भगवान् विष्णु का यजन करे और पावक (अग्नि) का भली भाँति तर्पण करना चाहिए । फिर समस्त शिष्यों को बुलाकर बिठा ले वे जो कि सब पद्मासन बाँधकर संस्थित हों उन्हें फिर दीक्षा देनी चाहिए ॥३५॥ विष्णु हस्त से सम्प्रोक्षण करके क्रम से मूर्धा का स्पर्श करे । प्रकृति से आरम्भ करके विकृति के अन्तपर्यन्त साधिभूताधिदैवत सृष्टि को आध्यात्मिकी करके फिर क्रम से उसे हृदय में संहृत करे जो कि तन्मात्र भूत सम्पूर्ण जीव के साथ समता को प्राप्त हो गई है ॥३७॥ इसके पश्चात् देशिक (आचार्य) को कुम्भ के ईश (घटेश्वर) की भली भाँति प्रार्थना करनी चाहिए तथा उस सूत्र का संस्कार करे और अग्नि के समीप में आकर पार्श्व में उसे सन्निवेशित करे । मूल मन्त्र के द्वारा समस्त सृष्टि के स्वामी के

लिए एक सौ आहुतियाँ देवे । इसके अनन्तर आचार्य को पूर्णाहुति द्वारा उदासीन का आसादन करना चाहिए ॥३६॥ शुक्ल रज लाकर फिर मूलमन्त्र से सौ बार अभिमन्त्रित करे और उससे हृदय को ताड़ित कर फिर उससे हुं फट्कारान्त से संयुक्त वियोग पर सपुन बीजों एवं पादादि से क्रम से पृथिवी आदि तत्वों का विश्लेषण कर हवन करे ॥४०।४१॥

वह्नावखिलतत्त्वानामालये व्याहृते हरौ ।
नीयमानं क्रमात्सर्वं तत्त्वाधारं स्मरेद्बुधः ॥४२
ताडनेन वियोज्यैवमादायाऽऽपाद्य साम्यताम् ।
प्रकृत्याऽऽहृत्य जुहुयाद्यथोक्तं जातवेदसि ॥४३
गर्भाधानं जातकर्म भोगं चैव लयं तथा ।
कृत्वाऽष्टौ तत्र तत्रैव ततः शुद्धं तु होमयेत् ॥४४
शुद्धं तत्त्वं समुद्धृत्य पूर्णाहुत्या तु देशिकः ।
सन्धयेद्धि परे तत्त्वे यावदव्याकृतं क्रमात् ॥४५
ततपरं ज्ञानयोगेन विलाप्य परमात्मनि ।
विमुक्तबन्धनं जीवं परस्मिन्नव्यये पदे ॥४६
निवृत्तं परमानन्दे शुद्धे बुद्धे स्मरेद्बुधः ।
दद्यात्पूर्णाहुतिं पश्चादेवं दीक्षा समाप्यते ॥४७
प्रयोगमन्त्रान्वक्ष्यामि यैर्दीक्षाहोमसंलयः ।
ॐ यं भूतानि विशुद्धं हुं फट् ॥४८
अनेन ताडनं कुर्याद्वियोजनमिह द्वयम् ।
ॐ यं भूतान्यापातयेऽहम् ॥४९
आदानं कृत्वा चानेन प्रकृत्या योजनं शृणु ।
ॐ यं भूतानि पुं श्रं ॥५०

विद्वान् पुरुषों को समस्त तत्त्वों के आलय वह्नि में हरि के व्याहृत रूप में क्रम से सबको प्राप्त कर तत्त्वों के आधार का स्मरण करना चाहिए ॥४२॥ इस प्रकार से ताड़न के द्वारा वियोजित करे और लाकर साम्यता का

आपादन करे। प्रकृति से आहनन कर यथोक्त अग्नि मे हवन करना चाहिए। गर्भाधान, जातकर्म, भोग और लय वहाँ पर आठ करके इसके पश्चात् फिर वहीं पर शुद्ध का होम करे ॥४३।४४॥ देशिक को शुद्ध तत्त्व को समुद्धरण कर पूर्णाहुति देनी चाहिए और जितना अव्याकृत है उसे क्रम से परतत्त्व मे स्थित करे। इसके उपरान्त ध्यान के योग से परमात्मा में विलीन करके उस परम अव्यय स्थान में जीव को बन्धनों से विमुक्त करे। शुद्ध बुद्ध परमानन्द मे निवृत्त कर बुध को स्मरण करना चाहिए। इसके अनन्तर इस प्रकार से पूर्णाहुति देनी चाहिए। इस रीति से दीक्षा की समाप्ति की जाया करती है ॥ ४९ ॥ अब प्रयोग मे लाये जाने वाले मन्त्रों को बताया जाता है जिनके द्वारा दीक्षा के होम का सम्यक् प्रकार से लय होता है। मन्त्रो के स्वरूप ये हैं—ॐ भ भूतानि', विशुद्ध हुं फट्' इनसे ताडन करे। यहाँ दोनो वियोजन हैं। फिर 'ॐ यं भूतान्या पातयेऽहम्' इस मन्त्र से आदान करे। अब प्रकृति से योजन करने का श्रवण करो। उसका मन्त्र है—'ॐ थ भूतानि पुश्च' ॥५०॥

होममन्त्र प्रवक्ष्यामि तत पूर्णाहुतेर्मनुम्।
ॐ भूतानि सहर स्वाहा ॥५१
अं अं ॐ नमो भगवते वासुदेवाय अं वौषट्।
पूर्णाहुत्यनन्तर तु तत्त्वे शिष्य तु सधयेत् ॥५२
एव तत्त्वानि सर्वाणि क्रमात्सशोधयेद् बुधः।
नमोन्तेन स्वबीजेन ताडनादिपुरःसरम् ॥५३
ॐ रां कर्मेन्द्रियाणि, ॐ च बुद्धीन्द्रियाणि।
यबीजेन समान तु ताडनादिप्रयोगकम् ॥५४
ॐ सु सं गन्धतन्मात्रे विम्ब शुद्ध्व हुँ फट्।
ॐ स पाहि हा ॐ रव स्वयुद्ध्व प्रकृत्या अं ज हु गन्धतन्मात्रं संहर स्वाहा ॥५५
तत पूर्णाहुतिश्चैवमुत्तरेषु प्रयुज्यते।
ॐ रां रसतन्मात्रे। ॐ तें रूपतन्मात्रे ॥५६

ॐ ध स्पर्शतन्मात्रे । ॐ य शब्दतन्मात्रे । ॐ भ नमः ।
ॐ मो अहङ्कार । ॐ म बुद्धौ । ॐ ॐ ॐ प्रकृतौ ॥५७

इसके उपरान्त होम करने के मन्त्र को बताकर फिर पूर्णाहुति देने के मन्त्र को बतलाया जाता है । मन्त्रों का स्वरूप यह है—"ॐ भूतानि संहर स्वाहा" "ॐ अं म ॐ नमः भगवते वासुदेवाय म वौषट्" । पूर्णाहुति के अनन्तर तत्त्व मे शिष्य को सचित करना चाहिए । इस प्रकार से बुध पुरुष को क्रम से समस्त तत्त्वों का संशोधन ताडन आदि के सहित अपने बीज से करे जिसके अन्त मे 'नम '—यह होना चाहिए ॥५३॥ 'ॐ रां'—इससे कर्मेन्द्रियों को और ॐ दें'—इससे ज्ञानेन्द्रियों को सशोधित करे । 'य'—यह बीज समान होता है जो ताडन आदि के प्रयोग मे आता है ॥५४॥ ॐ सुं ल इससे गन्ध तन्मात्र मे विग्न को योजित करो फिर हुं फट् —यह कहो । ॐ स पाहि हां ॐ स्व स्व को योजित करो प्रकृति से अ ज हुं को गन्ध तन्मात्र मे संहर करो स्दा । अन्त मे कहे ॥५५॥ इसके अनन्तर इस प्रकार से उत्तरो मे पूर्णाहुति का प्रयोग किया जाता है । ॐ रा का रस तन्मात्र मे—ॐ तें को रूप तन्मात्र में—ॐ ध को स्पर्श तन्मात्र में—ॐ य को शब्द तन्मात्र में—ॐ भ नम — इस अहङ्कार में—ॐ म इसको प्रकृति में प्रयुक्त करे ॥५७॥

एकमूर्तावय प्रोक्तो दीक्षायोग समासत ।
एवमेव प्रयोगस्तु नवव्यूहादिके स्मृत ॥५८
दग्ध्वा परस्मिन्सदध्यान्निर्वाणे प्रकृति नर ।
शोधयित्वाऽस्य भूतानि कर्माक्षाणि विशोधयेत् ॥५९
बुद्धयक्षाण्यथ तन्मात्र मनो ज्ञानमहङ्कृतिम् ।
लिङ्गात्मान विशोध्यान्ते प्रकृति शोधयेत्पुन ॥६०
पुरुष प्राकृत शुद्धमेश्वरे धाम्नि सस्थितम् ।
स्वगोचरीकृताशेषभोग मुक्तौ कृतास्पदम् ॥६१
ध्यायेत्पूर्णाहुति दद्याद्दीक्षेय त्वधिकारदा ।
अगैराराध्य मन्त्रस्य नीत्वा तत्त्वगण समम् ।.६२

क्रमादेवं विशोध्यान्ते सर्वसिद्धिसमन्वितम् ।
ध्यायन्पूर्णाहुतिं दद्याद्दीक्षेयं साधके स्मृता ।।६३
द्रव्यस्य वा न सपत्तिरशक्तिर्वाऽऽत्मनो यदि ।
इष्ट्वा देवं यथापूर्वं सर्वोपकरणान्वितः ।।६४

यह दीक्षा का योग संक्षेप से एक मूर्ति में बताया गया है। इसी प्रकार से प्रयोग नव व्यूह आदि में कहा गया है ।।५८।। परमें दग्ध करके मनुष्य को प्रकृति का निर्वाण में सन्धान करना चाहिए। इसके अनन्तर भूतों का शोधन करके फिर कर्मांक्षों का विशेष रूप से शोधन करना चाहिए ।।५९।। इसके उपरान्त बुद्ध्यक्षों का, तन्मात्र, मन, ज्ञान, अहङ्कृति और लिङ्गात्मा का विशोधन करके फिर अन्त में प्रकृति का शोधन करना चाहिए ।।६०।। शुद्ध प्राकृत पुरुष को ईश्वरीय धाम में संस्थित तथा अशेष भोग को अपने में गौणी कृत करके मुक्ति में स्थिये हुए आस्पद वाला है—ऐसा ध्यान करे। फिर पूर्णाहुति देवे। यह अधिकार देने वाली दीक्षा है। मन्त्र के अङ्गों के द्वारा आराधन करके समस्त तत्वों के गण को समरूप से लेकर इस प्रकार से क्रमशः विशोधन करे और अन्त में समस्त सिद्धियों से समन्वित का ध्यान करना चाहिए। फिर पूर्णाहुति देनी चाहिए। यह दीक्षा साधना करने वाले पुरुष साधक के विषय में कही गई है ।।६३।। द्रव्य की सम्पत्ति न हो अथवा आत्मा की शक्ति का अभाव हो तो यथ पूर्व देव का यजन करके समस्त उपकरणों से समन्वित होता हुआ तुरन्त अधिवास करके द्वादशी में देशिकोत्तम (उत्तम आचार्य) को दीक्षा देनी चाहिए। भक्त विनीत अर्थात् विनय वाला और सम्पूर्ण शरीर में रहने वाले गुणों से संयुत होना चाहिए ।।६४।।

सद्योऽधिवास्य द्वादश्यां दीक्षयेद्देशिकोत्तमः ।
भक्तो विनीतः शारीरैर्गुणैः सर्वैः समन्वितः ।।६५
शिष्यो नातिधनी यस्तु स्थण्डिलेऽभ्यर्च्य दीक्षयेत् ।
अध्वानं निखिलं दैवं भौतं वाऽध्यात्मिकीकृतम् ।।६६
सृष्टिक्रमेण शिष्यस्य देहे ध्यात्वा तु देशिकः ।
अष्टाष्टाहुतिभिः पूर्वं क्रमात्सतर्प्य सृष्टिमान् ।।६७

स्वमन्त्रैर्वासुदेवादीञ्ज्वलनादीन्विसर्जयेत् ।
होमेन शोधयेत्पश्चात्संहारक्रमयोगतः ॥६८
यानि सूत्राणि बद्धानि मुक्त्वा कर्माणि देशिक ।
शिष्यदेहात्समाहृत्य क्रमात्तत्वानि शोधयेत् ॥६९
अग्नौ प्राकृतिके विष्णोलयं नीत्वाऽधिदैविके ।
शुद्धं तत्वमशुद्धेन पूर्णाहुत्या तु साधयेत् ॥७०

जो कोई शिष्य ऐसा हो कि जिनके पाप अति भी न हों उसे स्थण्डिल में ही अभ्यर्चना करके दीक्षित कर देवे। सम्पूर्ण दैव मार्ग अथवा भक्तिमार्ग को आध्यात्मिकीकृत करके देशिक को सृष्टि के क्रम से शिष्य के देह में स्थान करके पहिले क्रम से आठ आठ आहुतियों से भली-भाँति अर्पण करके सृष्टिमान् अपने मन्त्रों के द्वारा वासुदेव आदि को और ज्वलन आदि को विसर्जित करे। पीछे होम से संहार के क्रम-योग से शोधन करना चाहिए ॥६८॥ जो सूत्रबद्ध हो उन कर्मों का आचार्य को मुक्त करके शिष्य के देह से समाहृत करके क्रम से तत्वों का शोधन करना चाहिए ॥६९॥ प्राकृतिक अग्नि में और आधिदैविक विष्णु में लय को प्राप्त करके अशुद्ध से शुद्ध तत्व को पूर्णाहुति के द्वारा साधित करे। शिष्य के आपन्न होने पर प्राकृतिक गुणों को दग्ध करे और अधिकार में मोचन करे अथवा आचार्य के द्वारा शिशुओं को नियोजित करना चाहिए। ॥७०॥

शिष्ये प्रकृतिमापन्ने दग्ध्वा प्राकृतिकान्गुणान् ।
मोचयेदधिकारे वा नियुञ्ज्याद्देशिकः शिशून् ॥७१
अथान्या शक्तिदीक्षा वा कुर्याद् भावे स्थितो गुरुः ।
भक्त्या सम्प्रतिपन्नाना यतीना निर्धनस्य च ॥७२
संपूज्य स्थण्डिले विष्णुं पार्श्वस्थं स्थाप्य पुत्रकम् ।
देवताभिमुखः शिष्यस्तिर्यगास्य स्वयं स्थितः ॥७३
अध्वानं निखिलं ध्यात्वा पर्वभिः स्वविकल्पितम् ।
शिष्यदेहे तथा देवमाधिदैविकयाजनम् ॥७४

ध्यानयोगेन सञ्चिन्त्य पूर्ववत्ताडनादिना ।
क्रमात्तत्वानि सर्वाणि शोधयेत्स्थण्डिले हरौ ॥७५
ताडनेन वियोज्याथ गृहीत्वाऽऽत्मनि तत्पुन. ।
देवे सयोज्य सशोध्य गृहीत्वा तत्स्वभावत. ॥७६
आनीय शुद्धतत्वेन सधयित्वा क्रमेण तु ।
शोधयेद्ध्यानयोगेन सर्वत्रोत्तानमुद्रया ॥७७
शुद्धेषु सर्वतत्वेषु प्रधाने चेश्वरे स्थिते ।
दग्ध्वा निर्वापयेच्छिष्यान्पदे चैशे नियोजयेत् ॥७८

अथवा इसके अनन्तर भाव में स्थित होकर गुरु को अनन्य शक्ति दीक्षा विधि विधान पूर्वक करनी चाहिए। यह दीक्षा उन्ही की करनी चाहिए जो या तो अत्यन्त धनहीन हो या भक्ति भाव से भली भाँति प्रतिपन्न यतीगण हो ॥७१॥७२॥ स्थण्डिल मे विष्णु देव का भली भाँति पूजन करके और पुत्र को पार्श्व मे स्थापित करे। देवता के सम्मुख रहने वाला शिष्य तिरछा मुख वाला होकर स्वयं स्थित हो। सम्पूर्ण अध्वा का ध्यान करके जो कि अपने पत्रो से विकल्पित हो फिर शिष्य के देह मे देव का उस प्रकार से आधि दैविक याजन पूर्व की भाँति ताडन आदि से ध्यान योग के द्वारा सचिन्तन करे। फिर क्रम से स्थण्डिल में हरि मे सम्पूर्ण तत्वो को शोधित करना चाहिए ॥७५॥ ताडन के द्वारा वियुक्त करके इसके उपरान्त पुन आत्मा मे ग्रहण करे और देव में सयोजित एव सशोधित करके उसके स्वभाव से ग्रहण करे। शुद्ध तत्त्व से लाकर क्रम से सधित करके सर्वत्र उत्तान मुद्रा के द्वारा ध्यान के योग से शोधन करना चाहिए ॥७७॥ समस्त तत्वो के शुद्ध हो जाने पर और प्रधान के ईश्वर मे स्थित होने पर शिष्यो को दग्ध करके निर्वापित करे और ऐश अर्थात् ईश सम्बन्धी पद पर नियोजित करना चाहिए ॥७८॥

निनयेत्सिद्धिमार्गेण साधक देशिकोत्तमः ।
इवमेवाधिकारस्थो गृही कर्मण्यतन्द्रित. ॥७९
आत्मान शोधयस्तिष्ठेद्यावद्रागक्षयो भवेत् ।
क्षीणरागमथाऽऽत्मान ज्ञात्वा सशुद्धकिल्बिष ॥८०

आरोप्य पुत्रे शिष्ये वा ह्यधिकारं तु संयमी ।
दग्ध्वा मायामयं पाशं प्रव्रज्य स्वात्मनि स्थितः ।
शरीरपातमाकाङ्क्षन्नासीताव्यक्तलिंगवान् ॥८१

उत्तम देशिक (आचार्यवर) को चाहिए कि साधना में समाहित साधक को सिद्धि के मार्ग से वहीं प्राप्त करावे। इस प्रकार से अधिकार में रहने वाला गृही (गृहस्थाश्रमी) तन्द्रा शून्य होता हुआ कर्मों को और आत्मा को अर्थात् अपने आप को शोधित करता हुआ रहे जब तक पूर्ण रूप से राग का क्षय न हो जावे। जब यह अच्छी तरह से समझ लेवे कि मेरा सब राग क्षीण हो गया और सम्पूर्ण विलिप्त (पाप या बुरेकर्म) अच्छी तरह शुद्ध हो चुके हैं तथा आत्मा परम विशुद्ध हो गया है तो संयमशील वाला पुरुष अपने पुत्र में अथवा शिष्य में अपना सब अधिकार समर्पित करके मायामय पाश को दग्ध करके प्रव्रजित हो जावे और अपनी ही आत्मा में स्थित रहे। शरीर के पात की आकाङ्क्षा करके अव्यक्त लिङ्ग वाला न होवे ॥८१॥

१३५—आचार्याभिषेकविधानम्

अभिषेकं प्रवक्ष्यामि यथा कुर्यात्तु पुत्रकः ।
सिद्धिभाक्साधको येन रोगी रोगात्प्रमुच्यते ॥१
राज्यं राजा सुतं स्त्री च प्राप्नुयान्मलनाशनम् ।
मृत्माकुम्भान्सुरत्नाढ्यान्मध्यपूर्वादितो न्यसेत् ॥२
सहस्रावर्तितान्कुर्यादथवा शतवर्तितान् ।
मण्डपे मण्डले विष्णु प्राच्यंशान्योश्च पीठके ॥३
निवेश्य स कलीकृत्य पुत्रकं साधकादिकम् ।
अभिषेकं समभ्यर्च्य कुर्याद्गीतादिपूर्वकम् ॥४
दद्याच्च योगपीठादीस्त्वनुग्राह्यास्त्वया नराः ।
गुरुश्च समयान्ब्रूयाद्गुरुः शिष्योऽप्य सर्वभाक् ॥५

अब आचार्य के अभिषेक का विधान इसमें वर्णित किया जाता है। नारदजी ने कहा—अब हम अभिषेक के विषय मे बतलाते हैं जो कि पुत्र को जिस विधि-विधान के द्वारा करना चाहिए। इसके करने से साधक परम सिद्धि के प्राप्त करने वाला होता है और इसके द्वारा कोई रोगयुक्त हो तो वह अपने रोग से छुटकारा पा जाता है ॥१॥ राजा को इससे राज्य की प्राप्ति होती है यथा स्त्री मलों के नाश करने वाला पुत्र प्राप्त किया करती है। मिट्टी के कलशों को जो कि सुन्दर रत्नों से समन्वित हो मध्य और पूर्व आदि में न्यस्त करे। मे कुम्भ एक सहस्र हों अथवा शतवर्ती हो मण्डप में जो मण्डल है उसमें भगवान् विष्णु को पीठ पर प्राची तथा ऐशानी दिशाओं मे निवेशित करे। साधकादि पुत्र को सङ्कुलित करके गीत आदि के सहित अभिषेक अभ्यर्चन करे। योगपीठ आदि देवे। आपको मनुष्यों पर अनुग्रह करना चाहिए। इससे गुरु और शिष्य समस्त कामनाओं को प्राप्त होते हैं ॥५॥

१३६—मन्त्रसाधनविधिः सर्वतोभद्रादिमण्डललक्षणानि च

साधकः साधयेन्मन्त्रं देवतायतनादिके।
शुद्धभूमौ गृहे प्राच्यं मण्डले हरिमीश्वरम् ॥१
चतुरस्रीकृते क्षेत्र मण्डलादीनि वै लिखेत्।
रसबाणाक्षिकोष्ठेषु सर्वतोभद्रमालिखेत् ॥२
षट्त्रिंशत्कोष्ठकैः पद्म पीठे पङ्क्त्या बहिर्भवेत्।
द्वाभ्यां तु वीथिका तस्मात् द्वाभ्यां द्वाराणि दिक्षु च ॥३
वर्तुलं भ्रामयित्वा तु पद्मक्षेत्रं पुरोदितम्।
पद्मार्धं भ्रामयित्वा तु भाग द्वादशमं (कं) बहि. ॥४
विभज्य भ्रामयेच्छेषं चतुष्क्षेत्रं तु वर्तुलम्।
प्रथमं कर्णिकाक्षेत्रं केसराणां द्वितीयकम् ॥५
तृतीयं दलसन्धीनां दलाग्राणां चतुर्थकम्।
प्रसार्यकोणसूत्राणि कोणदिङ्मध्यमं तत ॥६
निधाय केसराग्रे दलसंधींस्तु लाञ्छयेत्।
पातयित्वाथ सूत्राणि तत्र पत्राष्टकं लिखेत् ॥७

इस अध्याय में मन्त्रों के साधन की विधि और सर्वतोभद्र आदि मण्डलों के लक्षण बताये जाते हैं। नारदजी ने कहा—साधना करने वाले साधक को किसी देवता के प्रासाद अर्थात् स्थान में मन्त्र की साधना करनी चाहिए। गृह में जो शुद्ध भूमि हो उसी में मण्डल लिखित कर ईश्वर श्री हरि की अर्चना करे। पहिले क्षेत्र अर्थात् अर्चना तथा साधना के स्थल को चतुरस्र (चौकोर) अर्थात् सभी ओर से समान कर लेवे। फिर उसमें मण्डल आदि का लक्षन करना चाहिए। रस (छः), वाण और अग्नि (नेत्र अर्थात् दो) कोष्ठों में सर्वतोभद्र नामक मण्डल का आलेखन करना चाहिए ॥१॥२॥ छत्तीस कोष्ठों के द्वारा पीठ पद पंक्ति से बाहर होना चाहिए। द्वयंश अर्थात् दो से वीथिका और दिशाओं में दो से द्वारों की रचना करे ॥३॥ पुरा उदित पद्म के क्षेत्र को वर्त्तुल (गोलाकार वाला) भ्रामित करे। पद्म के मध्य से बाहिर भ्रमण करके द्वादश भाग करे। आप चतुष्कोष्ठ को जो कि गोलाकार वाला है विभाग करके भ्रामित करना चाहिए। प्रथम जो क्षेत्र है वह कर्णिका का क्षेत्र है और दूसरा क्षेत्र केसरों का होता है ॥४॥५॥ तृतीय क्षेत्र दलों की सन्धियों का होता है तथा चतुर्थ क्षेत्र दलों के अग्र भागों का होता है। कोणसूत्र को प्रसारित कर फिर कोण दिक् मध्य में रहने वाला करे ॥६॥ केसरों के अग्रभाग में निपातित कर दलों की सन्धियों के चिन्ह बनावे। सूत्रों का पातन करके वहाँ पर आठ पत्रों का लक्षन करना चाहिए ॥७॥

दलमध्यान्तरात् तु मानं मध्ये निधाय तु।
दलाग्रं भ्रामयत्तत्र तदग्रं तदनन्तरम् ॥८

तदन्तरान् तत्पार्श्वं कृत्वा वाह्यक्रमेण च।
केसरों ल निमद् द्वौ द्वौ दलमध्ये तत पुन ॥९

पद्मलक्षमतत्सामान्य तद्द्विपट्दलमुच्यते।
कर्णिकार्धेन मानन प्राग्वन्य भ्रामयत्क्रमात् ॥१०

तत्पार्श्वे भ्रमयोगेन कुण्डल्य षड् भवन्ति हि।
एवं द्वादश मत्स्याः स्युर्द्विषट्कदलकं चतैः ॥११

पञ्चपद्मादिसिद्धयर्थं मत्स्यै कुर्वेवमब्जकम् ।
व्योमरेखावहि पीठं तत्र कोष्ठानि मार्जयेत् ॥१२
त्रीणि कोणेषु पादार्थं द्विद्विकान्यपराणि तु ।
चतुर्दिक्षु विलिमानि पत्रकाणि भवन्त्युत ॥१३
तत पङ्क्तिद्वयं दिक्षु वीथ्यर्थं तु विलोपयेत् ।
द्वाराण्याशासु कुर्वीत चत्वारि चतसृष्वपि ॥१४

दलों के मध्य भाग का जो अन्तराल है उसके मान को मध्य में रखे । उसी से दलो के अग्र भाग को भ्रामित करे । उसका अग्रभाग और उसके अनन्तर उसका अन्तराल उसके पार्श्व मे करके बाह्यक्रम से दो केसरो को लिखना चाहिए । फिर इसके अनन्तर दलो के मध्य में दो-दो का लेखन करे ॥८॥९॥ यह सामान्य पद्म का लक्षण होता है जो कि बारह दल वाला कहा जाता है । जो मध्य मे उस पद्म की कर्णिका है उसके आधे मान से क्रमश प्रावसस्थ को भ्रामित करना चाहिए ॥१०॥ उसके पार्श्व भाग मे उसी प्रकार से घुमाने के योग के द्वारा छ कुण्डलियाँ होती हैं । उनमे दोषद् अर्थात् बारह दलो वाला जो पद्म है उससे इसी प्रकार से द्वादश मत्स्य होते हैं ॥११॥ पद्म पत्र आदि की सिद्धि के लिये मत्स्यो के द्वारा इस तरह से कमल की रचना करे । व्योम रेखा के बाहर पीठ करे और वहाँ कोष्ठों का मार्जन करना चाहिए ॥१२॥ कोणो मे तीन को पादो के लिये ऊपर द्विद्विको को और चारो दिशाओं मे पत्रक विलिप्त होते हैं ॥१३॥ इसके उपरान्त वीथी के लिये दिशाओं में दो पंक्तियो को विलोपित करे और चारो दिशाओं मे चार द्वार करने चाहिए ॥१४॥

द्वाराणा पार्श्वत शोभा अष्टौ कुर्याद्विचक्षण. ।
तत्पार्श्वे उपशोभास्तु तावत्य परिकीर्तिता ॥१५
समीप उपशोभाना कोणास्तु परिकीर्तिता. ।
चतुर्दिक्षु ततो द्वे द्वे चिन्तयेन्मध्यकोष्ठकं ॥१६
चत्वारि बाह्यतो मृज्यादेकैक पार्श्वयोरपि ।
शोभार्थं पार्श्वयोस्त्रीणि त्रीणि लुम्पेद्दलस्य तु ॥१७

तद्वद्विपर्यये कुर्यादुपशोभा तत परम् ।
कोणस्यान्तर्बहिस्त्रीणि चिन्तयेन्निर्विभेदत. ॥१८
एव षोडशकोष्ठ स्यादेवमन्यत्तु मण्डलम् ।
द्विषट्कभागे षड्विंशत्पद पद्म तु वीथिका ॥१६
एका पङ्क्ति परास्या तु द्वारशोभादि पूर्ववत् ।
द्वादशागुलिभि पद्ममेकहस्ते तु मण्डले ॥२०
द्विहस्ते हस्तमात्र स्याद्वृद्धया द्वारेण चाऽऽचरेत् ।
अपीठ चतुरस्र स्याद् द्विकर चक्रपङ्कजम् ॥२१

विद्वान् पुरुष को द्वारों के पार्श्व में आठ शोभा करनी चाहिए। उसके पार्श्व मे उतनी ही उपशोभा कीर्तित की गई हैं अर्थात् बताई गई हैं ॥१७॥ उपशोभाओं के समीप म कोण कहे गये है। चारो दिशाओ मे मध्य कोठको से दो दो का चिन्तन करे ॥१६॥ बाह्य भाग मे चार को मुद्रित करे पार्श्वों मे भी एक-एक करे। शोभा के लिए दोनो पार्श्वों मे दल के तीन-तीन लुप्ति करे ।१७। उसके विपर्यय मे इसके पश्चात् उपशोभा करनी चाहिए। कोण के अन्दर और बाहर बिना भेद से तीन का चिन्तन करे ॥१८॥ इस प्रकार से षोडश कोष्ठ होवें। इसी प्रकार अन्य मण्डल करे। द्विषट्क भाग मे षड्विंशत्पद पद्म और वीथिका करे ॥१६॥ एक प क्ति परो से द्वारशोभा आदि पूर्व की भाति रखे। एक हाथ मण्डल म बारह अ गुल पद्म बनावे ॥२०॥ यदि दो हाथ के परिमाण वाला मण्डल हो तो एक हाथ परिमाण वाला ही पद्म रखना चाहिए और द्वार से वृद्धि के अनुसार ही करे। अपीठ चतुरस्र होवे और दो हाथ चक्र पङ्कज करना चाहिए ॥२१॥

पद्मार्धं नवभि प्रोक्त नाभिस्तु तिसृभि स्मृता ।
अष्टाभिरन्तरारकान्कुर्यान्नेमिं तु चतुरङ्गुले ॥२२
त्रिधा विभज्य च क्षेत्रमन्तर्द्वाभ्यामथाग्रयेत् ।
पद्मान्तरस्वारमिदग्धयं तेष्वारपाल्य लिखेदरान् ॥२३
इन्दीवरदलाकारानथ वा मातुलुङ्गवत् ।
पद्मपत्रायतान्वाऽपि लिखेदिच्छानुरूपत ॥२४

भ्रामयित्वा बहिर्नेमावरसध्यन्तरे स्थित ।
भ्रामयेदरमूल तु सन्धिमध्ये व्यवस्थित ॥२५
अरमध्ये स्थितो मध्यमराणा भ्रामयेत्समम् ।
एव सिध्यन्त्यरा सम्यड् मातुलिङ्गनिभा समा ॥२६
विभज्य सप्तधा क्षेत्र चतुर्दशकर समम् ।
त्रिधा कृते शत द्वात्र पण्णवत्याधिकानि तु ॥२७
कोष्ठकानि चतुर्भिस्तैर्मध्ये भद्र समालिखेत् ।
परितो विसृजेद्वीथ्यै तथा दिक्षु समालिखेत् ॥२८

पद्मार्थ अर्थात् पद्म का आधा भाग नौ अ गुल का कहा गया है तथा उसकी नाभि तीन अ गुल वाली बताई गई है । अ गुल उसके आरक हों और नेमि चार अ गुल वाली होनी चाहिए । क्षेत्र को तीन भागों म विभाजित करे और अन्दर के दो भागो से उसे अङ्कित करना चाहिए । अन्दर के पाँच आरों की सिद्धि के लिये उनम धारफाल्य अरों को लिखे । इन्दीवर के दलो के आकार वाले अथवा मातुलुङ्ग के समान बिम्बा पद्म पत्र के सदृश आयत अपनी इच्छा के अनुरूप ही लिखना चाहिए ॥२४॥ अरों को सन्धि के अन्तर मे स्थित होते हुए बाहिर नेमि में घुमावे और सन्धियों के मध्य मे व्यवस्थित रहते हुए अरो के मूल भ्रमित करना चाहिए ॥२५॥ अरो के मध्य म स्थित होते हुए अरो के सम मध्य को घुमावे । इसी प्रकार से भली भाँति मातुलुङ्ग के सदृश सम अरों की सिद्धि होती है ॥२६॥ क्षेत्र को सात भागो म विभाजित करके चौदह हाथ सम करे । तीन भागो म करने पर यहाँ छियानवे अधिक होते हैं ॥२७। ऐसे कोष्ठक होते हैं उन चारों के द्वारा मध्यभाग म भद्र का लेखन करना चाहिए । सब ओर वीथी के लिय छ ड देवे तथा दिशाओ म समालेखन करे। ॥२८॥

कमलानि पुनर्वीथ्यै परित परिमृज्य तु ।
द्वं द्वं मध्यमकोष्ठं तु ग्रीवार्थं दिक्षु लोपयेत् ॥२९
चत्वारि बाह्यत पश्चात्त्रीणि त्रीणि तु लोपयेत् ।
ग्रीवापार्श्वे बहिस्त्वेक शोभा सा परिकीर्तिता ॥३०

विसृज्य बाह्यकोणेषु तथान्तस्त्रीणि मार्जयेत् ।
मण्डलं नवनाभं स्यान्नवव्यूहं हरिं यजेत् ॥३१
पञ्चविंशतिकव्यूहं मण्डलं विश्वरूपकम् ।
द्वात्रिंशद्धस्तकं क्षेत्रं भक्तं द्वात्रिंशता समम् ॥३२
एवं कृते चतुर्विंशत्यधिकं तु सहस्रकम् ।
कोष्ठकानां समुद्दिष्टं मध्ये षोडशकोष्ठकैः ॥३३
भद्रकं परिलिख्याथ पार्श्वे पङ्क्तिं विसृज्य तु ।
ततः षोडशभिः कोष्ठैर्दिक्षु भद्राष्टकं लिखेत् ॥३४
ततोऽपि पङ्क्तिं संमृज्य तद्वत्षोडशभद्रकम् ।
लिखित्वा परितः पङ्क्तिं विसृज्याथ प्रकल्पयेत् ॥३५

इस प्रकार से फिर कमलों की रचना कर वीथी के लिये सब ओर परिमृष्ट करे। मध्यम कोष्ठ में दो-दो दिशाओं में ग्रीवा के लिये छोड़ देवे। बाहिर के भाग में चार और पीछे तीन-तीन लोपित कर देवे। ग्रीवा के पार्श्व में बाहिर एक करे। यह ऐसी शोभा बताई गई है ॥२६॥३०॥ बाह्य कोणों में साढ़ का त्याग कर अन्दर तीन का मार्जन करना चाहिये। इस तरह से नव नाभवाला मण्डल होवे और नव व्यूह हरि का यजन करना चाहिये ॥३१॥ पञ्चविंशतिक व्यूह वाला मण्डल विश्वरूपक होता है। बत्तीस हाथ वाला क्षेत्र बत्तीस के सम विभक्त कर ॥३२॥ ऐसा करने पर एक हजार चौबीस षोडश कोष्ठकों से मध्य में कोष्ठक समुद्दिष्ट होते हैं ॥३३॥ इसके अनन्तर भद्रक का परिलेखन करके पार्श्व में पंक्ति को छोड़ देवे और इसके अनन्तर सोलह कोष्ठों के द्वारा दिशाओं में भद्राष्टक का लेखन करना चाहिए। फिर पङ्क्ति को छोड़कर उसी को षोडश भद्रक लिखे। सब ओर पङ्क्ति का त्याग कर उसे प्रकल्पित करना चाहिए ॥३५॥

द्वारद्वादशकं दिक्षु त्रीणि त्रीणि यथाक्रमम् ।
षड् बहिः परिलुप्यान्तर्मध्ये चत्वारि पार्श्वयोः ॥३६
चत्वार्यन्तर्बहिर्द्वे तु शोभार्थं परिमृज्य तु ।
उपद्वारप्रसिद्ध्यर्थं त्रीण्यन्तः पञ्च बाह्यतः ॥३७

परिमृज्य तथा शोभा पूर्ववत्परिकल्पयेत् ।
बहि: कोणेषु सप्तान्तर्त्रीणि कोष्ठानि मार्जयेत् ॥३८
पंचविंशतिकव्यूहे पर ब्रह्म यजेत्त्वजे ।
मध्ये पूर्वादित पद्मे वासुदेवादयः क्रमात् ॥३९
वाराह पूजयित्वा तु पूर्वपद्मे ततः क्रमात् ।
व्यूहान्सपूजयेत्तावद्यावत्पट्‌विंशको भवेत् ॥४०
यथोक्त व्यूहमखिलमेकस्मिन्मण्डले क्रमात् ।
यष्टव्यमिति मन्त्रेण प्रचेता मन्यतेऽध्वरम् ॥४१
सत्यस्तु मूर्त्तिभेदेन विभक्तं मन्यतेऽच्युतम् ।
चत्वारिंशत्कर क्षेत्रं ह्युत्तर विभजेत्क्रमात् ॥४२

चारो दिशाओ मे तीन-तीन के क्रम से बारह द्वारो को रचना करनी चाहिए। बाहिर छ अन्तमध्य मे परिवार लुप्तकर प.र्श्वों में चार बनावे। चार अन्दर बाहिर ही शोभा के लिये परिमृजित करे। उपद्वारो की प्रसिद्धि के लिये अन्दर तीन और पाँच बाह्य भाग मे करे। उसको परिमृजित (विशुद्ध) करके तथा पूर्व की भाँति शोभा की परिकल्पित करना चाहिए। बाहिर कोणों म सात और अन्दर तीन कोष्ठों का मार्जन करना चाहिए ॥३८॥ पञ्च विंशतिक व्यूह में कमल मे परब्रह्म का यजन करे। मध्य मे पूर्वादि से क्रमश पद्म मे वासुदेव आदि को पूजित करना चाहिए ॥३९॥ पूर्व पद्म मे वाराह का पूजन करके फिर क्रम से व्यूहो का भली-भाँति समर्चन करे और तब तक करे जब तक पट् विंशग होवे ॥ ४० ॥ एक मण्डल मे क्रम से यथोक्त समस्त व्यूह का यजन करना चाहिए। और 'यष्टव्य प्रचेता मन्यतेऽध्वरम्'' इस मन्त्र से यजन करे ॥४१॥ मूर्त्ति भेद से सत्य का यजन करे जो विभक्त अच्युत माने जाते हैं। उत्तर क्षेत्र को चत्वारिंशत्कर (चालीस) क्रम से विभाजित करे ॥४२॥

एकैक सप्तधा भूयस्तथैकैक द्विधा पुन ।
चतुःषष्ट्युत्तर सप्त शतान्येक सहस्रकम् ॥४३
कोष्ठकाना समुद्दिष्ट मध्ये षोडशकोष्ठकं ।
पार्श्वे वीथी ततश्चाष्टभद्राण्यथ च वीथिका ॥४४

षोडशाब्जान्यथो वीथी चतुर्विंशतिपङ्कजम् ।
वीथीपद्मानि द्वात्रिंशल्लिङ्गान्येव जान्यथ ॥४५
चत्वारिंशत्ततो वीथी शेषपङ्क्तित्रयेण च ।
द्वारशोभोपशोभाः स्युर्दिक्षु मध्ये विलोप्य च ॥४६
द्विचतुष्षड्द्वारसिद्ध्यै चतुर्दिक्षु विलोपयेत् ।
पञ्च त्रीण्येकं बाह्ये शोभोपद्वारसिद्धये ॥४७
द्वाराणां पार्श्वयोरन्तः षट् चत्वारि च मध्यतः ।
द्वे द्वे लुम्पेदेवमेव षड् भवन्त्युपशोभिकाः ॥४८
एकस्यां दिशि सङ्ख्याः स्युश्चतस्रः परिसंख्यया ।
एकैकस्यां दिशि त्रीणि द्वाराण्यपि भवन्त्यतः ॥४९
पञ्च पञ्च तु कोणेषु पङ्क्तौ पङ्क्तौ क्रमान्मृजेत् ।
कोष्ठकानि भवेदेवं सर्वेष्टं मण्डलं शुभम् ॥५०

एक-एक को सात प्रकार से करे फिर उसी भाँति एक एक को दो प्रकार का करे। इस तरह से एक सहस्र बावन कोष्ठ करे ॥४३॥ कोष्ठकों के मध्य में षोडश कोष्ठकों से बनाया गया है। पार्श्व में वीथी बनावे और फिर इसके अनन्तर अष्ट दलों की रचना करे और पुनः वीथी निर्मित करनी चाहिए। ॥४४॥ सोलह कमल इसके पश्चात् वीथी और चौबीस पङ्कज होते हैं। वीथी पद्म बत्तीस हैं ॥४५॥ इसके उपरान्त चालीस वीथी और शेष पंक्तित्रय के द्वार शोभा तथा उपशोभा होनी चाहिए। दिशाओं के मध्य में विलुप्त करे। दो चार और छ द्वारों की सिद्धि के लिये चारों दिशाओं में विलोपित करे। पाँच-तीन और एक-एक बहिर्भाग में शोभा के उपद्वार की सिद्धि के लिये करे ॥४६॥४७॥ द्वारों के पार्श्व भागों में अन्दर चालीस और मध्य में दो-दो को लुप्त करे। इसी प्रकार से उपशोभिका छः होती हैं ॥४८॥ एक दिशा में परिसंख्या से चार संख्या होती हैं। एक-एक दिशा में तीन द्वार होते हैं। अतः कोणों में पाँच-पाँच पंक्ति-पंक्ति में क्रम से मृजित करे। इस प्रकार से कोष्ठ होते हैं और सर्वेष्ट शुभ मण्डल होता है ॥४९॥५०॥

१३७—सर्वतोभद्रमंडलादिविधिकथनम्

मध्ये पद्मे यजेद् ब्रह्म साङ्ग पूर्वेऽब्जनाभकम् ।
आग्नेयेऽब्जे च प्रकृतिं याम्येऽब्जे पुरुषं यजेत् ॥१
पुरुषाद्दक्षिणे वन्हि नैरृते वारुणेऽनिलम् ।
आदित्यमैन्दवे पद्मे ऋग्यजुश्चैशपद्मके ॥२
इन्द्रादींश्च द्वितीयायां पद्मे षोडशके तथा ।
सामाथर्वाणम,काश वायु तेजस्तथा जलम् ।३
पृथिवी च मनश्चैव श्रोत्र त्वक्चक्षुरर्चयेत् ।
रसना च तथा घ्राण भूर्भुवश्चैव षोडशम् ॥४
महर्जनस्तप. सत्य तथाऽग्निष्टोममेव च ।
अत्यग्निष्टोमक चोक्थ षोडशी वाजपेयकम् ॥५
अतिरात्र च सपूज्य तथाऽप्तोर्याममर्चयेत् ।
मनो बुद्धिमहकार शब्द स्पर्श च रूपकम् ॥६
रस गन्ध च पद्मेषु चतुर्विशतिषु क्रमात् ।
जीव मनो धिय चाह प्रकृति शब्दमात्रकम् ॥७

अब इस अध्याय में सर्वतो भद्र मण्डल आदि की विधि का वर्णन किया जाता है। नारद मुनि ने कहा—पद्म के मध्य में ब्रह्म का यजन कर और पूर्व में अङ्गों के सहित अब्ज नाभ (ब्रह्मा) का यजन करना चाहिए। आग्नेय दिशा में जो अब्ज है उसमें प्रकृति का यजन करे और याम्य दिशा में जो कमल है उस अब्ज में पुरुष का यजन करना चाहिए ॥१॥ पुरुष से दक्षिण दिशा में वह्नि का अर्चन करे अर्थात् नैर्ऋत दिशा मे करे और वारुण दिशा भाग में अनिल देव का यजन करना चाहिए। ऐन्दव दिशा में स्थित जो पद्म है उसमें भगवान् आदित्य का अर्चन करे तथा ऐश दिशा वाले पद्म मे ऋग् और यजु का यजन करे ॥२॥ और द्वितीया में इन्द्र प्रभृति देवगणों का यजन करे तथा पद्म में सामवेद और अथर्ववेद का यजन करना चाहिए। आकाश, वायु, तेज जल, पृथिवी, मन, श्रोत्र, त्वक् और चक्षु का यजनार्चन करे। रसना, घ्राण,

भू, भुवः लोक, महः, जन, तप, सत्य तथा अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, उक्थ षोडशी, वाजपेय और अतिरात्र का भली भाँति विधि-विधान से पूजन कर आप्तोर्याम की अर्चना करनी चाहिए। मन, बुद्धि, अहङ्कार, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध का चौबीस पद्मों में क्रम से अर्चन करना चाहिए। जीव मन, धी, अहङ्कार, प्रकृति और शब्द मात्र का भी अर्चन करना चाहिए ॥७॥

वासुदेवादिमूर्तीश्च तथा चैव दशात्मकम् ।
मनः श्रोत्रं त्वचं प्रार्च्य चक्षुश्च रसनं तथा ॥८
घ्राणं वाक्पाणिपादं च द्वात्रिंशद्वारिजेष्विमान् ।
चतुर्थावरणे पूज्याः साङ्गाः सपरिवारकाः ॥९
वायूपस्थौ च सम्पूज्य मासानां द्वादशाधिपान् ।
पुरुषोत्तमादिषड्विंशान्बाह्यावरणके यजेत् ॥१०
चक्राब्जे तेषु सम्पूज्या मासानां पतयः क्रमात् ।
अष्टौ प्रकृतयः षड् वा पञ्च वा चतुरोऽपरे ॥११
रजःपातं ततः कुर्याल्लिखिते मण्डले शृणु ।
कर्णिका पीतवर्णा स्याद्रेखाः सर्वाः सिताः समाः ॥१२
द्विहस्तेऽङ्गुष्ठमात्राः स्युर्हस्ते वाहुसमाः सिताः ।
पद्मं शुक्लेन सन्धींस्तु कृष्णेन श्यामतोऽथवा ॥१३
केशरा रक्तपीताः स्युः कोणान् रक्तेन पूरयेत् ।
भूषयेद्योगपीठं तु यथेष्टं सार्ववर्णिकैः ॥१४

वासुदेव आदि मूर्तियों का तथा दस स्वरूपों का अर्थात् दशावतार रूपों का मन, श्रोत्र, त्वचा का अर्चन करके उसी प्रकार से चक्षु, रसना, घ्राण, वाक्, पाणि, पाद इन सबका बत्तीस पद्मों में अर्चन करे। फिर चतुर्थ आवरण में अङ्गों के सहित तथा परिवारों से युक्त सबका यजन करे ॥८॥९॥ वायु और उपस्थ (जननेन्द्रिय) का भली-भाँति यजन करके मासों के जो बारह स्वामी हैं उनका पुरुषोत्तम आदि छब्बीसों का बाह्य आवरण में यजन करना चाहिए ॥१०॥ उनमें चक्राब्ज में मासों के स्वामियों का क्रम से यजन करे। आठ, छः, पाँच अथवा अपर चार प्रकृतियों का अर्चन करना चाहिए ॥११॥

अब यह श्रवण करो कि इससे अनन्तर उस लिखित मण्डल में रज पात करना चाहिए अर्थात् तत्तद् वर्णों वाली रज डालना चाहिए। जो कर्णिका है उसमे पीले रग की रज का पातन करके उसे पीत वर्ण वाली बनानी चाहिए। जो उसकी रेखाऐ हैं वे सब समान रूप से सित वर्ण वाली होनी चाहिए। दो हाथों में अगुष्ठ मात्र होवें और हस्त में बाहु के समान सित होना चाहिए पद्म को शुक्ल वर्ण से युक्त करे तथा सन्धियो को कृष्ण अथवा श्याम वर्ण से संयुत करना चाहिए। जो उसके सर हैं उन्हे रक्त-पीत वर्ण वाल करे तथा कोणों का रक्त वर्ण से पूरित करे। इस प्रकार से जो योगपीठ है उसको यथेष्ट रूप से सभी वर्णों के द्वारा पूरित करके भलीभाँति सुभूषित कर देना चाहिए ॥१४॥

लतावितानपत्राद्यं र्वीथिकामुपशोभयेत् ।
पीठद्वारे तु शुक्लेन शोभा रक्तेन पूरिताः ॥१५
उपशोभाश्च नीलेन कोणशङ्खाश्च वै सितान् ।
भद्रके पूरण प्रोक्तमेवमन्येषु पूरणम् ॥१६
त्रिकोण सितरक्तेन कृष्णेन च विभूषयेत् ।
द्विकोण रक्तपीताभ्या नाभि कृष्णन चक्रके ॥१७
अरकान्पीतरक्ताभि श्यामान्नेमिस्तु रक्तत ।
सितश्यामारुणाः कृष्णा पीता रेखान्तु वाह्यत ॥१८
शालिपिष्टादि शुक्ल स्याद्रक्त कौसुम्भकादिकम् ।
हरिद्रया च हारिद्र कृष्ण स्याद्दग्धधान्यत ॥१९
शमीपत्रादिकै श्याम बीजाना लक्षजाप्यत ।
चतुर्लक्षंस्तु मन्त्राणा विद्याना लक्षसाधनम् ॥२०
अयुत बुद्धविद्याना स्तोत्राणा च सहस्रकम् ।
पूर्वमेवाथ लक्षेण मन्त्रशुद्धिस्तथाऽऽत्मन ॥२१

विभिन्न प्रकार की लता, वितान और पत्र आदि के द्वारा वीथिका को उपशोभित कर देवे। पीठ के द्वार देश मे शुक्ल वर्ण से और शोभा को रक्त वर्ण से पूरित करे ॥१५॥ उपशोभाओ को नील वर्ण से पूरित कर बनावे

तथा कोणों के शङ्खों को सित वर्ण वाले लिखित करे। इस रीति से भद्रक में जो पूरण होना चाहिए वह बतला दिया गया है। इसी प्रकार से अन्य मण्डलों के भी पूरक करना चाहिए ॥१९॥ त्रिकोण को सित-रक्त वर्ण से बनावे और कृष्ण वर्ण से पूरित करे तथा जो द्विकोण हैं उन्हें रक्त-पीत दोनों वर्णों से लिखित करे और नाभि को कृष्ण वर्ण के द्वारा प्रपूरित करना चाहिए। चक्र में अरकों को पीले और लाल वर्णों से रचित करे श्याम से नेमि को तो रक्त वर्ण से पूरित करे। बाह्य भाग में जो रेखाएँ होती हैं उनका प्रपूरण सित श्याम अरुण, कृष्ण और पीत वर्णों से करना चाहिए। अब यह बतलाया जाता है कि ये सब उपर्युक्त वर्णों का निर्माण किन-किन द्रव्यों से करना चाहिए। शालियों का पेषण करके उनके पिष्ट से शुक्ल वर्ण की रचना करे। जहाँ रक्त वर्ण का पूरण करना हो वहाँ कौसुम्भ प्रभृति को काम में लेना चाहिए। पीत तथा हारिद्र वर्ण की जहाँ आवश्यकता हो वहाँ हरिद्रा (हल्दी) का चूर्ण को ले लेवे और कृष्ण वर्ण की रचना के लिये धान्य को जला कर उसके पिष्ट से रचना करनी चाहिए। शमी के पत्र आदि के द्वारा श्याम वर्ण का पूरण करे। बीजों के एक लक्ष जाप करे। मन्त्रों और विद्याओं का चार लक्ष जप से मन्त्र का साधन होता है। जो वृद्ध विद्याएं हैं उनका दश सहस्र जाप करे। स्तोत्रों का एक सहस्र करना चाहिए। पहिले तो एक लक्ष जाप से मन्त्र की तथा आत्मा की शुद्धि होती है ॥२१॥

तथाऽपरेण लक्षेण मन्त्रः क्षेत्रकृतो भवेत् ।
पूर्वसेवासमो होमो बीजानां सम्प्रकीर्तितः ॥२२
पूर्वसेवा दशांशेन मन्त्रादीनां प्रकीर्तिता ।
पुरश्चर्या तु मन्त्रेण मासिकं व्रतमाचरेत् ॥२३
भुवि न्यसेद्वामपादं न गृह्णीयात्प्रतिग्रहम् ।
एवं द्वित्रिगुणेनैव मध्यमोत्तमसिद्धय. ॥२४
मन्त्रध्यानं प्रवक्ष्यामि येन स्यान्मन्त्रजं फलम् ।
स्थूलं शब्दमयं रूपं विग्रहं बाह्यमिष्यते ॥२५

सूक्ष्म ज्योतिर्मय रूपं हार्दं चिन्तामयं भवेत् ।
चिन्तया रहितं यत्तु तत्परं परिकीर्तितम् ॥२६
वाराहसिंह शक्तीनां स्थूलं रूपं प्रधानतः ।
चिन्तया रहितं रूपं वासुदेवस्य कीर्तितम् ॥२७
इतरेषां स्मृतं रूपं हार्दं चिन्तामयं सदा ।
स्थूलं वैराजमाख्यातं सूक्ष्मं वै लिङ्गितं भवेत् ॥२८

इसके अनन्तर द्वितीय लक्ष के जप करने पर मन्त्र क्षेत्रीकृत होता है । पूर्व होम सेवासम बीजों का बताया गया है ॥२२॥ पूर्व सेवा के दशांश में मन्त्रादि की पुरश्चर्या प्रकीर्तित की गई है । मन्त्र से मासिक व्रत करना चाहिए । ॥२३॥ अवाम पाद को भूमि में रक्खे और किसी का भी प्रतिग्रह अर्थात् दान दक्षिणा आदि का ग्रहण कभी भी नहीं करना चाहिए । इस प्रकार से द्विगुणित एवं त्रिगुणित करने पर मध्यम तथा उत्तम सिद्धियाँ हुआ करती हैं ॥२४॥ अब मन्त्र के ध्यान के विषय में बतलाया जाता है जिसके करने से मन्त्र के द्वारा समुत्पन्न फल का लाभ होता है । मन्त्र का शब्दमय जो रूप है वह स्थूल एवं बाहिरी विग्रह ही कहा जाता है ॥२५॥ मन्त्रों का जो सूक्ष्म स्वरूप है वह ज्योतिर्मय होता है तथा हृदय का एवं चिन्तन पूर्ण हुआ करता है । जो मन्त्र चिन्तन से रहित होता है वह पर बताया गया है ॥२६॥ वाराह सिंह शक्तियों का प्रधानतया स्थूल रूप होता है । वासुदेव का रूप चिन्तन से रहित कहा गया है ॥२७॥ इतर मन्त्रों का रूप सदा हार्द और चिन्ता से पूर्ण होता है । जो स्थूल रूप है वह वैराज कहा गया है तथा जो सूक्ष्म स्वरूप है वह लिङ्गित होता है ॥२८॥

चिन्तया रहितं रूपमैश्वरं परिकीर्तितम् ।
हृत्पुण्डरीकनिलयं चैतन्यं ज्योतिरव्ययम् ॥२९
बीजं जीवात्मकं ध्यायेत्कदम्बकुसुमाकृतिम् ।
कुम्भान्तरगतो दीपो निरुद्धप्रसवो यथा ॥३०
संहतं केवलस्तिष्ठेदेव मन्त्रेश्वरो हृदि ।
अनेकसुषिरे कुम्भे तावन्मात्रा गभस्तयः ॥३१

प्रसरन्ति वह्निस्तद्वन्नाडीभिर्बीजरश्मय ।
अन्यावभासका देवीमात्मीकृत्य तनुं स्थिताः ॥३२

हृदयात्प्रस्थिता नाड्यो दर्शनेन्द्रियगोचरा ।
ह्र अग्नीषोमात्मिके तासा नाड्यो नासाग्रसंस्थिते ॥३३

सम्यगुद्घातयोगेन जित्वा देहसमीरणम् ।
जपध्यानरतो मन्त्री मन्त्रजं फलमश्नुते ॥३४

सशुद्धभूततन्मात्र- सकामो योगमभ्यसन् ।
अणिमादिमवाप्नोति विरक्त प्रविलङ्घ्य च ॥३५

चिदात्मको भूतमात्रान्मुच्यते चेन्द्रियग्रहात् ॥३६

चिन्ता से जो रहित रूप होता है वह ऐश्वर बताया गया है। हृदय स्थल में निलय वाला, चैतन्य और अव्यय ज्योति है ॥३१॥ बीज का जीवात्मक अर्थात् जीव स्वरूप का ध्यान करना चाहिए जो कि कदम्ब के कुसुम के समान आकृति वाला होता है जैसे कुम्भ के अन्दर रहने वाला होता है। इसी प्रकार से मन्त्रेश्वर हृदय में केवल महान होता हुआ स्थित रहा करता है। बहुत से छिद्रों वाले कुम्भ में उतनी ही जितने उसमें छिद्र होते हैं उस दीप में किरणें प्रकाशित हुआ करती हैं। उसी प्रकार से बीजों की रश्मियाँ भी नाड़ियों के द्वारा बाहिर प्रसृत हुआ करती हैं। देवी तनू का आत्मीयकरण से अन्याव भासक होती हुई स्थित रहा करती हैं ॥३२॥ हृदय से प्रस्थित नाड़ियाँ दर्शनेन्द्रिय के गोचर होती हैं। उन नाड़ियों में अग्नी षोमात्मिका दो नाड़ियाँ नासिका के अग्र भाग में संस्थित रहा करती हैं ॥३३॥ भली भाँति उद्घात योग के द्वारा देह की वायु को जीतकर मन्त्रों के जाप करने वाला साधक मन्त्री मन्त्र जाप व ध्यान इन दोनों में रत होता हुआ ही मन्त्रों के द्वारा समुत्पन्न होने वाले फल का लाभ प्राप्त किया करता है ॥३४॥ जिसके भूत तथा तन्मात्रायें भली भाँति शुद्ध हो गए हैं ऐसा सकाम अर्थात् कामनाओं से युक्त उपर्युक्त विधि से योग का अभ्यास करता रहे तो अणिमा आदि सिद्धियों को प्राप्त किया करता है। जो विरक्त अर्थात् जिसको कोई कामना नहीं होती है

और पूर्णतया निष्काम है यह तो सबका अविलङ्घन करके निदात्मक इन्द्रियों के निग्रह से भूतमात्रा से मुक्त हो जाता है ॥२५।२६॥

१३८—अपामार्जनविधानम्

रक्षा स्वस्य परेषा च वक्ष्येऽपामार्जनाह्वयाम् ।
यया विमुच्यते दुःखं सुख च प्राप्नुयान्नर ॥१
ॐ नम परमार्थाय पुरुषाय महात्मने ।
अरूपबहुरूपाय व्यापिने परमात्मने ॥२
निष्कल्मषाय शुद्धाय ध्यानयोगरताय च ।
नमस्कृत्य प्रवक्ष्यामि यत्तत्सिध्यतु मे वच ।३
वराहाय नृसिंहाय वामनाय महात्मने ।
नमस्कृत्य प्रवक्ष्यामि यत्तत्सिध्यतु मे वच ॥४
त्रिविक्रमाय रामाय वैकुण्ठाय नराय च ।
नमस्कृत्य प्रवक्ष्यामि यत्तत्सिध्यतु मे वच ॥५
वराह नरसिंहेश वामनेश त्रिविक्रम ।
हयग्रीवेश सर्वेश हृषीकेश हराशुभम् ॥६
अपराजित चक्राद्यैश्चतुर्भि परमायुधै ।
अखण्डितानुभावैस्त्व सर्वदुष्टहरो भव ॥७

अब इस अध्याय में अपामार्जन का विधान बताया जाता है। अग्निदेव ने कहा—जो अपने आपके स्वरूप की रक्षा है और दूसरों की रक्षा है वह ही अपामार्जन नाम वाली होती है उसे हम बतायेंगे जिस अपार्जन की क्रिया के द्वारा मानव अनेक दुःखों से छुटकारा पा जाता है और सुख की प्राप्ति किया करता है ॥१॥ उसके मन्त्र का स्वरूप यह है—'ॐ नम परमार्थाय पुरुषाय महात्मने । अरूपबहु रूपाय व्यापिने परमात्मने । निष्कल्मषाय शुद्धाय ध्यान योग रताय च ॥' इसका संक्षिप्त अर्थ यह होता है—परमार्थ के स्वरूप से युक्त महान् आत्मा वाले, बिना रूप वाले तथा बहुविध रूपों से युक्त सर्वत्र व्यापक

रहने वाले, कल्मषों से रहित, परम शुद्ध, ध्यान-योग में रति रखने वाले पर मात्मा पुरुष के लिये नमस्कार है। इस प्रकार से नमस्कार करके बतऊंगा जिससे मैं जो भी कहूं वह वचन सिद्ध हो जावे ॥२॥३॥ वराह भगवान् नृसिंह भगवान् तथा महान् आत्मा वाले वामन भगवान् को नमस्कार करके ही मैं कहूँगा जिससे कि जो भी मेरा वह वचन हो वह सिद्धि को प्राप्त हो जावे ॥४॥ त्रिविक्रम, राम, वैकुण्ठ और नर के लिये प्रणाम करके बतऊँगा जिससे वह मेरा वचन सुसिद्ध हो जावे ॥५॥ हे वराह ! हे नरसिंह ! हे वामनेश ! हे हय ग्रीवेश ! हे सर्वेश ! और हे हृषीकेश ! आप मेरे सम्पूर्ण अशुभों का हरण कर देवें ॥६॥ हे अपराजित ! आप अपरिच्छिन्न अनुभवों वाले महान्, चक्र आदि जो चार आपके परम प्रशान्त आयुध हैं उनके द्वारा समस्त दुष्ट जनों का हरण करें ॥७॥

हरामुकस्य दुरितं सर्वं च कुशलं कुरु ।
मृत्युबन्धार्तिभयदं दुरिष्टस्य च यत्फलम् ॥८
पराभिध्यानसहितं प्रयुक्तं चाऽभिचारिकम् ।
गरस्पर्शमहारोगप्रयोगं जरया जर ॥९
ॐ नमो वासुदेवाय नमः कृष्णाय खड्गिने ।
नमः पुष्करनेत्राय केशवायाऽऽदिचक्रिणे ॥१०
नमः कमलकिञ्जल्कपीतनिर्मलवाससे ।
महाहवरिपुस्कन्धघृष्टचक्राय चक्रिणे ॥११
दंष्ट्रोद्धृतक्षितिभृते त्रयीमूर्तिमते नमः ।
महायज्ञवराहाय शेषभोगाङ्कशायिने ॥१२
तप्तहाटककेशान्त ज्वलत्पावकलोचन ।
वज्राधिकनखस्पर्श दिव्यसिंह नमोऽस्तु ते ॥१३
काश्यपायातिह्रस्वाय ऋग्यजुःसामभूषिणे ।
तुभ्यं वामनरूपायाऽऽक्रमते गां नमो नमः ॥१४

किसी विशेष व्यक्ति के विषय में अभीष्ट हो तो उसका (अमुक) नाम बोलकर कहना चाहिए कि उसका दुरित (पाप) दूर करो और सब भांति का

कुशल करो। मृत्यु, बन्धन, आर्त्ति (पीडा) और भय के देने वाला जो दुरिष्ट का फल होता है उससे रक्षा करो। दूसरो के द्वारा अभिध्यान के सहित जो भी कोई आभिचारिक प्रयोग किया हो उससे करो। गरल स्पर्श या महारोग का कोई प्रभाव हो उससे तथा जरा से सुरक्षा करा ॥६॥ खड्ग के धारण करने वाले वासुदेव भगवान् कृष्ण के लिए नमस्कार है। आदि चक्री अर्थात् आदि से ही चक्र के धारण करने वाले पुष्कर (पद्म) के सदृश अति सुन्दर नेत्रो वाले वाले केशव भगवान् के लिए नमस्कार है ॥१०॥ कमल पुष्प के किञ्जल्क अर्थात् पराग के समान पीत वर्ण वाले तथा निर्मल वस्त्र धारण करने वाले महाहव के रिपु एवं स्कन्ध पर चक्र को धारण करने वाले चक्री के लिए नमस्कार है ॥११॥ अपनी दाढ पर इस भूमण्डल के समस्त भार को धारण करने वाले त्रयीमूर्त्तियो वाले भगवान् को नमस्कार है अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन तीनों की स्वयं ही मूर्त्तियो को धारण करने वाले हैं। महायज्ञ वराह के लिए तथा शेष भगवान् के भोग की गोद मे शयन करने वाले भगवान् के लिए नमस्कार है ॥१२॥ तपे हुए सुवर्ण के तुल्य देदीप्यमान स्वर्णिम केशो के छोरो से युक्त और जलती हुई प्रदीप्त अग्नि के सदृश नेत्रो वाले वज्र की तीखी धार से भी अधिक तीक्ष्ण नखो के स्पर्श वाले परम दिव्य स्वरूप सिंह अर्थात् नृसिंह भगवान् आपके लिये नमस्कार है ॥१४॥

वराहाशेषदुष्टानि सर्वपापफलानि वै ।
मर्द मर्द महादंष्ट्र मर्द मर्द च तत्फलम् ॥१५
नारसिंह करालास्य दन्तप्रान्तानलोज्ज्वल ।
भञ्ज भञ्ज निनादेन दुष्टान्पश्याऽऽर्तिनाशन ॥१६
ऋग्यजुःसामगर्भाभिर्वाग्भिर्वामनरूपधृक् ।
प्रशमं सर्वदुःखानि नयत्वस्य जनार्दनः ॥१७
ऐकाहिकं द्व्याहिकं च तथा त्रिदिवसं ज्वरम् ।
चातुर्थिकं तथाऽत्युग्रं तथैव सततं ज्वरम् ॥१८
दोषोत्थं सन्निपातोत्थं तथैवाऽऽगन्तुकं ज्वरम् ।
शमं नयाऽऽशु गोविन्द छिन्धि छिन्ध्यस्य वेदनाम् ॥१६

कश्यप ऋषि से समानवर्जित अत्यन्त छोटे वामन अंगुलों के शरीर को धारण करने वाले ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद इस वेदत्रयी से सुभूषित इस सम्पूर्ण भूमण्डल का आक्रमण करने वाले वामन के स्वरूप वाले आपके लिए हमारा नमस्कार है और बारम्बार नमस्कार समर्पित है। वराह के समीप दुष्टों और सब प्रकार के पापों के फलों का मर्दन करो, मर्दन कर दो। हे महान् दंष्ट्रा दाढ़ वाले प्रभो ! इनका मर्दन अच्छी तरह से आप कर देवें यह इनका दंष्ट्राओं के द्वारा मर्दन कर देना ही फल है ॥१८॥ हे नारसिंह ! हे अत्यन्त कराल (भयानक) मुखाकृति वाले ! हे दाँतों के प्रान्तभाग में अग्नि के तुल्य समुज्ज्वल ! आप अपनी घोर गर्जना के द्वारा इन समस्त दुष्टों का भञ्जन कर दो। हे आर्ति (मानव भक्तों की पीड़ा) का नाश कर देने वाले स्वामिन् ! आप इन दुष्टों को देखने की कृपा करें। ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद से पारित पूर्ण वाणियों के द्वारा परम सुशोभित स्वरूप वाले वाहन का रूप धारण करने वाले जनार्दन इसके सम्पूर्ण दुःखों का प्रशमन कर देवें। ऐकाहिक अर्थात् एक दिन का अन्तर देकर आने वाला, दो दिन के अन्तर से चढ़ आने वाला, तीन दिन के अन्तर में आने वाला तथा चातुर्थिक (चौथइया) एवं निरन्तर रहने वाला अत्युग्र (तेज) ज्वर, दोषों से समुत्पन्न और सन्निपात से अर्थात् वात, पित्त, कफ इन तीनों दोषों की विकृति से आने वाला महा भयानक मारक ज्वर तथा आगन्तुक ज्वर इन सभी प्रकार के ज्वरों का हे गोविन्द ! शीघ्रातिशीघ्र मर्दन कर देवें और इस ज्वर पीड़ित मानव की वेदना का छेदन कर देवें ॥१९॥

नेत्रदुःखं शिरोदुःखं दुःखं चोदरसम्भवम् ।
अनिश्वासमतिश्वासं परितापं सवेपथुम् ॥२०

गुदघ्राणाङ्घ्रिरोगांश्च कुष्ठरोगांस्तथा क्षयम् ।
कामलादींस्तथा रोगान्प्रमेहांश्चातिदारुणान् ॥२१

भगन्दरातिसारांश्च मुखरोगांश्च वल्गुलीम् ।
अश्मरीं मूत्रकृच्छ्रांश्च रोगानन्यांश्च दारुणान् ॥२२

ये वातप्रभवा रोगा ये च पित्तसमुद्भवाः ।
कफोद्भवाश्च ये केचिद्ये चान्ये सान्निपातिकाः ॥२३

आगन्तुकाश्च ये रोगा लूताविस्फोटकादयः ।
ते सर्वे प्रशमं यान्तु वासुदेवस्य कीर्तनात् ॥२४

विलयं यान्तु ते सर्वे विष्णोरुच्चारणेन च ।
क्षयं गच्छन्तु चाशेषास्ते चक्राभिहता हरेः ॥२५

अच्युतानन्तगोविन्दनामोच्चारणभेषजात् ।
नश्यन्ति सकला रोगाः सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥२६

नेत्रों में होने वाली पीडा, सिर में समुत्पन्न वेदना और उदर में होने वाला दुःख श्वासों का न लिया जाना अर्थात् श्वास लेने में अवरोध का होना, अत्यधिक तेजी से श्वास चलना, परिताप (शारीरिक दाह) जिसमें कि कम्पन भी होता है, गुदा, घ्राण और पैरों के रोग, कुष्ठ रोग, क्षयरोग, कामला रोग तथा अत्यन्त दारुण प्रमेह रोग, भगन्दर रोग, अतिसार, मुख में हो जाने वाले रोग, वल्गुली रोग, अश्मरी (पथरी), मूत्रकृच्छ्र तथा इसी प्रकार के अन्य अति दारुण रोग वात (वायु) के कुपित हो जाने वाले रोग जो कि बहुत प्रकार के होते हैं। पित्त के विकृत होने पर समुत्पन्न रोग और कफ के दूषित हो जाने पर उत्पन्न होने वाले रोग जो भी कुछ हों और इन उक्त तीनों दोषों को मिल कर विकार होने से सान्निपातिक रोग, आगन्तुक रोग और लूता एवं विस्फोटक आदि रोग जो भी हैं वे सम्पूर्ण भगवान् के नाम संकीर्तन से प्रशम को प्राप्त हो जावें। वे समस्त व्याधियाँ जो कि मानव को अत्यन्त वेदना उत्पन्न किया करती हैं भगवान् विष्णु के शुभ नाम के उच्चारण से विलय को प्राप्त हो जावें। भगवान् हरि के चक्र (सुदर्शन) से अभिहत होकर वे सम्पूर्ण रोग क्षय को प्राप्त होकर नष्ट हो जावें ॥२५॥ भगवान् अच्युत, अनन्त, गोविन्द के परम शुभ और कल्याणकारी नामों के उच्चारण अर्थात् प्रेम भक्ति के भाव से पुकारने की औषधि से समस्त रोग नष्ट हो जाया करते हैं यह मैं बिलकुल सत्य-सत्य बतलाता हूँ ॥२६॥

स्थावर जङ्गमं वाऽपि कृत्रिमं चापि यद्विषम् ।
दन्तोद्भव नखभवमाकाशप्रभव विषम् ॥२७
लूतादिप्रभवं यच्च विषमन्यत्तु दुःखदम् ।
शम नयतु तत्सर्वं वासुदेवस्य कीर्तनम् ॥२८
ग्रहान्प्रेतग्रहाश्चापि तथा वै डाकिनीग्रहान् ।
वेतालाश्च पिशाचाश्च गन्धर्वान्यक्षराक्षसान् ॥२९
शकुनीपूतनाद्याश्च तथा वैनायकान्ग्रहान् ।
मुखमण्डी वरूराच रेवती वृद्धरेवतीम् ॥३०
वृद्धिकाख्यान्ग्रहाश्चोग्रास्तथा मातृग्रहानपि ।
बालस्य विष्णोश्चरितं हन्तु बालग्रहानिमान् ॥३१
वृद्धाश्च ये ग्रहा केचिद्ये च बालग्रहा क्वचित् ।
नरसिंहस्य ते दृष्ट्या दग्धा ये चापि यौवने ॥३२
सटाकरालवदनो नारसिंहो महाबल ।
ग्रहानशेषान्निःशेषान्करोतु जगता हित ।३३

स्थावर अथवा जङ्गम (चलने फिरने वाला) जो कृत्रिम विष होता है, दाँतो से उत्पन्न होने वाला विष, नाखूनो से समुत्पन्न विष, आकाश से प्रभूत विष तथा लूता प्रभृति से समुत्पन्न विष और जो अन्य किसी भी प्रकार का विष है जिससे दुःख की उत्पत्ति होती है वे सभी प्रकार के विष एवम् विषोद्भूत वेदनाये भगवान् वासुदेव का प्रेमपूर्वक, श्रद्धापूर्वक कीर्तन करने से शमन को प्राप्त हो जाया करती हैं। ग्रह प्रेतग्रह (प्रेतो के द्वारा उत्पन्न बाधा) डाकिनी, ग्रह, वेताल, पिशाच, गन्धर्व यक्ष राक्षस शकुनी, पूतना प्रभृति, वैनायक ग्रह, मुखमण्डी, वरूरा, रेवती वृद्ध रेवती, वृद्धिका नाम वाले, मातृग्रह तथा अन्य सारे उग्र ग्रह जो कि बालग्रह होते हैं वे सब बालक को पीडा दिया करते हैं। भगवान् विष्णु का चरित उन सबका नाश कर देवे ॥३१॥ जो कोई भी वृद्ध ग्रह है और जो कही भी बालग्रह हो तथा जो भी यौवन मे होने वाले ग्रह हो वे सब भगवान नरसिंह की दृष्टि से ही दग्ध हो जाते हैं ॥३२॥ सटाओ

से विशेष कराल (भयानक) मुखाकृति वाले, महान् बलशाली नरसिंह भगवान्, जो समस्त जगत् के हितकारी हैं, समस्त इन उपर्युक्त ग्रहों का निःशेष (सर्वनाश) कर देवें ॥३३॥

नरसिंह महासिंह ज्वालामालोज्ज्वलानन ।
ग्रहानशेषान्सर्वेश खाद खादाग्निलोचन ॥३४
ये रोगा ये महोत्पाता यद्विष ये महाग्रहाः ।
यानि च क्रूरभूतानि ग्रहपीडाश्च दारुणाः ॥३५
शस्त्रक्षतेषु ये दोषा ज्वालागर्दभकादयः ।
तानि सर्वाणि सर्वात्मा परमात्मा जनार्दनः ॥३६
किंचिद्रूपं समास्थाय वासुदेवास्य नाशय ।
क्षिप्त्वा सुदर्शनं चक्रं ज्वालामालातिभीषणम् । ३७
सर्वदुष्टोपशमनं कुरु देववराच्युत ।
सुदर्शन महाज्वाल च्छिन्धि च्छिन्धि महारव ॥३८
सर्वदुष्टानि रक्षांसि क्षयं यान्तु विभीषण ।
प्राच्यां प्रतीच्यां च दिशि दक्षिणोत्तरतस्तथा ॥३९
रक्षां करोतु सर्वात्मा नरसिंहः स्वगर्जितैः ।
दिवि भुव्यन्तरिक्षे च पृष्ठतः पार्श्वतोऽग्रतः ॥४०
रक्षां करोतु भगवान्बहुरूपी जनार्दनः ।
यथा विष्णुर्जगत्सर्वं सदेवासुरमानुषम् ॥४१

हे महान् सिंह श्री नृसिंह देव ! हे तेज की ज्वालाओं की मालाओं से परमोज्ज्वल आनन वाले ! हे सबके स्वामिन् ! हे अग्नि के समान नेत्रों वाले ! इन समस्त ग्रहों को आप खा जाइये, भक्षण कर जावें ॥३४॥ जो भी कोई किसी भी तरह के रोग हैं, जो महान् उत्पात हैं, जो कोई विष हैं, जो य महान् ग्रह हैं, जो भी कुछ कोई क्रूर स्वरूप वाले हैं, जो परम दारुण ग्रहों की पीडायें हैं, शस्त्राघात के द्वारा हो जाने वाले क्षतों में जो ज्वाला, गर्दभक आदि दोष होते हैं उन सबका भक्तजनों की पीडा का अर्दन करने वाले सबके अन्दर अन्तर्यामी स्वरूप से विराजमान परमात्मा नष्ट कर देवें ॥३६॥ हे वासुदेव ! आप

कुछ भी स्वरूप धारण करके अर्थात् किसी भी रूप में समास्थित होकर इस प्रपीडित मानव के दुःख का नाश कर देवे। तेज की परम तीक्ष्ण ज्वालाओं की माला से अत्यन्त भीषण अपने सुदर्शन चक्र का उत्क्षेपण करके इन सबका नितान्त नाश कर देवे। हे देवगण में परमोत्तम भगवान् अच्युत देव! आप समस्त दुष्टों का उपशमन कर देवे। हे भगवान् के परम श्रेष्ठ आयुध सुदर्शन! आपकी बड़ी महान् ज्वालायें हैं। हे महन् रव करने वाले! इन सबका आप छेदन भली भाँति कर देवे ॥३८॥ हे विभीषण अर्थात् विशेष रूप से भय देने वाले! समस्त दुष्ट लोग और राक्षसगण क्षय को प्राप्त होवे। पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशाओं में नरसिंह भगवान् जो कि सबकी आत्मा है अपनी गजनाओं के द्वारा सबकी रक्षा करें। देवलोक, भूमण्डल, अन्तरिक्ष, पृष्ठ भाग, पार्श्व भाग और अग्र भाग में बहुत से स्वरूपों के धारण करने वाले जनार्दन भगवान् सबकी रक्षा करें जिस प्रकार से भगवान् विष्णु देव, असुर और मनुष्यों के सहित सम्पूर्ण जगत् की रक्षा किया करते हैं ॥४१॥

तेन सत्येन दुष्टानि सममस्य व्रजन्तु वै।
यथा विष्णौ स्मृते सद्यः संक्षयं यान्ति पातका ॥४२
सत्यन तेन सकलं दुष्टमस्य प्रशाम्यतु।
यथा यज्ञेश्वरो विष्णुर्देवेष्वपि हि गीयते ॥४३
सत्येन तेन सकलं यन्मयोक्तं तथाऽस्तु तत्।
शान्तिरस्तु शिवं चास्तु दुष्टमस्य प्रशाम्यतु ॥४४
वासुदेवशरीरोत्थै कुशैर्निर्णाशितं मया।
अपमार्जति गोविन्दो नरो नारायणस्तथा ॥४५
तथाऽस्तु सर्वदुःखाना प्रशमो वचनाद्धरे।
अपमार्जनकं शस्तं सर्वरोगादिवारणम् ॥४६
अहं हरिः कुशा विष्णुर्हता रोगा मया तव ॥४७

उस सत्य से दुष्ट लोग इसकी क्षमता को प्राप्त होवे जिस प्रकार से भगवान् विष्णुदेव का स्मरण करने पर समस्त पातकों का समूह शीघ्र ही

ही क्षय को प्राप्त हो जाया करते हैं। उस सत्य से इस मानव के समस्त दोष (दुष्) प्रशमित हो जावें जिस तरह से यज्ञों के ईश्वर भगवान् विष्णु देवगणों में भी गात किये जाया करते हैं ॥४३॥ उस सत्य से वह सम्पूर्ण जो मैंने कहा है उसी प्रकार का हो जावे। सर्वत्र शान्ति हो जावे—शुभ हो और इसके दोष प्रशान्त हो जावें। मैंने भगवान् वासुदेव के शरीर से समुत्थित कुशाओं से निर्णाशित कर दिया है। गोविन्द नर तथा नारायण अप मार्जन करते हैं। ॥४४॥ भगवान् श्री हरि के वचन से समस्त प्रकार के दुःखों का उसी भाँति प्रशम हो जावे। अपमार्जन सभी रोगों आदि का निवारण करने वाला शस्त्र है। मैं हरि हूँ, कृष्ण विष्णु है, मैंने तर सभी रोगों का हनन कर दिया है। ॥४७॥

१३६—निर्वाणदीक्षासिद्ध्यर्थानां संस्काराणां वर्णनम्

निर्वाणादिषु दीक्षासु चत्वारिंशत्तथाऽष्ट च।
संस्कारान्कारयेद्धीमाञ्छृणु तान्यैः सुरो भवेत् ॥१
गर्भाधानं तु योन्यां वै ततः पुंसवनं चरेत्।
सीमन्तोन्नयनं चैव जातकर्म च नाम च ॥२
अन्नाशनं ततश्चूडा ब्रह्मचर्यं व्रतानि च।
चत्वारि वैष्णवी पार्थी भौतिकी श्रौतिकी तथा ॥३
गोदानं स्नातकत्वं च पाकयज्ञाश्च सप्त ते।
अष्टका पार्वणश्राद्धं श्रावण्याग्रायणीति च ॥४
चैत्री चाऽऽश्वयुजी सप्त हविर्यज्ञाश्च ताञ्छृणु।
आधानं चाग्निहोत्रं च दर्शो वै पौर्णमासकः ॥५
चातुर्मास्यं पशुबन्धः सौत्रामणिरथापरः।
सोमसंस्थाः सप्त शृणु अग्निष्टोमः क्रतूत्तमः ॥६

अब इस अध्याय में निर्वाण की दीक्षा-सिद्धि करने वाले संस्कारों का वर्णन किया जाता है। श्री अग्निदेव ने कहा—निर्वाण आदि दीक्षाओं में अड़तालीस संस्कारों को कराना चाहिए। यह एक धीमान् पुरुष का कर्त्तव्य

होना है। अब उन संस्कारों के विषय मे श्रवण करो। इनके कराने से ऐसा इनका प्रभाव होता है कि मनुष्य देव के तुल्य हो जाता है ॥१॥ सब प्रथम संस्कार योनि में गर्भ का आधान करना होता है। इसके अनन्तर फिर द्वितीय संस्कार 'पुंसवन' नाम वाला करना चाहिए। इसके पश्चात् 'सीमन्तोन्नयन' नामक संस्कार होता है। फिर चौथा संस्कार जातकर्म' नाम वाला है जिस समय मे बालक उत्पन्न होता है उसी समय का यह संस्कार है। इसके बाद 'नामकरण'—संस्कार होना है ॥२॥ जब शिशु छै मास का होता है उसे प्रथम आदि अन्न खिलाने का प्रारम्भ किया जाता है। इसी संस्कार का नाम 'अन्न-प्राशन' है। इस संस्कार के अनन्तर चूडाकर्म संस्कार होता है जिसमे शिशु के केशो का मुण्डन किया जाता है। इसके उपरान्त ब्रह्मचर्य और उसके समस्त व्रतों का नियम धारण करने वाला संस्कार होना है। वैष्णवी, पार्थी भौतिकी तथा श्रौतिकी ये चार होते हैं। गोदान स्नातकत्व और ये पाक यज्ञ सात होते हैं। अष्टका पावण श्राद्ध श्रावणी और आग्रायणी ये होते हैं ॥४॥ चैत्री और आश्वयुजी हैं। सात हविर्यज्ञ होते हैं। अब उनके विषय मे श्रवण करो। आधान, अग्निहोत्र दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य, पशुबन्धन और एक सौत्रामणि ये सात उनके नाम हैं। अब सोमसंस्थ सात होते हैं उनके नामों का श्रवण करो। अग्निष्टोम क्रतूत्तम होता है ॥६॥

अत्यग्निष्टोम उक्थ्यश्च षोडशी वाजपेयक ।
अतिरात्राऽप्तोर्यामश्च सहस्रशा सवा इमे ॥७
हिरण्याङ्घ्रिर्हिरण्याक्षो हिरण्यमित्र इत्यत ।
हिरण्यपाणिर्हेमाक्षो हेमाङ्गो हेमसूत्रक ॥८
हिरण्यास्यो हिरण्याङ्गो हेमजिह्वो हिरण्यवान् ।
अश्वमेधो हि सर्वेशा गुणाश्चाष्टाथ ताञ्छृणु ॥९
दया च सर्वभूतेषु क्षान्तिश्चैव तथाऽऽर्जवम् ।
शौच चैवमनायासो मङ्गल चापरो गुण ॥१०
अकार्पण्य चास्पृहा च, मूलेन जुहुयाच्छतम् ।
सौरशाक्तेयविष्णवीशदीक्षास्वेत समा स्मृता ॥११

संस्कारैः संस्कृतश्चैतैर्मुक्तिमुक्तिवाप्नुयात् ।
सर्वरोगादिनिर्मुक्तो देववद्वर्तते नरः ॥१२
जप्याद्धोमात्पूजनाच्च ध्यानाद्देवस्य चेष्टभाक् ॥१३

अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेयक, अतिरात्र, आप्त और याम ये इनके नाम हैं। ये सब सहस्रश होते हैं। हिरण्याङ्घ्रि, हिरण्याक्ष, हिरण्यमित्र हिरण्यपाणि, हेमाक्ष, हेमाङ्ग, हेमसूत्रक, हिरण्यास्य, हिरण्याङ्ग हेम जिह्व और हिरण्यवान् ये नाम हैं किन्तु इन सब में अश्वमेध सबका ईश होता है। आठ गुण होते हैं उनके विषय में अब श्रवण करो। समस्त प्राणियों पर दया का भाव रखना, क्षान्ति अर्थात् क्षमाशीलता (दूसरों के अपराधों को क्षमा कर देना), आर्जव अर्थात् सरल एवं सीधा कपट रहित भाव रखना, शौच अर्थात् मन, कर्म और वचनों में सब भाँति से शुद्धता का भाव रखना, अनायास अर्थात् अत्यधिक श्रान्तिजनक श्रम का न करना, मङ्गल, (सब प्रकार से कल्याणकारी भद्र भावना), अकार्पण्य अर्थात् उचित एवं उपयुक्त अवसर पर कंजूसी का भाव न रखना, अस्पृहा अर्थात् यथालाभ से संतुष्टि कर किसी भी विशेष एवं अधिक द्रव्य वस्तु और पद आदि के पाने की इच्छा का अभाव रखना। मूल मन्त्र के द्वारा सौ आहुतियाँ देनी चाहिए। दीक्षा कितनी ही प्रकार की होती हैं किन्तु ये उपर्युक्त विधि-विधान सभी में समान ही होता है चाहे वह दीक्षा सौर, शाक्तेय, विष्णु और ईश की इनमें कोई भी होवे। इन उक्त संस्कारों से संस्कृत होने वाला पुरुष इनके प्रभाव से लौकिक सुख-सामग्री का भोग तथा परलोक प्रयाण के अवसर में संसार में बारम्बार जन्म-मरण के बन्धन स्वरूप से मोक्ष दोनों की ही प्राप्ति कर लिया करता है। सब प्रकार के रोगों से छुटकारा पाकर मनुष्य देवता की भाँति वृद्धिशील हो जाता है। मूल मन्त्र का जाप, मन्त्र के ही द्वारा होम देव अर्थात् अपने इष्टदेव का यजनार्चन तथा उपास्य एवं आराध्य देव का चाहे उक्त देवों में से कोई भी एक हो, निरन्तर ध्यान के करने से मनुष्य स्वाभीष्ट वस्तु की प्राप्ति करने वाला हो जाता है ॥१३॥

१४०—पवित्रकारोपणविधिकथनम्

पवित्रारोपणं वक्ष्ये वर्षपूजाफलं हरे. ।
आषाढादौ कार्तिकान्ते प्रतिपत्त्यज्यते तिथि. ॥१
श्रिया गौर्या गणेशस्य सरस्वत्या गुहस्य च ।
मार्तण्डमातृदुर्गाणां नागविट्हरिमन्मथं ॥२
शिवस्य ब्रह्मणस्तद्वद्द्वितीयादितिथिक्रमात् ।
यस्य देवस्य यो भक्त पवित्रा तस्य सा तिथिः ॥३
आरोहणे तुल्यविधि पृथङ् मन्त्रादिकं यदि ।
सौवर्णं राजतं ताम्रं नेत्रकार्पासिकादिकम् ॥४
ब्राह्मण्या कार्तितं सूत्रं तदलाभे तु संस्कृतम् ।
द्विगुणं त्रिगुणीकृत्य तेन कुर्यात्पवित्रकम् ॥५
अष्टोत्तरशतादूर्ध्वं तदर्धं चोत्तमादिकम् ।
क्रियालोपविघातार्थं यत्त्वयाऽभिहितं प्रभो ॥६
मया तत्क्रियते देव यथा यत्र पवित्रकम् ।
अविघ्नं तु भवेदेतत्कुरु नाथ तथाऽव्यय ॥७

इस अध्याय मे पवित्रकारोपण की विधि के विषय मे बताया जाता है। श्री अग्निदेव ने कहा—अब हम पवित्रारोपण को बतलाते हैं जो कि हरि भगवान् की वर्ष पूजा का फल होता है। आषाढ मास के आदि मे और कात्तिक मास के अन्त मे प्रतिपदा तिथि का त्याग कर दिया जाता है ॥१॥ श्री, गौरी, गणेश, सरस्वती, गुह, मार्त्तण्ड, मातृदुर्गा नागपि हरि और मन्मथ शिव तथा ब्रह्मा के पवित्रारोपण की द्वितीया प्रभृति उसी की भाँति तिथियो का क्रम होता है। जिस देवता का जो उपासक भक्त होता है उसकी वह तिथि ही पवित्र हुआ करती है ॥२॥३॥ समस्त उपर्युक्त देवो के आरोहण मे समान ही विधि-विधान होता है। यद्यपि मन्त्रादिक सब देवो के पृथक् पृथक् हुआ करते हैं। आदि से ध्यान एव अर्चन ये चारो का भेद भी सम्मिलित है। सौवर्ण अर्थात् सुवर्ण से निर्मित किया गया—राजत अर्थात् रजत (चाँदी) से रचित ताम्र, नेत्र और कपास से निर्मित पवित्रा होता है ॥४॥ कपास की रुई से किसी ब्राह्मणी के द्वारा सूत कता हुआ होना चाहिए। यदि ऐसा सम्भव न

हो सके तो उसकी अप्राप्ति में संस्कार किया हुआ होना चाहिए। उस सूत्र को दुगुना तथा तिगुना करके उससे पवित्रा की रचना करनी चाहिए। अष्टोत्तर पात अर्थात् एक सौ आठ से ऊपर उसका अर्धभाग उत्तम आदि कहे गये हैं। अर्थात् एक सौ आठ से ऊपर उत्तम और उसका अर्धभाग मध्यम तथा इससे भी कम अधम श्रेणी का पवित्रा होता है। फिर प्रार्थना करनी चाहिए। प्रार्थना इस प्रकार से करे—हे प्रभो! क्रिया के लाभ के विधान करने के लिये आपने जो भी कहा है मैंने वैसा ही किया है अर्थात् उसी भाँति किया जाता है। हे देव! जैसा भी जहाँ पवित्रक है। हे नाथ! आप तो अव्यय पुरुष है ऐसी कृपा कीजिए कि यह कृत्य विघ्न रहित होता हुआ सम्पन्न हो जावे ॥७॥

प्रार्थ्य तन्मण्डलादौ तु गायत्र्या बन्धयेत्तर ।
ॐ नमो नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि ॥८
तन्नो विष्णु प्रचोदयात् ।
एषा प्रयोज्या सर्वत्र देवनामानुरूपत ॥६
जानूरुनाभिपादान्त प्रतिमासु पवित्रकम् ।
पादान्ता वनमाला स्यादष्टोत्तरसहस्रत ॥१०
माला तु कल्पसाध्या वा द्विगुणा षोडशागुलात् ।
कर्णिकाकेसरं पत्रं मन्त्राद्य मण्डलान्तकम् ॥११
मडलागुलमात्रं कचकाङ्गादौ पवित्रकम् ।
स्थण्डिलेऽङ्ग ुलमानेन आत्मन सप्तविंशति ॥१२
आचार्याणा च सूत्राणि पितृमात्रादिकं स्वकं ।
नाभ्यन्त द्वादशग्रन्थि तथा गन्ध पवित्रके ॥१३
अगुलात्कल्पनादौ द्विर्माला चाष्टोत्तर शतम् ।
अथवार्कचतुर्विंशषट्त्रिंशन्मालिका द्विज ॥१४

इस प्रकार स उस देव के मण्डल आदि में प्रार्थना करके मनुष्य को गायत्री मन्त्र से उसका बन्धन करना चाहिए। वह गायत्री मन्त्र निम्न प्रकार का है—"ॐ नमो नारायणाय विद्म हे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णु प्रचो-

दद्यात्" । यह गायत्री देवो के अनुरूप सर्वत्र प्रयुक्त करनी चाहिए अर्थात् जो भी देवता हो उसी उसी का नाम उक्त प्रकार की गायत्री मे बोलना चाहिए ॥८॥ ॥६॥ देवता मे जो भी प्रतिभा हो चाहे वह किसी भी उक्त उपास्य देवो मे कोई एक हो उस प्रतिमा मे जानु ऊरु, नाभि और चरणो के अन्त तक पवित्रा का आरोहण कराना चाहिए । पादान्त अर्थात् चरणो के अन्त तक रहने वाली वनमाला होनी चाहिए । अब अष्टोत्तर सहस्र से माला हो अथवा स्वल्प साध्य होवे जो कि षोडश अंगुल से दुगनी होनी चाहिए । कर्णिका, केसर और पत्रो से मन्त्र से आदि लेकर मण्डल के अन्त तक परिमाण करे । मण्डलांगुल मात्र एव चक्राब्जादि मे पवित्रा होना चाहिए । अपने सत्ताईस अंगुल के मान से स्थण्डिल मे पवित्रा करे ॥२॥ आचार्यों के सूत्रक अपने माता पिता के सहित नाभि के अन्त तक बारह ग्रन्थियो वाले रक्खे । तथा गन्ध पवित्रा में करे ॥१३॥ अंगुल से कन्या आदि म अष्टोत्तरशत की दो मालाएं रक्खे । अथवा हे द्विज! अर्क चतुर्विंश षट्त्रिंशत् मालाएं करे ॥१४॥

अनामामध्यमांगुष्ठैर्मन्दाद्यैर्मालिकार्थिभिः ।
कनिष्ठादौ द्वादश वा ग्रन्थयः स्युः पवित्रके ॥१५
रवे कुम्भहुताशादे सभवे विष्णुवन्मतम् ।
पीठस्य पीठमानं स्यान्मेखलान्तं च कुण्डके ॥१६
यथाशक्ति सूत्रग्रन्थि परिचारेऽथ वर्णवे ।
सूत्राणि वा सप्तदश सूत्रेण त्रिविभक्तके ॥१७
रोचनागरुकर्पूरहरिद्राकुकुमादिभिः ।
रञ्जयेच्चन्दनाद्यैर्वा स्नानसन्ध्यादिकृन्नरः ॥१८
एकादश्यां यागगृहे भगवन्तं हरिं यजेत् ।
समस्तपरिवाराय बलिं दद्यात्समर्चयेत् ॥१९
क्षौं क्षेत्रपालाय द्वारान्ते द्वारोपरि तथा श्रियम् ।
धात्रे दक्षविधात्रे च गङ्गां च यमुनां तथा ॥२०
शङ्खपद्मनिधी पूज्य मध्ये वस्त्रप्रसारणम् ।
सारङ्गायेति भूतानां भूतशुद्धिं स्थितश्चरेत् ॥२१

अनामिका, मध्यमा, अंगुष्ठ और मालिकार्धो मन्दाक्षो से कनिष्ठादि मे पवित्रा मे द्वादश ग्रन्थियाँ होनी चाहिए ॥१५॥ रवि कुम्भ हुताशादि के सम्बन्ध मे विष्णु के समान ही माना गया है। पीठ का पीठ के मान के बराबर ही रहे और कुण्ड मे मेखला के अन्त तक होवे ॥१६॥ वैष्णव परिवार से सूत्र की ग्रन्थि शक्ति के अनुसार ही होनी चाहिए। अथवा तीन बार विभक्त किये हुए सूत्र मे सहस्र सूत्र होवें ॥१७॥ स्नान और सन्ध्योपासन आदि करने वाले उपासक मानव को चाहिए कि वह उसे रोचना, अगरु, कर्पूर, हरिद्रा (हल्दी) और कुंकुम आदि परम रञ्जक एव अति सुगन्धित द्रव्यो स अथवा चन्दनादि के द्वारा उन पवित्राओ को सुगन्धित समर्पित एव रञ्जित बनावे ॥१८॥ योग होने वाले गृह मे एकदशी तिथि के दिन भगवान् हरि का यजनार्चन करना चाहिए। उनके समस्त अङ्गोपाङ्गादि परिवार के लिये बलि देवे और भली-भाँति अर्चना करे ।१९। 'क्षौं क्षेत्रपालाय' इस मन्त्र से द्वार के अन्त मे क्षेत्रपाल को बलि देवे तथा द्वार के ऊपर श्री को बलि समर्पित करनी चाहिए। धाता—दक्ष विधाता के लिये बलि अर्पित करे। एव परम पावनी गङ्गा तथा यमुना को भी बलि देवे ।२०। शङ्ख पद्मनिधि का पूजन करके मध्य मे वस्त्र का प्रसारण 'सारङ्गाय' इसके द्वारा करे। फिर वहाँ पर ही स्थित होकर समस्त भूतो की भूत-सिद्धि करनी चाहिए ॥२१॥

ॐ हूं हूं ह फट् हूं हूं गन्धतन्मात्र सहरामि नम ।
ॐ हूं हूं ह. फट् हूं हूं रसतन्मात्र सहरामि नम ॥२२
ॐ हूं हूं ह फट् हूं हूं रूपतन्मात्र सहरामि नम ।
ॐ हूं हूं ह फट् हूं हूं स्पर्शतन्मात्र सहरामि नम ॥२३
ॐ हूं हूं ह फट् हूं हूं शब्दतन्मात्र सहरामि नम ।
पश्चोद्घातैर्गन्धतन्मात्रस्वरूप भूमिमण्डलम् ॥२४
चतुरस्र च पीठ च काञ्चन वज्रलाञ्छितम् ।
इन्द्रादिदैवत पादपुष्पमध्यगत स्मरेत् ॥२५
शुद्ध च रसतन्मात्र प्रविलाप्यथ सहरेत् ।
रसमात्र रूपमात्रे क्रमेणानेन पूजक ॥२२

ॐ ह्रु ह फट् ह्रु रसतन्मात्र सहरामि नम ।
ॐ ह्रु ह फट् ह्रु रूपतन्मात्र सहरामि नम ।।२७
ॐ ह्रू ह फट् ह्रू स्पर्शतन्मात्र सहरामि नम ।
ॐ ह्रू हं फट् ह्रू शब्दतन्मात्र सहरामि नम ।।२८
जानुनाभिमध्यगत श्वेत वै पद्मलाछितम् ।
शुक्लवर्ण चाधचन्द्र ध्यायेद्वरुणदैवतम् ।।२६
चतुर्भिश्च तदुद्घातो शुद्ध तद्रसमात्रकम् ।
सहरद्रसतन्मात्र रूपमात्र च योजयेत् ।।३०

भूत शुद्धि करने के निम्न मन्त्रों का स्वरूप बतलाया जाता है—"ॐ ह्रू ह फट् ह्रू रस तन्मात्र सहरामि नम"— ॐ ह्रू ह फट् ह्रू गन्ध तन्मात्र सहरामि नम "—"ओं ह्रू ह फट् ह्रू रूप तन्मात्र सहरामि नम"—"ॐ ह्रू ह फट् ह्रू शब्द तन्मात्र सहरामि नम '—'ओ ह्रू ह फट् ह्रू स्पर्श तन्मात्र सहरामि नम '—ये गन्ध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द तन्मात्राओं की भूत शुद्धि के मन्त्र दिये गये हैं। इन्हीं के द्वारा भूतों की शुद्धि करे। फिर पञ्चोद्घातों से गन्धतन्मात्रा के स्वरूप वाले इस भूमि मण्डल का तथा चतुरस्र (चौकोर) पीठ का जो काञ्चन एव वज्र से लाछित है एवं इन्द्र आदि देव गण की पादयुग्म के मध्यगत स्मरण करना चाहिए ।।२५।। शुद्ध किये हुए रस तन्मात्र का प्रविलापन सहार करे। पूजा करने वाले उपासक को इसी क्रम से रस तन्मात्र को रूप तन्मात्र में सहृत करना चाहिए। इनके सहार करने के वे ही पूर्वोक्त मन्त्र हैं जिनका निर्देश मूल ग्रन्थ में यहाँ पर पुन किया गया है। द्विरावृत्ति न होने के लिये उनका उल्लेख नहीं किया जाता है ।।२८।। जानु (घुटना) और नाभि के मध्य में गत श्वेत वर्ण से युक्त एव पद्म से लाञ्छित तथा शुक्लवर्ण वाले अर्ध चन्द्र का और वरुण का ध्यान करना चाहिए। इस तरह से उन चार उद्घातों के द्वारा शुद्ध किये हुए रस तन्मात्रा का सहार करे और रस तन्मात्रा में योजित करना चाहिए ।।३०।।

ॐ ह्रु ह फट् ह्रु रूपतन्मात्र सहरामि नम ।
ॐ ह्रु ह फट् ह्रु स्पर्शतन्मात्र सहरामि नम ।।३१

ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं शब्दतन्मात्रं संहरामि नमः ।
इति त्रिभिस्तदुद्धातैस्त्रिकोणं वन्हिमण्डलम् ॥३२
नाभिकण्ठमध्यगतं रक्तं स्वस्तिकलाञ्छितम् ।
ध्यात्वाऽनलाधिदैवं तच्छुद्धं स्पर्शे लयं नयेत् ॥३३
ॐ ह्रूं ह फट् ह्रूं स्पर्शतन्मात्रं संहरामि नम ।
ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं शब्दतन्मात्रं संहरामि नमः ॥३४
कण्ठनासामध्यगतं वृत्तं वै वायुमण्डलम् ।
द्विरुद्धातैर्धूम्रवर्णं ध्यायेच्छुद्धेन्दुलाञ्छितम् ॥३५
स्पर्शमात्रं शब्दमात्रं संहरेद्ध्यानयोगतः ।
ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं शब्दतन्मात्रं संहरामि नम ॥३६
एकोद्धातेन चाऽऽकाशं शुद्धस्फटिकसन्निभम् ।
नासापुटशिखान्तस्थमाकाशमुपसंहरेत् ॥३७
शोषणाद्यं देहशुद्धिं कुर्यादेवं क्रमात्ततः ।
शुष्कं कलेवरं ध्यायेत्पादाद्यं च शिखान्तकम् ॥३८

"ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं रूप तन्मात्र" इत्यादि पूर्वोदित मन्त्र से लेकर "ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं शब्द तन्मात्र"—इत्यादि को जो कि नाभि-कण्ठ के मध्यगत है, रक्त एवं स्वस्तिक के चिह्न से समन्वित है उस अनल के अधिदेव का ध्यान करके उस शुद्ध स्वरूप वाले का स्पर्श मे लीन करना चाहिए। फिर उक्त दो मन्त्रो के द्वारा जिनका कि मूल ग्रन्थ मे उल्लेख किया गया है यथा—ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं तन्मात्र संहरामि नम " तथा "ॐ ह्रूं हः फट् ह्रूं शब्द तन्मात्र संहरामि नम "। इनसे कण्ठ और नासा के मध्य मे संस्थित वृत्त स्वरूप वायु मण्डल का दो उद्घातो से धूम्र वर्ण मे सयुत एवं शुद्ध इन्दु से लाञ्छित का ध्यान करना चाहिए ॥३५॥ स्पर्श तन्मात्रा को शब्द तन्मात्रा के द्वारा ध्यान के योग से संहार करना चाहिए। इसके संहार करने का मन्त्र यह है जिसको उच्चारित करते हुए संहार करे—"ॐ ह्रूं ह फट् ह्रूं शब्द तन्मात्र संहरामि नमः" ॥३६॥ एकोद्धात से शुद्धि स्फटिक मणि के तुल्य आकाश का, जो कि नासापुट का शिखा के अन्तस्थ है, उपसंहार करना चाहिए। ३७॥

इस प्रकार से इसके अनन्तर क्रम से शोषण आदि के द्वारा देह की शुद्धि करे। शुष्क कलेवर (देह) का पादाद्य (पाद से आरम्भ करके) शिखा के अन्त तक अर्थात् चोटी पर्यन्त ध्यान करना चाहिए। ध्यान का क्रम सर्वदा चरण से आरम्भ करके शिर की शिखा तक ही हुआ करता है ॥३८॥

य बीजेन व बीजेन ज्वालामालासमायुतम् ।
देह रमित्यनेनैव ब्रह्मरन्ध्राद्विनिर्गतम् ॥३९
बिन्दु ध्यात्वा चामृतस्य तेन भस्मकलेवरम् ।
स प्लावयेल्लमित्यस्माद् ह स पाद्य दिव्यकम् ॥४०
न्यास कृत्वा करे देहे मानस यागमाचरेत् ।
विष्णु साङ्ग हृदि पद्मे मानस कुसुमादिभि ॥४१
मूलमन्त्रेण देवेश प्रार्चयेद्भुक्तिमुक्तिदम् ।
स्वागत देव देवेश सन्निधो भव केशव ॥४१
गृहाण मानसी पूजा यथार्थं परिभाविताम् ।
आधारशक्ति कूर्मोऽथ पूज्योऽनन्तो मही तत ।४२
मध्येऽन्यादी च धर्माद्या अधर्माद्याश्च मुख्यगा ।
सत्त्वादिमध्ये पद्म च मायाविद्याख्यतत्त्वके ॥४४
कालतत्त्व सूर्यादिमण्डल पक्षिराजक ।
मध्ये ततश्च वायव्यादीशान्ता गुरुपङ्क्तिका ॥४५

य' बीज से व इस बीज के ज्वालाओं की माला से समायुत देह को र' इसी बीज से ब्रह्मरन्ध्र से विनिर्गत बिन्दु का ध्यान करे और अमृत का उससे भस्म कलेवर को सम्प्लावित करना चाहिए। फिर 'ल' इस बीज से देह को दिव्य सम्पादित करके कर में तथा देह में न्यास करे अर्थात् करन्यास और अङ्गन्यास करे फिर मानस याग करे। हृदय कमल में अङ्गों से समन्वित भगवान् विष्णु को मानस कुसुम आदि के द्वारा मूलमन्त्र से भुक्ति और मुक्ति के प्रदान करने वाले देवेश्वर का समर्चन करे। इस अर्चना के पश्चात् उनसे प्रार्थना करे—हे देवों के भी देवेश! हे केशव! आप मेरी सन्निधि में विराज

मान हो ॥४२॥ यथार्थ परिभावित की हुई मेरी इस पूजा को जो कि मानसी की गई है आप कृपा करके स्वीकार कीजिए। भूमि के आधार पर शक्ति स्वरूप जो कूर्म है उसका और अनन्त देव की एवं मही की अर्चना करे ॥४३॥ मध्य में अग्नि और आदि में धर्मादि तथा मुख्य अधर्मादि का यजन करे। सत्वादि के मध्य में जो माया, विद्या नामक तत्व में पद्म का पूजन करे। काल तत्व, सूर्यादि मण्डल और पक्षिराज का यजन करना चाहिए। फिर इसके अनन्तर मध्य में वायु आदि ईशान्त गुरु पंक्ति का यजन करे ॥४५॥

गण सरस्वती पूज्या नारदो नलकूवर ।
गुरुर्गुरो पादुका च परो गुरुश्च पादुका ॥४६
पूर्वसिद्धा परसिद्धा केसरेषु च शक्तय ।
लक्ष्मी सरस्वती प्रीति कीर्ति शान्तिश्च कान्तिका ॥४७
पुष्टिस्तुष्टिमहेन्द्राद्या मध्ये चाऽऽवाहितो हरि ।
धृति श्रीरतिकान्त्याद्या मूलेन स्थाप्यतऽच्युत. ॥४८
ॐ अभिमुखो भवेति प्रार्थ्य प्राच्या सन्निहिता भव ।
विन्यस्यार्घादिकं दत्वा गन्धाद्यं मूलतो यजेत् ॥४९
ॐ भीषय भीषय हृच्छिरस्त्रासय वं नम ।
मर्दय मर्दय शिखामन्त्यादौ क्रमतोऽस्त्रकम् ॥५०
रक्ष रक्ष प्रध्वंसय प्रध्वसय कवचाय नम ।
हूं फट् अस्त्राय नमो मूलबीजेन चाङ्गजम् ॥५१

गण, सरस्वती देवी, देवर्षि नारद, नल-कूबर, गुरुदेव, गुरुचरण की पादुका का यजन करना चाहिए। गुरु परम तत्व हैं तथा गुरुदेव की पादुका ही सर्वोपरि तत्व होता है। केसरों से पूर्व सिद्ध तथा पर सिद्ध शक्तियाँ हैं। लक्ष्मी, सरस्वती, प्रीति कीर्ति, शान्ति, कान्तिका, पुष्टि तुष्टि और महेन्द्राद्य हैं और मध्य में भगवान् श्री हरि आवाहित होते हैं। धृति, श्री रति, कान्ति आदि भी होती हैं। मूल मन्त्र के द्वारा भगवान् अच्युत की स्थापना की जाती है ॥४८॥ स्थापना करने के पश्चात् प्रार्थना करे कि 'ॐ अभिमुखो भव" अर्थात्

आप हमारे सामने आइये तथा प्राची (पूर्व दिशा) मे सन्निहित होने का अनुग्रह करें । इस तरह से विन्यास करके अर्घ्य, पाद्य, आचमनीय आदि सब समर्पित करके जो कि मूलमन्त्र के द्वारा ही करना चाहिए फिर गन्धाक्षत पुष्प, दीप, नैवेद्य आदि के द्वारा मूलमन्त्र का उच्चारण करते हुए यजन करना चाहिए ।।४६।। मन्त्र ये होते हैं—"ॐ भीषय भीषय हृच्छिर आसय वं नमः मर्दय मर्दय" । फिर अग्नि आदि मे क्रम से अस्त्र का करे । "ॐ रक्ष रक्ष प्रध्वंसय प्रध्वंसय बवचाय नमः हूं फट् अस्त्राय नमः" यह अस्त्र का मन्त्र है । मूल बीज से अङ्गों का यजन करना चाहिए ।।५१।।

पूर्वदक्षाप्यसौम्येषु मूर्त्यावरणमर्चयेत् ।
वासुदेव सकर्षण प्रद्युम्नश्चानिरुद्धक ।।५२
अग्न्यादौ श्रीरतिधृतिकान्तयो मूर्तयो हरे ।
शङ्ख चक्र गदा पद्ममग्न्यादौ पूर्वकादिकम् ।।५३
शार्ङ्ग च मुसल खड्ग वनमाला च तद्बहि ।
इन्द्राद्याश्च तथाऽनन्त नैर्ऋत्या वरुण तत ।।५४
ब्रह्मेन्द्रेशानयोर्मध्ये अस्त्रावरणक बहि ।
ऐरावतस्ततश्छागो महिषोऽथ नरोत्तम ।।५५
मृग शशोऽथ वृषभ कूर्मो हसस्ततो बहि ।
पृश्निगर्भ कुमुदाद्या द्वारपाला द्वय द्वयम् ।।५६
पूर्वाद्युत्तरद्वारान्त हरि नत्वा बलि बहि ।
विष्णुपार्षदेभ्यो नमो बलिपीठे बलि ददेत् ।।५७

इनके उपरान्त पूर्व, दक्षिण, आप्य और सौम्य दिशाओं मे मूर्ति के आवरणों की अर्चना करे जो वासुदेव, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध होते है ।।५२।। अग्नि आदि में श्री, रति, धृति और कान्ति ये श्री हरि की मूर्तियाँ हैं इनका यजन करना चाहिए । शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म इन भगवान् के नित्यायुधों का पूर्वादि दिशाओं में अग्नि आदि मे अर्चन करे । इनके बाहिर शार्ङ्ग धनुष, मूसल, खड्ग और वनमाला का यजन करे । इन्द्र आदि दिशा

मे उसी प्रकार से अनन्त का एव इसके पश्चात् नैऋंत्य दिशा मे वरुण का अर्चन करे। इन्द्र और ईशान के मध्य मे ब्रह्मा का तथा उसके बाहिर अस्त्रों के आवरण का यजन करना चाहिए। ऐरावत, छाग, महिष और नरेश्वर, मृग, शश, वृषभ, कूर्म और हय इनकी अर्चना करे। इसके अनन्तर पुण्डरीकाक्ष तथा कुमुद आदि दो-दो द्वारपालों का यजन करे ॥५६॥ पूर्व मे आदि से लेकर उत्तर द्वार के अन्त तक हरि को नमस्कार करके बाहिर बलि देवे। "विष्णु पार्षदेभ्यो नम" अर्थात् भगवान् विष्णु के पार्षदों के लिये नमस्कार है। इस उक्त मन्त्र से बलिपीठ मे बलि देनी चाहिए ॥५७॥

विश्वाय विश्वक्सेनात्मने ईशानके यजेत् ।
देवस्य दक्षिणे हस्ते रक्षासूत्रं च बन्धयेत् ॥५८
सवत्सरकृतार्चायाः सम्पूर्णफलदायिने ।
पवित्रारोहणायेद कौतुक धारय ॐ नम ॥५९
उपवासादिनियम कुर्याद्वै देव स निधौ ।
उपवासेन नियतो देवं सन्तोपयाम्यहम् ॥६०
कामक्रोधादयः सर्वे मा मे तिष्ठन्तु सर्वथा ।
अद्यप्रभृति देवेश यावद्वै शेषिक दिनम् ॥६१
यजमानो ह्यशक्तश्च त्कुर्यान्नक्तादिक व्रती ।
हुत्वा विसर्जयेत्स्तुत्वा श्रीकर नित्यपूजनम् ॥६२
ॐ ह्रीं श्रीधराय त्रैलोक्यमोहनाय नम ॥६३

ईशान दिशा मे विश्वक्सेन स्वरूप विश्व के अर्थ यजन करना चाहिए। फिर देव के दक्षिण हस्त मे रक्षा सूत्र का बन्धन करे ॥५८॥ रक्षा सूत्र के बन्धन करने का मन्त्र यह है जिसका बन्धन करने के समय मे उच्चारण करना चाहिए—"सवत्सर कृतार्चाया सम्पूर्ण फल दायिने। पवित्रारोहणायेदं कौतुक धारय ॐ नम"; अर्थात् सवत्सर की की हुई अर्चना के समस्त फल के प्रदान करने वाले पवित्रारोहण के लिए हे भगवन् ! इस कौतुक को आप धारण कीजिए, आपको नमस्कार है ॥५९॥ इसके अनन्तर अपने उपास्य देवता को

सन्निधि मे उपवास आदि के नियम को धारण करे और यह कहे कि मैं उपवास आदि के नियम मे नियत होकर अपने उपास्य देव को सन्तुष्ट करता हूँ ॥६०॥ काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य य छ मन मे ही निवास करने वाले सब शत्रु मेरे अन्दर गर्वावा न रहे। हे देवेश ! आज से ही लेकर फिर जब तक ऐसा ही नैवेधिक अर्थात् अन्य विशिष्ट दिन हो तब तक मैं उक्त समस्त शत्रुओ से निमुक्त रहूँ ॥६१॥ यदि यजमान शक्तिहीन हो तो व्रती को नक्ता दिक करना चाहिए। जितना भी बन सके वह अवश्य ही करना आवश्यक है। इसके उपरान्त हवन करे और देवेश की स्तुति करे और फिर श्रीकर नित्य का विसर्जन करना चाहिए। और अन्त मे "ॐ ह्रीं श्रीधराय त्रैलोक्य मोहनाय नम" इसका उच्चारण करना चाहिए ॥६२॥

१४१--पवित्रकारोपणे पूजाहोमादिविधिः

विशोदनेन मन्त्रेण यागस्थानं च भूषयेत् ।
नमो ब्रह्मण्यदेवाय श्रीधरायाव्ययात्मने ॥१
ऋग्यजु सामरूपाय शब्ददेहाय विष्णवे ।
विलिख्य मण्डल साय यागद्रव्यादि चाऽऽहरेत् ॥२
प्रक्षालितकराङ्घ्रि सन्विन्यस्ताार्घ्यकरो नर ।
अर्घ्याद्भिस्तु शिर प्रोक्ष्य द्वारदेशादिक तथा ॥३
आरभेद्द्वारयाग च तोरणेशान्प्रपूजयेत् ।
अश्वत्थोदुम्बरवटप्लक्षा पूर्वादिगा नगा ॥४
ऋगिन्द्रशोभन प्राच्या यजुर्यमसुभद्रकम् ।
सामापश्च सुधन्वाख्य सोमाथर्वसुहोत्रकम् ॥५
तोरणान्ता पताकाश्च कुमुदाद्या घटद्वयम् ।
द्वारि द्वारि स्वनाम्नाऽर्च्यो पूर्वे पूर्णश्च पुष्कर ॥६
आनन्दनन्दनौ दक्षो वीरसेन सुषेणक ।
सम्भवप्रभवौ सौम्ये द्वारपाश्चैव पूजयेत् ॥७

अब इस चौतीसवें अध्याय में पवित्रारोपण में पूजा के होम की विधि का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—'नमो ब्रह्मण्य देवाय श्रीधराया व्ययात्मने। ऋग्यजु साम रूपाय शब्द देहाय विष्णवे" इस मन्त्रमे यागस्थानम प्रवेश करे अर्थात् इस मन्त्रका उच्चारण करते हुए प्रवेश करना चाहिए और फिर याग स्थान को भली भाँति विभूषित करे। मन्त्रार्थ यह है—ब्राह्मणो की रक्षा करने वाले, अव्यय अर्थात् नित्य नाश रहित स्वरूप वाले, ऋग्वेद, यजुर्वेद और साम वेद के रूप वाले, शब्द के ही देह स युक्त श्रीधर भगवान् विष्णु के लिये बारम्बार नमस्कार है। फिर मण्डल का विलेपन करे और सायकाल ही में जितने भी लाने योग्य याग के द्रव्य है उन सबका आहरण कर लेना चाहिए ॥१॥२॥ अपने हाथो और पैरो को अच्छी तरह प्रक्षालित करने वाला उपासक मनुष्य विन्यास करके हाथ में अर्घ्य लेवे और अर्घ्यादि स प्रथम अपने शिर का प्रोक्षण करे फिर द्वार देश आदि समस्त स्थलो का प्रोक्षण उसे करना चाहिए ॥३॥ आरम्भ मे द्वार याग मे श्रीगणेश करे और तोरण (प्रधान द्वार) के देशों का पूजन करना चाहिए। अश्वत्थ (पीपल), उदुम्बर (गूलर), वट (बड़) और प्लक्ष (पाखर) जो पूर्वादि दिशाओ म स्थित वृक्ष है उनका यजन करे। प्राची मे अर्थात् पूर्व दिशा मे इन्द्रशोभन ऋग्वेद यम सुभद्रक यजुर्वेद, वारुण मे सामवेद जो सुधन्वाख्य है तथा सोमाथर्व सुहोत्रक का यजन करे ॥४॥ तोरणान्त कुमुदादि पताका और घट इय अर्थात् दाना घटो का द्वार द्वार पर अपने नाम का उच्चारण करके अर्चना करनी चाहिए। पूर्व दिशा मे पूर्ण पुष्कर का यजन करे। आनन्द, नन्दन, दक्ष, वीरसन, सुपर्णक का तथा सौम्य दिशा म सम्भव, प्रभव इन द्वारपाला का पूजन करना चाहिए ॥८॥

अस्त्रजप्तपुष्पक्षेपाद्विघ्नानुत्सार्य स विशेत्।
भूतशुद्धि विधायाथ विन्यस्य कृतमुद्रक ॥८
फट्कारान्त शिखा जप्त्वा सर्षपान्दिक्षु विक्षिपेत्।
वासुदेवेन गोमूत्र सङ्कर्षणेन गोमयम्। ९
प्रद्युम्नेन पयस्तज्जद्दधि नारायणाद्घृतम्।
एकद्वित्र्यादिवारेण घृताद्द्वै भागतोऽधिकम् ॥१०

घृतपात्रे तदेकत्र पञ्चगव्यमुदाहृतम् ।
मण्डपप्रोक्षणायैकं चापरं प्राशनाय च ॥११
स्नानाय दशकुम्भेषु इन्द्राद्याल्लोकपान्यजेत् ।
पूज्याज्ञा श्रावयेत्ताश्च स्थातव्य चाऽऽज्ञया हरे. ॥१२
यागद्रव्यादि संरक्ष्य विकिरान्विकिरेत्तत. ।
मूलाष्टशतसजप्ता·कुशकूर्चान्हिरेच्च तान् ॥१३
ऐशान्या दिशितत्रथ स्थाप्य कुम्भं च वर्धनीम् ।
कुम्भे साङ्गं हरिं प्राच्य वर्धन्यामस्त्रमर्चयेत् ॥१४

मन्त्र का जाप और पुष्प आदि के प्रक्षेपण के द्वारा पहिले समस्त विघ्नों का समुत्सारण करके फिर अन्दर प्रवेश करके वहाँ नियत स्थान पर स्थित होवे। इसके उपरान्त भू ी की शुद्धि करे और विन्यास करके मुद्रा करे जो नियत है। मन्त्र म फट्कार लगाकर शिखा का जाप करे और समस्त दिशाओं में सर्षपों (सरसों के दानों) का विक्षेपण करना चाहिए। वासुदेव मन्त्र से गोमूत्र ग्रहण करे, सङ्कर्षण मन्त्र से गोमय (गोबर) ग्रहण करना चाहिए, प्रद्युम्न मन्त्र से पय (दूध) लेव और तथा अर्थात् अनिरुद्ध मन्त्र से दधि ग्रहण करे तथा नारायण से घृत लेवे। एक, दो और तीन आदि बार से अधिक भाग म ग्रहण करना चाहिए ॥१०॥ घृतपात्र में यह सब एकत्र करे, इसको पञ्चगव्य कहा गया है। एक को मण्डप के प्रोक्षण करने के लिए काम में लावे और दूसरे को प्राशन के लिये रखे। ये पञ्चगव्य तथा पञ्चामृत के नाम से प्रसिद्ध हैं ॥११॥ दस कुम्भों म स्नान के लिये इन्द्र आदि लोकपालों को जो कि सरय। मे दस होते हैं पूजित करे। उनको पूज्याज्ञा का श्रवण करावे और भगवान् हरि की आज्ञा से अवस्थित रहना चाहिए ॥१२॥ जो भी याग के सम्पन्न करने के लिए द्रव्य एकत्रित किये गए हैं उन सबका भली भांति रक्षण करे और इसके अनन्तर फिर विकिरों का विकरण करना चाहिए। अष्टोत्तर शत मूलमन्त्र का जप करके अभिमन्त्रित उन कुशा के कूर्चों का हरण करना चाहिए ॥१३॥ ऐशानी दिशा मे वहाँ पर संस्थित कुम्भ तथा वर्धनी की

स्थापना करे। उस कुम्भ में अङ्गों के सहित भगवान् श्री हरि की समर्चना करके वर्धनी के द्वारा अस्त्र का अर्चन करना चाहिए ॥१४॥

प्रदक्षिणं यागगृहं वर्धनीछिन्नधारया।
सिञ्चन्नयेत्ततः कुम्भं पूजयेच्च स्थिरासने ॥१५

सपञ्चरत्नवस्त्राढ्ये कुम्भे गन्धादिभिर्हरिम्।
वर्धन्यां हेमगर्भायां यजेदस्त्रं च वामतः ॥१६
तत्समीपे वास्तुलक्ष्मीभूविनायकमर्चयेत्।
स्नपनं कल्पयेद्विष्णोः संक्रान्त्यादौ तथैव च ॥१७
पूर्णकुम्भानवस्थाप्य नवकोणेषु निर्व्रणान्।
पाद्यमर्घं चाऽऽचमनं पञ्चगव्यं च निक्षिपेत् ॥१८
पूर्वादिकलशेऽग्न्यादौ पञ्चामृतजलाधिकम्।
दधि क्षीरं मधूष्णोदं पाद्यं स्याच्चतुरङ्गकम् ॥१९
पद्मश्यामाकदूर्वाश्च विष्णुपत्नी च पाद्यकम्।
तथाष्टाङ्गार्घ्यमाख्यातं यवगन्धफलाक्षतम् ॥२०
कुशासिद्धार्थपुष्पाणि तिला द्रव्याणि चाऽऽहरेत्।
लवङ्गकक्कोलयुतं दद्यादाचमनीयकम् ॥२१

वर्धनी की छिन्न धारा से याग गृह की प्रदक्षिणा करते हुए सिञ्चन करे फिर कुम्भ को लेवे और स्थिरासन पर पूजन करना चाहिए ॥१५॥ पाँचों प्रकार के रत्नों से तथा वस्त्र से समन्वित कुम्भ में भगवान् श्री हरि का गन्धाक्षत, धूप, दीप, नैवेद्य आदि अर्चनोपचारों के द्वारा हेमगर्भा अर्थात् सुवर्ण जिसके मध्य में हो ऐसी वर्धनी में वाम भाग से अस्त्र का यजन करना चाहिए। ॥१६॥ उन्हीं के समीप में वास्तु लक्ष्मी, भू, विनायक की अर्चना करनी चाहिए। भगवान् विष्णु के स्नपन की कल्पना करे। इसी भाँति संक्रान्ति आदि पर्व में भी करे ॥१७॥ नव कोणों में जो पूर्ण कुम्भ हैं उनको स्थापित करे किन्तु वे सभी व्रण रहित होने चाहिए। फिर उनमें पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय और पञ्च गव्य का निक्षेप करना चाहिए ॥१८॥ पूर्वादि कलश में अग्नि

आदि में पञ्चामृत जलाधिक दधि क्षीर, मधु, और उष्णोदक इन सब का अनु-रञ्जक पाद्य होता है जिसमें श्यामाक, दूर्वा और विष्णु वली हैं। उसी भाँति से अर्घ्य अष्टाङ्ग कहा गया है। उसमें यव, गन्ध, फल अक्षत कुश, सिद्धार्थ पुष्प और तिल ये द्रव्य हैं जिनका कि आहरण करना चाहिए। लवङ्ग, कङ्कोल आचमनीय में देवे ॥२१॥

स्नापयेन्मूलमन्त्रेण देव पञ्चामृतैरपि ।
शुद्धोद मध्यकुम्भेन देवमूर्ध्नि विनिक्षिपेत् ॥२२
कलशान्नि सृत तोय दूर्वाग्र सस्पृशेन्नर. ।
शुद्धोदकेन पाद्य च अर्घ्यमाचमन ददेत् ॥२३
परिमृज्य पटेनाङ्ग सवस्त्र मण्डलं नयेत् ।
तत्राभ्यर्च्याऽचरेद्धोम कुण्डादौ प्राणसयमी ॥२४
प्रक्षाल्य हस्तौ रेखाश्च तिस्र पूर्वाग्रगामिनी ।
दक्षिणादुत्तरान्ताश्च तिस्रश्चैवोत्तराग्रगा ॥२५
अर्घ्योदकेन सप्रोक्ष्य योनिमुद्रा प्रदर्शयत् ।
ध्यात्वाऽऽत्मरूप चाग्नि तु योन्या कुण्डे क्षिपेन्नर ॥२६
पात्राण्यासादयेत्पश्चाद्दर्भस्त्रुक्स्त्रुवकादिभि ।
बाहुमात्रा परिधय इध्मव्रश्चनमेव च ॥२७
प्रणीता प्रोक्षणीपात्रमाज्यस्थालीघृतादिकम् ।
प्रस्थद्वय तण्डुलाना युग्म युग्ममधोमुखम् ॥२८
प्रणीताप्रोक्षणीपात्रे न्यसेत्प्रागग्र कुशम् ।
अद्भि पूर्य प्रणीता तु ध्यात्वा देव प्रपूज्य च ॥२९
प्रणीता स्थापयेदग्नेर्द्रव्याणा चैव मध्यत ।
प्रोक्षणीमद्भि सम्पूर्य प्राच्य दक्षे तु विन्यसेत् ॥३०
चरु च श्रपयेदग्नौ ब्रह्माण दक्षिणे न्यसेत् ।
कुशानास्तीर्य पूर्वादौ परिधीन्स्थापयेत्तत ॥३१
वैष्णवीकरण कुर्याद्गर्भाधानादिना तत ।
गर्भाधान पु सवन सीमन्तोन्नयन जनि ॥३२

नामादिसमावर्तनान्तं जुहुयादष्ट चाऽऽहुतीः ।
पूर्णाहुतिं प्रतिकर्म स्रुचा स्रुवसुयुक्तया ॥३३

साधक का कर्त्तव्य है कि अपने उपास्य देव का मूल मन्त्र से स्नपन पञ्चामृतों के द्वारा भी करावे । पञ्चामृत स्नान के पश्चात् मध्य कुम्भ से शुद्ध जल लेकर उसे देवता के मस्तक पर विशेष रूप से निक्षिप्त करना चाहिए ।२२। कलश से निकले हुए जल को जो दूर्वा के अग्रभाग से स्पर्श वाला हो,ऐसा मनुष्य को करना चाहिए । फिर शुद्ध जल से पाद्य अर्घ्य तथा आचमन समर्पित करे इसके अनन्तर किसी विशुद्ध स्वच्छ वस्त्र से देवता के अङ्गों का परिमार्जन करे और वस्त्र के सहित मण्डल मे लेजा कर सस्थापित करे वहीं पर अभ्यर्चन करके होम करे जो कि प्राण सयमी पुरुष को कुण्डादि मे करना चाहिए । ॥२४॥ हाथो का प्रक्षालन करके पूर्वाग्रगामिनी तीन रेखाएँ और दक्षिण से उत्तरान्त तीन तथा उत्तराग्र मे गमन करने वाली को अर्घ्य के उदक से सम्प्रोक्षण करके फिर योनि मुद्रा को प्रदर्शित करना चाहिए । आत्मरूप का ध्यान करके फिर मनुष्य को चाहिए कि अग्नि को योनि के कुण्ड मे क्षिप्त करे ॥२६॥ फिर पात्रो का आसादन करना चाहिए । दर्भ, स्रुक् और स्रुवादि को बाहु मात्र जितनी परिधियाँ हैं, समासादित करे । इध्म व्रश्चन, प्रणीता, प्रोक्षणी पात्र, आज्य स्थाली और घृत आदि का आसादन करे । दो प्रस्थ परिमाण वाले तण्डुल ही युग्म युग्म अधोमुख हो । प्रणीता पात्र तथा प्रोक्षणी पात्र इन दोनों का वहाँ न्यास करे । प्राक् अग्र मे गमन करने वाला कुश हो । प्रणीता पात्र को जल से प्रपूरित करके फिर देव का ध्यान करे और प्रकृष्ट रूप से उनका पूजन करना चाहिए ॥२६॥ अग्नि से द्रव्यों के मध्य भाग मे प्रणीत पात्र को स्थापित करे । प्रोक्षणी पात्र को जल से पूरित करके उसकी अर्चना करे और दक्षिण भाग मे विन्यस्त करना चाहिए ॥३०॥ अग्नि में चरु का श्रपण करे और ब्रह्मा का दक्षिण में न्यास करे । कुशाग्रो का आस्तरण करके (फैलाकर) पूर्व आदि मे फिर परिधियो की स्थापना करनी चाहिए ॥३१॥ इसके अनन्तर गर्भाधान आदि से वैष्णवीकरण करे । गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जन्म,

नामकरण से लेकर समावर्तन के अनन्तर आठ आहुतियाँ देकर हवन करना चाहिए। प्रत्येक कर्म में ध्रुव सम्पुन स्रुक से पूर्णाहुति करनी चाहिए ॥३३॥

कुण्डमध्ये ऋतुमती लक्ष्मी सञ्चिन्त्य होमयेत् ।
कुण्डलक्ष्मीः समाख्याता प्रकृतिस्त्रिगुणात्मिका ॥३४
सा योनिः सर्वभूतानां विद्यामन्त्रगणस्य च ।
विमुक्तेः कारणं वह्निः परमात्मा च मुक्तिदः ॥३५
प्राच्यां शिरः समाख्यातं बाहू कोणे व्यवस्थितौ ।
ईशानाग्नेयकोणे तु जंघे वायव्यनैऋते ॥३६
उदरं कुण्डमित्युक्तं योनिर्योनिर्विधीयते ।
गुणत्रयं मेखलाः स्युर्ध्यात्वैवं समिधो दश ॥३७
पञ्चाधिकास्तु जुहुयात्प्रणवान्मुष्टिमुद्रया ।
पुनराघारौ जुहुयाद्वाय्वग्न्यन्तं ततः श्रयेत् ॥३८
ईशान्तं मूलमन्त्रेण आज्यभागौ तु होमयेत् ।
उत्तरे द्वादशान्तेन दक्षिणे तेन मध्यतः ॥३९
व्याहृत्या पद्ममध्यस्थं ध्यायेद्वह्निं तु संस्कृतम् ।
वैष्णवं सप्तजिह्वं च सूर्यकोटिसमप्रभम् ॥४०
चन्द्रवक्त्रं च सूर्याक्षं जुहुयाच्छतमष्ट च ।
तदर्धं चाष्ट मूलेन अङ्गानां च दशांशतः ॥४१

कुण्ड के मध्य भाग में ऋतुमती लक्ष्मी का सञ्चिन्तन करके होम करना चाहिए। सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों के स्वरूप वाली प्रकृति कुण्ड लक्ष्मी कही गई है ॥३४॥ वह समस्त भूतों की और विद्या मन्त्रगण की योनि अर्थात् उद्भव स्थान है। विमुक्ति का कारण वह्नि है और मुक्ति के प्रदान करने वाले परमात्मा हैं। प्राची अर्थात् पूर्व दिशा में शिर कहा गया है, कोण में दोनों बाहू व्यवस्थित हैं जो कि ईशान और आग्नेय नाम वाले कोण हैं। वायव्य तथा नैऋत्य कोण में दोनों जंघे हैं। कुण्ड उदर है—ऐसा बताया गया है, और जो योनि है वह योनि विधीयमान होती है। तीनों गुण ही मेखलायें हैं—इस विधि से ध्यान करके दश समिधएँ ग्रहण करे। पञ्चाधिक

समिधाओं को मुष्टि मुद्रा से प्रणवों को आहुतियाँ देवे। पुन आधारों की आहुतियाँ देवे। इसके अनन्तर वायु और अग्नि के अन्त तत्व का आश्रय लेवे ॥३८॥ मूल मन्त्रों के द्वारा ईशान पर्यन्त आज्य (घृत) भोगों का हवन करना चाहिए। उत्तर में द्वादशान्त से, दक्षिण में उसके मध्य भाग तथा व्य हृति से पद के मध्य भाग का ध्यान करे। वह्नि देव का संस्कार से सम्पन्न का ध्यान करे जो वैष्णव एवं सात जिह्वाओं वाला तथा करोड़ सूर्य के सदृश प्रभा वाला है, जिसका चन्द्रमा मुख है और सूर्य नेत्र हैं, उसके लिये एक माला अर्थात् अष्टोत्तरशत (एकसौ आठ) बार आहुतियाँ देकर हवन करे। उसका आधा भाग और आठ बार मूल मन्त्र से आहुतियाँ देवे तथा अङ्गों की दशांश से आहुतियाँ देकर हवन करना चाहिए ॥४१॥ —

१४२—पवित्राधिवासनविधिः

सहाताहुतिनाऽऽसिच्य पवित्राण्यधिवासयेत् ।
नृसिंहमन्त्रजप्तानि गुप्तान्यस्त्रेण तानि तु ॥१

वस्त्रसंवेष्टितान्येव पात्रस्थान्यभिमन्त्रयेत् ।
बिल्वाद्यद्भि प्रोक्षितानि मन्त्रेण चैकधा द्विधा ॥२

कुम्भपात्रे तु संस्थाप्य रक्षां विज्ञाप्य देशिक ।
दन्तकाष्ठं चाऽऽमलकं पूर्वे संकर्षणेन तु ॥३

प्रद्युम्नेन भस्म तिलान्दक्ष गोमयमृत्तिकाम् ।
वारुणे चानिरुद्धेन सौम्ये नारायणेन च ॥४

दध्योदकं चाथ हृदा अग्नौ कुंकुमरोचनम् ।
ऐशान्यां शिरसा धूपं शिखया नैऋते ऽप्यथ ॥५

मूलपुष्पाणि दिव्यानि कवचेनाथ वायवे ।
चन्दनाम्बवक्षतदधिदूर्वाश्च पुटिकास्थिता ॥६

गृहं त्रिसूत्रेणाऽऽवेष्ट्य पुन सिद्धार्थकान्क्षिपेत् ।
दद्यात्पूजाक्रमेणाथ सर्वं सर्वगन्धपवित्रकम् ॥७

इस अध्याय में पवित्रारोपों के अधिवासन की विधि का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—सम्पात की आहुति से आसेचन करके पवित्रारों का अधिवासन करना चाहिए। नृसिंह मन्त्र का जाप किये हुए सूत्रों का अस्त्र के द्वारा करे। वस्त्र से आवेष्टित किये हुए ही पात्र में स्थित करे और उन्हें अभिमन्त्रित करना चाहिए। बिल्वादि जलों के द्वारा मन्त्र से एक और दो बार प्रोक्षित करे ॥१॥२॥ फिर कुम्भ पात्र में सम्पादित करके देशिक को रक्षा का विज्ञापन करना चाहिए। इसके उपरान्त सङ्कर्षण मन्त्र से पूर्वादि भाग में आमलक (आँवला) दन्तकाष्ठ (दातुन) समर्पित करे। प्रद्युम्न मन्त्र के द्वारा भस्म, तिल और दक्ष भाग में गोमय मृत्तिका देवे। वारुण दिशा में अनिरुद्ध मन्त्र से तथा सौम्यदिग् भाग में नारायण मन्त्र के द्वारा देवे। दर्भोदक और इसके उपरान्त हृदय से अग्नि में कुङ्कुम रोचन अर्पित करे। ऐशान्य दिशा में शिर से धूप और नैर्ऋत दिशा में शिखा से दिव्य मूल पुष्प समर्पित करे। वायव्य में कवच के द्वारा पुटिका स्थित चन्दन, अम्बु अक्षत, दधि, दूर्वा का समर्पण करना चाहिए ॥६॥ गृह को तीन सूत्रों से आवेष्टित कर फिर सिद्धार्थकों का क्षेपण करे। पूजा का जो क्रम है उसी के द्वारा अपने-अपने मन्त्रों द्वारा गन्ध पवित्रक को देवे ॥७॥

मन्त्रैर्वै द्वारपादिभ्यो विष्णु कुम्भे स्वनेन च।
विष्णुतेजोद्भवं रम्यं सर्वपातकनाशनम् ॥८
सर्वकामप्रदं देव तवाङ्गे धारयाम्यहम्।
सपूज्य धूपदीपाद्यैर्व्रजेद्द्वारसमीपतः ॥९
गन्धपुष्पाक्षतोपेतं पवित्रं चाऽऽत्मनोऽर्पयेत्।
पवित्रं वैष्णवं तेजो महापातकनाशनम् ॥१०
धर्मकामार्थसिद्ध्यर्थं स्वकेऽङ्गे धारयाम्यहम्।
आसने परिवारादौ गुरौ दद्यात्पवित्रकम् ॥११
गन्धादिभिः समभ्यर्च्य गन्धपुष्पाक्षतादिभिः।
विष्णुतेजोद्भवेत्यर्घ्यमूलेन हरयेऽर्पयेत् ॥१२

मन्त्रों से द्वारपाल आदि के लिये देवे और कुम्भ में निम्नलिखित मन्त्र से विष्णु भगवान् को अर्पित करे । मन्त्र का स्वरूप यह है—"विष्णु तेजोद्भव रम्य सर्व पातक नाशनम् । सर्व कामप्रद देव तवाङ्गे धारयाम्यहम्" अर्थात् हे देव ! विष्णु के तेज से उत्पन्न, परम सुन्दर, समस्त पातकों का नाश करने वाला तथा सम्पूर्ण कामनाओं के प्रदान करने वाला यह मैं आपके अङ्ग में धारण कराता हूं । फिर धूप, दीप आदि उपचारों के द्वारा भली-भाँति पूजन करके द्वार के समीप से गमन करना चाहिए ।।८।।९।। फिर गन्ध पुष्प और अक्षतों से उपेत उस पवित्रा को अपने अङ्ग में अर्पित करना चाहिए । उस पवित्रा के धारण करने के समय में इस आगे लिखित मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए । मन्त्र—"पवित्र वैष्णव तेजो महापातक नाशनम् । धर्म कामार्थ सिद्ध्यर्थं स्वकेऽङ्गे धारयाम्यहम्" अर्थात् यह पवित्रा विष्णु भगवान् का तेज स्वरूप है जो कि बड़े-बड़े महान् पातकों का नाश कर देने वाला है । धर्म, काम और अर्थ की सिद्धि के प्राप्त करने के लिये मैं इसको अपने अङ्ग में धारण करता हूँ । आसन पर और परिवार आदि में तथा गुरु को इस पवित्रका को देवे । इसके उपरान्त गन्धाक्षत पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि पूजन के अत्यावश्यक उपचारों के द्वारा भली-भाँति अर्चना करके "विष्णु तेजोद्भव" इत्यादि उपर्युक्त मूल मन्त्र के द्वारा फिर उसे भगवान् हरि के लिये समर्पित करना चाहिए ।।१२।।

वन्हिस्थाय ततो दत्त्वा देव सप्रार्थयेत्तत ।
क्षीरदधिमहानागशय्यावस्थितविग्रह ।।१३
प्रातस्त्वां पूजयिष्यामि सन्निधौ भव केशव ।
इन्द्रादिभ्यस्ततो दत्त्वा विष्णुपार्षदके बलिम् ।।१४
ततो देवाग्रत. कुम्भ वामोयुगसमन्वितम् ।
रोचनाचन्द्रकाश्मीरगन्धाद्युदकसयुतम् ।।१५
गन्धपुष्पादिनाऽभ्यर्च्य मूलमन्त्रेण पूजयेत :
मण्डपाद्बहिरागत्य विलिप्ते मण्डलत्रये ।।१६

पञ्चगव्य चरुं दन्तकाष्ठं चैव क्रमाद् भजेत् ।
पुराणश्रवणं स्तोत्र पठञ्जागरणं निशि ॥१७
परप्रेषकबालानां स्त्रीणां भोगभुजां तथा ।
सद्योऽधिवासनं कुर्याद्विना गन्धपवित्रकम् ॥१८

वह्नि में सञ्चित को देकर फिर इसके पश्चात् देवता की प्रार्थना करनी चाहिए। प्रार्थना इस प्रकार से करे—हे देव ! आप क्षीर सागर में महान् शेष नाग की शय्या पर अपना विग्रह सम्स्थापित करके शयन करने वाले हैं। मैं आपकी नित्य प्रातःकाल में पूजा करूँगा। हे केशव ! आप मेरी सन्निधि में विराजमान होवें। इसके अनन्तर इन्द्र आदि देवों के लिये तथा भगवान् विष्णु के पार्षदों के लिये बलि समर्पित करे। इसके उपरान्त देव के आगे दो वस्त्रों से युक्त रोचना चन्द्र काश्मीर गन्ध आदि से समन्वित कुम्भ का गन्ध तथा पुष्पादि से अच्छी तरह विभूषित करके मूल मन्त्र के द्वारा उसका पूजन करना चाहिए। फिर मण्डप से बाहिर आकर विलिप्त मण्डलत्रय में अर्थात् तीन मडपों में क्रम से पञ्चगव्य, चरु और दन्तकाष्ठ का भजन (सेवन) करे। पुराणों का श्रवण तथा स्तोत्रों का पठन करते हुए रात्रि में जागरण करना चाहिए। दूसरों के द्वारा प्रेषित बालकों का, स्त्रियों का जो भोग लेने वाले हैं इन सबका तुरन्त ही बिना गन्ध और पवित्र के अधिवासन कर देना चाहिए ॥१८॥

१४३—विष्णुपवित्रारोपणविधिः

प्रातः स्नानादिकं कृत्वा द्वारपालान्प्रपूज्य च ।
प्रविश्य गुप्ते देशे च समाकृष्याथ धारयेत् ॥१
पूर्वाधिवासितं द्रव्यं वस्त्राभरणगन्धकम् ।
निरस्य सर्वं निर्माल्यं देवं सस्नाप्य पूजयेत् ॥२
पञ्चामृतैः कषायैश्च शुद्धगन्धोदकैस्ततः ।
पूर्वाधिवासितं दद्याद्वस्त्रं गन्धं च पुष्पकम् ॥३
अग्नौ हुत्वा नित्यवच्च देवं सम्प्रार्थयेन्नमेत् ।
समर्प्य कर्म देवाय पूजां नैमित्तिकीं चरेत् ॥४

द्वारपालविष्णुकुम्भवर्धनीः प्रार्थयेद्धरिम् ।
अतो देवेति मन्त्रेण मूलमन्त्रेण कुम्भके ॥५
कृष्ण कृष्ण नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ।
पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ॥५
पवित्रक कुरुष्वाद्य यन्मया दुष्कृत कृतम् ।
शुद्धो भवाम्यहं देव त्वत्प्रसादात्सुरेश्वर ॥७

अब इस अध्याय मे भगवान् विष्णुदेव के लिये पवित्रामों के आरोपण की विधि को बतलाया जाता है। श्री अग्निदेव ने कहा—प्रातःकाल के समय में स्नान, शौच आदि सम्पूर्ण दैनिक आवश्यकताओं से निवृत्त होकर द्वारपालो का सर्वप्रथम पूजन करे और फिर गुप्त देश मे प्रवेश करके समाकर्पण करे और धारण करे ॥१॥ पूर्व निशारम्भ मे जो भी वस्त्र, आभरण, गन्ध आदि अधिवासित द्रव्य हो उन सबको निरसित करके अर्थात् अलग हटाकर सब प्रकार से देव का निर्माल्य अपसारित कर फिर देव का सस्नपन करावे और अभ्यर्चना करे ॥२॥ दुग्ध, दधि, मधु के द्वारा सुनिर्मित पञ्चामृतो से तथा कषायों से और फिर अन्त मे शुद्ध गन्धपूर्ण उदको से स्नान कराना चाहिए। पूर्वाधिवासित वस्त्र, गन्ध और पुष्प समर्पित करे ॥३॥ अग्नि में हवन करके नित्य की भाँति अपने उपास्य देव की भली भाँति प्रार्थना करे और फिर अन्त में नमस्कार करनी चाहिए। आगे समस्त किए हुए कर्म को श्री कृष्णार्पण करके अर्थात् उपास्य देव की ही सेवा मे अर्पण करके फिर नैमित्तिकी पूजा का समाचरण करे। द्वारपाल, विष्णु कुम्भ, वर्धनी की प्रार्थना 'अतोदेव' इस मन्त्र से और मूलमन्त्र से कुम्भ मे करनी चाहिए। प्रार्थना इस भाँति करे—हे भगवान् श्री कृष्णदेव ! आपके चरणारविन्द मे मेरा प्रणाम है। आप मुझ पर अनुग्रह करके इस पवित्रा को स्वीकार कीजिये जो कि वर्ष भर की हुई पूजा के फलों का प्रदान करने वाला है। इसे पवित्रीकरण के लिये ही आप ग्रहण करे। जो भी मैंने अब तक दुष्कृत्य किये हों आज आप उन सबको पवित्र कर देवें अर्थात् उन सबसे मेरी शुद्धि करने की कृपा कर देवें। हे देव ! आप समस्त देवो के भी स्वामी हैं, मैं आपके ही प्रसाद से शुद्ध होता हूँ ॥७॥

पवित्र हृदाद्यंस्तु आत्मानमभिपिच्य च ।
दिष्णुकुम्भ च सम्प्रोक्ष्य व्रजेद्देवसमीपत ॥८
पवित्रमात्मने दद्याद्रक्षावन्ध विसृज्य च ।
गृहाण ब्रह्मसूत्र च यन्मया कल्पित प्रभो ॥६
कर्मणा पूरणार्थाय यथा दोषो न मे भवेत् ।
द्वारपालासनगुरुमुख्याणा च पवित्रकम् ॥१०
कनिष्ठादि च देवाय वनमाला च मूलत ।
हृदादिविष्वक्सेनान्ते पवित्राणि समर्पयेत् ॥११
वन्हौ हुत्वा वह् निर्गेभ्यो विश्वादिभ्य. पवित्रकम् ।
प्राच्यं पूर्णाहुति दद्यात्प्रायश्चित्ताय मूलत ॥१२
अष्टोत्तरशत वाऽपि पञ्चोपनिपदैस्तत ।
मणिविद्रुममालाभिर्मन्दारकुसुमादिभि ॥१३
इय सावत्सरी पूजा तवास्तु गरुडध्वज ।
वनमाला यथा देव कौस्तुभ सतत हृदि ॥१४
तद्वत्पवित्रतन्तूश्च पूजा च हृदये वह ।
कामतोऽकामतो वाऽपि यत्कृत नियमार्चने ॥१५
विधिना विघ्नलोपेन परिपूर्ण तदस्तु मे ।
प्रार्थ्य नत्वा क्षमाप्याथ पवित्र मस्तकेऽर्पयेत् ॥१६

हृद् आद्य के द्वारा पवित्रका और अपने आत्मा का अभिषेक करके फिर भगवान् विष्णु के कुम्भ का सम्प्रोक्षण करे और देवता के समीप मे गमन करना चाहिए ।८। पवित्रा को आत्मा के लिये देवे और रक्षा बन्धन का विसर्जन करे। फिर भगवान् के समक्ष मे प्रार्थना करे कि हे प्रभो । जो मैंने कल्पित किया है उस ब्रह्म सूत्र को आप ग्रहण कीजिये जिससे मेरे कृत कर्मों की परिपूर्णता होवे और मेरा कोई भी दोष न होवे । द्वारपाल, आसन, गुरु एव मुख्य पुरुषो को पवित्रा और कनिष्ठादि को मूल मन्त्र से देव के लिये वनमाला एव हृदादि विष्वक्सेनान्त में पवित्राओ का समर्पण करना चाहिए ॥११॥ वह्नि मे हवन करके वह्निगो के लिये अर्थात् अग्नि में जो गमन करके सस्थित हैं उनके लिये

जो विश्वादि हैं उनके लिये पवित्रक का अर्चन करके फिर मूल मन्त्र से प्रायश्चित्त के लिये अर्थात् विहित दोषों की शुद्धि के लिये पूर्णाहुति देनी चाहिए। अथवा अष्टोत्तरशत (एक सौ आठ) पाँच उपनिषदों से मणि-विद्रुमों की मालाओं से तथा मन्दार के कुसुम आदि से करे फिर देव के समक्ष में स्थित होकर प्रार्थना करें—हे गरुड़ ध्वज देव ! यह सवत्सर में होने वाली आपकी अर्चना होवे। हे देव ! आपके हृदय पर जिस प्रकार सदा वनमाला विराजमान रहा करती है और निरन्तर आपके वक्ष स्थल पर कौस्तुभ मणि शोभित रहती है उसी भाँति पवित्रा के तन्तुओं को तथा मेरी की हुई पूजा को आप अपने हृदय में वहन कीजिये। कामना से अर्थात् इच्छा से जानबूझ कर अथवा अकामना से अर्थात् बिना जानकारी के अनिच्छा से मैंने आपके नियमार्चन में जो भी कुछ किया है अर्थात् जैसा भी कुछ मुझ से बन पड़ा है और विघ्नों के लोप की विधि में किया है वह सब मेरा परिपूर्ण हो जावे—ऐसी रीति से देव की प्रार्थना करके क्षमापन करावे नमस्कार करे फिर पवित्रक को मस्तक में समर्पित करना चाहिए ॥१६॥

दत्वा बलिं दक्षिणाभिर्वैष्णव तोषयेद्गुरुम् ।
विप्रान्भोजनवस्त्राद्यैर्दिवस पक्षमेव वा ॥१७
पवित्रं स्नानकाले या अवतार्य समर्चयेत् ।
अनिवारितमन्नाद्य दद्यादभुक्तेऽथ च स्वयम् ॥१८
विसर्जनेऽन्हि सपूज्य पवित्राणि विसर्जयेत् ।
सावत्सरीमिमा पूजा सपाद्य विधिवन्मम ॥१९
व्रज पवित्रकेदानीं विष्णुलोकं विसर्जित ।
मध्ये सोमेशयो प्राच्य विष्वक्सेन हि तस्य च ॥२०
पवित्राणि समभ्यर्च्य ब्राह्मणाय समर्पयेत् ।
यावन्तस्तन्तवस्तस्मिन्पवित्रे परिकल्पिता ॥२१
तावद्युगसहस्राणि विष्णुलोके महीयते ।
कुलाना शतमुद्धृत्य दश पूर्वान्दशापरान् ॥२२
विष्णुलोके तु सस्थाप्य स्वयं मुक्तिमवाप्नुयात् ॥२३

फिर बलि देकर दक्षिणाओं से वैष्णव गुरु को तोषण करे तथा विप्रगणों को सुरुचिकर भोजन, वस्त्रादि के द्वारा सन्तुष्ट करना चाहिए। एक दिन अथवा एक पक्ष तक ऐसा करे। स्नान करने के समय पर पवित्रा को उतार कर समर्चना करनी चाहिए। अनिवारित अन्न आदि को प्रभुक्त की दशा में देवे इसके अनन्तर स्वयं भोजन करे ॥१८॥ जो विसर्जन करने का दिन हो उस दिन में भली-भाँति पूजन करने के पश्चात् ही पवित्रामों का विसर्जन करना चाहिए। जब इनका विसर्जन करे उस अवसर पर प्रार्थना निम्न रीति से करे— हे पवित्रक! विधि विधान के सहित मेरी इस सांवत्सरी पूजा का सम्पादन करके अब आपका मैं विष्णुलोक जाने के लिये विसर्जन करता हूँ सो आप विष्णु लोक को गमन करें। मध्य में सोम (चन्द्र) और ईश की तथा विष्वक्सेन की और उसकी समर्चना करके एवं पवित्रामों का पूजन करके ब्राह्मण के लिये समर्पित कर देवे। इस पवित्रको के पूजन तथा आरोपण की विधि करने का यह फल होता है कि उस पवित्रा में जितने भी तन्तु होते हैं जिनके द्वारा उनकी रचना की गई है उतने ही युगों के सहस्र वर्षों तक वह विष्णुलोक में प्राप्त होकर प्रतिष्ठा की प्राप्ति किया करता है। दश पहिले दश आगे होने वाले कुलों के तारक का उद्धार कर अर्थात् सबको सद्गति दिलाकर उनको विष्णुलोक में सम्थापित करके स्वयं भी मुक्ति करने का लाभ प्राप्त किया करता है। तात्पर्य यह है कि स्वयं सर्वदा के लिये संसार में पुन पुन आवागमन रूपी जन्म-मरण के बन्धन से छुटकारा पा जाया करता है ॥२३॥

१४४—अथ संक्षेपतः सर्वदेवसाधारणः पवित्रारोपणविधिः

सक्षेपात्सर्वदेवाना पवित्रारोहण शृणु।
पवित्र पूर्वलक्ष्म स्यात्स्वरसानलग त्वपि ॥१
जगद्योने समागच्छ परिवारगणैः सह।
निमन्त्रयाम्यहं प्रातर्दद्या तुभ्य पवित्रकम् ॥२
जगत्सृजे नमस्तुभ्य गृहीत्वेद पवित्रकम्।
पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ॥३

शिव देव नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ।
मणिविद्रुममालाभिर्मन्दारकुसुमादिभि ॥४
इय साम्वत्सरी पूजा तवास्तु वेदवित्पते ।
सावत्सरीमिमा पूजा सपाद्य विधिवन्मम ॥५
व्रज पवित्रकेदानी स्वर्गलोक विसर्जित ।
सूर्यादेव नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ॥६
पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ।
शिव देव नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ॥७

इस अध्याय मे सक्षेप से समस्त देवगण की सर्वसाधारण पवित्राओं के आरोपण करने की विधि का वर्णन किया जाता है। श्री अग्नि देव ने कहा—अब अत्यन्त सक्षेप से सब देवताओं के लिये पवित्रको के आरोपण कराने की विधि के विधान का आप ल ग सब मुझसे श्रवण करें। यह पवित्रक पूर्व लक्ष्म अर्थात् पहिला लक्षण है और स्वर सानलग भी है ॥१॥ हे इस सम्पूर्ण जगत् के समुत्पन्न करने के कारण स्वरूप देव! अर्थात् इस जगत् की आप ही योनि हैं आपसे ही यह समस्त जगत् निकला है। आप अपने सम्पूर्ण परिवार के समुदायो के सहित यहाँ पधारिये मैं आपको निमन्त्रण देता हूँ। अब जब यहाँ पधार आवेंगे तो मैं प्रात काल में प्रविक्षा समर्पित करूँगा ॥२॥ आप इस सम्पूर्ण विश्व जगत् के सृजन करने वाले देव हैं। आपके चरणों मे मेरा सादर नमस्कार है। अब आप इस पवित्रक को ग्रहण कीजियेगा। हे वेदज्ञान के विज्ञाता पुरुषो के स्वामिन्! यह सारत्सरी अर्थात् वष में होने वाली पूजा के फल को प्रदान करे जिससे पवित्रीकरण की निष्पत्ति हो जावे ॥३॥ हे शिव देव! आपके लिये मेरा नमस्कार है। आप अब इस पवित्रक का ग्रहण करिये जो कि मणि (रत्न) विद्रुमों की मालाओं से तथा मन्दार देवदारु आदि से समन्वित एव सुनिर्मित किया गया है ॥४॥ यह साम्वत्सरी पूजा हे वेद वित्पते! आपकी है। अब इस साम्वत्सरी अर्चना को जिसे कि मैं इस समय कर रहा हूँ आप विधि-विधान पूर्वक सम्पादित करा देने की कृपा करें। जब यह सम्पन्न

हो जावे तब हे पवित्रक ! उस समय आप विसर्जित हुए होकर स्वर्ग लोक को गमन करें । इसी भाँति से सूर्यदेव से प्रार्थना करे—हे सूर्यदेव ! आपके लिये मेरा नमस्कार समर्पित है । आप इस मेरे द्वारा सुसमर्पित पवित्रक को स्वीकार करें ॥६॥ यह पवित्रक मेरे पवित्रीकरण के करने के लिये है और वर्ष भर की पूजा के सम्पूर्ण फल को प्रदान कराने वाला है । हे शिव देव ! आपके लिये मेरा नमस्कार है । आप इस अर्पित पवित्रक को ग्रहण करें ॥७॥

पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ।
गणेश्वर नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ॥८
पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ।
शक्तिदेवि नमस्तुभ्य गृह्णीष्वेद पवित्रकम् ॥९
पवित्रीकरणार्थाय वर्षपूजाफलप्रदम् ।
नारायणमय सूत्रमनिरुद्धमय परम् ॥१०
धनधान्यायुरारोग्यप्रद सप्रददामि ते ।
कामदेवमय सूत्र सकर्षणमय वरम् ॥११
विद्यासततिसौभाग्यप्रद सप्रददामि ते ।
वासुदेवमय सूत्र धर्मकामार्थमोक्षदम् ॥१२
ससारसागरोत्तारकारण प्रददामि ते ।
विश्वरूपमय सूत्र सर्वद पापनाशनम् ॥१३
अतीतानागतकुलसमुद्धार ददामि ते ।
कनिष्ठादीनि चत्वारि मनुभिस्तु क्रमाद्ददे ॥१४

विघ्न विघातक श्रीगणपति को जब पवित्रा का समर्पण करना हो तो उनका नाम लेकर इसी भाँति पवित्रारोपण करे । यथा—हे गणेश्वर ! मेरा आपके चरणों में सादर पूर्वक नमस्कार है । आप मेरे द्वारा सुसमर्पित एवं समारोपित पवित्रक को ग्रहण कीजिये । यह पवित्रारोपण कर्म अपने आपका पवित्रीकरण करने के लिये ही होता है । यह वर्ष भर में की हुई पूजा के फल को प्रदान करने वाला है । जब जगदम्बा भगवती के लिये पवित्रकों का समर्पण करना अभीष्ट हो तो उस समय में देवी से भी यह आरम्भ में प्रार्थना करे— हे

शक्ति देवी ! आपके पवित्र चरणकमल में मेरा प्रणाम निवेदित है। मा जगदम्बे ! आप इस पवित्रक को अङ्गीकार करें। यह पवित्रक का समर्पण मेरे पवित्रीकरण के लिये ही किया जाता है। इसके करने से पूरे वर्ष में की हुई मेरी पूजा का फल मुझे प्राप्त होता है। यह सूत्र नारायणमय अर्थात् नारायण के स्वरूप वाला है। यह पवित्रक सङ्कर्षणमय है और परम श्रेष्ठ है। यह पवित्रक धन, धान्य, आयु और आरोग्य अर्थात् स्वस्थता को प्रदान करने वाला है। मैं इसे आपकी सेवा में सम्प्रदत्त करता हूँ अर्थात् आपको समर्पित कर रहा हूँ। यह पवित्रक का सूत्र भगवान् वासुदेव के स्वरूप से परिपूर्ण है जो धर्म,अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों परम पुरुषार्थों के प्रदान करने वाला है। यह इस संसार रूपी सागर से पार करने के कर्म में कारण होता है अर्थात् इसके देव-समर्पण से सांसारिक समस्त बाधाओं से मानव छुटकारा पा जाता है। इस ऐसे पवित्रक को मैं आपको समर्पित करता हूँ। यह साधारण सूत्र नहीं है प्रत्युत यह विश्व के स्वरूप से परिपूर्ण है। यह सभी कुछ प्रदान करने वाला है। इससे सभी तरह के किये हुए पापों का नाश हो जाता है। यह पवित्रक पहिले हो जाने वाले और आगे भविष्य में होने वाले कुलों का भलीभाँति उद्धार करने वाला है। तात्पर्य यह है कि समर्पण कर्ता के उद्धार के अतिरिक्त उसके भूत-भविष्य के कुलों का भी इससे उद्धार हो जाता है। मैं ऐसे इस पवित्रक को आपकी सेवा में अर्पित करता हूँ। कनिष्ठ आदि चारों को क्रम से मन्त्रों के द्वारा देता हूँ ॥१४॥

१९५—शिवप्रतिष्ठाविधिः

प्रातर्नित्यविधिं कृत्वा द्वारपालप्रपूजनम् ।
प्रविश्य प्राग्विधानेन देहशुद्ध्यादिमाचरेत् ॥१
दिक्पतींश्च समभ्यर्च्य शिवकुम्भं च वर्धनीम् ।
अष्टमुष्टिकया लिङ्गं वह्निं सतर्प्य च क्रमात् ॥२
शिवाज्ञातस्ततो गच्छेत्प्रासादं शस्त्रमुच्चरन् ।
तद्गतान्प्रक्षिपेद्विघ्नान्हुंफडन्तशराणुना ॥३

तन्मध्ये स्थापयेल्लिङ्गं वेधदोषविशङ्कया ।
तस्मान्मध्यं परित्यज्य यवार्धेन यवेन वा ॥४
किञ्चिदीशानमाश्रित्य शिलामध्ये निवेशयेत् ।
मूलेन तामनन्ताख्यां सर्वाधारस्वरूपिणीम् ॥५
सर्वगां सृष्टियोगेन विन्यसेदचलां शिलाम् ।
अथ वाऽनेन मन्त्रेण शिवस्याऽऽसनरूपिणीम् ॥६
ॐ नमो व्यापिनि भगवति स्थिरेऽचले ध्रुवे ।
ह्रीं ल ह्रीं स्वाहा ॥७
त्वया शिवाज्ञया शक्ते स्थातव्यमिह सततम् ।
इत्युक्त्वा च समभ्यर्च्य निरुध्याद्रोधमुद्रया ॥८

अब इस अध्याय में भगवान् शङ्कर की प्रतिष्ठा का विधि-विधान वर्णित किया जाता है। प्रातःकाल के समय में नित्य किये जाने वाला आह्निक समाप्त करके सर्व प्रथम द्वारपालों का प्रपूजन करे और फिर प्रागुक्त विधान से मण्डल में प्रवेश करके अपने देह की शुद्धि आदि कृत्य को सविधि करना चाहिए ॥१॥ इसके अनन्तर देश दिक्पालों का अर्चन करे तथा शिव कुम्भ और वर्धनी का पूजन करे। क्रम से अष्टपुष्पिका से लिङ्ग और वह्नि का भली-भाँति तर्पण करे। ॥२॥ फिर शिव की आज्ञा प्राप्त कर शस्त्र का उच्चारण करता हुआ शश्वद में गमन करना चाहिए। 'हुंफट्'-यह अन्त में लगाकर शर मन्त्र के द्वारा उसमें रहने वाले विघ्नों को प्रक्षिप्त करे ॥३॥ उसके मध्य में लिङ्ग की स्थापना करनी चाहिए। वेधदोष की विशङ्का से उसके मध्य को यव अथवा यव का आधा भाग परित्याग कर देना चाहिए ॥४॥ कुछ ईशान दिशा का आश्रय ग्रहण करके शिला के मध्य में निवेशित करे। मूल के द्वारा समस्त आधारों के स्वरूप वाली उस अनन्त नाम वाली को सृष्टि के योग से सर्वत्र गमन करने वाली अचल शिला को विन्यस्त करना चाहिए। अथवा भगवान् शिव के आसन के स्वरूप धारण करने वाली उस शिला को निम्नाङ्कित मन्त्र के द्वारा विन्यस्त करना चाहिए। मन्त्र यह है—"ॐ नमो व्यापिनि भगवति स्थिरेऽचले ध्रुवे। ह्रीं ल ह्रीं स्वाहा"। इससे शिला प्रार्थना करे—हे शक्ते! आपको

भगवान् शिव की आज्ञा को मानकर यहाँ पर निरन्तर स्थित रहना चाहिए। इतना कहकर अर्थात् इस प्रकार से उस शिला से प्रार्थना करके भली-भाँति उसका अर्चन करे और रोध मुद्रा के द्वारा निरोध करे ॥८॥

वज्रादीनि च रत्नानि तथोशीरादिकौषधीः ।
लोहान्हेमादिकास्यान्तान्हरितालादिकास्तथा ॥६
धान्यप्रभृतिसस्यांश्च पूर्वमुक्तानानुक्रमात् ।
प्रभारागत्वदेहत्ववीर्यशक्तिमयानिमान् ॥१०
भावयन्नेकचित्तस्तु लोकपालेशसंवरे ।
पूर्वादिषु च गर्तेषु न्यसेदेकैकशः क्रमात् ॥११
हैमजं तारजं कूर्मं वृषं वा द्वारसंमुखम् ।
सरित्तटमृदा युक्तं पर्वताग्रमृदाऽथ वा ॥१२
प्रक्षिपेन्मध्यगर्तादौ यदा मेरुं सुवर्णजम् ।
मधूकाक्षतसंयुक्तमञ्जनेन समन्वितम् । १३
पृथिवीं राजतीं यद्वा यद्वा हेमसमुद्भवाम् ।
सर्वबीजसुवर्णाभ्यां समायुक्तां विनिक्षिपेत् ॥१४
स्वर्णजं राजतं वाऽपि सर्वलोहसमुद्भवम् ।
सुवर्णं कृशरायुक्तं पद्मनालं ततो न्यसेत् ॥१५
देवदेवस्य शक्त्यादिमूर्तिपर्यन्तमासनम् ।
प्रकल्प्य पायसेनाथ लिप्त्वा गुग्गुलुनाऽथ वा ॥१६
आच्छाद्य वस्त्रेण तनुत्रेणास्त्ररक्षितम् ।
दिक्पतिभ्यो बलिं दत्त्वा समाचान्तोऽथ देशिकः ॥१७

इस कृत्य को सम्पन्न करने के अनन्तर वज्र (हीरा) आदि माणिक्य नीलम, पन्ना प्रभृति समस्त रत्न, उशीर (खस) आदि सम्पूर्ण औषधियाँ लौह, सुवर्ण, कांस्य (काँसा) आदि धातुएं हरताल आदि तथा धान्य प्रभृति सब शस्यों को जो कि पहिले सभी बताये जा चुके हैं और प्रभा, राग, त्वक् देह, वीर्य एवं शक्ति से परिपूर्ण हैं इन सब को क्रमानुसार एकत्रित होने

हुए भावना करे और लोक पालेशों के सहित पूर्व आदि दिशाओं में गर्त हैं उनमे क्रम से एक एक का न्यास करना चाहिए ॥६॥१०॥११॥ सुवर्ण के द्वारा निर्मित कराया हुआ अथवा चाँदी से बनवाया हुआ कूर्म या वृष द्वार के समुख किसी नदी के तट पर स्थित मिट्टी से या किसी पर्वत की चोटी पर स्थित मिट्टी के साथ मध्य गर्तादि में प्रक्षिप्त करे। अथवा सुवर्ण रचित मए जो मधुक, प्रक्षनों से संयुक्त हो और प्रञ्जन से भी समन्वित हो किम्वा पृथिवी को जो रजत (चाँदी) के द्वारा निर्मित कराई गई हो या सुवर्ण से बनवाई गई हो, सब बीजों और सुवर्ण से युक्त करके वहाँ उसका विनिक्षेप करे। १२। ॥१३॥१४॥ इसके उपरान्त सुवर्ण रचित अथवा चाँदी से निर्मित या सम्पूर्ण धातुओं के द्वारा विरचित कुशारा से युक्त सुवर्ण और पद्म नाल का न्यास करना चाहिए ॥१५॥ फिर देव देवत्य शक्ति आदि के मूर्त्ति पर्यन्त आसन की कल्पना करके पायस से लेपन करे अथवा गुग्गलु से लेपन करे। फिर शुभ्र वस्त्र से समाच्छादित करके तनुत्रास्त्र से उसे सुरक्षित करना चाहिए। इस के अनन्तर आचार्य वर को दिक्पालों के लिये बलि देनी चाहिए और आचान्त होकर अर्थात् आचमन करके वहाँ समास्थित रहना चाहिए ॥१६॥१७॥

शिवेन वा शिलाश्वभ्रसङ्गदोषनिवृत्तये ।
शस्त्रेण या शत सम्यग्जुहुयात्पूर्णया सह ॥१८
एककाहुतिदानेन सतर्प्य वास्तुदेवता ।
समुत्थाप्य हृदा देवमासन मङ्गलादिभि ॥१६
गुरुर्देवाग्रतो गच्छे मूर्तिपैश्च दिशि स्थितैः ।
चतुर्भि सह वर्ता च देवयानस्य पृष्ठत ॥२०
प्रासादादि परिभ्रम्य भद्राख्यद्वारसमुखम् ।
लिङ्ग सस्थाप्य दत्त्वाऽर्घ्यं प्रासाद सनिवेशयेत् ॥२१
द्वारेण द्वारबन्धेन द्वारदेशेन तद्विच्छिला ।
द्वारबन्धे शिखाशून्ये तदर्धनाथ तद्दते । २२
वर्णयन्द्वारसस्पर्शो द्वारेणैव महेश्वरम् ।
देवगृहसमारम्भे कोणेनापि प्रवेशयेत् ॥२३

अथमेव विधिर्ज्ञेयोऽव्यक्तलिंगेऽपि सर्वतः ।
गृहे प्रवेशन द्वारे लोकैरपि समीरितम् ॥२४

फिर शिला के भग्न भङ्ग दोषों की निवृत्ति के लिये शिव मन्त्र के द्वारा या अस्त्र मन्त्र के द्वारा भली-भाँति सौ आहूतियाँ देनी चाहिए और साथ ही पूर्णाहुति भी देवे ॥१८॥ एक-एक आहूति देकर उसके द्वारा वास्तु देवताओं का अच्छी तरह से तर्पण करना चाहिए। हृत् से मङ्गलादि के द्वारा देवासन का समुत्पादन करे फिर गुरु को देवता के आगे हो जाना चाहिए। मन्त्र जो मूर्ति-पूजक हों वे चारों दिशाओं में स्थित रहें। जो कर्त्ता हो उसे देवता के धाम के पृष्ठ भाग में रहना चाहिए ॥१९॥२०॥ प्रासाद आदि स्थानों का परिभ्रमण करके भद्राश्रय अर्थात् 'भद्र'—इस नाम वाला जो द्वार है उसके सम्मुख में लिंग की स्थापना करे और अर्घ्य दान करके फिर प्रासाद में सन्निवेशित कराना चाहिए ॥२१॥ द्वार द्वारबन्ध और द्वार देश से उस शिला को शिला से शून्य द्वारबन्ध में उसके अर्धभाग से अथवा उसके बिना द्वार—स्पर्श का वर्णन करते हुए द्वार के द्वारा ही भगवान् महेश्वर का देवगृह के समारम्भ में कोण के द्वारा भी प्रवेश करावे ॥२३॥ अव्यक्त लिंग में भी सभी प्रकार से यह ही विधि विधान जान लेना चाहिए। लोकों के द्वारा भी गृह में प्रथम द्वार में ही बताया गया है ॥२४॥

अपद्वारप्रवेशेन विद्धुर्गोत्क्षय गृहम् ।
अथ पीठे च सस्थाप्य लिंग द्वारस्य सम्मुखम् ॥२५
तूर्यमङ्गलनिर्घोषैर्द्विक्षितसमन्वितम् ।
समुत्तिष्ठ हृदेत्युक्त्वा महापाशुपत पठेत् ॥२६
अपनीय घट श्वभ्राद् शिको मूर्तिपै सह ।
मन्त्र स धारयित्वा तु विलिप्त कुंकुमादिभि ॥२७
शक्तिशक्तिमतोरैक्य ध्यात्वा चैव तु रक्षितम् ।
तयान्त मूलमुच्चार्य स्पृष्ट्वा श्वभ्रं निवेशयेत् ॥२८
अशेन ब्रह्मभागस्य यद्वा अशद्वयेन च ।
अर्धेन वाऽष्टमांशेन सवस्याथ प्रवेशनम् ॥२९

पिवाय सीसक नाभिदीर्घाभिः सुसमाहित ।
श्वभ्र वालुकयाऽऽपूर्य ब्रूयात्स्थिरो भवेत् च ॥३०
ततो लिङ्गे स्थिरीभूते ध्यात्वा सकलरूपिणम् ।
मूलमुच्चार्य शवत्यन्त स्पृष्टवा च निष्कलं न्यसेत् ॥३१
स्थाप्यमानं यदा लिङ्गं याम्यां दिशमथाऽऽश्रयेत् ।
तत्तद्दिगीशमन्त्रेण पूर्णान्ति दक्षिणान्वितम् ॥३२
सव्यस्थाने च वक्रे च चलिते स्फुटितेऽथ वा ।
जुहुयान्मूलमन्त्रेण बहुरूपेण वा शतम् ॥३३
किं चान्येष्वपि दोषेषु शिवशान्ति समाश्रयेत् ।
उक्तन्यासविधि लिंगे कुर्यादेव न दोषभाक् ॥३४
पीठबन्धमत कृत्वा लक्षणस्याशलक्षणम् ।
गौरीमन्त्र लय नीत्वा सृष्टया पिण्डी च विन्यसेत् ॥३५

अपद्वार के द्वारा प्रवेशन कराने से यह गृह गोत्र के क्षय करने वाला होता है—ऐसा कहा गया है। इसके अनन्तर अर्घा प्रवेशन कृत्य कराने के पश्चात् द्वार के सामने जो पीठ है उस पर लिंग को सस्थापित करे ॥२५॥ फिर तूर्य वाद्य की ध्वनियों के साथ दूर्वा (दूभ) और अक्षतों से समन्वित करे। हृद् मन्त्र के द्वारा 'कमुत्तिष्ठ'—अर्थात् आप उठिए—यह कर फिर महा पाशुपत का पाठ करना चाहिए ॥२७॥ देशिक (आचार्य) को मूर्तियों के साथ श्वभ्र से घट को हटा कर मन्त्र का मधारण करना चाहिए और कुंकुम आदि से विलेपन करे ॥२७॥ फिर शक्ति और शक्तिमान् की एकता का ध्यान कर रक्षित करे और लयपर्यन्त मूल का उच्चारण कर स्पर्श करे तथा श्वभ्र में निवेशित कर देना चाहिए ॥२८॥ ब्रह्म भाग का एक मंश, दो अंश, अर्धांश अथवा अष्टमांश से सबका प्रवेशन करे ॥२६॥ फिर भली-भाँति समाहित होकर दीर्घ नाभि को सीसे से ढककर श्वभ्र को वालुका से आपूरित कर "स्थिरो भव"—अर्थात् आप यहाँ सुस्थिर होकर विराजमान होवें—ऐसा मुख से बोलना चाहिए ॥३०॥ इसके उपरान्त लिंग के स्थिरीभूत हो जाने पर सकल रूप वाले

को ध्यान करे और मूल मन्त्र का उच्चारण करके शान्ति के अन्त तक सृष्टि से विग्रल का न्यास करना चाहिए ।।२१।। जब स्थाप्यमान लिंग यामी दिशा का आश्रय लेवे तब उस उस दिशा के स्वामी के मन्त्र से दक्षिणा से युक्त पूर्णाग्नि सव्य स्थान में, वक्र में, चलित में अथवा स्फुटित में मूल मन्त्र से त्रिम्बा बहुरूप से सौ आहुतियाँ देवे । और अन्य दोषों में भी शिव शान्ति का समाश्रय लेवे । लिङ्ग में कथित न्यास के विधान को करे। इस प्रकार से करने पर मनुष्य दोषी नहीं होता है ।। २२ ।। २३ ।। २४ ।। अतएव परिवन्धन करके जो कि लक्षण का प्रद लक्षण होता है फिर गौरी के मन्त्र को लय प्राप्त करा कर सृष्टि से पिण्डी को विन्यस्त करे ।। २५ ।।

सपूर्य पार्श्वसंधि च बालुकावज्रलेपत ।
ततो मूर्तिधरैः सार्धं गुरु. शान्तिपटोऽवत ।।२६
सस्नाप्य कलशैरन्यस्तद्वत्पञ्चामृतादिभि ।
विलिप्य चन्दनाद्यैश्च सम्पूज्य जगदीश्वरम् ।।२७
उमामहेशमन्त्राभ्यां तौ स्पृशेल्लिङ्गमुद्रया ।
ततस्त्रितत्त्वविन्यास पडध्वादिपुर सरम् ।।२८
कृत्वा मूर्ति मदीशानामङ्गानां ब्रह्मणामथ ।
ज्ञानलिंगे क्रियापीठे विन्यस्य स्नापयेत्तत ।।२९
गन्धैर्विलिप्य सम्पूज्य व्यापित्वेन शिवे न्यसेत् ।
स्रग्धूपदीपनैवेद्यैर्हृदयेन फलानि च ।।४०
विनिवेद्य यथाशक्ति समाचम्य महेश्वरम् ।
दत्वार्घ्यं च जपं कृत्वा निवेद्य वरदे करे ।।४१
चन्द्रार्कतारकं यावन्मन्त्रेण शैवमूर्तिपे ।
स्वेच्छयैव त्वया नाथ स्यातव्यमिह मन्दिरे ।।४२
प्रणम्यैव बहिर्गत्वा हृदा वा प्रणवेन वा ।
सस्थाप्य वृषभं पश्चात्पूर्ववद्बलिमाचरेत् ।।४३

इसके अनन्तर बालु का और वज्रलेप से पार्श्व संधि को सम्पूरित करे और इसके पश्चात् गुरु को चाहिए कि मूर्तिधरों के साथ शान्ति पट में ऊपर

अन्य कलशों से संस्नपन करावे तथा पञ्च मृत आदि से स्नान कराना चाहिए। स्नानोत्तर चन्दन आदि सुगन्धित पदार्थों से देव-विग्रह का विलेपन करे और जगदीश्वर प्रभु का भली-भाँति अर्चन करे ॥ ३७ ॥ उमा और महेश के मन्त्रों का उच्चारण करते हुए उन दोनों का लिङ्ग मुद्रा से स्पर्श करना चाहिए। इसके उपरान्त षडर्घादि पूर्वक मन्त्रों का विन्यास करे ॥ ३८ ॥ फिर उनके ईशों की मूर्ति बनवाकर तथा उनके अङ्गों और ब्रह्मों की मूर्ति विनिर्मित करा कर ज्ञान लिंग में, क्रिया पीठ में उनका विन्यास करे और फिर स्थापन क्रिया सम्पन्न करनी चाहिए। गन्धादि से विलेपन करके अच्छी तरह अर्चन करे और व्यापित्व रूप में शिव में न्यास करे। हृदय मन्त्र के द्वारा सुगन्धित माला, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और ऋतुफल इन सम्पूर्ण पूजन के अत्यावश्यक उपचारों को यथाशक्ति विनिवेदित करना चाहिए। आचमन करके भगवान् महेश्वर को सेवा में अर्घ्य को समर्पित करे। इसके उपरान्त मन्त्र का जाप करके उनके वरदान प्रदान करने वाले करकमलों में उसको अर्पित कर देना चाहिए। जब तक संसार में चन्द्र सूर्य और नागों की स्थिति रहे मन्त्र के द्वारा सब मूर्तियों के सहित आप हे नाथ! इस मन्दिर में स्वेच्छा से समवस्थित रहें ऐसी प्रार्थना करे ॥ ४३ ॥

न्यूनादिदोषमोक्षाय ततो मृत्युजिता दशम् ।
शिवेन सशिवो हुत्वा शान्त्यर्थं पायसेन च ॥४४
ज्ञानाज्ञानकृतं यच्च तत्पूरय महाविभो ।
हिरण्यपशुभूम्यादिगीतवाद्यादिहेतवे ॥४५
अम्बिकेशाय तद्भक्त्या शक्त्या सर्वं निवेदयेत् ।
दानं महोत्सवं पश्चात्कुर्याद्दिनचतुष्टयम् ॥४६
त्रिसन्ध्यं त्रिदिनं मन्त्री होमयेन्मूर्तिपैः सह ।
चतुर्थेऽह्नि पूर्णां च चरुकं बहुरूपिणा ॥४७
निवेद्य सर्वकुण्डेषु स पाताहुतिशोधितम् ।
दिनचतुष्टयं यावन्न निर्माल्यं तदूर्ध्वतः ॥४८

निर्माल्यापनयं कृत्वा स्नापयित्वा तु पूजयेत् ।
... ... ॥४६

असाधारणलिंगेषु क्षमस्वेति विसर्जनम् ॥५०

इस प्रकार से प्रणाम करके फिर बाहिर गमन करे और प्रणव तथा हृद् मन्त्र से वृषभ को सम्थापित कर पीछे पूर्व की भाँति बलि देनी चाहिए। इस प्रतिष्ठा विधि में जो भी कुछ न्यूनता आदि के दोष हो गये हो उन दोषो से छुटकारा पाने के लिये मृत्युंजित् मन्त्र के द्वारा एक सौ आठ आहुतियाँ देवे तथा शान्ति के लिये शिव मन्त्र से पायस के द्वारा सशिव आहुतियाँ देवे और प्रार्थना करे—हे महाविभो! हिरण्य, पशु भूमि आदि गीत, वाद्य प्रभृति हेतु के लिये ज्ञानपूर्वक तथा अज्ञान पुरस्सर जो कुछ भी मैंने किया है उसकी आप पृथक् पूर्ति कर देवें ॥ ४५ ॥ उन सबको भक्ति और शक्ति से भगवान् अभिषेक के लिये विनिवेदित कर देवे। इसके उपरान्त फिर चार दिन पर्यन्त दान एवं महोत्सव करता रहे ॥ ४६ ॥ तीनों सन्ध्याओं में तीन दिन तक मन्त्रधारी साधनोपासक को मूर्त्तियों के साथ होम करना चाहिए। जब तीन दिन समाप्त हो जावें तो चौथे दिन में बहुरूपी के द्वारा पूर्णाहुति और चरुक का निवेदन करे और यह सम्पाताहुति यथोचित समस्त कुण्डों में करना चाहिए। चार दिन तक उनके ऊपर जो भी निर्माल्य आदि हो उन सम्पूर्ण निर्माल्य को चौथे दिन में अपनयन करे अर्थात् देव विग्रह से अलग हटा लेवे, फिर स्नान करावे और पूजन करना चाहिए। यह पूजा साधारण मन्त्रों के द्वारा सामान्य लिंगों में करनी चाहिए ॥ ४६ ॥ निर्माल्य का त्याग करके स्थाणु का विसर्जन कर देवे। जो असाधारण लिंग हैं उनका 'क्षमस्व' अर्थात् क्षमा करिये—इससे विसर्जन करना चाहिए ॥ ५० ॥

आवाहनमभिव्यक्तिर्विसर्गः शक्तिरूपता ।
प्रतिष्ठान्ते क्वचित्प्रोक्तं स्थिराद्याहुतिसप्तकम् ॥५१
स्थिरस्तथाऽप्रमेयश्चानादिबोधस्तथैव च ।
नित्योऽथ सर्वगश्चैवाविनाशी दृप्त एव च ॥५२

एते गुणा महेशस्य सन्निधानाय कीर्तिता ।
ॐ नमः शिवाय स्थिरो भवेत्याहुतीना क्रम ॥५३
एवमेतत्त्व सपाद्य विधाय शिवकुम्भवत् ।
कुम्भद्वय च तन्मध्यादेकंकुम्भाम्भसा भवम् ॥५४
सस्नाप्य तद्द्वितीय च कर्तुं स्नानाय धारयेत् ।
दत्त्वा बलि समाचम्य बहिर्गच्छेच्छिवाज्ञया ॥५५
जगतीवाह्यतश्चण्डमैशान्या दिशि मन्दिरे ।
धामगर्भप्रमाणे च सुपीठे कल्पितासने ॥५६
पूर्ववन्न्यासहोमादि विधाय ध्यानपूर्वकम् ।
सस्थाप्य विधिवत्तत्र ब्रह्माङ्गं पूजयेत्तत ॥५७
अङ्गानि पूर्वमुक्तानि ब्रह्माणि त्वगुना यथा ॥५८

यहाँ पर प्रतिष्ठा के मन्त्र में महेश्वर के सन्निधान के लिए गुणों का कीर्तन किया गया है तथा स्थिर होने के लिए आहुतियाँ कही गई है ॥५१॥ स्थिर, अप्रमेय अर्थात् वह जो मानव की प्रमा का विषय न हो, अनादि अर्थात् वह जिसका कोई आदि काल होने वाला, नित्य, सर्वग अर्थात् सभी जगह पर गमन करने वाला, अविनाशी अर्थात् विनाश से रहित (ऐसा जिसका कभी भी विनाश ही नहीं होता है) और इस प्रकार भगवान् महेश के गुण सन्निधान के लिए बताए गये हैं । आहुतियों के मन्त्र के क्रम इस भाँति है— ॐ नमः शिवाय स्थिरो भव' अर्थात् भगवान् शिव के लिए नमस्कार है । आप स्थिर होइए ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ इस प्रकार से सम्पादन करके शिव कुम्भवत् विधान को और उन दो कुम्भों में से एक कलश के जल से भगवान् भव (शिव) का स्नपन कराये तथा दूसरे कुम्भ को कर्ता के स्नान के लिए धारण करना चाहिए । बलि देकर आचमन करके भगवान् शिव की आज्ञा से बाहिर गमन करना चाहिए ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ जगत् से बाहिर ईशानी दिशा के मन्दिर में चण्ड का धाम गर्भ प्रमाण में सुन्दर रीति से कल्पना किये हुए पीठ पर पूर्व की भाँति न्यास एवं होम आदि करके ध्यान पूर्वक विधि के सहित वहाँ पर सस्थापन करके

फिर ब्राह्मणों से पूजन करना चाहिए ।। ५७ ।। अग पहिले ही बनाये जा चुके हैं। बाह्य जो हैं उनके मन्त्र इस भांति हैं ।। ५८ ।।

ए वं सद्योजाताय हूं फट्, नम. ।
ॐ वि वामदेवाय हूं फट्, नम. ।
ॐ वुम्, अघोराय हूं फट्, नम. ।
ओम्, एव चे तत्पुरुषाय, वोमीशानाय च हूं फट्, नम ।५९
जप निवेद्य संतर्प्य विज्ञाप्य नतिपूर्वकम् ।
देव: सन्निहितो यावत्तावत्त्व सन्निधो भव ।।६०
न्यूनाधिकं च यत्किंचित्कृतमज्ञानतो मया ।
त्वत्प्रसादेन चण्डेश तत्सर्वं परिपूरय ।।६१
बाणलिंगे वाणरोहे सिद्धलिंगे स्वयंभुवि ।
प्रतिमासु च सर्वासु न चण्डोऽधिकृतो भवेत् ।।६२
अद्वैतभावनायुक्ते स्थण्डिलेशाविधावपि ।
अभ्यर्च्य चण्ड समुत यजमान हि भार्यया । ६३
पूर्वस्थापितकुम्भेन स्नापयेत्स्नापक स्वयम् ।
स्थापक यजमानोऽपि सपूज्य च महेशवत् ।।६४
वित्तशाठ्य विना दद्याद्भूहिरण्यादिदक्षिणाम् ।
मूर्तिपान्निधिवत्पश्चाज्जापकान्ब्राह्मणास्तथा ।।६५
दैवज्ञ शिल्पिन प्राच्यं दीनानाथादि भोजयेत् ।
यदत्र समुखीभावे खेदितो भगवन्मया ।।६६
क्षमस्व नाथ तत्सर्वं कारुण्याम्बुनिधे मम ।
इति विज्ञप्तियुक्ताय यजमानाय सद्गुरु ।।६७
प्रतिष्ठापुण्यसद्भाव स्फुरत्तारकसप्रभम् ।
कुशपुष्पाक्षतोपेतं स्वकरेण समर्पयेत् ।।६८

"ॐ वं सद्योजाताय हूं फट् नम."—"ॐ त्रि वाम देवाय हूं फट्, नम."—"ॐ वुम्, अघोराय हूं फट्, नम." "आम्, एव (एव ॐ) चें (वें) तत्पुरुषाय, वोमीशानाय च हूं फट्, नम" ।। ५९ ।। इन उक्त मन्त्रों से यज-

मालादि को और किये हुए जप को निवेदित कर देवे । भली-भाँति तर्पण करके तथा विनति पूर्वक विज्ञापन करके यथा, जब तक देव सन्निहित हैं तब तक आप भी सन्निधान में विराजमान होवें यही विज्ञापन होता है ॥ ६० ॥ फिर देवता के समक्ष में क्षमापन की याचना करे — हे देव ! मैंने अपने अज्ञान के वश जो कुछ भी इस यजनादि विधि में न्यूनता या अधिकता की है । हे चण्डेश्वर वह आपके प्रसाद (प्रसन्नता) से सब पूर्ण कर दीजिये अर्थात् आपकी कृपा से ही वह पूर्ण हो सकती है ॥ ६१ ॥ बाण लिंग में, बाण रोह में, सिद्ध लिंग में, स्वयम् में और समस्त प्रतिमाओं में चण्ड अधिकृत न होवे । अद्वैत की भावना से युक्त स्थण्डिलेश विधि में भी चण्ड को और स्रुत को युक्त एवं भार्या के सहित यजमान को स्नापक को चाहिए कि उसे पूर्व में स्थापित कुम्भ से स्नान स्नापन करावे । यजमान को भी चाहिए कि महेश की ही भाँति स्थापक का भली-भाँति पूजन करे ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ वित्त की शठता से रहित होकर अर्थात् धन रहते हुए भी कृपणता न करके दक्षिणा में भूमि सुवर्ण आदि मूल्यवान् वस्तुऐं देनी चाहिए । इसके अनन्तर मूर्तिरगण, जप करने वाले ब्राह्मण, दैवज्ञ (ज्योतिषी, शिल्पी) जिन्होंने वहाँ शिल्प का कार्य किया हो, इन सबका अर्चन करे और जो दीन एवं अनाथ हो उन्हें भोजन कराना चाहिए । फिर प्रार्थना करे कि जो यहाँ पर मैंने सम्मुखीकरण की भावना में हे भगवन् ! आपको खेद पहुँचाया है, हे नाथ ! उस सबको आप क्षमा कर दीजिये आप तो करुणा के सागर हैं । इस प्रकार से विज्ञापन करने वाले यज-मान के लिये सद्गुरु को चाहिए कि अपने हाथ से स्फुरित होते हुए तारक के समान प्रभा वाले प्रतिष्ठ के पुण्य सद्भाव को कुशा, पुष्प और अक्षतों से युक्त समर्पित कर देवे ॥ ६८ ॥

ततः पाशुपतं जप्त्वा प्रणम्य परमेश्वरम् ।
ततोऽपि बलिभिर्भूतान्सन्निधाय निबोधयेत् ॥६९
स्थातव्यं भवता तावद्यावत्सन्निहितो हरः ।
गुरुवस्त्रादिसमुक्तं गृह्णीयाद्यागमण्डपम् ॥७०

सर्वोपकरणं शिल्पी तथा स्नापनमण्डपम् ।
अन्ये देवादय स्थाप्या मन्त्रै रागमसम्भवैं ॥७१
आदिवर्णस्य भेदाद्वा सुतत्वव्याप्तिभाविता ।
साध्यप्रमुखदेवाश्च सरिदोषधयस्तथा ॥७२
क्षेत्रपा किन्नराद्याश्च पृथिवीतत्त्वमाश्रिता ।
स्थान सरस्वतीलक्ष्मीनदीनामम्भसि क्वचित् ॥७३
भुवनाधिपतीना च स्थान यत्र व्यवस्थिति ।
अण्डवृद्धिप्रधानान्त त्रितत्त्व ब्रह्मण पदम् ॥७४
तन्मात्रादिप्रधानान्त पदमेतत्त्रिक हरे ।
नाख्येशगणमातृ णा यक्षेशशरजन्मनाम् ॥७५
अण्डजा शुद्धविद्यान्त पद गणपतेस्तथा ।
मायाग्रदेशशक्त्यन्त शिवाशिवोग्ररोचिषाम् ॥७६
पदमीश्वरपर्यन्त व्यक्तार्चासु च कीर्तितम् ।
कूर्मादि कीर्तित यच्च यच्च रत्नादिपञ्चकम् ॥७७
प्रक्षिपेत्पीठगर्तायां पञ्चब्रह्मशिला विना ।
षड्भिर्विभाजिते गर्ते त्यक्त्वा भाग च पृष्ठत ॥७८
स्थापन पञ्चमाशे च यदि वा वसुभाजित ।
स्थापन सप्तमे भागे प्रतिमासु सुखावहम् ॥७९

इसके उपरान्त पाशुपत मन्त्र का जप करे और परमेश्वर का प्रणाम करना चाहिए । इसके उपरान्त भी बलियो के द्वारा भूता का सन्निधान करके निवेदन करे कि आपको यहाँ पर उस समय तक स्थित रहना चाहिए जब तक भगवान् हर यहाँ पर सन्निहित रहते हैं । गुरु को चाहिए कि वस्त्रादि से युक्त याग के मण्डप को ग्रहण करे अन्य सम्पूर्ण उपकरणो को शिल्पी ग्रहण करे और स्नापन का जो मण्डप है उसे भी लेवे । अन्य देव आदि सबको आगम के मन्त्रों के द्वारा स्थापना करनी चाहिए ॥ ७१ ॥ अथवा आदि वर्ण के भेद से सुतत्व की व्याप्ति से भावित साध्य प्रधान देव तथा सरित् औषधियाँ, क्षेत्रपाल और किन्नर आदि के तत्त्व मे आश्रित होते हैं । सरस्वती, लक्ष्मी और नदियों

का कहीं पर जल में स्थान होता है ॥ ७३ ॥ जो भुवनों के अधिपति हैं उनका स्थान वहीं है जहाँ उनकी व्यवस्थिति होती है। ब्रह्मा का पद (स्थान) बुद्धि प्रधानान्त भिन्न होता है ॥ ७४ ॥ भगवान् हरि का स्थान तन्मात्राओं से आदि लेकर प्रधान के अन्त पर्यन्त यह तीन तत्वों का त्रिक ही होता है। नाट्येश गण मातृगण का, यक्षेश अग्निजन्मा का तथा गणपति का स्थान अण्डज शुद्ध विद्या के अन्त तक होता है। शिवा और शिव से उत्त रोचि कार्य का ईश्वर पर्यन्त पद होता है जो मर्यादा देश से शक्ति के अन्त तक है। यही स्थान व्यक्त अर्चाओं में बताया गया है। जो कूर्म आदि के विषय में कहा जा चुका है और जो रत्नादि पञ्चक के बावत बताया गया है उनको पाँच धरा शिला के बिना पीठ के गर्त्त में प्रक्षिप्त कर देवे। उस गर्भ के पट (छे) भाग करे और उसका विभाजित पृष्ठ भाग जो हो उसे त्याग देवे ॥ ७८ ॥ जो पञ्चम अंश है उसमें स्थापन करे। अथवा इसका विभाजन आठ भागों में करना चाहिए, और सातवें भाग में प्रतिमाओं में स्थापना करना सुखावह होती है ॥ ७९ ॥

धारणाभिविशुद्धि स्यात्स्थापने लेपचित्रयो ।
रत्नादि मानस तत्र शिलारत्नादिवेशनम् ॥८०

नेत्रोद्घाटनमन्त्रं स्नानमनादिप्रकल्पनम् ।
पूजा निरम्बुभि पुष्पैर्यथा चित्र न दुष्यति ॥८१

विधिस्तु चललिंगेषु सप्रत्येव निगद्यते ।
पञ्चभिर्वा त्रिभिर्वाऽपि पृथक्कुर्याद्विभाजिते ॥८२
भागत्रयेण मायाशो भवेद्भागद्वयेन वा ।
स्वपीठेष्वपि तद्वत्स्याल्लिगेषु तत्त्वभेदत ॥८३

सृष्टिमन्त्रेण सस्कारो विधिवत्स्फाटिकादिषु ।
किं च ब्रह्मशिलारत्नप्रभृतेश्चानिवेदनम् ॥८४

योजन पिण्डकायाश्च मनसा परिकल्पयेत् ।
स्वयभूवाणलिंगादौ सस्कृतौ नियमो न हि ॥८५

लेप और चित्र की स्थापना में धारणाओं से विशुद्धि होती है। वहाँ पर तो जो स्नान आदि की क्रिया की जाती है वह केवल मानसिक भावना से ही सम्पन्न होती है। इसी प्रकार से शिला रत्नादि का वेशन भी होता है। नेत्रों का उद्घाटन, मन्त्रेष्ट और आसन आदि की कल्पना करनी चाहिए। बिना जल के पुष्पाक्षतादि से चित्रमयी मूर्त्ति की अर्चना की जाती है जिससे कि चित्र दूषित न हो सके ॥ ८१ ॥ जो चल लिंग होते हैं उनके विषय में जो भी कुछ विधि है उसे अभी बतलाया जाता है पाँच या तीन भागों में विभाजित कर पृथक् कर लेना चाहिए। मायांश तीन भागों में अथवा दो भागों में होता है। अपने पीठों में भी उसी भाँति लिंगों में तत्वों के भेद से हुआ करता है ॥८३॥ स्फटिक मणि द्वारा निर्मितों में तथा इसी प्रकार की मणियों से विरचितों में सृष्टि मन्त्र के द्वारा विधि के सहित सस्कार होता है किन्तु ब्रह्म शिला रत्न का निवेदन नहीं किया जाता है ॥ ८४ ॥ पिण्डिका का योजन जो किया जाता है उसकी कल्पना मानसिक ही की जाती है अर्थात् केवल मन में ही उसका ध्यान किया जाता है। क्रियात्मक नहीं होता है। स्वयम्भू वाण लिङ्ग आदि में सस्कृति की क्रिया करने का कोई भी नियम नहीं है ॥ ८५ ॥

स्नापन संहितामन्त्रैर्न्यास होम च कारयेत् ।
नदीसमुद्ररोहाणां स्थापन पूर्ववन्मतम् ॥८६

ऐहिक मृन्मयं लिङ्ग पिष्टिकादि च तत्क्षणात् ।
कृत्वा सपूजयेच्छुद्ध दीक्षणादिविधानतः ॥८७

समादाय ततो मन्त्रानात्मान सनिधाय च ।
तज्जले प्रक्षिपेल्लिङ्ग वत्सरात्कामद भवेत् ॥८८
विष्ण्वादिस्थापनं चैव पृथङ्मन्त्रै: समाचरेत् ॥८९

संहिता के मन्त्रों के द्वारा उनका स्नपन कराके तथा न्यास और होम भी उन्हीं से करवाना चाहिए। नदी, समुद्र और रोहों की स्थापना जिस प्रकार से पहिले बताई गई है उसी भाँति करनी चाहिए ॥ ८६ ॥ ऐहिक लिङ्ग मृत्तिका का निर्मित करे और उसी क्षण में पिष्टक आदि के द्वारा उसका निर्माण

कर लेवे। लिङ्ग को बनाकर फिर उस शुद्ध लिङ्ग का दक्षिणादि विधि विध से भली-भाँति पूजन करना चाहिए ॥ ८७ ॥ इसके उपरान्त उसे लाकर म का आत्मा में सन्निधान करे और उस जल को लिङ्ग पर प्रक्षिप्त करना चाहिए। इस प्रकार से पूरे एक वर्ष पर्यन्त करे तो वह कामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है ॥ ८८ ॥ भगवान् विष्णु आदि देवेश्वरों की स्थापना उनके जो पृथक् मन्त्र हैं उन्ही के द्वारा करनी चाहिए ॥ ८९ ॥

१४६—गौरीप्रतिष्ठाविधिः

वक्ष्ये गौरीप्रतिष्ठा च पूजया सहिता शृणु।
मण्डपाद्य पुरो यच्च संस्थाप्य चाधिरोपयेत् ॥१
शय्यायां ताञ्च विन्यस्य मन्त्रा-मूर्त्यादिकाग्गुह ।
आत्मविद्याशिवान्तं च कुर्यादीशनिवेशनम् ॥२
शक्ति परां ततो न्यस्य हुत्वा जप्त्वा च पूर्ववत् ।
सधाय च तथा पिण्डी क्रियाशक्तिस्वरूपिणीम् ॥३
सदेशव्यापिका ध्यात्वा न्यस्लरत्नादिका तथा।
एवं संस्थाप्य तां पश्चाद्देवीं तस्यां नियोजयेत् ॥४
परशक्तिस्वरूपां तां स्वाणुना शक्तियोगत ।
ततो न्यसेत्क्रियाशक्ति पीठे ज्ञानं च विग्रहे ॥५
ततोऽपि व्यापिनी शक्ति समावाह्य नियोजयेत् ।
अम्बिका शिवनाम्नी च समालभ्य प्रपूजयेत् ॥६

इस अध्याय में गौरी की प्रतिष्ठा करने की विधि का वर्णन किया जाता है। ईश्वर बोले—अब हम गौरी की प्रतिष्ठा जिस रीति से की जाती है वह पूजा के सहित बतलाते हैं उसका तुम श्रवण करो। जो मण्डप आदि है उसको आगे संस्थापित करके फिर अधिरोपण करना चाहिए ॥ १ ॥ उसको शय्या मे विन्यस्त करके हे गुह! मूर्त्यादिक मन्त्रो को आत्मविद्या शिव के अन्त तक ईश का निवेशन करे ॥ २ ॥ इसके अनन्तर पराशक्ति का न्यास करके पूर्व की ही भाँति हवन करे, और जप करना चाहिए। उसी प्रकार से क्रिया

शक्ति के स्वरूप वाली पिण्डी का सधान करे। ३। रत्न आदि जिसमें विन्यस्त हो ऐसी सदेश में व्यापक रहने वाली का ध्यान करना चाहिए। इस प्रकार से उसको सस्थापित करके फिर उसमे देवी को नियोजित करना चाहिए ॥ ४ ॥ अपने मन्त्र के द्वारा शक्ति के योग से पर शक्ति के स्वरूप वाली का न्यास करे और इसके अनन्तर पीठ में क्रियाशक्ति को तथा विग्रह मे ज्ञान को नियोजित करे। इसके भी पश्चात् व्यापिनी शक्ति का भली-भाँति आवाहन करके उसे नियोजित करे। शिवा नाम वाली अम्बिका को प्राप्त करके अच्छी तरह पूजा करे ॥ ५ ॥ ६ ॥

ओम्, आधारशक्तये नमः। ॐ कूर्माय नमः।
ॐ स्कन्दाय च तथा नमः। ॐ ह्रीं नारायणाय नमः।
ओम्, ऐश्वर्याय नमः। ओम्, अघच्छदनाय नमः ॥७
ॐ पद्मासनाय नमोऽस्य सपूज्या. केशवास्तथा ॥८
ॐ ह्रीं कर्णिकार्य नमः।
ॐ क्षं पुष्कराक्षेभ्य इहार्चयेत् ॥९
ॐ ह्रां पुष्टयं ह्रीं च ज्ञानायं हू रूं क्रियायं ततो नमः ॥१०
ॐ नालाय नमः। ॐ रं धर्माय नमः।
रं ज्ञानाय वै नमः। ॐ वैराग्याय नम।
ॐ वं, अधर्माय नम.।
ॐ रम् अज्ञानाय वै नमः। ओम्, अवैराग्याय वै नम.।
ओम् अनैश्वर्याय नमः ॥११

पूजा के मन्त्र निम्नलिखित हैं—"ओम् आधार शक्तये नम —ॐ कूर्माय नम —ॐ स्कन्दाय च तथा नम —ॐ ह्रीं नारायणाय नमः—ॐ ऐश्वर्याय नम —ॐ अघच्छदनाय नम"—अर्थात् आधार की शक्ति के लिये नमस्कार है —कूर्म के लिये नमस्कार है—कूर्म के लिये नमस्कार है—उसी भाँति स्कन्द के लिये नमस्कार है—नारायण के लिये नमस्कार है—ऐश्वर्य के लिये नमस्कार है—अघच्छदन के लिये नमस्कार है। इन उक्त मन्त्रो का उच्चारण करते

हुए यजन करे ॥ ७ ॥ इसके अनन्तर उसी भाँति "ॐ पद्मासनाय नमः" इस मन्त्र से देवता का भली भाँति पूजन करना चाहिए ॥ ८ ॥ इसके उपरान्त कर्णिका आदि का नीचे दिये हुए मन्त्रों से यजन करे—'ॐ ह्रीं कर्णिकायै नमः—'ॐ क्षं पुष्कराक्षेभ्यो नमः"—इससे यहाँ अर्चन करे। 'ॐ ह्रां पुष्ट्यै नमः—ॐ ह्रीं ज्ञानायै नमः—इसके पश्चात् "ॐ क्रियायै नमः"—ॐ नालाय नमः—ॐ रुं धर्माय नमः— ॐ रुं ज्ञानाय वै नमः—ॐ वैराग्याय नमः—ॐ वै अधर्माय नमः—ॐ रुं अज्ञानाय वै नमः—ॐ, अवैराग्याय नमः—ॐ अनैश्वर्याय नमः—इन उपर्युक्त मन्त्रों से ज्ञान, क्रिया पुष्टि, नाल, धर्म, वैराग्य, अधर्म, अज्ञान अवैराग्य और अनैश्वर्य का यजन मन्त्रों को पढ़ते हुए करना चाहिए। ॥८ से ११ तक॥

हूं वाचे हूं च रागिण्यै हूं ज्वालिन्यै ततो नमः ।
ॐ ह्रौं शमायै च नमो हूं ज्येष्ठायै ततो नमः ॥१२
ॐ ह्रौं रौं क्रौं नवशक्त्यै गौं च गौर्यासनाय च ।
गौं गौरीमूर्तये नमो गौर्या मूलमथोच्यते ॥१३
ह्रां सः, महागौरि रुद्रदयिते स्वाहा गौर्यै नमः ॥१४
ॐ गां हूं ह्रीं शिवो गूं स्याच्छिखायै कवचाय च ।
गौं नेत्राय च गौम्, अस्त्राय ॐ गौं विज्ञानशक्तये ॥१५
ॐ गूं क्रियाशक्तये नमः पूर्वादौ शाक्रादिकान् ।
ॐ सुं सुभगाय नमो ह्रीं बीजललिता ततः ॥१६
ॐ ह्रीं कामिन्यै च नमः, ॐ हूं स्यात्कामशालिनी ।
मन्त्रं गौरी प्रतिष्ठाप्य प्राच्यं जप्त्वाऽस्य सर्वभाक् ॥१७

इसके अनन्तर निम्नाङ्कित मन्त्रों से यजन करे—"ॐ हूं वाचे नमः—ॐ हूं रागिण्यै नमः—ॐ हूं ज्वालिन्यै नमः—ॐ ह्रौं शमायै नमः—ॐ हूं ज्येष्ठायै नमः—ॐ ह्रौं रौं क्रौं नव शक्त्यै नमः—ॐ गौं गौर्यासनाय नमः—ॐ गौं गौरी मूर्त्तये नमः"। इन उपर्युक्त मन्त्रों के द्वारा वाक्-रागिणी आदि का यजन करे। अब गौरी के मूल को बताया जाता है। इसके मन्त्र निम्नलिखित हैं—"ॐ ह्रां सः, महागौरि रुद्रदयिते स्वाहा गौर्यै नमः"। ओङ्कार

लगा कर 'गा ह्रू , ह्रौं'—ये बीज शिव के लिये हैं। 'गू'—यह बीज शिखा और कवच के लिये होता है। नेत्र मन्त्र और विज्ञान शक्ति के लिये 'गौं'—यह बीज आता है। मन्त्रों के आकार 'ॐ यू शिखायै नम '—इसी भाँति हो जावेगे। 'ॐ गू क्रिया शक्तये नम "पूर्वादि दिशाओं मे दिशाओं के स्वामी शक्र आदि का यजन करना चाहिए। इसके पश्चात् ॐ सु सुभगायै नम –ॐ ह्रीं बीज लतायै नम –ॐ ह्रौं कामिन्यै नम –ॐ ह्रू कामशालिन्यै नम –इन उक्त मन्त्रों के द्वारा यजन करना चाहिए। मन्त्रों से गौरी की प्रतिष्ठा करके अर्चन करे और जप करे। इस सब विधान के करने का यह फल होता है कि मनुष्य को सभी पदार्थों की प्राप्ति हो जाया करती है ॥ १७ ॥

१४७—सूर्यप्रतिष्ठाविधिः

वक्ष्ये सूर्यप्रतिष्ठा च पूर्ववन्मण्डपादिकम् ।
स्नानादिक च सपाद्य पूर्वोक्तविधिना तत. ॥१
विद्यामासनशय्याया साङ्ग विन्यस्य भास्करम्
त्रितत्व विन्यसेत्तत्र स स्वर खादिपञ्चकम् ॥२
शुद्धयादि पूर्ववत्कृत्वा पिण्डी सशोध्य पूर्ववत् ।
सदेशपदपर्यन्त विन्यस्य तत्वपञ्चकम् ॥३
शक्त्या च सर्वतोमुख्या सस्थाप्य विधिवत्तत ।
स्वाणुना विधिवत्सूर्यं शक्त्यन्त स्थापयेद्गुरु ॥४
स्वाम्यन्तमथ वाऽऽदित्य पादान्त नाम धारयेत् ।
सूर्यमन्त्रास्तु पूर्वोक्ता द्रष्टव्या. स्थापनेऽपि च ॥५

इस अध्याय मे सूर्य की प्रतिष्ठा करने का विधान बतलाया जाता है। श्री ईश्वर बोले—अब हम भगवान् भास्कर देव की प्रतिष्ठा को बतलाते हैं। पहिले अन्य देवो की प्रतिष्ठा मे जो मण्डप आदि का क्रम बताया जा चुका है वैसे मण्डप आदि इसमे भी बनाने चाहिए। कि पहिले विधि बताई जा चुकी है उसी से यहाँ भी करना चाहिए ॥ १ ॥ इसके पश्चात् विद्या को और आसन शय्या मे अङ्गों के सहित भगवान् भास्कर का विन्यास करे। वहाँ पर स्वर

सहित आदि पञ्चक हितत का विन्यास करना चाहिए ॥ २ ॥ पहिले के ही शुद्धि आदि सम्पूर्ण क्रिया कलाप करे और पूर्ववत् पिण्डी का नशोधन करे। सदेश से पद पर्यन्त पाँचों तत्वों का विन्यास करे ॥ ३ ॥ फिर शक्ति के द्वारा विधि पूर्वक सर्वतोमुख्य सम्पादित करने चाहिए। गुरु को चाहिए कि स्वकीय मन्त्र से विधि विधान के साथ शक्ति के अन्त तक भगवान् सूर्य की स्थापना करे ॥ ४ ॥ अथवा स्थाम्यन्त आदित्य को स्थापित करे और पाद के अन्त तक नाम धारण करना चाहिए। भगवान् सूर्य देव के जो मन्त्र हैं वे पहिले कह दिये गये हैं उन्हें ही देख लेना चाहिए और स्थापना करने में भी उनका ही प्रयोग करे ॥ ५ ॥

१४८—द्वारप्रतिष्ठाविधिः

द्वाराश्रितप्रतिष्ठाया वक्ष्यामि विधिमच्युत ।
द्वाराङ्गाणि कषायाद्यै संस्कृत्य शयने न्यसेत् ॥१
मूलमध्याग्रभागेषु त्र्यममात्मादिसेश्वरम् ।
विन्यस्य स निवेश्याय हुत्वा जप्त्वाऽत्र रूपत. ॥२
द्वारादयो यजेद्वास्तु तत्रं वानन्तमन्त्रत ।
रत्नादिप चक न्यस्य शान्तिहोम विधाय च ॥३
यैवमिद्धायकाक्रान्ता ऋद्धिवृद्धिमहातिला ।
गोमृत्सर्षपरागेन्द्रमोहनलक्ष्मणामृता ॥४
रोचनारुग्वचो दूर्वा प्रासादाचश्च पोटलीम् ।
प्रक्षाल्योदुम्बरे बद्ध्वा रक्षार्थं प्रणवेन तु ॥५
तारमुत्तरत किंचिदाश्रित सन्निवेशयेत् ।
आत्मतत्त्वमथो न्यस्य विद्यातत्व च शाखयो ॥६
शिवमाकाशदेशे च व्यापक सर्वमण्डले ।
ततो महेशनाथ च विन्यसेन्मूलमन्त्रत ॥७
द्वाराश्रितांश्च तन्त्वादीन्प्रयुक्तं स्वानामभि ।
जुहूयाच्छतमर्ध वा द्विगुण शक्तितोपवा ॥८

न्यूनादिदोषमोक्षार्थं हेतितो जुहुयाच्छतम् ।
दिग्वलि पूर्ववद्दत्वा प्रदद्याद्दक्षिणादिकम् ॥६

इस अध्याय में द्वार की प्रतिष्ठा करने की विधि का वर्णन किया जाता है। श्री ईश्वर ने कहा—द्वार की आश्रित प्रतिष्ठा की विधि को अब हम बतलाते हैं। द्वार के अङ्गों को कषाय आदि के द्वारा संस्कार करके फिर शयन (शय्या) में न्यास करना चाहिए ॥ १ ॥ मूल भाग मध्य भाग और अग्रभाग में ईश्वर के सहित आत्मादि त्रय का (तीनों) का विन्यास करे फिर सन्निवेश करके हवन करे और जाप करना चाहिए। द्वार के पश्चात् वहीं पर ही अनन्त मन्त्र से वास्तु का यजन करे। रत्नादि पाँचों का न्यास करके शान्ति होम करे। ॥ २ ॥ ३ ॥ यवों और सिद्धार्थकों से आक्रान्त ऋद्धि-वृद्धि, महातिल, गोमूत्र सर्षप, रागेन्द्र मोहनी, लक्ष्मणा, अमृता, रोचना रग, वच, दूर्वा इनकी प्रासाद के नीचे पोटली बनाकर उदुम्बर (गूलर) में प्रणव के द्वारा रक्षा करने के लिये बांधे ॥ ४ ॥ ५ ॥ उत्तर की ओर द्वार को कुछ आश्रित बनाकर सन्निवेशित करें नीचे की ओर आत्म तत्त्व का न्यास करना चाहिए और दोनों शाखाओं में विद्या तत्त्व का विन्यास करे ॥ ६ ॥ सम्पूर्ण मण्डल में व्यापक रहने वाले शिव का आकाश देश में न्यास करे। इसके अनन्तर मूल मन्त्र के द्वारा भगवान् महेश नाथ का विन्यास करना चाहिए। द्वार पर आश्रित जो तल्प (शय्या) आदि हैं उनको कृत युक्त अपने नामों से एक सौ बार आहुतियाँ देवे अथवा अर्ध भाग की आहुतियाँ देवे किम्बा शक्ति के अनुसार दुगुनी आहुतियाँ देनी चाहिए। न्यूनता आदि जो दोष इस प्रतिष्ठापन कर्म के करने में बन गये हों उनसे छुटकारा पाने के लिये हेति से सौ बार आहुतियाँ देवे। इसके उपरान्त पूर्वोक्त क्रम के अनुसार दिशाओं को बलि देवे और दक्षिणा आदि को प्रदान करना चाहिए जिससे कर्म की पूर्ण सम्पन्नता हो जावे ॥६॥

१४६—प्रासादप्रतिष्ठा ।

प्रासादस्थापनं वक्ष्ये तच्चैतन्यसुयोगतः ।
शुकनाशासमाप्तौ तु पूर्ववेद्याश्च मध्यतः ॥१

आधारशक्तितः पद्मे विन्यस्ते प्रणवेन च ।
स्वर्णाद्येकतमोद्भूत पञ्चगव्येन सयुतम् ॥२
मधुक्षीरयुत कुम्भ न्यस्तरत्नादिपञ्चकम् ।
सवस्त्र गन्धलिप्त च गन्धवत्पुष्पधूपितम् ॥३
चूतादिपल्लवाना च कृतौ कृत्य च विन्यसेत् ।
पूरकेण समादाय सकलीकृतविग्रह ॥४
सर्वात्माभिन्नमात्मान स्वाणुना स्वान्तमारुत ।
आज्ञायाऽऽरोपयेच्छम्भौ रेचकेन ततो गुरु ॥५
द्वादशान्तात्समादाय स्फुरद्वह्निकणोपमम् ।
निक्षिपेत्कुम्भगर्भे च न्यस्ततन्त्रातिवाहिकम् ॥६
विग्रह तद्गुणाना च बोधक च कलादिकम् ।
क्षान्त वागीश्वर तत्तु प्रात तत्र निवेशयेत् ॥७

इस अध्याय में अब प्रासाद की प्रतिष्ठा का वर्णन किया जाता है । श्री ईश्वर ने कहा—हम इस समय प्रासाद की स्थापना को बतलाते हैं और वह चैतन्य के सुयोग से शुकनास की समाप्ति में पववेदी के मध्य से आधार शक्ति के विन्यास किये गये पद्म में प्रणव के द्वारा स्वर्ण आदि धातुओं में से किसी भी एक धातु से निर्मित हो और पञ्चगव्य से समन्वित होना चाहिए ॥१॥२॥ जो वहाँ पर कुम्भ (कलश) हो वह मधु और क्षीर (दूध) से युक्त होना चाहिए जिसमें रत्नादि पाँचों का विन्यास किया गया हो । वह वस्त्र से समाच्छादित, गन्ध से प्रलिप्त तथा गन्ध से समन्वित एवं पुष्प तथा धूप से युक्त करे ॥ ३ ॥ जो कुशल साधक हो उसको चाहिए कि आम्र आदि माङ्गलिक पल्लवों के कृत्य को वहाँ विन्यस्त करे । विग्रह का सकलीकरण करके पूरक के द्वारा समादान करे ॥ ४ ॥ अपने मन्त्र से सर्वात्मा से अभिन्न अपनी आत्मा को समझे और स्वान्त वायु को गुरु का कर्त्तव्य है कि आज्ञा से आरोपित करे और फिर शम्भु में रेचक करे ॥ ५ ॥ द्वादश के अन्त तक उसे लाकर स्फुरित अग्नि के कण के समान कुम्भ के मध्य में निक्षिप्त करना चाहिए । तन्त्रातिवाहिक का न्यास किया है ऐसे विग्रह को और उसके गुणों के ज्ञापक कलादिक को वहाँ

पर प्रात (सुरक्षित) परम शान्त वागीश्वर का निवेश करना चाहिए ॥ ६ ॥ ॥ ७ ॥

दश नाडीर्दश प्राणानिन्द्रियाणि त्रयोदश ।
तदधिपाश्च संयोज्य प्रणवाद्यैः स्वनामभि ॥८
स्वकार्यकारणत्वेन मायाकाशनियामिका ।
विद्येशान्प्रेरकाञ्छम्भु व्यापिन च सुस्वरैः ॥९
अङ्गानि च विनिक्षिप्य निरुन्ध्याद्रोधमुद्रया ।
सुवर्णाद्युद्भव यद्वा पुरुष पुरुषानुगम् ॥१०
पञ्चगव्यकषायाद्यै पूर्ववत्सस्कृत तत ।
शय्याया कुम्भमारोप्य ध्यात्वा रुद्रमुमापतिम् ॥११
तस्मिश्च शिवमन्त्रेण व्यापकत्वेन विन्यसेत् ।
सनिधानाय होम च प्रोक्षण स्पर्शन जपम् ॥१२
सानिध्यबोधन सर्व भागत्रयविभागत ।
विधायैव प्रकृत्यन्ते कुम्भे त विनिवेशयेत् ॥१३

दश नाडयाँ, दश प्राण, त्रयोदश इन्द्रियाँ और उनके अधिप (स्वामी) इन सबका प्रणवादि के द्वारा अपने नामो से सयोजन करे ॥ ८ ॥ अपने कार्य का कारण रूप होने से मायाकाश के नियामिकों का, विद्येश प्रेरकों को सबत्र व्यापक रहने वाले भगवान् शम्भु को और सुस्वरो से अङ्गो को विनिक्षिप्त कर रोध की मुद्रा से निरोध करना चाहिए। सुवर्ण आदि से समुत्पन्न यद्वा पुरुष के अनुगमन करने वाले पुरुष को जो कि पूर्व की भांति पञ्चगव्य और कषाय आदि के द्वारा सस्कार समाप्त किया गया हो शय्या मे कुम्भ को समारोपित कर उमा के स्वामी भगवान् रुद्र का ध्यान करना चाहिए ॥ ९॥१० ॥ ॥ ११ ॥ उसमें व्यापकत्व रूप से शिव मन्त्र के द्वारा विन्यास करे। सन्निधान करने के लिये होम प्रोक्षण, स्पर्शन, जप तथा सान्निध्य का बोधन इस सबका तीन भाग के विभाग से विधान करके प्रकृत्यन्त कुम्भ मे उसको विनिवेशित करना चाहिए ॥ १२ ॥ १३ ॥

१५०—दष्टचिकित्सा

मन्त्रध्यानौषधैर्दष्टचिकित्सां प्रवदामि ते ॥१
ॐ नमो भगवते नीलकण्ठायेति ॥२
जपनाद्विषहानि. स्यादौषध जीवरक्षणम् ।
साज्य सकृद्रस पेय द्विविध विषमुच्यते ॥
जङ्गम सर्वमूषादि भृङ्गादि स्थावर विषम् ।
शान्तस्वरान्वितो ब्रह्मा लोहितस्तारक शिव ॥३
वियतेर्नाममन्त्रोऽय तार्क्ष्यः शब्दमय स्मृत ॥४
ॐ ज्वल महामते हृदयाय, गरुडविराल शिरसे, गरुड
विषभञ्जन प्रभेदन प्रभेदन वित्रासय वित्रासय विमर्दय
विमर्दय कवचाय, अप्रतिहतशासन हूँ फट्, अस्त्राय,
उग्ररूपधारक सर्वभयङ्कर भीषय भीषय सर्वं दह दह
भस्मी कुरु कुरु स्वाहा नेत्राय सप्तवर्गान्तियुग्माष्टदिग्दल·
स्वर केसरादिवर्णाढ्य वन्हिराभूतकर्णिक मातृकाम्बुजम् ॥५
कृत्वा हृदिस्थ तन्मन्त्री वामहस्ततले स्मरेत् ।
अ गुष्ठादौ न्यसेद्वर्णान्वियतेर्भेदिनी कला ॥६
पीत वज्रचतुष्कोण पार्थिव शक्रदैवतम् ।
वृत्तार्धमाप्यपद्मार्ध शुक्ल वरुणदैवतम् ॥७
त्र्यस्त्र स्वस्तिकयुक्त च तैजस वन्हिदैवतम् ।
वृत्त बिन्दुवृत्त वायुदैवत कृष्णमालिनम् ॥८

इस अध्याय मे दष्ट चिकित्सा का वर्णन किया जाता है । श्री अग्निदेव ने कहा—अब हम तुमको मन्त्र ध्यान और औषधो के द्वारा दष्ट की चिकित्सा बतलाते हैं । "ओ नमो भगवते नील कण्ठाय"—इस मन्त्र के जाप करने से विष की हानि हो जाती है । औषध जीव की रक्षा करने वाली होती है । घृत के साथ सकृत रस पीना चाहिए । द्विविध विष कहा जाता है । सर्वमूषादि का विष जङ्गम और भृङ्गादि का विष स्थावर विष कहलाता है । शान्त स्वरान्वित

ब्रह्मा लोहित तारक शिव, यह शब्दमय तत्र्यं वियति का मन्त्र है ॥१ से ४ तक॥ मन्त्र का स्वरूप—"ओं ज्वल महामते हृदयाय, गरुड विराल शिरसे, गरुड शिखायै, गरुड विषभञ्जन प्रभेदन प्रभेदन वित्रासय वित्रासय विमर्दय विमर्दय कवचाय, अप्रतिहत शासन हूं फट्, अस्त्राय, उग्ररूपधारक सर्वभयङ्कर भीषय भीषय सर्व दह दह भस्मी कुरु कुरु स्वाहा नेत्राय" सात वर्ग (कवर्ग से आरम्भ कर हकारान्त तक) के युग्म आठ दिशाओं के दलों में और केसरों में स्वर वर्ण से रुद्र वहिराभूत कणिका वाले मातृ का कमल का मन्त्र ज्ञाता अपने हृदयस्थ करे और वाम हस्त के दल में स्मरण करना चाहिए। अंगुष्ठ आदि में वर्णों का न्यास करे। ये वियति को भेदित कराये हैं ॥ ५ ॥ ६ ॥ पीत वज्र चतुष्कोण वाला पार्थिव और शक्र देव वाला वृत्त का अर्ध भाग है और आप्य पद्म का अर्ध भाग वरुण तथा वरुण देवता वाला है। त्रिकोण स्वस्तिक (साँथया) से युक्त तैजस और वह्नि देवता वाला है। वृत्त बिन्दु से वृत कृष्णमाली तथा वायु के देवता वाला होता है ॥ ७ ॥ ८ ॥

अंगुष्ठाद्य गुलीमध्यपर्यस्तेषु स्ववेश्मसु ।
सुवर्णानागवाहेन वेष्टितेषु न्यसेत्क्रमात् ॥९
वियतेश्चतुरो वर्णान्सुमण्डलसमत्विषः ।
अरूपे स्वतन्माने आकाशे शिवदैवते ॥१०
कनिष्ठामध्यपर्वस्थे न्यसेत्तस्याऽऽद्यमक्षरम् ।
नागानामादिवर्णांश्च स्वमण्डलगतान्न्यसेत् ॥११
भूतादिवर्णान्विन्यसेद गुष्ठाद्यन्तपर्वसु ।
तन्मात्रादिगुणाम्यर्णानंगुलीषु न्यसेद् बुधः ॥१२
स्पर्शनादेव तार्क्ष्येण हस्ते हन्याद्विषद्वयम् ।
मण्डलादिषु तान्वर्णान्वियते. कवयो जितान् ॥१३
अंगुष्ठ्य गुलिभिर्देहनाभिस्थानेषु पर्वसु ।
आ जानुतः सुवर्णाभमा नाभेस्तुहिनप्रभम् ॥१४
कुंकुमारुणमा कण्ठादाकेशान्तादिमतेतरम् ।
ब्रह्माण्डव्यापिन तार्क्ष्यं चन्द्राख्य नागभूषणम् ॥१५

नीलाग्रनासमात्मान महापक्ष स्मरेद्बुध ।
एवं तार्क्ष्यात्मनो वाक्यान्मन्त्र: स्मान्मन्त्रिणो विषे ॥१६

अगुष्ठ आदि अगुली मध्य के पर्यन्त स्ववैदशो मे जो सुवर्ण नाम वाह से वेष्टित हो क्रम से न्यास करना चाहिए ॥ ६ ॥ सुमण्डल के समान कान्ति वाले विद्युत के चार वर्गो को बिना रूप वाले अपनी तन्मात्रा आकाश मे जिसका देवता शिव है कनिष्ठिका के मध्य पर्व मे स्थिति वाले उसके साथ अक्षर का न्यास करना चाहिए। नागो के आदि वर्णों को स्वमण्डलगतो का न्यास करे ॥ ६ ॥ १० ॥ ११ ॥ अगुष्ठादि के अग्र के पर्वों में भूतादि वर्णों का न्यास करना चाहिए। तन्मात्रादि गुणाक्षरों को अगुलियों मे न्यास करे। ॥ १२ ॥ तार्क्ष्य मन्त्र के द्वारा हस्त मे स्पर्श करने से ही दोनो प्रकार के विषो का हनन करना चाहिए। अब योजित विग्रति के मण्डलादि मे उन वर्णों का न्यास करे ॥ १३ ॥ श्रेष्ठ दो अगुलियो से देह न भि स्थानो में पर्वो मे जानु पर्यन्त सुवर्ण की आभा वाले को, नाभि पर्यन्त तुहिन की आभा से युक्त को कण्ठ पर्यन्त कु कुम की आभा वाले को और केशान्त पर्यन्त सित से अन्य की आभा वाले को, ब्रह्माण्ड व्यापी तार्क्ष्य चन्द्र नाम वाले नागभूषण,नीलाग्र नासा वाले महा पक्ष आत्मा का बुध के द्वारा स्मरण करना चाहिए। इस प्रकार से तार्क्ष्य़ात्मा मन्त्र के वचन से विष मे मन्त्र हो जाता है ॥१४॥१५॥१६॥

मुष्टिस्तार्क्ष्यकरस्यान्त स्थिताऽङ्गुष्ठविषापहा ।
तार्क्ष्य हस्त समुद्यम्य तदग्राङ्गुलिचालनात् ॥१७
कुर्याद्विपस्य स्तम्भादीस्तदुक्तमदवीक्षया ।
आकाशादेव भूर्वीज पञ्चार्णाधिपतिर्मनु ॥१८
सस्तम्भयेऽतिविपतो भापया स्तम्भयेद्विपम् ।
व्यत्यस्तभूपणो बीजमन्त्राद्य साधुसाधित: ॥१९
सप्लवप्लावयमशब्दाद्य सहरेद्विपम् ।
दण्डमुत्थापयेदेप सुजसाम्भोभिपेकत ॥२०
सुजसशङ्खभेर्यादिनिस्वनश्रवणेन वा ।
सदहत्येव सयुक्तो भूतेजोव्यत्ययास्थित ॥२१

भूवायुव्यत्ययान्मन्त्रो विषं संक्रामयत्यसौ ।
अन्तस्थो निजवेदमस्थो बीजाग्नीन्दुजलाम्बुभिः ॥२२

एतत्कर्म नयेन्मन्त्री गरुडाकृतिविग्रहः ।
तार्क्ष्यवरुणगेहस्थस्तज्जपान्नशयेद्विषम् ॥२३

जानुदण्डीगुदितं स्वधाश्रीबीजलाञ्छितम् ।
स्नानपानात्सर्वविष ज्वरा रोगापमृत्युजित् ॥२४

तार्क्ष्य कर की अन्तःस्थिति मुष्टि अंगुष्ठ विष के अपहरण करने वाली होती है। तार्क्ष्य में हाथ को समुचन करके उसकी पाँचो अंगुलियों के चालन करने से विष का स्तम्भन आदि किया जाता है मद्बीक्षा से यह कहा गया है। आकाश से यह भू बीज वाला पाँच वर्णों का अधिपति मन्त्र होता है ॥१७॥ ॥१८। अति विष से संस्तम्भन करने के लिये भाषा से विष का स्तम्भन करना चाहिए। भली प्रकार की साधना से साधित यह व्यत्यस्त भूषण वाला बीज मन्त्र है ॥ १६ ॥ 'सप्लव प्लावम्'—यह आदि में जिसके शब्द हैं वह विष का संहरण करता है। 'दण्डमुत्थापयेत्'—यह भली-भाँति जाप करके जल के अभिषेक से सहार करता है ॥ २० ॥ भली-भाँति जप किया हुआ ढाह्य भेरी आदि की ध्वनि के श्रवण द्वारा भूतेजो व्यत्य से स्थित एवं सयुक्त अच्छी तरह दहन कर ही देता है ॥ २१ ॥ भू और वायु के व्यत्यय करने से यह मन्त्र विष का संक्रामण कर देता है। अन्तस्थ और निजवेश्म में स्थित बीज, अग्नि इन्दु, जल और अम्बु के द्वारा गरुड की आकृति विग्रह वाला मन्त्री यह कर्म करे। तार्क्ष्य, वरुणगेहस्थ उसके जप से विष का नाश करे ॥ २२ ॥ २३ ॥ जानु दण्डी गुदित और स्वधा श्री बीज से लाञ्छित समस्त प्रकार के विष का स्नान एवं पान से नाश करे और ज्वर रोग तथा अपमृत्यु का जीतने वाला होता है ॥२४॥

पक्षि पक्षि महापक्षि महापक्षि वि वि स्वाहा ।
पक्षि पक्षि महापक्षि महापक्षि क्षि क्षि स्वाहा ॥२५

द्वावेतौ पक्षिराण्मन्त्रौ विषघ्नावभिमन्त्रणात् ॥२६

पक्षिराजाय विद्महे पक्षिदेवाय धीमहि ।
तन्नो गरुड प्रचोदयात् ॥२७
वन्हिस्थौ पार्श्वपूर्वौ दन्तश्चेको च दण्डिनौ ।
सकान्तो लाङ्गली चेति नीलकण्ठाद्यमीरितम् ॥
वक्ष कण्ठाशाखाश्वेत न्यसेत्स्तम्भे सुसस्कृतौ ॥२८
हर हर हृदयाय नम कपर्दिने च शिरसि ।
नीलकण्ठाय वै शिखा कालकूटविषभक्षणाय स्वाहा ॥२९
अथ वर्म च कण्ठे नेत्र कृत्तिवासास्त्रिनेत्रम् ।
पूर्वाद्यैरानर्नैर्युक्त श्वेतपीतारुणासितै ॥३०
अभय वरद चाप वासुकि च दधद्भजै
यस्योपवीतपार्श्वस्था गौरी रुद्रोऽस्य देवता ॥३१
पादजानुगुह्यनाभिहृत्कण्ठाननमूर्धसु ।
मन्त्रार्णान्विन्यस्य करयोरङ्गुष्ठाद्यङ्गुलीषु च ॥३२
तर्जन्यादितदन्तासु सर्वमङ्गुष्ठयोर्न्यसेत् ।
ध्यात्वैव सहरेत्क्षिप्र बद्धया शूलमुद्रया ॥३३
कनिष्ठा ज्येष्ठया बद्धा तिस्राऽन्या प्रसृतेर्जवा
विषनाशे वामहस्तमन्यस्मिन्दक्षिण करम् ॥३४
ॐ नमो भगवते नीलकण्ठाय चि , अमलकण्ठाय चि. ।
सर्वज्ञकण्ठाय चि , क्षिप क्षिप, ॐ स्वाहा ।
अमलनीलकण्ठाय नैकसर्वविषापहाय ।
नमस्ते रुद्र मन्यव इति समार्जनाद्विष विनश्यति न सदेह ।
कर्णजाप्या उपानहा वा ॥३५
यजेद्रुद्रविधानेन नीलग्रीव महेश्वरम् ।
विषव्याधिविनाश स्यात्कृत्वा रुद्रविधानकं ॥३६

'पक्षि पक्षि महापक्षि महापक्षि वि वि स्वाहा'—पक्षि पक्षि महापक्षि महापक्षि क्षि क्षि स्वाहा'—ये दो पक्षि राट् के मन्त्र हैं। इनके अभिमन्त्रण करने से विष का हनन होता है। 'पक्षिराजाय विद्महे पक्षि देवाय धीमहि।

तन्नो गरुड प्रचोदयात्" यह मन्त्र गरुड का है। वह्निस्थ, पार्श्वस्पूर्व, दन्तश्रोको दण्डी सकालो और लाङ्गली यह नील कण्ठादि उच्चारण करके पक्ष, मण्ठ, शिखा श्वेत को सुसंस्कृत करके स्तम्भन मे न्यास करे। हर हर हृदयाय नमः कपर्दिने शिरसि, नीलकण्ठाय शिखा, कालकूट विष भक्षणाय स्वाहा—इस विधि से न्यास करना चाहिए ।।२५ से २८ तक।। इसके अनन्तर कण्ठ में चर्म, नेत्र, व्याघ्र चर्म के वस्त्र वाले, त्रिनेत्र पूर्वादि आननों (मुखो) से युक्त जो कि श्वेत पीत और अरुण हैं। अभय, वरद (वरदान देने वाले) चाप और वासुकि को भुजाओं मे धारण करने वाले, जिसके उपवीत के पार्श्व में गौरी स्थित है, रुद्र जिसके देवता हैं। मन्त्र के वर्णों को पाद, जानु (घुटना), गुह्य नाभि, हृदय कण्ठ, मुख और मस्तक में विन्यास करे। इसके अनन्तर दोनो हाथो के अ गुष्ठ आदि अ'गुलियो मे न्यास करे ।।३०।।३१।।३२।। तजनी से आदि लेकर उसके आगे समस्त अंगुलियो मे और फिर सबका दोनों अ गुष्ठों में न्यास करना चाहिए। इस प्रकार से ध्यान करके शीघ्र ही वद्ध शूल की मुद्रा से उसका सहार करे ।।३३।। कनिष्ठा को ज्येष्ठा के साथ वद्ध करे और अन्य तीन को प्रसृति से जोड दे। विष के नाश में बाँये हाथ को और अन्य कार्य म दाहिने हाथ को काम मे लावे। मन्त्र—ओं नमो भगवते नीलकण्ठाय चि, अमलकण्ठाय चि, सर्वज्ञ कण्ठाय चि, क्षिप क्षिप, ॐ स्वाहा। अमल नील कण्ठाय नैव सर्व विषापहाय। नमस्ते रुद्र मन्यवे' इस मन्त्र से समार्जन करने से विष का निश्चय ही विनाश हो जाता है। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। वर्ण जाप है अथवा उपानह के द्वारा जप के योग्य है। रुद्र के विधान से इस प्रकार से महेश्वर नीलग्रीव का यजन करे। रुद्र के विधान करने वाले का विष और व्याधि का विनाश होता है ।।३४।।३५।।३६

१५१—पंचाङ्गरुद्रविधानम्

वक्ष्ये रुद्रविधान तु पञ्चाङ्ग सर्वद परम्।
हृदय शिवसकल्प शिर सूक्त तु पौरुषम् ।।१

शिखाऽस्य सम्भृत सूक्तमाशु कवचमेवच ।
शतरुद्रीयसज्ञय्य रुद्रस्याङ्गानि पञ्च हि ॥२

पञ्चाङ्गान्यस्य त ध्यात्वा जपेद्रुद्रास्नत क्रमात् ।
यज्जाग्रत इति सूक्त षड्च मानस विदु ॥३

ऋषि स्याच्छिवसकल्पश्छन्दस्त्रिष्टुबुदाहृतम् ।
शिर सहस्रशीर्षेति तस्य नारायणोऽप्यृषि ॥४

देवता पुरुषोऽनष्टुष्छन्दो ज्ञेय च त्रैष्टुभम् ।
अद्भ्य सम्भृतसूक्तस्य ऋषिरुत्तरगो नरः ॥५

आद्याना तिसृणा त्रिष्टुप्छन्दोऽनष्टुब्द्वयोरपि ।
छन्दस्त्रैष्टुभमन्त्याया पुरुषोऽस्यास्ति देवता ॥६

आशुरिन्द्रो द्वादशाना छन्दस्त्रिष्टुबुदाहृतम् ।
ऋषि प्रोक्त प्रतिरथ सूक्ते सप्तदशात्मके ॥७

पृथक्पृथग्देवता स्यु पुरुविदङ्गादेवता ।
अवशिष्टे व्रतेषु च्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ॥८

इस अध्याय म पञ्चाङ्गरुद्र का विधान बतलाया जाता है। श्री अग्नि देव ने कहा—अब मैं पाँच अङ्गो वाला रुद्र का विधान बतलाता हूँ जो सब कुछ देने वाला और परम श्रेष्ठ है। हृदय शिव सङ्कल्प है शिर पुरुष सूक्त है आशु कवच है। इस प्रकार मे शत रुद्रीय सज्ञा वाले रुद्र के ये पाँच अङ्ग होते हैं। ॥१॥२॥ इनके इन पाँचो अङ्गो का ध्यान करके इसके अनन्तर क्रम से रुद्रो का जाप करना चाहिए। यज्जाग्रत इत्यादि सूक्त है। यह छै ऋचाओं वाला मानस जानना चाहिए ॥३॥ इसके शिव सङ्कल्प ऋषि हैं और अनुष्टुप् छन्द कहा गया है। सहस्र शीर्षा —यह उनका शिर है और उसके नारायण भी ऋषि हैं ॥४॥ पुरुष देवता है और अनुष्टुप् तथा त्रैष्टुप् छन्द हैं। अद्भ्य अर्थात् जलो से सम्भृत सूक्त के ऋषि उत्तर मे गमन करने वाले नर हैं ॥५॥ आदि मे होने वाले तीनो त्रिष्टुप छन्द हैं और दोनो के अनुष्टुप् हैं। अन्तिम ऋचा का छन्द त्रैष्टुभ है। इसके देवता पुरुष हैं ॥६॥ बारहों के आशु इन्द्र हैं

और छन्द त्रिष्टुप् बताया गया है। प्रतिरथ इसके ऋषि कहे गये हैं। इस प्रकार से सत्रह ऋचाओं वाला सूक्त है। ॥ ७ ॥ पृथक् २ मन्त्र देवता हैं। अवशिष्ट देवतावालों मे अनुष्टुप् छन्द बताया गया है ॥८॥

असौ यस्ताम्रो भवति पुरुलिङ्गोक्तदेवता।
पङ्क्तिश्छन्दोऽथ मर्माणि त्रिष्टुब्लिङ्गोक्तदेवता. ॥९
रौद्राध्याये च सर्वस्मिन्नृषि स्यात्परमेष्ठ्यथ।
प्रजापतिर्वा देवाना कुत्सश्च तिसृणां पुन ॥१०
मनोर्द्वयो रुगेका स्याद्रुद्रो रुद्राश्च देवता।
आद्योऽनुवाकोऽथ पूर्व एकरुद्राख्यदैवत ॥११
छन्दो गायत्रमाद्याया अनुष्टुप्तिसृणामृचाम्।
तिसृणां च तथा पङ्क्तिरनुष्टुब्वथ संस्मृतम् ॥१२
द्वयोश्च जगतीछन्दो रुद्राणामप्यशीतय।
हिरण्यबाहवस्तिस्रो नमो व किरिकाय च ॥१३
पञ्चर्चो रुद्रदेवा स्युर्मन्त्रे रुद्रानुवाकक।
विशके रुद्रदेवास्ता प्रथमा बृहती स्मृता ॥१४
ऋग्द्वितीया त्रिजगती तृतीया त्रिष्टुबेव च।
अनुष्टुभा यजुस्तिस्र आर्योऽभिज्ञ सुसिद्धिभाक् ॥१५
त्रैलोक्यमोहनेनापि विपव्याध्यादिमर्दनम् ॥१५

जो यह ताम्र होता है उसका पुरुलिङ्ग उक्त देवता होता है। पंक्ति छन्द और त्रिष्टुप् लिङ्ग उक्त देवता हैं॥ ९ ॥ समस्त रौद्राध्याय मे परमेष्ठी ऋषि और तीन देवताओं म प्रजापति तथा कुत्स हैं॥ १० ॥ दो मन्त्रो की एक ही ऋक् है और रुद्र तथा बहुत से रुद्र देवता हैं। प्रथम अनुवाक और इसके अनन्तर एक रुद्र नाम वाला देवता है॥ ११ ॥ आद्यऋचा का छन्द गायत्र है और तीन ऋचाओं का छन्द अनुष्टुप् होता है। तथा तीन का पंक्ति और अनन्तर मे अनुष्टुप् बताया गया है॥ १२ ॥ दो का जगती छन्द है, रुद्रों के भी अशीति हैं। तीन हिरण्यबाहव हैं और नमो व किरिकाय य पाँच ऋचाऐं

रुद्र देव वाली है। मन्त्र मे रुद्र का अनुवाक् है। विराक मे रुद्र देव है और प्रथम बृहती कही गई है ॥ १३ ॥ १४ ॥ दूसरी ऋचा त्रिजगती और तृतीया ऋचा त्रिष्टुप् है। तीन यजु अनुष्टुप् हैं और सुसिद्धि भाक् आयं अभिन्न है। त्रैलोक्य के मोहन से भी विष तथा व्याधि आदि का मर्दन करने वाला है ॥ १५ ॥

इ श्री ह्री ह् रु त्रैलोक्यमोहनाय विष्णवे नम ।१६
अनुष्टु भनृसिंहेन विषव्याधिविनाशनम् ।।१७
ॐ हम्, इम्, उग्र वीर महाविष्णु ज्वलन्त सर्वतोमुखम् ।१८
नृसिंह भीषण भद्र मृत्युमृत्यु नमाम्यहम् ।
अयमेव तु पञ्चाङ्गो मन्त्र सर्वार्थसाधक ।।१९
द्वादशाष्टाक्षरौ मन्त्रौ विषव्याधिविमर्दनौ ।
कुब्जिका त्रिपुरा गौरी चन्द्रिका विषहारिणी ।।२०
प्रसादमन्त्रो विषहृदायुरारोग्यवर्धन ।
सौरो विनायकस्तद्वद्रुद्रमन्त्रा सदाऽखिला ।।२१

मन्त्र— "इ श्री ह्री ह्, त्रैलोक्य मोहनाय विष्णवे नम " यह मन्त्र अनुष्टुप् नृसिंह के द्वारा विष व्याधि का नाशक होता है। "ॐ हम् इम्, उग्र वीर महा विष्णु ज्वलन्त सवतो मुखम्। नृसिंह भीषण भद्रम् मृत्यु मृत्यु नमाम्यहम्"—यह ही पचाङ्ग मन्त्र समस्त अर्थों का अर्थात् कामनाओं को सिद्ध करने वाला है। १६ ॥ १७ ॥ १८ ॥ १९ ॥ द्वादश अक्षर वाला और आठ अक्षरों वाला ये दो मन्त्र विष तथा व्याधि के विमर्दन करने वाले होते हैं। कुब्जिका—त्रिपुरा—गौरी और चन्द्रिका विष का हरण करने वाली है ॥ २० ॥ प्रसाद मन्त्र विष हृद अर्थात् विष के हर्त्ता तथा आयु और आरोग्य का बढाने वाला है। सौर—विनायक और इसी भाँति समस्त रुद्र मन्त्र सर्वदा आयु एव आरोग्य के वधक होते हैं ॥२१॥

१५२ विषहृन्मन्त्रौषधम् ।

ॐ नमो भगवते रुद्राय च्छिन्द च्छिन्द विष ज्वलितपरशुपाणये ।
नमो भगवते पक्षि रुद्राय दष्टकमुत्थापयोत्थापय दष्टक कम्पय
कम्पय जल्पय जल्पय सर्पदष्टमुत्थापयोत्थापय लल लल बन्ध
बन्ध मोचय मोचय वररुद्र गच्छ गच्छ वध वध त्रुट त्रुट बुक
बुक भीषय भीषय मुष्टिना विष संहर संहर ठ ठ ॥१
पक्षिरुद्रे ण ह विष नाशमायाति मन्त्रणात् ॥२
ॐ नमो भगवते रुद्र नाशय विष स्थावरजङ्गम कृत्रिमाकृत्रिम-
मुरविष नाशय नानाविष दष्टकविष नाशय धम धम दम दम
वम वम मेघान्धकारधारावर्ष निर्विषी भव संहर संहर गच्छ
गच्छाऽऽवेशयाऽऽवेशय विषोत्थापनरूप मन्त्राद्विषधारणम् ।
ॐक्षिप, ॐक्षिप, स्वाहा ॐ ह्रां ह्रों खो स ठ ह्रौं ह्रीं ठः ॥३
जपादिना साधितस्तु सर्पान्विघ्नाति नित्यश ।
एकद्वित्रिचतुर्बीज कृष्णाचक्राङ्कपञ्चक ॥
गोपीजनवल्लभाय स्वाहा सर्वार्थसाधक ॥४
ॐ नमो भगवते रुद्राय प्रेताधिपतये शृणु शृणु गर्ज गर्ज भ्रामय
भ्रामय मुञ्च मुञ्च मुह्य मुह्य, कट्ट कट्ट, आविश आविश, सुवर्ण-
पतङ्ग रुद्रो ज्ञापयति ठ ठ ॥५
पातालक्षोभमन्त्रोऽय मन्त्राणाद्विषनाशन ।
दशकाहिदशे सर्वे दष्ट काष्ठशिलादिना ॥६

इस अध्याय मे विष के हरण करने वाले मन्त्र तथा औषधो का वर्णन किया जाता है । अग्नि देव ने कहा—मन्त्र का स्वरूप—" ओ नमो भगवते रुद्राय छिन्द छिन्द विष ज्वलित परशु पाणये च । नमो भगवते पक्षि रुद्राय दष्टकमुत्थापय—उत्थापय, दष्टक कम्पय २, जल्पय-जल्पय, लल लल, बन्ध-बन्ध मोचय—मोचय, वररुद्र गच्छ—गच्छ, वध—वध, त्रुट—त्रुट, बुक-बुक, भीषण-भीषण मुष्टिना विष सहर सहर, ठठ' । पक्षि रुद्र के द्वारा ह विष

मन्त्रण करने से नाश को प्राप्त होता है ॥ १ ॥ मन्त्र—" ओं नमो भगवते रुद्र नाशय विष स्थावर जङ्गम कृत्रिमा कृतिम मुविष नाशय नाना विषं दहक विषनाशय धम-धम, दम-दम, वम-वम मेघान्धकार धारा वर्ष निर्विषी भव संहर संहर गच्छ गन्त्दाविशयावेशय विषोत्थापन रूप मन्त्राद्रिय धारणम् । ॐ क्षिप, ॐ क्षिप स्वाहा ॐ ह्रा ह्रीं क्षौं स, ठ ध्रौ ह्रीं ठः ॥ ३ ॥ जप आदि के द्वारा साधना किया हुआ मन्त्र नित्य ही सर्पों का बन्धन करता है । एक-दो-तीन और चार बीज वाला तथा कृष्ण चक्राङ्ग पञ्चक " गोपी जन वल्लभाय स्वाहा "—यह समस्त अर्थों का साधक है ॥ ४ ॥ " ओं नमो भगवते रुद्राय प्रेताधिपतये गृह्णु गृह्णु, गर्ज गर्ज, भ्रामय भ्रामय, मुञ्च मुञ्च, मुह्य मुह्य, कट्ट कट्ट, आविश आविश, सुवर्ण पतङ्ग रुद्रो ज्ञापयति ठ ठ " ॥ ५ ॥ यह पाताल क्षोभ मन्त्र है यह मन्त्रण करने से विष का नाश किया करता है। जो दशक अहि (सर्प) के दश मे काष्ठ शिला आदि के द्वारा सद्यः दष्ट हुआ हो

विषशान्त्यै दहेद् शज्वालकोकनदादिना ।
शिरीषबीजपुष्पार्कक्षीरबीजव टुत्रयम् ॥७
विष विनाशयेत्पानलेपनेनाञ्जनादिना ।
शिरीषपुष्पस्य रसभावित मरिच सितम् ॥८
पाननस्याञ्जनाद्यं श्च विष हन्यान्न सशयः ।
कोपातकीवचाहिङ्गु शिरीषार्कपयोयुतम् ॥९
कटुत्रय समेषाम्भो हरेन्नस्यादिना विषम् ।
रामठेक्ष्वाकुमर्वाङ्गिचूर्णं नस्याद्विषापहम् ॥१०
इन्द्रवलाग्निक द्रोण तुलसी देविका सहा ।
तद्रसाक्त त्रिकटुक चूर्णं भक्ष्य विषापहम् ॥११
पञ्चाङ्ग कृष्णपञ्चम्या शिरीषस्य विषापहम् ॥१२

विष की शान्ति के लिये म श ज्वाल कोक नद आदि से दाह कर देना चाहिए । सिरस के बीज पुष्प आक का दूध बीज और कटु त्रय इनके पान-लेपन और अञ्जन आदि से विष का विनाश कराना चाहिए । सिरीष के पुष्प

के रस से सफेद मिर्च को भावित करे। इसके पान और अंजन आदि से विष का हनन होता है—इसमें कुछ भी संशय नहीं है। कोषातकी—वच—हींग-शिरिष आक के पय से युक्त कटुत्रय—मेष श्रृङ्ग—इनके बनाये हुए नस्य आदि से विष का नाश होता है। रामठ और इक्ष्वाकु का सर्वाङ्ग चूर्ण के द्वारा नस्य देने से विष का अपहरण होता है। इन्द्रवारुणी—अभिक—द्रोण—तुलसी—देविका—महा इनके रस से युक्त त्रिकटुक का चूर्ण खाने से विष का नाश होता है। शिरीष का पञ्चाङ्ग (फल—पत्र—पुष्प—छाल और मूल) को कृष्णपक्ष की पञ्चमी में ग्रहण करने से विष का अपहरण होता है ॥ ७ ॥ ८ ॥ ९ ॥ ॥ १० ॥ ॥ ११ ॥ १२ ॥

१५३-गोनसादिचिकित्सा

गोनसादिचित्सा च वशिष्ठ शृणु वच्मि ते ॥१
ॐ ह्रां ह्रीम्, अमलपक्षि स्वाहा ॥२
ताम्बूलखादनान्मन्त्री हरेन्मण्डलिनो विषम्।
लशुन रामठफल कुष्ठोग्रा व्योपक विषे ॥३
स्नुहीक्षीर गव्यघृत पक्व पीत्वाऽहिजे विषे।
अथ राजिलदष्टे च पेषा कृष्णा ससैन्धवा ॥४
आज्य क्षौद्रं शकृत्तोय पुरीतत्या विषापहम्।
सकृष्णाखण्डदुग्धाज्य पातव्य तेन माक्षिकम् ॥५
व्योष पिच्छ बिडालास्थिनकुलाङ्गरहै समं-।
चूर्णितैर्मेषदुग्धाक्तैर्धूप सर्वविषापह ॥६
रोमगिरिगुण्डिकाकोलवर्णैर्वा लशुन समम्।
भुनिपत्रं कृनस्वेद दष्ट काञ्जिकपाचितैः ॥७
मूषिका षोडश प्रोक्ता रस कार्पासज पिवेत्।
सतैल मूषिकाविघ्न फलिनीकुसुम तथा ॥८

श्री अग्निदेव ने कहा—हे वशिष्ठ! अब मैं गोनसादि की चिकित्सा बतलाता हूं उसे तुम श्रवण करो। मन्त्र—"ॐ ह्रां ह्रीम्, अमल पक्षि स्वाहा"

इस मन्त्र द्वारा मन्त्री ताम्बूल के भक्षण से मण्डली के विष का हरण करे। लहसुन-रामठ या फल-कुष्ठ-स्योषक-विष में देवे। स्नुही (थूहर) का दूध गौ का घृत पका हुआ पीकर सर्प से प्राप्त विष का नाश करे। राजिल के द्वारा दष्ट होने पर सैन्धव के साथ कृष्णा का पान करना चाहिए ॥१-२-३-४॥ घृत-क्षौद्र और शकृत् का जल पुरीतरया के विष का नाशक है। कृष्णा-खांड-दूध और घृत-माक्षिक पीना चाहिए ॥५॥ श्योण पिच्छ-विडाल की हड्डी—न्योले के रोम समभाग चूर्ण करके मेष के दूध में भक्त करे और घृत देवे तो समस्त विषों का अपहरण होता है ॥६॥ अथवा रोम-निर्गुण्डी-काकोल और इनके समभाग लहसुन को मुनि पत्रों के (अगस्त्य वृक्ष के पत्तों के) द्वारा स्वेदन करके कांजी से पाचित करे और दष्ट को देवे ॥ ७ ॥ मूषिका सोलह बताई गई हैं। कपास का रस पिलाना चाहिए। तैल के सहित फलिनी के पुष्प मूषिका के दुःख के नाश करने वाले होते हैं ॥८॥

मनागरगुड भक्ष्यं तद्विषारोचकापहम् ।
चिकित्सा विंशति प्रोक्ता लूता विषहरो गण ॥९
पद्मक पाटली कुष्ठ नतमुशीरचन्दनम् ।
निर्गुण्डी सारिवा शेलु लूतार्त सेचयेज्जलैः ॥१०
गुञ्जानिर्गुण्डिकङ्कोलपर्णं शुण्ठी निशाद्वयम् ।
करञ्जास्थि च तत्पङ्कं वृश्चिकार्तिहरं शृणु ॥११
मञ्जिष्ठा चन्दन व्योषपुष्पशिरीषकौमुदम् ।
सर्वेष्वाअतुरा योगा लेपादौ वृश्चिकापहा ॥१२
ॐ नमो भगवते रुद्राय चिवि चिवि च्छिन्द च्छिन्द किरि किरि भिन्द भिन्द खड्गेन च्छेदय च्छेदय शूलेन भेदय२ चक्रेण दारय दारय, ॐ ह्रूं फट् ॥१३
मन्त्रेण मन्त्रितो देयो गर्दभादीन्निकृन्तति ।
त्रिफलोशीरमस्ताम्बुमामीपद्मकचन्दनम् ॥१४
अजाक्षीरेण पानादौ गर्दभादेर्विषं हरेत् ।
हरेच्छिरीषपञ्चाङ्गव्योष शतपदीविषम् ॥१५

सकन्धर शिरीषास्थि हरेदुन्दूरज विषम् ।
व्योष ससर्पि. पिण्डीतमूलमस्य विष हरेत् ॥१६

नागर के साथ गुड को खाने से उसके विषारोचक का अपहरण होता है। बीस चिकित्सा बताई गई है। लूता के विष का हरण करने वाला गण है॥ ६॥ पद्मक–पटली–कुष्ठ–नत–उशीर–चन्दन–निर्गुण्डी–सारिवा–सेलु–से जल के द्वारा लूता के दुःख से पीडित को सेचन करना चाहिए ॥१०॥ गुंजा-निर्गुण्डी–अङ्कोलपत्र–सोंठ—दोनो प्रकार की हल्दी–करञ्ज–अरि—इनके पङ्क से वृश्चिक की आर्त्तिका नाश होता है॥ ११॥ मंजीठ–चन्दन–मोच पुष्प–शिरीष कोगुह ये चारो योग सयोजित करे और लेपादि करने पर विष का अपहरण करने वाले होते हैं।-१२॥ मन्त्र—'ॐ नमो भगवते रुद्राय चिवि-चिवि, छिन्द-छिन्द, किरि-किरि, भिन्द भिन्द खड्गेन च्छेदय-च्छेदय, शूलेन भेदय भेदय, चक्रेण दारय दारय ॐ ह्रूं फट् इस मन्त्र के द्वारा मन्त्रित कर देना चाहिए। इससे गर्दभ आदि के विष का छेदन होता है। त्रिफला–उशीर–मस्ताम्बु–जटामांसी–पद्मक–चन्दन इनका बकरी के दूध के साथ पान आदि करने पर गर्दभ आदि के विष का हरण होता है। शिरीष का पञ्चाङ्ग और व्योष शतपदी के विष का हरण कर देता है॥१३,१४ १५॥ कन्धर के सहित शिरीष की अस्थि उन्दूर के विष का हरण करती है। घृत के सहित व्योष और पिण्डीत का मूल इसके विष का नाश किया करता है॥१६॥

क्षारव्योषवचाहिङ्गु विडङ्ग सैन्धव नतम्।
अम्बष्ठाऽतिबला कुष्ठ सर्वकीटविष हरेत्॥
यष्टिव्योषगुडक्षीरयोग शुनो विषापह ॥१७
ॐ सुभद्रायै नम, ॐ सुप्रभायै नम ॥१८
यान्यौषधानि गृह्यन्ते विधानेन विना जनैः।
तेषा बीज त्वया ग्राह्यमिति ब्रह्माऽब्रवीच्च ताम् ॥१९
ता प्रणम्यौषधी पश्च द्यवान्प्रक्षिप्य मुष्टिना।
दश जप्त्वा मन्त्रमिम नमस्कुर्यात्तदौषधम् ॥२०

स्वामुद्धराम्यूर्ध्वनेत्रामनेनैव च भक्षयेत् ।
नम पुरुषसिंहाय नमो गोपालकाय च ॥२१
आत्मनैवाभिजानाति रणे कृष्ण पराजयम् ।
अमन सत्यवाक्येन अगदो मेऽस्तु सिध्यतु ॥२२
नमो वैदूर्यमात्रे तत्र रक्ष रक्ष मा सर्वविषेभ्यो
गौरि गान्धारि चाण्डालि मातङ्गिनि स्वाहा हरिमायें ॥२३
ओषधादौ प्रयोक्तव्यो मन्त्रोऽयं स्थावरे विषे ।
भुक्तमात्रे स्थिरे ज्वाले पद्मशीताम्बुसेवितम् ।
पाययेत्सघृत क्षौद्र विषिश्च तदनन्तरम् ॥२४

क्षार–व्योष–वच–हिंगु–वायविडङ्ग–सैन्धव–नत–अम्बष्ठा–अतिवला—कुष्ठ ये वस्तु समस्त कीटों के विष को हरण किया करती हैं। यष्टि–व्योष–गुड और क्षीर का योग कुत्ते का विष से अपहरण किया करता है ॥१७॥ मन्त्र—"ॐ सुभद्रायै नम । ॐ सुप्रभायै नम"। जो औषध हैं वे यदि बिना विधान के ग्रहण की जाती हैं तो उनका बीज तुमको ग्रहण कर लेना चाहिए—यह ब्रह्माजी ने उनसे कहा था ॥१८-१९॥ पूर्व प्रथम जिस औषध को लेना है उसे प्रणाम करे फिर मुट्ठी से जौओं को उस पर फेंके। इसके पश्चात् दश बार इस मन्त्र का जाप करे। फिर उस औषधि को प्रणाम करना चाहिए ॥२०॥ "ऊर्ध्वनेत्रा त्वामुद्धरामि" इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए भक्षण करना चाहिए। मन्त्र—'नम पुरुष सिंहाय नमो गोपाल काय च। आत्मनैवाभि जानाति रणे कृष्ण पराजयम्। अमन सत्य वाक्येन अगदो मेऽस्तु सिध्यतु। नमो वैदूर्यम त्रे तत्र रक्ष रक्ष मां सर्वं विषेभ्यो गौरि गान्धारि चाण्डालि मातङ्गिनि स्वाहा हरिमायें'—स्थावर विष में जो औषध आदि हों उनमें इस मंत्र का प्रयोग करना चाहिए। भुक्त मात्र में ज्वाला के स्थिर होने पर पद्मशीताम्बु सेवित को पिलावे। घृत के सहित शहद का इसके अनन्तर अभिषेचन करना चाहिए ॥२१ से २४॥

१२४-बालादिग्रहहर-बालतन्त्रम्

बालतन्त्र प्रवक्ष्यामि बालादिग्रहमर्दनम् ।
अथ जातदिने वत्सं ग्रही गृह्णाति पापिनी ॥१
गात्रोद्वेगो निराहारो नानाग्रीवाविवर्तनं ।
तच्चेष्टितमिदं तस्यान्मातृणां च बलं हरेत् ॥२
मत्स्यमांससुराभक्ष्यगन्धस्रग्धूपदीपकैः ।
लिम्पेच्च धातकीलोध्रमञ्जिष्ठातालचन्दनैः ॥३
महिषाक्षेण धूपश्च द्विरात्रे भीषणी ग्रही ।
तच्चेष्टा कासनिःश्वासौ गात्रसंकोचनं मुहुः ॥४
अजामूत्रयुतैः कृष्णा सेव्याऽपामार्गचन्दनैः ।
गोशृङ्गदन्तकेशैश्च धूपयेत्पूर्ववद्बलिः ॥५
ग्रही त्रिरात्रे घण्टाली तच्चेष्टा क्रन्दनं मुहुः ।
जृम्भणं स्वनितं त्रासो गात्रोद्वेगमरोचनम् ॥६
केशराञ्जनगोहस्तिदन्तं साजपयो लिपेत् ।
नखराजीविल्वदलैर्धूपयेच्च बलिं हरेत् ॥७
ग्रही चतुर्थी काकोली गात्रोद्वेग प्ररोचनम् ।
फेनोद्गारो दिशो दृष्टिः कुल्माषैः सासवैर्बलिः ॥८

इस अध्याय में बालादि ग्रह वाला तन्त्र का वर्णन किया जाता है। अग्नि देव ने कहा—बालादि के ग्रह मर्दन करने वाला तन्त्र अब मैं बतलाता हूँ। जात दिन में अर्थात् जिस दिन बच्चा पैदा होता है उसी दिन में पापिनी ग्रही वत्स को ग्रहण किया करती है। गात्र का उद्वेग आहार न करना और अनेक प्रकार से गरदन को तोड़ना-मोड़ना—यह चेष्टाऐं बालक की होती हैं और उनकी माताओं के बल का हरण कर लेती है। मत्स्य को माँस-सुरा भक्ष गन्ध-प्रसून धूप और दीप करे तथा धातकी—लोध्र—मजीठ—ताल और चंदन से लेप करे ॥१-२-३॥ भीषणी ग्रही को दो रात्रि तक महिषाक्ष के द्वारा धूप देनी चाहिए। उसकी चेष्टाऐं ये होती हैं खांसी—श्वास चलना और बार-बार

शरीर का सङ्कोचन करना है ॥ ४ ॥ बकरी के मूत्र से युक्त अपामार्ग और चन्दन से कृष्णा का सवन करना चाहिए । गोशृङ्ग-दन्त और केशों से धूप देनी चाहिए और पूर्व की भाँति बलि देवे ॥५॥ पञ्चमी ग्रही तीन रात्रि तक रहती है । बार-बार रोना-चिल्लाना, जँभाई लेना, स्वनित, त्रास (भय), शरीर का उद्वेग और अरोचना ये उसकी चेष्टाऐं हुआ करती हैं ॥६॥ इसके निवारण के लिए रैशाञ्जन गौ और हाथी के दाँत को बकरी के दूध के साथ लेप करना चाहिए । नख-राई और बिल्व के पत्तों की धूप देवे तथा बलि देवे ॥ ७॥ चौथी ग्रही कापाली होती है । इससे गात्र (शरीर के अङ्ग) का उद्वेग-प्रगावन-प्राणों का उद्गार-दिशाओं की ओर दृष्टि रखना ये चेष्टाऐं होती हैं । इसके लिए शासबक सहित कुल्माषों से बलि देवे ॥८॥

गजदन्ताहिनिर्मोकवाजिमूत्रप्रलेपनम् ।
सराजीनिम्बपत्रेण वृककेशेन धूपयेत् ॥६
हसाधिका पञ्चमी स्याज्जृम्भाश्वासोर्ध्वधारिणी ।
मुष्टिबन्धश्च तच्चेष्टा बलि मत्स्यादिना हरेत् ॥१०
मेषशृङ्गबलालोध्रशिलातालैः शिशु लिपेत् ।
फटकारी तु ग्रही षष्ठी भयम ह्रप्ररोदनम् ॥११
निराहारोऽङ्गविक्षेपो हरेन्मत्स्यादिना बलिम् ।
राजी गुग्गुलुकुष्ठ भद्रलाद्य धूपलेपनं ॥१२
सप्तमे मुक्तकेश्याख पूतिगन्धो विजृम्भणम् ।
नाद प्ररोदन कासो धूपो व्याघ्रनखैर्लिपेत् ॥१३
वचागोमयगोमूत्रै श्रीदण्डी च ष्टमे ग्रही ।
दिशा निरीक्षण जिह्वाचालन कासरोदनम् ॥१४
बलि पूर्वोश्च मत्स्याद्यं धूपलेपे च हिङ्गुना ।
वचासिद्धार्थलशुनैश्चोर्ध्वग्राही महाग्रही ॥१५
उद्वेजनोर्ध्वनिश्वास स्वमुष्टिद्वयखादनम् ।
रक्तचन्दनकुष्ठाद्यं धूपयेल्लपयेच्छिशुम् ॥१६

कपिरोमनखैर्धूपो दशमी रोदनी ग्रही ।
तच्चेष्टा रोदन शश्वत्सुगन्धो नीलवर्णता ॥१७

हाथी का दांत, सर्प का निर्मोक और अश्व के केश व का प्रलेपन होना चाहिए । राई के साथ नीम के पत्तो तथा वृक (भेड़िया) के केश से धूप देनी चाहिए ॥ ९ ॥ पांचवी ग्रही हंसाधिका नाम वाली होती है । जँभाई आना ऊर्ध्व धारिणा श्वास का चलना तथा मुष्टि बन्ध का होना ये इसकी चेष्टाएँ होती हैं । मत्स्य आदि के द्वारा बलि देनी चाहिए ॥१०॥ शृङ्ग–बला–लोध–शिला–ताल से शिशु का लेपन करे तो इसका प्रभाव चला जाता है । छटी ग्रही फटकारी नाम वाली होती है । इसमें भय–मोह और प्ररोदन आदि चेष्टाएँ शिशु की हुआ करती हैं । कुछ भी आहार न लेना तथा अंगों को इधर–उधर चलाना भी होता है । इसके निवारण के लिये मछली आदि की बलि देनी चाहिए तथा राई–गूगल–कुष्ठ–हाथी दांत से धूप देवे और लेपन करे ।११ १२। सप्तम दिनमे मुक्त केशी ग्रही होती है । इसके प्रभाव से जो शिशु पीडित होता है उसमे दुर्गन्ध होती है और वह विजृम्भण किया करता है । आवाज करता है और अधिक रोदन किया करता है । खांसी भी होती है । इसके निवारण के लिये व्याघ्र के नाखूनो से धूप देवे और वच–गोबर और गोमूत्र से लेपन करना चाहिये ॥ १३ ॥ अष्टम ग्रही श्री दण्डी होती है । इसके प्रभाव से दिशाओं को देखना—जीभ को चलाना–खांसीहोना—रोना ये चेष्टाएँ बालक की होती हैं । इसके लिये पहिली बताई हुई बलि देवे जो मत्स्य आदि की हैं और हींग की धूप तथा वच–सिद्धार्थ और लहसुन का लेप करे । ऊर्ध्व-ग्राही महा ग्रही है । इसमे उद्वेजन–ऊर्ध्वश्वास—अपनी दोनो मुट्ठियो को चलाना ये चेष्टाऐ हुआ करती हैं । इसके लिये रक्त चन्दन–कुष्ठ आदि से लेपन देवे तथा शिशु को कपि (बन्दर) के रोम और नखो की धूप देनी चाहिए । दशमी ग्रही रोदनी नाम वाली होती है । इसके प्रभाव से बालक की चेष्टा में रोना—एकबार अच्छी गन्ध का आना तथा नीला रंग हो जाना होता है ॥ १४ से १७ ॥

धूपो निम्बेन भूतोग्रराजीसर्जरसैर्लिपेत् ।
बलिं बहिर्हरेल्लाजकुल्मायकरकोदनम् ॥१८
यावत्त्रयोदशाह स्यादेव धूपादिका क्रिया ।
गृह्णाति मासिकं वत्सं पूतना शकुनी ग्रही ॥१९
काकवद्रोदनं श्वासो मूत्रगन्धोऽक्षिमीलनम् ।
गोमूत्रस्नपनं तस्य गोदन्तेन च धूपनम् ॥२०
पीतवस्त्रं ददेद्रक्तस्रग्गन्धैस्तैलदीपकं ।
त्रिविधं पायसं मद्यं तिलं मासं चतुर्विधम् ॥२१
करञ्जाधो यमदिशि सप्ताहं तैर्बलिं हरेत् ।
द्विमासिकं च मुकुटा वपुः पीतं च शीतलम् ॥२२
छर्दिः स्यान्मुखशोषादि पुष्पगन्धानुकानि च ।
अपूपमोदनं दीपं कृष्णानीरादिधूपकम् ॥२३
तृतीये गोमुखी निद्रा सविण्मूत्रप्ररोदनम् ।
यवा प्रियङ्गु पललं कुल्माषं शाकमोदनम् ॥२४
क्षीरं पूर्वे ददेन्मध्येऽहनि धूपश्च सर्पिषा ।
पञ्चभङ्गेन तत्स्नानं चतुर्थे पिङ्गलाऽऽतिकृत् ॥२५

इसके निवारणार्थ नीम की धूप देवे और भूतोग्र—राजी-सज रस से लेप करे। बाहिर जाकर खील—कुल्माष कर कोदन से बलि देवे। जब तक बालक तेरह दिन का हो तब तक इसी प्रकार से धूप आदि की क्रिया करनी चाहिए। जब एक मास का बालक हो जाता है तो उसको पूतना शकुनी ग्रही ग्रहण किया करती है। इसका प्रभाव यह होता है कि बालक काक की भाँति रोता है—श्वास-मूत्र मे गन्ध—आवे मीलित करना ये चेष्टाऐं करता है। इसके निवारण के लिए गोमूत्र से शिशु को स्नान करावे और गोदन्त से ही धूपन करे ॥१८-१९-२०॥ पीला वस्त्र—लाल पुष्पों की माला—गन्ध—तेल का दीपक—तीन प्रकार का पायस—मद्य—तिल—चार प्रकार का मांस—करञ्जाध ये यम दिशा मे सात दिन तक बलि देनी चाहिए। दो मास के बालक को *मुकुटा वपु नामक ग्रही ग्रहण किया करती है। इसके प्रभाव से शरीर पीला*

एवं शीतल होता है—छर्दि होती है तथा मुख शोषादि होता है। पुष्प-गन्ध-वस्त्र-अपूप मोदन-दीपक और कृष्ण नीरादि की धूप देवे ॥ २१-२२-२३ ॥ तृतीय मास में गोमुखी ग्रही होती है। इससे निद्रा सविट् मूत्र का होना—प्ररोदन ये चेष्टाऐं होती हैं। इसके लिए यवप्रियगु-पलल (माँस) कुल्माष-शाक मोदन और क्षीर पूर्व में देवे मध्य दिन में घृत से धूप देनी चाहिए। पञ्च भग से उसको स्नान करावे तो इसका प्रभाव नष्ट हो जाता है। चौथे मास में पिङ्गला नाम वाली पीडा करने वली होती है ॥ २४-२५॥

तनु. शीता पूतिगन्धः शोष. स म्रियते ध्रुवम् ।
पञ्चमी ललना गात्रसादः स्यान्मुखशोषणम् ॥२६
अपानः पीतवर्णश्च मत्स्याद्यं दक्षिणे बलि ।
षाण्मासे पङ्कजा चेष्टा रोदन विकृतस्वरः ॥२७
मत्स्यमाससुराभक्तपुष्पगन्धादिभिर्बलि. ।
सप्तमे तु निराहारी पूतिगन्धादिदन्तरुक् ॥२८
पिष्टमाससुरामासैर्बलि स्याद्यमनाऽष्टमे ।
विस्फोटशोषणाद्य स्यात्तच्चिकित्सा न कारयेत् ॥२९
नवमे कुम्भकर्ण्यार्तो ज्वरी छर्दति पालके ।
रोदन मासकुल्मापमद्याद्यं रैशके बलि ॥३०
दशमे तापसी चेष्टा निराहारोऽक्षिमीलनम् ।
घण्टा पताका पिष्टाक्ता सुरामासबलि समे ॥३१
राक्षस्येकादशी पीडा नेत्रादौ न चिकित्सितम् ।
चञ्चला द्वादशे श्वासस्त्रासादिकविचेष्टितम् ॥३२

इससे शरीर में शीत-दुर्गन्ध-शोष होता है। इस पीडा से वह निश्चय ही मर जाता है। पाँचवी ललना नामक होती है। इससे शरीर में पीडा-मुख शोषण-अपान-पीला वर्ण ये चेष्टाऐं होती हैं। इसके प्रतीकार के लिये दक्षिण में मत्स्य आदि से बलि देनी चाहिए। छै मास में पङ्कजा नामक होती है। इसके कारण रोदन-स्वर का विकृत हो जाना आदि बालक की चेष्टा होती है। इसके निवारण के लिये मत्स्य माँस-सुरा भक्त-पुष्प और गन्ध आदि से बलि

देवे। सप्तम मास मे निराहारी नाम की ग्रही होती है। इससे पूतिगन्ध आदि दाँतों की पीडा होती है। इसके निवारण के लिये पिष्ट मास–सुरा मांस से बलि देवे। अष्टम म विस्फोट और शोषण आदि होते हैं। इनकी कोई भी चिकित्सा नहीं करानी चाहिए ॥२६-२७-२८ २६॥ नवम मास में कुम्भकर्णी नामक ग्रही होती है और इसके कारण जो बालक आर्त्त होता है उसे ज्वर हो जाता है—छर्दि करना है तथा पातक मे रोता है। इसके प्रतिकार के लिये मास–कुल्माष और मद्य आदि से ऐशिक दिशा में बलि देनी चाहिए ॥ ३० ॥ दशम मास में तापसी नाम वाली ग्रही होती है। इसके द्वारा पीडा में बालक आहार नही करता है और आंखो को मूँदे रहता है। घण्टा–पताका पिष्ट रक्त तथा सुरा–मास की बलि देवे। एकादश मास मे राक्षसी नामक होती है जिससे नेत्र आदि में पीडा होती है और वह चिकित्सित नही होती है। द्वादश मास मे चञ्चला नाम वाली होती है जो श्वास-भय आदि विचेष्टित किया करती है ॥३१-३२॥

बलि पूर्वेऽथ मध्यान्हे कुलमाषाद्यं स्तिलादिभि.।
यातना तु द्वितीयेऽब्दे यातन रोदनादिकम् ॥३३
तिलमासमद्यमासैर्बलिः स्नानादि पूर्ववत्।
तृतीये रोदनी कम्पो रोदन रक्तमूत्रकम् ॥३४
गुडौदन तिलापूप प्रतिमा तिलपिष्टजा।
तिलस्नान पञ्चपत्रैर्धूपो राजफलत्वचा ॥३५
चतुर्थे चटकाशोफो ज्वर सर्वाङ्गसादनम्।
मत्स्यमासतिलाद्यैश्च बलि स्नान च धूपनम् ॥३६
चञ्चला पञ्चमेऽब्दे तु ज्वरस्त्रासोऽङ्गसादनम्।
मासौदनाद्यैश्च बलिर्मेषशृङ्गेण धूपनम् ॥३७
पलाशोदुम्बराश्वत्थवटविल्वदलाम्बुधृक्।
षष्ठेऽब्दे धावनी शापो वैरस्य गात्रसादनम् ॥३८
सप्ताहोभिर्बलि पूर्वैर्धूप स्नान च भृगकै.।
सप्तमे यमुना छर्दिरवचाहासरोदनम् ॥३९

मांसपायसमद्याद्यैर्बलिः स्नानं च धूपनम् ।
अष्टमे वा जातवेदा निराहारं प्ररोदनम् ॥४०
कृशरापूपदध्याद्यैर्बलि. स्नानं च धूपनम् ।
कालाब्दे नवमे वाह्लोरास्फोटो गजन भयम् ॥४१

पूर्व में बलि देवे और दुपहर मे कुल्मापादि तथा तिलादि के द्वारा देनी चाहिए। बारह मास के पश्चात् बालक दूसरे वर्ष मे प्रवेश करता है तो दूसरे वर्ष में यातना नाम वाली ग्रही होती है जिससे रोदन आदि की यातना होती है ॥३३॥ इसके प्रतिकार के लिए तिल–मांस–मद्य के द्वारा बलि देवे और पूर्व की भांति स्नान आदि करावे। तृतीय वर्ष मे रोदनी नाम वाली ग्रही होती है जिसके प्रभाव से बालक को कम्प होता है–वह रोता है और उसके मूत्र मे रक्त जाता है ॥३४॥ इसके निवारण के लिये गुड-ओदन, तिलापूप की बलि और तिल पिष्ट की प्रतिमा बनावे—तिल स्नान करावे तथा पञ्च पत्रों से राजफल की छाल से धूप देवे ॥३५॥ चौथे वर्ष मे चटका नामक होती है जिसके कारण शोफ–ज्वर और समस्त अगों मे दर्द होता है। इसके लिये मछली–मांस और तिल आदि से बलि देवे—स्नान और धूपन क्रिया करावे। पलाश (ढाक)—उदुम्बर (गूलर)—अश्वत्थ (पीपल)—वट (बड)—विल्व (बेल) इनके पत्ते धारण करे। छठे वर्ष मे धावनी नाम वाली ग्रही होती है। इसके कारण शोष–विरसता और गात्र सादन (शरीर में दर्द)हुआ करता है ॥३६-३७-३८॥ सातवें दिन पूर्व बलि देवे—धूप देवे और भृङ्गक से स्नान करावे। सातवें वर्ष मे यमुना ग्रही होती है। इससे छर्दि–प्रवच–हास और रोदन किया करता है। इसके निवारण लिये मांस–पायस और मद्य आदि से बलि देवे—स्नान और धूपन करावे। आठवें वर्ष मे जात वेदा नामक होती है जिससे निराहारता और प्ररोदन होता है। इसके लिये कृशर–अपूप–दधि आदि की बलि देवे और स्नान एवं धूपन करे। नवम वर्ष मे वाह्लोरा नामक ग्रही होती है। जिसके कारण आस्फोट–गर्जन और भय होता है ॥३९-४०-४१॥

बलिः स्यात्कृशरापूपसक्तकुल्मापपायसैः ।
दशमेऽब्दे कलहसी दाहोऽगकृशता ज्वरः ॥४२

पोलिकापूपदध्यन्नं पञ्चरात्रं बलिं हरेत् ।
निम्बधूपकुष्ठलेपावेकादशमके ग्रही ॥४३
देवदूती निष्ठुरवाग्बलिर्लेपादि पूर्ववत् ।
बलिका द्वादशे श्वासो बलिलेपादि पूर्ववत् ॥४४
त्रयोदशे वायवी च मुखरोगोऽङ्गसादनम् ।
रक्तान्नगन्धमाल्याद्यं बलिं पञ्चदलैः स्नपेत् ॥४५
राजीनिम्बदलैर्धूपो यक्षिणी च चतुर्दशे ।
चेष्टा शूलो ज्वरो दाहो मांसमक्ष्यादिकैर्बलिः ॥४६
स्नानादि पूर्ववच्छान्त्यै मुण्डिकातिस्त्रिपञ्चके ।
तच्चेष्टाऽसृक्स्रव शश्वत्कुर्यान्मातृचिकित्सनम् ॥४७
वानरी षोडशी भूमौ पतेन्निद्रा सदा ज्वर ।
पायसाद्यं त्रिरात्रं च बलिं स्नानादि पूर्ववत् ॥४८

इसके निवारण के लिये कृसर–पूआ–सतुआ–कुल्माष और पायस (खीर) के द्वारा बलि हरण करावे। दशम वर्ष में कल हंसी नाम वाली होती है। इसके प्रभाव से बालक के शरीर मे दाह–अगों का दुबला होना—ज्वर रहना ये सब हुआ करते हैं। इसके हटाने के लिये पोलिका–अपूप–दही–अन्न के द्वारा पाँच रात्रि पर्यन्त बलि हरण करे। निम्ब के पत्तों की धूप देवे और कुष्ठ का लेपन करे। ग्यारहवें वर्ष मे देवदूती ग्रही होती है। इससे निष्ठुर वाणी वाला बालक हो जाता है। इसके लिय भी पूर्व की भाँति ही बलि एवं लेप आदि करे। बारहवें वर्ष मे बलिका नामक ग्रही होती है जिसके कारण श्वास हो जाया करता है। इसके लिए भी पूर्व की तरह ही बलि एव लेप आदि करे॥ ४२ ४३ ४४॥ तेरहवे वर्ष में वायवी ग्रही होती है। इससे मुख के रोग और अगो की पीडा हो जाती है। रक्त–अन्न–गन्ध और माल्य आदि से बलि देवे तथा पञ्च दलो से स्नपन करावे ॥४५॥ राजी (राई) और नीम के पत्तो से धूप देवे। चौदहवें वर्ष मे यक्षिणी नाम की ग्रही बालक को पीडा दिया करती है। इससे शूल–ज्वर–दाह—ये सब होते हैं। मांस भक्ष्य आदि के द्वारा बलि देनी चाहिए ॥४६॥ इसकी शान्ति के लिए पूर्व की भाँति स्ना-

नादि कराना चाहिए। पन्द्रहवें वर्ष में मुण्डिका नाम वाली ग्रही होती है जो बालक को पीड़ा दिया करती है। इससे रक्त का गिरना होता है। निरन्तर माता की चिकित्सा करनी चाहिए ॥४७॥ सोलहवें वर्ष में वानरी ग्रही होती है। इससे भूमि में पतन करता है—निद्रा होती है और सर्वदा ज्वर रहता है। इसके लिये पायस (खीर) आदि के द्वारा तीन रात्रि तक बलि का हरण करे और पहिले की भाँति ही स्नान-धूप और लेपन करना चाहिए ॥४८॥

गन्धवती सप्तदशे गात्रोद्वेगः प्ररोदनम्।
कुल्माषाद्यैर्बलिं स्नानधूपलेपादि पूर्ववत् ॥४९
दिनेशाः पूतना नाम वर्षेशा सुकुमारिकाः ॥५०
ॐ नमः सर्वमातृभ्यो बालपीडासयोग भञ्ज २ चुट चुट स्फोटय२ स्फुर स्फुर गृह्ण गृह्णाऽऽक्रन्दय,२ एव सिद्धरूपो ज्ञापयति ॥५१
हर हर निर्दोष कुरु कुरु बालिका बाल स्त्रिय पुरुष वा, सर्वग्रहाणामुपक्रमात्।
चामुण्डे नमो देव्यै हूं रूं हूं रूं ह्लीमपसरापसर दुष्टग्रहान्हूं रूं तद्यथा गच्छन्तु गृह्णका, अन्यत्र पन्थान रुद्रो ज्ञापयति ॥५२
सर्वबालग्रहेषु स्यान्मन्त्रोऽयं सर्वकामद ॥५३
ॐ नमो भगवति चामुण्डे मुञ्च मुञ्च बाल बालिका वा
बलिं गृह्ण गृह्ण जय जय वस वस ॥५४
सर्वत्र बलिदानेऽयं रक्षाकृत्पठ्यते मनुः।
ब्रह्मा विष्णु शिव स्कन्दो गौरी लक्ष्मीर्गणादय ॥
रक्षन्तु ज्वरदाहार्तं मुञ्चन्तु च कुमारकम् ॥५५

सत्रहवें वर्ष में गन्धवती नाम की ग्रही होती है। इससे गात्रोद्वेग और प्ररोदन होता है। इसके लिये कुल्माष आदि के द्वारा बलि देवे और स्नान-धूप तथा लेप पूर्व की भाँति करावे ॥४९॥ पूतना नाम वाली दिनशा होती है और जो वर्षेशा हैं वे सुकुमारिका होती हैं। मन्त्र—"ॐ नमः सर्व मातृभ्यो सयोग भञ्ज भञ्ज-चुटचुट-स्फोटय स्फोटय, स्फुर स्फुर, गृह्ण गृह्ण, आक्रन्दया-क्रन्दय" इस प्रकार सिद्ध रूप ज्ञापन करता है ॥५०-५१॥ मन्त्र—"हर हर

निर्दोष कुक्कुर, बालिका बाल स्त्रिय पुरुषं वा, सर्वं ग्रहाणामुपक्रमात् । चामुण्डे नमो देव्यै हूं हूं ह्रीं अपसरापसर दुष्ट ग्रहान् हूं तद्यथा गच्छन्तु गृह्यका, अन्यत्र पन्थान रुद्रो ज्ञापयति ।" समस्त बाल ग्रहों में यह मन्त्र समस्त काम के लिए होता है। मन्त्र—"ॐ नमो भगवति चामुण्डे मुञ्च मुञ्च बाल बालिका वा, बलिं गृह्ण गृह्ण जय जय, वस वस' ॥ ५२-५३-५४ ॥ सब जगह जब बलि को दिया जावे तब यह मन्त्र पढ़ा जाता है। "ब्रह्मा विष्णु शिव स्कन्दो गौरी लक्ष्मी गणादय । रक्षन्तु ज्वर दाहार्तं मुञ्चन्तु च कुमारकम्' । अर्थात् ब्रह्मा विष्णु-महादेव-स्वामी कार्तिकेय-पार्वती-लक्ष्मी और गण आदि सब रक्षा करें और ज्वर के दाह से पीड़ित बालक को छोड़ देवें ॥५५॥

१५५-ग्रहहृन्मन्त्रादिकथनम्

ग्रहोपहारमन्त्रादीन्वक्ष्ये ग्रहविमर्दनान् ।
हर्षेच्छाभयशोकादिविरुद्धाशुचिभोजनात् ॥१
गुरुदेवादिकोपाच्च पञ्चोन्मादा भवन्त्यथ ।
त्रिदोषजा सन्निपाता आगन्तव इति स्मृता ॥२
देवादयो ग्रहा जाता रुद्रक्रोधादनेकधा ।
सरित्सरस्तडागादौ शैलोपवनसेतुषु ॥३
नदीसंगे शून्यगृहे बिलद्वार्येकवृक्षके ।
गृहा गृह्णन्ति सुप्तं स्त्रियं सुप्ता च गर्भिणीम् ॥४
आसन्नपुष्पा नग्ना च ऋतुस्नान करोति या ।
अवमान नृणा वैर विघ्न भाग्यविपर्ययम् ॥५
देवतागुरुधर्मादिसदाचारादिलङ्घनम् ।
पतन शैलवृक्षादेर्विधुन्वन्मूधजान्मुहु ॥६
रुदन्नृत्यति रक्ताक्ष हुङ्कारी सुरग्रही नर ।
उद्विग्न शूलदाहार्त क्षुत्तृष्णार्त शिरार्तिमान् ॥७
देहि देहीति याचेत बालिग्रहग्रही नर ।
स्त्रीमालाभोगस्नानेच्छु रतिकामग्रहो नर ॥८

पराध द्विगुण होता है जो कि प्राकृत प्रलय कहा गया है। हे द्विज ! अनावृष्टि और अग्नि के सम्पर्क से सज्वलन करने पर विशेषान्त महदादि विकार का सञ्चय होता है और ऐसा होने पर कृष्णेच्छा से कराया हुआ उस प्रति सञ्चर के सम्प्राप्त होने पर पहिले जल भूमि के गन्धादिक गुण को ग्रस लिया करते हैं। इसके पश्चात् आत्त गन्ध यह भूमि प्रलय के लिए मानी जाया करती है ॥१७।१८।१९॥ फिर रसात्मक जल ही रहा करते हैं क्योंकि जल का गुण रस ही होता है। उनके नष्ट हो जाने पर ज्योति के द्वारा पान किया जाता है और फिर अग्नि दीप्त हो जाया करती है। ज्योति का भी गुण रूप होता है और उस भास्वर रूप को वायु ग्रस लेती है। ज्योति के नष्ट हो जाने पर यह परम बलवान् वायु बड़ी जोर से कम्पित किया करता है ॥२०।२१॥ वायु का गुण भी स्पर्श होता है उसे आकाश ग्रस लेता है। हे द्विज ! जब वायु नष्ट हो जाता है तो यह नीरव (बिना ध्वनि वाला खामोश) आकाश रह जाता है ॥२२॥

आकाशस्याथ वै शब्दं भूतादिर्ग्रसते च खम् ।
अभिमानात्मकं खं च भूतादिं ग्रसते महान् ॥२३
भूमिर्यातिं लयं चाप्सु आपो ज्योतिषि तद् व्रजेत् ।
वायौ वायुश्च खे खं च अहङ्कारे लयं स च ॥२४
महत्तत्त्वे महान्तं च प्रकृतिर्ग्रसते द्विज ।
व्यक्ताऽव्यक्ता च प्रकृतिर्व्यक्तस्याव्यक्तके लयः ॥२५

पुमानेकाक्षर. शुद्ध. सोऽप्यश परमात्मन. ।
प्रकृति पुरुषश्चैतौ लीयेते परमात्मनि ॥२६
न सन्ति यत्र सर्वेशे नामजात्यादिकल्पना ।
सत्तामात्रात्मके ज्ञेये ज्ञानात्मन्यात्मन परे ॥२७

आकाश का गुण शब्द होता है उस आकाश को भूतादि ग्रस लेते हैं। अभिमानात्मक भूतादि और आकाश को महान् ग्रास कर जाता है। यह भूमि मे लय को प्राप्त हो जाती है और जल ज्योति मे—ज्योति वायु में—वायु आकाश मे—आकाश अहङ्कार म लय को प्राप्त होता है ॥२३।२४॥ महान् को महत्तत्व मे—प्रकृति ग्रस लेती है। वह प्रकृति व्यक्त और अव्यक्त होती है। व्यक्त प्रकृति का अव्यक्त में लय होता है। एकाक्षर शुद्ध पुमान् जोकि परमात्मा का एक अश है। यह पुरुष और प्रकृति दोनो परमात्मा मे लीन हो जाया करते हैं। जिस सर्वेश्वर भगवान् में नाम और जाति आदि की कल्पना नहीं हुआ करती है। आत्मा से पर ज्ञानात्म. मे ये सत्तामात्रात्मक ही जानने के योग्य होते हैं।२५।२६।२७॥

१८०—आत्यन्तिकलयगर्भोत्पत्त्योर्निरूपणम्

आत्यन्तिक लय वक्ष्ये ज्ञानादात्यन्तिको लय ।
आध्यात्मिकादिसताप ज्ञात्वा स्वस्य विरागत ॥१
आध्यात्मिकस्तु सताप शारीरो मानसो द्विधा ।
शारीरो बहुभिर्भेदैस्तापोऽसौ श्रूयते द्विज ॥२
त्यक्त्वा जीवो भोगदेह गर्भमाप्नोति कर्मभि ।
आतिवाहिकसज्ञस्तु देहो भवति वै द्विज ॥३
केवल स मनुष्याणा मृत्युकाल उपस्थिते ।
याम्यै· पुभिर्मनुष्याणा तच्छरीर द्विजोत्तम ॥४
नीयते याम्यमार्गेण मार्त्यैर्वा प्राणिना मुने ।
तत स्वर्याति नरक स भ्रमेद्घ (द्ध) टयन्त्रवत् ॥५

कर्मभूमिरिय ब्रह्मन्फलभूमिरसौ स्मृता ।
यमो योनि (नी) श्च नरकान्निरूपयति कर्मणा ॥६
पूरणीयाश्च तेनैव यम चैवानुपश्यताम् ।
वायुभूता प्राणिनश्च गर्भे ते प्राप्नुवन्ति हि ॥७
यमदूतैर्मनुष्यस्तु नीयते त च पश्यति ।
धर्मी च पूज्यते तत्र पापिष्ठस्ताड्यते गृहे ॥८

इस अध्याय मे आत्यन्तिक लय और गर्भो त्पत्ति का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—अब मैं आत्यन्तिक लय को बताऊँगा। ज्ञान से आत्यन्तिक लय होता है। आध्यात्मिक–आधिदैविक और आधिभौतिक सन्ताप का ज्ञान प्राप्त करके अपने आपका विराग होता है ॥१॥ आध्यात्मिक सन्ताप भी शारीरिक और मानसिक दो प्रकार का होता है। हे द्विज! यह शारीरिक आध्यात्मिक सन्ताप बहुत से भेदो के द्वारा सुना जाया करता है ॥२॥ यह जीवात्मा इस भोग के देह को त्याग करके कर्मों के अनुसार फिर गर्भ को प्राप्त किया करता है। हे द्विज! देह अतिवाहिक संज्ञा वाला होता है ॥३॥ वह केवल मनुष्यो के मृत्यु का समय उपस्थित हो जाने पर यमराज के पुरुषो के द्वारा वह शरीर याम्य मार्ग मे इन प्राणियो का ले जाया जाता है। इसके अनन्तर जैसे भी उनके भले बुरे कर्म हो उनके अनुसार वह स्वर्ग या नरक को भूमि के घट यन्त्र की भाँति जाता है ॥४।५॥ हे ब्रह्मन्! यह कर्मों के करने की भूमि तथा यह फलो के भोग करने की भूमि कही गई है। यमराज कर्मानुसार योनियो को तथा नरको का निरूपित किया करता है ॥६। उस प्राणी के द्वारा ही वे सब यमराज के साधन पूर्ण करने होते हैं। प्राणी वायु भूत होते हैं और वे गर्भ को प्राप्त किया करते हैं। ७ ॥ यमराज के दूतों के द्वारा यह मानव वहाँ से जाया जाता है और मनुष्य उस यमराज के समक्ष मे उपस्थित होकर उसका दर्शन करता है। वहाँ यमराज के द्वारा जो धर्मात्मा जीव होता है उसका बड़ा सत्कार एवं यजन किया जाता है और जो पापिष्ठ होता है वह घर म ताडित किया जाता है ॥८॥

शुभाशुभ कर्म तस्य चित्रगुप्तो निरूपयेत् ।
बान्धवानामशौचे तु देहे खल्वातिवाहिके ॥९
तिष्ठन्यति धर्मज्ञ दत्तपिण्डाशन ततः ।
त त्यक्त्वा प्रेतदेह तु प्राप्यान्य प्रेतलोकत ॥१०
वसेत्क्षुधातृषायुक्त आमश्राद्धान्नभुङ्नर. ।
आतिवाहिकदेहात्तु प्रेतपिण्डैर्विना नरः ॥११
न हि मोक्षमवाप्नोति पिण्डास्तत्रैव सोऽश्नुते ।
कृते सपिण्डीकरणे नरः सवत्सरात्परम् ॥१२
प्रेतदेह समुत्सृज्य भोगदेह प्रपद्यते ।
भोगदेहावुभौ प्रोक्तावशुभा शुभसज्ञितौ ॥१३
भुक्त्वा तु भोगदेहेन कर्मबन्धान्निपात्यते ।
त देह परतस्तस्माद्भक्षयन्ति निशाचराः ॥१४
पापे तिष्ठति चेत्स्वर्ग तेन भुक्त तदा द्विज ।
तदा द्वितीय गृह्णाति भोगदेह तु पापिनाम् ॥१५
भुक्त्वा तु पाप वै पश्चाद्येन भुक्त त्रिविष्टपम् ।
शुचीना श्रीमता गेहे स्वर्गभ्रष्टोऽभिजायते ॥१६

उस समय मनुष्य के शुभ और अशुभ कर्मों का यमराज के यहाँ उपस्थित लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त निरूपण किया करते हैं। बान्धवों के अशौच आतिवाहिक देह मे वह रहता हुआ, हे धर्मज्ञ ! दिये हुए पिण्डो का अशन करने वाला अर्थात् दत्त पिण्डों को खाने वाला प्राप्त करता है। फिर उसका त्याग करके प्रेत लोक से अन्य प्रेत देह प्राप्त करके निवास किया करता है। वहाँ भूख और प्यास से युक्त होता हुआ मनुष्य आमश्राद्ध के अन्न को खाने वाला होता है। आतिवाहिक देह से प्रेत-पिण्डों के बिना मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति नही किया करता है और वहाँ पर ही पिण्डों को खाता है। सपिण्डी करण करने पर नर एक वर्ष के आगे प्रेत देह का त्याग करके फिर भोग प्राप्त करने वाला देह प्राप्त किया करता है। भोग के देह शुभ और अशुभ

दोनो बताये गये हैं ॥९ से १३॥ भोग देह के द्वारा भोग करके कर्मों के बन्धन से निपातित किया जाता है। उससे आगे उस देह को निशाचर भक्षण किया करते हैं ॥१४॥ हे द्विज ! पाप के रहने पर यदि उसने स्वर्ग का भोग किया है तो तब फिर दूसरा पापियो का भोग देह ग्रहण किया करता है ॥१५॥ पाप का भोग करके जो पीछे स्वर्ग का भोग किया करता है वह स्वर्ग के भोग की अवधि समाप्त हो जाने पर पुन स्वर्ग से भ्रष्ट होकर पवित्रो और श्रीमानो के गृह मे उत्पन्न हुआ करता है अर्थात् शुद्धोत्तम श्रेष्ठ ब्राह्मण या राजाओं के घर मे जन्म लेता है ॥१६॥

पुण्ये तिष्ठति चेत्पाप तेन भुक्त तदा भवेत् ।
तस्मिन्स्सभक्षिते देहे शुभ गृह्णाति विग्रहम् ॥१७
कर्मण्यल्पावशेषे तु नरकादपि मुच्यते ।
मुक्तस्तु नरकाद्याति तिर्यग्योनि न सशय ॥१८
जीव प्रविष्टो गर्भ तु कललेऽप्यत्र तिष्ठति ।
घनीभूत द्वितीये तु तृतीयेऽवयवास्तत ॥१९
चतुर्थेऽस्थीनि त्वड्मास पञ्चमे रोमसभवः ।
षष्ठे चेतोऽथ जीवस्य दु ख विन्दति सप्तमे ॥२०
जरायुवेष्टिते देहे मूर्ध्नि बद्धाञ्जलिस्तथा ।
मध्ये क्लीब तु वाम स्त्री दक्षिणे पुरुषस्थिति ॥२१
तिष्ठत्युदरभागे तु पृष्ठस्याभिमुखस्तथा ।
यस्या तिष्ठत्यसौ योनौ ता स वेत्ति न सशय ॥२२
सर्व च वेत्ति वृत्तान्तमारम्य नरजन्मन ।
अन्धकारे च महती पीडा विन्दति मानव. ॥२३
मातुराहारपीत तु सप्तमे मास्युपाश्नुते ।
अष्टमे नवमे मासि भृशमुद्विजत तथा ॥२४

पुण्य के रहते हुए यदि उसने पहिले पापो के फल का भोग किया है तो हे द्विज ! उस देह के समशित हो जाने पर फिर वह कोई शुभ शरीर धारण

किया करता है ॥१७॥ कर्म के अल्प अवशेष रहने पर नरक से भी छुटकारा हो जाया करता है। मुक्त होकर वह नरक से तिर्यक् योनि (पशु-पक्षी की योनि) को प्राप्त होता है। इसमें तनिक भी संशय नहीं है ॥१८॥ जीव जिस समय गर्भ में प्रविष्ट होता है तब वह यहाँ कलल के स्वरूप में रहा करता है। द्वितीय मास में वह कलल घनीभूत हो जाता है। तीसरे मास में उसके कुछ अवयवों की रचना होती है ॥१९॥ चौथे मास में उसकी हड्डियाँ-त्वचा और माँस का निर्माण होता है। पाँचवे मास में रोम उत्पन्न होते हैं। छटे में चित्त बन जाता है जिससे वह जीव के दुःख का अनुभव किया करता है। सप्तम मास में यह देह गर्भ में जरायु से वेष्टित हो जाता है और मूर्द्धा में बद्धाञ्जलि वाला हो जाता है। मध्य में क्लीव-वामभाग में स्त्री और दक्षिण भाग में पुरुष की स्थिति रहा करती है ॥२०॥२१॥ उदर भाग में पृष्ठ के अभिमुख रहा करता है। जिस योनि में यह रहता है उसका ज्ञान उसे निस्सन्देह हुआ करता है ॥२२॥ वह नर जन्म का आरम्भ से लेकर समस्त वृत्तान्त जानता है। गर्भ की दशा में यह जीवात्मा अन्धकार में बड़ी भारी पीड़ा का दुःख भोगा करता है ॥२३॥ माता का जो भी आहार होता है या वह जो कुछ भी पान किया करती है उसका उपभोग गर्भस्थ बालक सातवें मास में किया करता है। आठवें और नवम मास में यह अत्यन्त उद्विग्न रहा करता है ॥२४॥

व्यवायपीडामाप्नोति मातुर्व्यायामके तथा ।
व्याधिश्च व्याधितायाः स्यान्मुहूर्तं शतवर्षवत् ॥२५
संतप्यते कर्मभिस्तु कुरुतेऽथ मनोरथान् ।
गर्भाद्वि नर्गतो ब्रह्मन्मोक्षज्ञानं करिष्यति ॥२६
सूतिवातैरधोभूतो निःसरेद्योनियन्त्रतः ।
पीड्यमानो मासमात्रं करस्पर्शेण दुःखितः ॥२७
खशाद्वाद्युद्रश्रोतांसि देहे श्रोत्रं विविक्तता ।
श्वासोच्छ्वासौ गतिर्वायोर्वक्त्रसंस्पर्शनं तथा ॥२८

अग्ने रूपं दर्शने स्यादूष्मा पङ्क्तिश्च पित्तकम् ।
मेधा वर्णं बल छाया तेज शौर्यं शारीरके ॥२९
जलात्स्वेदश्च रसन देहे वै सम्प्रजायते ।
क्लेदो वसा रसा रक्त शुक्रमूत्रकफादिकम् ॥३०
भूमेर्घ्राण केशनख रोम च शिरसस्तथा ।
मातृजानि मृदून्यत्र त्वङ्मासहृदयानि च ॥३१
नाभिर्मज्जा शकृन्मेद क्लेदान्यामाशयानि च ।
पितृजानि शिरा स्नायु शुक्र चैवाऽऽत्मजानि तु ॥३२

माता के परिश्रम युक्त कार्य मे यह व्यवाय पीडा को प्राप्त किया करता है । यदि किसी भी कारण से माता रोगिणी हो जाती है तो गर्भस्थ बालक को भी उस व्याधि का दु ख होता है । और उस समय एक मुहूर्त्त का समय सौ वर्ष के समान भ्रूण करता है ॥२५॥ उस समय कर्मों के द्वारा उसे बडा सन्ताप होता है और बहुत से मनोरथो को किया करता है । वह सोचा करता है कि इस गर्भ की गुफा स बाहिर निकल जाने पर मोक्ष ज्ञान को करेगा ॥२६॥ प्रसव की वायु उसे नीचे की ओर ढकला करती है और वह अधोमुख होकर योनि के यन्त्र से बाहिर निकला करता है । उस समय उसे योनियन्त्र से बाहिर निकल आने में भी अत्यन्त पीडा होती है और एक मास तक पीडित रहा करता है । हाथ के स्पर्श करने से भी उसे पीडा हुआ करती है क्योंकि उसके शरीर का प्रत्येक अङ्ग बडे भिचाव से पीडित हो जाया करता है ॥२७॥ स शब्द म उसके क्षुद्र श्रोत्र होते हैं, देह मे श्रोत्र—विविक्तता–श्वास–उच्छ्वास वायु की गति है । तथा वक्रमस्पर्शन होता है । दर्शन म अग्नि का रूप होता है । शरीर में ऊष्मा—पक्ति–पित्त—मधा—वर्ण—बल—छाया—तेज और शौर्य होता है ॥२८।२९॥ जल स दह मे स्वेद–रसन उत्पन्न होता है । क्लेद–वसा–रक्त—शुक्र—मूत्र और कफ आदि होते हैं ॥३०॥ भूमित्व से घ्राण—नख—केश–रोम जोकि शिर में होत हैं । इसमे मृदु त्वचा–माँस और हृदय मातृज हुआ करते हैं । नाभि—मज्जा—मल—भेद—क्लेद और आमाशय ये पितृज हुआ करते हैं । शिरा— स्नायु–शुक्र य सब आत्मज हुआ करते हैं ॥३१।३२॥

कामक्रोधौ भयं हर्षो धर्माधर्मात्मता तथा ।
आकृतिः स्वरवर्णौ तु मेहनाद्य तथा च यत् ॥३३
तामसानि तथा ज्ञानं प्रमादालस्यतृट्क्षुधाः ।
मोहमात्सर्यवैगुण्यशोकायासभवानि च ॥३४
कामक्रोधौ तथा शौर्यं यज्ञेप्सा बहुभाषिता ।
अहंकारः परावज्ञा राजसानि महामुने ॥३५
धर्मेप्सा मोक्षकामित्वं परा भक्तिश्च केशवे ।
दाक्षिण्यं व्यवसायित्वं सात्त्विकानि विनिर्दिशेत् ॥३६
चपलः क्रोधनो भीरुर्बहुभाषी कलिप्रियः ।
स्वप्ने गगनगश्चैव बहुवातो नरो भवेत् ॥३७
अकालपलितः क्रोधी महाप्राज्ञो रणप्रियः ।
स्वप्ने च दीप्तिमत्प्रेक्षी बहुपित्तो नरो भवेत् ॥३८
स्थिरमित्रः स्थिरोत्साहः स्थिराङ्गो द्रविणान्वितः ।
स्वप्ने जलसितालोकी बहुश्लेष्मा नरो भवेत् ॥३६

काम—क्रोध–भय–हर्ष–धर्मात्मा–अधर्मात्मा—आकृति स्वर–वर्ण और मेहनादि ये सब तामस होते हैं अर्थात् तमोगुण के कृत्य हैं। ज्ञान—प्रमाद—आलस्य—क्षुधा—तृषा—मोह—मात्सर्य–वैगुण्य—शोक—आयास–भव–काम–क्रोध—शौर्य–यज्ञ की इच्छा–बहुभाषिता–अहङ्कार–परावज्ञा ये राजस होते हैं। धर्म की इच्छा–मोक्ष की कामना रखना—केशव में पराभक्ति–दाक्षिण्य–व्यवसायी होना ये सब सात्विक होते हैं ॥३३।३४।३५।३६॥ चपल—क्रोध वाला डरपोक–बहुत बोलने वाला–कलह से प्यार करने वाला–स्वप्न में गमन करने वाला जो मानव होता है वह बहुत बात वाला अर्थात् बात प्रकृति वाला होता है ॥३७॥ असमय में अर्थात् छोटी उम्र में ही सफेद हो जाने वाला क्रोधी–महान् प्राज्ञ–युद्ध से प्यार करने वाला—स्वप्न में दीप्ति युक्त वस्तुओं को देखने वाला—ऐसा मनुष्य अधिक पित्त वाला हुआ करता है। स्थिर मित्रता वाला–स्थिर उत्साह वाला—स्थिर अङ्गों से युक्त–द्रविण से युक्त–स्वप्न में जल और

सित के देखने वाला मनुष्य बहुत श्लेष्मा वाला हुआ करता है अर्थात् कफ की प्रकृति वाला होता है ।।३८।३९।।

रसस्तु प्राणिना देहे जीवन रुधिर तथा ।
लेपन च तथा मास मेहस्नेहकर तु तत् ।४०
धारण त्वस्थिमज्जा स्यात्पूरण वीर्यवर्धनम् ।
शुक्रवीर्यकर ह्योज प्राणकृज्जीवसस्थिति ।।४१
श्रोज शुक्रात्सारतरमापीत हृदयोपगम् ।
पडङ्ग सक्थिनी बाहुमूर्घाजठरमीरितम् ।।४२
षट् त्वचा बाह्यतो यद्वदन्या रुधिरधारिका ।
किलासधारिणी चान्या चतुर्था कुण्डधारिणी ।।४३
पञ्चमीमिन्द्रियस्थान षष्ठी प्राणधरा मता ।
कला सप्तमी मासधरा द्वितीया रक्तधारिणी ।।४४
यकृत्प्लीहाश्रया चान्या मेदोधराऽस्थिधारिणी ।
मज्जाश्लेष्मपुरीषाणा धरा पक्वाशयस्थिता ।।
षष्ठी पित्तधरा शुक्रधरा शुक्राशयाऽपरा ।।४५

प्राणियो के देह मे रस और रुधिर जीवन होता है । लेपन तथा माँस मेह और स्नेह करने वाले हैं ।।४०।। अस्थि और मज्जा धारण हैं । वीर्य-वर्धन पूरण हैं । शुक्र और वीर्य के उत्पन्न होने वाला ओज होता है । जीव की देह मे सस्थिति का रहना प्राणो की करने वाली होती हैं ।। ४१ ।। ओज शुक्र से भी अधिक सार वाली वस्तु है जो हृदयोपग आपीत होता है । दोनो सक्थि- बाहु—मूर्धा और जठर ये छै अग कहे गये हैं ।।४२।। छै प्रकार की त्वचाएँ होती हैं जो बाहिरी भाग मे होती है और इसी की भाँति दूसरी रुधिर के धारण करने वाली होती है । एक किलास धारणी होती है । चौथी कुण्ड धारिणी नाम वाली हुआ करती है । पाँचवी इन्द्रिय स्थान और छठी प्राण- धरा कही गई है । सातवी कला माम के धारण करने वाली तथा द्वितीया रक्त धारिणी है ।।४३ ४४।। एक अन्य यकृत् और प्लीहा (तिल्ली) के आश्रय

वाली है। एक मेद के धारण करने वाली और अन्य अस्थि धारिणी होती है। मज्जा-श्लेष्मा—पुरीष (मल) के धारण करने वाली पक्वाशय में स्थित होती है। छटी पित्त के धारण करने वाली और अन्य एक शुक्राशय वाली शुक्र के धारण करने वाली होती है ॥४५॥

१८१ शरीरावयवाः

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणं धीः ख च भूतगम्।
शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः खादिषु तद्गुणाः ॥१
पायूपस्थौ करौ पादौ वाग्भवेत्कर्म ख तथा।
उत्सर्गानन्दकादानगतिवागादिकर्म तत् ॥२
पञ्च कर्मेन्द्रियाण्यत्र पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि च।
इन्द्रियार्थाश्च पञ्चैव महाभूता मनोधिपाः ॥३
आत्माऽव्यक्तश्चतुर्विंशतत्त्वानि पुरुष परः।
संयुक्तश्च वियुक्तश्च यथा मत्स्योदके उभे ॥४
अव्यक्तमाश्रितास्तीह रज सत्त्वतमांसि च।
आन्तर. पुरुषो जीव स परं ब्रह्म कारणम् ॥५
स याति परमं स्थानं यो वेत्ति पुरुष परम्।
सप्ताऽऽशयाः स्मृता देहे रुधिरस्यैक आशय ॥६
श्लेष्मणश्चाऽऽमपित्ताभ्यां पक्वाशयस्तु पञ्चमः।
वायुमूत्राशयः सप्त स्त्रीणां गर्भाशयोऽष्टम. ॥७
पित्तात्पक्वाशयोऽग्नेः स्याद्योनिर्विकशिता द्युतौ।
पद्मवद्गर्भाशय. स्यात्तत्र धत्ते सरक्तकम् ॥८

इस अध्याय में शरीर के अवयवों का निरूपण किया गया है। श्री अग्निदेव ने कहा—श्रोत्र-त्वक्-चक्षु-जिह्वा-घ्राण ये धी (बुद्धि) इन्द्रिया हैं। आकाश नामक भूतग होते हैं। शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध ख आदि में गुण हुआ करते हैं। अर्थात् पाँच भूतों के पृथक्-पृथक् गुण हैं ॥ १ ॥ पायु-उपस्थ-दोनों हाथ-दोनों पैर और वाणी ये कर्म-इन्द्रिया होती हैं। इनके मल का

त्याग—मानन्द—मादान मौर गति तथा बोलना ये कर्म हुआ करते हैं॥ १॥ इन दश इन्द्रियों में पाँच तो कर्म करने वाली कर्मेन्द्रियाँ होती हैं और पाँच ज्ञान प्राप्त करने वाली बुद्धीन्द्रिया कही जाती हैं। इन इन्द्रियों के अर्थ मन के अधिप महाभूत पाँच ही हुआ करते हैं॥ ३॥ आत्मा अव्यक्त चौबीस तत्व है; और पुरुष पर है। ये दोनों जल में जिस प्रकार से संयुक्त और वियुक्त होते हैं। रज सत्त्व और तमस् ये तीनों अव्यक्त के आश्रित होते हैं। अन्तर पुरुष जीवात्मा होता है। पर ब्रह्म कारण है॥ ४॥ ५॥ जो पर पुरुष को जान लेता है वह परम स्थान को जाया करता है। इस शरीर में सात आशय होते हैं। उन सातों में एक रुधिर का भी आशय हुआ करता है॥ ६॥ श्लेष्मा का—आम का और पित्त का आशय होता है। पाँचवाँ आशय पक्वाशय हुआ करता है। वायु का और मूत्र का आशय होता है। इस तरह से पुरुष के सात आशय होते हैं और स्त्रियों के एक अधिक आठवाँ गर्भाशय हुआ करता है॥ ७॥ पित्त से अग्नि का पक्वाशय होता है। ऋतु काल में विकसित योनि होती है और पद्म की भाँति गर्भाशय हुआ करता है। वहाँ रक्त के सहित धारण किया करता है॥८॥

शुक्रं स्वशुक्रन्श्चाङ्गं कुन्तलान्यत्र कालत. ।
न्यस्त शुक्रमतो यानौ नैति गर्भाशयं मुने ॥६
ऋतावपि च यानिश्चे द्वातपित्तकफावृता ।
नवेत्तदा विकासित्व नैव तस्या प्रजायते ॥१०
वुक्कात्पुवकसक्प्लीहकृत्नकोष्ठाङ्गहृद्व्रणा ।
तण्डकश्च महाभाग निवद्धान्याशये मत ॥११
रसस्य पच्यमानस्य साराद् भवति देहिनाम् ।
प्लीहा यकृच्च धर्मज्ञ रक्तफेनाच्च पुक्कस. ॥१२
रक्त पित्त च भवनि तथा तण्डकसाज्ञक: ।
मेदो रक्तप्रसाराच्च वुक्काया सम्भव स्मृत ॥१३
रक्तमासप्रवाराच्च भवन्त्यन्त्राणि देहिनाम् ।
सार्धत्रिव्यायान (व्याम) स स्थानि तानि नृणा विनिर्दिशेद् ।१४

त्रिंशत्रामानि तथा स्त्रीणां प्राहुर्वेदविदो जना. ।
रक्तवायुसमायोगात्कामे यस्योद्भवः स्मृतः ॥१५
कफप्रसाराद् भवति हृदयं पद्मसंनिभम् ।
अधोमुख तच्छुषिरं यत्र जीवो व्यवस्थितः ॥१६

शुक्र और अपने शुक्र से कुन्तलान्यन काल में न्यास किया हुआ वीर्य जोकि योनि मे छोड दिया जाता है वह गर्भाशय मे नही प्राप्त होता है ॥ ९ ॥ ऋतु काल मे भी यदि योनि वात-पित्त और कफ से आवृत हुआ करती है तो उसमें विकास नही उत्पन्न होता है । हे महाभाग ! बुक्क से पुक्कस प्लीहा कृत कोष्ठान्त्र हृदयम् और तण्डक आशय में निबद्ध माने गये हैं ॥ १० ॥११॥ हे धर्मज्ञ ! देहधारियों के पच्यमान रस के सार से प्लीहा और यकृत् होता है और रक्त के फेन से पुक्कस होता है ॥ १२ ॥ रक्त और पित्त तण्डक संज्ञा वाला हुआ करता है । मेदरक्त के प्रसार से बुक्का से उत्पन्न होने वाला कहा गया है ॥ १३ ॥ देहधारियों के अन्त्र रक्त-भाग के प्रसार मे हुआ करते हैं । वे मनुष्यों के सार्ध त्रिव्यायाम सख्या वाले होते हैं ॥ १४ ॥ वेदों के ज्ञाता पुरुष स्त्रियों के त्रिव्याम बताया करते हैं । रक्त वायु के समायोग से काम में जिसकी उत्पत्ति बताई गई हैं ॥ १५ ॥ कफ के प्रसार से पद्म के तुल्य हृदय होता है । वह सुषिर अधोमुख होता है जहा पर जीव व्यवस्थित रहा करता है ॥१६॥

चैतन्यानुगता भावा सर्वे तत्र व्यवस्थिता. ।
तस्य वामे यथा प्लीहा दक्षिणे च तथा यकृत् ॥१७
दक्षिणे च तथा क्लोम पद्मस्यैव प्रकीर्तितम् ।
श्रोतांसि यानि देहेऽस्मिन्कफरक्तवहानि च ॥१८
तेषां भूतानुमानाच्च भवतीन्द्रियसंभवः ।
नेत्रयोर्मण्डलं शुक्लं कफाद् भवति पैतृकम् ॥१९
कृष्णं च मण्डलं वातात्तथा भवति मातृकम् ।
पित्तात्त्वङ्मण्डलं ज्ञेयं मातापितृसमुद्भवम् ॥२०

मांसासृक्कफजा जिह्वा मेदोसृक्कफमांसजौ ।
वृषा (ष) णौ दश प्राणस्य ज्ञेयान्यायतनानि तु ॥२१
मूर्धा हृन्नाभिकण्ठाश्च जिह्वा शुक्रं च शोणितम् ।
गुदं वस्तिश्च गुल्फं च कण्डुरा. षाडशेरिताः ॥२२
द्वे करे द्वे च चरणे चतस्रः पृष्ठतो गले ।
देहे पादादिशीर्षान्ते जालानि चैव षोडश ॥२३
मांसस्नायुशिरास्थिभ्यश्चत्वारश्च पृथक्पृथक् ।
मणिबन्धनगुल्फेषु निबद्धानि परस्परम् ॥२४

वहाँ पर समस्त भाव चैतन्य के अनुगत ही अवस्थित रहा करते हैं। उसके वाम भाग में प्लीहा स्थित होती है और दक्षिण भाग में यकृत् होता है ॥ १७ ॥ दाहिने भाग में पद्मस्थ क्लोम कहा गया है। इस देह में रक्त और कफ के वहन करने वाले जो स्रोत होते हैं उनके भूतानुमान से इन्द्रियों की उत्पत्ति हुआ करती है। नेत्रों का जो शुक्ल मण्डल है वह कफ से होता है—यह मण्डल पैतृक होता है ॥ १८ ॥ १९ ॥ कृष्ण मण्डल वात (वायु) से हुआ करता है और यह मातृक होता है। पित्त से त्वक् का मण्डल होता है जोकि माता-पिता दोनों से उत्पन्न होता है ॥ २० ॥ मांस-रक्त और कफ से जिह्वा होती है। मेद-कफ-रक्त और मांस से वृषणों की उत्पत्ति होती है। अन्य दश आयतन प्राण के जानने चाहिएँ। मूर्धा-हृदय-नाभि-कण्ठ-जिह्वा-शुक्र (वीर्य)—रक्त-गुदा-वस्ति और गुल्फ ये सोलह कण्डुर कहे गये हैं ।२१। ॥ २२ ॥ दो हाथ-दो पैर-चार पृष्ठ से गले में देह में पाद आदि लेकर शीर्ष के अन्त तक षोडश जाल होते हैं ॥ २३ ॥ मांस-स्नायु—शिरा-अस्थि से चार पृथक्-पृथक् मणि बन्धन गुल्फों में परस्पर में निबद्ध हुआ करते हैं ॥२४॥

षट् कूर्चानि स्मृतानीह हस्तयो पादयो. पृथक् ।
ग्रीवाया च तथा मेढे, कथितानि मनीषिभि. ॥२५
पृष्ठवंशस्यायगताश्चतस्रो मांसरज्जव. ।
तावन्त्य श्च तथा पेश्य स्तासा बन्धनकारिका. ।२६

सीरण्यश्च तथा सप्त पञ्च मूर्धानमाश्रिता. ।
एकैका मेढ्र जिह्वास्ता अस्थिषष्टिशतत्रयम् ॥२७
सूक्ष्मै सह चतु.षष्टिर्दशना विंशतिर्नखाः ।
पाणिपादशलाकाश्च तासां स्थानचतुष्टयम् ॥२८
षष्ट्यङ्गुलीनां द्वे पार्ष्ण्योर्गुल्फेषु च चतुष्टयम् ।
चत्वार्यरत्न्योरस्थीनि जङ्घयोस्तद्वदेव तु ॥२६
द्वे द्वे जानुकपोलोरुफलकांशसमुद्भवम् ।
अक्षस्थानांशकश्रोणिफलके चैवमादिशेत् ॥३०
भगास्तौक तथा पृष्ठे चत्वारिंशच्च पञ्च च ।
ग्रीवायां च तथाऽस्थीनि जत्रुकं च तथा हनु ॥३१
तन्मूले द्वे ललाटाक्षिगण्डनासामवस्थिताः ।
पर्शुकास्तालुकै. सार्धमर्बुदैश्च द्विसप्तति ॥३२

हाथो में और पैरो मे छै कूर्च पृथक् यहाँ पर बताये गये में। ग्रीवा में तथा मेढ्र मे मनीषिगण ने बताये हैं ॥ २५ ॥ पृष्ठ का जो वश होता है उसके उपगत मांस रज्जु चार होते हैं और उतनी ही वहा पर उनके बन्धन करने वाली पेशियां हुआ करती हैं। ॥ २६ ॥ सीरणी सात होती हैं। उनमे पाँच मूर्धा मे आश्रित हुआ करती हैं और एक–एक मेढ्र तथा जिह्वा मे होती हैं। इस प्रकार से तीन सौ आठ अस्थियां हुआ करती हैं ॥ २७ ॥ सूक्ष्मो के सहित चौसठ दसना–बीस नख और हाथ पैरो की शलाकाऐं हैं। उनके चार स्थान हैं ॥ २८ ॥ अंगुलियों के साठ–पार्ष्णियो के दो और गुल्फो मे चार हैं। अरत्नियो मे चार अस्थियां होती हैं और इसी भाँति जांघों मे भी होती हैं ॥ २९ ॥ दो–दो घुटना—कपोल—ऊरु और फलकांश मे उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार से अक्ष स्थानांशक श्रोणि फलक मे समझना चाहिए ॥ ३० ॥ भगास्तोक तथा पृष्ठ मे पैंतालीस हैं। उसी प्रकार से ग्रीवा मे अस्थियां हैं। जत्रुक तथा हनु (ठोडी) इनके मूल दो हैं। ललाट–आँख–गण्ड

और नाक में व्यवस्थित अर्बुद और तालुकी के साथ बहत्तर पर्युक है ॥ ३१ ॥ ॥ ३२ ॥

द्वे शङ्खके कपालानि चत्वार्येव शिरस्तथा ।
उरः सप्तदशास्थीनि सन्धीनां द्वे शते दश ॥३३
अष्टषष्टिस्तु शाखासु षष्टिश्चैकविवर्जिता ।
अन्तरा वै व्यशीतिश्च स्नायोर्नवशतानि च ॥३४
त्रिंशाधिके द्वे शते तु अन्तराधौ तु सप्ततिः ।
ऊर्ध्वगा षट् शतान्येव शाखास्तु कथितानि तु ॥३५
पञ्च पेशीशतान्येव चत्वारिंशत्तथोर्ध्वगाः ।
चतु शतं तु शाखासु अन्तराधौ च षष्टिका ॥३६
स्त्रीणां चैकाधिका च स्याद्विंशतिश्चतुरुत्तरा ।
स्तनयोर्दश यानौ च त्रयोदश तथाऽऽशये ॥३७
गर्भस्य च चतस्र स्यु सिराणा च शरीरिणाम् ।
त्रिशन्छतसहस्राणि तथाऽन्यानि नवैव तु ॥३८

दो शङ्ख कपाल तथा चार शिर और उर सत्रह अस्थियाँ रखते हैं। सन्धियों के दो सौ दस हैं। शाखाओं में अड़सठ हैं और एक कम साठ अन्तरा होती हैं। नौ सौ तिरासी स्नायु की हैं ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ दो सौ तीस अन्तराधि में और सत्तर ऊर्ध्वगा होती हैं। इस प्रकार से छः सौ शाखाएँ हैं जो कि कही गई हैं ॥ ३५ ॥ पाँच सौ पेशियाँ हैं। उनमें चालीस ऊर्ध्वगामी होती हैं। शाखाओं में चार सौ और अन्तराधि में साठ हैं। स्त्रियों के एक अधिक होती है। चौबीस स्तनों में—योनि में तेरह तथा गर्भ के आशय में चार होती हैं। इस तरह शरीर धारियों की शिराएँ सौ सहस्र तीस हैं तथा अन्य नौ ही होती हैं ॥३६॥३७॥३८॥

षट्पञ्चाशत्सहस्राणि रस देहे वहन्ति ता. ।
केदार इव कुल्याश्च क्लेदलेपादिकं च यत् ॥३६

द्वासप्ततिस्तथा कोटचो व्योम्नामिह महामुने ।
मज्जाया मेदसश्चैव वसायाश्च तथा द्विज ॥४०
मूत्रस्य चैव पित्तस्य श्लेष्मणः शकृतस्तथा ।
रक्तस्य सरसस्यात्र क्रमशोऽञ्जलयो मताः ॥४१
अर्धार्धम्यधिकाः सर्वाः पूर्वपूर्वाञ्जलेर्मताः ।
अर्धाञ्जलिश्च शुक्रस्य तदर्धं च तयोजसः ॥४२
रजसस्तु तथा स्त्रीणां चतस्रः कथिता बुधैः ।
शरीरं मलदोषादिपिण्डं ज्ञात्वाऽऽत्मनि त्यजेत् ॥४३

ये छप्पन सहस्र हैं जो देह में रस का वहन करती हैं । क्षेत्र में कुल्याओं की भांति क्लेद और लेपादिक होते हैं । हे महामुने ! बहत्तर करोड रोम होते हैं । हे द्विज ! मज्जा–मेद–वसा–मूत्र–पित्त–श्लेष्मा–मल–रक्त जो रस के सहित हैं इनके क्रम से अञ्जलियाँ बताई गई हैं ॥ ३९ ॥ ४० ॥ ४१ ॥ पूर्व-पूर्व अञ्जलि से सब अर्ध-अर्ध अधिक मानी गई हैं । शुक्र की अर्धाञ्जलि है और उसकी आधी ओज की है । विद्वानों ने स्त्रियों के रज की चार कही हैं । यह शरीर मल दोष आदि का पिण्ड है—ऐसा अपनी आत्मा में जान कर इसे त्याग देवे ॥४२॥४३॥

१८२ नरकनिरूपण ।

उक्तानि यममार्गाणि वक्ष्येऽथ मरणे नृणाम् ।
ऊष्मा प्रकुपितः काये तीव्रवायुसमीरितः ॥१
शरीरमुपरुध्याथ कृत्स्नान्दोषान्रुणद्धि वै ।
छिनत्ति प्राणस्थानानि पुनर्मर्माणि चैव हि ॥२
शैत्यात्प्रकुपितो वायुश्छिद्रमन्विष्यते ततः ।
द्वे नेत्रे द्वौ तथा कर्णौ द्वौ तु नासापुटौ तथा ॥३
ऊर्ध्वं तु सप्त च्छिद्राणि अष्टमं वदनं तथा ।
एतैः प्राणो विनिर्याति प्रायशः शुभकर्मणाम् ॥४

अध पायुरुपस्थ च अनेनाशुभकारिणाम् ।
मूर्धान योगिनां भित्वा जीवो यात्यथ चेच्छया ॥५
अन्तकाले तु स प्राप्ते प्राणेऽपानमुपस्थिते ।
तमसा स वृते ज्ञाने स वृतेषु च मर्मसु ॥६
स जीवो नाभ्यधिष्ठानाच्चाल्यते मातरिश्वना ।
वाध्यमानश्चाऽऽनयते अष्टाङ्गा. प्राणवृत्तिका ॥७
च्यवन्त जायमान वा प्रविशन्त च योनिषु ।
प्रपश्यन्ति च त सिद्धा देवा दिव्येन चक्षुषा ॥८

इस अध्याय मे नरको का निरूपण किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—यमराज के मार्ग बता दिये गये हैं। अब मनुष्यों के मरण के समय मे जो होता है उसे बतलाया जाता है मानव के शरीर मे तीव्र वायु से समीरित ऊष्मा प्रकुपित होकर शरीर को उपरुद्ध कर देता है और फिर इसमे समस्त दोषों को रुद्ध करता है। वह प्राण स्थानो को और फिर मर्मों को छिन्न कर देता है ॥ १ ॥ २ ॥ शैत्य से प्रकुपित होने वाला वायु फिर छिद्र का अन्वेषण किया करता है। दो नेत्र—दो कान—दो नासापुट इस प्रकार से ऊपर सात छिद्र होते हैं और आठवाँ मुख है। इन्ही छिद्रों के द्वारा प्राण वायु निकलकर जाया करता है किन्तु इन से उन्ही का प्राण जाता है जो बहुधा शुभ कर्मों के करने वाले होते हैं ॥ ३ ॥ ४ ॥ नीचे की ओर पायु (गुदा) और उपस्थ (मूत्रेन्द्रिय) ये दो छिद्र होते हैं। इनसे अशुभ कर्म करने वालो का प्राण निकला करता है। जो योगी होते हैं उनका प्राण इच्छापूर्वक भेदन करके जीव जाया करता है ॥ ५ ॥ जब अन्त काल उपस्थित होता है तो उस समय प्राण के अपान म उपस्थित हो जाने पर ज्ञान के तम से संवृत होने पर तथा मर्मों के संवृत होने पर वह जीव वायु के द्वारा नाभि के अधिष्ठान से चलाया जाता है और बाध्यमान होता हुआ लाया जाता है। आठ अङ्ग प्राण वृत्ति वाले होते हैं ॥ ६ ॥ ७ ॥ च्यवन करते हुए—जायमान होते हुए और योनियों मे प्रवेश करते हुए उसको देव और सिद्ध दिव्य चक्षु के द्वारा देखा करते हैं ॥८॥

गृह्णाति तत्क्षणाद्योगे शरीरं चाऽऽतिवाहिकम् ।
आकाशवायुतेजांसि विग्रहादूर्ध्वगामिन. ॥९
जलं मही च पञ्चत्वमापन्न. पुरुष. स्मृत. ।
आतिवाहिकदेहं तु यमदूता नयन्ति तम् ॥१०
याम्यं मार्गं महाघोरं षडशीतिसहस्रकम् ।
अन्नोदकं नीयमानो बान्धवैर्दत्तमश्नुते ॥११
यमं दृष्ट्वा यमोक्तं न चित्रगुप्तेन प्रेरितान् ।
प्राप्नोति नरकान्रौद्रान्धर्मी शुभपथैर्दिवम् ॥१२
भुज्यन्ते पापिभिर्वक्ष्ये नरकांस्तांश्च यातनाः ।
अष्टाविंशतिरेवाधः क्षितेर्नरककोटय. ॥१३
सप्तमस्य तलस्यान्ते घोरे तमसि स स्थिताः ।
घोराख्या प्रथमा कोटि. सुघोरा तदधःस्थिता ॥१४
अतिघोरा महाघोरा घोररूपा च पञ्चमी ।
षष्ठी तरलताराख्या सप्तमी च भयानका ॥१५
भयोत्कटा कालरात्री महाचण्डा च चण्डया ।
कोलाहला प्रचण्डाख्या पद्मा नरकनायिका ॥१६
पद्मावती भीषणा च भीमा चैव करालिका ।
विकराला महावज्रा त्रिकोणा पञ्चकोणिका ॥१७
सुदीर्घा वर्तुला सप्त भूमा चैव सुभूमिका ।
दीप्तमायाऽष्टाविंशतय कोटयः पापिदुःखदा ॥१८

योगी लोग तुरन्त ही अति वाहिक शरीर को योग मे ग्रहण कर लिया करते हैं। आकाश–वायु और तेज विग्रह मे ऊर्ध्वगामी होते हैं। जल और पृथ्वी ये पाँच तत्वों से पुरुष पञ्चत्व को प्राप्त होने वाला कहा गया है। उसके अतिवाहिक देह को यम दूत ले जाया करते हैं ॥ ९ ॥ १० ॥ वह यमराज के पास जाने वाला याम्य मार्ग छयासी हजार का महान् घोर होता है। बान्धवों के द्वारा अन्न और जल को लेता हुआ वहां वह खाया करता है ॥११॥

यम के दर्शन करने पर यमराज के द्वारा प्रेरित चित्र गुप्त से कहे गये बड़े भीषण नरकों को प्राप्त किया करता है जो धर्मात्मा होते हैं वे शुभ मार्गों के द्वारा स्वर्ग में जाया करते हैं ॥ १२ ॥ जो पापी होते हैं वे उन नरकों की यातनाओं को भोगा करते हैं। उन्हें हम बतलाते हैं—भूमि के अट्ठाईस ही नरक कोटियाँ हैं ॥ १३ ॥ सातवें तल के अन्त मे घोर अन्धकार में वे संस्थित होते हैं। घोराख्या प्रथम कोटि होती है। उसके भी नीचे सुघोरा नामक दूसरी कोटि होती है ॥ १४ ॥ अतिघोरा–महाघोरा–घोररूपा इस तरह तीन-चार और पाँचवी कोटिया हैं। उनके भी नीचे तरल तारा नाम वाली सातवीं कोटि होती है। भयानका—भयोत्कटा—कारात्री—महाचण्डा—चण्डा—कोलाहला—प्रचण्डा–पद्मा—नरक नायिका—पद्मावती—भीषणा—भीमा—करालिका—विकराला—महाज्वरा–त्रिकोणा–पञ्चकोणिका–सुदीर्घा–वर्त्तुला–सप्तभूमा—सुभूमिका और दीप्तमाया ये अट्ठाईस कोटियाँ हैं जो कि पापी प्राणियों के लिये दुःख देने वाली होती हैं ॥१५॥१६॥१७॥१८॥

अष्टाविंशतिकोटीना पञ्च पञ्च च नायकाः ।
रौरवाद्याः शत चैक चत्वारिंशच्चतुष्टयम् ॥१९
तामिस्रमन्धतामिस्रं महारौरवरौरवौ ।
असिपत्र (त्र) वन चैव लोहभार तथैव च ॥२०
नरक कालसूत्र च महानरकमेव च ।
सजीवन महावीचि तपन सप्रतापनम् ॥२१
सघात च सकाकाेल कुड्मल पूतिमृत्तिकम् ।
लोहशङ्कुमृजीष च प्रधान शाल्मली नदीम् ॥२२
नरकान्विद्धि कोटीशनागान्वं घोरदर्शनान् ।
पात्यन्ते पापकर्माणि एकैकस्मिन्बहुष्वपि ॥२३
मार्जारोलूकगोमायुगृध्रादिवदनाश्च ते ।
तैलद्रोण्या नर क्षिप्त्वा ज्वालयन्ति हुताशनम् ॥२४

अम्बरीषेषु चं वान्यास्ताम्रपात्रेषु चापरान् ।
अयस्पात्रेषु चैवान्यान्बहुवह्निकरणेषु च ॥२५
शूलाग्रारोपितास्त्वन्ये छिद्यन्ते नरकेऽपरे ।
ताड्यन्ते कशाभिस्तु भोज्यन्ते चाप्ययोगुडान् ॥२६

इन अट्ठाईस कोटियों की पाँच-पाँच नायिका होती हैं । जोकि रौरव आदि हैं । इस तरह एक सौ चौवालीस होते हैं । तामिश्र—अन्ध तामिश्र—महारौरव—रौरव—असि पत्रवन—लोहभार—कालसूत्र नरक—महानरक—सजीवन—महा वीचि—तपन—सम्प्रतापन—सघात—सकाकाल—कुड्मल—पूतिमृत्तिक—लोहशंकु मृजीप—प्रधान—शाल्मली नदी इस तरह घोर दर्शन वाले कोटीश नाग नरकों को जानना चाहिए । इस तरह पापी प्राणी एक एक में और बहुतों में भी गिरा दिये जाते हैं ॥ १६ ॥ २० ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥ मार्जार—उल्लू—गोमायु और गिद्ध आदि के मुख वाले ये यमदूत तैल द्रोणी में मनुष्य को डाल कर अग्नि जलाया करते हैं ॥ २४ ॥ कुछ पापियों को अम्बरीषों में और कुछ को ताम्र पात्रों में तथा लोहे के पात्रों में और अन्यों को बहुत से अग्नि के चरणों में डाल दिया करते हैं । कुछ पापी शूली की नोंक पर आरोपित करके नरक म छेदे जाया करते हैं । कोड़ा से पीटे जाते हैं तथा अयोगुड खिलाये जाया करते हैं ॥ २५ ॥ २६ ॥

यमदूतैर्नराः पाशून्विष्टारक्तकफादिकान् ।
तप्तं मद्य पाययन्ति पाटयन्ति पाटयन्ति पुनर्नरान् ॥२७
यन्त्रेषु पीडयन्ति स्म भक्ष्यन्ते वायसादिभि ।
तैलेनाग्नेन सिच्यन्ते छिद्यन्ते नैकधा शिर ॥२८
हा तातेति क्रन्दमाना स्वकं विन्दन्ति कर्म ते ।
महापातकजान्घोरान्नरकान्प्राप्य गर्हितान् ॥२९
कर्मक्षयात्प्रजायन्ते महापातकिनस्त्विह ।
मृगश्वशूकरोष्ट्राणां ब्रह्महा योनिमृच्छति ॥३०

खरपुक्कश (स) म्लेच्छाता मद्यप स्वर्णहार्यपि ।
खरपुक्कश (स) म्लेच्छाता मद्यप स्वर्णहार्यपि । ॥३१
कृमिकीटपतङ्गत्व गुरुगस्तृणगुल्मताम् ।
ब्रह्महा क्षयरोगी स्यात्सुराप. श्यावदन्तकः ।
स्वर्णहारी तु कुनखी दुश्चर्मा गुरुतल्पगः ॥३२

यम के दूतों के द्वारा मनुष्य जो पापी हैं उन्हे पांशु–विष्ठा–रक्त और कफ आदि खिलाते हैं। यम मद्य पिलाते हैं और नरों को पाट दिया करते हैं ॥२७॥ यन्त्रों मे उन्हे डालकर पीड़ा दिये जाते हैं तथा वायस आदि के द्वारा भक्षित कराये जाते है। यम तैल ऊपर डाला है तथा बहुत ही जगह चिर काटा जाता है अर्थात् शस्त्रों के प्रहार किये जाते हैं। उस समय नरक की घोर यातनाएँ भोगते हुए पापी प्राणी हा–हाकार करते हुए चीखते तथा रोते हैं और अपने किये हुए पाप कर्मों या बुराई करते हैं कि हमने ऐसा क्यों किया था। इस तरह से महापातकों प्राप्त उन घोर नरकों को भोग कर वे महा-पातकी कर्मों के क्षय होने पर यहाँ संसार में उत्पन्न होते हैं। ये ब्रह्म हत्यारे पशु–कुत्ता–सूकर और उष्ट्र आदि की योनियाँ प्राप्त किया करते हैं ॥ २८ ॥ ॥ २९ ॥ ३० ॥ मद्यपान करने वाला तथा स्वर्ण का हरण करने वाले गधा-पुक्कस और म्लेच्छों की योनियाँ प्राप्त किया करते हैं। तथा गुरुशय्या का गमन करने वाला कृमि–कीट और पतङ्ग तथा तृण और गुल्म की योनि प्राप्त करते हैं। जो ब्राह्मण का हनन करने वाला है वह क्षय रोग का रोगी होता है। सुरा पान करने वाला श्याव दन्तक हो जाता है। स्वर्ण का हरण करने वाला कुनखी होता है। जो गुरु गमन करने वाला है वह दुष्ट चर्म वाला होता है अर्थात् कुष्ठी होता है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

यो येन सम्पृशत्येवा स तल्लिङ्गोऽभिजायते ।
अन्नहर्ता मायावी स्यान्मूको वागपहारकः ॥३३
धान्य हृत्वाऽतिरिक्ताङ्गः पिशुनः पूतिनासिकः ।
तैलहृत् तैलपायी स्यात्पूतिवक्त्रस्तु सूचकः ॥३४

परस्य योषित हृत्वा ब्रह्मस्वमपहृत्य च ।
अरण्ये निर्जने देशे जायते ब्रह्मराक्षस ॥३५
रत्नहारी हीनजातिर्गन्धाश्छुच्छुन्दरी शुभान् ।
पत्र शाक शिखी हृत्वा मुखराधान्यहारकः ॥३६
अजः पशु पय काका यानमुष्ट्र फल कपिः ।
मधु दश. फल गृध्रो गृहकाक उपस्करम् ॥३७
श्वित्री वस्त्र सारस च झिल्ली लवणहारक. ।
उक्त आध्यात्मिकस्ताप. शस्त्राद्यं राधिभौतक ॥३८
ग्रहाग्न्यादभि.पीडाद्यै र (रा) धिदैविक ईरित. ।
त्रिधा ताप हि ससार ज्ञानयोगाद्विनाशयेत् ॥३९
कृच्छ्रे व्रं तैश्च दानाद्यं विष्णुपूजादिभिर्नर. ॥४०

जो जिसमे सस्पर्श करता है इनम वह उसी लिङ्गवाला उत्पन्न हुआ करता है । अन्न का हरण करन वाला मायावी तथा वाणी का अपहरण करने वाला गूगा होता है । धान्य का हरणकर्त्ता अतिरिक्त अङ्ग वाला हो जाता है पिशुन पूति नासिका वाला होता है । तैल का हर्त्ता तैलपायी होता है । सूचक पूति मुख वाला हुआ करता है । दूसरे की स्त्री का हरण करने वाला तथा ब्रह्मण के धन का अपहर्त्ता निजन अरण्य देश मे ब्रह्मराक्षस होकर जन्म लेता है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ रत्नो का हरण करने वाला हीन जाति मे जन्म लेता है । शुभ गन्धो का चुराने वाला छछू दर होता है । शाक पत्र का हर्त्ता शिखी होता है धान्यहारक मुखर होता है ॥ ३६ ॥ पशु का हर्त्ता बकरा—दूध को चुराने वाला काक—यान का हर्त्ता उष्ट्र—फल का चोर बन्दर होता है । मधु को चुराने वाला दश—फल का चोर गिद्ध और उपस्कर का चोर गृह काक होता है ॥ ३२ ॥ वस्त्र का चोर श्वित्री (सफेद कोढी) होता है । नमकहारक झिल्ली होता है । इस प्रकार से यह आध्यात्मिक ताप बता दिया गया है । शास्त्र आदि क द्वारा जो पीडा होती है वह आधिभौतिक ताप होता है । ग्रह-अग्नि और बीमारी आदि के द्वारा जो दु ख होता है वह आधिदैविक ताप कहा गया है । इस तरह इन तीन तापो से युक्त इस ससार को ज्ञान के योग

से विनष्ट करना चाहिए। इसके अतिरिक्त मनुष्य इन तापों की पीड़ा को कृच्छ्र व्रतों से–दान आदि से और विष्णु की पूजादि से भी विनष्ट कर सकता है ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ ४० ॥

१८३ यमनियमाः

ससारतापमुक्त्यर्थं वक्ष्याम्यष्टाङ्गयोगकम् ।
ब्रह्मप्रकाशक ज्ञान योगस्तत्रैकचित्तता ॥१
चित्तवृत्तिनिरोधश्च जीवब्रह्मात्मनो पर. ।
अहिंसा सत्यमस्तेय ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ ॥२
यमा पञ्च स्मृता विप्र नियमा भुक्तिमुक्तिदा ।
शौच सतापतपसी स्वाध्यायेश्वरपूजने ॥३
भूतापीडा ह्यहिंसा स्यादहिंसा धर्म उत्तम. ।
यथा गजपदेऽन्यानि पदानि पथगामिनाम् ॥४
एव सर्वमहिंसाया धर्मार्थमभिधीयते ।
उद्वेगजनन हिंसा सतापकरण तथा ॥५
रुक्कृति शोणितकृति पैशुन्यकरण तथा ।
हितायातिनिषेधश्च मर्मोद्घाटनमेव च ॥६
सुखापह्नुति सरोधो वधो दशविधा च सा ।
यद्भूतहितमत्यन्त वच सत्यस्य लक्षणम् ॥७
सत्य ब्रूयात्प्रिय ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रिय च नानृत ब्रूयादेष. धर्म. सनातन. ॥८

इस अध्याय मे यम और नियम बताये जाते हैं। श्री अग्निदेव ने कहा—ससार के तापो की मुक्ति के लिए अब मैं अष्टाग योग को बतलाता हूं। ब्रह्म को प्रकाश करने वाला ज्ञान होता है। उस ब्रह्म मे चित्त की एकाग्रता के होने को ही योग कहा जाता है॥ १ ॥ और चित्त की वृत्ति का निरोध जीव और ब्रह्म की आत्मा का परम योग हुआ करता है। अहिंसा—सत्य—अस्तेय—ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ये पाच नियम होते हैं जो भुक्ति और मुक्ति के प्रदान

करने वाले हुआ करते हैं। शौच—सन्तोष—तप—स्वाध्याय—ईश्वर का पूजन ये भी पाँच नियम हैं। प्राणिमात्र को कोई भी पीड़ा का नहीं देना अहिंसा कही जाती है। यह अहिंसा सर्वोत्तम धर्म होता है जिस प्रकार से हाथी के पैर के खोज में समस्त मार्ग गामियों के खोज आजाया करते हैं उसी प्रकार सभी धर्मों के मर्म अहिंसा में आजाया करते हैं। किसी के हृदय को उद्वेग उत्पन्न कर देना तथा सन्ताप कर देना—रक्तकृति—शोणितस्रुति (रक्त का निकाल देना) पैशुन्य (चुगली या बुराई करना)—हित का अत्यन्त निषेध—मर्मों का उद्घाटन—सुख की अपन्हुति—संरोध और वध यह दश प्रकार की हिंसा होती है। जो भूतों का अत्यन्त हितकारी वचन होता है वही सत्य का लक्षण होता है ॥२॥३॥४॥५॥६॥७॥ सर्वदा सत्य बोलना चाहिए और प्रिय बोलना चाहिए एसा सत्य कभी नहीं बोलो जो अप्रिय हो और ऐसा प्रिय भी नहीं बोलना चाहिए जो मिथ्या हो—यही सर्वदा से चले आने वाला धर्म होता है ॥८॥

मैथुनस्य परित्यागो ब्रह्मचर्यं तदष्टधा ।
स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम् ॥९
सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेव च ।
एतन्मैथुनमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥१०
ब्रह्मचर्यं क्रियामूलमन्यथा विफला क्रिया ।
वशिष्ठश्चन्द्रमा शुक्रो देवाचार्यः पितामहः ॥११
तपोवृद्धा वयोवृद्धास्तेऽपि स्त्रीभिर्विमोहिताः ।
गौडी पैष्टी च माध्वी च विज्ञेयास्त्रिविधा सुरा ॥१२
चतुर्थी स्त्री सुरा ज्ञेया ययेदं मोहितं जगत् ।
माद्यति प्रमदां दृष्ट्वा सुरां पीत्वा तु माद्यति ॥१३
यस्माद्दृष्टमदा नारी तस्मात्तां नावलोकयेत् ।
यद्वा तद्वा परद्रव्यमपहृत्य बलान्नरः ॥१४
अवश्यं याति तिर्यक्त्वं जग्ध्वा चैवाहुतं हविः ।
कौपीनाच्छादनं वासः कन्था शीतनिवारिणीम् ॥१५

पादुके चापि गृह्णीयात्कुर्यान्नान्यस्य सग्रहम् ।
देहस्थितिनिमित्तस्य वस्त्रादे स्यात्परिग्रह ॥१६

मैथुन का परित्याग कर देना ही ब्रह्मचर्य कहा जाता है । वह मैथुन जो आठ प्रकार का होता है । स्त्रियो का स्मरण करना उनका कीर्त्तन अर्थात् चर्चा करना—स्त्रियो के साथ क्रीडा करना—उनको घूर कर देखना—स्त्रियो के साथ गुप्त वार्त्तालाप करना—सकल्प—प्रध्यवसाय तथा क्रिया का आनन्द लेना वह आठ तरह के अङ्गो वाला मैथुन मनीषी लोग कहा करते हैं ॥६।१०॥ ब्रह्मचर्य क्रिया का मूल होता है । ब्रह्मचर्य के बिना समस्त क्रियाऐं विफल होती हैं । वसिष्ठ मुनि—चन्द्रदेव—शुक्राचार्य—देवो के गुरु बृहस्पति—पितामह ब्रह्मा और परमतपो वृद्ध तथा वयोवृद्ध लोग भी स्त्रियो के द्वारा विमोहित होजाया करते हैं । गौडी—पैष्टी—माध्वी ये तीन प्रकार की सुरा होती है और चौथी सुरा स्त्री होती है जिसके द्वारा यह सम्पूर्ण जगत् मोहित हो जाया करता है । प्रमदा को देख कर भी यह युक्त उन्मुक्त सा हो जाता है और सुरा तो पी लेने पर उन्मत्त कर दिया करती है ॥११।१२।१३॥ जिस नारी के देखने मात्र से ही मद हो जाता है उस नारी को कभी नही देखना चाहिए । यद्वा—तद्वा मनुष्य पराये द्रव्य को बल पूर्वक अपहरण करके अवश्य ही तिर्यक् योनि को प्राप्त किया करता है और आहुत हवि को खाकर भी तिर्यक् की गति प्राप्त होती है । अतएव कौपीन का आच्छादन वस्त्र और शीत का निवारण करने वाली कन्था तथा पादुकाएँ यह ही रखना चाहिए । इनके अतिरिक्त अन्य किसी भी वस्तु का सग्रह नहीं करना चाहिए । देह की स्थिति रखने के लिए वस्त्र आदि का परिग्रह आवश्यक होता है । अत उतना ही वस्त्र अपने पास रक्खे ॥१४से१६॥

शरीर धर्मसयुक्त रक्षणीय प्रयत्नत ।
शौच तु द्विविध प्रोक्त वाह्यम (मा) भ्यन्तर तथा ॥१७
मृज्जलाभ्या स्मृत वाह्य भावशुद्धिरथाऽन्तरम् ।
उभयेन शुचिर्यस्तु स शुचिर्नेतर शुचि ॥१८

यथाकथचित्प्राप्त्या च सन्तोषस्तुष्टिरुच्यते ।
मनसश्चेन्द्रियाणा च ऐकाग्र्य तप उच्यते ॥१६
तज्जय· सर्वधर्मेभ्य· स धर्म: पर उच्यते ।
वाचिक मन्त्रजप्यादि मानस रागवर्जनम् ॥२०
शारीर देवपूजादि सर्वद तु त्रिधा तप. ।
प्रणवाद्यास्ततो वेदा. प्रणवे पर्यवस्थिता. ॥२१
वाङ्मयः प्रणवः सर्वं तस्मात्प्रणवमभ्यसेत् ।
अकारश्च तथोकारो मकारश्चार्धमात्रया ॥२२
तिस्रो मात्रास्त्रयो वेदा लोका भूरादयो गुणाः ।
जाग्रत्स्वप्न. सुषुप्तिश्च ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा. ॥२३
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्ददेवीमहेश्वरा. ।
प्रद्युम्नः श्रीर्वासुदेवः सर्वमोकारक. क्रमात् । २४

धर्म से सयुक्त शरीर की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए । शौच दो प्रकार का होता है । एक बाह्य अर्थात् बाहिरी और दूसरा शौच आभ्यन्तर होता है ॥१७॥ वाहिरी शौच मिट्टी और जल से हुआ करता है और आन्तरिक शौच भाव की शुद्धि करने से होता है । दोनो बाहिरी और भीतरी शौच के द्वारा जो शुचि होता है वह ही शुचि है अन्य कोई शुचि अर्थात् शुद्ध नही हुआ करता है ॥१८॥ यथा कथञ्चित् जो कुछ भी प्राप्त हो उसी मे सन्तोष रखना तुष्टि कही जाती है । मन की और इन्द्रियो की जो एकाग्रता है उसी को तप कहा जाता है ॥१६॥ उसका जय समस्त धर्मों मे परम धर्म कहा जाता है । वह तप भी तीन प्रकार का होता है—वाचिक—मानस और शारीरिक, मन्त्रादि का जप आदि वाचिक तप होता है । राग-द्वेष आदि का त्याग कर देना मानसिक तप है और देवों की पूजा आदि सब देने वाला शारीरिक तप होता है । इसके अनन्तर प्रणव जिनके आदि मे है वे वेद हैं । प्रणव मे पर्यवस्थित होते हैं ॥२०।२१॥ प्रणव वाङ्मय होता है अत. सब प्रणव का अभ्यास करना चाहिए । प्रणव मे अकार–उकार और मकार अर्ध मात्रा के साथ है । तीन

मात्रा तीन वेद है, भू आदि लोक हैं, गुण हैं अर्थात् तीन लोक और तीन सत्व आदि गुण हैं। जाग्रत्-स्वप्न और सुषुप्ति तीन अवस्था हैं, ब्रह्म-विष्णु और महेश्वर तीन देव हैं ॥२२।२३॥ ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र-स्कन्द-देवी और महेश्वर-प्रद्युम्न—श्री—वासुदेव यह नव क्रम से ओङ्कार ही हैं ॥२४॥

अमात्रो नष्टमात्रश्च द्वैतस्यापगम शिव ।
ओंकारो विदितो येन स मुनिर्नेनरो मुनि ॥२५
चतुर्थी मात्रा गान्धारी प्रयुक्ता मूर्ध्नि लक्ष्यते ।
तत्तुरीय पर ब्रह्म ज्योतिर्दीपो घटे यथा ॥२६
तथा हृत्पद्मनिलय ध्यायेन्नित्य जपेन्नर ।
प्रणवो धनु शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते ॥२७
अप्रमत्तेन वेद्धव्य शरवत्तन्मयो भवेत् ।
एतदेकाक्षर ब्रह्म एतदेकाक्षर परम् ॥२८
एतदेकाक्षर ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ।
छन्दोऽस्य देवी गायत्री अन्तर्यामी ऋषि. स्मृतः ॥२९

अमात्र—नष्टमात्र और द्वैत का अपगम शिव है। ओङ्कार जिसके द्वारा विदित होता है वही मुनि है इतर मुनि नहीं हुआ करता है॥ २५॥ चौथी गान्धारी मात्रा है वह प्रयुक्त की हुई मूर्धा में लक्षित होती है। वह चौथा पर-ब्रह्म ज्योति है जिस प्रकार से घट में दीप होता है ॥२६॥ इसी प्रकार से हृदय रूपी कमल में अथवा हृदय में स्थित कमल में जिसका स्थान है उसका ध्यान करना चाहिए और नित्य ही मनुष्य को जपना चाहिए। प्रणव धनुष है, आत्मा शर है और उस शर का लक्ष्य ब्रह्म कहा जाता है ॥२७॥ मनुष्य को अप्रमत्त अर्थात् पूर्ण सावधान होकर शर की भाँति तन्मय होकर वेध करना चाहिए। यही एक ही अक्षर है और यही एक अक्षर परम वस्तु है ॥२८॥ इस एक ही अक्षर का ज्ञान प्राप्त करके जो जिस वस्तु की इच्छा करता है वही उसको मिला करती है। इसका (प्रणव) छन्द गायत्री देवी और अन्तर्यामी ऋषि होता है ॥२९॥

देवता परमात्माऽस्य नियोगो भुक्तिमुक्तये ।
भूरग्न्यात्मने हृदयं भुवः प्रा (प्र) जापत्यात्मने ॥३०
शिर. स्व. सूर्यात्मने च शिखा कवचमुच्यते ।
ओ भूर्भुवः स्व कवचं सत्यात्मने ततोऽस्त्रकम् ॥३१
विन्यस्य पूजयेद्विष्णुं जपेद्वै भुक्तिमुक्तये ।
जुहुयाद्व तिलाज्यादि सर्वं सपद्यते नरे ॥३२
यस्तु द्वादशसाहस्र जपमन्वहमाचरेत् ।
तस्य द्वादशभिर्मासै पर ब्रह्म प्रकाशते ॥३३
अणिमादि कोटिजप्याल्लक्षात्सारस्वतादिकम् ।
वैदिकस्तान्त्रिको मिश्रो विष्णोर्वै त्रिविधो मख. ॥३४
त्रयाणामीप्सितेनैकविधिना हरिमर्चयेत् ।
प्रणम्य दण्डवद् भूमौ नमस्कारेण योऽर्चयेत् ॥३५
स या गतिमवाप्नोति न ता क्रतुशतैरपि ।
यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ॥
तस्यैते कथिता ह्यर्था प्रकाशन्ते महात्मन ॥३६

परमात्मा इसका देवता है । भुक्ति और मुक्ति के लिए इसका नियोग होता है । भूरग्न्यात्मा के लिये हृदय—प्राजापत्यात्मा के लिए भुव शिर—स्वः सूर्यात्मा के लिए शिखा, अब कवच कहा जाता है । ओ भूर्भुव स्वः कवच सत्यात्मा के लिये है । इसके अनन्तर अस्त्र विन्यास करके विष्णु का पूजन करना चाहिए और भोग तथा मोक्ष के लिए जप करे तथा हवन भी करना चाहिए जोकि तिल तथा घृत आदि के द्वारा किया जाता है । इसके करने से मनुष्य सभी कुछ प्राप्त कर लिया करता है ॥३०।३१।३२॥ जो मनुष्य प्रतिदिन बारह सहस्र जप करता है उसको बारह मासों में परब्रह्म का प्रकाश होजाया करता है ॥३३॥ एक करोड जप से अणिमा—महिमा आदि अष्ट सिद्धियाँ होती हैं और लक्ष जाप से सारस्वत आदि की प्राप्ति होती है । मख भी वैदिक—तान्त्रिक और दोनों का मिश्रित तीन तरह का होता है । तीनों तरह का विष्णु का मख होता है ।३४। इन तीनों प्रकार के मखों में से किसी भी एक के द्वारा विधि

के साथ हरि का अर्चन करे। भूमि में दण्डे की भांति लेटकर प्रणाम करे और नमस्कार पूर्वक जो हरि की अर्चना किया करता है। वह जिस गति को प्राप्त होता है उसे तो क्रतुओं के द्वारा भी प्राप्त नहीं किया करता है। जिसकी देवता में परामक्ति होती और जैसी देव में हुआ करती है वैसी गुरु में भी होती है। ऐसे ही महान् आत्मा वाले के ये अर्थ प्रकाशित होते हैं ॥२५।२६॥

१८४ आसनप्राणायामप्रत्याहाराः

आसनं कमलाद्युक्तं तद् बद्ध्वा चिन्तयेत्परम् ।
शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः ॥१
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ।
तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः ॥२
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ।
समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ॥३
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ।
पार्ष्णिभ्यां वृषणौ रक्षंस्तथा प्रजननं पुनः ॥४
ऊरुभ्यामुपरि स्थाप्य बाहू तिर्यक्प्रयत्नतः ।
दक्षिणं करपृष्ठं च न्यसेद्वामतलोपरि ॥५
उन्नम्य शनकैर्वक्त्रं मुखं विष्टभ्य चाग्रतः ।
प्राणः स्वदेहजो वायुस्तस्याऽऽयामो निरोधनम् ॥६
नासिकापुटमङ्गुल्याऽऽपीड्यैकेन च परेण च ।
औदरं रेचयेद्वायुं रेचनाद्रेचकः स्मृतः ॥७
बाह्येन वायुना देहं दृतिवत्पूरयेद्यथा ।
तथा पूर्णश्च संतिष्ठेत्पूरणात्पूरकः स्मृतः ॥८

इस अध्याय में आसन–प्राणायाम और प्रत्याहार का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—कमल आदि आसन कहे गये हैं अर्थात् पद्मासन। उस आसन को बाँधकर ही पर का चिन्तन करना चाहिए। किसी पवित्र स्थान में अपना आसन स्थिर रूप से प्रतिष्ठापित करे ॥१॥ आसन न तो अधिक ऊँचाई

पर हो और न अधिक निचाई पर होना चाहिए। आसन वस्त्र–कुशा और मृग चर्म आदि का उत्तरोत्तर श्रेष्ठ माना गया है। उस आसन पर बैठ कर सर्व प्रथम अपने मन को एकाग्र करना चाहिए। इन्द्रियों और चित्त की क्रिया को यत कर लेना चाहिए अर्थात् चित्त की चलायमानता को वायू मे कर लेवे। ।।२।। आसन पर बैठ कर अपनी आत्मा की शुद्धि के लिए योग का अभ्यास करना चाहिए। अपना शरीर–शिर और गरदन समान अवस्था मे अचल एवं स्थिर होना चाहिए ।।३।। अपनी नासिका के अग्र भाग को भली भाँति देखकर इधर-उधर दिशाओं को नहीं देखना चाहिए। पार्ष्णियों से दोनों वृषणों की रक्षा करते हुए फिर जननेन्द्रिय की रक्षा करे ।।४।। दोनो बाहुओं को अपने ऊरुओं के ऊपर तिर्यक् स्थापित करके वाम तल के ऊपर दक्षिण करके पृष्ठ को रखना चाहिए ।।५।। धीरे से मुख को उन्नमित करके आगे से मुख को विष्टम्भित करे। अपनी काया मे उत्पन्न होने वाला वायु प्राण है उसका आयाम अर्थात् निरोधक करने को प्राणायाम कहा जाता है ।।६।। नासिका के पुट को अंगुलि से आपीडित करके दूसरे से उदर की वायु का रेचन करना चाहिए। इसीसे इसका नाम रेचक कहा गया है ।।७।। बाहिरी वायु के द्वारा देह को दृति की भाँति पूरित करे और जब वह पूरित हो जावे तो उसे कुछ समय तक वहीं पर रोक देवे। पूरण करने से इसका नाम पूरक कहा जाता है ।।८।।

न मुञ्चति न गृह्णाति वायुमन्तर्बहि स्थितम् ।
सपूर्णकुम्भवत्तिष्ठेदचल स तु कुम्भक ।।६
कन्यक सकृदुद्घात स वै द्वादशमात्रिक ।
मध्यमश्च वि (द्वि) रुद्घातश्चतुर्विंशतिमात्रिक ।।१०
उत्तमश्च त्रिरुद्घात षट्त्रिंशत्तालमात्रिक ।
स्वेदकम्पाभिघातानां जननश्चोत्तमोत्तम ।।११
अजिता नाऽऽरुहेद् भूमिं हिक्काश्वासादयस्तथा ।
जिते प्राणे स्वल्पदोषविण्मूत्रादि प्रजायते ।।१२

आरोग्य शीघ्रगामित्वमुत्साह स्वरसौष्ठवम् ।
बलवर्णप्रसादश्च सर्वदोषक्षय फलम् ॥१३
जपध्यान विनाऽगर्भं सगर्भंस्तत्समन्वित ।
इन्द्रियाणा जयार्थाय सगर्भं धारयेत्परम् ॥१४
ज्ञानवैराग्ययुक्ताभ्या प्राणायामवशेन च ।
इन्द्रियाश्च (याणि) विनिर्जित्य सर्वमेव जित भवेत् ॥१५
इन्द्रियाण्येव तत्सर्वं यत्स्वर्गनरकावुभौ ।
निगृहीतविसृष्टानि स्वर्गाय नरकाय च ॥१६

न तो त्यागता है और ग्रहण ही किया करता है ऐसा अन्तर्वहि स्थित वायु जिस समय रहता है और वह सब पूर्ण कुम्भ की भाँति अचल हो जाता है। इसलिए इसका नाम कुम्भक कहा गया है ॥६॥ एक बार उद्घात द्वादश मात्रिक कन्यक होता है। दो बार उद्घात चौबीस मात्रा वाला मध्यम होता है। तीन बार उद्घात छत्तीस तान मात्रा वाला उत्तम होता है। स्वद-कम्प और उद्घातों का जनन करने वाला उत्तमोत्तम हुआ करता है ॥ १०।११ ॥ अजित भूमि का आरोहण नहीं करना चाहिए प्राण के जित होने पर हिक्का श्वास आदि और स्वलर दोष विण्मूत्र आदि होते हैं ॥ १२ ॥ प्राणायाम का फल आरोग्य-शीघ्रगामी होना-उत्साह-स्वर का सौष्ठव-बल-वर्ण-प्रसाद और समस्त दोषों का क्षय होना है ॥१३॥ जप ध्यान के बिना अगर्भ—सगर्भ और तत्समन्वित होता है। इन्द्रियों के जयार्थ पर सगर्भ को धारण करना चाहिए ॥१४॥ ज्ञान और वैराग्य से और प्राणायाम वश से इन्द्रियों को जीत कर एसा हो जाता है कि उसके लिए सब कुछ जीते हुए हो जाया करते हैं ॥१५॥ यह सब कुछ इन्द्रियाँ ही हैं। ये ही स्वर्ग और नरक दोनों हैं। जिसकी इन्द्रियाँ निगृहीत होती हैं वह स्वर्ग के लिए है और जिसकी इन्द्रियाँ विसृष्ट होती हैं वही नरक के लिए हुआ करता है ॥१६॥

शरीर रथमित्याहुरिन्द्रियाण्यस्य वाजिन ।
मनश्च सारथि प्रोक्त प्राणायाम कशा स्मृत ॥१७

ज्ञानवैराग्यरश्मिभ्यां मायया विधृतं मनः ।
शनैर्निश्चलतामेति प्राणायामैकसंहितम् ॥१८
जलबिंदु कुशाग्रेण मासे मासे पिबेत्तु यः ।
संवत्सरशतं साग्रं प्राणायामश्च तत्समः ॥१९
इन्द्रियाणि प्रसक्तानि प्रविश्य विषयोदधौ ।
आहृत्य यो निगृह्णाति प्रत्याहारः स उच्यते ॥२०
उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानं मज्जमानं यथाऽम्भसि ।
भोगनद्यतिवेगेन ज्ञानवृक्षं समाश्रयेत् ॥२१

इस मानव के शरीर को रथ कहा जाता है । इस रथ का वहन करने वाले अश्व इन्द्रियाँ होती हैं । मन सारथि है । ये सब प्राणायाम रूपी कशा (कोड़ा) से वश में किये जाते है । इन्द्रियाँ प्रसक्त होती हैं और विषयों के सागर में डुबकियाँ मारा करती हैं । जो इनका आहरण करके निगृहीत कर लेना है वही प्रत्याहार कहा जाता है ॥१७ से २०॥ जिस तरह जल में डूबता हुआ अपने आप ही अपने को बचाता है वैसे ही भोगों की नदी के अत्यन्त प्रचण्ड वेग से ज्ञानरूपी वृक्ष का समाश्रय लेना चाहिए ॥२१॥

१८५ ध्यानम्

ध्यै चिन्तायां स्मृतो धातुर्विष्णुचिन्ता मुहुर्मुहुः ।
अनाक्षिप्तेन मनसा ध्यानमित्यभिधीयते ॥१
आत्मनः समनस्कस्य मुक्ताशेषोपधस्य च ।
ब्रह्मचिन्ता समा शक्तिर्ध्यानं नाम तदुच्यते ॥२
ध्येयालम्बनसंस्थस्य सदृशप्रत्ययस्य च ।
प्रत्ययान्तरनिर्मुक्तः प्रत्ययो ध्यानमुच्यते ॥३
ध्येयावस्थितचित्तस्य प्रदेशे यत्र कुत्रचित् ।
ध्यानमेतत्समुद्दिष्टं प्रत्ययस्यैकभावना ॥४
एवं ध्यानसमायुक्तः स्वदेहं यः परित्यजेत् ।
कुलं स्वजनमित्राणि समुद्धृत्य हरिर्भवेत् ॥५

एव मुहूर्तमर्धं वा ध्यायेद्य श्रद्धया हरिम् ।
सोऽपि या गतिमाप्नोति न ता सर्वैर्महामखैः ॥६
ध्याता ध्यान तथा ध्येय यच्च ध्यानप्रयोजनम् ।
एतच्चतुष्टय ज्ञात्वा योग युञ्जीत तत्त्ववित् ॥७
योगाभ्यासाद्भवेन्मुक्तिरैश्वर्य चाष्टधा महत् ।
ज्ञानवैराग्यसपन्न श्रद्धधान. क्षमान्वित ॥८

इस अध्याय म केवल ध्यान का वर्णन किया जाता है । अग्निदेव ने कहा—"ध्यै"—यह धातु चिन्ता के अर्थ मे कही गई है । बार बार अनाक्षिप्त मन के द्वारा भगवान् विष्णु की चिन्ता का करना ध्यान नाम से कहा जाता है ॥१॥ मन के सहित और मुक्त समस्त उपधा वाली आत्मा की ब्रह्म की चिंता के समान जो शक्ति है वही ध्यान के नाम से पुकारा जाता है ॥ २ ॥ ध्येयालम्बन सस्थ और सदृश के प्रत्यय का जो अन्य प्रत्यय से निर्मुक्ति वाला प्रत्यय है वह ध्यान कहा जाता है ॥३॥ अपने ध्यान करने के योग्य मे स्थित चित्त वाले का प्रदेश म जहाँ कही भी प्रत्यय की एक भावना होती है यह ध्यान कहा गया है ॥४॥ इस प्रकार के ध्यान से समायुक्त जो अपने शरीर का त्याग किया करता है वस अपने जन–मित्र और कुल का उद्धार करके स्वय हरि हो जाया करता है । ५॥ इस प्रकार से एक मुहूर्त्त भर या आधे मुहूर्त्त तक श्रद्धा से हरि का ध्यान किया करता है वह भी जिस गति को प्राप्त करता है उसको समस्त प्रकार के मखो के द्वारा भी नही प्राप्त करता है ॥६॥ ध्याता (ध्यान करने वाला)—ध्यान–ध्येय (ध्यान करने के योग्य या ध्यान का विषय) और ध्यान करने का प्रयोजन–इन चारो वस्तुओ का भली भाँति ज्ञान प्राप्त करके तत्त्वो के जानने वाले को योग करना चाहिए ॥७॥ योग के अभ्यास से मुक्ति होती है और आठ प्रकार का महान् ऐश्वर्य भी होता है । ध्याता जो होता है वह ज्ञान वैराग्य से युक्त—श्रद्धा वाला और क्षमा से युक्त हुआ करता है ॥८॥

विष्णुभक्त. सदोत्साही ध्यातेत्य पुरुष स्मृतः ।
मूर्तामूर्त पर ब्रह्म हरेर्ध्यान हि चिन्तनम् ॥९

सकलो निष्कलो ज्ञेयः सर्वज्ञः परमो हरि- ।
अणिमादिगुणैश्वर्यं मुक्तिर्ध्यानप्रयोजनम् ॥१०
फलेन योजको विष्णुरतो ध्यायेत्परेश्वरम् ।
गच्छंस्तिष्ठन्स्वपञ्जाग्रदुन्मिषन्निमिषन्नपि ॥११
शुचिर्वाऽप्यशुचिर्वाऽपि ध्यायेत्सततमीश्वरम् ।
स्वदेहायतनस्यान्ते मनसि स्थाप्य केशवम् ॥१२
हृत्पद्मपीठिकामध्ये ध्यानयोगेन पूजयेत् ।
ध्यानयज्ञः परः शुद्धः सर्वदोषविवर्जितः ॥१३
तेनेष्ट्वा मुक्तिमाप्नोति बाह्यशुद्धैश्च नाध्वरैः ।
हिंसादोषविमुक्तित्वाद्विशुद्धिश्चित्तसाधनः ॥१४
ध्यानयज्ञः परस्तस्मादपवर्गफलप्रदः ।
तस्मादशुद्धं सत्यज्य ह्यनित्यं बाह्यसाधनम् ॥१५
यज्ञाद्यं कर्म सत्यज्य योगमत्यर्थमभ्यसेत् ।
विकारमुक्तमव्यक्तं भोग्यभोगसमन्वितम् ॥१६

ध्याता विष्णु का भक्त—सर्वदा उत्साह से युक्त पुरुष ही कहा जाता है। ब्रह्म पर और मूर्त्त तथा अमूर्त्त होता है उसके लिए हरि का ध्यान ही चिन्तन होता है ॥६॥ हरि को सकल—निष्कल—सर्वज्ञ और परम जानना चाहिए। अणिमादि गुणों का ऐश्वर्य मुक्ति ही ध्यान का प्रयोजन होता है ॥१०॥ विष्णु फल के द्वारा योजक है इसलिए उस परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए और प्रत्येक अवस्था मे जाते—स्थित रहते—सोते हुए—जागते हुए और उन्मेष एवं निमेष करते हुए हर समय हरिका ध्यान करना आवश्यक होता है ॥११॥ इसमे शुचिता का भी कोई नियम नही होता है। चाहे पवित्र हो या अशुचि हो ईश्वर का निरंतर ध्यान करते रहना चाहिए। अपने देह रूपी आयतन के अन्दर मन मे केशव को स्थापित करके हृदय की पीठिका के मध्य मे ध्यान के योग से उनका पूजन करना चाहिए। यह ध्यान का यज्ञ सबसे पर—शुद्ध और समस्त दोषो से वर्जित होता है ॥१२।१३॥ ध्यान के द्वारा यजन करके मानव मुक्ति

की प्राप्ति करता है। बाहिरी शुद्ध यज्ञों द्वारा नहीं प्राप्त किया करता है। ध्यान रूपी यज्ञ हिंसा के दोष से विमुक्त होता है अतएव चित्त की विशुद्धि का वह सच्चा साधन है ॥१४॥ इसी कारण से ध्यान यज्ञ पर और अपवर्ग के फल को प्रदान करने वाला होता है। इसी कारण अनित्य और अशुद्ध बाहिरी साधन का त्याग कर देवे ॥ १५ ॥ यज्ञ आदि कर्म का त्याग कर देवे योगि विकारों से युक्त-अव्यक्त और भोग्य एवं भोग से समन्वित हुआ करता है। केवल योग का ही अत्यन्त अभ्यास करना चाहिए ॥१६॥

चिन्तयेद् हृदये पूर्व क्रमादादौ गुणत्रयम् ।
तम प्रच्छाद्य रजसा सत्त्वेन च्छादयेद्रज ॥१७
ध्यायेन्त्रिमण्डल पूर्व कृष्ण रक्त सितं क्रमात् ।
सत्त्वोपाधिगुणातीत पुरुष पञ्चविशकः ॥१८
ध्येयमेतदशुद्ध च त्यक्ताशुद्ध विचिन्तयेत् ।
ऐश्वर्यं पङ्कज दिव्य पुरुषोपरि सस्थितम् ॥१९
द्वादशाङ्गुलविस्तीर्ण शुद्ध विकसितं सितम् ।
नालमष्टाङ्गुल तस्य नाभिकन्दसमुद्भवम् ॥२०
पद्मपत्राष्टक ज्ञेयमणिमादिगुणाष्टकम् ।
कर्णिकाकेसर नाल ज्ञानवैराग्यमुत्तमम् ॥२१
विष्णुधर्मश्च तत्कन्दमिति पद्म विचिन्तयेत् ।
तद्धर्मज्ञानवैराग्य शिवैश्वर्यमय परम् ॥२२
ज्ञात्वा पद्मासन सर्वं सर्वदु खान्तमाप्नुयात् ।
तत्पद्मकर्णिकामध्ये शुद्धदीपशिखाकृतिम् ॥२३
अङ्गुष्ठमात्रममल ध्यायेदोंकारमीश्वरम् ।
कदम्बगोलकाकार तारं रूपमिव स्थितम् ॥२४
ध्यायेद्वा रश्मिजालेन दीप्यमान समन्ततः ।
प्रधान पुरुषातीत स्थित पद्मस्थमीश्वरम् ॥२५

ध्यायेज्जपेच्च सततमोंकार परमक्षरम् ।
मन स्थित्यर्थमिच्छन्ति स्थूलध्यानमनुक्रमात् ॥२६

सर्व प्रथम आदि में हृदय में क्रम से तीनों गुणों का चिन्तन करना चाहिए । रजोगुण से तमोगुण का प्रच्छादन करके फिर सत्व गुण द्वारा रजोगुण का प्रच्छादन करना चाहिए ॥१७॥ पहिले क्रम से कृष्ण—रक्त और सित त्रिमण्डल का ध्यान करे। सत्वोपाधि गुणों से अतीत पुरुष पञ्च विशक है। इस प्रकार से इस अशुद्ध और त्यक्त शुद्ध का विचिन्तन करना चाहिए। ऐश्वर्य पङ्कज दिव्य है और पुरुष के ऊपर संस्थित है ॥१८।१९॥ वह पङ्कज बारह अंगुल विस्तार वाला—शुद्ध—सित और विकास से युक्त होता है। उसका नाल नाभि के कन्द से उत्पन्न होने वाला आठ अंगुल का है ॥२०॥ आठ दलों वाला पद्म है जिनमें कि अणिमा आदि आठ गुण उपस्थित होते हैं। कर्णिका का केशर वाला नाल उत्तम ज्ञान और वैराग्य पूर्ण है ॥२१॥ विष्णु के धर्म वाला उसका कन्द है ऐसे पद्म का विचिन्तन करे। उसको धर्म—ज्ञान—वैराग्य पूर्ण एवं शिव ऐश्वर्य से परिपूर्ण परम जान कर समस्त पद्मासन को सम्पूर्ण दुःखों का अन्त करने वाला प्राप्त करे। उसकी कर्णिका के मध्य में शुद्ध दीपक की शिखा की आकृति वाले अंगुष्ठ मात्र मल रहित ओंकार स्वरूप ईश्वर का ध्यान करना चाहिए जोकि कदम्ब गोलक के आकार वाला तार रूप की भाँति स्थित है ॥२२।२३ २४॥ अथवा चारों ओर से रश्मि के समूह से दीप्यमान का ध्यान करे। प्रधान—पुरुषातीत पद्म पर स्थित ईश्वर का ध्यान करना चाहिए। और परमाक्षर ओंकार का ही निरन्तर जप करना चाहिए। मन की स्थिति के लिए अनुक्रम से स्थूल ध्यान की इच्छा किया करते हैं ॥२५।२६॥

तद्भूत निश्चलीभूत लभेत्सूक्ष्मेऽपि संस्थितम् ।
नाभिकन्दे स्थित नाल दशाङ्गुलसमायतम् ॥२७
नालेनाष्टदल पद्म द्वादशाङ्गुलविस्तृतम् ।
सकर्णिके केसराले सूर्यसोमाग्निमण्डलम् ॥२८
अग्निमण्डलमध्यस्थः शङ्खचक्रगदाधर ।
पद्मी चतुर्भुजो विष्णुरथ वाऽष्टभुजो हरि ॥२९

शार्ङ्गाक्षवलयधरः पाशाङ्कुशधरः परः ।
स्वर्णवर्णं श्वेतवर्णं सश्रीवत्सः सकौस्तुभः ॥३०
वनमाली स्वर्णहारी स्फुरन्मकरकुण्डल ।
रत्नोज्ज्वलकिरीटश्च पीताम्बरधरो महान् ॥३१
सर्वाभरणभूषाढ्यो वितस्तिर्वा यथेच्छया ।
अहं ब्रह्म ज्योतिरात्मा वासुदेवो विमुक्त ओम् ॥३२
ध्यानाच्छ्रान्तो जपेन्मन्त्रं जपाच्छ्रान्तश्च चिन्तयेत् ।
जपध्यानादियुक्तस्य विष्णुः शीघ्रं प्रसीदति ॥३३
जपयज्ञस्य वै यज्ञाः कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।
जपिनं नोपसर्पन्ति व्याधयश्चाऽऽधयो ग्रहाः ॥३४
भुक्तिर्मुक्तिर्मृत्युजयो जपेन प्राप्नुयात्फलम् ॥३५

उसमें होने वाला नाभिकन्द में स्थित निश्चलीभूत दशाङ्गुल समायत ज्ञान को मूहर में भी प्राप्त करे ॥२७। उस न ल से आठ दलों वाला पद्म जोकि बारह अङ्गुल विस्तार वाला है। सकणिक केसरान में सूर्य-सोमाग्नि मण्डल है। उस अग्नि मण्डल के मध्य में स्थित शङ्ख चक्र और गदादि को धारण करने वाले तथा पद्मधारी—चार भुजाओं से युक्त अथवा आठ भुजाओं वाले हरि एवं विष्णु विराजमान हैं ॥२८।२९॥ शार्ङ्गाक्षवलय को धारण करने वाले—पाश, अंकुशधारी सबसे पर—स्वर्ण के समान वर्ण वाले—श्वेत वर्ण से युक्त श्रीवत्स के चिह्न से विभूषित एवं कौस्तुभ धारी उनका स्वरूप है। वनमाला वाले—स्वर्ण के हार वाले और स्फुरमाण मकराकृति कुण्डलों के धारण करने वाले तथा रत्नों से एकदम समुज्ज्वल किरीट धारी एवं पीताम्बर धारण करने वाले उनका महान् स्वरूप है ॥३०।३१॥ इस प्रकार से समस्त आभरणों से परम विभूषित एवं युक्त यथेच्छा से एक वितस्ति आकार वाले हैं। अहं (मैं) ही ब्रह्म हूँ—आत्मा ज्योति स्वरूप है और ओम् यही विमुक्त वासुदेव हैं—ऐसे ध्यान से शान्त स्वरूप होकर मन्त्र का जाप करे। और शान्त होकर चिन्तन करना चाहिए। इस प्रकार से जप और ध्यान से युक्त पुरुष पर विष्णु शीघ्र

ही प्रसन्न होते हैं ॥३२।३३॥ इस तरह के जप यज्ञ की सोलहवी कला को भी यज्ञ प्राप्त नहीं किया करते हैं। ऐसे जाप करने वाले को व्याधियाँ तथा मानसी व्यथाऐं कभी भी समीप मे आकर नही घेरा करती हैं और न कोई ग्रह ही सताते हैं। जप से भुक्ति-मुक्ति और मृत्यु के जय का फल प्राप्त हो जाता है ॥३४,३५।

१८६—धारणा

धारणा मनसो ध्येये संस्थितिर्ध्यानवद् द्विधा ।
मूर्तामूर्तहरिध्यानमनोधारणतो हरिः ॥१
यद्बाह्यावस्थितं लक्ष्य तस्मान्न चलते मनः ।
तावत्काल प्रदेशेषु धारणा मनसि स्थितिः ॥२
कालावधि परिच्छिन्नं देवे संस्थापित मनः ।
न प्रच्यवति यल्लक्ष्याद्धारणा साऽभिधीयते ॥३
धारणा द्वादशायामा ध्यानं द्वादशधारणा ।
ध्यान द्वादशक यावत्समाधिरभिधीयते ॥४
धारणाभ्यासयुक्तात्मा यदि प्राणैर्विमुच्यते ।
कुलैकविंशमुत्तार्यस्वर्याति परम पदम् ॥५
यस्मिन्यस्मिन्भवेदङ्गे योगिना व्याधिसंभव. ।
तत्तदङ्ग धिया व्याप्य धारयेत्तत्त्वधारणम् ॥६
आग्नेयी वारुणी चैव ऐशानी चामृतात्मिका ।
साग्निः शिखा फडन्ता च विष्णोः कार्या द्विजोत्तम ॥७
नाडीभिर्विकट दिव्य शूलाग्र वेधयेच्छुभम् ।
पादाङ गुष्ठात्कपोलान्त रश्मिमण्डलमावृतम् ॥८

इस अध्याय मे धारणा के स्वरूप का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—ध्येय मे अर्थात् ध्यान के य र इष्ट देव में जो मन की संस्थिति है वह धारणा कही जाती है। वह धारणा दो प्रकार की होती है। जिस तरह ध्यान दो प्रकार का होता है। मूर्त तथा अमूर्त हरि का ध्यान जोकि मन के

धारण से हरि की धारणा होती है। बाहिर में अवस्थित जो लक्ष्य होता है उससे मन नहीं चलता है उतने समय तक मन में जो स्थिति होती है वह धारणा होती है ॥ १।२ ॥ काल की अवधि से परिच्छिन्न मन जोकि देव में संस्थापित किया गया है वह लक्ष्य से प्रच्युत नहीं होता है उस प्रच्यवन न होने को ही धारणा नाम से कहा जाता है ॥३॥ द्वादश याम वाली धारणा होती है और द्वादश धारणा वाला ध्यान होता है तथा बारह ध्यान की समाधि कही जाती है ॥४॥ धारणा के अभ्यास में युक्त आत्मा यदि प्राणों से मुक्ति पा जाया करता है तो वह अपने बीस कुलों का उद्धार करके स्वयं परम यह स्वर्ग को जाया करता है ॥५॥ योगियों के जिस-जिस अङ्ग में व्याधियों की उत्पत्ति होती है। उस-उस अङ्ग को धी से व्याप्य करके तत्त्व धारण को धारना चाहिए ॥ ६ ॥ हे द्विजों में उत्तम ! आग्नेयी-वारुणी-ऐशानी और अमृतात्मिका अग्नि के रहित और फट् अन्त वाली विष्णु की शिखा करनी चाहिए। नाड़ियों से विकट-दिव्य-शूलाग्र-शुभ-पाद के अंगुष्ठ से कपोल पर्यन्त आवृत रश्मि मण्डल का वेधन करे ॥७।८॥

तिर्यक्चाधोर्ध्वभागेभ्य प्रयान्त्योऽग्नीव तेजसाम् ।
चिन्तयेत्साधकेन्द्रस्तं यावत्सर्वं महामुने ॥९
भस्मीभूत शरीर स्व ततश्चैवोपसंहरेत् ।
शीतश्लेष्मादय पाप विनश्यन्ति द्विजातय ॥१०
शिरो धीर विचार च कण्ठ चाधोमुखे स्मरेत् ।
ध्यायेदच्छिन्नचित्तात्मा भूयोभूतेन चाऽऽत्मना ॥११
स्फुरन्छीवरसस्पर्शप्रभूते हिमगामिभिः ।
धाराभिरखिल विश्वमापूर्य भुवि चिन्तयेत् ॥१२
ब्रह्मरन्ध्रात्स सक्षोभाद्यावदाधारमण्डलम् ।
सुषुम्नान्तर्गतो भूत्वा सपूर्णेन्दुकृतालयम् ॥१३
सप्लाव्य हिमसस्पर्शतोयेनामृतमूर्तिना ।
क्षुत्पिपासाक्रमप्रायसतापपरिपीडित ॥१४

धारयेद्वारुणी मन्त्री तुष्ट्यर्थं चाप्यतन्द्रित ।
वारुणी धारणा प्रोक्ता ऐशानी धारणा शृणु ॥१५
व्याम्नि ब्रह्ममये पद्मे प्राणापाने क्षय गते ।
प्रसाद चिन्तयेद्विष्णोर्यावच्चिन्ता क्षय गता ॥१६

हे महामुने ! नागवेन्द्र की तिर्यक्–अधो भाग और ऊर्ध्व भागों से वे तेज की किरणें जाती हुई जब तक सब म व्याप्त हों तब तक चिन्तन करना चाहिए ॥ ९ ॥ फिर अपने इस भस्मी भूत शरीर को उपसंहृत करे । द्विजाति पीत श्लेष्मा आदि पाप का विनाश कर देते हैं ॥१०॥ शिर और और विचार को तथा कण्ठ को अधोमुख मे स्मरण करना चाहिए । अच्छिन्न आत्मा होकर भूयोभूत आत्मा के द्वारा ध्यान करना चाहिए ॥११॥ स्फुरित सी करो (बूंदो) के सस्पर्श से प्रभूत में हिमगामिनी धाराओं के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को आपूरित करके भूमि मे चिन्तन करे ॥१२॥ और ब्रह्मरन्ध्र से मध्य म से आधार मण्डल तक सुषुम्ना के अन्तर्गत होकर सम्पूर्ण इन्दु कुलालय का अमृत मूर्ति हिमसम्पर्श जल से सम्प्लावित करे । क्षुधा–पिपासा के क्रम स प्र य. सताप–परिपीडित मन्त्री तुष्टि के लिये वारुणी को धारण करे और अतन्द्रित रहे । इस प्रकार से वारुणी धारणा बतादी गई है । अब ऐशानी धारणा का श्रवण करो ॥१३॥ ॥१४॥१५॥ आकाश मे ब्रह्ममय पद्म मे प्राण और अपान क्षय को प्राप्त होने पर जब तक चिन्तन क्षीण हो तब तक विष्णु के प्रसाद का चिन्तन करना चाहिए ॥१६॥

महाभाव जपेत्सर्व ततो व्यापक ईश्वर ।
अर्धेन्दु परम शान्त निराभास निरञ्जनम् ॥१७
असत्य सत्यमाभाति तावत्सर्व चराचरम् ।
यावत्स्वस्पन्दरूप तु न दृष्ट गुरुवक्त्रत. ॥१८
दृष्टे तस्मिन्परे तत्त्वे आब्रह्म सचराचरम् ।
प्रमातृमानमेय च ध्यानहृत्पद्मकम्पनम् ॥१९

मातृमोदकवत्सर्वं जपहोमार्चनादिकम् ।
विष्णुमन्त्रेण वा कुर्यादमृता धारणा वदे ॥२०
सपूर्णेन्दुनिभं ध्यायेत्कमल तन्निमुष्ठिगम् ।
शिरःस्थं चिन्तयेद्यत्नाच्छशाङ्कायुतवर्चसम् ॥२१
सपूर्णमण्डल व्योम्नि शिवकल्लोलपूर्णितम् ।
तथा हृत्कमले ध्यायेत्तन्मध्ये स्वतनु स्मरेत् ॥
साधको विगतक्लेशो जायते धारणादिभि. ॥२२

समस्त महाभाव का जप करे । इसके अनन्तर ईश्वर व्यापक है । अर्धेन्दु—परम—शान्त—निराभास—निरञ्जन का जप करे । यह समस्त चराचर जब तक असत्य सत्य प्रतीत होता है जब तक स्वस्पन्द रूप गुरु के मुख से दृष्ट नहीं होता है । उस पर तत्त्व देखने पर यह सचराचर ब्रह्म पर्यन्त प्रमातृ मानमेय और ध्यान हृत्पद्म कमल है ॥१७।१८।१९॥ यह सब जप-होम और अर्चन आदि माता के मोदक के समान है । अथवा विष्णु मन्त्र के द्वारा इसे करना चाहिए । अब अमृता नाम वाली धारणा को बतलाते हैं ॥२०॥ तन्नि मुष्ठि मे रहने वाले सम्पूर्ण चन्द्र के तुल्य कमल का ध्यान करना चाहिए । दश सहस्र शशाङ्कों के वर्चस वाले शिर मे स्थित का यत्न से चिन्तन करना चाहिए ॥२१॥ व्योम मे शिव के कल्लोल से पूर्णित सम्पूर्ण मण्डल का तथा हृदय कमल में ध्यान करना चाहिए और उसके मध्य मे अपने शरीर का स्मरण करना चाहिए धारणा आदि के द्वारा साधक विगत क्लेश वाला हो जाया करता है ॥२२॥

१८७ समाधिः

यदात्ममात्र निर्भासं स्तिमितोदधिवत्स्थितम् ।
चैतन्यरूपवद्ध्यानं तत्समाधिरिहोच्यते ॥१
ध्यायन्मन सनिवेश्य यस्तिष्ठेदचल स्थिर ।
निर्वातानलवद्योगी समाधिस्थ प्रकीर्तित. ॥२

न शृणोति न चाऽऽघ्राति न पश्यति न अस्यति ।
न च स्पर्शं विजानाति न सङ्कल्पयते मनः ॥३
न चाभिगम्यते किञ्चिन्न च बुध्यति काष्ठवत् ।
एवमीश्वरसंलीनः समाधिस्थः स गीयते ॥४
यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता ।
ध्यायतो विष्णुमात्मानं समाधिस्थस्य योगिनः ॥५
उपसर्गाः प्रवर्तन्ते दिव्या सिद्धिप्रसूचकाः ।
पातितः श्रावणो धातुर्दर्शनस्वाङ्गवेदनाः ॥६
प्रार्थयन्ति च तं देवा भोगैर्दिव्यैश्च योगिनम् ।
नृपाश्च पृथिवीदानैर्धनैश्च सुधनाधिपाः ॥७
वेदादिसर्वशास्त्रं च स्वयमेव प्रवर्तते ।
अभीष्टच्छन्दो विषयः काव्यं चास्य प्रवर्तते ॥८

इस अध्याय में समाधि का वर्णन किया जाता है । अग्निदेव ने कहा–जो निर्भान आत्म मात्र स्तिमित सागर की भाँति स्थित चैतन्य रूप की तरह ध्यान होता है वह समाधि कही जाती है ॥१॥ ध्यान करते हुए साधक का मन ध्येय इष्टदेव में सन्निवेशित करके जब अचल और एक ही लक्ष्य में स्थिर हो जाता है तो निर्वात स्थान में अग्नि की भाँति योगी समाधि में स्थित कहलाया करता है ॥२॥ योगी जब समाधि की अवस्था में होता है तो वह कुछ भी सुनता नहीं है—न कुछ सूँघता है—न किसी भी पदार्थ को देखता है और न वह कुछ खाता या स्वाद लेता है । योगी समाधिस्थ होकर किसी भी स्पर्श का ज्ञान नहीं रखता है और उसका मन कुछ भी सङ्कल्प नहीं किया करता है ॥३॥ न वह कुछ भी अभिगमन किया करता है और न कुछ भी ज्ञान रखता है । वह तो उस समय काष्ठ की भाँति हो जाता है । इस प्रकार से एकमात्र ईश्वर में लीन होकर समाधि में स्थित रहने वाला कहा जाया करता है ॥४॥ जिस तरह से दीपक की शिखा निर्वात (बिना वायु वाले) स्थान में बिल्कुल भी हिलती–जुलती नहीं है वही समाधि की अवस्था बताई गई है । आत्मा आत्मा

विष्णु का ध्यान करने वाले समाधि में स्थित योगी के दिव्य गव सिद्धि की सूचना दन वाल उपसग प्रवृत्त हुआ करत हैं। श्रावण धातु पतित होता है और दशन स्वाङ्ग वेदना वाले दव उस योगी की दिव्य भोगों क द्वारा प्रार्थना किया करते हैं। और भुवन के स्वामी राजा लोग पृथिवी का दान और धनो से उस की प्राथना किया करत हैं। ५।६।७।। वेद आदि समस्त शास्त्र उस योगी को स्वय ही आकर प्रवृत्त हो जाया करते हैं। जो भी च ह वैसे ही अभीष्ट छन्द वाला काव्य का विषय इसको स्वय हो उपस्थित हो जाता है ।।८।।

रसायनानि दिव्यानि दिव्याश्चौषधयस्तथा ।
समस्तानि च शिल्पानि कला सर्वाश्च विन्दति ॥९
सुरेन्द्रकन्या इत्याद्या गुणाश्च प्रतिभादय ।
तृणवत्ता त्यजेद्यस्तु तस्य विष्णु प्रसीदति ।।१०
अणिमादिगुणैश्वर्यं शिष्ये ज्ञान प्रकाश्य च ।
भुक्त्वा भोगान्यथेच्छातस्तनु त्यक्त्वा लयात्तन ।।११
तिष्ठेत्स्वात्मनि विज्ञान आनन्दे ब्रह्मणीश्वरे ।
मलिनो हि यथाऽऽदर्श आत्मज्ञानाय न क्षम. ।।१२
तथा विपक्वकरण आत्मज्ञानाय न क्षम ।
सर्वाश्रयान्निजे देहे देही विन्दति वेदनाम् ।।१३
योगयुक्तस्तु सर्वदा योगान्नाऽऽप्नोति वेदनाम् ।
आकाशमेक हि यथा घटादिषु पृथग्भवेत् ।।१४
तथाऽऽत्मैको ह्यनेकेषु जलाधारेष्विवांशुमान् ।
ब्रह्म खानिलतेजांसि जलभूक्षितिधातव ।।१५
इमे लोका एष चाऽऽत्मा तस्माच्च सचराचरम् ।
मृद्दण्डचक्रसयोगात्कुम्भकारो यथा घटम् ।।१६

दिव्य रसायन तथा दिव्य औषधं—सब प्रकार के शिल्प और कला वह प्राप्त कर लेता है ।। ९ ।। सुरेन्द्र की कन्याएँ और प्रतिभा आदि गुण इनको तृण की भांति वह त्याग दिया करता है जिसके ऊपर भगवान् विष्णु प्रसन्न

हो जाते हैं ॥१०॥ अणिमा आदि गुणों के ऐश्वर्य वाला योगी शिष्य को ज्ञान का प्रकाश देकर यथेच्छया भोगों का उपभोग करके इस शरीर का त्याग करके लय से फिर वह स्वरमा मे विज्ञान और आनन्द स्वरूप ईश्वर ब्रह्म मे स्थित रहा करता है। जिस तरह मैला शीशा अपने स्वरूप के यथार्थ ज्ञान कराने समर्थ नही होता है वैसे ही विपक्व करण में आत्म ज्ञान कराने की क्षमता नहीं होती है। सर्वाश्रय होने से यह देही अपने देह मे वेदना का अनुभव किया करता है ॥११॥१२॥१३॥ जो योग से युक्त होता है वह सबके योग से येद-ा नहीं प्राप्त किया करता है। जिस प्रकार से एक ही आकाश घट-मठ आदि मे पृथक् दिखलाई देता है वैसे ही एक ही आत्मा अनेकों मे दिखाई दिया करता है। विभिन्न जल के आधारों में जैसे अंशुमान् एक होते हुए भी अनेक प्रतीत होता है। ब्रह्म आकाश—वायु—तेज—जल और पृथिवी धातुऐं ये लोक हैं और यह आत्मा है। इसमे यह चराचर होता है। जिस तरह मिट्टी—दण्ड और चक्र के योग से कुम्हार घट की रचना किया करता है इसी तरह से इस चराचर की रचना होती है ॥१४॥१५॥१६॥

करोति तृणमृत्काष्ठैर्गृहं वा गृहकारक ।
करणान्येवमादाय तासु तास्विह योनिपु ॥१७
सृजत्यात्मानमात्मैव सभूय करणानि च ।
कर्मणा दोपमोहाभ्यामिच्छयैव स बध्यते ॥१८
ज्ञानाद्विमुच्यते जीवो धर्माद्योगी न रोगभाक् ।
वर्त्याधारस्नेहयोगाद्यथा दीपस्य सस्थिति ॥१९
विक्रियाऽपि च दृष्टैवमकाले प्राणसक्षय ।
अनन्ता रश्मयस्तस्य दीपवद्यः स्थितो हृदि ॥२०
सितासिता कद्रुनीला कपिला. पीतलोहिता. ।
ऊर्ध्वमेक: स्थितस्तेपा यो भित्वा सूर्यमण्डलम् ॥२१
ब्रह्मलोकमतिक्रम्य तेन याति परा गतिम् ।
यदस्यान्यद्रश्मिशतमूर्ध्वमेव व्यवस्थितम् ॥२२

तेन देवनिकायानि धामानि प्रतिपद्यते ।
येनैकरूपाश्चाधस्ताद्रश्मयोऽस्य मृदुप्रभाः ।।२३
इह कर्मोपभोगाय तैश्च संचरते हि सः ।
बुद्धीन्द्रियाणि सर्वाणि मनःकर्मेन्द्रियाणि च ।।२४

गृहों का निर्माण करने वाला तृण–मिट्टी और काष्ठों में उन–उन योनियों में ऐसे करणों को लेकर आत्मा ही अपने ग्रपको करण बन कर सृजन किया करता है। कर्म के द्वारा दोष और मोह से इच्छा ही से वह बद्ध हो जाया करता है ।। १७।१८ ।। यह जीव रमा ज्ञान प्राप्त करके उसी से विमुक्त हुआ करता है और धर्म से योगी रागों का भाजन नहीं बनता है। वत्ती—आधार और स्नेह (तैल आदि) के योग में दीपक की संस्थिति हुआ करती है ।।१९।। और विक्रिया भी हो जाती है इस प्रकार से देखकर प्रकाल ही में प्राण का सक्षय भी हो जाता है। उसकी अनन्त रश्मियाँ होती हैं जो दीप की भाँति हृदय में स्थित रहता है ।।२०।। उन रश्मियों के रूप सित—असित—कद्रु—नील—कपिल—पीत और लोहित होते हैं। उनमें एक ऊर्ध्व भाग में स्थित है जो सूर्य मण्डल का भेदन करके और ब्रह्मलोक का अतिक्रमण करके उससे परागति को वह जाया करता है। जो इसकी अन्य सौ रश्मियाँ ऊर्ध्व भाग में ही अवस्थित हैं, उनसे देवों के निकाय जो धाम होते हैं उनका प्राप्त किया करता है। इसके अधोभाग में मृदुप्रभा वाली तथा एक रूप वाली रश्मियाँ हैं उनके द्वारा यहाँ संसार में अपने इन कर्मों के उपभोग प्राप्त करने के लिए वह सञ्चरण किया करता है। वे समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ—मन—कर्मेन्द्रियाँ हैं ।।२१ से २४।।

अहङ्कारश्च बुद्धिश्च पृथिव्यादीनि चैव हि ।
अव्यक्त आत्मा क्षेत्रज्ञ क्षेत्रस्यास्य निगद्यते ।।२५
ईश्वरः सर्वभूतस्य सदसत्सदसच्च सः ।
बुद्धेरुत्पत्तिरव्यक्ता ततोऽहङ्कारसंभवः ।।२६
तस्मात्खादीनि जायन्त एकोत्तरगुणानि तु ।
शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धश्च तद्गुणाः ।।२७

यो यस्मिन्नाश्रितश्चैषां स तस्मिन्नेव लीयते ।
सत्त्व रजस्तमश्चैव गुणास्तस्यैव कीर्तिता. ॥२८
रजस्तमोभ्यामाविष्टश्चक्रवद्भ्राम्यते हि स ।
अनादिरादिमानश्च स एव पुरुष पर ॥२९
लिङ्गेन्द्रियैरुपग्राह्य स विकार उदाहृत ।
यतो वेदा पुराणानि विद्योपनिपदस्तथा ॥३०
श्लोका सूत्राणि भाष्याणि यच्चान्यद्वाङ्मय भवेत् ।
पितृयानोपवीथ्याश्च यदगस्त्यस्य चाऽन्तरम् ॥३१
तेनाग्निहोत्रिणो यान्ति प्रजाकामा दिव प्रति ।
ये च दानपरा. सम्यगष्टाभिश्च गुणैर्युताः ॥३२
अष्टाशीतिसहस्राणि मुनयो गृहमेधिन. ।
पुनरावर्तने बीजभूता धर्मप्रवर्तका. ॥३३

अहङ्कार—बुद्धि और पृथिवी आदि हैं । यह सब ही इस आत्मा का क्षेत्र कहा जाता है । आत्मा अव्यक्त और क्षेत्रज्ञ कहा जाया करता है । समस्त भूतों का सद्—असद् और सदसत् वह ईश्वर ही है । बुद्धि की उत्पत्ति अव्यक्त है । इससे फिर अहङ्कार की उत्पत्ति होती है ॥२५।२६॥ उससे एकोत्तर गुण वाले आकाश आदि उत्पन्न होते हैं । शब्द–स्पर्श–रूप–रस और गन्ध ये उनके गुण होते हैं ॥२७॥ इनमें जो भी जिसमें आश्रित होता है वह उसीमें ही लीन हो जाया करता है । सत्त्व–रज और तम ये उसी के गुण कहे गये हैं ॥२८॥ वह रज और तम इन दोनों से आविष्ट होकर चक्र की भाँति भ्रमण कराया जाया करता है । वह ही अनादि और आदि मान पर पुरुष होता है ॥२९॥ वह लिङ्गेन्द्रियों के द्वारा उप ग्रहण करने के योग्य होता है । उसे ही विकार कहा जाता है । जिसमें वेद–पुराण–विद्योपनिषद तथा श्लोक–सूत्र—भाष्य और अन्य जो भी वाङ्मय होता है । पितृयान–उप वीथी और जो अगस्त्य का अन्तर है उसके द्वारा अग्नि होत्र करने वाले जाया करते हैं । जो प्रजा की कामना वाले हैं वे दिव के प्रति जाया करते हैं । और दान परायण दानी लोग

होते हैं वे भी स्वर्ग को जाते हैं। भली भाँति अष्ट सिद्धियों से और गुणों से युक्त अट्ठासी सहस्र गृह मेधी मुनिगण पुनरावर्त्तन में यजन स्वरूप और धर्म के प्रवर्त्तक हैं ॥३१।३२।३३॥

सप्तर्षिनागवीथ्याश्च देवलोक समाश्रिता ।
तावन्त एव मुनयः सर्वारम्भविवर्जिता· ॥३४
तपसा ब्रह्मचर्येण सङ्गत्यागेन मेधया ।
यत्र यत्रावतिष्ठन्ते यावदाहू (भू) तसप्लवम् ॥३५
वेदानुवचन यज्ञा ब्रह्मचर्य तपो दमः ।
श्रद्धोपवास· सत्यत्वमात्मनो ज्ञानहेतव ॥३६
सत्वाश्रमैर्निदिध्यास्य· समस्तैरेवमेव तु ।
द्रष्टव्यस्त्वथ मन्तव्य श्रोतव्यश्च द्विजातिभि· ॥३७
य एवमेव विन्दन्ति ये चाऽऽरण्यकमाश्रिताः ।
उपासते द्विजा सत्य श्रद्धया परया युता ३८
भ मात्ते सभवन्त्यर्चिरह शुक्ल तथोत्तरम् ।
अयन देवलोक च सवितार सविद्युतम् ॥३९

सप्तर्षि नाग वीथ्य और देवलोक में समाश्रित उतने मुनि लोग समस्त प्रकार के आरम्भों से विवर्जित हैं ॥३४॥ तपस्या से—ब्रह्मचर्य से—सङ्ग के त्याग से—मेधा से जहाँ—जहाँ भी वे अवस्थित रहते हैं और जो भूत सप्लव है वहाँ वेदों का अनु वचन—यज्ञ—ब्रह्मचर्य—तप—दम—श्रद्धा—उपवास और सत्य ब्रह्म के स्वरूप वाले तथा ज्ञान के हेतु हैं ॥३५।३६॥ सत्वाश्रम वाले सबके द्वारा वह ही निदिध्यासन करने के योग्य, द्विजातियों के द्वारा देखने योग्य—मानने के योग्य और श्रवण करने के योग्य है ॥३७॥ जो भी अरण्य का आश्रय लेने वाले इस प्रकार से प्राप्त किया करते हैं और द्विज उपासना किया करते हैं तथा परम श्रद्धा से युक्त रहा करते हैं वे क्रम से अर्चि—अह—शुक्ल तथा उत्तर अयन—देवलोक एवं सविद्युत् सविता में यहाँ सम्भूत होते हैं ॥३८।३९॥

ततस्तान्पुरुषोऽभ्येत्य मानसो ब्रह्म लौकिकान् ।

।४०

।

धूम निशा कृष्णपक्ष दक्षिणायनमेव च ।।४१
पितृलोक चन्द्रमस नभो वायु जल महीम् ।
क्रमात्ते सभवन्तीह पुनरेव व्रजन्ति च ।।४२
एतद्यो न विजानाति मार्गद्वितयमात्मनः ।
दन्दशूकः पतङ्गो वा भवेत्कीटोऽथ वा कृमिः ।।४३
हृदये दीपवद् ब्रह्मध्यानाज्जीवोऽमृतो भवेत् ।
न्यायागतधनस्तत्त्वज्ञाननिष्ठोऽतिथिप्रियः ।।
श्राद्धकृत्सत्यवादी च गृहस्थोऽपि विमुच्यते ।।४४

इसके अनन्तर उन लौकिकों के पास मानस पुरुष आकर उन्हें ब्रह्म कर देता है अर्थात् वे ब्रह्म का ही स्वरूप बन जाते हैं। फिर इस ससार मे उनकी पुनरावृत्ति नहीं रहती है ।।४०।। यज्ञ के द्वारा—उपस्या और दानों से जो जन स्वर्ग का जप करने वाले हैं वे धूमनिशा—कृष्ण पक्ष—दक्षिणायन मे जाते हैं वे पितृलोक—चन्द्रलोक, नभ—वायु—जल और मही मे यहाँ उत्पन्न हुआ करते हैं और पुन. गमन किया करते हैं ।।४१।४२।। जो इस आत्मा के मार्ग द्वितय को नही जानता है वह दन्दशूक—पतङ्ग—कीट अथवा कृमि होता है। जिसके हृदय में दीपक की भाँति ब्रह्म का ध्यान हो वह जीवात्मा अमृत होता है न्याय से प्राप्त धन वाला—तत्त्व ज्ञान मे निष्ठित—अतिथियों से प्रेम करने वाला श्रद्धालु और सत्यवादी गृहस्थ भी विमुक्त होता है ।।४३।४४।।

१८८ ब्रह्मज्ञानम् (१)

ब्रह्मज्ञान प्रवक्ष्यामि ससाराज्ञानमुक्तये ।
अयमात्मा पर ब्रह्म अहमस्मीति मुच्यते ।।१
देह आत्मा न भवति दृश्यत्वाच्च घटादिवत् ।
प्रसुप्ते मरणे देहादात्माऽन्यो ज्ञायते ध्रुवम् ।।२

देह स चेन्द्र्यवहरेदविकारादिमनिभः ।
चक्षुरादीनीन्द्रियाणि नात्मा वै करण त्वतः ॥३
मनो धीरपि आत्मा न दीपवत्करण त्वत ।
प्राणोऽप्यात्मा न भवति सुषुप्ते चिदभावत ॥४
जाग्रत्स्वप्ने च चतन्य सङ्कीर्णत्वान्न बुध्यते ।
विज्ञानरहित प्राण सुषुप्ते ज्ञायते यतः ॥५
मनो नात्मेन्द्रिय तस्मादिन्द्रियादिरनात्मन ।
अहकारोऽपि नैवात्मा देहवद् व्यभिचारत ॥६
उक्तेभ्यो व्यतिरिक्तोऽयमात्मा सर्वहृदि स्थित ।
सर्वद्रष्टा च भोक्ता च नक्तमुज्ज्वलदीपवत् ॥७
समाध्यारम्भकाले च एव सचिन्तयेन्मुनि- ।
मनो ब्रह्मण आकाश खाद्वायुर्वायुतोऽनल ॥८

इस अध्याय में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन किया जाता है। श्री अग्निदेव ने कहा—इस संसार के अज्ञान से छुटकारा पाने के लिये अब हम ब्रह्मज्ञान को बतायेंगे। यह आत्मा जो जब यह भावना करता है कि मैं ही परब्रह्म हूँ वो मुक्त होता है घट आदि पदार्थों की भाँति दृश्य होने से यह देह आत्मा नहीं होता है। प्रसुप्त और मरण मे इस देह से आत्मा अन्य है ऐसा निश्चित रूप से जान लिया जाता है अर्थात् उस समय स्पष्टतया आत्मा का देह से भिन्न होना प्रतीत हो जाया करता है ॥ १ ॥ २ ॥ यदि अविकारादि सन्निभ यह देह ही व्यवहार किया जाता है तो चक्षु आदि इन्द्रियाँ आत्मा नहीं हैं क्योंकि ये करण होते हैं ॥ ३ ॥ मन और बुद्धि भी आत्मा नहीं हैं क्योंकि ये दीपक की भाँति करण होते हैं। प्राण भी आत्मा नहीं हो सकता है क्योंकि सुषुप्त में चित् के अभाव होने से जाग्रत् और स्वप्न म चैतन्य सङ्कीर्णत्व होने से नहीं जाना जाता है। सुषुप्त मे विज्ञान रहित प्राण जाना जाता है ॥ ४ ॥ ५ ॥ इसलिए इन्द्रिय आत्मा नहीं है बल्कि इन्द्रिय आदिक आत्मा के हैं। देह की भाँति व्यभिचार होने से अहङ्कार भी आत्मा नहीं होता है ॥ ६ ॥ इन समस्त

देह इन्द्रिय आदि से व्यतिरिक्त यह आत्मा सबके हृदय में स्थित होता है। यह आत्मा सर्वद्रष्टा और भोक्ता है जैसे कि रात्रि के समय में उज्ज्वल दीपक होता है ॥ ७ ॥ मननशील मुनि को समाधि के आरम्भ काल में इसी प्रकार से भली-भाँति चिन्तन करना चाहिए क्योंकि ब्रह्म से आकाश और आकाश से वायु और वायु से अग्नि होता है ॥ ८ ॥

अग्नेरापो जलात्पृथ्वी तत सूक्ष्म शरीरकम् ।
अपञ्चीकृतभूतेभ्य आसन्पञ्चीकृतान्यत. ॥९
स्थूल शरीर ध्यात्वाऽस्माल्लय ब्रह्मणि चिन्तयेत् ।
पञ्चीकृतानि भूतानि तत्कार्यं च विराट् स्मृतम् ॥१०
एतत्स्थूल शरीर हि आत्मनोऽज्ञानकल्पितम् ।
इन्द्रियैरर्थविज्ञान धीरा जागरित विदु ॥११
विश्वस्तदभिमानी स्यात्त्रयमेतदकारकम् ।
अपञ्चीकृतभूतानि तत्कार्यं लिङ्गमुच्यते ॥१२
सयुक्त सप्तदशभिर्हिरण्यगर्भसज्ञितम् ।
शरीरमात्मन सूक्ष्म लिङ्गमित्यभिधीयते ॥१३
जाग्रत्सस्कारज स्वप्न प्रत्ययो विषयात्मक. ।
आत्मा तदुपमानी स्यात्तैजसो ह्यप्रपञ्चत ॥१४
स्थूलसूक्ष्मशरीराख्यद्वयस्यैक हि कारणम् ।
आत्मा ज्ञान च सभास तदव्याकृतमुच्यते ॥१५
न सन्नासन्न सदसदेतत्सावयव न तत् ।
निर्गतावयव नेति नाभिन्न भिन्नमेव च ॥१६
भिन्नाभिन्न ह्यनिर्वाच्य बन्धस सारकारकम् ।
एक स ब्रह्म विज्ञानात्प्राप्त नैर च कर्मभि ॥१७

अग्नि से जल और जल से पृथ्वी, इसके अनन्तर सूक्ष्म शरीर होता है। अपञ्चीकृत भूतों से पञ्चीकृत हुए। इससे स्थूल शरीर का ध्यान करके ब्रह्म में लय का चिन्तन करे। भूत पञ्चीकृत हैं और उनका कार्य यह विराट्

कहा गया है ॥ ६ ॥ १० ॥ यह स्थूल शरीर आत्मा का इन्द्रियों के द्वारा अज्ञान से कल्पित होता है । धीर पुरुष विज्ञान को जागरित करते हैं ॥ ११ ॥ विश्व उसका अभिमानी होता है । यह त्रय कारक होता है । अपञ्चीकृत भूत हैं और उनका कार्य लिङ्ग कहा जाता है ॥ १२ ॥ सत्रह से संयुक्त हिरण्य गर्भ संज्ञा से युक्त होता है आत्मा का सूक्ष्म शरीर लिङ्ग इस नाम से कहा जाया करता है ॥ १३ ॥ जाग्रत् अवस्था में जो भी कुछ संस्कार हुआ करते हैं उन्हीं से ज यमान स्वप्न होता है । वह विषया मक प्रत्यय होता है । आत्मा उसका उपमानी होता है जो पृथक्त्व से तैजस होता है ॥ १४ ॥ स्थूल और सूक्ष्म इन दोनों शरीरों का एक ही कारण होता है । आत्मा और ज्ञान साभास और उसका अध्याहृत कहा जाता है ॥ १५ ॥ वह न सत है न असत् होता है और न सदसत् तथा न सावय वही है । न निर्गतावयव है, न अभिन्न है और न भिन्न ही होता है । भिन्ना-भिन्न-अनिर्वाच्य और बन्ध संसार का कारक होता है । एक ब्रह्म विज्ञान से प्राप्त होता है कर्मों के द्वारा प्राप्त नहीं होता है ॥ १६ ॥ १७ ॥

सर्वात्मना हीन्द्रियाणां संहारः कारणात्मनाम् ।
बुद्धेः स्थानं सुषुप्तं स्यात्तद्द्वयस्याभिमानवान् ॥१८
प्राज्ञ आत्मा त्रयं चैतन्मकारः प्रणवः स्मृतः ।
अकारश्च उकारोऽसौ मकारो ह्ययमेव च ॥१९
अहं साक्षी च चिन्मात्रो जाग्रत्स्वप्नादिकस्य च ।
नाज्ञानं चैव तत्कार्यं संसारादिकबन्धनम् ॥२०
नित्यशुद्धबन्ध (बुद्ध) मुक्तसत्यमानन्दमद्वयम् ।
ब्रह्माहमस्म्यहं ब्रह्म परं ज्योतिर्विमुक्त ओम् ॥२१
अहं ब्रह्म परं ज्ञानं समाधिर्बन्धघातकः ।
चिरमानन्दकं ब्रह्म सत्यं ज्ञानमनन्तकम् ॥२२
अयमात्मा परं ब्रह्म तद्ब्रह्म त्वमसी (सी) ति च ।
गुरुणा बोधितो जीवो ह्यहं ब्रह्मास्मि बाह्यतः ॥२३

सो (योऽ) ऽसावादित्यपुरुष सोऽसावहमखण्ड ओम् ।
मुच्यतेऽसारससाराद् ब्रह्मज्ञो ब्रह्म तद् भवेत् ।२४

कारणात्मा इन्द्रियो का सर्वात्मा के द्वारा संहार होता है । बुद्धि का स्थान सुषुप्त होता है । उस द्वय के अभिमान वाला प्राज्ञ, आत्मा यह त्रय मकार प्रणव कहा जाता है । अकार—उकार और मकार यह ही है ॥ १८ ॥ ॥ १९ ॥ चिन्मात्र मैं साक्षी हूँ अर्थात् जाग्रत् स्वप्न आदि का साक्षी देखने वाला हूं । न अज्ञान है और न उसका कार्य संसार आदिक बन्धन है ॥ २० ॥ नित्य शुद्ध और बन्ध से मुक्त सत्य और आनन्द स्वरूप अद्वय मैं ब्रह्म हूं । पर ज्योति विमुक्त ओम् ब्रह्म हूं । मैं ब्रह्म, पर ज्ञान समाधि जो बध का घातक है । चिर आनन्द ब्रह्म सत्य अनन्तक ज्ञान है । यह आत्मा पर ब्रह्म है । वह ब्रह्म तू है—यह गुरु के द्वारा बोधित अर्थात् बोध कराया गया जीव मैं ब्रह्म हू । वह यह आदित्य पुरुष है वह मैं अखण्ड ओम् हू । जो ब्रह्म का ज्ञाता है वह इस ससार से छुटकारा पा जाता है और फिर वह ब्रह्म का स्वरूप ही हो जाया करता है ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥ २४ ॥

१८९ ब्रह्मज्ञानम् (२)

अहं ब्रह्म पर ज्योति पृथिव्यव (प) नलोज्झितम् ।
अहं ब्रह्म पर ज्योतिर्वाय्वाकाशविवर्जितम् ॥१
अहं ब्रह्म पर ज्योतिरादिकार्यविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म पर ज्योतिर्विराडात्मविवर्जितम् ॥२
अहं ब्रह्म पर ज्योतिर्जाग्रत्स्थानविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म पर ज्योतिर्विश्वभावविवर्जितम् ॥३
अहं ब्रह्म पर ज्योतिराकाराक्षरवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म पर ज्योतिर्वाक्पाण्यङ्घ्रिविवर्जितम् ॥४
अहं ब्रह्म पर ज्योति पायूपस्थविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म पर ज्योति श्रोत्रत्वक्चक्षुरुज्झितम् ॥५

अहं ब्रह्म परं ज्योति रसरूपविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योति सर्वगन्धविवर्जितम् ।६
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्जिह्वाघ्राणविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योति स्पर्शशब्दविवर्जितम् ।।७
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्मनोबुद्धिविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिश्चित्ताहंकारवर्जितम् ।।८

इस अध्याय में ब्रह्मज्ञान का वर्णन किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—मैं ज्योति-पृथिवी और अनल से उज्झित अर्थात् रहित परब्रह्म हूं। मैं परब्रह्म ज्योति-वायु और आकाश से विवर्जित हूं ॥ १ ॥ मैं परब्रह्म पर ज्योति हूं जो कि आदि कार्य से विवर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जोकि विराट् आत्मा से विवर्जित हूं ॥ २ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो जाग्रत स्थान से विवर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो विश्व भाव से विवर्जित है ॥ ३ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो अकाराक्षर से वर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो वाक्-पाणि और चरण से रहित है ॥ ४ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो पायु-उपस्थ से वर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति का स्वरूप हूं जो श्रोत्र-त्वक्-चक्षु से उज्झित है ॥ ५ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो रस और रूप से विवर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जोकि सब प्रकार के गन्ध से रहित है ॥ ६ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो जिह्वा और घ्राण से विवर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो स्पर्श और शब्द से विवर्जित है ॥ ७ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जोकि चित्त और अहङ्कार से वर्जित है ॥ ८ ॥

अहं ब्रह्म परं ज्योति प्राणापानविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्व्यानोदानविवर्जितम् ।९
अहं ब्रह्म परं ज्योति समानपरिवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्जरामरणवर्जितम् ।।१०
अहं ब्रह्म परं ज्योति शोकमोहविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योति क्षुत्पिपासाविवर्जितम् ।।११

अहं ब्रह्म परं ज्योतिः शब्दोद्भूतादिवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्हिरण्यगर्भवर्जितम् ॥१२
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः स्वप्नावस्थाविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिस्तैजसादिविवर्जितम् ॥१३
अहं ब्रह्म परं ज्योतिरपकारादिवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः सभाज्ञानविवर्जितम् ॥१४
अहं ब्रह्म परं ज्योतिरध्याहृतविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः सत्त्वादिगुणवर्जितम् ॥१५
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः सदसद्भाववर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः सर्वावयववर्जितम् ॥१६

मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो प्राण और अपान से वर्जित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो व्यान और उदान से वर्जित है ॥ ९ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति का स्वरूप हूं जोकि समान से परिवर्जित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो जरा और मरण से रहित है ॥ १० ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जोकि शोक तथा मोह से विवर्जित होता है । मैं ब्रह्म पर ज्योति का स्वरूप हूं जो भूख और प्यास से रहित है ॥ ११ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो शब्दोद्भूतादि से वर्जित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो हिरण्य गर्भ से विवर्जित होता है ॥ १२ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो स्वप्नावस्था से रहित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो तैजसादि से वर्जित है ॥ १३ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो कि अपकारादि से वर्जित हूं । मैं ब्रह्म पर ज्योति का स्वरूप वाला हूं जोकि सभा के ज्ञान से विवर्जित है ॥ १४ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो अध्याहृत से विवर्जित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो सत्त्वादि गुण से विवर्जित है ॥ १५ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो सद् और असद् भाव से वर्जित है । मैं ब्रह्म पर ज्योति स्वरूप हूं जोकि समस्त अवयवों से वर्जित है ॥ १६ ॥

अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्भेदाभेदविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिः सुषुप्तिस्थानवर्जितम् ॥१७

अहं ब्रह्म परं ज्योति. प्राज्ञभावविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिमकारादिविवर्जितम् ॥१८
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्माननिमेयविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योतिर्मितिमातृविवर्जितम् ॥१९
अहं ब्रह्म परं ज्योति साक्षित्वादिविवर्जितम् ।
अहं ब्रह्म परं ज्योति कार्यकारणवर्जितम् ॥२०
देहेन्द्रियमनोबुद्धिप्राणाहंकारवर्जितम् ।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिमुक्तं ब्रह्म तुरीयकम् ॥२१
नित्यशुद्धबुद्धमुक्तं सत्यमानन्दमद्वयम् ।
ब्रह्माहमस्म्यहं ब्रह्म सविज्ञानं विमुक्त ओम् ॥२२
अहं ब्रह्म हरं ज्योति समाधिर्मोक्षदः परः ॥२३

मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो भेद और अभेद से रहित है मैं ब्रह्म पर ज्योति हूँ जो सुषुप्ति के स्थान से वर्जित है ॥ १७ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जो प्राज्ञ भाव से विवर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हूं जोकि मकारादि से विवर्जित है ॥ १८ ॥ मैं ब्रह्म पर ज्योति हू जो ज्योति मानमेय से वर्जित का स्वरूप हूँ जो मिति–मातृ से है ॥ १९ ॥ मैं ब्रह्म ज्योति हूँ जोकि साक्षित्व आदि से वर्जित है। मैं ब्रह्म पर ज्योति हू जो कि कार्य—कारण से विवर्जित है ॥ २० ॥ देह—इन्द्रिय—मन—बुद्धि—प्राण और अहङ्कार से वर्जित तथा जाग्रत–स्वप्न और सुषुप्ति आदि से मुक्त ब्रह्म तुरीयक होता है ॥ २१ । नित्य-शुद्ध–बुद्ध–मुक्त–सत्य और आनन्द–अद्वय ब्रह्म मैं हू और मैं सविज्ञान विमुक्त ओम् ब्रह्म हू। मैं ब्रह्म पर ज्योति समाधि और मोक्ष प्रदान करने वाला पर ब्रह्म हूँ ॥ २२ ॥ २३ ॥

१६० ब्रह्मज्ञानम् (३)

यज्ञैश्च देवानाप्नोति वैराजं तपसा पदम् ।
ब्रह्मणः कर्मसन्यासाद्वैराग्यात्प्रकृतौ लयम् ॥१

ज्ञानात्प्राप्नोति कैवल्यं पञ्चैता गतयः स्मृताः ।
प्रीतितापविषादादेर्विनिवृत्तिर्विरक्तता ॥२
सन्यासः कर्मणां त्यागः कृतानामकृतैः सह ।
अव्यक्तादौ विशेषान्ते विकारोऽस्मिन्निवर्तते ॥३
चेतनाचेतनान्यत्वज्ञानेन ज्ञानमुच्यते ।
परमात्मा च सर्वेषामाधारः परमेश्वरः ॥४
विष्णुनाम्ना च देवेषु वेदान्तेषु च गीयते ।
यज्ञेश्वरो यज्ञपुमान्प्रवृत्तैरिज्यते ह्यसौ ॥५
निवृत्तैर्ज्ञानयोगेन ज्ञानमूर्ति स चेज्यते ।
ह्रस्वदीर्घप्लुताद्य तु वचस्तत्पुरुषोत्तमः ॥६
तत्प्राप्तिहेतुर्ज्ञानं च कर्म चोक्तं महामुने ।
आगमोक्तं विवेकाच्च द्विधा ज्ञानं तथोच्यते ॥७
शब्दब्रह्माऽऽगममयं परं ब्रह्म विवेकजम् ।
द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये ब्रह्मशब्द (शब्दब्रह्म) परं च यत् ॥८

श्री अग्निदेव ने कहा— यज्ञों के द्वारा देवों की प्राप्ति करता है—तप के द्वारा वैराज पद को प्राप्त करता है—कर्मों के संन्यास से ब्रह्म को प्राप्त करता है और वैराग्य से प्रकृति में लय को प्राप्त करता है ॥ १ ॥ ज्ञान से कैवल्य की प्राप्ति होती है ये पाँच गतियाँ कही गई हैं। प्रीति–ताप और विषादादि की विशेष रूप से निवृत्ति को विरक्तता कहते हैं ॥ २ ॥ अकृतों के साथ किये हुए कर्मों के त्याग को सन्यास कहा जाता है। अव्यक्तादि में विशेषान्त में इसमें विकार निवृत्त हो जाता है ॥ ३ ॥ चेतना-चेतन के अन्यत्व ज्ञान से ज्ञान कहा जाता है। परमात्मा सभी का आधार है अतएव वह पर–मेश्वर कहा जाता है ॥ ४ ॥ देवों में और वेदान्तों में वही परमेश्वर विष्णु के नाम से गाया जाया करता है। यज्ञों को ईश्वर यज्ञ पुरुष है और वह प्रवृत्तों के द्वारा यजन किया जाता है ॥ ५ ॥ निवृत्तों के द्वारा ज्ञान योग से मूर्ति वही यजन किया जाता है। ह्रस्व–दीर्घ और प्लुत वचन उस पुरुषोत्तम के लिये है ॥ ६ ॥ उसकी प्राप्ति का हेतु ज्ञान होता है और हे महामुने! कर्म भी

बताया गया है। वह ज्ञान दो प्रकार कहा जाता है—एक तो आगम के द्वारा कहा हुआ ज्ञान होता है और दूसरा विवेक से हुआ करता है ॥ ७ ॥ आगम मय जो ज्ञान है वह शब्द ब्रह्म होता है और विवेक से उत्पन्न ज्ञान पर ब्रह्म होता है। इस प्रकार से दो ब्रह्म जानने चाहिए। एक तो शब्द ब्रह्म होता है और दूसरा पर ब्रह्म होता है ॥ ८ ॥

वेदादिविद्या ह्यपरमक्षरं ब्रह्म सत्परम् ।
तदेतद्भगवद्वाच्यमुपचारेऽन्यनेऽन्यत ॥९
सभर्तेति तथा भर्ता भकारोऽर्थद्वयान्वित ।
नेता गमयिता स्रष्टा गकारोऽयं महामुने ॥१०
ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशस श्रिय ।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णा भग इतीङ्गना ॥११
वसन्ति विष्णौ भूतानि स च धातुस्त्रिधात्मक ।
एव हरौ हि भगवाञ्शब्दोऽन्यत्रापचारत ॥१२
उत्पत्ति प्रलय चैव भूतानामगति गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्या च स वाच्यो भगवानिति ॥१३
ज्ञानशक्ति परैश्वर्य वीर्य तेजास्यशेषत. ।
भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभि ॥१४
खाण्डिक्य (क्यो) जनकायाऽऽह योऽयं केशिध्वज पुरा ।
अनात्मन्यात्मबुद्धिर्या आत्मन्स्वमिति या मति ॥१५
अविद्यामवसभूतिवीजमेतद् द्विधा स्थितम् ।
पञ्चभूतात्मके देह देही मोहतमाश्रित ॥१६

वेदादि विद्या अपार है अक्षर सत्पर ब्रह्म होता है। जो वह यह भगवान् इस शब्द से वाच्य होता है और इसका उपयोग उपचार में तथा अन्यत्र अर्चन में होता है। हे महामुने! सभर्त्ता तथा भर्त्ता इस प्रकार से यह भकार दो अर्थों से युक्त हुआ करता है। नेता—सृजन करने वाला और गमयिता इन अर्थों के बताने वाला गकार होता है ॥ ९ ॥ १० ॥ समग्र ऐश्वर्य—वीर्य—यश

श्री–ज्ञान और वैराग्य इन छै का नाम " भग "—यह कहा गया ॥ ११ ॥ विष्णु में भूतों का वास होना है और त्रिधात्मक धातु है। इस प्रकार से भगवान् यह शब्द हरि में ही होता है अर्थात् केवल हरि को ही बतलाता है क्योंकि उपर्युक्त षट् ऐश्वर्य आदि हरि ही में हुआ करते हैं। हरि के अतिरिक्त कहीं भी भगवान् का प्रयोग होना है यह उपचार से ही किया जाता है ॥१२॥ प्राणियों की उत्पत्ति–प्रलय–अगति–गति–विद्या और अविद्या को जानता है वह भगवान् इस शब्द के द्वारा वाच्य होता है ॥ १३ ॥ ज्ञान की शक्ति–वीर्य और तेज जो कि पूर्ण रूप वाले होते हैं ये सभी हेय गुणों के बिना भगवत् शब्द के द्वारा वाच्य हुआ करते हैं ॥ १४ ॥ पहिले समय में खाण्डिक्य ने जनक से कहा था जो कि यह केनिध्वज था। अनात्मा में आत्म बुद्धि जोकि आत्मस्व की मति होती है ॥ १५ ॥ अविद्या भवसभूति बीज यह दो प्रकार का है। इस पचभूतात्मक देह मे यह देही (आत्मा) मोह के तम से आश्रित रहा करता है ॥१६॥

अहमेतदितीत्युच्चैः कुरुते कुमतिर्मतिम् ।
इत्थं च पुत्रपौत्रेषु तद्देहोत्पादितेषु च ॥१७
करोति पण्डितः साम्यमनात्मनि कलेवरे ।
सर्वदेहोपकाराय कुरुते कर्म मानवः ॥१८
देहश्चान्यो यदा पुंसस्तदा बन्धाय तत्परम् ।
निर्वाणमय एवायमात्मा ज्ञानमयोऽमलः ॥१९
दुःखज्ञानमयो धर्मः प्रकृतेः स तु नात्मनः ।
जलस्य नाग्निना सङ्गः स्थालीसङ्गात्तथाऽपि हि ॥२०
शब्दास्ते कादिका धर्मास्तत्कृत्वा वै महामुने ।
तथाऽऽत्मा प्रकृतौ सङ्गादभिमानादिभूषितः ॥२१
भजते प्राकृतान्धर्मानन्यस्तेभ्यो हि सोऽव्ययः ।
बन्धाय विषयासङ्गं मनो निर्विषयं धिये ॥२२
विषयात्तत्समाकृष्य ब्रह्मभूतं हरिं स्मरेत् ।
आत्मभावं नयत्येनं तद्ब्रह्मध्यायिनं मुने ॥२३

विचार्य स्वात्मन. शक्त्या लोहमाकर्षको यथा ।
आत्मप्रयत्नसापेक्षा विशिष्टा या मनोगति ।।२४

यह कुत्सित मति वाला इस पञ्चभूतात्मक देह को ही यही मैं हूँ—ऐसी उच्च मति किया करता है अर्थात् इस शरीर को ही स्वयं अपना स्वरूप मान लेता है। इसी प्रकार से पुत्र पौत्रादिक में और उस देह से उत्पादितों में भी ऐसी मति मान लिया करता है ।। १७ ।। सद्–असद् विवेक की बुद्धि वाला पण्डित आत्मा में और कलेवर में साम्य किया करता है। मानव समस्त देह के उपकार के लिये कर्म किया करता है। जब देह पुरुषों का अन्य है तो बन्ध के लिये तत्पर होता है। यह आत्मा ही निर्वाणमय–ज्ञानमय और अमल होता है ।। १८ ।। १६ ।। दुःख ज्ञानमय प्रकृति का धर्म है यह आत्मा का धर्म नहीं होता है। अग्नि के साथ जल का कोई भी सङ्ग नहीं होता है, स्थाली के सङ्ग से ही जल का अग्नि से सम्पर्क हुआ करता है ।। २० ।। हे महामुने ! वे शब्दकादिक धर्म होते हैं तत्कृत ही शब्द ब्रह्म होता है। उसी प्रकार से यह आत्मा प्रकृति में सङ्ग से मानादि से भूषित हुआ करता है ।। २१ ।। उनसे अन्य जो प्राकृत धर्मों का सेवन करता है वह अव्यय है। जो विषयों में आसंग रखने वाला मानव का मन होता है वह बन्ध के लिये होता है। निर्विषय मन बुद्धि के लिये अर्थात् ज्ञान के लिये होता है ।। २२ ।। उस मन को विषयों से खींच कर अर्थात् हटाकर ब्रह्मभूत हरि का स्मरण तथा ध्यान करना चाहिए। हे मुने ! ब्रह्म का ध्यान करने वाले इसको आत्मभाव को प्राप्त कराना चाहिए ।। २३ ।। अपनी आत्मा की शक्ति से विचार करके करे, जिस प्रकार से आकर्षक चुम्बक लौह को अपनी ओर खींच लेता है वैसे ही आत्मा के प्रयत्नों की सापेक्ष विशिष्ट मन की गति हुआ करती है ।।२४।।

तस्या ब्रह्मणि सयोगो योग इत्यभिधीयते ।
विनिष्पन्द. समाधिस्थ पर ब्रह्माधिगच्छति ।।२५
यमैः सनियमैः स्थित्वा प्रत्याहृत्या मरुज्जवैः ।
प्राणायामेन पवनै. प्रत्याहारेण चेन्द्रियै ।।२६

वशीकृतैस्ततः कुर्यात्स्थितं चेतः शुभाश्रये ।
आश्रयश्चेतसो ब्रह्म मूर्तं चामूर्तकं द्विधा ॥२७
सनन्दनादयो ब्रह्मभावभावनया युताः ।
कर्मभावनया चान्ये देवाद्याः स्थावरान्तकाः ॥२८
हिरण्यगर्भादिषु च ज्ञानकर्मात्मिका द्विधा ।
त्रिविधा भावना प्रोक्ता विश्वं ब्रह्म उपास्यते ॥२९
प्रत्यस्तमितभेदं यत्सत्तामात्रमगोचरम् ।
वचसामात्मसंवेद्यं तज्ज्ञानं ब्रह्मसंज्ञितम् ॥३०
तच्च विष्णोः परं रूपमरूपस्याजमक्षरम् ।
अशक्यं प्रथमं ध्यातुमतो मूर्तादि चिन्तयेत् ॥३१
मद्भावभावमापन्नस्ततोऽसौ परमात्मना ।
भवत्यभेदी भेदश्च तस्याज्ञानकृतो भवेत् ॥३२

उस मन की गति का ब्रह्म में जो संयोग होता है वह ही योग कहा जाता है । निस्पन्द से रहित अर्थात् स्थिर होकर जो समाधि में स्थित हो जाता है वह पर ब्रह्म को प्राप्त किया करता है ॥ २५ ॥ यमों के द्वारा—नियमों के द्वारा—स्थित होकर प्रत्याहार से, मरुद्वेग पवनों से—प्राणायाम और प्रत्याहार के द्वारा वश में की हुई इन्द्रियों को करके शुभाश्रय में (ब्रह्मभूत हरि में) चित्त को स्थित करना चाहिए । इस चित्त का आश्रय ब्रह्म ही होता है । वह ब्रह्म मूर्त स्वरूप अर्थात् साकार रूप वाला और अमूर्त अर्थात् निराकार स्वरूप वाला दो प्रकार का होता है ॥ २६ ॥ २७ ॥ सनक सनन्दन आदि ब्रह्म की भावना से युक्त थे । अन्य देवादि स्थावरान्त कर्म की भावना से युत थे हिरण्यगर्भादि में ज्ञान और कर्म स्वरूप दो प्रकार की भावना होती है । इस तरह तीन प्रकार की भावना कही गई है और उसके द्वारा यह ब्रह्म उपासित किया जाता है ॥ २८ ॥ २९ ॥ प्रत्यस्तमित भेद वाला—सत्तामात्र—अगोचर अर्थात् वाणी के द्वारा अनिर्वचनीय केवल आत्मा के द्वारा भली-भाँति अनुभव करने के योग्य जो वह ज्ञान होता है वह ब्रह्म

की संज्ञा वाला कहा जाता है ॥ ३० ॥ और वह विष्णु का ही, जो कि रूप रहित हैं, यह अज और अक्षर रूप होता है। उस रूप रहित ब्रह्म का ध्यान नहीं किया जा सकता है और उस निराकार पर मन टिक नहीं पाता है इस लिये मूर्त ब्रह्म का ही सर्व प्रथम चिन्तन करना चाहिए ॥ ३१ ॥ मद्भाव के भाव को प्राप्त होकर फिर यह परमात्मा के साथ भेद रहित हो जाता है। जो भी भेद होता है वह तो अज्ञान के द्वारा ही हुआ करता है। जब ज्ञान हो जाता है तो फिर कोई भेद नही रहता है ॥३२॥

१६० —अद्वैतब्रह्मविज्ञानम्

अद्वैतब्रह्मविज्ञान वक्ष्ये यद्भरतोऽगदत् ।
शालग्रामे तपश्चक्रे वासुदेवार्चनादिकृत् ॥१
मृगसङ्गान्मृगो भूत्वा ह्यन्तकाले स्मरन्मृगम् ।
जातिस्मरो मृग त्यक्त्वा देह योगात्स्वतोऽभवत् ॥२
अद्वैतब्रह्मभूतश्च जडवल्लोकमाचरत् ।
क्षत्ता सौवीरराजस्य विष्टियोगममन्यत ॥३
उवाह शिविकामस्य क्षत्तुर्वचनचोदित. ।
गृहीतो विष्टिना ज्ञानी उवाहाऽऽत्मक्षयाय तम् ॥४
ययौ जडगति पश्चाद्ये त्वन्ये त्वरित ययु ।
शीघ्रानुशीघ्रगत.न्दृष्ट्वा अशीघ्र त नृपोऽब्रवीत् ॥५
किं श्रान्तोऽस्यल्पमध्वान त्वयोढा शिविका मम ।
किमायाससहो न त्व पीवा नासि निरीक्ष्यसे ॥६
नाह पीवा न वै वोढा शिविका भवतो मया ।
न श्रान्तोऽस्मि न वाऽऽयासो वोढव्योऽसि महीपते ॥७
भूमौ पादयुग तस्थौ जङ्घे पादद्वये स्थिते ।
ऊरू जङ्घाद्वयावस्थौ तदाधार तयोदरम् ॥८
वक्ष स्थल तथा बाहू स्कन्धौ चोदरसंस्थितौ ।
स्कन्धस्थितेय शिविका मम भारोऽत्र किं कृतः ॥९

इस अध्याय मे अद्वैत ब्रह्म के विज्ञान के विषय मे निरूपण किया जाता है। अग्निदेव ने कहा—अब मैं अद्वैत ब्रह्म के विज्ञान के विषय मे बताऊँगा जो आपसे कहा था। भगवान् वासुदेव की अर्चना करने वाले ने शालग्राम मे तप किया था। मृग के सङ्ग से मृग होकर अन्तकाल मे मृग का स्मरण करते हुए देह त्याग किया था। जाति स्मर मृग देह को त्याग कर फिर योग से स्वत हुआ था ॥१।२॥ अद्वैत ब्रह्म भूत होकर एक जड की भाँति इस लोक में अपना आचरण किया करता था। सौवीर राज का नृप ने विष्टि योग को माना था ॥ ३ ॥ उस क्षत्रिय राजा के वचन से प्रेरित होकर इसने उसकी पालकी का वहन किया था। विष्टि के द्वारा गृहीत ज्ञानी ने आत्म क्षय के लिए उसका वहन किया था ॥४॥ यह जड गति वाला धीरे-धीरे जा रहा था और अन्य जो लोग उस पालकी के वहन करने मे सलग्न थे वे शीघ्रता जा रहे थे। इस प्रकार से शीघ्र और मन्द गति वालो को देखकर उस मन्द गमन करने वाले से राजा ने कहा ॥५॥ राजा बोला—क्या तू थक गया है ? तूने तो थोडे से ही मार्ग तक मेरी इस शिविका (पालकी) का वहन किया है अर्थात् अभी अधिक समय भी नही हुआ है। क्या तू परिश्रम करना नही चाहता है ? तू तो मोटा-ताजा है। ऐसा कमजोर दिखलाई नही देता है ॥६॥ ब्राह्मण ने कहा—न मैं मोटा हू, न मैं वहन करने वाला हूं, मैंने आपकी पालकी नही वहन की है। न मैं थका हुआ हूं और न मुझे कोई परिश्रम ही हुआ है। हे महीपते ! आप वहन करने के योग्य है। भूमि मे दोनो पैर स्थित है और दोनो पैरो पर दो जङ्घाऐ स्थित हैं। दोनो जङ्घाओ पर दो ऊरु हैं और उनके सहारे पर उदर है। उसके ऊपर वक्ष स्थल टिका है तथा बाहु और कन्धे हैं। जोकि उदर पर स्थित रहते हैं। उस स्कन्ध पर यह पालकी स्थित है अर्थात् पालकी का वहन किये जाने वाला डण्डा है। इसलिए मुझे भार किस कारण से हो सकता है ॥७।८।९॥

शिबिकायां स्थितं चेदं देहं त्वदुपलक्षितम् ।
तत्र त्वमहमप्यत्र प्रोच्यते चेदमन्यथा ॥१०

अहं त्वं च तथाऽन्ये च भूतैरुह्याम पार्थिव ।
गुणप्रवाहपतितो गुणवर्गो हि यास्यम् ॥११
कर्मवश्या गुणाश्चैते सत्त्वाद्याः पृथिवीपते ।
अविद्यासंचितं कर्म तच्चाशेषेषु जन्तुषु ॥१२
आत्मा शुद्धोऽक्षरः शान्तो निर्गुणः प्रकृतेः परः ।
प्रवृद्ध्यपचयौ नास्य एकस्याखिलजन्तुषु ॥१३
यदा नोपचयस्तस्य यदा नापचयो नृप ।
तदा पीवा न (ना) सीति त्वं कया युक्त्या त्वयेरितम् ॥१४
भूजङ्घापादकट्यूरुजठरादिषु संस्थिता ।
शिबिकेयं तथा स्कन्धे तदा भार समस्त्वया ॥१५
तदन्यजन्तुभिर्भूपशिबिकोत्थानकर्मणा ।
शैलद्रुमगृहोत्थोऽपि पृथिवीसंभवोऽपि वा ॥१६
यथा पुंसः पृथग्भावः प्राकृतैः करणैर्नृप ।
सोढव्यः स महाभारः कतरो नृपते मया ॥१७

इस शिविका में तुम अवस्थित अर्थात् तुम्हारा कहे जाने वाला यह देह स्थित है। यहां पर तुम और यहां पर मैं कहे जाया करते हैं। हे पार्थिव ! यह सम्पदा है। मैं—तू तथा अन्य भूतों के द्वारा वहन किये जाते हैं। गुणों के प्रवाह में पतित यह गुणों का समुदाय ही जाया करता है ॥१०।११॥ हे पृथिवीपते ! ये गुण भी कर्म के वश होते हैं। जो कि सत्वाद्य हैं। कर्म अविद्या से संचित होता है और वह समस्त जन्तुओं में होता है ॥१२॥ यह आत्मा तो परम शुद्ध—अक्षर अर्थात् नाशविहीन-शान्त—निर्गुण और प्रकृति से पर होता है। इसकी न तो प्रवृद्धि ही है और न कोई अपचय ही होता है। यह समस्त जन्तुओं में एक ही होता है ॥१३॥ हे नृप ! जबकि इसका उपचय तथा अपचय ही नहीं होता है तो आपने यह कैसे कह दिया कि क्या तू मोटा—ताजा नहीं है। यह आपने किस युक्ति से कहा जाता था ? भूमि—जांघ—पैर—कमर—ऊरु और जठर आदि पर स्थित यह पालकी है तब स्कन्ध पर तेरे सम ही भार

है ॥१४।१५॥ सो अन्य जन्तुओं के द्वारा भूमि और पालकी के उठाने के कर्म से शील द्रव्य से गृहीत उदय अथवा पृथिवी से सम्भव जिस प्रकार से प्राकृत करणों से पुरुष का पृथग्भाव होता है उसी तरह हे नृपते ! वह महाभार कितना सहना करना चाहिए ॥१६।१७॥

यद्द्रव्या शिविका चेयं तद्द्रव्यो भूतसंग्रहः ।
भवतो मेऽखिलस्यास्य समत्वेनोपवृंहितः ॥१८
तच्छ्रुत्वोवाच राजा तं गृहीत्वाऽङ्घ्री क्षमाप्य च ।
प्रसादं कुरु त्यक्त्वेमां शिविकां ब्रूहि शृण्वते ॥
यो भवान्यन्निमित्तं वा यदागमनकारणम् ॥१९
श्रूयतां योऽहमित्येतद्वक्तुं नैव च शक्यते ।
उपभोगनिमित्तं च सर्वत्राऽऽगमनक्रिया ॥२०
सुखदुःखोपभोगौ तु तौ देश (शा) द्युपपादकौ ।
धर्माधर्मोद्भवौ भोक्तुं जन्तुर्देशादिमृच्छति ॥२१

जिस द्रव्य वाली यह पालकी है उसी द्रव्य वाला भूतों का संग्रह भी होता है। चाहे वह आपका हो या मेरा हो, इस समस्त भूत जात का समत्व से ही उपवृंहित है ॥१८॥ यह सुनकर राजा ने कहा और उनके चरणों का स्पर्श कर क्षमा कर देने की प्रार्थना की और कहा—आप मुझ पर प्रसन्न होवें तथा इस पालकी का त्याग कर देवें। आप मुझे कृपा कर बताइये कि आप कौन हैं और किस निमित्त से यहाँ आपका आगमन हुआ है ॥१९॥ ब्राह्मण ने कहा—आप सुनिये, मैं जो हूँ—यह बताया नहीं जा सकता है। उपभोग करने के कारण से ही सर्वत्र आगमन करने की क्रिया होती है ॥२०॥ सुख और दुःख के उपभोग देश आदि के उत्पादक हुआ करते हैं। यह जन्तु धर्म और अधर्म से होने वाले सुख दुःखों को भोगने के लिए देशादि को प्राप्त हुआ करता है ॥२१॥

योऽस्ति सोऽहमिति ब्रह्मन्कथं वक्तुं न शक्यते ।
आत्मन्येष न दोषाय शब्दोऽहमिति यो द्विज ॥२२

शब्दोऽहमिति दोषाय नाऽऽत्मन्येष तथैव तत् ।
अनात्मन्यात्मविज्ञान शब्दो वा भ्रा न्तलक्षण: ॥२३
यदा समस्तदेहेषु पुमानेको व्यवस्थित ।
तदा हि को भवान्कोऽहमित्येतद्विफल वच ॥२४
त्व राजा शिविका चेय वय वाहा: पुर सरा ।
अय च भवतो लोको न सदेतन्नृपोच्यते २५
वृक्षाद्दारु ततश्चेय शिविका त्वदधिष्ठिता ।
का वृक्षसज्ञा जाताऽस्य दारुसज्ञाऽथ वा नृप ॥२६
वृक्षारूढो महाराजो नाय वदति चेतनः ।
न च दारुणि सर्वस्त्वा ब्रवीति शिविकागतम् ॥२७
शिविका दारुसघाता रचनास्थितिसस्थित ।
अन्विष्यता नृपश्रेष्ठ तद्भेदे शिविका त्वया ॥२८
पुमान्स्त्री गौरय वाजी कुञ्जरो विहगस्तरु ।
देहेषु लोकसज्ञेय विज्ञेया कर्महेतुषु ॥२९
जिह्वा ब्रवीत्यहमिति दन्तोष्ठौ तालुक नृप ।
एतेनाह यत सर्वे वाङ्निष्पादनहेतव । ३०

राजा ने कहा—हे ब्रह्मन् ! जो है वह मैं हूँ—यह कैसे नहीं बताया जा सकता है । आत्मा में, हे द्विज ! जो अहम् यह शब्द है वह दोष के लिए नहीं होता है । ब्राह्मण ने कहा—शब्द ऽहम्-यह दोष के लिए नहीं होता है । यह उसी प्रकार से आत्मा म है । अनात्मा मे आत्म-विज्ञान अथवा शब्द भ्रान्ति लक्षण होता है ॥२२।२३॥ जब एक ही पुमान् समस्त देहों में अवस्थित रहता है तो फिर आप कौन हैं और मैं कौन हू—यह वचन ही सब फल रहित होता है ॥२४॥ तुम राजा हो—यह शिविका है—हम वहन करने वाले हैं—यह आपका लोक है—यह सम्पूर्ण वचनावलि हे नृप ! असत् ही कही जाया करती है । वृक्ष से काष्ठ होता है और फिर उस काष्ठ से यह शिविका की रचना हुई है जिस पर आप बैठे हुए हैं । हे नृप ! वृक्ष की कौन सी सज्ञा हुई ? वृक्ष

की अथवा काष्ठ की, इसकी क्या संज्ञा होती है ? कोई भी चेतना रखने वाला यह नहीं कह सकता है कि महाराज वृक्ष पर आरूढ हैं। और सब कोई शिबिका पर स्थित आपको काष्ठ पर स्थित भी नहीं कहा करता है ॥ २५ ॥ ॥२६॥२७॥ रचना की स्थिति से संस्थित दारु (काष्ठ) का एक संघात ही शिबिका है। हे नृपों में श्रेष्ठ ! उसके भेद में आपको शिबिकाही खोज करनी चाहिए ॥२८॥ पुरुष-स्त्री-यह गौ-अश्व-हाथी-पक्षी और वृक्ष इस प्रकार से देहों में जो कि कर्मों के हेतु वाले होते हैं-यह लोक संज्ञा से जाननी चाहिए ॥२६॥ हे नृप ! जिह्वा—दाँत—दोनों ओठ और तालु यह सब 'अहम्' अर्थात् 'मैं'—इसे बोला करते हैं। इससे 'अहम्' बोला जाया करता है। ये सब वाक् के निष्पादन के हेतु होते हैं ॥३०॥

किं हेतुभिर्वदत्येषा वागेवाहमिति स्वयम् ।
तथाऽपि वाङ्नाहमेतदुक्तं मिथ्या न युज्यते ॥३१
पिण्ड· पृथग्यत: पुंस: शिर पाण्यादिलक्षण. ।
ततोऽहमिति कुत्रैता संज्ञा राजन्करोम्यहम् ॥३२
यदन्योऽस्ति पर. कोऽपि मत्तः पार्थिवसत्तम ।
तदेषोऽहमयं चान्यो वक्तुमेवमपीष्यते ॥३३
परमार्थभेदो न नगो न पशुर्न च पादप ।
शरीराश्च विभेदाश्च य एते कर्मयोनय ॥३४
यस्तु राजेति यल्लोके यच्च राजभटात्मकम् ।
तच्चान्यच्च नृपेत्थं तु न सत्सम्यगनामयम् ॥३५
त्वं राजा सर्वलोकस्य पितुः पुत्रो रिपो रिपु ।
पत्न्या· पति पिता सूनो कस्त्वां भूप वदाम्यहम् ॥३६
त्वं किमेतच्छिरः किं तु शिरस्तव तथोदरम् ।
किमु पादादिकं त्वं तवैतत्किं महीपते ॥३७
समस्तावयवेभ्यस्त्वं पृथग्भूतो व्यवस्थित ।
कोऽहमित्यत्र निपुणो भूत्वा चिन्तय पार्थिव ॥
तच्छ्रुत्वोवाच राजा तमवधूतं द्विजं हरिम् ॥३८

हेतुओं के द्वारा यह वाणी 'अहम्' यह बोला करती है सो क्या यह वाक् ही स्वयं अहम् अर्थात् मैं है ? तो भी यह वाक् अहम् नहीं है। इसलिए यह कथन मिथ्या है और उसको कहना ठीक नहीं होता है ।।३१।। पुरुष का शिर-पाणु आदि लक्षणों वाला पिण्ड तो अहम् से एक पृथक् ही होता है। हे राजन् ! आप ही बताइये, मैं अहम्—इस संज्ञा का प्रयोग किसमें और कहाँ करूँ ? ।।३२।। हे राजाओं में श्रेष्ठ ! मुझसे पर कोई अन्य ही है सो यह अहम् है और वह अन्य ही है। इस प्रकार से कहा जा सकता है ।।३३।। परम धर्म में कोई भी भेद नहीं होता है। शरीर से जो ये विभिन्न भेद हैं वे सब कर्म योनियाँ होते हैं ।।३४।। जो राजा का कहना और लोक में राजा के भट आदि का कथन होता है यह तथा अन्य सभी, हे नृप ! सत् कथन तथा सम्यक् कथन और असत्य कथन नहीं हैं ।।३५।। तू इस समस्त लोक का राजा है—पिता का पुत्र है—शत्रु का तू शत्रु है—पत्नी का पति है और पुत्र का पिता है। हे भूप ! मैं आपको क्या बोलूँ अर्थात् क्या कह कर पुकारूँ ? ।।३६।। तू क्या यह शिर है ? शिर तो तेरा है। क्या तू उदर है ? उदर भी तेरा है तू नहीं होता है। क्या पैर आदि तू है ? ये सब भी तेरे ही हैं। हे महीपते ! तू इन समस्त अवयवों से पृथक् ही व्यवस्थित है। हे पार्थिव ! मैं कौन हूँ—यहाँ पर बहुत ही होशियारी से सावधान होकर विचार करो ।।३७।३८।।

श्रेयोऽर्थमुद्यत प्रष्टुं कपिलर्षिमहं द्विज।
तस्यांशः कपिलर्षेस्त्वं मत्कृते दा (ज्ञा) नदो भुवि ।।३९
ज्ञानवीच्युदधेर्यस्माद्यच्छ्रेयस्तन्मे वद ।।४०
भूय पृच्छसि किं श्रेय परमार्थं न पृच्छसि।
श्रेयांसि परमार्थानि अशेषाण्येव भूपते ।।४१
देवताराधनं कृत्वा धनसंपत्तिमिच्छति।
पुत्रानिच्छति राज्यं च श्रेयस्तस्यैव किं नृप ।।४२
विवेकिनस्तु संयोग श्रेयो य परमात्मनः।
यज्ञादिका क्रिया न स्यान्नास्ति द्रव्योपपत्तिता ।।४३

परमार्थात्मनोर्योगः परमार्थ इतीष्यते ।
एको व्यापी समः शुद्धो निर्गुण. प्रकृतेः पर. ॥४४
जन्मवृद्ध्यादिरहित आत्मा सर्वगतोऽव्यय. ।
पर (र) ज्ञानमयोऽसङ्गी गुणजात्यादिभिर्विभुः ॥४५
निदाघऋतुसंवादं वदामि द्विज त शृणु ।
ऋतुर्ब्रह्मसुतो ज्ञानी तच्छिष्योऽभूत्पुलस्त्यज ॥४६

यह सुनकर राजा उस अवधूत द्विज हरि से बोला—हे द्विज ! मैं श्रेय अर्थ पूछने के लिये कपिल ऋषि के पास गया था। अब उन्ही कपिल ऋषि के अश स्वरूप आप मेरे लिये दान देने वाले भूमि पर आ गये हैं। अत ज्ञान की तरङ्गों वाले इस सागर से जो भी श्रेय हो वह मुझे कृपा कर बताइयेगा ॥३६।४०॥ ब्राह्मण ने कहा—फिर आप मुझसे क्या श्रेय पूछते हैं और परमार्थ को नही पूछते हैं। श्रेय तो सभी परमार्थ ही हुआ करते हैं ॥४१॥ हे नृप ! देवो की आराधना करके धन-सम्पत्ति की इच्छा किया करता है, पुत्र की चाह करता है, राज्य की कामना करता है उस इन सबकी चाह करने वाले का श्रेय होता है ? लोक दृष्टि से मानव इनको ही श्रेय समझता है किन्तु जो विवेकशील होता है उसका तो परमात्मा के साथ जो सयोग होता है वही श्रेय है। यज्ञ आदि की क्रिया भी श्रेय नही है और द्रव्योपपत्तिता भी श्रेय नहीं होता है। परमार्थ मे तो आत्मा और परमात्मा का योग ही श्रेय है और यही परमार्थ भी कहा जाता है। यह आत्मा एक-व्यापी-सम-शुद्ध-निर्गुण-प्रकृति से पर—जन्म वृद्धि आदि से रहित-सर्वगत-अव्यय-पर-ज्ञानमय-गुण जाति आदि का असङ्गी-विभु होता है ॥४२ से ४५॥ हे राजन् ! अब मैं एक निदाघ और ऋतु का सम्वाद बताता हू उसका तुम श्रवण करो। ऋतु ब्रह्मा का पुत्र और ज्ञानी था। उसका शिष्य पुलस्त्यज था ॥४६॥

निदाघ आसीच्चोऽस्मान्नगरे वै पुरे स्थित ।
देविकायास्तटे त च तर्कयामास वै ऋतुः ॥४७

दिव्ये वर्षसहस्रेऽगान्निदाधमवलोकितुम् ।
निदाघो वैश्वदेवान्ते भुक्त्वाऽन्न शिष्यमब्रवीत् ॥
भुक्त्यन्ते तृप्तिरुत्पन्ना तुष्टिदा साक्षया यत: ॥४८
क्षुदस्ति यस्य भुक्तेऽन्ने तुष्टिर्ब्राह्मण जायते ।
न मे क्षुदभवत्तृप्ति कस्मात्त्व परिपृच्छसि ॥४६
क्षुत्तृष्णे देहधर्माख्ये न ममैते यतो द्विज ।
पृष्टोऽह त्त्वया ब्रूया तृप्तिरस्त्येव मे सदा ॥५०
पुमान्सर्वगतो व्यापी आकाशवदय तत ।
अतोऽह प्रत्यागात्माऽस्मीत्येतदर्थे भवेत्कथम् ॥५१
सोऽह गन्ता न चाऽऽगन्ता नैकदेशनिकेतन ।
त्व चान्यो न भवेन्ना (नो) पि नान्यस्त्वत्तोऽस्मि वाऽप्यहम् ॥५२
मृन्मय हि गृह यद्वन्मृदा लिप्त स्थिरी भवेत् ।
पार्थिवोऽय तथा देह पार्थिवै परमाणुभि ॥५३
ऋतुरस्मि तवाऽऽचार्य. प्रज्ञादानाय ते द्विज ।
इहाऽऽगतोऽह यास्यामि परमार्थस्तवोदित ॥५४

इससे विद्या प्राप्त करने वाला निदाघ नगर मे स्थित रहता था । ऋतु ने उसे देविका के तट पर वर्धित किया था । दिव्य एक सहस्र वर्षों के हो जाने पर निदाघ से मिलने को गया था । निदाघ वैश्वदेव के अन्त मे अन्न को खाकर शिष्य से बोला—भुक्ति के अन्त मे तृप्ति उत्पन्न हुई जोकि तुष्टि के देने वाली और क्षय रहित होती है ? ऋतु ने कहा–अन्न के खा लेने पर जिसको क्षुधा है, हे ब्राह्मण ! उसे तुष्टि होती है । मुझे क्षुधा ही नही हुई फिर आप तृप्ति के विषय कैसे पूछते हैं ॥४७।४८।४६॥ हे द्विज ! ये क्षुधा और तृष्णा देह के धर्म कहे जाते हैं । क्योंकि ये मेरे नही हैं । आपके द्वारा मैं पूछा गया हू इसलिये बताता हूँ कि मुझे तो सदा ही तृप्ति रहा करती है । ५०॥ यह पुमान् सर्वगत व्यापी आकाश की भाँति होता है । इसलिये मैं प्रत्यगात्मा हू–यह इस अर्थ मे कैसे होता है ॥५१॥ वह मैं गन्ता (गमन करने वाला) नही हूँ–आगन्ता नहीं

हूँ और एक देश में निकेतन वाला नहीं हूँ। तू भी मन्य नहीं है मथवा मैं भी तुझसे अन्य नही हू ॥ ५२ ॥ जिस प्रकार से मिट्टी से लिपा हुआ मृन्मय यह घर स्थिर होता है उसी तरह से पार्थिव परमाणुओ से यह देह भी पार्थिव ही होता है ॥ ५३ ॥ हे द्विज ! मैं तेरा आचार्य ऋतु हूँ और तुझे प्रज्ञा के दान करने के लिए यहाँ आया हूँ और तुझे परमार्थ कहकर जाऊँगा ॥५४॥

एकमेवमिद विद्धि न भेद सकलं जगत् ।
वासुदेवाभिधेयस्य स्वरूपं परमात्मनः ॥५५
ऋतुर्वर्षसहस्रान्ते पुनस्तन्नगर ययौ ।
निदाघ नगरप्रान्त एकान्ते स्थितमब्रवीत् ॥
एकान्ते स्थीयते कस्मान्निदाघ ऋतुमब्रवीत् ॥५६
भो विप्र जनसवादो महानेप नरेश्वर. ।
प्रविवीक्ष्य पुर रम्य तेनात्र स्थीयते मया ॥५७
नराधिपोऽत्र कतम. कतमश्चेतरो जन. ।
कथ्यता मे द्विजश्रेष्ठ त्वमभिज्ञो द्विजोत्तम् ॥५८
योऽय गजेन्द्रमुन्मत्तमद्रिशृङ्गसमुत्थितम् ।
अधिरूढो नरेन्द्रोऽय परिवारस्तथेतर ॥५९
गजो योऽयमधो ब्रह्मन्नुपर्येष स भूपति ।
ऋतुराह गज: कोऽत्र राजा चाऽऽह निदाघक: ॥६०
ऋतुर्निदाघ आरूढो दृष्टान्त पश्य वाहनम् ।
उपर्यह यथा राजा त्वमध कुञ्जरो यथा ॥६१

यह सब एक ही जानो, समस्त जगत् एक ही है। कोई भी भेद नहीं होता हैं। यह जगत् वासुदेव नामक परमात्मा का स्वरूप है ॥५५॥ फिर ऋतु एक सहस्र वर्षों के अन्त में नगर मे गया। नगर के प्रान्त मे एकान्त मे स्थित निदाघ से बोला। निदाघ ऋतु से बोला—आप किस कारण से एकान्त में स्थित रहा करते हैं। निदाघ ने कहा—हे विप्र ! यह महान् जन सम्वाद है। पुर को सुन्दर देखकर मैं यहाँ पर स्थित रहता हूँ ॥५६।५७॥ ऋतु ने कहा—

यहाँ पर नरों का अधिप कौन सा है और इतर जन कौन हैं ? हे द्विज श्रेष्ठ ! आप पूर्ण ज्ञाता हैं । अतएव मुझसे कहिए ।। ५८ ।। निदाघ ने कहा—जो यह नरेन्द्र पर्वत के शिखर के समान समुत्थित उन्मत्त गजेन्द्र पर आरूढ है—यह परिवार तथा अन्य गज जो यह अधो भाग में है और हे ब्रह्मन् ! जो भूपति ऊपर के भाग में है। ऋतु ने कहा—यहाँ गज कौन सा है और राजा कौन है ? निदाघ बोला—निदाघ पर आरूढ ऋतु है । वाहन के दृष्टान्त को देखो । जिस प्रकार से राजा है वैसे ऊपर मैं हूँ और जिस तरह कुञ्जर है वैसे नीचे तुम हो ।।५६।६०।६१।।

ऋतु प्राह निदाघं त भवतमस्त्वामहं वदे ।
उक्तो निदाघस्त नत्वा प्राह मे त्वं गुरुर्ध्रुवम् ।।६२
नान्यस्माद्द्वैतसंस्कारसंस्कृतं मानसं तथा ।
ऋतुः प्राह निदाघं त ब्रह्मज्ञानाय चाऽऽगत ।।६३
परमार्थं सारभूतमद्वैतं दर्शितं मया ।।६४
निदाघोऽप्युपदेशेन तेनाद्वैतपरोऽभवत् ।
सर्वभूतान्यभेदेन ददृशे स तदाऽऽत्मनि ।।६५
अवाप मुक्तिं ज्ञानात्स तथा त्वं मुक्तिमाप्स्यसि ।
एकः समस्तं त्वं चाहं विष्णुः सर्वगतो यतः ।।६६
पीतनीलादिभेदेन यथैकं दृश्यते नभः ।
भ्रान्तिदृष्टिभिरात्मापि तथैकः स पृथक्पृथक् ।।६७
मुक्तिं ह्यवाप भवतो ज्ञानसारेण भूपतिः ।
संसाराज्ञानवृक्षारि ज्ञानं ब्रह्मेति चिन्तय ।।६८

ऋतु उस निदाघ से बोला मैं तुमको कौन बताऊँ । इस तरह से बताया हुआ निदाघ बोला और उनको प्रणाम किया । तुम मेरे निश्चित रूप से गुरु हो । इस द्वैत के संस्कार से संस्कृत मन वाले मुझको अन्य से उस प्रकार का ज्ञान नहीं होता है । ऋतु ने उस निदाघ से कहा—ब्रह्म ज्ञान के लिए आगमन हुआ हूँ । मैंने यह सारभूत अद्वैत जो वस्तुतः परमार्थ है, दिखला दिया है ।

ब्राह्मण ने कहा—उस उपदेश से निदाघ भी अद्वैत पर हो गया। तब उसने समस्त प्राणियों को आत्मा में अन्य भेद से देखा था। वह इस ज्ञान से मुक्ति को प्राप्त हुआ था। उसी भाँति तू मुक्ति को प्राप्त करेगा। तू और मैं सब एक ही हैं क्योंकि सर्वगत विष्णु हैं ॥६२ से ६६॥ जिस तरह पीत—नील आदि के भेद वाला दिखलाई दिया करता है किन्तु वह नभ एक ही होता है। उसी तरह यह एक ही आत्मा भी एक है और भ्रान्ति की दृष्टि से पृथक् पृथक् दिखाई देता है। अग्निदेव ने कहा—आपके इस ज्ञान के सार से राजा मुक्ति को प्राप्त हुआ। इस असार के अज्ञान वृक्ष के शत्रु ब्रह्मज्ञान का चिन्तन करो ॥६७।६८॥

१८१—गीतासारः

गीतासार प्रवक्ष्यामि सर्वगीतोत्तमोत्तमम् ।
कृष्णो ऽमर्जुनायाऽह पुरा वै भुक्तिमुक्तिदम् ॥१
गतासुरगतासुर्वा न शोच्यो देहवानज. ।
आत्माऽजरोऽमरोऽभेद्यस्तस्माच्छोकादिकं त्यजेत् ॥२
ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते ।
सङ्गात्कामस्ततः क्रोधः क्रोधात्संमोह एव च ॥३
संमोहात्स्मृतिविभ्रंशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ।
दुःसङ्गहानिः सत्सङ्गान्मोक्षकामी च कामनुत् ॥४
कामत्यागादात्मनिष्ठः स्थिरप्रज्ञस्तदोच्यते ।
या निशा सर्वभूताना तस्यां जागर्ति संयमी ॥५
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुने ।
आत्मन्येव च संतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते ॥६
नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन ।
तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः ॥७
गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते ।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं सतरिष्यति ॥८

इस अध्याय में गीता के सार को बताया जाता है। अग्निदेव ने कहा—अब हम समस्त गीतों से उत्तमोत्तम गीता के सार को बतायेंगे जोकि भगवान् कृष्ण ने पहिले अर्जुन के लिए समस्त प्रकार के सांसारिक भोगों के उपभोग और अन्त समय में इस प्रकार संसार के आवागमन से छुटकारा देने वाले मोक्ष का देने वाला कहा था ॥१॥ श्री भगवान् ने कहा था—इस अवस्था देहवान् को मृत तथा जीवित का भी शोक नहीं करना चाहिए अर्थात् कौन मर गया है और कौन जिन्दा है इस बात की कुछ भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह आत्मा अमर है अर्थात् कभी मरा नहीं करती है। यह अजर है अर्थात् इसको किसी समय भी बुढ़ापा नहीं आता है। यह आत्मा भेदन करने के योग्य भी नहीं है। इस कारण से इस आत्मा के विषय में सब प्रकार के शोक आदि का त्याग कर देना चाहिए ॥२॥ मनुष्य जब संसार के विषयों की ओर अपना मन लगाया करता है तो उसके ध्यान से उन विषयों में एक प्रकार की आसक्ति उत्पन्न होने लग जाती है। जब सङ्ग (आसक्ति) होता है तो उससे उसकी कामना (इच्छा) होती है। फिर उस काम की पूर्ति न होने पर उसे क्रोध हो जाता है। क्रोध से सम्मोह की उत्पत्ति हुआ करती है ॥३॥ जब सम्मोह होता है तो स्मृति का विभ्रम हो जाता है और स्मृति के विभ्रंश होते ही बुद्धि का नाश हो जाता है। बुद्धि के नाश होने से वह नष्ट हो जाता है। इसलिये कुसङ्ग नहीं होना चाहिए क्योंकि दुःसङ्ग से हानि होती है। सत् सङ्ग से मोक्ष की कामना करने वाला सज्जन और आमुक्षु होता है ॥ ४ ॥ काम के त्याग से मानव आत्म निष्ठ होता है और तभी वह स्थिर प्रज्ञ वाला कहा जाया करता है। जो समस्त प्राणियों के लिये रात्रि हुआ करती है अर्थात् जिस समय में सब सोया करते हैं उस समय में जो संयमशील पुरुष होता है वह जागरण किया करता है ॥५॥ जिस समय में समस्त भूत जगा करते हैं वह समय दीन की निशा समझो वह अपनी आत्मा ही में सन्तुष्ट रहा करता है। उसको कुछ भी कार्य नहीं होता है ॥ ६ ॥ उसका यहाँ कृत से कुछ भी अर्थ नहीं होता है और न अकृत से ही कुछ प्रयोजन हुआ करता है। हे महाबाहो ! वह तो गुण और कर्म के विभागों का तत्त्ववेत्ता होता है ॥७॥ गुण गुणों में रहा करते हैं—

यह मानकर ही वह प्रस्तुत रहता है। वह तत्त्वों का वेत्ता समस्त पाप को ज्ञान रूपी प्लव से ही सतीर्ण कर लेता है ॥८॥

ज्ञानाग्नि. सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन ।
ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्ग त्यक्त्वा करोति. य ॥६
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ।
सर्वभूतेषु चाऽऽत्मान सर्वभूतानि चाऽऽत्मनि ॥१०
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्रसमदर्शन. ।
शुचीना श्रीमता गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥११
न हि कल्याणकृत्कश्चिद् दुर्गति तात गच्छति ।
दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ॥१२
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेता तरन्ति ते ।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥१३
चतुर्विधा भजन्ते मा ज्ञानी चैकत्वमास्थित· ।
अक्षर ब्रह्म परम स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते ॥१४
भूतभावोद्भवकरो विसर्ग. कर्मसज्ञित: ।
अधिभूत क्षरो भाव: पुरुषश्चाधिदैवतम् ॥१५
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृता वर ।
अन्तकाले स्मरन्मा च मद्भाव यात्यसशय ॥१६

हे अर्जुन ! जो सग अर्थात् आसक्ति का त्याग करके समस्त कर्मों को ब्रह्म में समर्पित करके किया करता है वह अपनी ज्ञान रूपी अग्नि के द्वारा सम्पूर्ण कर्मों को भस्मसात् कर दिया करता है ॥ ६ ॥ जिस तरह कमलिनी का पत्र सर्वदा जल के ऊपर ही रहा करता है और वह जल से लिप्त नहीं होता है उसी तरह तत्त्ववेत्ता पुरुष भी पापों से कभी लिप्त नहीं हुआ करता है। समस्त प्राणियों मे आत्मा को अर्थात् अपने आपको और अपने आप मे समस्त भूतों को वह देखा करता है। योग से युक्त आत्मा वाला पुरुष सर्वत्र समान दृष्टि रखने वाला है अर्थात् सबको अपने ही समान समझता है। जो आदमी

योग से किसी कारण वश भ्रष्ट हो जाता है वह परम पवित्र और श्रीमानों के घर में आकर उत्पन्न हुआ करता है ॥१०।११॥ कोई भी कल्याण कृत् दुर्गति को प्राप्त नहीं होता है। हे तात ! यह गुणमयी दैवी मेरी माया बहुत ही दुरत्यय हुआ करती है अर्थात् इसका जानना बहुत ही कठिन होता है ॥१२॥ जो पुरुष सब ओर से अपनी मनोवृत्ति को हटाकर मेरी ही शरणागति में आ जाया करते हैं वे ही मेरी इस माया पर विजय प्राप्त करते हैं। मेरे भजन वाले भक्त भी चार प्रकार के होते हैं। हे भरतर्षभ ! मेरे कुछ भक्त तो आर्त होते हैं अर्थात् परम दुःखित होकर मेरी भक्ति किया करते हैं। कुछ मेरे भक्त जिज्ञासु रूप में हुआ करते हैं अर्थात् ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा वाले होकर मेरा भजन किया करते हैं। कुछ धन–सम्पत्ति के वैभव को प्राप्त करने की इच्छा से मेरी भक्ति करते हैं जो अर्थार्थी कहे जाते हैं और एक भक्त ऐसे होते हैं, जिन्हें मेरा पूर्ण ज्ञान होता है वे ज्ञानी भक्त कहे जाते हैं ॥१३॥ ज्ञानी एक रस में आस्थित होता है। परमब्रह्म अक्षर होता है और अपने में उसका जो भाव होता है उसे अध्यात्म कहा जाता है ॥ १४ ॥ भूत भाव के उत्पन्न करने वाला विसर्ग कर्म की संज्ञा से युक्त होता है। जो क्षर भाव है वही अधिभूत होता है और पुरुष अधिदैवत होता है ॥१५॥ यहाँ देह में मैं ही अधियज्ञ हूँ। हे देहधारियों में परमश्रेष्ठ ! जो अन्तकाल में मेरा स्मरण करते हुए देह त्याग किया करता है वह बिना किसी संशय के मेरे भाव को ही प्राप्त होता है ॥१६॥

यं यं भावं स्मरन्नन्ते त्यजेद्देहं तमाप्नुयात् ।
प्राणं न्यस्य भ्रुवोर्मध्ये अन्ते प्राप्नोति मत्परम् ॥१७
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म वदन्देहं त्यजेत्तथा ।
ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ता सर्वा मम विभूतयः ॥१८
श्रीमन्तश्चोर्जितः सर्वे ममांशा प्राणिनः स्मृताः ।
अहमेको विश्वरूप इति ज्ञात्वा विमुच्यते ॥१९
क्षेत्रं शरीरं यो वेत्ति क्षेत्रज्ञः स प्रकीर्तितः ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥२०

महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ।
इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचरा ।।२१
इच्छा द्वेष. सुख दुख सघातश्चेतना धृति ।
एतत्क्षेत्र समासेन सविकारमुदाहृतम् ।।२२

अन्त समय मे यह प्राणी जिस–जिस भी भाव का स्मरण करते हुए इस पाञ्च भौतिक देह का त्याग करता है उसी को वह प्राप्त किया करता है। जो प्राण का त्याग करके अन्त मे भृकुटियो के मध्य मे दृष्टि लगा कर मत्परायण होता है और 'ओम्' इस एकाक्षर ब्रह्म का जाप करते हुए देह का त्याग करता है वह मुझको प्राप्त किया करता है। ब्रह्म से स्तम्ब पर्यन्त सभी मेरी ही विभूतियाँ हैं ।।१७।१८।। जो श्रीमान् और ऊर्जित प्राणी होते हैं वे सभी प्राणी मेरे ही अश कहे गये हैं। मैं एक विश्व रूप हूँ—ऐसा ज्ञान प्राप्त करके ही इस ससार से प्राणी विमुक्त होता है ।। १६ ।। जो मानव इस शरीर को क्षेत्र जानता है वह क्षेत्रज्ञ अर्थात् क्षेत्र के ज्ञान रखने वाला कहा गया है। जो इस शरीर रूपी क्षेत्र और उस के ज्ञाता क्षेत्रज्ञ का ज्ञान माना गया है ।।२०।। महाभूत—अहङ्कार—बुद्धि—अव्यक्त—ग्यारह इन्द्रिया और पाच इन्द्रियो के गोचर–इच्छा—द्वेप—सुख—दु ख—सघात–चेतना और धृति यह सक्षेप से विकार युक्त क्षेत्र कहा गया है ।।२१।२२।।

अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम् ।
आचार्योपासन शौच स्थैर्यमात्मविनिग्रह ।।२३
इन्द्रियार्थेपु वैराग्यमनहंकार एव च ।
जन्ममृत्युजराव्याधिदु खदोषानुदर्शनम् ।।२४
आसक्तिरनभिष्वङ्ग पुत्रदारगृहादिपु ।
नित्य च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिपु ।।२५
मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनससदि ।।२६

अध्यात्मज्ञाननिष्ठत्व तत्त्वज्ञानानुदर्शनम् ।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञान यदतोऽन्यमथा ॥२७
ज्ञेय यत्तत्प्रवक्ष्यामि य ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते ।
अनादि परम ब्रह्म सत्त्व नाम तदुच्यते ॥२८
सर्वत पाणिपादान्त सर्वतोक्षिशिरोमुखम् ।
सवत श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥२९
सर्वेन्द्रियगुणाभास सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
असक्त सर्वभृच्चैव निर्गुण गुणभोक्तृ च ॥३०

मान वाला न होना—दम्भ रहित होना—अहिसा—क्षान्ति—आर्जव अर्थात् सरलता—आचार्य वर्ग की उपासना करना—शुद्धि—स्थिरता—आत्मा का विशेष रूप से निग्रह—इन्द्रियों के अर्थों में अर्थात् विषयों में वैराग्य—अहङ्कार का न होना—जन्म, मृत्यु, जरा और व्याधियों में दुःख तथा दोषों का अनुदर्शन करना—आसक्ति—पुत्र—स्त्री और घर आदि में अनभिष्वङ्ग—नित्य चित्त का समभाव रखना चाहे कोई अभीष्ट वस्तु हो या अनिष्ट की उपपत्ति हो, सबमे समान चित्तता—मुझमे व्यभिचार रहित अनन्य योग से भक्ति का रखना—एकान्त स्थान का सेवन—जन समुदाय म रति का न रखना—अध्यात्म ज्ञान मे निष्ठित रहना—तत्त्व ज्ञान का अनुदर्शन करते रहना—यह ज्ञान कहा गया है और इसमे भिन्न सभी अज्ञान होता है ॥ २३ से २७ ॥ अब जो ज्ञेय अर्थात् जानने के योग्य है उसे बतलाते हैं जिसका ज्ञान प्राप्त करके अमृतत्व को प्राप्त हो जाता है । परमब्रह्म अनादि है और उसका सत्त्व नाम कहा जाता है ।२८। उसके सभी ओर पाणि (हाथ) और पाद हैं । वह सब तरफ शिर—नेत्र और मुख वाला है । वह लोके मे सब ओर श्रुति वाला है और सबको आवृत करके स्थित रहता है ॥२९॥ यह सब इन्द्रियों के गुणो के आभास वाला और समस्त इन्द्रियों से रहित है । सबका भरण करने वाला है और असक्त है । वह स्वय गुण रहित है और गुणों का भोक्ता भी है ॥३०॥

वहिरन्तश्च भूतानामचर चरमेव च ।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेय दूरस्थ चान्तिकेऽपि यत् ॥३१

अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् ।
भूतभर्तृं च विज्ञेय ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ॥३२
ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेय ज्ञानगम्य हृदि सर्वस्य संस्थितम् ॥३३
ध्यानेनाऽऽत्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना ।
अन्ये साख्येन योगेन कर्मयोगेन (ण) चापरे ॥३४
अन्ये त्वेवमजानन्त. श्रुत्वाऽन्येभ्य उपासते ।
तेऽपि चाऽऽशु तरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणा ॥३५

भूतो के बाहिर और अन्दर चर एव अचर हैं । किन्तु वह इतना सूक्ष्म है कि इस कारण से नही जानने के योग्य होता है । वह बहुत दूर में स्थित है और सबके बिल्कुल समीप मे रहने वाला भी है । वह भूतो मे अविभक्त होते हुए भी विभक्त की भाँति स्थित रहता है । भूतो का भर्ता है और उसे ग्रसिष्णु तथा प्रभविष्णु जानना चाहिए ॥ ३१।३२ ॥ वह ज्योतियो को भी ज्योति देने वाला है और तम से पर कहा जाता है । वह ज्ञान स्वरूप है—ज्ञेय अर्थात् जानने के योग्य और ज्ञान के द्वारा गम्य है । वह सबके हृदयो मे सस्थित रहा करता है । कुछ लोग ध्यान के द्वारा आत्मा मे आत्मा से ही उस आत्मा को देखते हैं । अन्य लोग साख्य योग के द्वारा और दूसरे कर्मयोग के द्वारा उसे देखा करते हैं या प्राप्त करते हैं ॥३३।३४॥ अन्य लोग ऐसे हैं जो इन उक्त विधियो से उसको न जानते हुए अन्यो के द्वारा श्रवण कर उसकी उपासना किया करते हैं । वे श्रुति परायण भी लोग मृत्यु को शीघ्र ही तरण कर जाते हैं ॥३५॥

सत्त्वात्सजायते ज्ञान रजसो लोभ एव च ।
प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च ॥३६
गुणा वर्तन्त इत्येव योऽवतिष्ठति नेङ्गते ।
मानावमानमित्रारितुल्यस्त्यागी स निर्गुण. ॥३७

ऊर्ध्वमूलमध शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम् ।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्त वेद स वेदवित् ॥३८
द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन्दैव आसुर एव च ।
अहिमादि. क्षमा चैव दैवी सपत्ततो नृणाम् ॥३९
न शौच नापि वाऽऽ (चा) चारो ह्यासुरी सपदोद्भवः ।
नरकात्वात्क्रो धलोभकामास्तस्मात्त्रय त्यजेत् ॥४०
यज्ञस्तपस्तथा दान सत्त्वाद्यै स्त्रिविध स्मृतम् ।
आयु सत्त्व बलारोग्यसुखायान्न तु सात्त्विकम् ॥४१
दु खशोकामयायान्न तीक्ष्णरूक्ष तु राजसम् ।
अमेध्योच्छिष्टपूत्यन्न तामस नीरसादिकम् ॥४२

सत्व से ज्ञान की उत्पत्ति होती है, रजोगुण से लोभ होता है और तमोगुण से प्रमाद और मोह तथा अज्ञान उत्पन्न हुआ करता है ॥३६॥ ये गुण व्यवहार किया करते हैं इस प्रकार के ज्ञान वाले जो अवस्थित रहते हैं और कोई भी इङ्गित नहीं करते हैं तथा मान–अपमान, मित्र और शत्रु इनमे तुल्य भाव रखते हैं एवं त्यागी होते हैं व निर्गुण ही हैं ॥३७॥ जिसका मूल तो ऊर्ध्व भाग मे है और शाखाएँ अधोभाग मे हैं ऐसे अश्वत्थ को अव्यय कहते हैं। छन्द जिसके पत्ते हैं। जो उसको जानता है वह वेद का वेत्ता होता है ॥३८॥ लोक मे प्राणियो की सृष्टि दो प्रकार की होती है। एक दैव भूतसर्ग होता है और दूसरा आसुर है। अहिंसा आदि—क्षमा ये सब मनुष्यो की दैवी सम्पत् होती हैं। न तो शुद्धि और न आचार ही है—ऐसा जिन मानवो को होता है वह सब आसुरी सम्पत्ति मे उत्पन्न होता है। मनुष्यो को नरक मे पहुँचाने वाले काम–क्रोध और लोभ ये तीन प्रकार के द्वार होते हैं। इसलिये जो अपनी सुगति चाहता है तो उस इन तीनो का त्याग कर देना चाहिए ॥३९।४०॥ सत्वादि से यज्ञ–तप तथा दान ये तीन प्रकार के कहे गये हैं। सात्विक अन्न आयु–सत्व–बल—आरोग्य और सुख के लिए होता है। जो अन्न तीक्ष्ण और रूक्ष होता है वह राजस होता है। ऐसा अन्न दुःख–शोक

और रोग करने वाला होता है। अमेध्य (अपवित्र)–उच्छिष्ट (झूठा) और दुर्गन्ध युक्त अन्न तथा नीरस आदि अन्न तामस हुआ करता है ॥४१॥४२॥

यष्टव्यो विधिना यज्ञो निष्कामाय स सात्त्विकः ।
यज्ञ. फलाय दम्भाय राजसस्तामस. क्रतुः ॥४३
श्रद्धामन्त्रादिविध्युक्तं तप शारीरमुच्यते ।
देवादिपूजाऽहिंसादि वाङ्मय तप उच्यते ॥४४
अनुद्वेगकर वाक्य सत्य स्वाध्यायसञ्जप· ।
मानसं चित्तसंशुद्धिर्मौनमात्मविनिग्रह. ॥४५
सात्त्विकं च तपोऽकामं फलाद्यर्थं तु राजसम् ।
तामस परपीडायै सात्त्विक दानमुच्यते ॥४६
देशादौ चैव दातव्यमुपकाराय राजसम् ।
अदेशादावबज्ञात तामस दानमीरितम् ॥४७
ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविध स्मृत. ।
यज्ञदानादिक कर्म भुक्तिमुक्तिप्रद नृणाम् ॥४८
अनिष्टमिष्टं मिश्र च त्रिविध कर्मण. फलम् ।
भवत्यत्यागिना प्रेत्य न तु संन्यासिना क्वचित् ॥४९
तामसः कर्मसयोगान्मोहात्क्लेशभयादिकात् ।
राजस. सात्त्विकोऽकामात्स्वश्चैते कर्महेतव· ॥५०

जो यज्ञ निष्काम भावना से विधि पूर्वक यजन किया जाता है वह सात्त्विक होता है। जो यज्ञ फल प्राप्ति के लिए किया जाता है वह राजस होता है और दम्भ के लिए किया और मन्त्रादि विधि से युक्त तप शारीर कहा जाता है। देव आदि की पूजा और अहिंसा आदि वाङ्मय तप कहा जाता है ॥४०॥ उद्वेग न करने वाला वाक्य–सत्य वाक्य और स्वाध्याय करना यह भी वाङ्मय तप होता है। जप–चित्त संशुद्धि—मौन और आत्म विनिग्रह यह मानस तप होता है ॥४५॥ जो किसी भी कामना से नहीं किया जाता है वह सात्त्विक तप होता है। किसी फल आदि की प्राप्ति के लिए जो तप

किया जाता है वह राजस तप होता है । दूसरो को पीडा पहुँचाने के लिये जो तप किया जाता है वह तामस तप होता है । अब सात्त्विक दान के विषय मे बताते हैं । देश–काल और पात्र मे उपकार के लिए जो दिया जाता है वह सात्त्विक दान है । प्रदेशादि मे जो दिया जाता है वह राजस और जो अवज्ञा करके दिया जाता है वह तामस दान होता है ॥४६।४७॥ ओ तत्सद्–यह ब्रह्म का तीन प्रकार का निर्देश कहा गया है । यज्ञ और दान आदिक कर्म मनुष्यों को भुक्ति और मुक्ति दोनो ही देने वाले होते हैं ॥४८॥ कर्म के अनिष्ट इष्ट और मिश्रित ये तीन प्रकार के फल हुआ करते हैं । यह जो त्यागी नही होते हैं उनको मरण के पश्चात् होते हैं और सन्यासियो कभी नही होते हैं ॥४९॥ तामस कर्म तो सयोग से और मोह से होता है । क्लेश के भय आदि से राजस कर्म होता है । बिना ही कामना के सात्त्विक कर्म होता है । कर्म के फल प्र नि क पाँच हेतु हुआ करते हैं ॥५०॥

अधिष्ठान तथा कर्ता करण च पृथग्विधम् ।
त्रिविधाश्च पृथक्चेष्टा दैव चैवात्र पञ्चमम् ॥५१
एक ज्ञान सात्त्विक स्यात्पृथग्ज्ञान तु राजसम् ।
अतत्त्वार्थं तामस स्यात्कर्माकामाय सात्त्विकम् ॥५२
कामाय राजस कर्म मोहात्कर्म तु तामसम् ।
सिद्ध्यसिद्ध्यो सम कर्ता सात्त्विको राजसो ह्यपि ॥५३
शठोऽलसस्तामस स्यात्कार्यादिधीश्च सात्त्विकी ।
कार्यार्थं सा राजसी स्याद्विपरीता तु तामसी ॥५४
मनोधृति सात्त्विकी स्यात्प्रीतिकामेति राजसी ।
तामसी तु प्र (पुत्र) शोकादौ सुख सत्त्वात्तदन्तगम् ॥५५
सुख तद्राजस चाग्रे अन्ते दु ख तु तामसम् ।
अत प्रवृत्तिर्भूताना येन सर्वमिद ततम् ॥५६
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य विष्णु सिद्धि च विन्दति ।
कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा ॥५७

ब्रह्मादिस्तम्यपर्यन्तं जगद्विष्णु च वेत्ति यः।
सिद्धिमाप्नोति भगवद्भक्तो भागवतो ध्रुवम् ॥५८

कर्म करने करने का अधिष्ठान—कर्त्ता अर्थात् कर्म करने वाला—करण अर्थात् कर्म करने के विविध प्रकार के साधन—चेष्टा अर्थात् विभिन्न भाँति की चेष्टाऐ और पाँचवां हेतु दैव होता है। तात्पर्य यह है कि यह सभी हेतु जब समुचित और अनुकूल होते हैं तभी कर्म का फल प्राप्त होता है॥५१॥ सात्त्विक ज्ञान एक होता है। पृथक् ज्ञान राजस होता है। तत्त्व से रहित जो ज्ञान है वह तामस होता है। सात्त्विक कर्म काम के अभाव के लिए होता है॥५२॥ कामना के लिए जो कर्म होता हैं वह राजस हैं मोह से जो कर्म किया जाता हैं वह तामस कर्म होता हैं। कर्म की सिद्धि और असिद्धि दोनों में जो तुल्य मन स्थिति वाला कर्त्ता होता है वह सात्त्विक कर्म कर्त्ता है। ऐसा ही राजस कर्त्ता होता है। जो शठ—आलसी कर्म के करने वाला होता हैं वह तामस कर्म कर्त्ता होता हैं। कार्य के आदि में ही होने वाली बुद्धि सात्त्विकी होती हैं। जो कार्य के लिये ही होती हैं वह राजसी होती हैं और इस विपरीत जो बुद्धि होती हैं वह तामसी होती हैं ॥५३।५४॥ मनोधृति सात्त्विकी—प्रीतिकाम राजसी और शोकादि में होने वाली तामसी होती हैं। अन्तगामी जो सुख होता है वह सात्त्विक सुख है। आगे जो सुख है वह राजस और अन्त में जिस सुख के दु ख हो वह तामस सुख होता है। इसलिए प्राणियों की प्रवृत्ति होती है। जिसने इस समस्त जगत् का विस्तार किया है उस विष्णु का अपने कर्म के द्वारा अर्चन करके यह मानव सिद्धि को प्राप्त किया करता है इसलिए कर्म—मन और वचन के द्वारा सभी अवस्थाओं में सर्वदा उसका यजनार्चन करना चाहिए ॥५५।५६।५७॥ जो ब्रह्मा से आदि लेकर स्तम्भ पर्यन्त इस जगत् को विष्णु का स्वरूप ही जानता है वह भगवान् का भक्त परम भागवत निश्चय ही सिद्धि को प्राप्त किया करता है ॥५८॥

१९२—यमगीता

यमगीता प्रवक्ष्यामि उक्ता या नाचिकेतसे।
पठता शृण्वता मुक्त्यै भुक्त्यै मोक्षार्थिना सताम् ॥१

आसनं शयनं यानं परिधानगृहादिकम् ।
वाञ्छत्यहोऽतिमोहेन सुस्थिरं स्वयमस्थिरः ॥२
भोगेषु श (प्वस) क्तिः सततं तथैवाऽऽत्मावलोकनम् ।
श्रेयः परं मनुष्याणां कपिलाद्‌गीतमेव हि ॥३
सर्वत्र समदर्शित्वं निर्ममत्वमसङ्गता ।
श्रेयः परं मनुष्याणां गीतं पञ्चशिखेन हि ॥४
आगर्भजन्मबाल्यादिवयोऽवस्थादिवेदनम् ।
श्रेयः परं मनुष्याणां गङ्गाविष्णुप्रगीतकम् ॥५
आध्यात्मिकादिदुःखानामाद्यन्तादिप्रतिक्रिया ।
श्रेयः परं मनुष्याणां जनकोद्‌गीतमेव च ॥६
अभिन्नयोर्भेदकरः प्रत्ययो यः पुरातनः ।
तच्छान्तिपरमं श्रेयो ब्रह्मोद्‌गीतमुदाहृतम् ॥७
कर्तव्यमिति यत्कर्म ऋग्यजुःसामसञ्ज्ञितम् ।
कुरुते श्रेयसेऽसङ्गाज्जैगीषव्येण गीयते ॥८

इस अध्याय में यमगीता का निरूपण किया जाता है । अग्निदेव ने कहा—अब मैं यमगीता को बताऊँगा जोकि नचिकेता के लिए कही गई थी । जो इसका पाठ—श्रवण करने वाले पुरुष हैं उनको भोगों की प्राप्ति कराने वाली है और जो मोक्ष की कामना रखने वाले हैं उन सत्पुरुषों को यह मुक्ति प्रदान करने वाली होती है ॥१॥ यमराजों ने कहा—जो आसन, शयन यान, परिधान, गृह आदि की सुस्थिर होकर अत्यन्त मोह से इच्छा किया करता है, वह स्वयं ही अस्थिर होता है ॥२॥ भोगों में शक्ति वाला पुरुष सर्वदा आत्मा का अवलोकन करता है । यह मनुष्यों का परम श्रेय है । यही कपिल के द्वारा भी उद्‌गीत हुआ है ॥ ३ ॥ सर्वत्र समदर्शी होना तथा ममता से रहित होना और असङ्गता यह मनुष्यों का परम श्रेय होता है—यह पञ्चशिख के द्वारा कहा गया है ॥४॥ गर्भ से लेकर जन्म और बाल्य आदि वय तथा अवस्था आदि का ज्ञान रखना मनुष्यों का परम श्रेय होता है—यह गङ्गा विष्णु

के द्वारा प्रगीत किया गया है ॥५॥ आध्यात्मिक और चाधिदैविक तथा आधिभौतिक दुःखों की आदि से अन्त तक जो प्रतिक्रिया है वही मनुष्यों का श्रेय होता है—यह जनक के द्वारा कहा गया है ॥६॥ अभिज्ञों का जो परमात्मा को भेद के करने वाला प्रत्यय होता है वह उसकी शान्ति वाला परम मनुष्यों का श्रेय होता है—ऐसा ब्रह्मा के द्वारा कहा गया उद्गीत कहा है ॥७॥ जो कर्म कर्त्तव्य है अर्थात् करने के योग्य है जिसका नाम ऋक्-यजु और साम हो, उसे जो सग रहित होकर करता है वह कल्याण के लिए होता है—ऐसा जैगीषव्य के द्वारा गाया जाता है ॥८॥

हानि सर्वविधित्सानामात्मनः सुखहैतुकी ।
श्रेय परं मनुष्याणां देवलोद्गीतमीरितम् ॥६
कामत्यागात्तु विज्ञानं सुखं ब्रह्म परं पदम् ।
कामिना न हि विज्ञानं सनकोद्गीतमेव तत् ॥१०
प्रवृत्तं च निवृत्तं च कार्यं कर्म परेऽब्रवीत् ।
श्रेयसां श्रेय एतद्धि नैष्कर्म्यं ब्रह्म तद्धरिः ॥११
पुमांश्चाधिगतज्ञानो भेदं नाऽऽप्नोति सत्तम ।
ब्रह्मणा विष्णुसंज्ञेन परमेणाव्ययेन च ॥१२
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं सौभाग्यं रूपमुत्तमम् ।
तपसा लभ्यते सर्वं मनसा यद्यदिच्छति ॥१३
नास्ति विष्णुसमं ध्येयं तपो नानशनात्परम् ।
नास्त्यारोग्यसमं धन्यं नास्ति गङ्गासमा सरित् ॥१४
न सोऽस्ति बान्धवः कश्चिद्विष्णुं मुक्त्वा जगद्गुरुम् ।
अधश्चोर्ध्वं हरिश्चाग्रे देहेन्द्रियमनोमुखे ॥१५
इत्येव संस्मरन्प्राणान्यस्त्यजेत्स हरिर्भवेत् ।
यत्तद् ब्रह्म यतः सर्वं यत्सर्वं तस्य संस्थितम् ॥१६

अपने सब प्रकार की करने की इच्छाओं की जो हानि है वही सुख की हेतु होती है और यही मनुष्यों का परम श्रेय होता है—ऐसा देवल ने कहा

है ।.९।। काम के त्याग से जो विज्ञान होता है वह परम सुख है और यही ब्रह्म का पद है । जो कामी होते हैं उनको विज्ञान नहीं होता है—ऐसा सनक ने कहा है ।।१०।। प्रवृत्त और निवृत्त कर्म करना चाहिए अर्थात् प्रवृत्ति मार्ग और निवृत्ति मार्ग के समस्त कार्य करने चाहिए—ऐसा दूसरे लोगों ने कहा था, समस्त श्रेयों का श्रेय यही है कि कर्म में निष्कर्मता होनी चाहिए—यही ब्रह्म तथा हरि हैं ।।११।। जिस पुरुष ने ज्ञान प्राप्त कर लिया है वह सत्पुरुषों में परम श्रेष्ठ है और वह विष्णु संज्ञा वाले परम अव्यय ब्रह्म के साथ कोई भी भेद नहीं प्राप्त किया करता है ।। १२ ।। ज्ञान–विज्ञान–आस्तिक्य–सौभाग्य और उत्तम रूप यह सब कुछ तप से प्राप्त किया जाता है जो भी मन से इच्छा करता है ।।१३।। भगवान् विष्णु के समान अन्य कोई भी ध्येय नहीं है और अनशन (भोजन न करना) से परे कोई भी अन्य तप नहीं होता है । आरोग्य अर्थात् स्वस्थ रहना इसके तुल्य अन्य कुछ नहीं है और भागीरथी गंगा के बराबर अन्य परम पवित्र कोई भी नहीं है ।। १४ ।। जगत् के गुरु विष्णु को छोड़कर अन्य कोई भी बान्धव नहीं है । नीचे और ऊपर तथा आगे देह–इन्द्रिय–मन और मुख में सर्वत्र हरि विद्यमान हैं—इसी प्रकार से संस्मरण करता हुआ जो अपने प्राणों का त्याग किया करता है वह हरि हो जाता है । जो भी है वह ब्रह्म है क्योंकि सभी कुछ उसमें संस्थित होता है ।।१५।१६।।

अग्राह्यमनिर्देश्य सुप्रतिष्ठं च यत्परम् ।
परापरस्वरूपेण विष्णु सर्वहृदि स्थित. ।।१७
यज्ञेश यज्ञपुरुष केचिदिच्छन्ति तत्परम् ।
केचिद्विष्णु हर केचित्केचिद् ब्रह्माणमीश्वरम् ।।१८
इन्द्रादिनामभि. केचित्सूर्यं सोम च कालकम् ।
ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्त जगद्विष्णुं वदन्ति च ।।१९
स विष्णु परम ब्रह्म यतो नाऽऽवर्तते पुन ।
सुवर्णादिमहादानपुण्यतीर्थावगाहनै. ।।२०

ध्यानैव्रतै· पूजया च धर्मश्रु त्या तदाप्नुयात् ।
आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु ॥२१
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मन· प्रग्रहमेव च ।
इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयास्तेषु गोचरान् ॥२२

प्रग्राह्यक–अनिर्देश्य और जो पर सुप्रतिष्ठ है परात्पर स्वरूप से विष्णु सभी के हृदय मे स्थित रहते हैं ॥१७॥ कुछ लोग यज्ञेश यज्ञ पुरुष को परम पुरुष चाहा करते हैं—कुछ भगवान् विष्णु को कहते हैं—कुछ लोग महादेव को तो कुछ ब्रह्मा को ही ईश्वर कहते हैं ॥१८॥ अन्य लोग इन्द्र आदि नामो के द्वारा ईश्वर को बताया करते हैं । कुछ सूर्य को—सोम को तथा काल को बताते हैं । ब्रह्मा से आदि लेकर स्तम्ब पर्यन्त इस समस्त जगत् को कुछ लोग विष्णु कहते हैं ॥ १९ ॥ वह विष्णु परम ब्रह्म है जहाँ से पुन: आवर्त्तन नही होता है । सुवर्ण आदि के महा दान से तथा पुण्य तीर्थों के अवगाहन करने से—ध्यान से–व्रतों से–पूजा से और धर्म के श्रवण से उसे ही प्राप्त करना चाहिए । इस आत्मा को रथी और इस शरीर को रथ जानना या समझना चाहिए । अपनी बुद्धि को उस शरीर रूपी रथ का वहन करने वाला सारथि समझे । मन को प्रग्रह (बागडोर) और इन्द्रियों को उस रथ के अश्व कहा जाता है । जितने भी गोचर है वे सब विषय होते हैं ॥२०।२१।२२॥

आत्मेन्द्रियमनोयुक्त भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ।
यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तमनसा सदा ॥२३
न सत्पदमवाप्नोति ससारं चाधिगच्छति ।
यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा ॥२४
स तत्पदमवाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते ।
विज्ञानसारथिर्यस्तु मन प्रग्रहवान्नर ॥२५
सोऽध्वान परमाप्नोति तद्विष्णो· परम पदम् ।
इन्द्रियेभ्य· परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च पर मन ॥२६
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्पर ।
महत परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुष· पर ॥२७

पुरुषान्न परं किंचित्सा काष्ठा सा परा गतिः ।
एषु सर्वेषु भूतेषु गूढात्मा न प्रकाशते ॥२८
दृश्यते त्वग्र (ग्र्य) या बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ।
यच्छेद्वाङ मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञानमा (न आ) त्मनि ॥२९
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेच्छान्त आत्मनि ।
ज्ञात्वा ब्रह्मात्मनोर्योग यमाद्यैर्ब्रह्म सद्भवेत् ॥३०

मनीषि लोग आत्मा–इन्द्रिय और मन से युक्त को भोक्ता कहते हैं । जो विज्ञान से रहित होता है वह सदा अयुक्त मन वाला है । ऐसा पुरुष कभी भी सत्पद की प्राप्ति नही किया करता है । वह संसार मे ही रहता है अर्थात् उसका आवागमन नहीं छूटता है । जो विज्ञान वाला पुरुष होता है वह सदा युक्त मन के द्वारा उस परम पद को प्राप्ति करता है जहाँ से पुनः आकर जन्म प्राप्त नहीं होता है । जिसका सारथि विज्ञान है और मनके प्रग्रह वाला जो मानव है वह उस परम मार्ग को प्राप्त हो जाता है । वही विष्णु का परम पद है । इन्द्रियो से पर अर्थ हैं और अर्थों से भी पर मन है ॥२३ से २६॥ मन से परा बुद्धि है–बुद्धि से आत्मा और आत्मा से महान् है । महत् से पर अव्यक्त और अव्यक्त से पर पुरुष होता है । इस पुरुष से पर कुछ भी नहीं है । वही पराकाष्ठा और परागति है । इन समस्त भूतो मे आत्मा गूढ होने के कारण प्रकाशित नही होता है ॥ २७।२८ ॥ सूक्ष्म दर्शियों के द्वारा पैनी और सूक्ष्म बुद्धि से वह दिखलाई देता है । प्राज्ञ उसे वाणी मन मे रक्खे तथा उस ज्ञान को आत्मा मे धारण करना चाहिए । शान्त और महान् आत्मा मे ज्ञान को धारण करे । ब्रह्म और आत्मा के योग का ज्ञान प्राप्त करके यमादि के द्वारा ब्रह्म के तुल्य हो जाता है ॥२९।३०॥

अहिंसा सत्यमस्तेय ब्रह्मचर्यापरिग्रहौ ।
यमाश्च नियमा पञ्च शौच सतोषमत्तप ॥३१
स्वाध्यायेश्वरपूजा च आसनं पद्मकादिकम् ।
प्राणायामो वायुजय प्रत्याहार. स्व निग्रह ॥३२

शुभे ह्येकत्र विषये चेतसो यत्प्रधारणम् ।
निश्चलत्वात्तु धीमद्भिर्धारणा द्विज कथ्यते ॥३३
पौन पुन्येन तत्रैव विषयेष्वेव धारणा ।
ध्यान स्मृत समाधिस्तु अहं ब्रह्मात्मसंस्थिति ॥३४
घटध्वंसाद्यथाऽऽकाशमभिन्नं नभसा भवेत् ।
मुक्तो जीवो ब्रह्मणैव सद्ब्रह्म ब्रह्म वै भवेत् ॥३५
आत्मानं मन्यते ब्रह्म जीवो ज्ञानेन नान्यथा ।
जीवो ह्यज्ञानतत्कार्यमुक्तः स्यादजरामर. ॥३६
वशिष्ठ यमगीतोक्ता पठता भुक्तिमुक्तिदा ।
आत्यन्तिको लय प्रोक्तो वेदान्तब्रह्मधीमय· ॥३७

अहिंसा–सत्य–अस्तेय–ब्रह्मचर्य—अपरिग्रह—यम–पाँच नियम–शौच–सन्तोष–सत्तप–स्वाध्याय, ईश्वर–पूजा–पद्मादि आसन—प्राणायाम—वायु के ऊपर विजय है—अपना निग्रह प्रत्याहार कहा जाता है ॥३१।३२॥ एक किसी शुभ विषय मे चित्त का जो प्रधारण किया जाता है और वह फिर निश्चल हो जाता है । हे द्विज ! धीमानो के द्वारा वही धारणा कही जाती है । ३३॥ बार–बार वहीं विषयों पर ही जो धारणा की जाती है वही ध्यान कहा गया है । मैं ही ब्रह्म स्वरूप हू—इस प्रकार की जो संस्थिति होती है वह समाधि होती है ॥ ३४ ॥ घट के ध्वस होने पर जैसे आकाश नभ से अभिन्न होता है उसी प्रकार से मुक्त होने वाला यह जीव ब्रह्म से अभिन्न होकर वह ब्रह्म ही हो जाया करता है ॥ ३५ ॥ यह जीव अपने आपको ज्ञान के द्वारा ही ब्रह्म मानता है अन्य किसी भी प्रकार से नहीं । यह जीव अज्ञान से प्रयुक्त कार्य से मुक्त अजर और अमर हो जाया करता है ॥ ३६ ॥ अग्निदेव ने कहा—हे वसिष्ठ ! मैंने यह यमगीता तुम्हें बता दी है जोकि पढने वाले पुरुषों को मुक्ति और मुक्ति दोनों के प्रदान करने वाली होती है । आत्यन्तिक लय वेदान्त ब्रह्म धीमय कहा गया है ॥३७॥

१६३ आग्नेयमहापुराणमाहात्म्यम् ।

आग्नेय ब्रह्मरूप ते पुराण कथित मया ।
सप्रपञ्च निष्प्रपञ्च विशाद्वयमय महत् ॥१
ऋग्यजु सामाथर्वाख्या विद्या विष्णुर्जगज्जनि ।
छन्द शिक्षाव्याकरण (ण) निघण्टुज्योतिराह्वका ॥२
निरुक्तधर्मशास्त्रादिमीमासान्यायविस्तरा ।
आयुर्वेदपुराणाख्या धनुर्गन्धर्वविस्तरा ॥३
विद्या सैवार्थशास्त्राख्या वेदान्ताख्या हरिर्महान् ।
इत्येषा चापरा विद्या परविद्याऽक्षर परम् ॥४
यस्य भावाऽखिल विष्णुस्तस्य नो बाधते कलि ।
अनिष्ट्वा तु महायज्ञानकृत्वाऽपि पितृस्वधाम् ॥५
कृष्णमभ्यर्चयन्भक्त्या नैनसो भाजन भवेत् ।
सर्वकारणमत्यन्त विष्णु ध्यायन्न सीदति ॥६
अन्यत-आदिदोषोत्थो विषयाकृष्टमानस.।
कृत्वाऽपि पाप गोविन्द ध्यायन्पापै प्रमुच्यते ॥७
तद्ध्यान यत्र गोविन्द सा कथा यत्र केशव.।
तत्कर्म यत्तदर्थाय किमन्यैर्बहुभाषितै ॥८

इस अध्याय मे आग्नेय महा पुराण का माहात्म्य बताया जाता है। अग्निदेव ने कहा—मैने तुमसे यह ब्रह्म रूप आग्नेय महा पुराण कहा है। यह सप्रपञ्च और निष्प्रपञ्च दोनो विद्याओं से परिपूर्ण है और महान् है ॥ १ ॥ ऋक्-यजु-साम और अथर्व नाम वाली विद्या है। इस जगत् को जन्म देने वाले विष्णु हैं। छन्द—शिक्षा—व्याकरण—निघण्टु और ज्योतिष नाम वाली हैं ॥ २ ॥ निरुक्त-धर्मशास्त्र आदि-मीमासा—न्याय के विस्तार वाली ये विद्यायें हैं। आयुर्वेद और पुराण नाम वाली होती हैं। धनुर्वेद और गन्धर्व वेद के विस्तार वाली हैं। अर्थशास्त्र के नाम वाली विद्या है तथा अन्य वेदान्त की विद्या है। हरि महान् हैं—यह अपरा विद्या है पर विद्या परम अक्षर है

॥ ३ ॥ ४ ॥ जिसको पूर्ण भाव विष्णु होता है उसको यह कलि कोई भी बाधा नहीं किया करता है। वह महान् यज्ञों का यजन न करके तथा पितृगण के लिये स्वधापण भी न करके केवल भक्ति के भाव से श्री कृष्ण का अर्चन करता हुआ कभी भी पाप का पात्र नहीं हुआ करता है। सबका कारण स्वरूप भगवान् विष्णु का अत्यन्त ध्यान यजन करने वाला कभी दुःखित नहीं हुआ करता है ॥ ५ ॥ ६ ॥ अन्य तन्त्र आदि के दोषों से उत्थित और विषयों में आकृष्ट मन वाला प्राणी पाप करके भी गोविन्द का ध्यान करने पर पापों से प्रमुक्त हो जाया करता है ॥ ७ ॥ वही वास्तविक ध्यान है जिसमें गोविन्द है और वही सच्ची कथा है जिसमें केशव भगवान् की चर्चा होती है तथा वह ही ठीक कर्म है जो विष्णु के लिये किया गया है। इससे अधिक बहुत कहने से क्या लाभ है ॥ ८ ॥

न तत्पिता तु पुत्राय न शिष्याय गुरुर्द्विजः।
परमार्थं परं ब्रूयाद्यदेतत्ते मयोदितम् ॥९
संसारे भ्रमता लभ्यं पुत्रदारधनं वसु।
सुहृदश्च तथैवान्ये नोपदेशो द्विजेदृशः ॥१०
किं पुत्रदारैर्मित्रैर्वा किं मित्रक्षेत्रबान्धवैः।
उपदेशः परो बन्धुरीदृशो या विमुक्तये ॥११
द्विविधो भूतसर्गोऽयं दैव आसुर एव च।
विष्णुभक्तिपरो दैवो विपरीतस्तथाऽऽसुरः ॥१२
एतत्पवित्रमारोग्यं धन्यं दुःस्वप्ननाशनम्।
सुखप्रीतिकरं नृणां मोक्षकृद्यत्तवेरितम् ॥१३
येषां गृहेषु लिखितमाग्नेयं हि पुराणकम्।
पुस्तकं स्थास्यति सदा तत्र नेशुरुपद्रवाः ॥१४
किं तीर्थैर्गोप्रदानैर्वा किं यज्ञैः किमुपोषितैः।
आग्नेयं ये हि शृण्वन्ति अहन्यहनि मानवाः ॥१५

वह पिता नहीं है जिसने पुत्र के लिये और वह गुरु नहीं है जिसने

अपने शिष्य के लिये परमार्थ नहीं बताया है—यह मैंने तुमको बतला दिया है ॥ ६ ॥ इस संसार की यात्रा में भ्रमण करने वाला मानव पुत्र-दारा-धन और सभी वैभव प्राप्त किया करता है। उसे बहुत से सुहृद तथा अन्य लोग भी प्राप्त हो जाया करते हैं किन्तु हे द्विज ! इस प्रकार का उपदेश नहीं मिला करता है। जिससे कल्याण होता है ॥ १० ॥ पुत्र-स्त्री और मित्र तथा बन्धु-बान्धवों के प्राप्त होने से क्या लाभ है। उपदेश ही परम बन्धु होता है जोकि ऐसा हो जिससे इस संसार के आवागमन से मुक्ति होती है ॥ ११ ॥ यह प्राणियों की सृष्टि दो प्रकार की हुआ करती है। एक दैवभूत सर्ग होता है और दूसरा आसुर होता है। जो प्राणियों की सृष्टि भगवान् विष्णु की भक्ति में परायण होती है वही दैवी सृष्टि कही जाती है। इसके विपरीत जो सर्ग होता है वह आसुरी सृष्टि कही जाया करती है ॥ १२ ॥ यह परम पवित्र-आरोग्य अर्थात् स्वास्थ्य प्रद-धन्य और दुःस्वप्नों के नाश करने वाला-सुख एवं प्रीति के करने वाला तथा मनुष्यों को मोक्ष देने वाला यह पुराण मैंने तुमको बताया है ॥ १३ ॥ जिनके घरों में यह आग्नेय पुराण लिखा हुआ है और सर्वदा वह लिखित पुस्तक स्थापित रहती है वहां कोई भी उपद्रव नहीं आया करते हैं ॥ १४ ॥ जो मानव प्रतिदिन इस अग्निपुराण का पठन किया करते हैं उनको तीर्थों के करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है और न गोदान-यज्ञ और उपवास ही करने से कोई उनका प्रयोजन होता है ॥१५॥

यो ददाति तिलप्रस्थं सुवर्णस्य च माषकम् ।
शृणोति श्लोकमेकं च आग्नेयस्य तदाप्नुयात् ॥१६
कपिलानां शते दत्ते यद्भवेज्ज्येष्ठपुष्करे ॥१७
तदाग्नेयं पुराणं हि पठित्वा फलमाप्नुयात् ॥१८
प्रवृत्तं च निवृत्तं च धर्मं विद्याद्वयात्मकम् ।
आग्नेयस्य पुराणस्य शास्त्रस्यास्य समं न हि ॥१६
पठन्नाग्नेयकं नित्यं शृण्वन्वाऽपि पुराणकम् ।
भक्तो वशिष्ठ मनुजः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥२०

नोपसर्गा न चानर्था न चौरारिभय गृहे ।
तस्मिन्स्याद्यत्र चाऽऽग्नेयपुराणस्य हि पुस्तकम् ॥२१
न गर्भहारिणी भीतिर्न च बालग्रहा गृहे ।
यत्राऽऽग्नेय पुराण स्यान्न पि (पैं) शाचादिक भयम् ॥२२
शृण्वन्विप्रो वेदवित्स्यात्क्षत्रियः पृथिवीपति ।
ऋद्धि प्राप्नोति वैश्यश्च शूद्रश्चाऽऽरोग्यमृच्छति ॥२३

जो एक प्रस्थ तिल और एक प्रस्थ सुवर्ण का दान देकर अग्नि पुराण का एक श्लोक भी सुन लेता है उसे महान् पुण्य प्राप्त होता है। पुष्कर तीर्थ में जो सौ गौओं के दान का फल होता है वही फल अग्नि पुराण के पारायण से मिलता है ॥ १८ ॥ १९ ॥ प्रवृत्त और निवृत्त दो प्रकार की विद्या के स्वरूप वाला धर्म इस आग्नेय पुराण शास्त्र के समान नहीं होते हैं ॥ १९ ॥ नित्य इस आग्नेय पुराण को पढता हुआ तथा इसका श्रवण करता हुआ मनुष्य हे वसिष्ठ ! समस्त प्रकार के पापों से छुटकारा पा जाता है ॥ २० ॥ जिस स्थान पर यह आग्नेय पुराण की पुस्तक स्थित रहा करती है वहां कोई भी उपसर्ग तथा अनर्थ नहीं हुआ करते हैं। उस घर में कभी शत्रु और चोर का भय भी नहीं होता है ॥ २१ ॥ उस स्थान में गर्भ के हरण करने वाला कोई भय नहीं होता है और घर में बालग्रह भी नहीं रहते हैं। जहाँ यह अग्नि पुराण विद्यमान रहता है वहां पिशाचों का भी भय नहीं हुआ करता है ॥ २२ ॥ जो ब्राह्मण इस पुराण का श्रवण करता है वह वेदों के यथार्थ का ज्ञाता होजाता है, क्षत्रिय इसे सुनकर पृथ्वी का राजा बन जाता है, वैश्य ऋद्धि प्राप्त करता है और शूद्र आरोग्य का लाभ करता है ॥ २३ ॥

यः पठेच्छृणुयान्नित्य समहर्गविष्णुमानस ।
ब्रह्माऽऽग्नेय पुराण सततं नश्यन्त्युपद्रवा ॥२४
दिव्यान्तरी (रि) क्षभूमाद्यादौ दु स्वप्नाद्यभिचारकाः ।
यच्चान्यद्दुरित किंचित्तत्सर्वं हन्ति केशव ॥२५
पठत शृण्वत पु स पुस्तक यजतो महत् ।

आग्नेय श्रीपुराणं हि हेमन्ते यः शृणोति वै ॥२६
प्रपूज्य गन्धपुष्पाद्यै रग्निष्टोमफलं लभेत् ।
शिशिरे पुण्डरीकस्य वसन्ते चाश्वमेधजम् ॥२७
ग्रीष्मे तु वाजपेयस्य राजसूयस्य वर्षति ।
गोसहस्रस्य शरदि फलं तत्पठनो श्रुतौ ॥२८
आग्नेय हि पुराणं यो भक्त्याग्रे पठनो हरेः ।
सोऽर्चयेच्च वशिष्ठ ह ज्ञानयज्ञेन केशवम् ॥२९
यस्याऽऽग्नेयपुराणस्य पुस्तकं तस्य वै जयः ।
लिखितं पूजितं गेहे भुक्तिर्मुक्ति करेऽस्ति हि ॥३०

जो इसका नित्य ही समान दृष्टि रख कर विष्णु के चरणों में मन लगाते हुए श्रवण किया करता है या पाठ करता है उनका कल्याण होता है। यह आग्नेय पुराण ब्रह्म है वहाँ पर समस्त उपद्रव नष्ट हो जाया करते हैं।२४। दिव्य—अन्तरिक्ष और भूमि में होने वाले दुःस्वप्न आदि अभिचारक तथा जो कोई भी अन्य दुरित (पाप) होता है उन सबको भगवान् केशव नष्ट कर दिया करते हैं ॥ २५ ॥ इस अग्नि पुराण का पठन—श्रवण और यजन करने वाले के समस्त पाप क्षीण हो जाते हैं। हेमन्त ऋतु में जो इस आग्नेय पुराण का श्रवण करता है और गन्धाक्षत पुष्पादि के द्वारा इसका पूजन किया करता है वह अग्निष्टोम के फल को प्राप्त किया करता है। शिशिर में पुण्डरीक का तथा वसन्त में अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त करता है ॥ २६ ॥ २७ ॥ ग्रीष्म ऋतु में वाजपेय का पुण्यफल पाता है और वर्षा ऋतु में पठन—श्रवण से राजसूय यज्ञ का फल पा जाता है। शरद ऋतु में पाठ करने वाले को एक सहस्र गौ दान करने का पुण्य-फल प्राप्त होता है ॥ २८ ॥ जो इस आग्नेय पुराण को भगवान् हरि के आगे भक्ति से पढ़ता है वह हे वशिष्ठ ! ज्ञान यज्ञ के द्वारा भगवान् केशव का अर्चन किया करता है ॥ २९ ॥ जिस मानव के समीप में यह अग्नि पुराण का ग्रन्थ होता है उसकी सर्वदा सर्वत्र जय हुआ करता है। जिनके घर में यह पवित्र ग्रन्थ लिखा गया हो या पूजित होता है उस गृह के स्वामी के

हाथ में ऐहलौकिक समस्त भोगों के उपभोग और सांसारिक जन्म-मरण के आवागमन का छुटकारा स्वरूप मोक्ष रहा करता है ॥ ३० ॥

इति कालाग्निरूपेण गीत मे हरिणा पुरा ।
आग्नेयं हि पुराणं वै ब्रह्मविद्याद्वयास्पदम् ॥
विद्याद्वय वशिष्ठेद भक्तेभ्यः कथयिष्यसि ॥३१
व्यासाऽऽग्नेयपुराणं ते रूपं विद्याद्वयात्मकम् ।
कथितं ब्रह्मणो विष्णोरग्निना कथितं यथा ॥३२
सार्धं देवैश्च मुनिभिर्मह्यं सर्वार्थदर्शकम् ।
पुराणमग्निना गीतमाग्नेयं ब्रह्मसम्मितम् ॥३३
य पठेच्छृणुयाद्व्यास लिखेद्वा लेखयेदपि ।
श्रावयेत्पाठयेद्वाऽपि पूजयेद्धारयेदऽपि ॥३४
सर्वपापविनिर्मुक्तः प्राप्तकामो दिवं व्रजेत् ।
लेखयित्वा पुराणं यो दद्याद्विप्रेभ्य उत्तमम् ॥३५
स ब्रह्मलोकमाप्नोति कुलानां शतमुद्धरेत् ।
एकं श्लोकं पठेद् यस्तु पापपङ्काद्विमुच्यते ॥३६
तस्माद् व्यास सदा श्राव्यं शिष्येभ्यः सर्वदर्शनम् ।
शुकाद्यैर्मुनिभिः सार्धं श्रोतुकामैः पुराणकम् ॥३७
आग्नेयं पठितं ध्यातं शुभं स्याद् भुक्तिमुक्तिदम् ।
अग्नये तु नमस्तस्मै येन गीतं पुराणकम् ॥३८

पहिले समय में कालाग्नि स्वरूप हरि ने मेरे सामने यह कहा है कि यह आग्नेय पुराण दोनों विद्याओं का स्थान है । हे वसिष्ठ ! इन दोनों विद्याओं को तुम भक्तों से कह देना । वसिष्ठ जी ने कहा—हे व्यास ! मैंने विद्याद्वयात्मक यह आग्नेय पुराण तुमको कह दिया है जिस प्रकार से ब्रह्मा से और विष्णु से अग्निदेव ने कहा था ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ समस्त देवगण और सभी मुनि वर्ग के साथ मुझसे सम्पूर्ण अर्थों के दिखा देने वाले इस ब्रह्म के तुल्य आग्नेय पुराण को अग्नि देव ने कहा था ॥ ३३ ॥ हे व्यास ! जो इसका पाठ करता है अथवा

जो इसका पठन करता है अथवा जो इसका श्रवण किया करता है, जो इस पुराण को लिखता है अथवा जो भी कोई इस पुराण को लिखवाता है, या जो इस श्रवण कराता है या इस अग्नि पुराण को पढ़वाता है, जो इस परम पवित्र पुराण की पूजा करता है या इसको धारण करता है वह सब तरह के पापों से मुक्त हो जाता है और जो भी उसके हृदय मे कामनाऐं होती हैं वे पूर्ण हो जाती हैं तथा अन्त समय म वह स्वर्ग की प्राप्ति किया करता है। इस उत्तम पुराण को लिखवा कर जो ब्राह्मणों को इसका दान करता है वह ब्रह्म लोक की प्राप्ति किया करता है और अपने सौ कुलों का उद्धार करता है। जो इसका एक भी श्लोक पढ़ लेता है वह पापों के पङ्क (कीच) से विमुक्त हो जाता है ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ इसलिये हे व्यास! शुक आदि मुनियों के साथ जो कि इसके श्रवण करने की कामना रखते हैं सबके दिखा देने वाले इस उत्तम पुराण का सदा शिष्यों के लिये सुनाना चाहिए ॥ ३७ ॥ इस आग्नेय पुराण का पठन—ध्यान शुभ होता है। उन अग्निदेव के लिये सादर नमस्कार है जिन देव ने इस परमोत्तम आग्नेय पुराण को कहा है ॥३८॥

वसिष्ठेन पुरा गीत सूतैतत्ते मयोदितम् ।
परा विद्याऽपरा विद्या स्वरूप परम पदम् ॥३६
आग्नेय दुर्लभ रूप प्राप्यते भाग्यसयुतै ।
ध्यायन्तो ब्रह्म चाऽऽग्नेय पुराण हारमागता. ।४०
विद्यार्थिनस्तथा विद्या राज्य राज्यार्थिनो गता ।
अपुत्रा पुत्रिण सन्ति नाश्रया आश्रय गता ॥४१
सौभाग्यार्थी न सौभाग्य मोक्ष मोक्षार्थिनो गता ।
लिखन्तो लेखयन्तश्च निष्पापाश्च श्रिय गता ॥४२
शुकपैलमुखै सूत आग्नेय तु पुराणकम् ।
रूप चिन्तय यानासि भुक्ति मुक्ति न सशय ॥४३
आश्रय त्व च शिष्यैर्भ्यो भवनेभ्यश्च पुराणकम् ॥४४

व्यासप्रसादादाग्नेयं पुराणं श्रुतमादरात् ।
आग्नेयं ब्रह्मरूपं हि मुनयः शौनकादयः ॥४५
भवन्तो नैमिषारण्ये यजन्तो हरिमीश्वरम् ।
तिष्ठन्तः श्रद्धया युक्तास्तस्माद्व समदीरितम् ॥४६

श्री व्यास जी ने कहा—प्राचीन समय में पहिले इस पुराण को हे सूत ! वशिष्ठ जी ने कहा था और मैंने इसे तुम से कहा है । पराविद्या और अपरा विद्यायें परम पद का रूप हैं ॥ ३६ ॥ जो परमोत्तम भाग्य वाले होते हैं उनके द्वारा यह दुर्लभ रूप वाला आग्नेय पुराण प्राप्त किया जाया करता है । ब्रह्म का ध्यान करते हुए इस आग्नेय पुराण के समीप प्राप्त हुए हैं ॥ ४० ॥ जो विद्या की चाह रखने वाले हैं वे विद्या की प्राप्ति करते हैं और जो राज्य के इच्छुक होते हैं वे राज्य का लाभ किया करते हैं । जिनके पुत्र नहीं है वे पुत्र वाले हो जाते हैं और जो आश्रय हीन होते हैं उन्हें आश्रयों की प्राप्ति होती है ॥ ४१ ॥ जो सौभाग्य के प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं वे सौभाग्य को पा जाते हैं । जो मोक्ष की चाह किया करते हैं वे इस सांसारिक जन्म और मरण के आवागमन से छुटकारा पा जाते हैं । इस पुराण के लिखने वाले और लिखाने हुए लोग पापों से रहित हो जाते हैं तथा श्रेष्ठ श्री की प्राप्ति किया करते हैं ॥ ४२ ॥ हे सूत ! शुक मुनि और पैल के मुख से इस आग्नेय पुराण के रूप का चिन्तन करो तो भुक्ति और मुक्ति को प्राप्त हो जाओगे—इसमें कोई भी संशय नहीं है । तुम भी इस उत्तम पुराण को शिष्यों के लिये और भक्तों के लिये सुना देना ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ सूतजी ने कहा—हे शौनकादि मुनिगण ! मैंने श्री व्यास जी के प्रसाद से यह आग्नेय पुराण बहुत ही आदर के साथ सुना है । यह आग्नेय पुराण साक्षात् ब्रह्म का ही स्वरूप है ॥ ४५ ॥ आप लोग भी इस नैमिष नामक अरण्य में सर्वेश्वर हरि का यजनार्चन करने वाले हैं । आप लोग परम श्रद्धा वाले होकर यहाँ स्थित हैं । इसी कारण से मैंने इस पुराण को आपके समक्ष में सुनाया है ॥ ४६ ॥

अग्निना प्रोक्तमाग्नेयं पुराणं वेदसम्मितम् ।
ब्रह्मविद्याद्वयोपेतं भुक्तिदं मुक्तिदं महत् ॥४७
नास्मात्परतरः सारो नास्मात्परतरः सुहृत् ।
नास्मात्परतरो ग्रन्थो नास्मात्परतरा गतिः ॥४८
नास्मात्परतरं शास्त्रं नास्मात्परतरा श्रुतिः
नास्मात्परतरं ज्ञानं नास्मात्परतरा स्मृतिः ॥४९
नास्मात्परो ह्यागमोऽस्ति नास्माद्विद्या पराऽस्ति वै ।
नास्मात्परः स्यात्सिद्धान्तो नास्मात्परममङ्गलम् ॥५०
नास्मात्परोऽस्ति वेदान्तः पुराणं परमं शिवदम् ।
नास्मात्परतरं भूमौ विद्यते वस्तु दुर्लभम् ॥५१
आग्नेये हि पुराणेऽस्मिन्सर्वा विद्याः प्रदर्शिताः ।
सर्वे मत्स्यावताराद्या गीता रामायणं त्विह ॥५२
हरिवंशो भारतं च नव सर्गाः प्रदर्शिताः ।
आगमो वैष्णवो गीतः पूजा दीक्षा प्रतिष्ठया ॥५३
पवित्रारोहणादीनि प्रतिमालक्षणादिकम् ।
प्रासादलक्षणाद्यं च मन्त्रा वै भुक्तिमुक्तिदाः ॥५४

इस आग्नेय पुराण को जोकि वेद के तुल्य है अग्निदेव ने कहा है। यह दोनों प्रकार की ब्रह्म विद्याओं से युक्त है और भुक्ति तथा मुक्ति दोनों का प्रदान करने वाला महान् ग्रन्थ है यह परम कल्याण करने वाला है ॥ ४७ ॥ संसार में इस आग्नेय पुराण से परतर अर्थात् अधिक अच्छा सार नहीं है और इस सर्वोत्तम आग्नेय पुराण से पर तर कोई भी सुहृत् अर्थात् हित करने वाला नहीं है। इससे परतरा अन्य कोई गति भी नहीं है ॥ ४८ ॥ इस आग्नेयपुराण से परतर कोई शास्त्र नहीं है और इससे उत्तम कोई श्रुति भी नहीं है। इस आग्नेय पुराण में इतना विशाल ज्ञान भरा हुआ है कि इससे परतर अन्य कोई ज्ञान का भण्डार नहीं है तथा इससे परतरा अन्य कोई स्मृति भी नहीं है ॥४९॥ इस अग्निपुराण से श्रेष्ठ अन्य कोई आगम नहीं है और इससे परतरा अन्य कोई

विद्या नहीं है। इस अग्नि पुराण से पर अन्य कोई सिद्धान्त नही है और इससे अधिक परम मङ्गलदायक कुछ भी नही है ॥ ५० ॥ वेदान्त का विषय इस आग्नेय पुराण में इतना अधिक और अच्छा है कि इससे पर अन्य कोई भी वेदान्त नही है। पुराणो मे तो यह सर्वोत्तम पुराण है। इससे श्रेष्ठ अन्य कोई भी पुराण नही है। यह आग्नेय पुराण इतना उत्तम है कि इससे अधिक उत्तम इस भू-मण्डल मे कोई भी दुर्लभ वस्तु नही है ॥ ५१ ॥ इस परम विशाल आग्नेय पुराण मे सभी विद्याऐं दिखलाई गई हैं और ऐसी कोई विद्या नहीं है जिसका निरूपण इसमे नही किया गया हो। मत्स्यावतार से आदि से लेकर समस्त अवतारो का इसमें वर्णन किया गया है जोकि विष्णु भगवान् ने समय-समय पर धारण किये हैं। अर्जुन के प्रति भारत के महायुद्ध में उपदेश स्वरूप में कृष्ण भगवान् के द्वारा कही गई गीता का सार इसमे वर्णित किया गया है और इस में रामायण का भी संक्षिप्त वर्णन किया गया है। हरिवंश पुराण तथा भारत नव सर्गप्रदर्शित किये गये हैं। वैष्णव आगम भी कहा गया है अर्थात् वैष्णव सिद्धान्त का शास्त्र बताया गया है। पूजा की पद्धति—दीक्षा का विधान—प्रतिष्ठा प्रणाली—पवित्रारोहण आदि का क्रम और प्रतिमा के लक्षण आदि का इस पुराण मे वर्णन किया गया है। प्रासाद के लक्षण आदि का निरूपण है और जो भोग तथा मोक्ष के देने वाले मन्त्र हैं उनको भी इस पुराण में बताया गया है। ५२।५३।५४।।

शैवागमस्तदर्थश्च शाक्तेय सौर एव च।
मण्डलानि च वास्तुश्च मन्त्राणि विविधानि च ॥५५

प्रतिसर्गश्चानुगीतो ब्रह्माण्डपरिमण्डलम्।
गीतो भुवनकोषश्च द्वीपवर्षादिनिम्नगाः ॥५६

गयागङ्गाप्रयागादितीर्थमाहात्म्यमीरितम्।
ज्योतिश्चक्र ज्योतिषादि गीतो युद्धजयार्णव ॥५७

मन्वन्तरादयो गीता धर्मा वर्णादिकस्य च।
अशौच द्रव्यशुद्धिश्च प्रायश्चित्त प्रदर्शितम् ॥५८

गन्धर्वा दानधर्मा व्रतानि विविधानि च ।
व्यवहारा शान्तयश्च ऋग्वेदादिविधानकम् ॥५९

सूर्यवंशः सोमवंशो धनुर्वेदश्च वैद्यकम् ।
गान्धर्ववेदोऽर्थशास्त्रं मीमांसा न्यायविस्तरः ॥६०

पुराणसंख्यामाहात्म्यं छन्दो व्याकरणं स्मृतम् ।
अलंकारो निघण्टुश्च शिक्षा कल्प इहोदितः ॥६१

शिव की पञ्चमीपासनादि के बताने वाला शैव आगम तथा उसका विस्तार सर्व इस आग्नेय पुराण में कहा गया है। शाक्तेय अर्थात् शक्ति की उपासनादि का शास्त्र और सौर अर्थात् सूर्य की उपासना का शास्त्र एवं विधान इसमें प्रकट किया गया है। मण्डलों का वर्णन है तथा वास्तु का निरूपण है एवं इस विशाल पुराण में विविध प्रकार के मन्त्रों का भी वर्णन किया गया है ॥५५॥ प्रति सर्ग में ब्रह्माण्ड परिमण्डल का अनुगान इसमें किया गया है। इस सम्पूर्ण भुवन कोश का भी इस आग्नेय पुराण में गान किया है। समस्त द्वीपों का—सम्पूर्ण वर्षों का और सब निम्नगाओं का इसमें वर्णन किया गया है ॥ ५६ ॥ समस्त प्रमुख तीर्थों का, जिनमें गया—गङ्गा—प्रयाग आदि हैं, माहात्म्य का वर्णन भी किया है ज्योतिश्चक्र तथा ज्योतिष आदि का गान भी किया गया है और युद्ध में जिस प्रकार से जय प्राप्त हो उस युद्ध जयार्णव का निरूपण इस आग्नेय पुराण में किया गया है ॥ ५७ ॥ जितने भी मन्व-न्तर होते हैं वे सभी बताये गये हैं। चारों वर्णों तथा आश्रमों के क्या-क्या कैसे धर्म तथा कर्त्तव्य होते हैं इन सबका वर्णन किया है। आशौच कब और कैसा हुआ करता है—यह बतलाया गया है और द्रव्य की शुद्धि का प्रकार भी निरूपित किया है। किये हुए पापों के प्रायश्चित्त किस तरह किये जाया करते हैं और वे कौन-कौन से होते हैं इसका प्रदर्शन भी इस महा पुराण में भली-भाँति किया गया है ॥ ५८ ॥ राजाओं के क्या धर्म होते हैं यह बताया है दान करने के धर्मों का भी वर्णन किया है। विविध प्रकार के व्रतोपवास आदि का वर्णन किया है। सामाजिक व्यवहारों का भी वर्णन इस पुराण में किया